'भैरवी' काव्य संग्रह में 'हल्दीघाटी' शीर्षक से एक कविता समाविष्ट है। इसमें हल्दीघाटी युद्ध में शहीद हुए वीरों को याद किया गया है। कवि भारतीयों से आवाहन भी करता है कि आज उसी वीरता का परिचय देना आवश्यक बन गया है। जून, 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप की सेना और अकबर की सेना के बीच में लडा गया था। मुगल सेना पूरी तैयारी के साथ इस युद्ध में उतरी थी। इस युद्ध में मुगलों की सेना महाराणा प्रताप की सेना से चार गुना ज्यादा थी। मुगलों के पास बंदूकें और तोपें थीं। महाराणा प्रताप की सेना के पास इसका अभाव था। घोडे और हाथियों की संख्या मुगल सेना की तुलना में महाराणा की सेना के पास कम थी। बावजूद इसके महाराणा की सेना के भील और राजपुत सैनिकों ने अतुलनीय साहस और वीरता का परिचय दिया। महाराणा के वीर सैनिक अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए लडते रहे। प्राणों का बलिदान देते रहे। कवि हल्दीघाटी की पावन भूमि और इस युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए योद्धाओं को नमन करता है। यह कविता देश-प्रेम और राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत वीर रस की रचना है। पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं -

''वह माई का लाल, जिसे दुनिया कहती है वीर प्रताप,
कहाँ तुम्हारे आँगन में उसके पवित्र चरणों की छाप।
तुमने स्वतंत्रता के स्वर में गाया प्रथम प्रथम रणगान,
दौड़ पडे रजपूत बाँकुरे सुन-सुनकर आतुर आह्वान। ''[5]

कवि इस कविता में कवि हल्दीघाटी की भूमि को और भारतीयों को अवाह्न करते हुए लिखता है कि इस घटना को सदियाँ बीत गई। आज उसी तरह के शौर्य और अद्भुत रणरंग की आवश्यकता है। ऐसी कविताएँ लिखने का कवि का उद्देश्ये कि भारतवासी इतिहास के वीर पूरूषों एवं गौरवशाली चरित्रों स्मरण करें। भारतीयों में नवीन चेतना निर्मित हो और ब्रिटिश सत्ता को उखाड फेंकने के लिए माँ भारती के सपूत तैयार हो जाए।

इस संग्रह की 'तुलसीदास' कविता में कवि ने भारतीय जनता को देश के लिए त्याग, समर्पण और बलिदान का आवाह्न किया है। कवि इस कविता में अंग्रेजों की सत्ता खत्मा और तुलसी के श्रीरामचरितमानस के रामराज्य की कल्पना करता है। अत: कवि इस कविता में ब्रिटिश हुकूमत के विरोध में लडने के लिए भारतवासियों में नवचेतना, नवजीवन, नवसंजीवनी और आत्मशक्ति जागृति का वरदान माँगता है। कवि भारतीयों को जाग्रत करते हुए लिखता है –

''युग-युग की दृढ़ शृंखला तोड़, है शुभ स्वराज्य का फिर बिहान
इस राष्ट्र-जागरण के युग में कवि उठो पुन: तुम बन महान। ''[6]

इस संग्रह की 'आज़ादी के फूलों पर' यह कविता भारतीयों को स्वाधीनता आंदोलन के सेनानी बनने के की प्रेरणा देने वाली कविता है। माँ भारती को ब्रिटिशों की गुलामी की लौह शृंखलाओं ने बांधे रखा है। अत: गुलामी की इन बेडियों को तोडना आवश्यक है। इसके लिए माँ भारती अपने सपूतों को बलिवेदी पर चढने के लिए कह रही है। अब ब्रिटिशों से युद्ध जरूरी बन गया है। इसके सिवाय गुलामी से मुक्ति नहीं हो सकती। यह रचना जब रची गई थी तब भारत की आबादी 40 करोड थी। इस आबादी के आगे ब्रिटिशों की संख्या मामूली थी।

''जननी के बंधन निहार अपमान ज्वाला में जलते चल,
ठुकराये वीरों के उर के रोषित रक्त उबलते चल।
पग-पग में हो सिंहगर्जना दिशि डोलें, झंकार उठे,
जागे, सोयें इस युगवाले यों तेरी हुंकार उठे। ''[7]

विश्व में भारत की पहचान प्रेम, शांति, सद्भाव, करूणा, दया जैसे मूल्यों के लिए विशेष रही है। यह देश उदारवादी सोच रखता है। यह भूमि श्रीराम, राजा हरिश्चंद्र, भगवान बुद्ध जैसे दानवीर एवं महामानवों की रही है।

उन्होंने स्वयं पीडाएँ भोगी किंतु दूसरों को दुख देने की कभी सोची नहीं। वे बुराई को प्रेम से जीतने में विश्वास रखते थे। लेकिन कवि इस सोच को अब बदलना चाहता है। चूँकि आज देश विदेशियों के आतंक और अत्याचार में त्राहि-त्राहि मची है। ब्रिटिश अत्याचार चरम पर पहुँच गया है। और हम हैं कि दुश्मन के साथ प्रेम और सद्भाव का व्यवहार कर रहे हैं क्यों? कवि लिखता है –

''आज है रण का निमंत्रण धुन तुम्हें तब प्रीति से है,
आज अलकों से उलझते जब उलझना नीति से है।
क्या बात उलटी विचारी प्रेम के पागल पुजारी,
विश्व के इतिहास में उल्लेख क्या होगा तुम्हारा,
तुम रिझाते रूप थे,जब पिस रहा था देश सारा।''[8]

सोहनलाल द्विवेदी की रचनाएँ ओजपूर्ण और राष्ट्रीयता की परिचायक हैं। हरिवंशराय बच्चन ने एक बार सोहनलाल द्विवेदी के बारे में लिखा था कि जहाँ तक मेरी स्मृति है, जिस कवि को राष्ट्रकवि के नाम से सर्वप्रथम अभिहित किया गया, वे सोहनलाल द्विवेदी थे। प्रेमशंकर त्रिपाठी लिखते हैं, ''राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी ने अपने काल की राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक तथा सांस्कृतिक परिस्थितियों का सूक्ष्म अवलोकन तथा मंथन किया और अपनी रचनाओं के माध्यम से देश और समाज को राष्ट्रीय और सांस्कृतिक चेतना प्रदान की।''[9] 'भैरवी' में संकलित 'पथ-गीत' यह कविता भारतीयों को ब्रिटिशों की गुलामी से मुक्ति प्राप्त करने हेतु एकजूट होकर लडने के लिए तैयार करने का संकल्प करने के लिए प्रेरित करती है। कवि प्रत्येक भारतीय को स्वाधीनता संग्राम का सैनिक समझ रहा हैमाँ भारती के वीर सपूत आजादी हेतु सब कुछ न्यौछावर करने के लिए तैयार हैं –

''सन्तान शूर-वीरों की हैं, हम दास नहीं कहलायेंगे,
या तो स्वतन्त्र हो जायेंगे, या रण में मर मिट जायेंगे ।
हम अमर शहीदों की टोली में, नाम लिखाने वाले हैं,
हम मातृ-भूमि के सैनिक हैं, आजादी के मतवाले हैं।''[10]

'भैरवी' काव्य संग्रह की कविता 'तैयार रहो' में भारतवासियों का आवाहन करती है कि वे स्वाधीनता के समर में योद्धा बनकर उतरें। कवि को पता था कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन अब चरम पर है। कुछ ही दिनों में ब्रिटिशों को भारत छोडकर जाना ही पडेगा। चूँकि समूचे भारत में ब्रिटिशों के खिलाफ उग्र माहौल बन गया है।समूचा भारत आंदोलनमय बन गया है। इसलिए कवि 'तैयार रहो' कविता में लिखता है –

''तैयार रहो मेरे वीरों, फिर टोली सजने वाली है,
तैयार रहो मेरे शूरों, रणभेरी बजनेवाली है।
इस बार, बढ़ो समरांगण में, लेकर वह मिटने की ज्वाला
सागर-तट से आ स्वतंत्रता, पहना दे तुमको जयमाला। ''[11]

सोहनलाल द्विवेदी के समकालीन हरिभाऊ उपाध्याय ने 'भैरवी' को स्वाधीनता आंदोलन के दौरान जन-जागृति' की कलाकृति कहा था। उनके अनुसार भैरवी के गायक सोहनलाल द्विवेदी त्यागभूमि के ज़माने के राष्ट्रीय कवि हैं। उपाध्याय जी ने उदयपुर, राजस्थान हिंदी साहित्य सम्मेलन में स्वयं सोहनलाल द्विवेदी के मुख से भैरवी काव्य संग्रह की 'वासवदत्ता', 'युगावतार गांधी', 'किसान' आदि रचनाएँ सुनी थीं। इन कविताओं को सुनकर हरिभाऊ उपाध्याय सोहनलाल द्विवेदी से अभिभूत थे। संक्षेप में राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा के अत्यधिक ओजस्वी कवि सोहनलाल द्विवेदी ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का वर्णन करते हुए भारतीयों में राष्ट्रीय चेतना जागृत की। उन्होंने ब्रिटिशों के विरोध में भारतीयों को अपनी रचनाओं के माध्यम से एकजूट किया। उन्होंने न केवल कवि कर्तव्य का निर्वहन किया बल्कि सच्चे राष्ट्रप्रेमी सेनानी बनकर तमाम भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदन देने के लिए प्रेरित भी किया।

******

संदर्भ :-

1.भारतकोश, ज्ञान का हिन्दी महासागर (bharatdiscovery.org)
2.द्विवेदी, सोहनलाल, भैरवी, इंडियन प्रेस, लिमिटेड, इलाहबाद, द्वितीय संस्करण, पृ. 2
3.त्रिपाठी, प्रेमशंकर, विचार विविधा, श्री बड़ा बाजार कुमार सभा पुस्तकालय पृ. 41
4. द्विवेदी, सोहनलाल, भैरवी, इंडियन प्रेस, लिमिटेड, इलाहबाद, द्वितीय संस्करण, पृ. 6
5.वहीं, पृ. 32 6.वहीं, पृ. 64
7.वहीं, पृ. 66 8.वहीं, पृ. 78
9.त्रिपाठी, प्रेमशंकर, विचार विविधा, श्री बड़ा बाजार कुमार सभा पुस्तकालय, पृ. 39
10.द्विवेदी, सोहनलाल, भैरवी, इंडियन प्रेस, लिमिटेड, इलाहबाद, द्वितीय संस्करण, पृ. 122
11.वहीं, पृ. 124

मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में प्रतिबिम्बित गांधी- दर्शन

डॉ.दिनेश साहू
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम विश्वविद्यालय - गंगटोक, सिक्किम- 737101
मो- 7864878427

शोध-सार:

भारतीय समाज और साहित्य पर गांधीवाद का अमिट प्रभाव रहा है। गांधीजी के आदर्शों और विचारों से हिन्दी साहित्य भी अछूता नहीं रहा। उस युग के सभी लेखकों पर इसका प्रभाव स्पष्टतः देखा जा सकता है। उनके विचारों से प्रभावित हो रचनाकारों ने भारतीय परम्परा की खोज और जनजागरण की प्रवृत्ति विकसित की। मैथिलीशरण गुप्त ने भी अनेक महाकाव्यों की रचना इसी विचार को आधार बनाकर की है। गुप्तजी ने भी जनजागरण के लिए पुराने भारतीय आख्यान को पुनर्जीवित किया ताकि जनमानस तक राष्ट्रीय चेतना का संचार किया जा सके। मानव के गौरव और नैतिकता पर भी उन्होंने बल दिया। उनका सम्पूर्ण साहित्य गांधीवाद का पर्याय ही है।

बीज शब्द:-गांधीवाद, आदर्श, अहिंसा, जनमानस, समर्पण, असहयोग, आदर्शवाद, नैतिकता

प्रस्तावना :

महात्मा गांधी ने अपने युग को एक नई चेतना प्रदान की थी। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए महात्मा गांधी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। गांधीजी का जीवन-दर्शन इस देश के जनता के लिए प्रेरणादायक बन गया। उन्होंने सत्य, अहिंसा, प्रेम, एकता, शांति, सर्वधर्म, समानता आदि का मार्ग अपनाया और देश के लोगों को उसी मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। लाखों लोग उनके अनुयायी बने। उनकी इस प्रणाली को अपनाकर भारतीय मूल निवासियों ने अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के मत में – "मेरी समझ में तो, हिन्दुस्तान की राजनीति को और संभवत: संसार की पीड़ित मानव जाति को, उन्होंने जो सबसे बड़ी चीज दी है, वह है बुराइयों से लड़ने का वह बेजोड़ तरीका, जिसे उन्होंने प्रचलित और कार्यान्वित किया। उन्होंने हमें सिखाया कि बिना हथियार के शक्तिशाली ब्रिटिश-साम्राज्य से सफलता के साथ किस प्रकार लड़ा जा सकता है।"[1] निश्चित ही उपरोक्त आदर्शों और विचारों का प्रभाव, तत्कालीन भारतीय साहित्यकारों पर भी पड़ा, जिसकी चर्चा डॉ.राजेन्द्र प्रसाद ने की है। गाँधी की नैतिकता ने तत्कालीन समाज का ध्यान अपनी ओर खिंचा। गांधीजी ने भारतीय जीवन-दर्शन तथा आध्यात्मिकता को राष्ट्रीय आन्दोलन का सम्बल बनाकर जन-आन्दोलन का रूप दिया था। उन्होंने युग-युग से चले आ रहे भारतीय सांस्कृतिक जीवन-दर्शन के प्रमुख तत्त्व 'सत्य' और 'अहिंसा' को देश के लिए हितकारी माना था एवं आधुनिक युग को बर्बरता से मुक्त करने के लिए 'सत्य' और 'अहिंसा' को भारतीय जीवन-दर्शन का आधार के रूप में चुना था। ये दोनों तत्व एक दूसरे के पूरक-पोषक भी हैं। गांधीजी अहिंसा को वैयक्तिक आचरण तक सीमित न रखकर इसे मानव जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में लागू करते हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में अहिंसा से वैयक्तिक, धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक सभी पक्षों को लागू किया। उनकी अहिंसा पारलौकिक शांति या मोक्ष-प्राप्ति का साधन नहीं है, बल्कि सामाजिक शांति, राजनैतिक व्यवस्था, धार्मिक समन्वय और पारिवारिक निर्माण का भी साधन है। यह मनुष्य के लिए नहीं, सम्पूर्ण प्राणी जगत के प्रति व्यवहार्य है। वे अपने दर्शन एवं चिंतन को व्यावहारिक रूप प्रदान करने में सक्षम रहे। हिंदी साहित्य के विकास में गांधी दर्शन का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके नेतृत्व में चले स्वतंत्रता आन्दोलन में देश के असंख्य लोगों ने भाग लिया। गांधी के नेतृत्व में संचालित इस आन्दोलन के दौरान राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत साहित्यकार अपनी कलम से देशप्रेम के भाव प्रसारित कर रहे थे। गांधी एक ओर इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे और एक ओर रचनाकार की भूमिका भी निभा रहे थे। इस संदर्भ में विद्यानिवास मिश्र का कथन उल्लेखनीय है – "गांधीजी रचनाकार हैं, इसमें तो कोई संदेह नहीं। गांधी जैसे रचनात्मक चिंतन करनेवाले युगों में पैदा होते हैं, रचनात्मक विचार वही दे सकता है जो विचारों को अनुभव की आँच में पकाकर और पूर्ववर्ती विचारों को आत्मसात करके विचार देता है।

गांधी जी ऐसे ही विचारक थे।"[2] गांधी जी के जीवंत, कर्मठ, दृढ़, साहसी और सादगी भरे व्यक्तित्व का प्रभाव तत्कालीन भारतीय रचनाकारों पर भी पड़ा। यह प्रभाव इतना व्यापक था कि मार्क्सवाद से प्रभावित रचनाकार भी इससे अछूते नहीं रहे। महात्मा गांधी द्वारा रचित विविध ग्रंथ, उनके व्यक्तित्व एवं संचालित क्रांति ने हिंदी कवियों को भी प्रेरित किया था। गांधी दर्शन को साहित्यमय व्यक्तित्व प्रदान करने का प्रयास स्वाधीनता संग्राम से जुड़े प्रत्येक कवियों ने किया। हिंदी के इन कवियों को गांधीजी द्वारा प्रवर्तित राष्ट्रीय आन्दोलन में इतनी दिलचस्पी थी कि वे उसके महत्वपूर्ण अंग बन गए और वे अपनी चतुर्दिक परिस्थितियों से प्रेरणा ग्रहण कर अपनी शैली में अभिव्यक्ति देने लगे थे। इन कवियों में माखनलाल चतुर्वेदी, सोहनलाल द्विवेदी, मैथिलीशरण गुप्त, सियारामशरण गुप्त, सुभद्राकुमारी चौहान, जयशंकर प्रसाद, पन्त, बच्चन, दिनकर, भवानीप्रसाद मिश्र, नरेन्द्र शर्मा, हरिकृष्ण प्रेमी, शिवमंगल सुमन, मुकुटधर पाण्डेय, रामनरेश त्रिपाठी आदि प्रमुख हैं। इन सभी कवियों की कविताओं में गांधी दर्शन का प्रभाव प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप में पड़ा है। श्रम की पूजा, सामाजिक समानता की भावना, सत्य की महिमा, अहिंसा की शक्ति, सर्वोदय का आलोक आदि का काव्यमय-आख्यान इनकी कविताओं की मूल विशेषताएँ हैं। महात्मा गांधी की पुस्तक 'मेरे सपनों का भारत' और 'हिंदी स्वराज' में उन्होंने इसी तरह के विचार व्यक्त किये हैं। इसमें शहर और गाँव, खेती-बाड़ी, अहिंसा का महत्व, समानता बुनियादी शिक्षा आदि पर विशेष बल दिया गया है।

मुख्य अंश:

मैथिलीशरण गुप्त हिंदी के युग प्रवर्तक कवि है। उन्होंने महाकाव्य, खंडकाव्य, प्रबंधकाव्य, मुक्तक काव्य के अलावा अनेक गद्य साहित्य की भी रचना की है। उनकी प्राय: सभी रचनाओं में राष्ट्रीयता एवं गांधीवाद की प्रधानता मौजूद है। इन सभी रचनाओं में भारत के गौरवमय इतिहास और भारतीय संस्कृति की महत्ता का ओजपूर्ण प्रतिपादन हुआ है। गुप्तजी की इन रचनाओं के कारण उन्हें हिंदी जगत में 'राष्ट्रकवि' कहा गया। उनका समस्त काव्य राष्ट्रीयता का संदेश वाहक है। महात्मा गांधी के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा थी। गांधीजी के प्राय: सभी विचारों को उन्होंने राष्ट्रीयता के साथ अपनी कृतियों में जगह दी है। गुप्त जी ने अपने काव्यों में गांधीजी के सैद्धांतिक पक्ष के स्थान पर उनके व्यावहारिक पक्षों पर ज्यादा बल दिया है। महात्मा गांधी का भारतीय राजनीतिक जीवन में आने से पूर्व गुप्तजी का युवा मन तत्कालीन क्रांतिकारी विचारधाराओं से प्रभावित हो चुका था। लेकिन बाद में महात्मा गांधी, राजेन्द्र प्रसाद, जवाहर लाल नेहरू और विनोबा भावे के संपर्क में आने के कारण वह गांधीवाद के व्यवहारिक पक्ष और सुधारवादी आंदोलनों के समर्थक बने। देशभक्ति से भरपूर रचनाएं लिखकर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में एक अहम काम किया। वे भारतीय संस्कृति के परम भक्त थे, परंतु अंधविश्वासों और थोथे आदर्शों में उनका विश्वास नहीं था। वे भारतीय संस्कृति के नवीनतम रूप की कामना करते थे। गांधीजी के विचारों के अनुरूप पवित्रता, नैतिकता और परंपरागत मानवीय संबंधों की रक्षा गुप्तजी के काव्य के प्रथम गुण हैं, जो पंचवटी से लेकर 'जयद्रथ वध', 'यशोधरा' और 'साकेत' तक में प्रतिष्ठित एवं प्रतिफलित हुए हैं। 'साकेत' महाकाव्य उनकी रचना का सर्वोच्च शिखर है।आधुनिक युग के श्रेष्ठतम महाकाव्यों में 'साकेत' का नाम उल्लेखनीय है। पूर्णरूप से 'साकेत' का प्रकाशन 1932 ई. में हुआ था पर इसके पाँच सर्गों का प्रकाशन 'सरस्वती' पत्रिका में 1914 ई. और 1918 ई. के मध्य हो चुका था। छायावाद युगीन महाकाव्यों में 'साकेत' ही एक ऐसा महाकाव्य है जिसे गांधीवाद से प्रभावित माना जाता है। इस महाकाव्य में मानवीय जीवन मूल्यों की जो प्रतिष्ठा हुई है, वह निश्चित रूप से गांधीवाद का ही देन है। 'साकेत' में मानव-गौरव की प्रशस्ति है। राम और युधिष्ठिर के माध्यम से लेखक ने मानवता की सर्वोच्च उपलब्धि का प्रकाशन इस महाकाव्य में किया है। असत्य की तिरस्कार करके समष्टि के लिए व्यष्टि का बलिदान, स्वार्थ की अपेक्षा एवं परमार्थ की श्रेष्ठता, सत्य की स्थापना, राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पण की भावना, नारी की महत्ता का प्रतिपादन, समाज में निम्न वर्गों की उत्थान की भावना और विश्व-बन्धुत्व की भावना आदि इस महाकाव्य के ऐसे उल्लेखनीय बिंदु है, जिनको गांधीवाद की साहित्यिक अभिव्यक्ति माना जाता है। गांधी दर्शन से प्रभावित होकर गुप्त जी ने इसमें मानवता को विशेष महत्व दिया है। उनकी दृष्टि में मनुष्य समस्त शक्तियों का सामूहिक रूप है।साकेत' महाकाव्य की कथा भगवान श्री राम पर आधारित है।

इस महाकाव्य में 12 सर्ग हैं। इस पौराणिक कथा को मैथिलीशरण गुप्त ने आधुनिक युग की विचारधाराओं के अनुरूप नवीन उद्भावनाओं से परिपूरित किया है। आधुनिक विचारधारा से ओतप्रोत महाकाव्य होने के कारण इसमें गांधीवाद के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक विचारों का प्रभाव पड़ा है। इस महाकाव्य का उद्देश्य समष्टिगत कल्याण करना है। कवि ने राम का चित्र इस महाकाव्य में इसी रूप में प्रस्तुत किया है। गांधीवादी दर्शन का एक आधार सत्य भी है। गांधी जी के अनुसार सत्य से ही सम्पूर्ण विश्व पर विजय प्राप्त की जा सकती है। सत्य से व्यक्ति सही पथ पर चलता है। इस सत्य को इस महाकाव्य के दूसरे सर्ग में प्रस्तुत करते हुए मैथिलीशरण गुप्त लिखते हैं –

"सत्य से ही स्थिर है संसार /सत्य ही सब धर्मो का सार
राज्य नहीं, प्राण-परिवार/सत्य पर सकता हूँ सब वार।"[3]

अत: मैथिली शरण गुप्त भी गांधीजी के विचारों के अनुरूप कहते हैं- सत्य में ही पृथ्वी को धारण करने की शक्ति है, सभी धर्मों में सत्य कहा गया है, सत्य से पवन को गति मिलती है और इसी सत्य से ही सारा विश्व की अमरता प्रतिष्ठित है। उन्होंने राजा दशरथ को इन पंक्तियों के माध्यम से प्रतिष्ठित किया है, जो सत्य के लिए सभी सुखों का त्याग कर सकते हैं।

गांधीजी जिस प्रकार देश के लिए आत्म-सुख का परवाह नहीं करते हैं, ठीक उसी तरह मैथिलीशरण गुप्त ने इस महाकाव्य में उपेक्षिता 'उर्मिला' और 'भरत' को प्रतिष्ठित किया है। उर्मिला का विरह त्याग से भरा हुआ है। इस महाकाव्य में 'उर्मिला' जो स्वयं विविध कष्टों को सहन करती हुई परोपकार की भावना से ओतप्रोत है। उर्मिला में त्याग, धैर्य एवं बलिदान की भावना अत्यधिक मात्रा में विद्यमान है। लक्ष्मण के वन गमन का समाचार सुनकर उसके हृदय में भी सीता की तरह वन-गमन की इच्छा होती हैं, परन्तु लक्ष्मण की विवशता देखकर वह अपने प्रिय के साथ चलना उचित नहीं समझती। वह अपने हृदय में धैर्य धारण करके अपने मन को यह कह कर समझा लेती है-

"तू प्रिय-पथ का विघ्न न बन/आज स्वार्थ है त्याग धरा।
हो अनुराग विराग भरा।/तू विकार से पूर्ण न हो
शोक भार से चूर्ण न हो।"[4]

गांधी दर्शन के अनुसार मानवता ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है एवं समाज-सेवा ही प्रमुख कर्तव्य माना गया है। इस महाकाव्य में 'उर्मिला' के उद्दात्त चरित्र में इन गुणों एवं धर्मो का बड़ा सुंदर प्रयोग हुआ है। इसलिए तो उसके जीवन में आये विरह के क्षण नए रास्ते दिखाते हैं। उर्मिला के अतिरिक्त 'भरत' भी आत्मसुख को परित्याग करने वाले उल्लेखनीय पात्र है। वे स्वेच्छा से राज्य-वैभव का त्याग कर तपस्वी का जीवन व्यतीत करते हैं। इस महाकाव्य में जो आदर्श समाज की प्रतिष्ठा हुई है वह गांधीवाद का ही देन है। आधुनिक युग में महात्मा गांधी ने वर्ण-व्यवस्था को दूर करने के लिए समाज के उपेक्षित समुदाय के लिए 'हरिजन' शब्द का प्रयोग किया और समाज में प्रचलित उच्च-नीच भावना को ख़त्म करके समन्वय स्थापित करने का प्रयत्न किया था। मैथिलीशरण गुप्त ने 'साकेत' में क्षत्रिय कुलभूषण श्रीराम तथा निकृष्ट जाति के लोगों को गले लगाकर मिलना समाज में समन्वय स्थापना का प्रतीक है। 'साकेत' के समाज में सभी वर्गों के नागरिक पारस्परिक सहयोग व सह-अस्तित्व के सिद्धांत में विश्वास करते हुए शिष्टतापूर्वक जीवन व्यतीत करते हैं। जैसे-

"एक तरु के विवध सुमनों से खिले,
परिजन रहते परस्पर हैं मिले।
स्वस्थ, शिक्षित शिष्य, उद्योगी सभी,
बाह्यभोगी, आंतरिक योगी सभी।"[5]

महात्मा गांधी के अनुसार भारत की आत्मा गाँवों में बसती है। गाँव के लोग सच्चे होते हैं एवं कृषि के माध्यम से अपना उपार्जन खुद अपने मेहनत पर करते हैं। आज भी भारत कृषि प्रधान देश है, स्वतंत्रता के इतने वर्ष बाद भी 130 करोड़ से अधिक आबादी का देश अपनी खाद्य जरूरतों को पूरा कर पा रहा है तो उसकी वजह देश के गाँव एवं किसान है। 'साकेत' की उर्मिला भी गाँव को ही आदर्श जीवन एवं निस्वार्थ भावना का उपज मानती है। वह कहती है –

"जिनके खेतों में हैं अन्न,
कौन अधिक उनसे सम्पन्न।
पत्नी सहित विचरते हैं,

भव-वैभव भरते हैं
हम राज्य के लिए मरते हैं।"[6]

'साकेत' का राम परम ब्रह्म का प्रतिरूप न होकर एक ऐसे महामानव है जो सामाजिक जीवन की प्रत्येक मर्यादा व आदर्श का निर्वाह करनेवाले हैं। वे आदर्श मानव की तरह हमारा नेतृत्व करते हैं। वे हमेशा सत्य की राह पर चलते हैं। सत्य एवं अहिंसा के बल पर अंतिम में वे 'रावण' को पराजित कर सम्पूर्ण देश का उद्धार करते हैं। वे स्वर्ग का संदेश लेकर पृथ्वी पर अवतीर्ण होनेवाले देवदूत नहीं है, अपितु ऐसे जननायक है, जो पृथ्वी को स्वर्ग बनाने के लिए आये हैं।'साकेत' का राम के चरित्रों को देखने से यह प्रतीत होता है कि वे 'रामायण' के राम नहीं है बल्कि इस महाकाव्य में उनकी विचारधारा एकदम गांधीजी से मेल खाता है। वे इस युग में सुख-शांति का संदेश देने आये हैं –

"मैं आर्यों का आदर्श बताने आया,
धन सम्मुख धन को तुच्छ बताने आया।
सुख-शांति हेतु मैं क्रांति मचाने आया,
विश्वासी का विश्वास बचाने आया।"[7]

इस महाकाव्य में गांधीवाद के प्रभाव के कारण सभी नारी पात्र भारतीय ग्रामीण परिवेश के अनुरूप अपना जीवन व्यतीत करती हैं। सीता भी स्वालम्बिनी नारी है। परिश्रम को वह जीवन का मूलमंत्र मानकर सभी काम अपने हाथों से करती है। छोटी छोटी वन्य जातियों के प्रति प्रेम और सहानुभूति कवि ने सीता के माध्यम से प्रस्तुत की है। सीता इन ग्रामीण बालाओं को समय का सदुपयोग करने तथा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए चरखा चलाने का संदेश भी देती है। गांधीजी आधुनिक युग की नारियों की जागृति पर जो बात करते हैं वे इस महाकाव्य में सीता के साथ साथ उर्मिला, सुमित्रा, कैकयी और मांडवी की उन उक्तियों में अभिव्यंजित होता है, जो नारी समाज की जागृति, गरिमा और अधिकारों की सजगता की ओर संकेत करती है। 'उर्मिला' अपने पति के मूर्छित होने का समाचार सुनते ही आवेश में आ जाती है और वीरांगना रूप धारण कर शत्रुओं से लड़ाई करने के लिए तत्पर हो जाती है। गुप्तजी ने 'उर्मिला' के चरित्र में इन विशेषताओं का समावेश करके तत्कालीन नारी जागरण एवं सत्कर्म, आत्म-गौरव तथा अपनी संस्कृति की श्रेष्ठता प्रतिपादित की है।

मैथिलीशरण गुप्त कृत 'भारत भारती' भले ही राष्ट्रीयता की सर्वश्रेष्ठ रचना है, परन्तु इसमें भी गांधी के दर्शन समाहित है। इस रचना में महात्मा गांधी के आदर्श चरितार्थ होता है। इस रचना के माध्यम से मैथिलीशरण गुप्त स्वदेश प्रेम को दर्शाते हुए तत्कालीन भारतीय दुर्दशा से उबरने के लिए समाधान खोजने का एक सफल प्रयास किया है। गुप्त जी हमेशा गांधी जी भांति आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देते हैं। 'भारत-भारती' का संदेश चिंता में डूबे लोगों की अधीरता को समाप्त कर उन्हें कर्तव्य के पथ पर ले जाना है। सच्चे मन से किया गया कार्य कभी असफल नहीं होता। वे लिखते हैं-

"सच्चे प्रयत्न कभी हमारे व्यर्थ हो सकते नहीं,
संसार भर के विघ्न भी उनको डुबो सकते नहीं!"[8]

महात्मा गांधी देश के प्रत्येक नागरिक का उपकार करना चाहते थे। गांधी जी मानव समाज के हित को हमेशा ध्यान में रखते थे। उनके अनुसार क्षमा वीरों का आभूषण है लेकिन कायरता से हिंसा अधिक श्रेष्ठ है। परोपकार की भावना उनमें कुट कुट कर भरी हुई थी। मैथिलीशरण गुप्त ने भी गांधी के स्वरों को अपने शब्दों में वाणी देते हुए लिखते है –

पापी का उपकार करो हो, पापी का प्रतिकार करो,
किन्तु विरोधी पर अपने, करुणा ना क्रोध करो।"[9]

मैथिलीशरण गुप्त देश की स्वतंत्रता के लिए विविध रचनाओं का ही सिर्फ सृजन नहीं किया बल्कि इसके लिए इन्हें जेल भी जाना पड़ा था। महात्मा गांधी के आह्वान पर अन्य देशप्रेमियों की भांति ये भी स्वतंत्रता आन्दोलन में प्रत्यक्ष रूप से भाग लिए थे। इसी दौरान इनकी रचित रचनाएँ देशानुरागियों को अग्रसर होते रहने की प्रेरणा देती रही। मैथिलीशरण गुप्त की रचनाओं का प्रारम्भ हिन्दू उत्थानवाद की भावनाओं से और अंत गांधीवाद विचारधारा से प्रभावित संस्कृतियों के समन्वय का स्वरूप है। इनकी रचना 'यशोधरा' में नारी चित्रण गांधी दर्शन के अनुरूप हुआ है। गुप्त जी के अन्य काव्य ग्रन्थों में भी गांधी के विचार समाहित हुआ है।

स्वदेश संगीत' में उन्होंने परतंत्रता की घोर निंदा करते हुए परतंत्रता को जड़ से मिटाने का प्रयास किया है। 'अनघ' में भले ही राष्ट्रवाद का स्वर सुनाई देता है परन्तु इसमें गांधीवाद से प्रभावित होकर सत्याग्रह की प्रेरणा देते हैं। 'विष्णुप्रिया' 'द्वापर' में भी सत्य और अहिंसा के माध्यम से राष्ट्रीयता झलकता है।

निष्कर्ष :

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि मैथिलीशरण गुप्त हिंदी साहित्य में एक प्रतिष्ठित कवि के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने गांधी दर्शन को अत्यधिक गहराई से आत्मसात् किया, इसी कारण उनकी रचनाओं में गांधीवाद की व्याख्या सच्चे अर्थों में हुई है। उनका काव्य गांधीवाद की हर कसौटी पर खरा उतरता है। 'साकेत' महाकाव्य में जहाँ भी अवसर प्राप्त हुआ है, वहीं उन्होंने गांधीजी के विचारों को समाहित करने का प्रयत्न किया है। 'साकेत' और 'भारत-भारती' में कवि ने अपने युग की संचित भावनाओं का चित्रण भी यथास्थान करने की चेष्टा की है। तत्कालीन समय में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्न हो रहे थे, सम्पूर्ण समाज विदेशी सत्ता को भारत से उखाड़ फेंकने में लगा हुआ था और इस सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए हमें किसी महान व्यक्ति के नेतृत्व की आवश्यकता थी। तत्कालीन समाज को यह आभास हो गया था कि यह नेतृत्व सिर्फ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ही कर सकते हैं इसलिए उस समय के सभी स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर साहित्यकार गांधीजी के विचारों को जन जन तक अपने अपने माध्यम से प्रचार-प्रसार कर रहे थे। राष्ट्रीय चेतना का संचार भी उनके काव्यों की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। असत्य और अन्याय के विरुद्ध नैतिक सत्याग्रह भी उनके काव्यों में शामिल है। इस प्रकार हम पाते हैं कि मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में गांधी दर्शन का विस्तार से विवेचन हुआ है। गांधी के सभी दार्शनिक तत्वों को उन्होंने अपने काव्य में स्थान दिया है।

*****

संदर्भ:-

1. सं. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, गांधी अभिनन्दन ग्रन्थ, सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ.-248
2. विद्यानिवास मिश्र : गांधी जी: रचनाकार, दस्तावेज, जुलाई-सितंबर, 2003
3. मैथिलीशरण गुप्त, साकेत, (द्वितीय सर्ग) लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.-64
4. मैथिलीशरण गुप्त, साकेत, (चतुर्थ सर्ग) लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद,पृ.-101
5. मैथिलीशरण गुप्त, साकेत, (प्रथम सर्ग) लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.-12
6. मैथिलीशरण गुप्त, साकेत, (नवम सर्ग) लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.-255
7. मैथिलीशरण गुप्त, साकेत, (अष्टम सर्ग) लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.-233
8. मैथिलीशरण गुप्त, भारत-भारती, साहित्य सदन प्रकाशन, झाँसी, 2007ई., पृ.-176
9. मैथिलीशरण गुप्त, भारत-भारती, साहित्य सदन प्रकाशन, झाँसी, 2007ई., पृ.- 27

अस्मिता विमर्श: कुछ चिंता और कुछ चिंतन

डॉ. प्रवीण कुमार
सहायक प्रोफेसर,हिंदी विभाग
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय
अमरकंटक, मध्यप्रदेश -484887 मो. 9752916192

शोध सार:
प्रस्तुत शोध आलेख अस्मिता विमर्श के व्यापक बहुआयामी चिंतन पर आधारित है जिसमें मानव के मानवीय अस्मिता के विविध रूपों पर विचार करते हुए राष्ट्रीय अस्मिता के निर्माण पर कुछ चिंतन किया है तो कुछ चिंताएं जोकि मानवीय अस्मिता को विभाजित-खंडित करती हैं, को भी व्यक्त किया गया है। इस आलेख का महत्त्व इसमें निहित है कि कैसे अस्मिता विमर्श मानव मुक्ति के लिए किया गया चिंतन-दर्शन है और उसे कैसे साकार किया जाए। इस पर विचार किया गया है।

बीज शब्द:
अस्मिता, अस्मिता विमर्श, मानवमुक्ति, राष्ट्रीय अस्मिता, सामाजिक संरचनामूलक अस्मिता, सांस्कृतिक अस्मिता, पितृसत्तामूलक अस्मिता, व्यक्तिगत अस्मिता, जीवनमूल्यपरक अस्मिता, समतामूलक समाज, दलित, स्त्री, आदिवासी, बहुजन विमर्श, प्रतिनिधित्वमूलक अस्मिता, भाषाई अस्मिता, क्षेत्रीय अस्मिता, पहचान का संकट, अम्बेडकरवादी राष्ट्रवाद, सामाजिक परिवर्तन।

मूल आलेख:

अस्मिता शब्द का सरोकार व्यक्ति और समुदाय के संघर्ष, चिंतन, दर्शन और आंदोलन से सम्बद्ध जीवन सम्वर्द्धन से है। इसका अर्थबोध सामाजिक चिंतन और दर्शन पर आधारित है। यही कारण है कि अस्मितामूलक चिंतन साहित्य और कला के समाजशास्त्रीय अध्ययन-अनुसंधान पर बल देता है। यूं कह सकते हैं कि अस्मिता विमर्श किसी भी विषयवस्तु, धटनाओं, समस्याओं आदि का समाजशास्त्रीय विश्लेषण की दृष्टि है। उसकी नजरिया है। समाजशास्त्री धीरूभाई सेठ के अनुसार अस्मिता व्यक्ति या समुदाय स्वयं को 'क्या' और 'किस रूप' में समझते-समझाते हैं' से जुड़ा हुआ है। अस्मिता का यह दायरा अपने आप में एक बौद्धिक ऐतिहासिक और मनोवैज्ञानिक संरचना का रूप ले लेता है जिसकी रक्षा करने के लिए व्यक्ति और समुदाय किसी भी सीमा तक जा सकता है। वे खुद की और दूसरे भी उनकी अस्मिता के उसी दायरे के मुताबिक शिनाख्त करते हैं।[1] इसका अभिप्राय यह हुआ कि अस्मिता व्यक्ति की खुद की सुविधाओं के अनुसार और कभी-कभी दूसरों की सुविधाओं के अनुसार सामाजिक संरचना के दायरे में ऐतिहासिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से संचालित तथा नियंत्रित होता है। इसी संदर्भ में वह जीवन की विषयवस्तु के सामाजिक सरोकार की पड़ताल व उसकी सामाजिक भूमिका की भी परख करती है। यह परिवर्तनशील है। व्यक्तिगत भी है परंतु एक चिंतन और आंदोलन के तौर पर अस्मिता सामूहिक ही होती है जो सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों के अनुसार बनती-बिगड़ती रहती है। एक समय में अस्मिता का कोई एक पहलू अधिक मुखर होकर अभिव्यक्ति पाती है तो दूसरे समय दूसरे पहलू। इस तरह से अस्मिता व्यक्तिगत अस्मिता, जीवनमूल्यपरक अस्मिता, सामाजिक संरचनामूलक अस्मिता(परिवारिक, जातीय, वर्गीय-समुदायिक), सांस्कृतिकमूलक अस्मिता, राजनीतिकमूलक अस्मिता, प्रतिनिधित्वमूलक अस्मिता, पितृसत्तात्मक अस्मिता, भाषाई अस्मिता, क्षेत्रीय अस्मिता से चलकर राष्ट्रीय अस्मिता के रूप में मुख्यतः संचालित होती है। परंतु सबसे बड़ा सवाल और बड़ी अस्मिता 'मानवीय अस्मिता' है, जो मानवीय संस्कृति एवं सभ्यता में प्रथमतः और अंततः विद्यमान है। सभी प्रयत्न का अंतिम परिणति यहीं होता है। वह कब पीछे छुट जाता है। इसके विषय में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। यही सबसे बड़ी चिंता है और वर्तमान में चिंतन का विषय भी। हम सब मनुष्य के रूप में जन्म लेते हैं और न जाने कब 'मनुष्यत्व' को भूल विभिन्न अस्मिता में जीवन जीते हैं? खैर!

अस्मिता विमर्श साहित्य और चिंतन में भले ही आधुनिक युग की देन प्रतीत होता है लेकिन इतिहास के पन्नों में यह प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मानव सभ्यता के इतिहास से जुड़ा हुआ है। जब से मानव की सभ्यता-संस्कृति है तभी से उसकी अस्मिता अलिखित रूप में उपस्थित है। लिखित रूप में वह चेतना के साथ आकार लिया है और आधुनिक युगबोध के साथ सभ्यता-संस्कृति के विकासक्रम में विकसित हुआ है। अपना स्वरूप ग्रहण किया है और अपनी वैचारिकी के साथ चिंतन व दर्शन का अवधारणात्मक पदबंध धारण किया है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि 'सत्ता संघर्ष ' के इतिहास में 'अस्मिता विमर्श' पदबंध हमेषा से मौजूद रहा है। उसका एक इतिहास रहा है जो अधिकार, वजूद, पहचान, अस्तित्व, गरिमा, न्याय आदि विभिन्न रूपों में, विविध आयामों में सामाजिक-सांस्कृतिक, भौगोलिक, नैसर्गिक, जैविक, धर्म, जाति-प्रजाति, भाशा इत्यादि रूपों में आबद्ध रहकर जीवित रहा है। ''दलित, स्त्री, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक और अधिकारविहीन विभिन्न अस्मिताओं की आवाजें समकालीन अस्मितावादी आंदोलन का पर्याय हैं। हालांकि समकालीन परिप्रेक्ष्य में 'अस्मिता' शब्द को अंग्रेजी के 'आईडेंटिटी' के समानार्थी माना जाने लगा है, परंतु यह 'आईडेंटिटी' शब्द 'अस्मिता' का सही अर्थ नहीं दे पाता, क्योंकि अस्मिता को 'आईडेंटिटी पालिटिक्स' के रूप में देखने की संकीर्ण दृष्टि इसके वृहदतर आयाम को सीमित करती है। अस्मितावादी आंदोलन, सिर्फ 'आईडेंटिटी' या केवल अपने वजूद की पहचान या एहसास कराने का आंदोलन नहीं है, बल्कि यह भागीदारी, अधिकार, न्याय, स्वतंत्रता और मैत्री का आंदोलन है। संपूर्णता में कहा जाए तो समतावादी सामाजिक परिवर्तन का पर्याय हैं समकालीन अस्मितावादी आंदोलन। इस आंदोलन का मूल स्वर समानता और करूणा आधारित सामाजिक व्यवस्था की मांग है, क्योंकि भारतीय समाज के बहुसंख्यक तबके हिंसा, अन्याय, अपमान, अनादर और अधिकारविहीन रहे हैं। इसीलिए प्राथमिक तौर पर आत्मसम्मान, गरिमा और अधिकार की मांग से समकालीन अस्मितावादी आंदोलन जुड़े हुए हैं। पितृसत्तात्मक व्यवस्था को प्रश्नांकित कर स्त्री-पुरुष समानता के सवाल अस्मितावादी आंदोलन के सबसे अहम सवाल हैं। समकालीन अस्मितावादी आंदोलनों का दायरा बहुत विस्तृत है। लेखन, सोच, संगठन, समकालीनता और मीडिया के कारण विभिन्न हाशिए की आवाजों को 'अस्मितावादी' नाम से जाना जाने लगा है, जबकि सभी आवाजों की समस्याएं एक-सी नहीं हैं। हालांकि सभी समस्याओं की जड़ में हिंदू-व्यवस्था की वर्चस्ववादी सोच बड़े सूक्ष्म तरीके से संचालित होती है। इस वर्चस्वशाली सोच, दृष्टि और व्यवस्था को सुनियोजित तरीके से यदि किसी ने चुनौती दी है तो वह है समकालीन दलित आंदोलन, जिसके प्रेरणास्रोत एवं आदर्श बुद्ध, फुले दम्पत्ति और डॉ. अंबेडकर हैं।''[2] अस्मिता विमर्श एक राष्ट्रीय विमर्श है। अस्मिताओं का सवाल राष्ट्रीय अस्मिता का सवाल है। दलित, स्त्री और आदिवासी मिलकर बहुजन समाज का पर्याय बनता है। इस अर्थ में यह बहुजन विमर्श भी हो सकता है।आज भूमंडलीकरण का दौर है। भूमंडलीकरण के दौर में आधुनिक युगबोध व चेतना के साथ 'अस्मिता विमर्श ' सदियों से 'सत्ता-अर्थात ज्ञान सत्ता व भौतिक सत्ता से वंचित समुदायों के संघर्ष , आंदोलन व चिंतन-दर्शन के तौर पर उभरा है। इसमें मुख्य रूप से दलित विमर्श, स्त्री विमर्श, आदिवासी विमर्श व अल्पसंख्यक विमर्श है। यह विमर्श मुख्य रूप से समाज में अपने जीवन मूल्यों से वंचित समुदायों व वर्गों का है जो विभिन्न देषकाल में विभिन्न महापुरुशों के द्वारा समय-समय पर उठाया जाता रहा है लेकिन जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि यह विमर्श आधुनिक युगबोध और चेतना की देन है। भारत वर्श में यह 'युगबोध और चेतना' फुले-डॉ. अम्बेडकरवादी चिंतन और दर्शन से निकल कर मुकम्मल स्वरूप धारणा करता है। यही कारण है कि भारत में अस्मिता विमर्श की वैचारिकी और उसकी अवधारणा दोनों ही फुले-अम्बेडकर के चिंतन व दर्शन का प्रतिफलन है।

अस्मिता विमर्श की अवधारणा ही यहीं से शुरू होती है कि 'मैं कौन हूं' और समाज में 'मेरी क्या हैसियत है', मेरा क्या वजूद है, मेरा अस्तित्व क्या है, मेरा अधिकार और कर्तव्य क्या है? इन तमाम प्रष्नों के संदर्भों का अनुसंधान भारत वर्श में यहां की सामाजिक संरचना और सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन षैली में निहित है। उपर्युक्त सवालों ने अस्तित्वबोध की चेतना पैदा की और यहीं से अस्मिता का निर्माण

भारतीय समाज में सबसे निचले पायदान पर जीवन यापन कर रहे समुदाय और वर्ग में इसी चेतना को निर्मित किया। यही वर्ग समय के साथ अस्मिता विमर्श को एक नई अवधारणा देकर उसे राष्ट्रीय अस्मिता का सवाल बनाया। जिसकी नींव डॉ अम्बेडकर ने स्वयं 'अशोक स्तंभ' की तरह स्थापित किया। जब वे कहते हैं कि प्रथमतः और अंततः मैं भारतीय हूं तब वे पूर्णतः अस्मिता विमर्श को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देख रहे थे। ''कुछ लोग जो कहते हैं कि हम पहले भारतीय है और उसके बाद हिंदू या मुस्लिम, यह मुझे पसंद नहीं है। मैं नहीं चाहता कि भारतीय के रूप में हमारी निष्ठा हमारे धर्म, हमारी संस्कृति या भाषा से उत्पन्न हो। मैं चाहता हूं कि हम सभी लोग प्रथमतः भारतीय, अंततः भारतीय, सिर्फ और सिर्फ भारतीय हों।''[3] क्या आज कोई भी व्यक्ति प्रथमतः और अतंतः यह कहता है कि मैं भारतीय हूं? यहीं डॉ. अम्बेडकर का चिंतन है और उनका सामाजिक सरोकार और उनकी राष्ट्र भक्ति है। उनका अस्तित्व और उनकी अस्मिता है। क्या समाज उनकी इस अस्मिता को स्वीकार किया है? संभवतः उत्तर नहीं ही होगा। समाज ने उन्हें सिर्फ दलितों का मसीहा कहकर सीमित कर दिया है जबकि डॉ. अम्बेडकर मानव मात्र के रूप में भौगोलिक खंड में भारतीय ही रहे हैं। यह अनुभूति है डॉ. अम्बेडकर की, जो 'स्व' से समाज की ओर बढ़ती है। अस्मिता विमर्श में अनुभूति की प्रामाणिकता और स्व से समाज की ओर का सिद्धांत इसी पर आधारित है। अनुभूति की प्रामाणिकता के लिए किसी सिद्धांत की आवश्यकता नहीं होती है। अस्मिता व्यक्तिगत होने के साथ सामुदायिक भी होती है और राष्ट्रीय भी। अर्थात अस्मिता को हमेशा संदर्भ, परिप्रेक्ष्य एवं सामाजिक तत्व की समबद्धता के साथ ही समझा जा सकता है। वह व्यक्ति के साथ-साथ उसके संपूर्ण जीवन चक्र से जुड़ी होती है। जैसे जन्म, कुल, गोत्र, जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, संस्कृति, लिंग, व्यवसाय, परिवार, समाज और राष्ट्र आदि। घनश्याम साह के अनुसार ''जब कोई समुदाय अपने अस्तित्व और भूमिका को समझने की समस्याओं से जूझता हुआ अपने आपसे सवाल करता है कि हम कौन हैं और दूसरे समुदायों के मुकाबले हमारी समाज में क्या हैसियत है या हम किस तरह दूसरों से संबंधित हैं' तो उसकी पहचान बनने की प्रक्रिया शुरू होती है।''[4] अर्थात अस्मिता पहचान का पर्याय है और उसकी प्रक्रिया आत्म की खोज से शुरू होती है। स्वयं को जानने और समाज के साथ अपने संबंधों की परख से अस्मिता की निर्मिति होती है। इसी से आत्मसम्मान, गरिमा, न्याय, समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व आदि भावनाओं का सृजन होता है और अस्मिता विमर्श की अवधारणा व्यापकता और वैचारिकी को स्पष्ट करती है।

अस्मिता विमर्श एक परिवर्तनकामी अवधारणा है। परिवर्तन के लिए जरूरी है कि सिद्धांत को अनुभव के स्तर, व्यवहार के स्तर पर जीया जाए। उसी में से बुनियादी परिवर्तन संभव हो पाता है। सिद्धांत व व्यवहार की दो क्षितिजों का मिलन परिवर्तन की प्रेरणादायी शक्ति बन सकता है। सभी परिवर्तनकामियों के लिए इस बात को मद्देनजर रखना जरूरी है। अस्मिता विमर्श पहचान का पर्याय नहीं है और न ही पहचान का संकट का यह विमर्श है। यह जीवन मूल्यों से वंचित, विहीन समुदाय/मानव का सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक व ज्ञान सत्ता के स्तर पर उसे (जीवन मूल्यों) पाने के लिए किया गया संघर्ष, आंदोलन, चिंतन व दर्शन है। इस विमर्श को पहचान या पहचान के संकट तक सीमित करके देखना -समझना या मानना, ब्राह्मणवादी मानसिकता की उपज है। यह उसकी साजिश हैजो अपनी सत्ता को बचाए रखने के लिए, जिसका सुखपान वे वर्षों से करते आ रहे हैं तथा अपनी खोखलीदंभी पहचान को बचाए रखने के लिए संकट से जूझ रहे हैं और अपनी अस्मिता को संकट में महसूस कर रहे हैं। अस्मिता विमर्श में व्यक्तिगत पहचान के लिए कोई जगह नहीं है। पहचान व्यक्तिगत होती है विमर्श व चिंतन सामूहिक होता है। अस्मिता विमर्श व्यक्तिगत नहीं सामूहिक चिंतन है जिसका अपना एक दर्शन है, दृष्टिकोण है, दृष्टि है और सौन्दर्य है। उसका सौन्दर्यबोध भी अलग है और वह सौन्दर्यबोध सामूहिक चिंतन व दर्शन से निकलकर आया है जिसकी न कोई भौगोलिक सीमाएं हैं और न ही कोई भाषाई शास्त्रीयता। वह व्यक्तिगत या सामुदायिकता की सीमा से परे-सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक, लिंग, जाति, धर्म, वर्ण, वर्ग, प्रजाति आदि की लघुता की सीमा से अलग, लेकिन सबकों स्वयं में समाहित किए हुए 'जीवन-सौन्दर्य' अर्थात जीवन-मूल्यों का सौन्दर्य के लिए किया गया संघर्ष, आंदोलन, चिंतन व दर्शन है जिसका विजन समतामूलक समाज, लोकतांत्रिक, समृद्ध, विकसित और वैज्ञानिक राष्ट्र है। तभी सबका साथ और सबका विकास भी संभव है और 'प्रथमः व अंततः भारतीय' की मानसिकता व सोच विकसित हो सकती है। दलित विमर्श फुले-अम्बेडकर के चिंतन, संघर्ष व दर्शन की उपज है जो व्यक्तिगत नहीं सामुदायिक है। उसका विकासक्रम समुदाय से होकर राष्ट्र और विश्व मानव की ओर जाता है। अस्मिता अर्जित नहीं की जाती है। वह जन्मजात स्वतः निर्धारित होती है। उसे अपनी लघुता की सीमा से बाहर आने में या उसे तोड़ने में वर्षों संघर्ष करनी पड़ती है। जैसे गोत्र, जाति, वर्ण, वर्ग, धर्म, भाषा, क्षेत्र आदि से बाहर आने में या उसकी संकीर्णता से बाहर आने में वर्षों बीत जाती है। 'अस्मिता 'स्व' की सीमा की लघुता से 'विश्वबंधुत्व' के फलक पर अपनी उपस्थिति निरंतर चिंतन, संघर्ष, आंकलन, अनुसंधान व शोध से ही करती है। मानव की यह प्रवृत्ति और सौन्दर्यबोध ही उसे 'विश्वबंधुत्व' में परिवर्तित करता है अन्यथा वह खंडित-विखंडित अस्मितामूलक जीवन ही जीता है जिसकी सीमा लघु से लघु और संकीर्ण ही होती है। अस्मिता विमर्श इसी संकीर्णता व लघुता की सीमा से मुक्त 'विश्वबंधुत्व' व मानव मात्र का विमर्श है जिसकी न कोई जाति, धर्म, वर्ण, प्रजाति, वर्ग आदि है। वह इससे विहीन मनुष्य मात्र। मानव मात्र का चिंतन एवं दर्शन प्रस्तुत करता है। लेकिन लघु अस्मिता को खत्म करना उसका अस्तित्व नहीं है। यह एक चक्रीय प्रक्रिया में है। जैसे 'बूंद' से 'सागर' फिर बूंद की प्रक्रिया है।

यदि भारतीय समाज में मानवीय विकास को समग्रता में देखना है तो उसे विभिन्न मानवीय खंडित अस्मिताओं के बीच एक सामाजिक समन्वय स्थापित करना होगा। उन्हें अस्मिताओं को खंडित करने वाली सांस्कृतिक व्यवस्था को खत्म करना होगा। मानवीय अस्मिता की संस्कृति की शिक्षा एवं उसका संचारण करना होगा। इस अर्थ में अस्मिता विमर्श एक प्रकार से संस्कृति की राजनीति है। इसमें सामाजिक परिवर्तन की बात महत्वपूर्ण है और सामाजिक परिवर्तन सांस्कृतिक परिवर्तन के द्वारा ही संभव है। तभी जाकर सोशल ट्रांसफोर्मेशन संभव है। संस्कृति की राजनीति कुछ इस प्रकार भी होती हैः

''संस्कृति की रक्षा और संवर्धन संस्कृति का पुनरूत्थान और उसकी जीवनी शक्ति की अभिवृद्धि, परंपरा की ओर प्रत्यावर्तन और परंपरा का पुनर्मूल्यांकन आदि संस्कृति की राजनीति के मुख्य आधार रहे हैं। इनका उपयोग एकीकरण की राजनीति के लिए किया गया है और विघटन की राजनीति के लिए भी। परिवर्तन की राजनीति भी अपने निहितार्थ में संस्कृति की राजनीति है। इस राजनीति के साथ परंपरा के पुनर्मूल्यांकन और विकल्पों की तलाश के प्रश्न जुड़े हैं। परंपरा और परिवर्तन के विपरीत आकर्षणों में सामंजस्य स्थापित करना सत्ता के सम्मुख निर्णय का बीज प्रश्न होता है, क्योंकि समाज के लिए दोनों की आवश्यकता है।''[5]

विकास की प्रक्रिया में 'सांस्कृतिक संकट और संक्रमण' दोनों का सवाल महत्त्वपूर्ण है। सूचनाक्रांति और वैश्विक गांव की अवधारणा में क्या इससे बचा जा सकता है? क्या विकास की इस दौर में सांस्कृतिक अस्मिता का सवाल राष्ट्रीय अस्मिता का सवाल नहीं? तब हमें अस्मिता विमर्श में अपनी सांस्कृतिक विरासत और उसके जीवन मूल्यों को वैज्ञानिकता के साथ आत्मसात करते हुए आगे बढ़ना होगा तभी एक समृद्ध एवं विकसित भारत की संकल्पना साकार कर सकते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि सांस्कृतिक विरासत की और सांस्कृतिक संक्रमण के घालमेल में विकास विरोधी मूल्यों को ही आत्मसात कर लें। इसी विकास विरोधी सांस्कृतिक अराजकता की ओर श्यामचरण दुबे संकेत करते हुए लिखते हैं कि ''संक्रमण के इस दौर में सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास भी एक गंभीर संकट के रूप में उभर रहा है।''[6] ''आज जो स्थिति उभर रही है उसमें सूक्ष्म लघु और क्षेत्रीय अस्मिताएं स्वायत्तता की घोषणा कर रही हैं और अपने आपको देश की विराट परंपराओं से धीर-धीरे असंपृक्त कर रही हैं। इस प्रवृत्ति के कतिपय परिणाम विघटनकारी हैं किंतु वह अकारण नहीं हैं। उसके अपने तर्क हैं। अपने सांस्कृतिक यथार्थ की समझ जरूरी है, इस क्षेत्र में दुराग्रह सांस्कृतिक अराजकता को जन्म दे रहे हैं।''[7] आज सामाजिक और राष्ट्रीय अस्मिता की कमी के कारण समाज आज विकट संकट से गुजर रहा है। ''समाज अब परंपरा निर्देशित नहीं रहा, उसमें अंतःकरण निर्देशन भी क्षीण हो रहा है। उसमें अन्य निर्देशन बढ़ रहा है जो व्यावसायिक हित साधन में पश्चिम की उत्तरदायित्वहीन अनुकृति मात्र है।''[8] अस्मिता के संघर्ष में

अनुकरण का सिद्धांत' बहुत ही खतरनाक है। विघटनकारी है। राष्ट्रीय अस्मिता के निर्माण के लिए लघु अस्मिताओं का त्याग नहीं, उनका सहअस्तित्व जरूरी है। इस संरचना में लघु अस्मिताओं का त्याग आवश्यक नहीं था; उनका सहअस्तित्व संभव था। मानवीय अस्मिता हेतु व्यक्तिगत, जाति-गोत्र, क्षेत्र,भाषा, वर्ग आदि खंडित एवं विभाजनकारी अस्मिता जोकि मानवीय व्यक्तित्व के विकास में बाधक है बल्कि मानवीय सभ्यता-संस्कृति के लिए भी संकट है, घातक है को त्याग करना होगा। उसे खत्म करना होगा।इसके बारीक सूत्रों जोकि संस्कृति के गर्भ से निकलता है को शमन करना होगा। इसके लिए सर्वोत्तम मार्ग भारतीय संविधान की मूल भावनाओं को संस्कृति में आत्मसात करना होगा। संविधान के अनुसार मानवीय विकास के सभी संस्थानों एवं तत्त्वों को व्यवस्थित एवं संचालित करना होगा। अस्मिता की भी सामूहिक स्वीकृति अनिवार्य है।अस्मिता की लड़ाई संवैधानिक या न्यायिक स्तर पर भी लड़ी जा सकती है और अघोषित युद्ध का रूप भी ले सकती है क्योंकि ''सभी अस्मिताएं अनिवार्य रूप से वांछनीय नहीं है। हमें कुछ अस्मिताओं खासतौर पर दमनकारी और अमानवीय अस्मिताओं को छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।'' जैसे भाषाई अस्मिता और जातीय अस्मिता। ''जातीय अस्मिता एंकाकी पदसोपानी है; ये अस्मिताएं हमें अमानवीय बनाती हैं, हमारी संभावनाओं को सीमित करती हैं और संपूर्ण व अखंड व्यक्ति की धारणा के विरूद्ध है।... दूसरे शब्दों में जाति थोपा गया श्रम विभाजन है। यह व्यक्ति की पूरी क्षमता को बाहर आने नहीं देती है। इसके अलावा यह प्रतिबंधक और पदसोपानी है। यह मानसिकश्रम को श्रेष्ठ और शारीरिक श्रम को निष्कृष्ट मानती है। इसलिए जातीय अस्मिताओं के समर्थन की काई वजह नहीं है।''[9] हमारा संविधान इससे मुक्त होकर भारतीय अस्मिता को आत्मसात करने एवं जीने की शिक्षा देती है। क्या 75 वर्ष बाद भी हम इस संवैधानिक भारतीय अस्मिता को जन-जन तक पहुँचाने में सक्षम हुए हैं? इसलिए हमें अस्मिता विमर्श के माध्यम से 'समग्र वर्ग चेतना' को निर्मित करना होगा तभी एक समग्र, समृद्ध और कौशल राष्ट्र का निर्माण संभव है। यहां डॉ अम्बेडकर का यह चिंतन बहुत ही प्रासंगिक है जिसमें वे कहते हैं कि भारत में समग्र वर्ग चेतना का अभाव है और हिन्दुओं में तो वह बिल्कुल ही नहीं है। 'समग्र चेतना के अभाव' में राष्ट्र या समतामूलक समाज का निर्माण असंभव है। ''हिन्दुओं में समग्र वर्ग चेतना का अभाव है। जिस कारण से वे एक दूसरे के संपर्क में नहीं आते हैं बल्कि ''हरेक हिन्द मं जो चेतना पाई जाती है, वह उसकी अपनी ही जाति के बारे में होती है।''[10] अर्थात समृद्ध, विकसित और कौशल राष्ट्र के लिए जाति की चेतना को समग्र वर्ग व समग्र राष्ट्र की चेतना में परितर्वन अनिवार्य है। इसी के साथ अस्मिता विमर्श को समाज में 'असामाजिकता की भावना' को खत्म करना होगा। उसे 'स्वार्थ की भावना' को त्याग करना होगा। जोकि राष्ट्रीय चेतना में बाधक है; क्योंकि, ''जब भी कोई समुदाय अपने स्वार्थ से प्रेरित हो जाती है तो उसमें असामाजिकता की भावना उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण वह समुदाय अन्य समुदायों से पूरा संवाद और संपर्क करना बंद कर देता है क्योंकि वह अपने स्वार्थ की सुरक्षा करना ही अपना उद्देश्य मान बैठता है। यह असामाजिक भावना अर्थात अपने स्वार्थ की रक्षा की भावना ही विभिन्न जातियों के एक दूसरे से अलग होने का एक वैसा ही विशिष्ट लक्षण है जैसा कि अलग-अलग राष्ट्रों का।''[11] इस समाज के निर्माण में 'बहिष्कार और अवमानना का सिद्धांत' अवरोधक बनकर खड़ा है। जब तक इसे खत्म नहीं किया जाता है तब समतामूलक समाज सपना अधूरा है। गोपाल गुरू के मुताबिक ''अवमानना के उन्मूलन के लिए अवसर की समानता ही काफी नहीं हो सकती। यहां समता के सिद्धांत को अन्य सभी सिद्धांतों के ऊपर तरजीह देना जरूरी होगा और केवल इसी पूर्व शर्त के आधार पर उन संरचनाओं का उन्मूलन किया जा सकता है जो अवमानना का आधार बनी हुई है और जो उसका नवीकरण करती रहती है।''[12] इसलिए डॉ. अम्बेडकर कहते हैं कि जब तक ब्राह्मणवाद और पूंजीवाद को खत्म नहीं किया जाता है तब तक समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। यही दोनों गैरभावना और विषमता की जड़ है। मनुष्यता को खत्म करती है और नई व्यवस्था को बनने नहीं देती है। ''मेरी राय में इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब तक आप अपनी सामाजिक व्यवस्था नहीं बदलेंगे तब तक कोई प्रगति नहीं होगी। आप समाज को रक्षा या अपराध के लिए प्रेरित कर सकते हैं। लेकिन जाति व्यवस्था की नींव पर आप कोई निर्माण नहीं कर सकते; आप राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकते; आप नैतिकता का निर्माण नहीं कर सकते। जाति व्यवस्था की नींव पर आप कोई भी निर्माण करेंगे वह चटक जाएगा और कभी भी पूरा नहीं होगा।''[13]

इसे यूं कह सकते हैं कि राष्ट्र के निर्माण के लिए सामाजिक प्रतिनिधित्व का होना अनिवार्य है। बिना सामाजिक प्रतिनिधित्व के सामाजिक-राष्ट्रीय विकास की कोई भी संरचना पूर्ण नहीं होगी, क्योंकि हर व्यक्ति से समुदाय और समुदाय से समाज, फिर राष्ट्र में राष्ट्रीय अस्मिता का सफर अन्योन्य रूप में जुड़ा हुआ है। यहीं से प्रतिनिधित्वमूलक अस्मिता का जन्म होता है और वह लोकतांत्रिक राष्ट्र में समानता की भावना पैदा करती है।

उपसंहार-अंततः यही कहा जा सकता है कि अस्मिता विमर्श 'सामाजिक परिवर्तन' की बात करता है। यह परिवर्तन तभी संभव है जब स्वयं, भाषा, धर्म, जाति, समुदाय, आदि के 'मानकों, सत्ता और हित' से ऊपर उठकर और उससे अलग अपने विचारों, अपनी धारणाओं और स्वयं की स्वतंत्रता केहित पर अधिक बल देता है। डॉ. अम्बेडकर में शब्दों में, ''लेकिन यह सुधार या परिवर्तन आगे लगातार सम्पन्न होगा या नहीं, यह इस पर निर्भर करता है कि उस व्यक्ति का समुदाय उसके दृढ़ विचारों को किस सीमा तक समर्थन देता है।''[14] अर्थात सहनशीलता, न्यायोचित व्यवहार तथा आत्मसात करने की स्थिति में ही परिवर्तन संभव होगा अन्यथा व्यक्ति समाप्त हो जाएगा, परिवर्तन संभव नहीं होगा। ''मनुष्य नश्वर है वैसे ही विचार भी नश्वर है एक विचार को प्रसार की ठीक वैसे ही आवश्यकता होती है जैसे एक पौधे को सिंचाई की जरूरत होती है। अन्यथा दोनों ही कुम्हला कर मर जाएंगे।'' ''अधिकार कानून से नहीं बल्कि समाज के सामाजिक और नैतिक विवेक द्वारा संरक्षित होते हैं। अगर सामाजिक विवेक कानून द्वारा प्रस्तावित अधिकारों को मान्यता देता है तो अधिकार सुरक्षित और संरक्षित रहेंगे।'' अगर स्त्रियों की शिक्षा को पुरुषों की शिक्षा के साथ-साथ आगे बढ़ाया जाए तो हम जल्दी ही अच्छे दिन देखेंगे और हमारी प्रगति अत्यंत तीव्र होगी।'' स्त्री अस्मिता के लिए डॉ. अम्बेडकर द्वारा प्रस्तावित 'हिन्दू कोडबिल' स्त्री मुक्ति आंदोलन का ब्लू प्रिंट है। अपनी धरती अपनी मोंटी, अपनी संस्कृति अपनी अस्मिता, अपनी भाषा अपनी अभिव्यक्ति ही राष्ट्रीय अस्मिता है। अस्मिता विमर्श का लक्ष्य सहअस्तित्व और सम-सह संबंध के आधार पर राष्ट्रीय अस्मिता का निर्माण करना तथा समतामूलक, समृद्ध, विकसित राष्ट्र बनाना है। अस्मिता विमर्श एक सार्वभौम और गतिशील एक चिंतन है जिसका एक सामाजिक पहलू है। वह पहलू है 'एक मनुष्य एक मूल्य' पर आधारित राष्ट्र का निर्माण। अस्मिता विमर्श सिर्फ पहचान या पहचान के संकट के लिए किया गया विमर्श नहीं है बल्कि जीवनमूल्यों के लिए किया गया संघर्ष, चिंतन व दर्शन है। एक मानव एक मूल्य एक राष्ट्र के लिए किया गया चिंतन व वैचारिकी है। सिद्धांतशास्त्री अभिजन बनाम अनुभवानुश्रित बहुजन का विमर्श है। इसे अभिजन बनाम बहुजन का चिंतन भी कहा जाता है। वर्ण-जाति बनाम मानवमात्र का चिंतन इसके केन्द्र में है। व्यक्तिगत नहीं सामुदायिक जीवन का चिंतन है। अनुभव बनाम अनुभूतिजन्य ज्ञान का सवाल है। पितृसत्ता बनाम स्त्री-पुरुष सम-सह संबंध का सवाल है। शास्त्र बनाम लोक का प्रश्न है। संपन्नता व सम्मान बनाम अवमानना व वंचना का सवाल है।मुख्यधारा बनाम हाशिये के समाज का चिंतन है।श्रद्धा-भक्ति बनाम तर्क-विज्ञान का चिंतन है। अंधविश्वास, जड़ता, रूढ़िवादिता, पंरपरा आदि बनाम आधुनिकता, आधुनिकबोध व प्रगतिशीलता का सवाल है। वर्णाश्रमधर्म व पारंपरिक कर्म बनाम विज्ञान-प्रौद्योगिकी का चिंतन है। संसोधन बनाम सामाजिक परिवर्तन का चिंतन है। जल, जंगल व जमीन के लिए किया गया संघर्ष है। ब्राह्मणवाद बनाम लोकतांत्रिक चिंतन का विमर्श है। भाषावाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, वर्णवाद, वर्गवाद, आतंकवाद आदि बनाम समतामूलक राष्ट्रवाद निर्माण का चिंतन है।

*****

संदर्भः

1.धीरूभाई सेठ, सत्ता और समाज, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 497
2.डॉ. राम चंद्र, दलित साहित्यः आशय, आंदोलन और अवधारणा, आखर पृ. 51
3.डॉ. अम्बेडकर, अम्बेडकर संपूर्ण वांग्मय,
4.घनश्याम साह, अस्मिताओं का सहअस्तित्व, आधुनिकता के आईने में दलित, पृ. 195
5.श्यामाचरण दुबे, समय और संस्कृति, वाणी प्रकाशन, 2000, दिल्ली, पृ. 88
6.वही, पृ. 129 7.वही, पृ. 133
8.वही, पृ. 140
9.अभिजीत पाठक, आधुनिकता, भूमंडलीकरण और अस्मिता, पृ. 128
10.डॉ. अम्बेडकर, संपूर्ण अम्बेडकर वांग्मय, खंड-एक, वही, पृ. 70
11.वही, पृ. 72
12.गोपाल गुरू, वही, आधुनिकता के आईने में दलित, पृ. 113
13.डॉ. अम्बेडकर, संपूर्ण अम्बेडकर वांग्मय, खंड-एक, पृ. 85
14.वही, पृ. 76



तमाशा : लोक परंपरा

प्रा. राजेश दत्तात्रय झनकर
सहायक प्राध्यापक-अंग्रेजी
के.एस.के .डब्लू. सिडको महाविद्यालय -नाशिक, महाराष्ट्र
मो. 9881207676

महाराष्ट्र में तमाशा इस लोक परंपरा का उदय कब हुआ इसका निश्चित ऐसा प्रमाण हमें नहीं मिलता। नायक, लेखक तथा दिग्दर्शक के. नारायण काळे जी के अनुसार यह कला प्रस्तुत करनेवाले समाज के निचले स्तर के लोग होते थे। यह एक बाजारु मनोरंजन की कला कहीं जाती थी। नशा, देह का व्यापार, संभोगवृत्ति आदि का वर्णन इस कला का विषय बन गया था लेकिन संगीत रंगभूमि के जनक **आण्णासाहेब किर्लोस्करजी** और समकालीन नाटकों ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रदान किया। नामदेव भाटकर के अनुसार 1680 से 1707 के दरमियान उत्तरी फौजियों के मनोरंजन हेतु इसका आविष्कार हुआ है। मनोरंजन के उद्देश्य से इसका नाम तमाशा रखा गया। " तमाशा यह मूलत: फारसी शब्द है।"[1] तो कोई इसे मूल अरबी शब्द मानता है इसका अर्थ एक दृश्य, खेल या नाट्य प्रयोग है।

17 वीं शताब्दी में शुरू हुई इस कला ने विधि नाट्य के तत्वों को अपने आप से जोड़ते हुए इस लोककला को समृद्ध बनाया। इसमें वाद्य और गायकी का प्रमुखता: से समावेश किया दिखाई देता है। गाण कला से इस का विकास हुआ। महाराष्ट्र की संस्कृति में वैविध्यपूर्ण नाट्य देखने को मिलते हैं जो विविध भावों को प्रकट करते हैं। गोंधळ एक ऐसा ही विधि नाट्य हैं इसी को तमाशा का पूर्वरूप भी कहाँ जाता है। इसमें जो वाद्यों का प्रयोग किया जाता है वहीं वाद्यप्रयोग तमाशा में भी मिलता है। केवल संबळ के स्थान पर तमाशा में ढोलकी इस चर्मवाद्य का प्रयोग किया जाता हैं। डॉ. रा. ची. ढेरे के अनुसार - "गोंधळ्यानी जेंव्हा तमाशा स्वीकारला, तेंव्हा गोंधळ संस्थेतील नाट्यात्मकतेचा उपयोग करुनं घेतला. गोंधळातील विनोदी गीते व विनोदी प्रश्न विचारून हास्य रस निर्माण करणारे एक पात्र याचाही तमाशाच्या घडणीत वाटा आहे. "[२]

अर्थात गोंधळीयों ने जब तमाशा का स्वीकार किया, तब गोंधळ संस्था के नाट्यात्मकता का स्वीकार किया। गोंधळ में निहित हास्यात्मक गीत और प्रश्न को पूछकर हास्य रस निर्माण करनेवाला एक पात्र यह भी तमाशा की देन बना। महाराष्ट्र के श्रेष्ठ, सरगना संत ज्ञानेश्वर रचित "ज्ञानेश्वरी के 17 अध्याय "[3] में तमाशा के बारे में विस्तृत रूप में जानकारी मिलती है।

कलगी-तुरा यह मूलत: संज्ञा भले ही परकीय भाषा से हो लेकिन तमाशा में गाने का आशय एवं गाने की शैली संपूर्णत: भारतीय है। इसी तरह तमाशा और शाहिर यह शब्द परकीय है लेकिन पोवाडा, लावणी जिस रंगमंच पर प्रस्तुत होती है वह पूर्णता: महाराष्ट्रीयन है।

डॉ. सुदाम जाधवजी के अनुसार तमाशा के मूलत: दो प्रकार देखने को मिलते हैं उसमें पहला **बॉरी का** और दूसरी **ढोलकी का तमाशा** हैं। बारी के तमाशा में नृत्यांगना बैठकर अपनी कला आविष्कार प्रस्तुत करती है। वह अपने गायन और अभिनय से लावणी प्रस्तुत करती है। इसमें प्रमुखत: हाव-भाव, पदन्यास, हाथ की मुद्राएं, विभिन्न अदाए प्रस्तुत करती है।

'ढोलकी का तमाशा' स्वतंत्र रंगमंच होता है। प्रदेशानुरूप इस में दो प्रकार मिलते हैं। एक खानदेशी तमाशा जो महाराष्ट्र के जलगांव, धुले आदि जिले में देखने को मिलता है। इस में भाषागत विशेषता दिखाई देती है। अहिरानी बोलीभाषा इसमें प्रयुक्त होती है। " जुलाल सोनवणे, आनंदराव महाजन इन शाहीरों ने इस लोककला को लोकप्रिय बनाया। "[4] इसमें स्त्री नृत्यांगना हमें नहीं मिलती पुरुष ही स्त्री पात्र निभाते है। इस की पद्यात्मक बोली होती है| इनकी गायन शैली भी विशिष्ट होती है। नासिक जिले के कळवन तहसील में आदिवासियों में डोंगरी तमाशा देखने को मिलता है। 'वायदेशी तमाशा' को तमाशा नाम से ही पहचानते हैं। पश्चिम महाराष्ट्र में यह स्थित है। इसे ढोलकी का फड या तमाशा भी कहते हैं। इसमें नृत्यांगना स्त्री होती है। इसमें खानदेशी तमाशा की तरह पद्यात्मक बोली नहीं होती। यहां पर गद्यात्मक संवाद अधिक होते हैं। पद के अंतमें जी...जी...हो ..जी का स्वर लगाया जाता है। जिसे झील खींचना कहते हैं। 'खड़ी गम्मत' यह प्रकार विदर्भ में देखने को मिलता है।

आज तमाशा को 'गम्मत 'भी कहाँ जाता है। इसमें संगीत महत्वपूर्ण होता है। इस में पद्यात्मक संवाद होते हैं जो बैठकर भी प्रस्तुत किए जा सकते है लेकिन खड़ी गम्मत का मजा खड़ा होकर अभिनय के साथ, नृत्ययुक्त प्रस्तुतीकरण में हो तो वह सराहनीय होता है। इसलिए इसे खड़ी गम्मत कहाँ जाता है। यह विदर्भ में बहुत ही लोकप्रिय कला प्रकार है।

मनौत्ति का उत्सव अर्थात मनौती जलसा बहुत ही लोकप्रिय तमाशा प्रकार है। औरंगाबाद जिले के आळद में मनौती के जुलूस निकलते हैं। मन्नत पूरी होने के कारण इस अवसर पर तमाशा का जलसे का कार्यक्रम होता है। आळद में श्रावण बाबा नामक सत्पुरुष की समाधि स्थल है। वहाँ बबूल के साए में खुली समाधी के सामने तमाशा होता है। यह तमाशा स्त्री काही होना चाहिए ऐसा संकेत है। इस तमाशे में शृंगारिक लावणी, गण और गवळन होती है। देड से दो घंटे तक यह तमाशा होता है।

यह चमकीला सत्य है कि नीरज को जीवन में अधिकतर कटु अनुभव ही मिले हैं और परिणामस्वरूप निराशा उन्हें जल्दी ही घेरती रही। उनकी जीवन-प्रक्रिया, उनकी रचना-प्रक्रिया को बराबर प्रभावित करती रही। वे अपने प्रथम काव्य संग्रह 'संघर्ष' के आरंभ में निवेदन करते हैं- "इतना संघर्षपूर्ण था तब मेरा जीवन और उत्तरदायित्वों के पहाड़ों का ऐसा बोझ था मेरे सिर पर की यदि मैं गाकर अपने भीतर का बोझ हल्का न करता तो शायद टूट-फूट कर रास्ते पर कहीं गिर जाता ।मैंने तब कवि बनने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन के सूनेपन को अपनी आवाज़ से भरने के लिए गाया था।"

नीरज ने 'काम' को 'वासना' का नाम देकर इसे कला और साहित्य की मूल प्रेरणा माना है। उनका मानना है कि पेट की भूख के साथ-साथ मनुष्य में एक और भी भूख है, जिसका नाम है सृजन की भूख। 'वासना' एक ऊर्जा है जो मनुष्य के भीतर निहित पाँच कोषों के अनुसार भिन्न-भिन्न स्तरों पर भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होती है। जब तक यह वासना अन्नमय कोष में व्याप्त रहती है, तब तक यह आकर्षण कहलाती है। इस स्तर पर मनुष्य मांसलता से आक्रांत रहता है और उसके भीतर का पशु प्रबल होता है। वह पाना तो चाहता है, किन्तु देना कुछ नहीं चाहता। नीरज के विचार में यही पाशविक वृत्ति है और इसी का नाम स्वार्थ है। इस स्तर पर जो रचना की जाती है, वह घोर यौन-तृष्णा से विकल होती है । 'अकविता' के कवियों ने तो नारी भूगोल के सभी कटिबंध तोड़ दिए थे। नीरज ने भी इस वृत्ति के तहत केवल एक ही गीत लिखा है, जिसकी प्रथम पंक्ति है "आज तो मुझसे न शरमाओ, तुम्हें मेरी कसम है।" नीरज आगे तर्क देते है कि संयम के कारण जब यही वासना और ऊपर की ओर संक्रमण करती है, तब प्राण कोष में प्रवेश करती है। इसी बिंदु से 'प्रेम' का उदय होता है। इस स्तर पर मनुष्य में प्राप्ति की कामना के साथ-साथ कुछ देने की भावना भी रहती है। यहाँ से स्वार्थ का परिहार आरंभ होता है। लेकिन स्वार्थ की चेतना सर्वथा मिट नहीं जाती। फिर भी पशुत्व क्षीण होने लगता है और मनुष्यत्व प्रबल होने लगता है। वे आगे कहते हैं कि प्रेम के साथ-साथ ईर्ष्या भी चली रहती है।

यहीं से काव्य में दार्शनिकता का जन्म होता है। प्राप्ति की कामना जब प्राणमय कोष से मनोमय कोष में गमन करती है तब कवि में भक्ति की अनुभूति जाग्रत होती है। प्राप्ति की कामना यहाँ सुप्तावस्था में पहुँच जाती है। कविता इस बिंदु पर पहुंचकर स्त्री बन जाती है, क्योंकि समर्पण स्त्री ही कार सकती है, पुरुष नहीं। गौरतलब है की नीरज ने 'वेदना' के लिए अपने काव्य में कई शब्दों का प्रयोग किया है। वे ऊष्णता या ताप को वेदना का ही पर्याय मानते हैं। ताप जीवन का एक अनिवार्य तत्व है। जब तक शरीर में ताप है, तभी तक जीवन है। इसका अन्त होते ही जीवन भी समाप्त हो जाता है। ताप मनुष्य के हृदय को छूकर उसे सहिष्णु और विशाल बना देता है। इसे ही नीरज ने काव्य में मर्मस्पर्शता का जन्मदाता मन हैं।वे कहते हैं-"मेरी कविताओं इसी वेदना (ऊष्णता) की सहज स्वीकृति है। लेकिन यह नैराश्य-प्रसूत कतई नहीं है। इसे आप यदि मेरी कविताओं से निकाल दें तो मेरी उम्र आधी रह जाएगी।" इसमें मतैक्य है कि संसार के हर महान कवि की रचनाओं में 'वेदना' एक अनिवार्य घटक रही है और इसे काव्य से बहिष्कृत नहीं किया जा सकता है। इस संदर्भ में जॉन-ग्रो, जॉन कीट्स, सी. जी. रोसेती, एलिज़ाबेथ बैरेट बाउनिंग, मीरा, महादेवी वर्मा, पंजाबी गीतकार शिव कुमार बटालवी आदि की काव्य रचनाएँ उल्लेखनीय हैं।

यूँ तो नीरज एक व्यक्तिवादी कवि एवं गीतकार के रुप में प्रतिष्ठित हैं। परंतु उनके काव्य में दार्शनिक अनुभूतियों का व्यापक चित्रण मिलता है। इसके मूल में गुरु नानक,कबीर, फरीद जैसे संत एवं सूफी कवियों तथा अरविन्द, ज़िबान और रवीन्द्रनाथ टैगोर जैसे दार्शनिकों, चिन्तकों एवं साहित्यकारों की दार्शनिक विचारधाराओं का पर्याप्त प्रभाव रहा है। मार्क की बात यह है कि जहाँ कहीं नीरज ने किसी का सीधा प्रभाव ग्रहण किया है, उसे खिले दिल से स्वीकार भी किया है। मिसाल के तौर पर कवि हरिवंशराय बच्चन की कविता का प्रभाव उन्होंने अपनी आरंभिक रचनाओं में ग्रहण किया। नीरज द्वारा अरविन्द की कविताओं के अनुवाद सिद्ध करते हैं की नीरज ने अरविंद दर्शन का अध्ययन भी किया है, जो उनकी सुमित्रानंदन पंत पर लिखी आलोचनात्मक पुस्तक से स्पष्ट होता है। अरविन्द की प्रसिद्ध कविता 'लाइफ एण्ड डेथ' का नीरज ने इस प्रकार अनुवाद किया-

'जीवन-मरण, मरण-जीवन दो शब्द युगों से
भरमा रहे बुद्धि जग की, दीखते विरोधी
कर उन्मुक्त अचिन्त्य सत्य चिर मानस सम्मुख
खुलें युगों के छिपे हुए सब पृष्ठ प्रबोधी
जीवन है संक्षिप्त मृत्यु यदि स्वर न शेष है
जन्म-मरण का, मरण-जन्म का छद्मतेष है।'

स्पष्ट है कि एक नश्वर देह पाकर भी अरविन्द अपने आपको 'अमर' और अंतहीन मानते हैं। इतना ही नहीं, 'अनादि' और 'अनंत' भी समझते हैं-

'मैं न मरूँगा../आकाशों को हाथ उठाए
सृष्टि प्राण धरती का मैं पालन करता हूँ /एक चिरंतन चिन्तक था मैं जन्म
समय भी /और रहूँगा मैं असीम हूँ, मैं अनंत हूँ मैं न मरूँगा।'

अरविन्द से प्रभावित होकर और अंग्रेजी कवि जॉन डन की कविता 'डेथ बी नॉट प्राउड' की तर्ज़ पर नीरज मृत्यु पर विजय पाने के लिए चुनौती भर स्वर में कहते है-

'सौ-सौ बार चिताओं नेमरघट पर मेरी सेज बिछाई
गीतों की आवाज़ चुराई/लाखों बार कफ़न ने रोकर
मेरा तन श्रृंगार किया पर/एक बार भी अब तक मेरी
जग में मौत नहीं हो पाई।'

यदि गौर से देखा जाए तो यहाँ अरविन्द जैसे आत्म विश्वास और मृत्यु पर विजय भाव नीरज प्रकट नहीं कर सके हैं। दरअसल, नीरज के मृत्यु-दर्शन की सरहद जहाँ ख़त्म होती है, अरविन्द वहीं से अपना दर्शन प्रारंभ करते हैं।इस सृष्टि की रचना के संबंध में वैदिक, आध्यात्मिक तथा वैज्ञानिक सिद्धांतों में बड़ा विस्तृत विवेचन किया गया है। लेकिन नीरज का मत है-"प्रकृति और पुरुष के संयोग का नाम सृष्टि है। दो के बिना जन्म कहाँ? ....उस अर्धनारीश्वर (एक तत्व) ने प्रेम के लिए या कहिए सृष्टि प्रसारण के लिए, केलि के लिए, क्रीडा के लिए अपने दो मैं

विभाजित किया (अद्वैत ने द्वैत को जन्म दिया) दो के बाद चार, चार के बाद आठ और इस सृष्टि बन गई।" निस्संदेह, नीरज के सृष्टि संबंधी ये विचार अरविन्द के विचारों से समय रखते हैं। लेकिन नीरज ने अपने मौलिक चिंतन से आदि तत्व के इस विभाजन की कल्पना एक दृष्टि से की है। उनकी मान्यता है कि आदि तत्व के विभाजन से संसार में एक बड़ी ट्रैजिडी हो गई है कि प्रत्येक चेतन तत्व एक अपूर्ण आत्मा हो गया। नतीजे के तौर पर उसके हृदय ने प्यास है, भूख है, अपने उस आत्मा के साथी के लिए जिसको प्राप्त करने के लिए बार-बार उसे मिट्टी के ये कपड़े बदलने पड़ते है।" अध्यात्म- दर्शन की दृष्टि से देखा जाए तो नीरज के कुछ भक्ति काव्य का समर्पण भाव लिए हुआ हैं। उनमें संत कवियों जैसी तन्मयता, भाव प्रवणता और आत्म निवेदन के स्वर मिलते हैं। वे परमात्मा को ही अपना धन एवं मन मानते हैं-

'धनियों के तो धन अनेक हैं/मुझ निर्धन के धन बस तुम हो कोई पहने माणिक माला कोई लाल जड़ावे कोई रचे महावर मेहंदी मुतियन माँग भरावे सोने वाले, चाँदी वाले, पानी वाले, पत्थर वालेतन के तो लाखों सिंगार हैं/मन के आभूषण बस तुम हो ।'

नीरज ने सूफी कवियों की तरह जीवन और संसार को 'चुनरिया' और 'मेले' जैसे मनमोहक रूपकों में चित्रित किया है। वे मनुष्य की गलतियों, उसके भौतिक आकर्षण के प्रति मोह एवं सांसारिक कमियों की ओर सूफी अन्दाज़ में गहरा संकेत देते हैं-

'माँ मत हो नाराज़ कि मैंने खुद ही मैली की न चुनरिया
मिट्टी से संबंध हुआ जब/मेलों से अनुराग बढ़ा जब
तब कैसे संभव बिल्कुल बेदाग बनी रह जाए चुनरिया'

कवि नीरज महसूस करते हैं कि आज का मानव पग-पग पर छला जाता है। वह बनावटी, आकर्षणनुमा एवं प्रदर्शनात्मक जीवन बिताने को लालायित है। अर्थ लोलुपता उसके जीवन का केन्द्रीय बिन्दु है। जीवन मूल्य परंपराएँ, प्रतिमान, संबंध और सामाजिक ढाँचा सब कुछ विघटित एवं विखंडन हो रहा है। इस संसार रूपी मेले में आकार कोई भी चादर बेदाग नहीं रह सकती।उन्होंने आशा और निराशा, मधु और हलाहल अर्थात मानव जीवन में सुख और दुःख दोनों की उपस्थिति स्वीकार की है-

'न आशा ही जीवन की आस/निराशा ही न अंत परिणाम
न मधु ही केवल इसका स्वाद/हलाहल ही न पेय अविराम।'

वे सुख और दुःख में सामंजस्य स्थापित करने पर बल देते हैं। कभी पी. बी. शैली ने भी कहा था कि हर उदासी भरे नग़मे में मधुरता का अंश छिपा रहता है और हर खुशी का गीत कसक युक्त होता है। नीरज सुख और दुःख का संतुलित संधि -स्थल बनाकर जीवन को किसी विशिष्ट लक्ष्य एवं विकास की ओर उन्मुख होने का आग्रह करते हैं। वे यहाँ तक प्रतिपादित करते हैं कि इस संसार में कुछ भी सुन्दर या असुन्दर नहीं है। यह तो व्यक्ति के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है कि वह सृष्टि को कैसे ग्रहण करता है-

'असुन्दर जिसको कहता विश्व,
नहीं वह सचमुच घृणित कुरूप ।
असुन्दर भाव तुम्हारा किन्तु,
भाग्य ही जिसका वह प्रतिरूप ।'

प्रसंगवश, शेक्सपियर ने भी कहा था कि इस दुनिया में अच्छा अथवा बुरा कुछ भी नहीं है। यह तो हमारी सोच है जो किसी चीज को अच्छी या बुरी घोषित करती है। अपने विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य 'पैराडाइज़ लॉस्ट' में जॉन मिल्टन भी कहता है कि यह हमारा मन ही है जो नरक को स्वर्ग एवं स्वर्ग को नरक के रूप में सृजित करता है। जॉन -कीट्स की कविता 'ओड ट् ए ग्रेशियन अर्न' में व्यक्त 'सत्यं, शिवं, सुन्दरं' का विचार उन्हें भारतीय दर्शन से जोड़ता है। वे सत्य को ही सुन्दर और सुन्दर को ही सत्य मानते हैं। इन उदाहरणों से एक बात बड़ी स्पष्ट है कि सुन्दर और असुन्दर का इस संसार में कोई निश्चित एवं अंतिम सिद्धान्त नहीं है। कई जगह असुन्दर में भी सुन्दर विद्यमान रहता है और सुन्दर में कुरूपता भी उपस्थित रहती है। 'बिन काँटे फूल - कहाँ और बिन कीचड़ कमल' शब्दों में निहित सत्य भी शाश्वत है।नीरज की 'मृत्यु गीत' एक लंबी काव्य रचना है जो मृत्यु बोध-संबंधी उनकी दार्शनिक विचारधारा को व्यक्त करती है। वर्ष 1958 में रचित यह काव्य रचना कवि के गंभीर स्वभाव एवं हृदय की परिपक्वता का परिचय देती हैं। इस 'मृत्यु गीत में गीतकार ने मृत्यु संबंधी और मानव मन में व्याप्त इस संबंधी अनेक मनोभावों का चित्रण करते हुए मृत्यु बोध संबंधी मनुष्य की अनेक जिज्ञासाओं को शान्त करने की चेष्टा की है। यह गीत हमारी चेतना को चिंतन प्रधान बनाता है, हमारी संवेदना को जगाता है, हमें भीतर से सचेत करता है, मृत्यु जैसे कठोर सत्य का सामना करने के लिए हमें तैयार करता है और मृत्यु का भय मिटाकर उसे सहने योग्य बनाता है।

महायात्रा पर कूच करने के लिए गीतकार स्वयं मानसिक रूप से सहर्ष तैयार है-

'अब शीघ्र करो तैयारी मेरे जाने की
रथ जाने को बाहर तैयार खड़ा मेरा
है मंज़िल मेरी दूर बहुत पथ दुर्गम है
हर एक दिशा पर डाला है तम ने डेरा।'

ज़ाहिर है की इस सुन्दर एवं लघु रूपक में जीवन-मरण संबंधी सभी दार्शनिक चिंतन संगममय हो गए हैं। मनुष्य के अंतिम क्षणों का इतना सजीव एवं प्रभावशाली चित्रण अन्यत्र दुर्लभ हैं। इस गीत में नीरज ने आत्मानुभूति को विश्वानुभूती बनाकर निज पीड़ा को पर पीड़ा से जोड़ा हैं। नीरज ने मनुष्य को मरकर भी अपनी सृजनशीलता और अपनी रचनाओं के माध्यम से अमर होना सिखाया है। यही कारण है कि अरस्तु, होमर, शेक्सपियर, टॉलस्टॉय, दोस्तॉयवस्की, वाल्मीकि, कालिदास, तुलसी, रविंद्रनाथ टैगोर, प्रेमचंद जैसे अनेक साहित्यकार अपनी उत्कृष्ट कृतियों के कारण मृत्यु पर विजय पाकर कालजयी हो गए हैं।

नीरज की दार्शनिकता का एक अन्य प्रखर तत्व आशावादी दृष्टिकोण है। उनकी 'जीवन-गीत' रचना उनके आशावादी होने का सर्वोत्तम प्रमाण है। यह गीत सिद्ध करता है कि गीतकार नीरज न तो निराशावादी हैं और न ही पलायनवादी हैं। इस गीत में उन्होंने संवादनुमा शैली में निराशा को आशा में बदलने का सन्देश दिया है।वे अंग्रेजी कवि रॉबर्ट बाऊनिंग की तरह आस्थापूर्ण हैं कि ईश्वर अपने स्वर्ग में है और इस संसार में उसकी इच्छानुसार सब कुछ ठीक हो रहा है। नीरज के 'जीवन-गीत' के नायक और नायिका क्रमशः आशा और निराशा तथा नर और नारी की परस्पर पूरकता के प्रतिक हैं। वे सिद्ध करते हैं कि एक के बिना दूसरे का अस्तित्व अधूरा है नायक का व्यक्तित्व असंतुलन,दुविधा, बेतहाशा जैसे भावों को प्रकट करता है, जबकि नायिका अपनी 'संतुलित, और विवेकशील बुद्धि द्वारा उसे जीवन में सुख और दुःख में सामंजस्य स्थापित करने का संदेश देती है। नायक स्वयं को बहुत असहाय अवस्था में पाता है और उसके जीवन में कोई ध्येय एवं अभिलाषा नहीं है। लेकिन नायिका उसे समझाती है कि मनुष्य चाहे तो मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कार सकता है।

'तुम्हारा जीवन नहीं विलास, /मरण में हो जाए व्याप्त,
वरन् वह ध्येय तुम्हारा एक /विजय जो करे मृत्यु पर प्राप्त।'

इस महत्वपूर्ण एवं आशावादी गीत में नीरज ने गहरे में रेखांकित किया है कि नारी ही सृष्टि को संपूर्णता प्रदान करने के लिए पुरुष के मनुजत्व का आह्वान करती है। नारी प्रकृति रूपी सृष्टि है और समस्त प्रकृति उसी क ही रुप है। नारी तो समस्त कलाओं को अपना स्वरूप प्रदान करती है।बिना किसी मत-विभाजन के यह स्वीकारने योग्य है की नीरज के पास अद्भुत कल्पना शक्ति, संवेदनशीलता, सहृदयता और कव्यक्षमता थी । उन्होंने मनुष्य जीवन की ज्यामिति को निकटता से समझा और जाना था। उन्होंने व्यक्तिगत गीत विधा में ही नहीं, बल्कि इस युग की संपूर्ण हिंदी कविता में मृत्यु, आशावाद, नारी, काव्य, सृजन-प्रक्रिया, वासना, दर्शन, अध्यात्म, प्रकृति आदि विषयक नई विचारधारा एवं नए चिंतन की प्रतिष्ठा की । लेकिन खेद की बात यह है कि हिंदी साहित्य को गीतों की इतनी अनमोल निधि प्रदान करने वाले नीरज को साहित्य जगत में अपेक्षित स्थान नहीं मिल सका। उनकी काव्य क्षमता कस समीक्षकों एवं आलोचकों ने कोई खास नोटिस नहीं लिया। अफ़सोस इस बात का भी है की डॉ० बच्चन सिंह द्वारा लिखित एवं 1996 में प्रकाशित हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास पुस्तक में गीतकार नीरज का उल्लेख तक नहीं है, जबकि उनका कृतित्व विचार, मूल्यांकन-विश्लेषण तथा समालोचनात्मक निष्कर्षों का प्रखर विषय बनता है।

*****

संदर्भ

1.गोपालदास नीरज, दर्द दिया है, पृ० 6 2.वही, पृ०8
3.डॉ०सुधा सक्सेना,नीरज : व्यक्तित्व और कृतित्व, प्रगति प्रकाशन, आगरा पृ.16
4.गोपालदास नीरज, दर्द दिया है, पृ०5
5.वही, नीरज रचनावली, खंड- 1, पृ०359 6.वही,पृ०362
7.वही,पृ०323 8.डॉ० सुधा सक्सेना, नीरज व्यक्तित्व कृतित्व पृ०41
9.वही, पृ०41 10.गोपालदास नीरज, दर्द दिया है,खंड -3, पृ०31
11.वही,पृ०116 12.वही, 13.नीरज रचनावली, खंड-2 पृ०223
14.वही,पृ०226 15.वही,पृ०175 16.वही,पृ०222

'विसर्जन' में भूमंडलीकरण का सांस्कृतिक वर्चस्व

उमा बणिचुलल
शोधार्थी([पीएच-डी.) हिन्दी विभाग
दक्षिण भारत हिन्दी प्राचार सभा, विजयवाडा
हैदराबाद मो. – 9438202227

'विसर्जन'शब्द दो शब्द से बना है। पहला 'वि' जिसका अर्थ है–'विशेष' दूसरा 'सर्जन' जिसका अर्थ है 'रचना' और 'त्यागना' भी है.शब्दकोश में विसर्जन शब्द का अर्थ है परित्याग, तिलांजलि,त्यागना,छोड़ना,विदाईख़ारिज करना या अलग करना। 'भूमंडलीकरण' शब्द मूल रूप में 'भूमंडल'शब्द बना है। 'भू' का अर्थ है भूमि, पृथिवी तथा मंडल का अर्थ है- 'परिधि' इस प्रकार भूमंडलीकरण का अर्थ है' पृथिवी की परिधि करना'।भूमंडलीकरण शब्द के विभिन्न पर्याय है जैसे–विश्वीकरण,वैश्वीकरण,ग्लोबालाइजेशन, विश्यायन,जगतीकरण,अन्तराष्ट्रीयवाद,उदारीकरण,विश्ववाद,बाज़ारवाद,प श्चिमीकरण, बंधनमुक्त- व्यापार आदि ।'सांस्कृतिक' शब्द का अर्थ है संस्कृति सम्बन्धी। संस्कृति शब्द का अर्थ है पवित्रकरण, सभ्यता। सभ्यता की अर्थ है सभ्य होने का भाव। सभ्य शब्द का अर्थ है सभा के योग्य, नम्र। और भी कह सकते हैं-सम+ कृति= संस्कृति,सम–नेक , साधु, कृति का अर्थ 'रचना', काम अर्थात नेक होने का भाव ही संस्कृति । 'वर्चस्व' शब्द का अर्थ है महान होने का भाव या अवस्था इक्कीसवीं शती में भूमंडलीकरण,अमेरीकीकरण की भारी हलचल में एक पहलु है जो किसी भी आर्थिक प्रभांजन से कमतर नहीं है। इनकी सांस्कृतिक जड़ों को पूरी तरह हिला दिया। अब तक जितनी भी विदेशी सांस्कृतियां आई , वे हमारे जीवन परिधि में पूरी तरह घूल-मिल गई थी। कुछ वर्षों बाद उसको अलग रूप में पहचानना मुस्किल हो गई। वे भारतीय संस्कृति के महासागर में समाकर हो गई । इस संस्कृति ने हमारे पुरातन सभ्यता और संस्कृति को हटाकर अपना स्थान जमा लिया ताकि हमारी निजता, सास्कृतिक मूल्य सभ्यता पारंपरिक स्वरुप आदि का सत्ता नहीं रहा अर्थात सब कुछ बदल गया। इसके लिए सब से अधिक भूमिका निभाई मीडिया जगत। आज पूरी दुनिया के बाज़ार में बहुरास्ट्रीय कंपनियों के उत्पादों से भरे हुए हैं। तरह – तरह माल्स – भी -मार्ट, बाज़ार कलकत्ता, स्टाइल बाज़ार आदि ऊँचे बाज़ार बहुराष्ट्रीय बाज़ार के लुभावने उत्पादों को मूक आमंत्रण करते हैं। हम क्या खरीदते हैं या खरीदना चाहते हैं यह हमारी अपनी इच्छा पर निर्भर नहीं रह गया। मीडिया जगत की वाचलता के उपर ही निर्भर करता है यह कहने का अर्थ यही है की कम्पनियों की विपणन व्यवस्था विज्ञापन की मायावी जगत पर निर्भर करती है। आज बाज़ार दर्शन को साफल्य मंडित कर रहा है वही मायावी विज्ञापन। उद्यग जगत का सफलता के साथ-साथ वस्तु की तीव्र ललक जगा देने एवं वस्तु की तीव्र आवश्यकता का अनुभव करदेना विज्ञापन की मायावी शक्ति ही करती है।

राजू शर्मा का उपन्यास 'विसर्जन' इन बदलती सांस्कृतिक पक्षों का सूक्ष्म अवलोकन करता है I निम्नलिखित अनुच्छदों में प्रकट करने का प्रयास किया गया है- नव उदारतावाद, आर्थिक विकास के नए प्रारूप उपभाक्तावाद के दौड़ में दौड़ती सारी मनुष्य जाति विज्ञापन संस्कृति में विकसित बाज़ारवाद सर्वग्रासी संस्कृति के रूप में ग्रस रहा है , उसके दुष्परिणाम सभी मनुष्य समाजको सहना पड़ रहा है। विज्ञापन संस्कृति सभी को भरमा रही है। इसलिए चिंतित सभी विद्यान गण। हिन्दी उपन्यासकर भी इस चिंता से अछूत नहीं रहे। राजू शर्मा का 'विसर्जन' उपन्यास इस रूप में एक सार्थक प्रयास है। विवेच्य 'विसर्जन' उपन्यास में डूबी हुई उपभाक्तावाद संस्कृति को पात्र – पी.वी. रंगराजन, ऐसार, सपना आदि के माध्यम से उजागर किया गया है। स्पेशल सर्विस व्यूरो के प्रमुख की पत्नी सपना उप्भाक्तावाद की जीती – जगती दृष्टांत है । " फिर वह बाहर निकली, बाल गिले थे और पीछे की ओर समेटे और कंघी किए हुए, उसने किसी डेनिम की शॉटर्स पहनी थी जिसकी निचले किनारियों धागे निकल रहे थे और उसकी चिकनी उजली जांघों पर हिल रहे थे , उसने पतले स्टेच कपडे की एक सफेद टी-शर्ट उपर डाली थी , जो उसको वक्षों के उपर उभार में गिर रही थी, उसने ब्रा नहीं पहनी थी और हवा के किसी अनजान झोंके में शर्ट यदा- कटा उसकी देह से उठ चिपक रही थी और तब उसके उरोज के शिखर चमक उठते थे....वह शारीर और मन से पूरी तरह उन्मुक्त, तल्लीन और स्व-परिभाषित दिखाई दे रही थी, यह लिबास उसे था, वह लिबास से,वह खुद से भी, खुद अपने से...." वह ब्रांडेड चीजें के प्रति इतना आकर्षित है कि सपना का आईने में खुद को देखते हुए सदा एक अधूरा और अगर- मगर सा अहसास होता। अपनी सूरत नाक- नश्क और शारीर के बारे में कभी पूरा इत्मीनान नहीं होता। मनो उसकी वजूद का जो सास्वत है, वह उससे छिटका और अलग है। वह उसे छू नहीं पाती। पास आने पर वह धुधला हो जाते हैं। " रूप ला, लावण्य, हुस्न, शराब, नफसत, आब, व्यक्तित्व छवि और आकर्षण संक्षेप में वह सब जिसे सौदर्य प्रतियोगिताओं में आंकने और इनाम देने का तामझाम रचा जाता है, जिसे हजारों व्यक्तिव निखार के स्कूल अपनी खास पहचान बताते है और वह अज्ञात कुछ या सब कुछ रूप प्रसाधन उद्योग का वेश कीमती रहस्य है,और भी कहा गया है "काम देव कहाँ नहीं विराजे थे: किंचित सिंक के उपर बरामदा,स्नानघर, कोठरी लंफट-रतिरमण के लिए हर जगह सुगम थी-उन्होंने कुछ नहीं छोड़ा, साफ टेबिल कुर्सियाँ, आलमारी,आले, शेल्फ,फर्स उपर, आगे - पीछे, उपर – निचे, अगल – वगल, धारण – धारित : उनके संसर्ग का संगती हर जगह सुनाई था। उनकी प्रवृतियाँ एक किसान या हस्तशिल्पी की थी, एक साथ निष्क्रिय और चौकनी , सृजनशील और प्रसुप्त।

पी.वी. की आलिशान जिन्दगी के माध्यम से इसी ब्रांडेड संस्कृति के बढ़ते बातों को सामने रखा- "पी. वी. का घर का नाम दौलतखान। इसमें खान के साथ – साथ सब कुछ लगा रहता है। पी. वी. जगत में पार्टी और बैठक,जश्न और विमर्श, मौज और शोक,खेल और डिस्कोर्स एक से और मिले- जुले रहते हैं। यह पी. वी. का सबसे प्रिय स्थान था : ऊपर की मंजिल पर एक विशाल कमरा जिसकी शकल एक बार की भी थी और एक कानफरेंस रूम की भी,दुनिया भर की सुविधाएं सामने थी : महँगी शराब और विरल वाइन के शानदार अम्बार :एक छोटा सा डांस फ्लोर, साथ में संगीत रोशनी और साउंड फ्रूफ़िंग की पूरी व्यवस्था; कानफरेंस के लिए हर साधन : मल्टी मीडिया प्रेजेंटेशन .स्क्रीन, पेपर ,पेन ,नक्शे, फ़ोन, वीडियो कांफेरेंसिंग, इंटरनेट, जी.आई. इस.थ्रेडर फोटोकॉपीयर,केबिनेट, तमाम और चीजें। " उपन्यास में सबसे बड़ा चेहरा पी.वी. है , उपन्यासकार उसको गुरू प्रचारक नाम दिया है। रियल एस्टेट का सूत्रधार पी.वी. ही है। पी. वी . की खूबी थी वह लोगों को नाम से ज्यादा उनके धन्दे और आपसी कारोबार नेटवर्क से याद रखता था। पी. वी. के दिमाग में चंद्रा योगेश या योगेश चंद्रा नहीं बल्कि बैंकर का रेकी एक्सपोर्ट और एक्सपोर्ट रेकी के बैंकर का संतुलन याद रहता था। पी. वी. अपने देश को बहुत बड़े बाज़ार के रूप में देखता है। सार्वजनिक रूप से सभी के सेवा के लिए भूमंडलीय संस्कृति स्थापित करना चाहता है। वह असहायता पर शोक जताता है इसलिए" जमीन का अहम सवाल" शीर्षक को लेकर पी. वी. ने अपने शोध में पहला पर्चा छापा इसके माध्यम से वह कहा कि " सरकार और समाज अपनी समृद्धि पर खुद ताला डालना चाहता है न किस्मत मदद कर सकती है न भगवन। जिस जमीन पर आप चल रहे हैं जिसे आप देखते तक नहीं, वही आपकी समृद्धि की नायब कुंजी है, पर सर्कार के जन विरोधी नियम और कानून ने इन अपार संभावनाओं पर जंजीर डाल दी है। " मीडिया ही ऐसे एक साधन है कंधों पर चढ़कर उपभाक्तावादी के लिए वैशिक संस्कृति अपना पसार मायाजाल फिलाती जा रही है। पश्चिमी तथा अमेरिकीकरण संस्कृति को लेकर मीडिया जगत से टी. वी. चौबीसों घंटे चैनल के माध्यम चिघाड कर पूरी भारतीय जीवन प्रणाली को प्रभावित कर रही है। जो टी. वी. मनरंजन का साधन मात्र था अभी केबल मनरंजन का साधन नहीं रहगया मीठा जहर बनकर भारत की संस्कृति धमनियों में प्रवेश कर के बहने लगा है इसके साथ-साथ जड़ों को भी प्रविस्तार करने लगा है। टी. वी. पर सौंदर्य प्रतियोगिताएँ देख देख कर देश के हर शहर नगर, कस्बों और स्कूलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभिन्न अंग बन चुका है। चिंतन, विचार, लिखित भाषा को स्थायित्व का रूप देता है समाचार पत्र। अभी समाचार पत्र तथा पत्रकारिता वाशिकरण के प्रभावों से मुक्त नहीं है। जो समाचार पत्र लोगों के हित के लिए परिचित था आज पूरी तरह व्यावसायिकता में ढल चुका है। किसी भी घटना के स्थिति तथा खबर को सनसनाहट करके प्रस्तुत करते है ताकि लोगों को प्रभावित कर सके। ऐसे एक घटना का जिरह उपन्यासकार ने उपन्यास में किए है।

उपन्यास में धारावाहिक घोटाले की जाँच करते हुए ऐसार उस समय मीडिया रिपोर्ट को खोंगालता है। अनुसन्धान से साफ हुआ है कि "करीब अस्सी प्रतिशत कन्टेन्ट दूसरे प्रमुख मीडिया साइट्स और पत्रकारिता की नकल थी मौलिक अंश और खुद की रिसर्च न के बराबर थी। बिना जाँच पड़ताल किए ही दूसरे कापी कर खबर को उछाल रहे थे। एक दिन घोटाला फटा तो हाहाकार मच गया- " देश के सारे न्यूज़ चैनेल एक साथ इस राजनीतिक विस्फोट में कूद गए। दर्शक का घोटाला किसी ने कहा पर दूरदर्शन के कारण जो नाम टिका वह था धारावाहिक घोटाला। मानो कोई घृणास्पद पशु मिल गया है जिसे चाहो कूटो ,पीटो, जिसे हर अनहोनी और बदकिसमती की बजह बना दो, सारा देश धारावाहिक घोटाला पर पिला पड़ा। "मीडिया जानबूझकर सनसनी फैलाने के लिए खबर को बिना तहकीकत किए पेश किया। धारावाहिक घोटाले की रिपोर्ट देते समय ऐसार का दो टूक निष्कर्ष था कि " आई. बी. की कथित दो रिपोर्ट के बारे में जो खबरे मीडिया में उछली थी, बेबुनियाद थी और आई. बी. ने न इस तरह की कोई तहकीकात की या रिपोर्ट बनाई। " असल में में कुछ शक्तियां थी जो दूरदर्शन के सन्दर्भ मेंसूचना मंत्रालय के विनिबेश और निजिकरण के नीतिगत सुधारों के प्रयासों को बदनाम कर उन्हें भंग करना चाहती थी। "एक सुनियोजित षडयन्त्र के तहत उन्होंने झूठी अधकचरी और अधपकी ख़बरों कयासों और निंदा की एक मुहिम छेड़ी और इन ख़बरों पर विस्वसनीयता का आचरण चढ़ने के लिए आई. बी की नामौजूद रिपोर्ट का झठा हवाला दिया और जैसी साजिश और उपेक्षा थी, इस चिनगारी को तुरंत मीडिया और राजनीतिक दलों ने पकड़ा और चिनगारी ने आग का रूप ले लिया एक महिला पत्रकार मीडिया की प्रियतमा जिसे दोस्त और दुश्मन नाम से पुकारने थे क्योंकि विचार उसके इर्द-गिर्द तेज भंवर में घूमते थे। उसका कथन है २४ घटों का न्यूज़ चैनेल अब जिन्दगी से ज्यादा जीवन्त है क्यों कि चैनेल टाइम यानि रील टाइम, रियल टाइम से अधिक तेज और घना है। यह एक नियमित है क्यों कि एक जिन्दगी उसकी उर्जा और भूख के लिए नाकाफी हैं।

शेष मैं कहा जा सकता है कि 'विसर्जन' उपन्यास में अत्यन्त प्रमाणिक ढंग से भूमंडलीकरण का सांस्कृतिक वर्चस्व करके पाठकों के लिए मनोरंजन के साथ–साथ शिक्षणीय होगा एवं मार्गदर्शक होगा। पथ प्रदर्शक बनेगा या पैगम्बर होगा।

*****

सन्दर्भ सूची :-

1. विसर्जन/वही पृष्ठ – ४५३
2. विशाल हिन्दी शब्दकोश - श्री प्रकाशन
3. वही पृष्ठ -२९४
4. वही पृष्ठ -९१
5. वही पृष्ठ -१९५
6. वही पृष्ठ -२९५
7. वही पृष्ठ -१२२
8. वही पृष्ठ -१०८
9. वही पृष्ठ -१२३
10. वही पृष्ठ -१२५
11. वही पृष्ठ -८२
12. वही पृष्ठ -८४
13. वही पृष्ठ -४०५
14. वही पृष्ठ -४३३

महादेवी वर्मा : हिंदी के विशाल मंदिर की वीणा-पाणि

- डॉ. सुरेन्द्र शर्मा
शर्मा निवास नमाणा, पत्रालय घूण्ड
तहसील ठियोग, जिला शिमला (हि.प्र.) पिन-171220

हिंदी साहित्य में महादेवी वर्मा को एक सशक्त हस्ताक्षर के रूप में पहचान है। उन्होंने अपनी लेखनी से पद्य एवं गद्य साहित्य को समृद्ध किया है। उन्होंने हिन्दी पद्य की स्मृद्धि अतुलनीय योगदान तो दिया ही साथ ही हिन्दी गद्य में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिन्दी कविता में वह जहाँ भाववादी दृष्टिकोण से याद की जाती हैं, वहीं गद्य में उनकी छवि एक प्रखर विचारक के रूप में सामने आती हैं। वे हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला में से एक मानी जाती हैं। आधुनिक हिन्दी की सबसे सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण उन्हें' आधुनिक मीरा' के नाम से भी जाना जाता है। कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने उन्हें 'हिन्दी के विशाल मन्दिर की वीणा-पाणि' कहा है -

"हिंदी के विशाल मंदिर की वीणा-पाणि
स्फूर्ति चेतना,रचना की प्रतिमा कल्याणि।"

महादेवी ने स्वतंत्रता के पहले का भारत भी देखा और उसके बाद का भी। वे उन कवियों में से एक हैं जिन्होंने व्यापक समाज में काम करते हुए भारत के भीतर विद्यमान हाहाकार, रुदन को देखा, परखा और करुण होकर अन्धकार को दूर करने वाली दृष्टि देने की कोशिश की। न केवल उनका काव्य बल्कि उनके सामाजसुधार के कार्य और महिलाओं के प्रति चेतना भावना भी इस दृष्टि से प्रभावित रहे। उन्होंने मन की पीड़ा को इतने स्नेह और शृंगार से सजाया कि दीपशिखा में वह जन जन की पीड़ा के रूप में स्थापित हुई और उसने केवल पाठकों को ही नहीं समीक्षकों को भी गहराई तक प्रभावित किया। उन्होंने खड़ी बोली हिन्दी की कविता में उस कोमल शब्दावली का विकास किया जो अभी तक केवल बृजभाषा में ही संभव मानी जाती थी। इसके लिए उन्होंने अपने समय के अनुकूल संस्कृत और बांग्ला के कोमल शब्दों को चुनकर हिन्दी का जामा पहनाया। संगीत की जानकार होने के कारण उनके गीतों का नाद-सौंदर्य और पैनी उक्तियों की व्यंजना शैली अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने अध्यापन से अपने कार्यजीवन की शुरूआत की और अंतिम समय तक वे प्रयाग महिला विद्यापीठ की प्रधानाचार्या बनी रहीं। उनका बाल-विवाह हुआ परंतु उन्होंने अविवाहित की भांति जीवन-यापन किया। प्रतिभावान कवयित्री और गद्य लेखिका महादेवी वर्मा साहित्य और संगीत में निपुण होने के साथ साथ कुशल चित्रकार और सृजनात्मक अनुवादक भी थीं। उन्हें हिन्दी साहित्य के सभी महत्त्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है। भारत के साहित्य आकाश में महादेवी वर्मा का नाम ध्रुव तारे की भांति प्रकाशमान है।

आधुनिक युग की मीरा कही जाने वाली कवित्री एवं महान लेखिका महादेवी वर्मा जी का महादेवी का जन्म 26 मार्च, 1907 (भारतीय संवत के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा संवत 1964 को) को प्रातः 8 बजे फ़र्रुख़ाबाद उत्तर प्रदेश में एक साहू परिवार में हुआ था । इस परिवार में लगभग 200 वर्षों या सात पीढ़ियों के बाद महादेवी जी के रूप में पुत्री का जन्म हुआ था। अत: इनके बाबा बाबू बाँके विहारी जी हर्ष से झूम उठे और इन्हें घर की देवी- महादेवी माना और उन्होंने इनका नाम महादेवी रखा था। उनके पिता गोविन्द प्रसाद वर्मा सुन्दर, विद्वान, संगीत प्रेमी, नास्तिक, शिकार करने एवं घूमने के शौकीन, मांसाहारी तथा हँसमुख व्यक्ति थे। माताजी जबलपुर से हिन्दी सीख कर आई थी, महादेवी वर्मा ने पंचतंत्र और संस्कृत का अध्ययन किया। महादेवी वर्मा जी को काव्य प्रतियोगिता में 'चांदी का कटोरा' मिला था। जिसे इन्होंने गाँधीजी को दे दिया था। महादेवी वर्मा कवि सम्मेलन में भी जाने लगी थी, वो सत्याग्रह आंदोलन के दौरान कवि सम्मेलन में अपनी कवितायें सुनाती और उनको हमेशा प्रथम पुरस्कार मिला करता था। महादेवी वर्मा मराठी मिश्रित हिन्दी बोलती थी।

महादेवी वर्मा की प्रारम्भिक शिक्षा इन्दौर में हुई। महादेवी वर्मा ने बी.ए. जबलपुर से किया। महादेवी वर्मा अपने घर में सबसे बड़ी थी उनके दो भाई और एक बहन थी। 1919 में इलाहाबाद में 'क्रॉस्थवेट कॉलेज' से शिक्षा का प्रारंभ करते हुए महादेवी वर्मा ने1932 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संस्कृत में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की। तब तक उनके दो काव्य संकलन 'नीहार' और 'रश्मि' प्रकाशित होकर चर्चा में आ चुके थे। महादेवी जी में काव्य प्रतिभा सात वर्ष की उम्र में ही मुखर हो उठी थी।

विद्यार्थी जीवन में ही उनकी कविताऐं देश की प्रसिद्ध पत्र-पत्रिकाओं में स्थान पाने लगीं थीं। उन दिनों के प्रचलन के अनुसार महादेवी वर्मा का विवाह छोटी उम्र में ही हो गया था परन्तु महादेवी जी को सांसारिकता से कोई लगाव नहीं था अपितु वे तो बौद्ध धर्म से बहुत प्रभावित थीं और स्वयं भी एक बौद्ध भिक्षुणी बनना चाहतीं थीं। विवाह के बाद भी उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी। महादेवी वर्मा की शादी 1914 में 'डॉ. स्वरूप नरेन वर्मा' के साथ इंदौर में 9 साल की उम्र में हुई, वो अपने माँ पिताजी के साथ रहती थीं क्योंकि उनके पति लखनऊ में पढ़ रहे थे।शिक्षा और साहित्य प्रेम महादेवी जी को एक तरह से विरासत में मिला था। महादेवी जी में काव्य रचना के बीज बचपन से ही विद्यमान थे। महादेवी जी की माताजी धर्मपरायण महिला थीं और हिन्दी का संस्कार जबलपुर से वे यहाँ लायी थीं। इसी परिवेश में महादेवी जी का बचपन पलने लगा। महादेवी जी बचपन से ही तुकबन्दी करने लगीं। उन्हीं के शब्दों में-''हमें याद है, हमारी माँ पूजा करती थी तो हमें अपने पास बिठा लेती थी। हमने एक दिन अपने नौकर से कहा, माँ ठाकुर जी को ठंडे पानी से नहलाती हैं। उन्हें ठंड लगती होगी। उसी पर एक तुकबन्दी जोड़ी –

''ठंडे पानी से नहलाती
ठंडा चन्दन उन्हें लगाती उनका भोग हमें दे जाती
तब भी कभी न बोले हैं/माँ के ठाकुर जी भोले हैं।''

महादेवी वर्मा का कार्यक्षेत्र लेखन, संपादन और अध्यापन रहा। उन्होंने इलाहाबाद में प्रयाग महिला विद्यापीठ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान किया। यह कार्य अपने समय में महिला-शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम था। इसकी वे प्रधानाचार्य एवं कुलपति भी रहीं। 1932 में उन्होंने महिलाओं की प्रमुख पत्रिका 'चाँद' का कार्यभार संभाला। 1930 में' नीहार 1932 ,'में' रश्मि 1934 ,'में' नीरजा ,' तथा 1936 में' सांध्यगीत 'नामक उनके चार कविता संग्रह प्रकाशित हुए। 1939 में इन चारों काव्य संग्रहों को उनकी कलाकृतियों के साथ वृहदाकार में' यामा 'शीर्षक से प्रकाशित किया गया। उन्होंने गद्य, काव्य, शिक्षा और चित्रकला सभी क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किये। इसके अतिरिक्त उनकी 18 काव्य और गद्य कृतियां हैं जिनमें' मेरा परिवार' ,'स्मृति की रेखाएं' ,'पथ के साथी' ,'शृंखला की कड़ियाँ' और' अतीत के चलचित्र 'प्रमुख हैं। सन 1955 में महादेवी जी ने इलाहाबाद में साहित्यकार संसद की स्थापना की और पं इलाचंद्र जोशी के सहयोग से साहित्यकार का संपादन संभाला। यह इस संस्था का मुखपत्र था। उन्होंने भारत में महिला कवि सम्मेलनों की नीव रखी। इस प्रकार का पहला अखिल भारतवर्षीय कवि सम्मेलन 15 अप्रैल 1933 को सुभद्रा कुमारी चौहान की अध्यक्षता में प्रयाग महिला विद्यापीठ में संपन्न हुआ। वे हिंदी साहित्य में रहस्याद की प्रवर्तिका भी मानी जाती हैं। महादेवी बौद्ध धर्म से बहुत प्रभावित थीं। महात्मा गांधी के प्रभाव से उन्होंने जनसेवा का व्रत लेकर झूसी में कार्य किया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी हिस्सा लिया। 1936 में नैनीताल से 25 किलोमीटर दूर रामगढ़ कसबे के उमागढ़ नामक गाँव में महादेवी वर्मा ने एक बँगला बनवाया था। जिसका नाम उन्होंने' मीरा मंदिर 'रखा था। जितने दिन वे यहाँ रहीं इस छोटे से गाँव की शिक्षा और विकास के लिए काम करती रहीं। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए उन्होंने बहुत काम किया। आजकल इस बंगले को' महादेवी साहित्य संग्रहालय 'के नाम से जाना जाता है। 'शृंखला की कड़ियाँ 'में स्त्रियों की मुक्ति और विकास के लिए उन्होंने जिस साहस व दृढ़ता से आवाज़ उठाई हैं और जिस प्रकार सामाजिक रूढ़ियों की निंदा की है उससे उन्हें' महिला मुक्तिवादी 'भी कहा गया। महिलाओं व शिक्षा के विकास के कार्यों और जनसेवा के कारण उन्हें 'समाज-सुधारक 'भी कहा गया है। उनके संपूर्ण गद्य साहित्य में पीड़ा या वेदना के कहीं दर्शन नहीं होते बल्कि अदम्य रचनात्मक रोष समाज में बदलाव की अदम्य आकांक्षा और विकास के प्रति सहज लगाव परिलक्षित होता है। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद नगर में बिताया। 11 सितंबर, 1987 को इलाहाबाद में रात 9 बजकर 30 मिनट पर अनंत में विलीन हो गईं, लेकिन वे आज भी भारत के साहित्य आकाश में ध्रुव तारे की भांति प्रकाशमान हैं। साहित्य में महादेवी वर्मा का आविर्भाव उस समय हुआ जब खड़ी बोली का आकार परिष्कृत हो रहा था। उन्होंने का भंडार दिया और भारतीय दर्शन को वेदना की हार्दिक हिन्दी कविता को बृजभाषा की कोमलता दी, छंदों के नए दौर को गीतों स्वीकृति दी। इस प्रकार उन्होंने भाषा साहित्य और दर्शन तीनों क्षेत्रों में ऐसा महत्वपूर्ण काम किया जिसने आनेवाली एक पूरी पीढी को प्रभावित किया। शचीरानी गुर्टू ने भी उनकी कविता को सुसज्जित भाषा का अनुपम उदाहरण माना है।उन्होंने अपने गीतों की रचना शैली और भाषा में अनोखी लय और सरलता भरी है, साथ ही प्रतीकों और बिंबों का ऐसा सुंदर और स्वाभाविक प्रयोग किया है जो पाठक के मन में चित्र सा खींच देता है। छायावादी काव्य की समृद्धि में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपनी वेदना का प्रकृति-व्यापी अंकन भी बड़े सहज ढंग से किया है-

कितनी रातों की मैंने /नहलायी है अँधियारी,
धो डाली है संध्या के/पीले सिन्दूर से लाली;
नभ के धुँधले कर डाले /अपलक चमकीले तारे,
इन आहों पर तेरा कर /रजनी कर पार उतारे।[3]

'नीहार' में जगह-जगह कवयित्री की प्रारम्भिक अनुभूतियों के स्पन्दन हैं। नीहार के बाद 'रश्मि' कवयित्री का दूसरा काव्य-संकलन है जो सन् 1932 में प्रकाशित हुआ। इसमें उनके इक्कीस से चैबीस वर्ष की अवस्था में लिखे गये गीत हैं, जिनमें गुणात्मक बदलाव के साथ-साथ प्रतीक योजना और काल्पनिक चिन्तन में भी एक उझान है। महादेवी जी का 'उलझन' का एक बिम्ब देखें –

''अलि कैसे उनको पाऊँ ?
वे आँसू बनकर मेरे,/इस कारण दुल-दुल जाते,,[4]
इन पलकों के बंधन में /मैं बाँध-बाँध पछताऊँ।

महादेवी वर्मा जी की काव्य-यात्रा का तीसरा पड़ाव है-'नीरजा', जिसे उन्होंने चैबीस से सत्ताईस वर्ष की अवस्था में लिखा। यह कविता-संग्रह सन् 1934 में प्रकाशित हुआ। इसमें रूपात्मकता का विलक्षण रूप दृष्टिगत है। महादेवी जी ने संध्या का जो एक चित्र खींचा है, उसकी कलात्मक अनुभूति यहाँ द्रष्टव्य है –

''मर्मर की सुमधुर नुपूर ध्वनि,/अलि-गुंजित पद्यों की किंकिणि,
भर पद-गति में अलस तरंगिणि,/तरल रजत की धार बहा दे
मृदु स्थिति से सजनी। /बिहँसती आ बसन्त-रजनी!''[5]

महादेवी वर्मा जी का चैथा काव्य-संकलन 'सांध्य गीत' सन् 1936 में प्रकाशित हुआ है जिसे उन्होंने सत्ताईस से उनतीस वर्ष की अवस्था में लिखा है। इसमें पहले से अधिक सूक्ष्म कलात्मकता और प्रौढ़ता है। एक संध्याकालीन चित्र में अपने जीवन को उतार कर देखना निश्चय ही कवयित्री की कल्पना का एक सृजनात्मक स्वरूप है। इसकी कुछ पंक्तियाँ यहाँ द्रष्टव्य हैं:-

''प्रिय! सांध्य गगन मेरा जीवन / यह क्षितिज बना धुँधला विराग,
नव अरुण अरुण तेरा सुहाग, /छाया-सी काया वीतराग,
सुधी-भीने स्वप्न रंगीले धन ।''[6]

अब महादेवी वर्मा जी काव्य-यात्रा 'दीपशिखा') सन 1942में पाँचवें पड़ाव पर है जिसे उन्होंने उनतीस से पैंतीस वर्ष की उम्र में लिखा है। इसमें एक-से-एक प्रतीकों का प्रयोग विशिष्ट शब्दावलियों के साथ मुखरित हुआ है। फिर एक प्रतीक 'घटा' के मिटने का कवयित्री के गीत में उमड़ आता है। **''मिट चली घटा अधीर /चितवन तन श्याम रंग/इन्द्रधनेष भृकुटि भंग विद्युत का अंग राग**
दीपित मृदु अंग-अंग, /उड़ता नभ में अछोर मेरा भव नीर चीर।''[7]

महादेवी वर्मा जी के शब्द एकलयता के साथ निगूढ़ भावों को अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं। कवयित्री की काव्य-यात्रा के पाँच पड़ाव निश्चय ही क्रमशः भावों की पूर्णता के द्योतक हैं। आत्मानुभूति के सूक्ष्मीकरण का क्रम इनमें आगे बढ़ता जाता है। प्रतीक और बिम्ब भी नये वस्त्र धारण कर सजे-सजाये दिखते हैं। महादेवी वर्मा का काव्य अनुभूतियों का काव्य है प्रतीकों के द्वारा भावनाओं को व्यक्त किया गया है। कहीं-कहीं स्थूल संकेत दिए गए हैं। इनमें संयम और त्याग है तथा दूसरों का हित करने की प्रबल आकांक्षा है :

मैं नीर भरी दुःख की बदली !/विस्तृत नभ का कोई कोना,
मेरा कभी न अपना होना,/परिचय इतना इतिहास यही,/उमड़ी थी कल मिट आज चली।[8]

महादेवी का काव्य वर्णनात्मक और इतिवृत्तात्मक नहीं है। आंतरिक सूक्ष्म अनुभूतियों की अभिव्यक्ति उन्होंने सहज भावोच्छवास के रूप में की है। इस कारण उसकी अभिव्यंजना-पद्धति में लाक्षणिकता और व्यंजकता का बाहुल्य है। रूपकात्मक बिंबों और प्रतीकों के सहारे उन्होंने जो मोहक चित्र उपस्थित किए हैं, वे उनकी सूक्ष्म दृष्टि और

रंगमयी कल्पना की शक्तिमत्ता का परिचय देते हैं। ये चित्र उन्होंने अपने परिपार्श्व, विशेषकर प्राकृतिक परिवेश से लिए हैं पर प्रकृति को उन्होंने महादेवी वर्मा की काव्य भाषा में भावात्मकता प्रमुख रूप से विद्यमान है। गीतिकाव्य में यह भाव तत्वों ,घटना आदि के माध्यम से न उद्भूत होकर स्वयं प्रकट होता है-

प्रिय इन नयनों का अश्रु नीर
दुख से आविल सुख से पंकिल
बुदबुद से स्वपनों से फेनिल
बहता है युग युग से अधीर। [9]

महादेवी वर्मा की काव्य भाषा में गीति संरचना और काव्य विधान का अपना एक गुणात्मक पहलू है जो एक गरिमामंडित उदात्त काव्यलोक की सृष्टि करता है। महादेवी जी का काव्य गहराई में देखने से छायावाद की शास्त्रीयता का काव्य लगता है जो प्रौढ़ है।जहां द्वंद के थपेड़े खाती कवियत्री रात की कोख में भी दिवस की चाह तलाशती है ।उनके सम्पूर्ण काव्यलोक में आंसू है ,पीड़ा है और श्रृंगार भी है, साथ में निजी जीवन की विसंगतियों का भी पारावार हिलकोरे लेता चित्रित हुआ है।महादेवी की पीड़ा बौद्ध दर्शन की दुख मूलक पीड़ा जैसी है । महादेवी अपने सारे चिंतन रुदन तथा गायन के बीच प्रिय के सानिध्य को प्राप्त करने की ही कामना व्यक्त करती रहती हैं। उनके काव्य में सर्वत्र ही विरह को प्रधानता मिली है ।विरह उनका सार्वत्रिक आराध्य और दुख उनके जीवन का एकमात्र संबल है ,महादेवी का यही दुखवाद उन्हें वैयक्तिक सुख दुख से आगे बढ़ाकर लोक की ओर उन्मुख करता है।

*****

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:

1. वांजपे, प्रो शुभदा (2006). पुष्पक (अर्ध-वार्षिक पत्रिका) अंक-6. हैदराबाद, भारत: कादम्बिनी क्लब. पृ0 - 113.
2. "समापन समारोह है, तो मन भारी है". विश्व हिंदी सम्मेलन. मूल (एचटीएम) से 8 अक्तूबर 2007 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि २८ अप्रैल २००७.
3. निहार : महादेवी वर्मा
4. रश्मि: महादेवी वर्मा
5. नीरजा: महादेवी वर्मा
6. सांध्य गीत : महादेवी वर्मा
7. दीपशिखा: महादेवी वर्मा
8. सान्ध्य गीत : महादेवी वर्मा
9. नीरजा : महादेवी वर्मा, पृ0-11

मुक्तिबोध की कविता में व्यवस्था विमर्श,'भूरी भूरी खाक धूल' के संदर्भ में

डॉ.जस्टी एम्मानुवल
सहायक आचार्या हिन्दी विभाग
अल्फोंसा कांलेज पाला पी.ओ.
अरुनापुरम जिला-कोट्टयम -केरल

मुक्तिबोध का द्वितीय काव्य संकलन भूरी भूरी घाक धूल सन् 1980 में प्रकाशित हुआ। चांद का मुंह टेढ़ा है शीर्षक प्रथम संकलन की तरह इसमें भी मुक्तिबोध की काव्य प्रवृत्तियां शामिल है। इन कविताओं में समाज की विभिन्न समस्याओं पर नजर रखते हुए वे पूंजीवादी शोषण को मूल हेतु मानते हैं। ऐसी समस्याओं में उद्भूत अमानवीय व्यवस्था का विरोध तथा इस व्यवस्था के उन्मूलन की दृढ़ संकल्पना इन कविताओं में दृष्टिगत होती है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी साजिशों के शिकार हो रहे निम्न मध्य वर्ग और सर्वहारा वर्ग के जीवन का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया है। शोषितोंऔर उत्पीड़ितों के प्रति गहरी आंतरिक सहानुभूति प्रकट कर समकालीन जीवन के अंतर्विरोधों, तनावो, आतंकों, भय तथा चिंताओं के चित्रण के साथ आत्मा संशोधन तथा व्यक्तित्वांतरण के जरिए जीवन की समग्रता को कविता में आत्मसात कर लेने का लगातार प्रयास भी इन कविताओं में मौजूद है। अतीत और भविष्य को वर्तमान के साथ एक सूत्र में पिरोने की अद्भुत क्षमता के कारण ये कविताएं सर्वथा प्रासंगिक है। जिस दुनिया में हम रहते हैं उसकी वास्तविक पहचान के लिए इन कविताओं में गुजरना उचित है।

भूरी भूरी खाक धूल की कविताओं के सृजन काल में मुक्तिबोध बर्गसां, इमेर्सन जैसे भाववादी दार्शनिकों के आत्मग्रस्त दर्शन से छुटकारा प्राप्त कर जीवन तथा साहित्य में एक व्यवस्थित जीवन दर्शन, मार्क्सवाद को अपनाया जा चुका था।मुक्तिबोध का जीवन काल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामंतवादी, पूंजीवादी ह्रास तथा समाजवादी अस्तित्व स्थापन का युग था।लेकिन हमारे भारत में पूंजीवाद का विकास काल था। मार्क्सवादी सिद्धांतों पर दृढ़ विश्वास रखने वाले कवि मुक्तिबोध भारत में भी समाजवादी समाज की स्थापना के अभिलाषी थे। यही अभिलाषा उनकी कविताओं का प्राण तत्व है। "भविष्य धारा" शीर्षक लंबी कविता में कवि ने फैंटेसी के सहारे पूंजीवादी व्यवस्था के अत्याचारों का पर्दाफाश किया है। इस कविता में एक वैज्ञानिक है जो पूंजीवादी व्यवस्था के उन्मूलन के लिए समीकरण का जो सूत्र आविष्कर करता है। जिन्हें पूंजीपति वर्ग चुराकर जला देता है। इतिहास की विरासत का गहरा ज्ञान रखने वाले कवि का पूरा विश्वास है समीकरण का सूत्र पुनः आविष्कृत होगा और पूंजीवाद का नाश होकर रहेगा क्योंकि अतीत में कुकर्मियों का सर्वनाश हुआ है। कवि आगे कहते हैं-

"तुम्हारा अंतिम दिन आ रोक आ रहा/दृष्ट भाव का सर्प हृदय से कण्ठ
कंण्ठ से आगे मस्तिष्क कौंश में घर बना रहा
तुम्हें मृत्यु का अक्षर सफेद दिख रहे क्षितिज पर स्पष्ट/व बड़े - बड़े।।"[1]

मुक्तिबोध की सार्थकता इसमें है कि उनकी कविताएं तत्कालीन समाज और समसामयिक दुनिया की समस्याओं का जीवंत साक्ष्य है। समसामयिक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक चित्रण के सहारे व्यवस्था के प्रभाव से हमारे सांस्कृतिक स्तर पर हुए विघटन पर विचार करते हैं। "सूरज के वंशधर" कविता में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के जनसाधारण की दुर्दशा का चित्रण है-

"सूखी हुई जांघों की लंबी-लंबी अस्थियां/हिलाता हुआ चलता है
लंगोटीधारी यह दुबला मेरा हिंदुस्तान/रास्ते पर बिखरे हुए
चावल के दानों को बीनता है लपककर/मेरा सांवला इकहरा हिंदुस्तान
सटर-पटर सामान को धरे हुए शीर्ष पर/रोते हुए बच्चों को कंधे पर बिठाए हुए
जिंदगी ढोता है बहादुर हिंदुस्तान।"[2]

यह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के भारतीय समाज की वास्तविक तस्वीर है। इसमें गरीबी के कारण अस्थि - पंजर हो रहे भारतीय जन साधारण तथा आर्थिक अभाव के कारण भोजन की तलाश में भटकते रहने वाले हिंदुस्तानी निम्नवर्गों का जीवंत चित्रण है कष्टदायक जीवन बिताने वाले भारतीय जनसाधारण तथा इन अभावों के बीच व्यवस्था की अमानवीयता के कारण बड़े बड़े दुखों को झेलने के लिए अभिशप्त हिंदुस्तानियों की यह स्थिति आज ज्यादा प्रासंगिक है। मुक्तिबोध सही अर्थ में राजनीतिक कवि है ।उन्होंने राजनीति को विषय बनाकर कई कविताएं लिखी हैं। "इस नगरी में" कविता राजनीतिक विघटन का सही दस्तावेज है। इसमें पूंजीवादी व्यवस्था के प्रभाव से मनुष्य में हुए बदलाव

को हम देख पाते हैं। आजादी की लड़ाई के दौरान भारत के राजनीतिक नेतागण जनता के साथ थे। जनता के हितों को वे प्रतिनिधित्व भी करते थे। जनता उन पर गहरा विश्वास करते थे ।लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद वे जनता से हटकर अपने ही स्वार्थों में लिप्त रहे हैं। कवि ने राजनीतिक नेताओं को 'खद्दर वर्दी पहने जनरल डायर' कहा है।इन नेताओं का सबसे बड़ा हथियार है गांधीवाद। वे गांधीजी जैसे आदर्श नेताओं का अनुकरण बाह्याचारों तक सीमित करते हैं।

"इस नगरी में प्रहरी पहनते हैं धुएं के लंबे चौगे
साजिश के कुहरे में डूबी ब्रह्मराक्षसों की छायाएं
गांधीजी की चप्पल पहने घूम रही है ।"[3]

मुक्तिबोध की राजनीति देशी सीमा का अतिक्रमण कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गुज़रती है। यहां उनका ध्यान अमेरिकी या ब्रिटेन के पूंजीवाद के खिलाफ संघर्ष पर है। साम्राज्यवाद यहां उनके प्रहार का मुख्य लक्ष्य है। "उलट-पुलट शब्द" शीर्षक कविता में कवि अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर अपना विचार फैंटसी के सहारे व्यक्त करते हैं। इसमें उन्होंने पूंजीवादी कारखाने में माल का उत्पादन करने वाले मजदूरों का चित्रण किया है। इस कविता में एक कवि मौजूद है जो माल बनने से इनकार करता है और कारखाने से पलायन करता है। भागता हुआ वह सड़क पर खड़ी कैल्टेक्स कंपनी की विकराल पेट्रोल टंकी में उसके मैनहोल से कूद पड़ता है। अथाह अंधेरे को पार करता हुआ वह न्यूयॉर्क और वाशिंगटन पहुंचता है और वहां उनकी मुलाकात अमेरिकी कवि से होती है। अमेरिकी कवि भारतीय कवि को कविता सुनाते हैं। कविता का विषय दुनिया के हर गांव- नगर के जनसाधारण से और आफ्रिकी मुक्तिसंग्राम से भी जुड़ा था कविता का अंत इस प्रकार है

"अमेरिकी जनता का प्रतिनिधि/मुझे मिला मेरा दिल सच्चा हुआ"[4]

इस फेंटेसी के सहारे कवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूंजीपतियों द्वारा हुए सामाजिक राजनीतिक विघटन की ओर इशारा करते हैं। मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी हमेशा के लिए मुक्तिबोध की चिंता का विषय है। वे मध्यवर्गीय बुद्धिजीवियों की तटस्थता एवं पलायनवादिता को समाज पतन का मुख्य कारण मानते हैं। मुक्तिबोध की राय में सर्वहारा वर्ग जो स्वभावत: अज्ञानी है लेकिन मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी ऐसा नहीं है। पूंजीवादी साजिशों को सही ढंग से समझने की क्षमता उनमें है। वास्तव में सर्वहारा को पूंजीवादी साजिशों का वास्तविक रूप समझाकर उनमें एकता स्थापित कर शोषक व्यवस्था का हनन करने का दायित्व इन बुद्धिजीवियों पर निहित है। लेकिन बुद्धिजीवियों की स्वार्थता उन्हें कायर तथा अकर्मण्य और अप्रतिबद्ध बनाती है । मुक्तिबोध बुद्धिजीवियों पर विक्षुब्ध होकर उन्हें उल्लू का पट्ठा,मध्यवर्गीय बुद्धि शील अवसरवादी केंकड़ा आदि बुलाते हैं। मुक्तिबोध ने मध्यवर्गीय बुद्धिजीवियों को विषय बनाकर कई कविताएं सृजित की हैं।

"तुम्हें कुछ/अच्छाई शेष थी/इसलिए घबरा गए/पकड़ न सके बस

मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी इस व्यवस्था में राजनीति, साहित्य, कला जैसे संस्कृति के क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त करने के लिए पूंजीपतियों के शोषण के सिद्ध हस्त स्वामियों के सामने उन्हें रिझाने के लिए सर्कस के जोकर के सामान नाचते कूदते हैं। यह वर्ग सभ्यता का ढोंग करता हुआ मान्यता को त्याग देता है और वह अनुचित निर्धारित मूल्यों, अस्वभाविक, अनैतिक शक्तियों को अपने गहरे न्यस्त स्वार्थों के कारण महिमामंडित करता है-

"केवल अहलकार का काम करती हुई/अच्छे कई व्यक्तियों की शक्तियां
गहरे न्यस्त स्वार्थों से अनुशासित होती है"।[5]

लेकिन कवि का पूरा विश्वास है कि तमाम बुद्धिजीवी वर्ग पूंजीपतियों के गुलाम बनकर मर नहीं गया है, उनमें से कुछ की आत्मा अभी जीवित है। कवि उन बुद्धिजीवियों को संबोधित कर उनसे जानना चाहता है कि जिस मध्यवर्ग ने पूंजीवाद के पहले दौर में सामंतवाद और उपनिवेशवाद के विरुद्ध संघर्ष कर इतिहास में महान भूमिका निभाई थी। वह आज अपने अनुभवजनित सत्यों को अपने से अलग क्यों रखता है और जनता से दूर क्यों हो गया है-

"लोगो, एक ज़माने में जो मेरे ही थे,/बहुत स्वप्न दृष्टा थे,
कवि थे, चिंतक और क्रांतिकारी थे/क्या हो गया तुम्हें अब।"[6]

कवि स्वयं उत्तर देते हैं कि बुद्धिजीवियों की आत्मा आज लोभ, लाभ,यश अहंकार द्वारा पूंजीवादी चोर संस्था में बदल दिया है। उन्होंने यहां उक्त बुद्धिजीवियों के अवसरवाद और आत्महनन का बहुत ही सशक्त वर्णन किया है। बुद्धिजीवी, जीवन की श्यामल खानों से निकाले गए मणि रत्नों को जमीन में दबा देते हैं, इस शोषण ग्रस्त समाज की करुणा से जब आत्मजसत्य का गर्भ धारण करती है तो अवैध समझकर एक मूंछ वाली डाक्टरनी से सत्य के भ्रूण को नष्ट करा देते हैं। इस व्यवस्था में न्याय पर आधिष्ठित एक सुनिश्चित नैतिक नियम न होने के कारण हर मनुष्य अपना अपना हिस्सा सीधा करने के प्रयास में है-

हर आदमी उचककर चढ जाना चाहता है/धक्का देते हुए बढ़ जाना चाहता हैहर एक को अपनी-अपनी पड़ी हुई है।/चढने की सीढ़ियां सिर पर चढ़ी हुई है।[7]

उन्नति के स्तर तक पहुंचने के लिए कई सीढ़ियां हैं।इन तमभारित सीढ़ियो पर बड़ी भीड़ के कारण बडी ठेल- मठेल है। इस प्रतियोगिता में सभी समय अवसर वंचित जनसाधारण की ओर कवि का इशारा है।

और वह छूट गयी पीछे रह गये तुम"।।-(भूरी भूरी खाक धूल)[8]

"सूखे कठोर नन्हे पहाड़ " शीर्षक कविता में उन्होंने श्रमिक वर्ग के नेता से अनुरोध किया है कि पूंजीवादी व्यवस्था का प्रतीक सूखे कठोर के पहाड़ को अपने बाहुबल से उठाकर विकास के समुद्र में फेंक दें। समुद्र तट पर जाने का मार्ग तिलस्मी है और वह मार्ग पूंजीवादी व्यवस्था का संचालक तांत्रिकों की कूटनीति की जालो से संचालित है जो उन तांत्रिकों की कूटनीति के जालों में फंसा है। वे अपने मानवीय रूप खोकर गुलाम बन गए हैं इसलिए वै आगे कहते हैं-

"हे तांत्रिक के ये सौ गुलाम/तू कर न मित्र ,इनके सलाम या राम -राम
सुमधुर व्यक्तित्व की चतुर हास/भावुक छल का कौशल -विलास
लेकर वे तेरे साथ साथ/चलकर छलने से हेतु मात्र/उत्सुक है करने बातचीत।"[9]

बिना संहार के सर्जन असंभव मानने वाले साहित्यकार मुक्तिबोध का पूरा विश्वास है कि संघटन और क्रांति व्यवस्था के उन्मूलन के लिए अनिवार्य है अपनी कविताओं में वह मामूली आदमी के संघर्षमय जीवन का अंत करने के लिए संघटन और क्रांति का सहारा लेते हुए दिखाई पड़ता है "सूरज के वंशधर"कविता में फैंटेसी के सहारे क्रांति की अभिव्यक्ति है-

हवा में लहराती सुनहली ज्वाला एक/रेंगती सी मेरे पास
धीरे-धीरे आती हुई/आसमान छूती हुई व धरती पर चलती हुई
बिखराकर नीले नीले स्फूलिंग समूह/वह बनती है अकस्मात
विराट मनुष्य रूप/कि जिसे क्रांति कहते हैं/कि कहते हैं जन क्रांति।[10]

यह क्रांति के माननीय प्रयत्नों के इतिहास की अभिव्यक्ति है। हवा में लहराते सुनहली ज्वाला क्रांति की भावना है। वही भावना कवि के मन को प्रभावित करती है। फिर वह ज्वाला आसमान से पृथ्वी तक फैलाती है वही बिखराखर नीले नीले स्फुलिंग समूह बन जाते हैं अर्थात दुनिया भर के संघर्षरत जन क्रांति भावना से प्रभावित होकर संघटित करते हैं वह क्रांति हो जाती है जिसे जनक्रांति कहते हैं। 'भूरी भूरी खाक धूल' कविता जिसके आधार पर संकलन का नामकरण हुआ है आज की व्यवस्था के अत्याचारों से दूषित जगत की उन स्थितियों के बीच भी कवि का मन इंतजार से भरित है । व्यवस्था की गलतियों से दूषित जगत में भी कवि के मन में एक स्वप्न है सब ठीक हो जाएगा। डॉ शशि शर्मा के शब्दों मे मुक्तिबोध "सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाते हुए सबसे पहले उसकी साजिशों का खुलासा करते हैं और फिर भविष्य के स्वप्न सजाते हैं। टूटी हुई ताकत को पुनः प्राप्त कर लेने का संकल्प इन कविताओं का भावे इतिहास है।"[11] पूंजीवादी व्यवस्था की अमानवीयता तथा इस अमानवीय व्यवस्था में पिस्ता हुआ मनुष्य उनकी कविता के केंद्र में है। व्यवस्था के विघटन का चित्रण उनकी कविता को अधिक जीवंत बनाती है। मनुष्य की पीड़ा भरी जिंदगी को उसकी वास्तविकता में पेश करके मानवतावादी साहित्यकार का कर्तव्य भी उन्होंने पूरा किया। अपनी प्रासंगिकता के कारण यह कविता समकालीनता की बुनियाद पर खड़ी नवीन पीढ़ी को दिशा निर्देश करने में भी ये कविताएं सक्षम हैं।

*****

संदर्भ

1. भूरी भूरी खाक धूल-मुक्तिबोध-पृ.56
2.वही पृ.172
3वही -पृ-146
4.वही- पृ-105
5.वही-पृ -182
6.वही-पृ -58
7वही-पृ.-88
8.वही-पृ -20
9.वही-पृ- 222
10.वही-पृ -175
11. समकालीन हिंदी कविता अज्ञेय और मुक्तिबोध के संदर्भ में-डां शशि पृष्ठ-243

मंजूर एहतेशाम के कथा साहित्य मे अभिव्यक्त संघर्ष और संवेदना के रूप

जरीना.ज.ईटी
पीएच-डी. (शोधार्थी)
उच्च शिक्षा और शोध संस्थान
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा
कर्नाटक शाखा, धारवाड-580001
मों.8861785516

भूमिका: मंजूर एहतेशाम स्वतंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध कथाकार है। वह एक ऐसे समर्पित कथाकार है, जिनके व्यक्तित्व में मानवतावाद की झलक दिखाई देती है। इनका जन्म 3 अप्रैल, सन् 1948 ई, भोपाल में मध्यमवर्गीय मुस्लिम परिवार में हुआ था। इनका साहित्य के प्रति रुझान बचपन से ही था, बारह वर्ष की उम्र से ही कविताएँ लिखना शुरू कर दिया। कथाकार मंजूर एहतेशाम ने अनेक उपन्यास और कहानियों के साथ नाटक साहित्य भी लिखे हैं। उपन्यासों में, 'सूखा बरगद', 'बशारत मंजिल', 'मदरसा', 'दास्तान ए लापता' आदि उपन्यास प्रमुख है। कहानियों में, 'तमाशा' तथा अन्य कहानियाँ और तस्बीह प्रमुख है। नाटकों में इन्होंने सह लेखक सत्यन कुमार के साथ मिलकर रचना की है जैसे- 'गौतम' और 'एक था बादशाहा' प्रसिद्ध नाटक है। मंजूर एहतेशाम मध्यमवर्गीय भारतीय समाज के द्वंद्वात्मक यथार्थ के अद्भुत शिल्प में अभिव्यक्त करने वाले साहित्यकार है, वैसे तो साहित्य समाज का प्रतिबिंब होता है और व्यक्ति की अनुभूति की अभिव्यक्ति का साधन साहित्य होता है। मानवीय संवेदनाओं के साथ सामाजिक चिंतन तथा चित्रण की एक श्रेष्ठात्मक अभिव्यक्ति, मानी जाती है। हिंदी साहित्य की विधाओं में उपन्यास और कहानी एक ऐसी विधा है, जिसके जरिए से समाज के समस्त दर्शन होते हैं। स्पष्ट है कि प्रेमचंद के समय से ही मुस्लिम समाज का वास्तविक रूप हिंदी उपन्यास, कहानी का भाग बनता रहा है, लेकिन यह सच है कि मुस्लिम समाज के संघर्ष, विचलन, निराकरण को जितने विश्वसनीयता से हिंदी के मुस्लिम साहित्यकारों की रचनाओं में प्रफुल्लित हुआ है उतने प्रमाणिक रूप से गैर-मुस्लिम साहित्यकारों के रचना संसार में विरल है। मंजूर एहतेशाम के 'सूखा बरगद' उपन्यास में मध्यम वर्गीय मुस्लिम समाज के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक संघर्ष का सजीव चित्रण हुआ है। कहानी संग्रह 'तमाशा तथा अन्यकहानियाँ' में संवेदना के रूपों को रेखांकित किया है।

सूची शब्द: मध्यम वर्ग, परिवार संघर्ष, मानवीयता, समझौता, नई परिभाषा, मूल्य।

'सुख बरगद' उपन्यास में मंजूर एहतेशाम ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बसे शिक्षित मुस्लिम परिवार को केंद्र में रखा है। उपन्यास में खुले विचारों वाले अब्बू-अब्दुल वहीद खाँ पेशे से एक वकील है और परंपरा प्रिय अम्मी के वैचारिक संघर्ष और उससे उत्पन्न व्यवहारिक कठिनाइयों के बीच- रशीदा और सुहेल की परवरिश होती है। परवेज़ अमेरिका से हिंदुस्तान आत है, मां की इच्छानुसार शादी करता है। वह एक आधुनिक और प्रगतिशील युवक है। जमीला आपा(फफू) जो एक विधवा है, घर में ही एक अरबी मदरसा चलाती है जिनके पास रशीदा और सुहेल,धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं।आर्थिक स्थिति उपन्यास का एक महत्वपूर्ण पहलू है। अब्दुल वहीद खाँ के बड़े भाई से इनके संबंध खराब थे। इनके पिता का देहांत बचपन में ही हुआ था। वहीदा खाँ को इनकी बड़ी बहन ने पाला था। पिता की इच्छा थी कि उनकी औलाद ज्यादा से ज्यादा तालीम हासिल करें। हाईस्कूल तक की पढ़ाई वहीदा खाँ ने की। वे अपने बच्चों को समझाते हुए कहते कि **''किसी मध्यम वर्गीय परिवार के लिए शहर से बाहर जाकर शिक्षा पाना संभव नहीं था कॉलेज की तो बात दूर रही। शाही खानदान या जागिरदारों के बच्चों के लिए बाहर जाकर शिक्षा पाना कुछ भी मुश्किल नहीं था, लेकिन सीमित आमदनीवाले परिवार के लिए ऐसा कर पाना संभव नहीं था।''**[1] यहाँ पर लेखक ने आर्थिक संघर्ष को उजागर किया वहीदा खाँ (अब्बू) ने अपने रियासत की उदासीनता उनके स्वभाव में दिखाई देता है। इनके पास डिग्री नहीं थी। वे वकालत पढ़ना चाहते थे, सिर्फ हाई स्कूल करने के बाद रियासत के एक मशहूर वकील के सात असिस्टेंट की हैसियत से बैठना प्रारंभ कर दिया था। वहीदा खाँ की प्रगतिशीलता के कारण बड़े भाई और परिवार के लोगों में तनाव रहता है। वहीदा खाँ के छोटे साले को दो लड़कियाँ थी। वे स्कूल भेजना पसंद नहीं करते, वे चिढ़कर कहते हैं कि **''स्कूल में ऐसा क्या पढ़ाया जाता है जो घर नहीं पढ़ाया जा सकता? समझाये किसे।''**[2] वे लड़कियों को सरकारी स्कूलों में भेजने का सख्त विरोध करते थे। इस समस्या से गुजरते हुए भी अब्दुल वहीद खां को अपने घर वालों से संघर्ष करना पड़ता। घरवाले इनके वकालत करने के खिलाफ थे। वे मानते थे कि 'वकालत करना झूठ का सच और सच का झूठ करना है।' इन सभी का विरोध करते हुए वे वकीली पेशा को स्वीकारते हैं। इतना सब कुछ होने के बाद भी इनकी पत्नी ने इनका साथ नहीं छोड़ा वकील साहब नास्तिक थे, इस्लाम तो काफीर शोहर से निकाह करने से मना करता है, फिर क्या था जिसने उन्हें मेरे साथ यूँ बाहें रखा। अगर यह ताल्लुक मुसलमान से मुसलमान तक ही होता तो कभी का खत्म हो चुका होता। **''तुम्हारी माँ अगर यह सब दुःख और तकलीफ सहने के बाद भी आज इस घर में है तो रिश्ता इंसान का इंसान से है। उन्हें यह यकीन है तो सिर्फ इसी रिश्ते में यकीन है कि एक इंसान के लिए आप कैसे इंसान हैं।''**[3] वहीद खां से कही गई यह बातें हर तरह से महत्वपूर्ण है। रशीदा की माँ का अब्बू के हर तकलीफों को सहना हर एक संघर्ष में अपने पति का साथ देना यही कहलाता है कि एक इंसान का दूसरे इंसान के साथ जो रिश्ता होता है वह यहाँ कायम है। वहींदा खाँ अपने बेटे सुहेल और रशीदा को एक अच्छा इंसान बनाना चाहते हैं। सुहेल इंजीनियर कॉलेज में पढ़ रहा है। परिवार को आर्थिक परेशानी से गुजारना पड़ता है। आर्थिक अभाव शिक्षा मे रुकावट पैदा करता है। रशीदा कहती कि, **''अभी तक मैं साइंस की स्टूडेंट थी, कॉलेज में आर्ट्स में भी एडमिशन ले सकती हूँ। जरूरी थोड़ी है कि हर लड़की पढ़ लिखकर डॉक्टर ही बने और फिर अब्बू से मैं यह अपेक्षा कर कैसे सकती हूँ कि वह मेरे मेडिकल करियर के लिए फीस जमा करें।''**[4] इस प्रकार रशीदा परिस्थितियों के साथ चलकर अपने अच्छे बुरे का विचार कर अपना रास्ता चुनती है, वह अपने अब्बू को परेशानी में डालना नहीं चाहती। मुस्लिम समाज अतीत के प्रति मोह उसमें उलझा हुआ परिवार इस वजह से शिक्षा के विकास में सुधारना हो पाना रूढ़ी परंपरा पर जोर आदि समस्याओं के कारण, मुस्लिम मध्यम वर्ग के अतीत के वंश से न निकल पाने की वजह से वह अतीत मोह में उलझा रहता है। अब्दुल वहीदा खां एक प्रगतिशील विचारों वाले व्यक्ति हैं, पर पत्नी पुराने विचारों वाली युवती है। बच्चे रशीदा और सुहेल आज की पीढ़ी के हैं। रशीदा के विचार है कि **''हमें तो पाला पोसा ही इस तरह से जाता है कि हमें सोचे एक ढंग से और बोले, जिए दूसरे ढंग से। क्या मतलब है उन बड़े बड़े लेखकों और किताबों का हमारे जीवन के संदर्भ में? हम पढ़ते उन लोगों के बारे में है जो हमारे भूगोल का हिस्सा नहीं। पढ़ने के बाद सोचने में उसका असर आना बिल्कुल स्वाभाविक है। पढ़ते हैं हम सीमान बुवा को और रहते हैं, एक ऐसे समाज में जहां की अपने पति के लाख आग्रह के बाद भी पर्दा नहीं तोड़ पाती''**[5] इस तरह रशीदा एसी परिवेश को नकार ती है जो हम पढ़ते हैं उसका पालन नहीं करते बल्कि दूसरी सोच को या परिवेश को अपनाते हैं। रशीदा परिवेश के दोगले पन के बारे में विचार करती है और मन ही मन कहती है कि अब्बू को कभी बचपन से नमाज पढ़ते या मस्जिद जाते नहीं देखा, जबकि अम्मी नमाज की खासी पाबंदी थी। इस तरह रशीदा के मन में पिता और मां के परिवेश को लेकर हमेशा संघर्ष चलता रहता है।

मुस्लिम समाज के परंपरागत दृष्टिकोण में काफी बदलाव आया है। इसलिए वहीदा खाँ अपने बच्चों को मदरसा शिक्षा के साथ-साथ स्कूल की शिक्षा दिलवाते हैं। वकील नास्तिक होने पर किसी भी मजहब के विरोधी न थे। उन्होंने बिरादरी के किसी भी आदमी के धर्म में रुकावट डालने की कोशिश नहीं की। उनका यह मत था कि **''धर्म और ईमान मन का सौदा है। अंधे की आत्मा को दुःख पहुँचाना धर्म का कार्य नहीं है।''**[6] रशीदा का दोस्त विजय दोनों प्राचीन संस्कृति और सभ्यता का गुणगान करने लगते हैं। विजय कहता है कि, प्राचीन संस्कृति के बारे में गर्व करना कोई बुरी बात नहीं, यह हमारी संस्कृति ही ऐसी है। इस पर रशीदा जवाब देती है कि

''जो था बस उसी का कसीदा पढ़ते रहना काफी है? तुम नहीं समझते कि यह संस्कृति जैसे शब्द अगर डिक्शनरी से निकाल दिए जाए तो देश के लिए बहुत अच्छा होगा?''[7] इस तरह रशीदा और विजय में संस्कृति को लेकर बहस चलती है। रशीदा सामाजिक सोच में परिवर्तन लाने के पक्ष में है तो विजय अभी अतीत के मोह में फंसा हुआ है। मध्यमवर्गीय समाज की सोच में परिवर्तन को दिखाया गया है। शासक अपना कार्य अपने ही हित के लिए करता है पर शासन करने वाला व्यक्ति दूसरों के बल पर उनका ही शोषण करता है। शासन कर्ता जनता को खुश करने के लिए मस्जिद और मंदिर बनवाना यह भी उसका स्वार्थ उसमें छुपा रहता है, जैसे **''एक सोची-समझी साजिश की बे गिनती मस्जिद और मंदिर बनवा दो, जहां यह आदमी हुकूमत करने वाले के भी हकीम की इबादत करता रहे। सारे दुख मुकद्दर समझ कर सहता रहे और उससे दुआ करें कि मरने के बाद जन्नत मिल जाए और यह समझदार लोग इसी दुनिया में जन्नत के मजे लेते रहे।''**[8] इस तरह अब्बू सुहेल से कहते हैं कि जो लोग धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं वे असल में समाज की जनता का शोषण करते हैं। लोगों को अंधेरे में रखकर अपना स्वार्थ पूरा कर लेते हैं। इस प्रकार धर्म के नाम पर राजनीति के संघर्ष को कथाकार ने उजागर किया है। आज की स्त्री में आत्मनिर्भर होने की योग्यता उत्पन्न हो गई है। रशीदा एक आधुनिक युवती के रूप में आत्मनिर्भर बनकर, उसके अब्बू वहीदा खाँ के कहने पर आगे की पढ़ाई कर वह एक जनरलिज्म को अपना करियर बनाती है और वह आकाशवाणी में नौकरी भी करती है। मुस्लिम मध्यमवर्ग अब संकीर्ण नहीं रहा। वह शिक्षा और उत्साह के माध्यम से अपना रोजगार संबंधित स्थिति बनाने के लिए संघर्षरत है। पात्रों में रशीदा सुहेल परवेज के रूप में नया मध्यमवर्ग संघर्ष कर अपनी शर्तों पर जी रहा है। पिछली पीढ़ी के मुकाबले उसका मानसिक विकास हुआ है। शिक्षा के जरिए अपना करियर बनाने के साथ-साथ एक अच्छे इंसान बनने के प्रति सजग है।'तमाशा तथा अन्य कहानियां' के संग्रह की पहली कहानी 'बशीर खाँ मालिक मॉडर्न के केनिंग आर्ट' के माध्यम से धार्मिकता और संवेदना के रूपों का चित्रण हुआ है। कहानी का पात्र बशीर खाँ ने अपना सारा जीवन यो बिताया था कि, उन्हें भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण घटना आने वाला पुल-सिरात है, और जन्नत-जहन्नुम का विचार ही बनकर रह गया था। यह एक अवसर ही था, कि **''पुल सिरात से गुजरने और जन्नत तक पहुंचने के लिए सबसे बड़ी मदद वह जानवर होगा जिसे वह हर बकरा ईद पर राहे खुदा में कुर्बान करेंगे।''**[9] इस तरह बशीर खाँ समझते हैं कि इस्लाम धर्म में बकरे की कुर्बानी देने से जन्नत के रास्ते खुल जाते हैं।

' घेरा ' कहानी शब्बो नाम की लड़की की कहानी है। जिसके अब्बा ने उसकी माँ को तलाक देकर अपने ही बिरादरी के बिया नामक औरत से शादी कर ली। शब्बो की माँ तलाक के बाद ही बगैर शादी किए कुंवर साहब के साथ रह रही थी। लेकिन कुछ ही दिनों में कंुवर साहब की मौत हो जाती है पर माँ को फिर कोई चाहने वाला मिल जाता है। शब्बो की सौतेली माँ बिया ने माँ बेटी के मिलने-जुलने पर रोक लगा दी, बिया शब्बों को अपनी माँ जैसे न बनने तथा लड़कों से मेलजोल न बढ़ाने की सलाह देते हुए समझाती है कि, उसे अपने अंदर की औरत की हिफाजत किस तरह करनी चाहिए। इससे शब्बो को पुरुषों से नफरत होने लगी और वह अपने से पचपन साल उम्र के रहीम साहब से शादी कर व्यक्ति सुख के लिए तरसती रही। शादी से पहले **''यह काफी साफ था कि वह क्या पाने और क्या खोने जा रही है।''**[10] यह असंतुष्ट अभाव ग्रस्त लोग संबंधों को नया रूप देने की कोशिश में सामाजिक आकार को ही बदल देते हैं।

'तलाफी' नामक कहानी साहित्य जगत के लेखकों और साहित्यकारों पर व्यंग्य है, जो अपनी जरूरतों और नाम दोनों की आवश्यकता को चाहते हैं। साहित्यकार अपने कार्य मेहनत का मेहनताना क्या मिलता है? **''किस तरह सब कुछ हो पाता होगा। कमाई के नाम पर क्या है?''11** इस तरह लेखक के लेखन पर उसके मेहनत का कुछ न कुछ इतना तो मिलना ही चाहिए जिससे उसके जीवन की आवश्यकता को पूरा कर सके। यह आदर्श और सच्चाई के बीच संघर्ष लेखक के लेखन की भरपाई कर सके।

''सत्यवादी हरिश्चंद्र के जीवन की वह शाम'' कहानी में कपट और रिश्वतखोरी करने वाले व्यक्ति को तवायफ के जैसे समझा गया है। जिस कॉलोनी में स. हरिचंद्र रहते हैं, आसपास यह कहीं से भी कोई उन्हें बधाई देने नहीं आया। बधाई इस बात की थी कि चार लड़कियों के बाद चौबीस वर्षीय विवाहित जीवन के बाद घर में लड़के का सुख स. हरिचंद्र को मिला था। वे सोचते हैं कि कॉलोनी में बिजनेसवालों, उद्योगपतियों की मदद इन्होंने हद से बढ़कर मदद की थी। यही बेईमान व्यवस्था का रूप है जहां केवल वही दोस्त है, जिन्हें दूसरे किसी से लेनदेन हो। यह कहानी भ्रष्टाचार को बेनकाब करने का प्रयास करती है। स.हरिचंद्र अपनी बेईमानी की आमदनी का हल बताते हैं कि **''कड़ी मेहनत ईमानदारी और सच्चाई।''**[12] इस तरह स. हरिचंद्र नए वक्त के हरिचंद्र का स्वरूप है।

'रमजान में मौत' कहानी में संबंध को बिखरावपन को दर्शाया है। इसमें असद मियाँ रमजान के दिनों मैं काफी बीमार रहते हैं। परिवार के लोगों में दुख है कि ईद कैसे मनाई जाए। असद मियाँ की बीमारी और कमजोरी दिन-ब-दिन बिगड़ती ही जा रही थी, केवल पैथिडियन के इंजेक्शन के सहारे बिजी रहे थे। असद मियां की मां कहती है कि **''बदनसीब है! मां ने फूट-फूट कर रोते हुए कहा था - जिंदगी और मौत दोनों की तरफ से बदनसीब! जैसे जिया है वैसे ही मरेगा! रमजान के मुबारक महीने में तो उस गुनहगार को मौत तक नसीब नहीं हो सकती।''**[13] असद मियां की मां ने उन्हें कोसते हुए कहा था क्योंकि पहले असमिया जाने कितने ही लोगों से झठ बोलकर पैसे लेते थे, धोखा दिया था, इन सब के बावजूद असद मियाँ को कुछ फर्क नहीं पड़ता था। परिवार वालों को असद मियाँ की बीमारी एक तमाशा बाजी जैसे झूठी लगती है। वे रिश्तो के खालीपन को झेलते रहे थे। अंततः असद मियां कि रमजान के मुबारक महीने में मौत होती है। इस तरह आज इंसान के जीवन में यह रिश्तों का खालीपन बिखराव, यह सब बढ़ता जा रहा है और वह स्थिति से संघर्ष करने बजाय उससे भागना चाहते हैं। 'छोटी-छोटी चीजे' कहानी में रोमा और संजू अपने भौतिक जरूरतों को जुटाने मैं लगे हैं। कोशिश करने के बाद भी पैसे किसी दूसरे काम में खर्च हो जाते थे। संजू परिवार की जरूरतों को उधार लेकर भी खुश नहीं कर पाता, पर यह खुशी उन्हें अपने रिश्तेदारों से मिलती है या पड़ोसियों से, जैसे संजू सोचता है **''फिल्म तफरिह-जरूरत वह तमाम छोटी-छोटी चीजें जिन पर मेरी रोज की जिंदगी और खुशियों का दारोमदार था, सब इसी तरह पूरी हो रही थी और उनमें मैं कहीं नहीं था। अपने ही घर में कहीं नहीं।''**[14] इस तरह परिवार की छोटी-छोटी चीजों का रिश्तेदार या दोस्त, पड़ोसियों से जरूरतों का पूरा होना संजू के लिए अपने घर से अलग, आर्थिक अभाव से त्रस्त टूटा हुआ मानव बन कर रह जाता है।'तमाशा' कहानी में सकीना आपा की कथा है। जो कि पांच बच्चों की माँ है। एक लड़का आलम था, और चार लड़कियाँ। सकीना आपा शौहर से छोड़ी गई स्त्री है। वे समझती है कि लड़कियों की शादी से उनका काम खत्म हो जाएगा। लेकिन शादी के बाद भी हर लड़की किसी न किसी रूप में दखी ही रहती है। सकीना आपा कहती है कि **''सब तमाशा है,''**[15] इस पर लेखक ने अंदाजा लगाया कि तमाशे की परिभाषा उनके वक्त और जमाने में क्या होगी।सकीना आपा एक ऐसा चरित्र है जो, रीति-रिवाजों की घुटन में ही जीना चाहती है। इन रीति-रिवाजों रूढियों को दिल से न मानते हुए भी, उसी में जीना चाहती है और जिंदगी को सब एक तमाशे की तरह दिखती है।

निष्कर्ष: इस प्रकार मंजूर ऐतेशाम के कथा साहित्य में अभिव्यक्त संघर्ष मध्यमवगीय मुस्लिम समाज को मानसिक द्वन्द्व को व्यक्त किया गया है। और कहानियाँ मध्यमवर्गीय अस्तित्व की विडंबना और समस्याओं को, रेखांकित करते हुयी संवेदना के रूपों को तलाशी हुई किसी भी वर्ग या समाज के जीवन को प्रस्तुत करती है।

संदर्भ:-

1. मंजूर एहतेशाम - सूखा बरगद -राजमहल प्रकाशन नई दिल्ली - पृ.सं. 65
2. मंजूर एहतेशाम - सूखा बरगद -राजमहल प्रकाशन नई दिल्ली - पृ.सं. 34
3. मंजूर एहतेशाम - सूखा बरगद -राजमहल प्रकाशन नई दिल्ली - पृ.सं. 70
4. मंजूर एहतेशाम - सूखा बरगद -राजमहल प्रकाशन नई दिल्ली - पृ.सं. 76
5. मंजूर एहतेशाम - सूखा बरगद -राजमहल प्रकाशन नई दिल्ली - पृ.सं. 101
6. मंजूर एहतेशाम - सूखा बरगद -राजमहल प्रकाशन नई दिल्ली - पृ.सं. 60
7. मंजूर एहतेशाम - सूखा बरगद -राजमहल प्रकाशन नई दिल्ली - पृ.सं. 105
8 मंजूर एहतेशाम - सूखा बरगद -राजमहल प्रकाशन नई दिल्ली - पृ.सं. 61
9. मंजूर एहतेशाम - तमाशा तथा अन्य कहानियां राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली - बशीर खाँ, मालिक मॉडर्नकेनिंग आर्ट - पृ.सं. 13
10. मंजूर एहतेशाम - तमाशा तथा अन्य कहानियाँ - घेरा - पृ.सं. 29
11. मंजूर एहतेशाम - तमाशा तथा अन्य कहानियाँ - तलाफी - पृ.सं. 115
12. मंजूर एहतेशाम - तमाशा तथा अन्य कहानियाँ - सं सहरिश्चन्द्र के जहवन की वह शाम - पृ.सं 41
13. मंजूर एहतेशाम - तमाशा तथा अन्य कहानियाँ - रमजान में मौत - पृ.सं. 69
14. मंजूर एहतेशाम - तमाशा तथा अन्य कहानियाँ - छोटी-छोटी चीजें - पृ.सं. 83
15. मंजूर एहतेशाम - तमाशा तथा अन्य कहानियाँ - तमाशा- पृ.सं. 132

'ढाई बीघा जमीन': आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में

डॉ.जयंत ज्ञानोबा बोबडे
सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी विभाग,
श्री शिवाजी महाविद्यालय, परभनी (महा.) मो. 9511850778

प्रास्तावना :
भारतीय मूल्यों के साथ चलकर स्त्री विमर्श को देखने की बात करते है तो वे समस्त मूल्य अगर किसी एक लेखिका में गरिमापूर्ण दिखते है वह है मृदुला सिन्हा. उनका समग्र साहित्य भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से भरा हुआ है. साथ ही वो स्त्री मुक्ति की वकालत भी अपने साहित्य में करते आयी हैं. ऐसा भी कहा जा सकता है की सिन्हाजी महादेवी वर्मा की साहित्य लेखन परंपरा को आगे बढाने में सक्षम लेखिका के रूप में दिखाई देती है. अपनी अनेक साहित्यिक कृतियों में मृदुलाजी आधुनिकता की बात करती है, जिसमे भारतीय सांस्कृतिक मूल्य भी निहित है. उनके समग्र लेखन की विशेषता रही है की उनमें नयापन तो है लेकिन परंपरा और भारतीय संस्कृति के प्रति गहन लगाव भी है. मात्र उनका लेखन केवल पश्चिमीकरण नहीं है. मृदुला सिन्हा हिंदी की शीर्षस्थ उपन्यासकार तथा कहानीकार हैं. वर्तमान परिवेश आधुनिकता से भरा हुआ है ऐसे में हमें डर है की इस आधुनिकता ने हमारे धरोहर तथा परंपरा को ही छीन लिया तो? इस दोहरे मानसिकता तथा परिस्थिति में मृदुला सिन्हा की 'ढाई बीघा जमीन' कहानी प्रासंगिक लगती है. प्रस्तुत आलेख में उनकी ढाई बीघा जमीन इस कहानी में समाहित आधुनिकता तथा परंपरा के साथ जोड़कर किया गया मानवीय जीवन का चिंतन प्रस्तुत किया गया है.

महत्वपूर्ण शब्द : आधुनिकता, परंपरा, वैश्वीकरण, नगरीकरण, निजीकरण, मानसिकता, पॅकेज, बीघा,मायाजाल, औद्योगीकरण, मानवीय संबंध, संपति, LPG आदि.

पध्दति :
प्रस्तुत शोधालेख के लिए विवेचनात्मक अनुसन्धान पद्धति का प्रयोग किया गया है, साथ ही उपलब्ध सामग्री के आधार पर कहानी का समिक्षनात्मक दृष्टी से विश्लेषण किया है. मूल कहानी, सन्दर्भ ग्रंथों का सहारा लेकर आधुनिकता के कारण मनुष्य के जीवन में आये बदलावों को रेखांकित किया गया है. अंततः निष्कर्ष बिन्दुओं को रेखांकित किया गया है।

उद्देश्य :

- **आधुनिकता की अवधारणा को स्पष्ट करना.**
- **मृदुला सिन्हा के व्यक्तित्व तथा कृतित्व को विश्लेषित करना.**
- **ढाई बीघा जमीन कहानी के कथ्य को सार रूप में विश्लेषित करना.**
- **आधुनिकता के स्वरुप को स्पष्ट करना.**
- **आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में ढाई बीघा जमीन इस कहानी का विवेचन करना.**
- **वर्तमान समय में सांस्कृतिक तथा परंपरा की बिच निर्माण होने वाले संघर्ष को विश्लेषित करना.**
- **वर्तमान समय में मनुष्य के जीवन में आधुनिकता के कारण निर्माण हुए अवरोध तथा समस्याओं को स्पष्ट करना.**
- **अंततः निष्कर्ष बिन्दुओ को रेखांकित करना.**

मृदुला सिन्हा का व्यक्तित्व एवं कृतित्व :
मृदुला सिन्हा का जन्म श्रीमती अनुपा देवी व बाबू छबीले सिंह के यहाँ २७ नवम्बर १९४२को हिन्दू पंचांग के अनुसार राम विवाह के शुभ दिन बिहार राज्य में मुज्जफरपुर जिले के छपरा गाँव में हुआ. मनोविज्ञान में एम०ए० करने के बाद उन्होंने बी०एड० किया और मुज्जफरपुर के एक कॉलेज में प्रवक्ता हो गयीं. कुछ समय तक मोतीहारी के एक विद्यालय में प्रिंसिपल भी रहीं किन्तु अचानक उनका मन वहाँ भी न लगा और नौकरी को सदा के लिये अलविदा कहके उन्होंने हिंदी साहित्य की सेवा के लिये स्वयं को समर्पित कर दिया. उनके पति डॉ० रामकृपाल सिन्हा, जो विवाह के वक़्त किसी कॉलेज में अंग्रेजी के प्रवक्ता हुआ करते थे, जब बिहार सरकार में मन्त्री हो गये तो मृदुला जी ने भी साहित्य के साथ-साथ राजनीति की सेवा शुरू कर दी. उनकी रचनाओं की फेहरिस्त लंबी है. इनमें आत्मकथा, जीवनी....साहित्य की सभी विधाएं शामिल हैं. ग्वालियर की राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जीवनी–एक थी रानी ऐसी भी, इस पर फिल्म भी बनी. नई देवयानी, घरवास, ज्यों मेहंदी को रंग, देखन में छोटन लगे, सीता पुनि बोली, यायावरी आंखों से, ढाई बीघा जमीन, मात्र देह नहीं है औरत, अपना जीवन, अंतिम इच्छा, परितप्त लंकेश्वरी, मुझे कुछ कहना है, औरत अविकसित पुरुष नहीं हैं, चिंता और चिंता के इंद्रधनुषीय रंग, या नारी सर्वभूतेषु, एक साहित्यतीर्थ से लौटकर.ज्यों मेहंदी के रंग उपन्यास पर तो टीवी सीरियल दत्तक पिता बना. विजयाराजे सिंधिया के जीवन पर राजपथ से लोकपथ पर फीचर फिल्म बनी. बड़ी बात यह थी कि जो भी इनकी रचनाओं पर सीरियल या फीचर फिल्में बनीं सभी नेशनल अवार्ड विनर फिल्म निर्माता गुल बहार सिंह ने बनाई थी. फ्लेम्स ऑफ डिजायर का मृदुला सिन्हा ने अनुवाद किया था. परितप्त लंकेश्वरी का तो मराठी में अनुवाद भी हुआ. विभिन्न विधाओं में ४६ कृतियों की रचना इनके कलम से हुई. २१ शोधकर्ताओं को इनकी कृतियों पर शोध के लिए पीएच.डी की उपाधि मिली. कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिले. २०१७ में उनके अमृत महोत्सव पर दिल्ली के कंस्टीट्यूशनल क्लब में भव्य कार्यक्रम हुआ था. वे बहुत बढ़िया गाती थीं. भोजपुरी, मैथिली, हिंदी में गीत गातीं. क्या गला था. जैसा नाम था वैसी ही मृदुल स्वभाव की मृदुभाषी भी थीं. अपने से लोगों को खाना बना कर खिलातीं थीं. मृदुला सिन्हा जेपी आंदोलन से जेपी के कार्यक्रमों से सक्रिय तौर पर ड़ी रहीं. उनके पति डॉ रामकृपाल सिन्हा जनसंघ से जुड़े थे. वे भारत सरकार में मंत्री भी रहे. अटल जी की सरकार के समय रामकृपाल बाबू कार्यालय सचिव थे. इसी कारण वे भी भाजपा से जुड़ीं. देश भर में भाजपा महिला संगठन को खड़ा करने में इनकी बड़ी भूमिका रही. उनकी कुछ रचनाएँ इस तरह से हैं- राजपथ से लोकपथ पर (जीवनी), नई वयानी, ज्यों मेहंदी को रंग, सीता पुनि बोलीं,घरवास (उपन्यास),*यायावरी आँखों से*) लेखों का संग्रह),*देखन में छोटे लगें*) कहानी संग्रह),*बिहार की लोककथायें -एक*) कहानी संग्रह), *बिहार की लोककथायें -दो*) कहानी संग्रह), ढाई बीघा जमीन (कहानी संग्रह), मात्र देह नहीं है औरत (स्त्री-विमर्श), विकास का विश्वास (लेखों का संग्रह), साक्षात्कार(कहानी संग्रह) आदि. राजनीती के साथ साथ साहित्य लेखन को जारी रखा.

आधुनिकता : अवधारणा एवं स्वरुप :
आधुनिकता का अभिप्राय उस व्यवस्था से हैं, जिसमें ओद्योगिक क्रांति के फलस्वरूप कुछ ऐसे तत्व सम्मिलित हो गये हैं जो प्राचीन परम्पराओं में परिवर्तन ला रहें हैं. आधुनिकता एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था का नाम हैं, जिसमें प्राचीन परम्पराओं के स्थान पर नवीन मान्यताओं को स्थान दिया गया है. आधुनिक शब्द अंग्रेजी के शब्द (Modern) का हिन्दी रूपान्तर हैं जिसका अभिप्राय हैं प्रचलन या फैशन जो भी समकालीन हैं अर्थात वर्तमान समय में चलन में हैं वही आधुनिक हैं, चाहें वह अच्छा हैं अथवा बुरा, हम उसे पसन्द करते हैं अथवा नहीं. आधुनिकता का अभिप्राय जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में समकालीन को परम्परागत से अगल समझना है. समाज के अन्तिम से अन्तिम मूल्यों के अनुसार रहने वाली वस्तु को आधुनिक कहते हैं. उस वस्तु के इस प्रकार के रहने के गुण अथवा स्थिति को हम आधुनिकता कहते है. आधुनिकीकरण की प्रक्रिया वैज्ञानिक ज्ञान के विस्तार का सूचक है.

आधुनिकीकरण सामाजिक परिवर्तन की एक प्रक्रिया है जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण व तर्क पर आधारित है. सैद्धांतिक तौर पर इसकी शुरुआत यूरोपीय ज्ञानोदय से हुई. आईजनस्टेड के अनुसार ऐतिहासिक रूप से आधुनिकीकरण परिवर्तन की एक ऐसी प्रक्रिया है जो पश्चिमी यूरोप जैसी सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक व्यवस्था

की ओर उन्मुख है. यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक होगा कि आधुनिकीकरण और पश्चिमीकरण अलग-अलग प्रक्रियाएं है. पश्चिमीकरण मे पश्चिमी प्रतिमान जैसे प्रौद्योगिकी, जीवन शैली, विचार, मूल्य इत्यादि के अनुकरण की प्रवृत्ति विकसित होती है. जबकि आधुनिकीकरण मे पश्चिम के विकसित देशों के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विकास की प्रक्रिया के अनुरूप परिवर्तन को समझा जाता है. आधुनिकता को समझने के लिए कुछ विद्वानों को परिभाषाओं प्रस्तुत किया है. निम्न प्रकार से -

अलातास के अनुसार: आधुनिकीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान का समाज मे प्रचार एवं प्रसार होता है जिससे समाज मे व्यक्तियों के स्तर मे सुधार होता है और समाज अच्छाई की तरफ बढ़ता है.

श्यामाचरण दुबे के अनुसार: आधुनिकीकरण एक प्रक्रिया है जो परंपरागत या अर्धपरंरागत अवस्था से प्रौद्योगिकी के किन्ही इच्छित प्रारूपों तथा उनसे जुड़ी हुई सामाजिक संरचना के स्वरूपो, मूल्यों, प्रेरणाओं और सामाजिक आर्दश नियमों की ओर से होने वाले परिवर्तन को स्पष्ट करती है.

डेनियल लर्नर के अनुसार: आधुनिकीकरण परिवर्तन की एक प्रक्रिया है जिसका संबंध मुख्य रूप से विचारों एवं मनोवृत्तियों के तरीको मे बदलाव, नगरीकरण मे वृध्दि, साक्षारता का बढ़ना, प्रति व्यक्ति आय का अधिक होना तथा राजनीतिक सहभागिता मे वृध्दि जैसे परिवर्तन से होता है.

सी.ई.ब्लैक के अनुसार: आधुनिकीकरण वह प्रक्रिया है जिससे ऐतिहासिक रूप से उत्पन्न संस्थाएँ तेजी से बदलती हुई नई जिम्मेदारियों के साथ अनुकूलित होती हैं जिसमें वैज्ञानिक प्रगति से जुड़ी अपने परिवेश पर नियंत्रण की क्षमता वाले मनुष्य के ज्ञान मे अभूतपूर्व वृद्धि परिलक्षित होती हैं.**डॉ . योगेन्द्र सिंह** के मतानुसार : साधारणतः आधुनिक होने का अर्थ फैशनेबल से लिया जाता है. वे आधुनिकता को एक सांस्कृतिक प्रयत्न मानते हैं जिसमें तर्क संबंधि मनोवृति, दृष्टिकोण , संवेदना , वैज्ञानिक विश्व दृष्टि , मानवता , प्रौद्योगिक प्रगति आदि सम्मिलित हैं. उपरोक्त परिभाषाओं से यह स्पष्ट होता है आधुनिकरण भौतिक बदलाव तथा आचार विचार से संबंधित तो है ही लेकिन अपनी संस्कृति तथा धरोहर के सन्दर्भ में भी संदर्भित है.

आधुनिकता का बहुत बड़ा लक्षण तकनीकी तंत्र है जो वैश्वीकरण , उदारीकरण और निजीकरण (LPG) में है. लेकिन आज इसमें कई मूल्यों का समावेश हो गया है. वैश्वीकरण अपने आप में बहुत बड़ा मूल्य है. यह वैश्वीकरण ही उदारीकरण और निजीकरण प्रोत्साहित करता है. इसीलिये इन सब मूल्यों को हम आधुनिकता के सम्बन्धी कहते हैं. आधुनिकता और LPG एक दूसरे के साथ जुड़े हुए है इसीलिए आधुनिकता से LPG को दूर नहीं किया जा सकता. LPG ने मनुष्य के जीवन में बुनियादी बदलाव लाएं है. जिसका प्रभाव संस्कृति, परंपरा, रहन-सहन, भाषा, परिवार, समाज पर पड़ता हुआ दिखाई देता है.

ढाई बींघा जमीन : कथ्य सार :

वैश्वीकरण, नगरीकरण, औद्योगीकरण के वर्तमान युग में गाँव और गाँव की तुलना में खेती-बाड़ी का महत्त्व कम आँका जा रहा है. गाँव और खेती की महानगर, महानगर की पैकेज वाली नौकरी,गाड़ियाँ महत्त्वपूर्ण बन गई हैं. इसी वर्तमान मानसिकता में बदलाव लाने वाली मृदुला सिन्हा की यह कहानी है. रामबाबू की बेटी सुभद्रा ने अपने जीवन में पहले तो गाँव की पुश्तैनी जमीन के महत्त्व को नहीं समझा, लेकिन बेटे मनीष के पैकेज वाली नौकरी पर मंदी के कारण गाज पैकेज गिर आई तो यही 'ढाई बीघा जमीन' बुरे दिनों में संजीवनी बन गई. जहाँ पॅकेजवाले, फ्लैट, गाड़ी खरीदने वाले नवयुवक आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे थे तब यही 'ढाई बीघा जमीन' सुखी जीवन जीने का आधार बन गई. यह कहानी शहरीकरण की तुलना में गाँव, गाँव की खेती को जीवन जीने का आधार मानकर वहीं जीवन-जीने के स्रोत ढूँढ़ने को प्रेरित करती है. खेती बेचकर महानगर की ओर भागने वाली नई पीढ़ी को यह कहानी सोचने के लिए मजबूर करती है और शहरीकरण, वैश्वीकरण और औद्योगीकरण के मायाजाल से भारतीयों को बाहर निकालने का सफल प्रयास भी करती है.

ढाई बीघा जमीन : आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में

'ढाई बीघा जमीन' सिन्हा की प्रसिध्द कहानी है. जो समकालीनता को दर्शाती है. रामबाबू इस कहानी के मुख्य पात्र है. रामबाबू अपने गाँव के प्रसिद्ध तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति है. लड़की सुभद्रा की शादी की बात होती है तब वे एक ऐसे लड़के का चुनाव करते है जिसके जिम्मे केवल ढाई बीघा जमीन ही आती है. इस बात हो लेकर रामबाबू हर बार चिंतित होते है की उनका दोस्त चूड़ामणि इस बात को लेकर सारे गाँव में चर्चा तो नही करेगा, की लड़के को रेल में नौकरी है लेकिन केवल ढाई बीघा ही जमीन है.

इस सामाजिक दबाव् मनोवैज्ञानिक चिंतन वे कई बार करते है. इस सन्दर्भ में वे चूड़ामणि को कहते है, "चूड़ामणि, तुम समझने की कोशिश करो. लड़के के सर पर जमींन की औकात तब देखी जाती थी जब उसकी जीविका का साधन मात्र जमींन होती थी. अब तो लड़का नौकरी करता है. जमींन ढाई बीघा हो या सौ बीघा क्या फर्क पड़ता है?" इस बात की सहमती न दर्शाते हुए चूड़ामणि बिटिया को बुरा दिन देखने की ना आए इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है. इस परंपरा वादिता के साथ चूड़ामणि अपनी बात कह देता है. इस अवसर पर रामबाबू की आधुनिक दृष्टी स्पष्ट होती है तो चूड़ामणि की पारंपरिक दृष्टी. आधुनिकता को स्वीकारने वाले रामबाबू कई बार चूड़ामणि द्वारा गाँव में इस बात को फ़ैलाने का डर मन में घर कर लेता है. आखिरकार उन्होंने हिम्मत जुटाई और अपनी लड़की की शादी किशोर से कराई.

सुभद्रा और किशोर को दो लड़के होते है. कई सालो तक नौकरी करने के पश्चात् बिच बिच में दोनों अपने गाँव जाया करते थे. सुभद्रा को कई बार अपनी जमीन अपने जिम्मे करने की बात मन में आती है. लेकिन संयुक्त परिवार का पुरस्कर्ता किशोर इस बात को लेकिन गंभीर नही होता की जमींन विभक्त कर लेनी चाहिए. किशोर पत्नी की इस बात को लेकर सिर्फ टालने का ही काम करता है. कई साल गुजरने के बाद सुभद्रा पति से सीतामढ़ी में तबादला करने की बात करती है ताकि वंहा रहकर अपनी खेती कर सके. दो बच्चों की पढाई का बहाना कर अपने भाइयों के सामने बंटवारे का प्रस्ताव रखा. इधर पिता रामबाबू अपने जीवन के अंतिम क्षण गिन रहे थे. ऐसे में वे सुभद्रा से अपने मन की बात करते है, "मेरे मन पर के बोज़ है. तुम्हारा विवाह तय करते समय मैंने बहुत सोचा. मैं भी ऐसे लड़के से तुम्हारा विवाह नहीं करना चाहता था जिसके सर पर ....." वे वाकय पूरा नही कर पाए. इस पर सुभद्रा ने कहा, "बाबूजी, आपकी बेटी गाँव की अपनी उन हमउम्र बेटियों से ज्यादा सुखी है, जिनके पिता ने मात्र लड़के के सिर पर पचास या सौ बीघा जमींन देखकर विवाह किया. बस आप मेरी चिंता नही करें." इस वाकय से सुभद्रा की अपने पिता के प्रति सहृदयता स्पष्ट तो होती ही है लेकिन साथ ही वे आधुनिकता को स्वीकारते हुए अपने आपको समय के साथ जोड़ना चाहती हैं.

परंपरा से मिली पुरखो की जमींन कठिन समय पर हमारी जीने की आशा बन जाती है. आधुनिकता के कारण मनीष जैसे लड़के दुनिया के साथ जुड़ कर रहना चाहते है. लेकिन जब वैश्विक स्तर मंदी का कहर बरसता है तब मात्र हमारा गाँव याद आता है. इस कहानी में एक ओर आधुनिकता है तो दूसरी ओर परंपरा का निर्वाह करते हमारी गाँव की पुरखों की जमींन. इसी बिच मनुष्य को इस बात का ध्यान देना आवश्यक है की परंपरा और आधुनिकता के बिच समन्वय स्थापित कर जीवन की राह पर चलना आवश्यक है. इस कहानी की नायिका सुभद्रा दोनों स्तरों पर जीती है. आधुनिकता ने मनुष्य के जीवन में बदलाव तो लाये है लेकिन उस आधुनिकता ने मनुष्य को कोरा और थोता भी बनाया है. आधुनिकता के चलते मनुष्य के जीवन में सुखसुविधाए तो आई है लेकिन यह सुख और चैन नहीं दे पा रही है यह भी वास्तव है.

निष्कर्ष :

'ढाई बीघा जमीन' कहानी में लेखिला 'मृदुला सिन्हा' ये संदेश देना चाहती हैं कि वैश्वीकरण और आधुनिकीकरण के कारण गाँव की नई पीढ़ी गाँव की अपनी जमीन को छोड़कर शहर की ओर आकर्षित होते हैं और अपनी गाँव की अनमोल जमीन के महत्व को नही समझते हैं. लेखिका इस कहानी में ये संदेश देने का प्रयत्न किया है कि भले ही हम आधुनिककरण की दौड़ में शहर की आकर्षित हों, लेकिन गाँव की जमींन और संपत्ति का अपना ही महत्व होता है, और संकट के समय यही जमीन काम आती है. इसलिये हमें अपनी गाँव की संपत्ति आदि का उतना ही ध्यान रखना चाहिये।

*****

सन्दर्भ संकेत :

1. **ढाई बीघा जमीन: मृदुला सिन्हा, ज्ञान गंगा प्रकाशन.**
2. **साहित्य सौरभ : डॉ. स्वराजसिंह परिहार, राजकमल प्रकाशन.**
3. **समकालीन कहानी-युगबोध का सन्दर्भ : डॉ पुष्पपाल सिंह.**
4. **इक्कीसवी सदी का कॅथा साहित्य: डॉ. रमेश कुँमार, श्री नटराज प्रकाशन.**
5. **www.prabhasakshi.com**
6. **www.wikipedia.org.com**
7. **www.hindisamay.com**
8. **www.scotbuzz.org**
9. **www.learnsocio.blogspot.com**
10. **www.kailasheducation.com**

तिरूमुरुगाट्रुपडै-एक विहंगम दृष्टि

(मुरुगन तक मार्गदर्शन)

डॉ. एस. प्रीति

एसोसिएट प्रोफेसर एण्ड हेड,डिपार्टमेंट ऑफ हिंदी
एस. आर.एम. इंसिटयूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कटानकोलैतुर, चेन्नई

भारतीय भक्ति साधना के विकास में तमिल भाषा और तमिल प्रदेश का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तर भारत में वेद, उपनिषद आदि से प्रभावित भक्ति परम्परा का जब विकास हो रहा था तभी तमिल प्रदेश में द्रविड संस्कृति से पोषित एक अलग भक्ति परंपरा का विकास हो रहा था।ईसा की प्रथम शताब्दी तक पहुँचते-पहुँचते इस आर्य और द्रविड़ भक्ति परम्परा का एकीकरण हो चुका था। भारतीय धर्म-साधना पर विचार करते हुए अपने विशिष्ट ग्रंथ' हिन्द धर्म एवं बौद्ध धर्म' मे सर चार्ल्स इलियट ने स्पष्ट लिखा है कि भारतीय धार्मिक भावना का आदि स्रोत वह पुरातन द्राविड़ीय सभ्यता है जिसके साथ आर्यो का संपर्क एवं समन्वय भारत में आने के पश्चात स्थापित हुआ।डां.रामधारी सिंह 'दिनकर'अपने सुप्रसिद्ध ग्रंथ' संस्कृति के चार अध्याय' में स्वीकार करते हैं कि 'द्रविड़ जाति प्राचीन विश्व की अत्यतं सुसभ्य जाति थी और भारत की सभ्यता का आरंभ इसी जाति ने किया था।' उसी ग्रंथ में वे आगे लिखते हैं-वैष्णव मत मे भक्ति की जो प्रधानता है वह मुख्यतः द्राविडो की देन है।आर्यो की प्रारंभिक धर्म भावना कर्मकाण्ड और यज्ञ तक ही सीमित थी।उनके प्रारिम्भक साहित्य से उनकी भावुकता का तो प्रमाण मिलता ही है, किन्तु इसका प्रमाण नहीं मिलता कि वे भी भक्त थे।भक्ति असल में आर्यो के पूर्व ही इस देश में विकसित हो चुकी थी और आर्यो का ध्यान इस ओर तब गया जब वे कर्म काण्ड से कुछ थकने लगे।आगे चलकर जब इस देश में भक्ति की बाढ़ उमडी तब उसकी प्रधान धारा भी द्रविड़ से आई।इस प्रकार द्रविड़ देश में तमिल जनता के बीच भक्ति भावना का उदगम पाया जाता है।संघकाल के साहित्यों में ऐट्टुत्तौगै(आठ कविता संग्रह) और पतुप्पाट्टु (दस कविता संग्रह) बहुत प्राचीन काव्य संग्रह हैं।

उलगम् उवप्प तिरितरु
पलर्पुगले ज्ञायिरु कडर्कणडाअड्गु
ओवर इमैकुञ् चेणिवललड्गु अविरोलि (तिरूमुरुगाट्रुपडै)

प्रस्तुत पंक्ति पतुप्पाट्टु (प्रबंध काव्य) की पहली कविता जो संपूर्ण कविता के ईश्वर वंदना से प्रारंभ होती है जिसका आशय विश्व को आनंदित करते हुए सूर्य भगवान, नीले समुद्र के बीच पूरब से उदित होते है।उस समय उनकी किरणें चारों तरफ फैलती और प्रकाश फैलाती हैं।उस दृश्य को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो नीले मोर मे विराजित होकर सक्षात् भगवान कार्तिकेय प्रकट हुए हो।उनका रंग श्री बाल-सूर्य की तरह ललिमा लिये हुए है।'तमिल' द्रविड़ भाषा परिवार की सर्वप्राचीन भाषा है और इसका ढाई हजार वर्षो का पुरातन विपुल साहित्य सोभाग्यवश आज तक सुरक्षित हैं।तमिलनाडु मंदिरों के लिए सर्वविख्यात है।(तमिल मे मंदिर के लिए कोविल या कोयिल शब्द का प्रचलन है)।आज भी इस प्रदेश के सर्वप्राचीन मंदिरें पूरे भारत की सांस्कृतिक गौरव एवं गरिमा की प्रतिष्ठा को उज्जवलित करतें हैं।तमिल का भक्ति साहित्य को 'संधम् साहित्य' के नाम से अभिहित किया जाता है जिसका समय ई.पूर्व 500 से लेकर ई.सन् 300 तक का माना जाता है।इस काल के साहित्यों मे पततुपाट्टु बहुत प्राचीन काव्य संग्रह है।'पत्तु' यानि 'दस' 'पाट्टु' अर्थात् गीत यानि दस दीर्घ प्रबन्धात्मक कविताओं का एक संग्रह।इसका रचनाकाल ईसा की द्वितीय तथा तृतीय शताब्दी माना गया है।इस काव्य संग्रह में निम्नलिखित रचनाएं है-

1.तिरूमुरुगाट्रुपडै
2.पोरुनराट्रुपडै
3.सिरुपाणाट्रुरुपडै
4.पेरुम्पाणाट्रुरुपडै
5.मुल्लैरपाट्टु
6.मदुरैक्कांचि
7.नेडुनलवाडै
8.कुरिंजिप्पाट्टु
9.पट्टिनप्पालै
10.मलैपडुकडाम्

इन दस दीर्घ कविताओं को अगम् और पुरम् मे विभाजित किया गया है जिसमें अगम् गृहस्थ जीवन और प्रेमभरे जीवन से संबंधित है और पुरम् यानि किसी राजा की वीरता, कीर्ति यश आदि से संबंधित है। इनमे में से पांच 'आट्रुपडै' जो पुरम् के अंतर्गत आती है जिसका अर्थ मार्ग निर्देशन करनेवाली कविताएं है।पुराने जमाने में किसी बडे दानी के यहां पुरस्कृत याचक या कवि, दूसरे गरीब याचक को उक्त दानी से मिलकर इनाम पाने का उपाय बताता था और दानी के यहां पहुंचने का मार्ग दर्शाता था।इसी को आट्रुपडै' कहते हैं। इनमें से एक कृति जो अन्य कृतियों से अलग माना जाता है वो है 'तिरूमुरुगाट्रुपडै' जिसमें मुरुगन काव्य के वर्णय विषय है और कविता मुरुगन तक पहुंचने का मार्ग-निर्देश करती हैं।मुरुगन के विभिन्न मंदिरों तक पहुंचने का मार्ग-निर्देश परंपरागत रीति से हटकर होने के कारण यह तमिल के भक्ति साहित्य मे इसका अपना एक विशिष्ट महत्व है।तिरूमुरुगाट्रुपडै कविता है।नक्कीरर मदुरै के मध्यकालीन तमिल कवि थे।वह संगम युग के प्रशिक्षित माधुरिक कन्नेयार के पुत्र थे।इस काव्य की रचना सम्भवतः ४00 ई. से ६५० ई.के मध्य हुई ऐसा माना जाता है।कविता समग्रतः ३१७ पंक्तियों मे अहवल छंई मे लिखी गई है।इस कृति का प्रमुख लक्ष्य भक्तों को देवता मुरुगन के विभिन्न मंदिरों तक पहुंचने का मार्ग-दर्शन करवाना है।

परंपरा कहती है कि नक्कीरर मदुरै से कैलाश यात्रा पर निकले मार्ग मे तिरुप्परंकुण्ड्र में एक जलाशय के किनारे बरगद पेड़ के नीचे रुके और शिवाराधना मे लीन थे तब एक घटना घटी।एक पीला पत्ता गिरा उसका एक भाग तालाब के तह पर गिरा और पक्षी बना और दूसरा भाग पानी में गिरा मछली बना।दोनों आपस मे खिंचातानी करने लगे जिससे लीन मे रहे नक्कीरर का ध्यान टूट गया और वे तमाशा देखने लगे तभी असुर अयकरीवन ने उन्हें पकड़ लिया और गुफा में बंद कर दिया।उस गुफा में पूर्व मे ही ९९९लोग थे।असुर की यह योजना थी कि जब गुफा में बंद लोगों की संख्या १००० हो जाएगी तब वह उन सभी को मारकर भक्षण कर देगा।परन्तु नक्कीरर इससे अविचलित रहै।वे जानते थे कि भगवान षणमुगम उन्हें इस दुनिया से उभार लेगें।अतः उन्होंने भगवान षणमुगम की स्तुति तिरूमुरुगाट्रुपडै की रचना की और फिर वह गुफा टुकड़े-टुकड़े मे फट गई।भगवान षणमुगम ने असुर की हत्या की और असुर द्वारा बंद सभी लोगों की रक्षा की।इसलिए प्रस्तुत ग्रंथ को आध्यात्मिक ग्रंथ भी माना जाता है।साथ ही भगवान् नाम की शक्ति का भी निरुपण करते है।इसका शाब्दिक अर्थ यह है कि 'तिरु' यानि किसी के शुभनाम के पहले लगाये जाने वाले शब्द है इसके अनेक अर्थ है यथा शुभ्र.पवित्र और दिव्य गुण।यह शब्द भगवान मुरुगन के दिव्य अवतार का मूल शब्द है।दूसरा शब्द मूरुगा,भगवान कार्तिकेय का तमिलनाडु में प्रचलित नाम है जिसका अर्थ है सुंदर और तरुण।तीसरा शब्द है आट्रुपडै यानि किसी बडे दानी के यहां पुरस्कृत याचक या कवि।इस प्रकार तिरूमुरुगाट्रुपडै मे नक्कीरर ने भक्तों को तमिलनाडु में अवस्थित भगवान श्री षणमुगम के ६ दिव्य निवास स्थालों जिन्हें 'आरपडै वीडु' के नाम से जाना जाता है जिसका उल्लेख निम्न हैं-

1. तिरुपरंगकुंड्रम
2. तिरुच्चीरलैवाय्(तिरुचेंदूर)
3. कुंड्रुतोराडल (तिरुतनी)
4. तिरुविनन कुडी(पलनी)
5. तिरुवेरुगम(स्वामीमलै)
6. पलमुदिचोंले

1. तिरुपरंगकुंड्रम - काव्य का प्रथम खंड है इसमे कवि ने मदुरै नगरका हृदयग्राही वर्णन करते हुए पश्चिम दिशा में स्थित तिरुपरंगकुंड्रम का उल्लेख किया है।कुन्रम् अर्थात् पहाड़ी-इस पहाड़ी के निकट स्थित धान के खेत, विभिन्न सरोवर, सरोवरों में विकसित कमल और भ्रमरों का वर्णन हुआ है।इस प्रकार उस पर्वत शिखर पर व्याप्त प्राकृतिक सौंदर्य और उसके मध्य से विराजमान कार्तिकेय का निर्देश किया गया है।

2 . तिरुच्चीरलैवाय् - काव्य का दूसरा खंड तिरुच्चीरलैवाय् को तिरुचेंदूर के नाम से भी जाना जाता है।यह मंदिर समुद्र तट पर बसा है।

समुद्र की लहरें मंदिर की चहारदीवारों से टकराती रहती है।इसलिए इस जगह का नाम पडा तिरुच्चीरलैवाय् याने श्री लहर मुख या मुहाना।
इस खंड में भगवान् मुरगन द्वारा समस्त जीवों के कल्याणार्थ धारण किए जाने वाले षष्ठम पवित्र रुप एवं बारह हसतों के कार्यकलाप को प्रस्तुत करते हैं।श्री मुरगन के छः सिरों पर सोने के मुकुट है और उन पर मणियाँ जड़ी हैं।मुरगन का एक मुख तेजो मुख है जो भक्तों के आंतरिक अंधेरे अज्ञान को दूर कर देता है, दूसरा मुख वरध मुख जो भक्तों पर अनुग्रह करके उनकी मांगों की पूर्ति करेता है।तीसरा यज्ञरक्षक मुख है जो ब्राह्मणों के यागों को संपन्न करने का अनुग्रह कर देते हैं। चौथा मुख ज्ञान मुख है जो चांद की तरह शीतल रहकर सूक्ष्म से सूक्ष्म ज्ञान को समझाता है।पांचवाँ मुख उग्र मुख है।यह बुराइयों का नाश करता। छठा सुखद व कल्याणकारी मुख है।इसलिए वल्ली के प्रति स्निग्ध दृष्टि से देखते है।

आगे नक्कीरर् उनके बारह हाथों के कार्यकलाप पर प्रकाश डालते हैं। मुरगन का एक हाथ आकाशगामी ऋषि-मुनियों की रक्षा धूप-वर्षा से करता है।दूसरा हाथ कमर पर टिका है। तीसरा हाथ सुंदर पोशाक से आवृत जांघ पर है।चौथा हाथ अंकुश धारण करके सवार हाथी को नियंत्रित करता है।पांचवें हाथ में ढाल है।छठा हाथ भाल धुमाता रहता है।सांतवा हाथ चिन्मुद्रा दिखाता है, वह छाती से लगा है।आठवां हाथ गले की मालाओं पर है।नौवा हाथ ऊपर उठकर यज्ञों को आगे बढाने की प्रेरणा देता है।दसवां हाथ यज्ञ-गीतों के अनुरुप घंटी बजाता है।ग्यारहवां हाथ पानी बरसाता है ताकि लोकजीवन सुख से चले।बारहवां हाथ देवसेना को वरमाला पहना रहा है।

3. **कुनरूखोरडल** पर विचरित तीसरा खंड जिसे तिरुतनी के नाम से भी जाना जाता है का संदर्भ पहाड़ी लोगों के द्वारा भगवान की जयकारा मे थोंडगम ढोल बजाकर नृत्य करने से संबंधित है।इस महोत्सव मे भगवान मुरगन के सम्मान मे धार्मिक नेतृत्व करने वाले व्यक्ति को वेलन के नाम से जाना जाता है क्योंकि वह अपने हाथ में वेल (बरछी)धारण किए हुए हैं।वेलन गौरंग और रक्त वरण के है और उनका वस्त्र भी लाल रंग का है।उनका पैर वीरोचित नूपुरों से सुशोभित है,उनका मस्तक लाल पुष्प की कली से सुशोभित है।यह माना जाता है कि जहां कई पहाड़ी इलाका हो वहां मुरगन निवास करते हैं।

4. **तिरूविननकुडी** (पलनी के नाम से भी ज्ञात) पर रचित चतुर्थ खंड का संदर्भ महान संतो के तिरूविननकुडी मे आगमन से है, ये ऋषि विद्वानों से भी परम विद्वान है परन्तु काम और क्रोध रहित है।शिव दक्षिणामूर्ति के रुप मे वेदों के सृष्टा हैं।वे सृष्टि मे प्रथम गुरु हैं।उनके पुत्र ने उन्हें भी सत्य का ज्ञान. दिया है।अतः मुरुगन कुमार-गुरुवर हुए-परम पुत्र रुप मे गुरु-मान्यता है कि अगस्त्य और अन्य ऋषियों को ज्ञान देने वाले भी मुरुगन है।

तिरूविननकुडी स्थल पर विभिन्न देवताओं और ऋषियों के पधारने का यही रहस्य है।

5. **तिरूवेरूगम** पर विरचित पंचम खंड (सवामीमलै के नाम से भी ज्ञात)मे अहानर लोगों के विशाल समूह का संदर्भ है।ये लोग वैदिक ऋचाओं की गायन पाठन ,वैदिक युग मे अति कुशल है।
उन्हें इरू पिरप पलर के नाम(सुनंजनमी)से जाना जाता है, वे पुनल(नौ धागों के तीन समूह मे बनी पवित्र रस्सी)धारण किये हैं। यह पुनल उनके द्वारा ज्ञानार्जन कर आध्यात्मिक परिपक्वता की प्राप्ति को प्रदर्शित करता है।वे भगवान श्री मुरगन को अपने करबस हस्त को सिर से उपर उठाकर प्रणाम करते हुए उन्हें छह शब्दों के पवित्र नाम"नमो कौमर्या"से संबोधित करते हैं।

6. **पलमुदीरचोलै** पर विरचित षषठम् खंड पहाड़ी क्षेत्रों के प्रत्येक गांव मे भगवान श्री मुरगन के सम्मान में स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों का जीवंत चित्रण शामिल है।भगवान श्री मुरगन अपने भक्तों के हृदय में निवास करते हैं यदि कोई भी भक्त प्रेमपूर्वक उनका चिंतन करता है।

इस प्रकार भगवान श्री मुरगन की पूजा अर्चना, जंगल, झाडियों, नदी के मुहाने, नदी के किनारें, नदी के कोर,चार रास्तों के मध्य अथवा, तीन मार्गों के मध्य, कदम्बु वृक्ष के नीचे,पवित्र केंद्र पर,भगवान श्री मुरगन का प्रतिनिधित्व करते हुए "कंधु"नामक उभरे शिला खंभ वाले स्थान पर की जाती है।इस उत्सव के आरंभ होने पर मुरगा वाली ध्वजा का आरोहण किया जाता है।पूजास्थलों के प्रवेश द्वार पर शवेत सरसों के दानें को घी मे मिश्रित कर लेप लगाया जाता है।पहाड़ी पर उपजा बाजरा पूजा मे प्रयुक्त होने वाले आवश्यक सामग्रियों मे से एक हैं।भक्तों के द्वारा भगवान श्री मुरूगन की स्तुति मे उनके द्वारा ताली बजाते उनके पवित्र नामों को मधुर स्वर से पुनरोचारित किया जाता है।पहाड़ी जाति कीक्षकरूवर स्त्रियां भवय रंग के दो वस्त्र धारण किए हुए हैं।इन पुष्पारन स्त्रियों की कलाई मे धागा (सुरक्षात्मक) बंधी हुई हैं।पुष्प की उवरक सामग्री (पराग),जिसे हल्दी के लेप के साथ, सूखी चावल को भक्तों द्वारा इस उत्सव के दौरान छिडका जाता है। चावल को बछड़े के रक्त के साथ मिश्रित करके अर्पित किया जाता है।बाजे बजाकर पूजा करती हैं।रक्त से सनें चावल के दाने भयंकर दृश्य उपस्थित करते हैं।।सुगंधित धवन सामग्री भी जलाई जाती है। क्या बडे मंदिर, क्या छोटे स्थान सब जगहों पर श्री कार्तिकेय की पूजा होती हैं।अतः नक्कीरर् बताते है कि श्री मुरुगन का यशोगान हर कहीं होता है और याचकों को समझाते है कि जहाँ भी मुरुगन मिले उनकी स्तुति करो और हाथ जोडकर नमन करो।
इस प्रकार प्रस्तुत ग्रंथ भगवान श्री कार्तिकेय के छः निवास स्थानों का उल्लेख करता हैं जो आरूपडैवीडु याने छः पडाव कहे जाते हैं यानि श्री कार्तिकेय पहाड़ और उसके आसपास के प्रदेश यानें कुरिंजी के देव हैं।इसलिए तमिलनाडु में जहाँ भी पहाड हो या पहाड़ी प्रदेश, वहां श्री कार्तिकेय का मंदिर अवश्य पाया जाता हैं।भगवान कार्तिकेय को तमिलनाडु मे कई नामों से जाना जाता है जैसे श्री षणमुगम सेंदिल,सनमुगम,मूरगन,सुब्रमणि,कंनदन,वेलन.मुरगवेल,पणिनीनादन,कुमारवेल,वेलमुरगन, सरवनन, गुरूनादन, मुत्तुकुमरण्, पलिणीवेल., कुरिनजी तलैवन. आरमुगम,तमिल कडुवल आदि नामों से जाना जाता है।भक्ति साहित्य के विकास के सन्दर्भ मे इस कृति का विशेष महत्व है।जीवन का लक्ष्य मुक्ति है.यह मुक्ति केवल प्रभु के प्रति पूर्ण श्रद्धा से ही संभव है; प्रभु अपने भक्तों के प्रति दया और ममत्व से परिपूर्ण है और उनकी मनोकामना को पूर्ण करते है।प्रभु केवल यह चाहते है कि भक्त अपने अंहकार और द्वेष को त्याग कर उनके प्रति भक्ति भाव से समर्पित हो जाए अर्थात् कविता के मूल चिंतन का श्रद्धा, ज्ञान और अटूट आस्था पर आधृत होना तद् युगीन जीवन-दृष्टि का एक प्रत्यक्ष प्रमाण है।अतः यह कहा जा सकता है कि तिरुमुरुगाट्टपडै कविता संग्रह की अपनी एक दिव्य आभा के कारण भगवान मुरूगन के भक्तों के बीच एक दृढ़ विश्वास है कि जो भक्त प्रतिदिन इस पवित्र कविता का पाठ-पाठन करता है उसे आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है।तिरूमुरुगाट्टपडै का मूल संदेश सांसारिक पदार्थों से मोह का त्याग कर मुरुगन के चरणों मे पूर्ण निष्ठा से समर्पण का विकास है।

*****

संदर्भ सूची ;-

1. तिरुमुरुगाट्टपडै -नकीरर
2. दक्षिण के शैव संत-श्री एम.शेषन, पृष्ठ संख्या-११
3. संस्कृति के चार अध्याय, द्वितीय संसकरण,डॉ.रामधारी सिंह दिनकर, पृष्ठ संख्या-२८
4. संस्कृति के चार अध्याय, द्वितीय संसकरण,डॉ.रामधारी सिंह दिनकर, पृष्ठ संख्या-७२
5. हिन्दू धर्म एवं बौद्ध धर्म-सर चाल्र्स इलियट. पृष्ठ संख्या-१७
6. पततुपाट्टु-डां.पि.के.बालसुब्रमण्यन
7. तमिल साहित्य:एक झांकी, डां.एम.शेषण
8. तमिल साहित्य एक परिदृश्य,.डां.एम.शेषण

विद्यानिवास मिश्र के निबंध : विचार और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति

डॉ.नीरज शर्मा
हिंदी विभाग, वर्द्धमान विश्वविद्यालय (प.बं.)

सारांश:- विद्यानिवास मिश्र हिंदी और संस्कृत के अग्रणी विद्वान, प्रख्यात निबंधकार, भाषाविद एवं चिंतक रहे हैं। मिश्र जी भारतीय समाज एवं संस्कृति के संवाहक रहे हैं अत: इनके निबंधों में समाज, संस्कृति और लोकतत्वों का विश्द चित्रण देखने को मिलता है, साथ ही साथ मिश्र जी के भावों एवं विचारों का अद्भुत सामंजस्य भी इन निबंधों में समाविष्ट है। विद्यानिवास मिश्र जी द्वारा रचित निबंधों (मेरे राम का मुकुट भीग रहा है, गाँव का मन, शेफाली झर रही है, मैंने सिल पहुँचाई, अंगद की नियति, तुम चंदन हम पानी, पीपल के बहाने, चितवन की छाँह, आँगन का पक्षी बंजारा मन, संचारिणी) चाहे वह भावना प्रधान हो या विचार प्रधान वे सभी विचारों के मेरुदंड पर ही खड़े हैं। इन निबंधों में मिश्र जी ने एक ओर तो भारतीय संस्कृति पर गहन चिंतन व्यक्त किया है, वहीं दूसरी ओर लोक जीवन के गहरे संपर्क एवं मार्मिक अनुभवों द्वारा अपनी रचनाशीलता को गति प्रदान की है। इन निबंधों की प्रमुख विशेषता यह है कि इनमें मिश्र जी किसी एक साधारण विषय को लेकर बात शुरू करते हैं और फिर उसे पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक तथा कलात्मक संदर्भों से युक्त करके इतना प्रभावशाली बना देते हैं कि हम उन से आबद्ध हुए बिना नहीं रह सकते। विद्यानिवास जी ललित निबंधकार के रूप में अधिक प्रसिद्ध रहे हैं। मिश्र जी के ललित निबंध आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की परंपरा के ललित निबंध होते हुए भी विषय वस्तु, शैली-शिल्प एवं भाव- भंगिमा की दृष्टि से अपनी अलग पहचान लिए हुए हैं। भारतीय संस्कृति के प्रति मिश्र जी की अगाध श्रद्धा, लोक जीवन से संपृक्त उनके विचार और व्यक्तित्व की समग्रता की अभिव्यक्ति इन निबंधों में हुई है।

प्रस्तावना:- निबंध हिंदी साहित्य की श्रेष्ठ विधा है। निबंध सहृदय और साहित्यकार दोनों को साथ लेकर चलता है जिस प्रकार एक घनिष्ठ मित्र बिना लाग लपेट के अपने दूसरे मित्र से बेबाक बातें करता है, उसी प्रकार निबंधकार अपने पाठक से स्वतंत्र बातें करता है। निबंध एक छोटी गद्य रचना होती है। निबंधकार सदैव पाठक के समक्ष उपस्थित रहता है, कभी उनसे ओझल नहीं होता। भारतेंदु युग से लेकर आधुनिक युग तक (आज तक) निबंधों के विकास की लंबी प्रक्रिया रही है। हिंदी साहित्य में ललित निबंध विधा बहुत लोकप्रिय हुई है, यद्यपि इसकी शुरुआत भारतेंदु युग में हो गई थी। बालकृष्ण भट्ट, प्रताप नारायण मिश्र आदी की रचनाओं में ललित निबंध के पुट विद्यमान थे। लेकिन ये निबंध ललित निबंध के पूर्वाभास मात्र कहे जा सकते हैं। ललित निबंध का संपूर्ण विकास शुक्लोत्तर युग में हुआ और आज ललित निबंध की जो विधा हिंदी में सुपरिचित और लोकप्रिय है उसकी पहचान आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, विद्यानिवास मिश्र, कुबेरनाथ राय आदि हैं। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने जिस पौधे का बीजारोपण किया विद्यानिवास मिश्र ने उसे सजा-सँवार कर न केवल आगे बढ़ाया बल्कि उसे परिपक्व भी बनाया। मिश्र जी का निबंध साहित्य समाज और संस्कृति की उस वैभवशाली पीठिका पर प्रतिष्ठित है, जो विशुद्ध रूप से भारतीय है। हिंदी ललित निबंधकारों में मिश्र जी ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

विषय वस्तु:- विद्यानिवास मिश्र के निबंधों पर जब हम दृष्टिपात करते हैं तो पाते हैं कि उनके निबंधों में व्यक्त विचार और व्यक्तित्व उनके गँवई संस्कार की देन हैं। मिश्र जी का जन्म गोरखपुर के फकड़डीहा नामक गांव में हुआ वहीं वे पले बढ़े अपने माता पिता के दिए संस्कारों को लेकर आगे बढ़े। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति परंपरा व लोक तथा ग्रामीण संस्कृति से ओतप्रोत जीवंत, सरस, सहज जीवन का परिदृश्य हम उनके निबंधों में पाते हैं। आकर्षक और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी विद्यानिवास मिश्र जी ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया वे अध्यापक भी रहे, सूचना विभाग में भी कार्य किया, संपादक और अनुवादक भी बने राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी रहे उनका कार्यक्षेत्र सदैव परिवर्तित होता रहा, देश विदेश की यात्राएँ भी करते रहे मिश्र जी के इन अनुभवों को हम उनकी रचनाओं में देख सकते हैं। समसामयिक जीवन की विसंगतियों, आधुनिक तकनीकी, यांत्रिकता, भौतिकता की करुण नियति से उत्पन्न जीवन की नीरसता, शुष्कता, कृत्रिमता, यंत्रबद्धता, खोखलेपन, नकलीपन की त्रासदी से युक्त शहरी जीवन का यथार्थ चित्रण मिश्र जी के निबंधों में हुआ है।

विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में विविध विषयों पर व्यक्त विचारों को हम निम्नलिखित रूप से जान सकते हैं। यथा-

1.धर्म सम्बंधी विचार- विद्यानिवास मिश्र धर्म को जीवन से जुड़ा मानते हैं। मिश्र जी का मानना है कि जीवन से अलग धर्म की कल्पना नहीं की जा सकती। इसे स्पष्ट करते हुए वे महाभारत में आए विश्वामित्र के आख्यान को उद्धृत करते हैं और बताते हैं कि- "जिस-जिस कर्म विशेष से दुख, क्लेश और निराशा में डूबता हुआ आदमी ऊपर उठता है, जीने का उत्साह पाता है, उस कर्म को करते हुए सार्थक व्यक्ति धर्म का ही आचरण करता है क्योंकि जैसे तैसे भी जीना परम धर्म है और जीने के लिए जो करना पड़े उसकी अवहेलना नहीं करनी चाहिए, जीना मरने से अधिक श्रेयस्कर है, क्योंकि धर्म जी कर ही जिया जा सकता है।"[1] इसलिए धर्म में सत्य की खोज निरंतर होनी चाहिए यही उसकी सनातनता है। धर्म को जीवन की सहजता के रूप में स्वीकार करने वाले मिश्र जी का मानना है कि "कोई भी धर्म हो बलात आरोपित होता है तो धर्म नहीं रह जाता, आडंबर बन जाता है। धर्म का स्वभाव है, जीवन के ताल और उसकी लय के बीच अनुपात ढूंढना।"[2] मिश्र जी धर्म के अलौकिक रूप के बदले पार्थिव रूप को अधिक महत्त्व देते हैं। इसलिए जब वे राम, कृष्ण, संत, महात्मा, तीर्थ, गंगा, यमुना, देवी- देवता, शिव- पार्वती किसी की भी चर्चा करते हैं उस समय उन्हें पार्थिव बना देते हैं या लौकिक धरातल पर ही रख कर विवेचन करते हैं। मिश्र जी के निबंधों में हिंदू धर्म विषयक सभी मान्यताएँ, तीर्थ यात्रा, पूजा-पाठ का सुंदर चित्रण मिलता है, साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों मांगलिक प्रतीकों दूर्वा, दही, अक्षत, फूल, पान-सुपारी, चंदन, हल्दी आदि का वर्णन भी विद्यमान है। प्रत्येक माँगलिक प्रतीकों में कोई ना कोई सामाजिक मान्यताएँ निहित हैं, सामाजिक उत्कर्ष की कामना भी विद्यमान है। पार्थिव धर्म, मंगला काली, नरनारायण (आँगन का पक्षी और बँजारा मन), धर्म मानवीय मूल्य, रामकथा मेरे लिए, (संचारिणी), राम इतिहास से परे, राम से रिश्ता, राम जन- जन के अपने, गंगा एक लहर हमें दे तू (जीवन लक्ष्य है जीवन सौभाग्य है) भारतीय आराध्य शिव का स्वरूप, भारतीय अराध्य शिव के नाम, हिंदू होने का मतलब (भारतीयता की पहचान) इत्यादि मिश्र जी के धार्मिक निबंधों में धार्मिक अनुष्ठान, मानव धर्म, पौराणिक तत्त्व आदि पर उनके विचार देखे जा सकते हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि उपर्युक्त रचनाओ के माध्यम से विद्यानिवास मिश्र ने भारतीय जनमानस में निहित धार्मिक आस्था और विश्वास का वर्णन किया है।

2.परंपरा- विद्यानिवास मिश्र ने अपने निबंधों में परंपरा पालन की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया है किंतु परंपरा उनके लिए प्राचीनता या रूढी नहीं है। मिश्र जी के पारंपरिक और आधुनिक विचारों को निम्नलिखित निबंधों में देखा जा सकता है-

परंपरा: आधुनिक भारतीय संदर्भ, अभी अभी हूँ अभी नहीं (बसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं) भारतीय संस्कृति की प्रासंगिकता (भारतीयता की पहचान) आदर्शों का द्वंद (मैंने सिल पहुँचाई), वैज्ञानिक मनोभाव और मानव संस्कृति (नैरंतर्य और चुनौती), भारतीय संस्कृति और समन्वय (नदी नारी और संस्कृति) मिश्र जी परंपरा को रूढी नहीं मानते, परंपरा को समझाते हुए उन्होंने कहा है कि- "करोड़ों लोगों के साझे के अनुभव में एक स्पंदन होता है, और वही परंपरा है। परंपरा कोई सिद्ध वस्तु नहीं है, वह प्रक्रिया है जो कुछ मिट रही है, जो कुछ बन रही है।"[3] मिश्र जी उन्हीं रूढ़ियों और परंपराओं का खंडन करते हैं जो समाज और व्यक्ति के विकास में बाधक बन जाती हैं। वे परंपराएँ जो परिवेश के साथ सामंजस्य बनाते हुए चलती हैं वह कदापि तिरस्कार के योग्य नहीं हैं। उन्हीं के द्वारा तो स्थिरता प्राप्त की जा सकती है और आज विज्ञान के युग में भी जहाँ उनका विरोध किया जा रहा था, वहीं अब उसकी महत्ता की तरफ ध्यान दिया जाने लगा है। एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए मिश्र जी उन रूढियों को स्वीकार करते हुए कहते हैं कि – "रूढ़ियाँ आवश्यक भी होती हैं बाँधती भी हैं, समाज को चलाने के लिए ना हों तो अव्यवस्था हो जाए।

जैसे हम हाथ से खाते हैं, चम्मच से नहीं खाते। यह रूढी तोड़ दें और चम्मच सबके लिए मुहैया न करा सके तो कठिनाई हो जाएगी। कपड़े पहनने, खाने, चलने की भी रूढ़ियाँ हैं। तमाम व्यवहारों में भी रूढियाँ बन जाती हैं। जैसे- सवेरे स्नान करना भी रूढी है, छोड़ देने में कोई सिद्ध नहीं। इसलिए जो रूढी चलने देती है, रोकती नहीं है, उसे चलने देना चाहिए।" [4]

3. लोक संस्कृति- विद्यानिवास मिश्र ने अपने निबंधों में लोक संस्कृति को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। लोक संस्कृति वह संस्कृति है जो सामान्य जनता के सर्वस्व की संवाहक होती है। इसकी जन्मभूमि भी जन सामान्य का हृदय ही है। यह वहीं जन्म लेती है, वहीं इसका पालन-पोषण होता है और यदि वह सर्वजन हिताय सिद्ध हुई तो वहीं अमरता प्राप्त कर लेती है। यह संस्कृति सबको एक धरातल पर लाकर खड़ा करती है। यह सिर्फ समाज के किसी वर्ग विशेष से नहीं जुड़ी होती, यह संस्कृति संस्थाओं, प्रसादों और विद्या के केंद्रों तक सीमित नहीं है बल्कि यह घर आँगन तक, जन संकुल से दूर विजन तक, रहस्यमय गुहा की साधना से नदी की रेती के फैलाव तक चाँदनी की तरह छिटकी हुई है। इस संस्कृति की पहचान साधारण किसान की उस उदारता में है, जो हर दानों पर किसी का नाम पढ़ता है और सबको नाई-धोबी, बढ़ई- लोहार यहाँ तक कि चिरई- चुरुंग को हिस्सा देकर अनाज घर के भीतर लाता है।... इस तरह की संस्कृत की पहचान बियाबान जंगलों में उठती हुई चरवाहे के टेर में है, गोइठवाँ बीने जाइबरे मधुवनवा। "... यह संस्कृति गाँव के छोटे- छोटे मेलों में साल भर बाद मिली ननंद भौजाईयों की भेंट-अँकवार में उच्छ्वसित होती है, हुमकती है, बहिनी कइसे रहलू (बहन कैसे रही) यह कलह- द्वेष, ईर्ष्या- हिंसा, आतँक से संत्रस्त वातावरण में भी आटे की चक्की गाँव में दूर से आवाज कर रही है, इसकी उपेक्षा करके उस घर की पुरानी चक्की पर बैठी हुई बेटे- बहू के शहर चले जाने के बाद अकेली पड़ी माँ के साथ बैठ जाती है।"[5]

लोक में मान्य सांस्कृतिक उपादानों को की भी मिश्र जी ने अपने निबंधों में स्थान दिया है, उदाहरण स्वरूप आहो-आहो संझा गोसाईन (चितवन की छाँह), भारतीय पर्व: होली (भारतीयता की पहचान), हल्दी दूब और दधि अक्षत (गाँव का मन), शिवजी की बारात (तुम चंदन हम पानी), रामकथा मेरे लिए (संचारिणी) इत्यादि निबंधों को देख सकते हैं। इन निबंधों में ग्रामीण संस्कृति द्वारा मान्य समस्त पर्वों एवँ अनुष्ठानों का वर्णन हमें मिलता है, उनकी अपनी अलग पहचान होती होती है। होली, नवरात्रि, दीपावली आदी इन सभी की कुछ शास्त्रीय मान्यताएँ भी उपलब्ध हैं। ये पर्व सृष्टि के लिए कुछ ना कुछ नए संदेश लेकर आते हैं। विभिन्न लोकगीतों में वर्णित संस्कृति का भी आकर्षक चित्रण मिश्र जी के निबंधों में मिलता है। लोक संस्कृति में धान को पूर्णता का प्रतीक माना जाता है, धाना (दुल्हन) को भी लेखक धान का ही पर्याय मानते हैं- "धान और धाना दोनों परिपूर्णता के ही तो पर्याय हैं, परिपूर्णता के ही क्यों निरंतर विस्तार के भी प्रतीक हैं। धान की आहुति के बिना विवाह का अनुष्ठान अधूरा इसलिए तो रहता है कि धान स्वयँ आहुति बनकर या ठीक कहूँ तो आहुति धारण करने वाली कार्य गार्हपत्य अग्नि बनकर घर में प्रवेश करती है धान की सुनहली आभा उस आहुति की ही दमक है। पान बनने तक यदि वह रह गई तो फिर वह पान की बेगम बनकर रह जाएगी, वह धाना नहीं बन पाएगी।"[6] लोक संस्कृति मिश्र जी के व्यक्तित्व में ही पगी हुई है। उन्होंने इन लोक संस्कारों की गोद में खेल- कूद कर ही अपने व्यक्तित्व का निर्माण किया है। मिश्र जी लोकसंस्कृति की रग- रग से परिचित हैं क्योंकि उन्होने उसे भोगा भी है। संस्कृति के प्रति लोक का भाव क्या होता है वह यह अच्छी तरह समझते हैं। वही भाव, वही विचार, वही संस्कार उनके निबंधों में मिलते हैं। अतः यह कहना अनुचित न होगा कि लोक संस्कृति का जितना सुंदर अंकित मिश्र जी के निबंधों में हुआ है वह अन्यत्र दुर्लभ है।

4. प्रकृति संबंधी विचार- मिश्र जी का प्रकृति के प्रति विशेष अनुराग रहा है। प्रकृति चित्रण में प्रकृति के विभिन्न उपादानों जैसे- पशु- पक्षी, नदी- पर्वत, रात- दिन, प्रात:- संध्या, पेड़-पौधे, सूर्य- चंद्र आदी का निरूपण किया जाता है। मिश्र जी ने अपने निबंधों में यत्र- तत्र इन उपादानों का खुलकर प्रयोग किया है जिनमें उनके प्रकृति के प्रति विचार स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।

छितवन की छाँह में छितवन के वैशिष्ट्य को रेखांकित करते हुए वे कहते हैं कि- "गंध साधना का नन्दनवन यही छितवन है, जो जितना समीप उतना ही सामान्य और निर्विशेष। छितवन में चम्पा के रूप का ज्वार नहीं, कुमुद का स्निग्ध शीतल स्पर्श नहीं, कमल का अलिगुंजन नहीं और न कदम्ब का मधु रस। छितवन का सौंदर्य व्यष्टि में नहीं, उसकी समष्टि में निहित है। छितवन के सौंदर्य में लपट नहीं, आँच नहीं, छलछलाता हुआ मधुरस नहीं,मंजरित कलकंठ नहीं और पुलक स्पर्श नहीं। छितवन में है... गंध शुद्ध गंध, निर्मित गंध और पवित्र वही छितवन के एक- एक फूल में अलग-अलग नहीं उसके समूचेपन में एक साथ है अविभाज्य और अविकल।"[7]

5. नारी- मिश्र जी ने अपने निबंधों में नारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। नारी विषयक अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए वे कहते हैं कि- " एक ओर पश्चिमी नारी स्वाधीनता की आँधी, दूसरी ओर अपने देश में नारी की भोग्य संपदा के रूप में अवधारणा और इन सबसे ऊपर मनुष्य मात्र का लोभ, भाग्य और ईर्ष्या से आमानुषीकरण है।"[8] नारी की महत्ता को स्थापित करते हुए मिश्र जी कहते हैं कि- "भारतीय नारी नरी नहीं, वह नर की वृद्धि है... कन्या दो कुलों को तारती है, पुत्र केवल एक कुल को।"[9] नारी के शरीर में मानो ईश्वर निवास करते हैं, उसकी महत्ता स्वीकार करते हुए मिश्र जी लिखते हैं- "नर के शरीर में देवता का निवास होता है और नर- शरीर देव- दुर्लभ भी होता है, क्योंकि नर शरीर से देवता की साधना की जा सकती है, परंतु उनका शरीर देवता नहीं होता, यह नारी का शरीर है जो देवता का साक्षात विग्रह है, स्त्रिय: समसत्रास्तव देवि भेदा: (दुर्गा सप्तशती) के द्वारा यही दुहराया गया है। स्त्री की प्रत्येक भंगिमा में देवी का कोई ना कोई रूप, भाव, कोई ना कोई सौंदर्य (कोमल या कठोर) रूपायित रहता है। नारी का शरीर भोग्य नहीं है, वस्तु नहीं है, वह जिलाती है, मारती है, सुलाती है, जगाती है, हँसाती है, रुलाती है, दुलराती है, कोसती है, पोसती है- हर एक दशा में नर के चैतन्य को कसौटी पर कसती रहती है।"[10]

मिश्र जी ने नारी के सभी रूपों- माँ, बहन, बेटी, ननंद, भौजाई, बुआ, दादी, नानी, चाची आदि को अपने निबंधों में रुपायित किया है। मिश्र जी माता के रिश्ते को सबसे ऊपर रखते हैं। वे लिखते हैं- "देश का वरण ना जाने किन- किन दबावों और जरूरतों से आदमी करता है पर माँ का कोई वरण नहीं करता। वह माँ का बस बेटा होता है, जन्मभूमि का माटी का बस हो जाता है।" [11]

मिश्र जी ने अपने निबंधों में सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक, साहित्यिक, भाषागत, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्थितियों पर भी विचार किया। प्राचीन काव्य परंपरा व संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक जीवन की अमिट छाप उनके निबंधों में मिलती है। इसलिए ग्रामीण जीवन का वातावरण तथा शहरी परिवेश, परंपरा व आधुनिक जीवन, प्राचीनता एवँ नवीन परिवेश की सशक्त अभिव्यक्ति मिश्र जी के निबंधों में हुई है।

निष्कर्ष:- निष्कर्ष रूप से हम कह सकते हैं कि विद्यानिवास मिश्र अपने निबंधों में आधुनिक युग में हुए उलझे हुए विभिन्न विषयों पर प्रश्न चिन्ह लगाकर उससे संबंधित विचार प्रस्तुत करते हुए अपना दृष्टिकोण रखते हैं साथ ही समाधान भी देते हैं। धर्म, समाज, लोक- संस्कृति, परंपरा, नारी, प्रकृति आदि विषयों पर मिश्र जी ने गंभीरता से विचार किया है। मिश्र जी द्वारा प्रस्तुत विचार उनके पंडित्य के दर्प के साथ लेखक की बेचैनी की अभिव्यक्ति है। इस प्रकार मिश्र जी के निबंधों में उनके विचार और व्यक्तित्व की सफल अभिव्यक्ति हुई है।

*****

संदर्भ:-

1. मिश्र विद्यानिवास, संचारिणी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-1996, पृष्ठ- 37
2. मिश्र विद्यानिवास, अंगद की नियति (कौसानी के झरोखे से), प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण -1985, पृष्ठ- 41
3. मिश्र विद्यानिवास, बसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण-1942, पृष्ठ- 15
4. मिश्र विद्यानिवास, गाँव के मन से रूबरू (आधुनिकता केवल नकार नहीं), वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-2002, पृष्ठ- 108
5. मिश्र विद्यानिवास, जीवन अलक्ष्य है जीवन सौभाग्य है, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण-1991, पृष्ठ- 86-87
6. मिश्र विद्यानिवास, गाँव का मन (हल्दी दूब और दधि अच्छत), वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-1995, पृष्ठ- 83
7. मिश्र विद्यानिवास, छितवन की छाँह (छितवन की छाँह), लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण-1952, पृष्ठ- 18-19
8. मिश्र विद्यानिवास, तमाल के झरोखे से (काहे बिन सून आँगनवा), राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1981, पृष्ठ- 37
9. वही
10. वही, पृष्ठ- 38-39
11. मिश्र विद्यानिवास, तमाल के झरोखे से (जननी जन्म भूमिश्च), राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1981, पृष्ठ- 28
12. वही, पृष्ठ- 40

स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय भाषाओं का योगदान

- डॉ.एस. रज़िया बेगम
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
विज्ञान एवं मानविकी संकाय
एस.आर. एम. आई. एस. टी
कत्तान्कुलाथुर – 603203

भाषा का महत्व किसी से छुपा नहीं है। भाषा के विकास ने जहाँ लोगों के जीवन में क्रांतीकारी बदलाव लाये वहीं बदलाव के लिए क्रांती करने के लिए भी प्रेरित किया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी भाषा का कुछ ऐसा ही महत्व है। भारत एक विशाल देश है जहाँ विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और समुदाय के लोग रहते हैं। सबकी अपनी-अपनी अलग भाषा, बोली खान-पान एवं पहनावा-पोषक है। बावजूद इसके उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक सम्पूर्ण भारत के लोगों के मन में एक चीज जो एक समान है और सबको एके सूत्र में पिरोय रखने का कार्य करती है वह है अपने देश के प्रति प्यार का जज्बा। और इसी जज्बे के कारण जब देश में आजादी का शंखनाद हुआ तो देश के सभी प्रान्त के लोगों के हृदय में एक उबाल सा गया। और वे परतंत्रता की बेड़ियों से खुद को और भारत को आजाद करने के लिए आंदोलित हो उठे। स्वतंत्रता आन्दोलन का हम अध्ययन करें तो देखते हैं कि इस आन्दोलन में जनता का सबसे बड़ा हथियार भाषा ही थी। यह भाषा ही थी जिसने लोगों को न सिर्फ उनकी स्थिति बताने का काम किया बल्कि उन्हें जगाने का भी काम किया। उस समय सम्पूर्ण भारत के विभिन्न बोली भाषाओं में उपलब्ध साहित्य इसके प्रमाण हैं।

उस समय हर प्रांत के कवियों ने अपनी कविताओं और गीतों और लेखों के माध्यम से अपने-अपने उद्गार व्यक्त किये। आज़ादी की जो चिंगारी 1857 में मेरठ से उठी देखते-देखते पुरे देश को अपने जद में ले लिया। सावरकर ने इस घटना पर 1909 में चर्चित किताब स्वातंत्र्य समर की रचना की। हम पाते हैं कि तमिल राष्ट्रकवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रह्मण्यम भारती, – जब लिखते हैं – "आओ गाएँ 'वन्देमातरम'/ भारत माँ की वन्दना करें हम। ऊँच-नीच का भेद कोई हम नहीं मानते/ जाति-धर्म को भी हम नहीं जानते।"[1] भारती की रचनाओं से प्रेरित होकर दक्षिण भारत में बड़ी तादाद में आम लोग आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। तो बंगाल में बंकिमचंद भी प्रसिद्द गीत वन्देमातरम रच चुके थे। हालाँकि कहा जाता है कि सुब्रह्मण्य भारती ने बंकिमचंद चटर्जी के वन्दे मातरम से प्रेरणा पाकर यह कविता रची। ठीक वैसी ही लहर दक्षिण में बसे आंध्रप्रदेश में भी दिखाई पड़ रही थी इसके परिणामस्वरूप 1913 ई. में बापट्ला नामक शहर में आन्ध्र महासभा का अधिवेशन हुआ। "महात्मा गांधी के नेतृत्व में सम्पन्न स्वतंत्रता आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन, नमक सत्याग्रह, व्यक्तिगत सत्याग्रह, झंडा सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन आदि का प्रभाव आन्ध्र पर भी पड़ा और इन सबका प्रभाव आप तेलगु साहित्य पर देखा जा सकता है"।[2]

ब्रिटिश सरकार के नीतियों के विरुद्ध आवाज़ उठाने वाले प्रथम राष्ट्रीय कवि के रूप में चिलकमर्ती लक्ष्मीनरसिंहम पंतुलु का नाम उल्लेखनीय है –1895 ई. "चिंतामणी" पत्रिका में प्रकाशित इनकी कविता – खेतीबारी करने के लिए/ पानी मांगने पर/ चीजों को बेचने के लिए/ यहाँ तक की लकड़ियों को बेचने के लिए भी कर देना पड़ता है। नगरों में नगर-निगमों को/ भाग जाना चाहेंगे तो गाड़ी में बैठने के लिए तिक्त के रूप में/ अगर हम मकान को बेचना चाहेंगे तो स्टाम्प के रूप में/ यहाँ तक की नमक खरीदने के लिए भी क्र देना पड़ता है"।[3] सरकार की कर-नीती के विरुद्ध सन् इन पंक्तियों में कवि का रोष साफ़ झलक रहा है और तत्कालीन सरकार के खिलाफ़ असंतोष स्पष्ट दिखाई पड़ता है। इन रचनाओं का प्रभाव उस समय की जनता को आन्दोलन की ओर प्रेरित करता है। तेलेगु की तरह ही मलयालम साहित्य पर स्वतंत्रता आन्दोलन का देखा जा सकता है। केरल के कवि वासुदेवन पिल्लै भारत-माता को सम्बोधन करते हुए लिखते हैं- "भारत जननी वीर भू पड़ी दुशासन-जाल/ रक्षक मोहन-राह को देख रही इस काल"।[4] केरल के ही पी. नारायण 'नरन' तो बात को आगे तक बढ़ाते हुए तेरा-मेरा की भावना से बाहर आकर एक साथ चले का आह्वान करते हैं हुए कहते हैं – "विंधहिमाचल के खंभों पर, हिन्दुस्तानी झूला हो/ द्रविड़ गुर्जर-महाराष्ट्र का ढंग उत्कल मेला हो/ धर्म जाती अरु रुढियों का कहीं न यहाँ झमेला हो/ संस्कृतियों का संगम भारत भूले तेरा-मेरा हो/ राष्ट्रभाषा जिंदाबाद! मातृभाषा जिंदाबाद!"[5]

कर्नाटक राज्य में भी स्वतंत्रता पूर्व आज़ादी की गूंज सुनाई पड़ रही थी जहाँ 'झाँसी की रानी' से पहले 'कित्तूर की रानी चेन्नमा' 1824 में अंग्रेजो के खिलाफ़ पहली लड़ाई लड़ी। और विनायक दामोदर सावरकर को कौन नहीं जानता? उनकी "हे हिन्दु नृसिंहा प्रभो शिवाजी राजा", "जयोस्तुते", "तानाजीचा पोवड़ा", आदि उनकी लोकप्रिय कवितायें हैं।

पंजाब में तो अंग्रेजो के शासन के विरुद्ध भारतीय जनता का आक्रोश जैसे दावानल का रूप ले चूका था। बाबा राम सिंह के नेतृत्व में कूका आन्दोलन को हालाँकि अंग्रेजों ने इसे बड़ी निर्दयता से कुचल डाला लेकिन लोगों में इस घटना ने चिंगारी का काम किया। सरकार का शोषण बढ़ता जा रहा था। जमीन और पानी पर लगने वाली कर की दरें भी बहुत बढ़ा दी गई थी जिससे परेशानहाल जनता और किसान की बात कवि करतार सिंह करतार की कविता में देखी जा सकती है - 'किरती खरचां दे भारां दबाये होये ने – ऐसी जिन्दगी तो मौत बहुत चंगी/ ....पैदा खेत विचों हुंदी सवाह वी नां। इक डंग ड़ा वी घर खान नु नहीं/ साह नक ते आसान दे आय होय ने/ की करिये नहीं कोई पेश जांदी/ किश्ती खरचां दे भारां दबाए होये ने"।[6] इस प्रकार अंग्रेजों की दमन नीति को कवियों ने अपनी कविताओं का प्रमुख मुद्दा बनाकर देश की जनता को जागृत करने का प्रयास किया।

देशप्रेम और स्वावलंबन कैसे देश के हर जनता के भीतर पैठ चुकी थी एक असामी लोकगीत के माध्यम से इस बात को समझ सकते हैं – "यंतरते भक्ति आमार यंतरते मुक्ति आमार, यंतरते गाउ जय गान – अर्थात हमारी भक्ति चरखे में हैं, चरखे में ही मुक्ति है, चरखे की हम जयगान करते हैं। ठीक उसी प्रकार अन्य एक लोक गीत इस प्रकार है – गाँधी नामर नौका खनिये/ जवहर नामर बोठा। स्वराज आनिबाके लागि/ हाते काटा सुता।। अर्थात गाँधी और जवाहर नाम का नौका है। हाथ से कटे धागे से स्वराज लाना है।"[7] यूँ तो हर क्षेत्र में आक्रोश को वाणी दी जा रही थी किन्तु पुरे भारत को जो एक सूत्र में बाँध सके हर देशवासी का एक सम्मिलित स्वर हो सके ऐसी भाषा की जरुरत देश के अग्रणी नेताओं ने महसूस किया। कई हिंदीतर प्रदेशों के मनीषियों ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जैसे - "स्वामी दयानंद सरस्वती, केशव चंद्रसेन, गोपाल कृष्ण गोखले, महात्मा गांधी, राजगोपालाचारी जैसे कई विद्वानों ने हिंदी को अपनी मातृभाषा न मानते हुए भी इसे राष्ट्र-वाणी के रूप में स्वागत किया"।[8] स्वतंत्रता संग्राम का हिन्दी भाषी प्रदेशों में बहुत ज्यादा प्रभाव था स्वभावतः ही साहित्य में भी स्वतंत्रता का उद्गार यहाँ बहुतायत में प्राप्त होता है। भारतेंदु हरिश्चन्द्र ने – 'भारत दुर्दशा' में "अँगरेज राज सुख साज सजे सब भारी/ पै धन बिदेश चली जात इहै अति ख्वारी/ ताई पै महंगी काल रोग विस्तारी/ दिन दिन दुने दुःख ईस देत हा हा रि। सबके ऊपर टिक्कस की आफत आई/ हा हा! भारत दुर्दशा न देखी जाई"।[9] 1875 में प्रकाशित इस पुस्तक में ब्रिटिश सत्ता के दमनकारी रवैये से भारतीय जन के निराशा को अभिव्यक्त किया गया है। राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त ने भारत-भारती नामक निबंध कविता की रचना की – यह तीन खंडो में बंटी इसके "पहले खंड में भारत के अतीत की महिमा गान, दुसरे खंड में उसकी वर्तमान दुर्दशा का चित्रण और तीसरे खंड में उसके भविष्य की प्रकल्पना है। यह वही पुस्तक है जिससे राष्ट्रकवि के रूप में गुप्त जी की पहचान बनी। कुछ पंक्तियाँ उदाहरण स्वरूप देख सकते हैं – जिस लिखने ने है लिखा उत्कर्ष भारतवर्ष का/ लिखने चली अब हाल वह उसके अमित अपकर्ष का। 1936 में गांधी जी ने ही यह उपाधि उन्हें प्रदान की – उन्होंने कहा – 'वे हमलोगों के कवि है और राष्ट्र-भर की आवश्यकता को समझकर लिखने की कोशिश कर रहे हैं। [10] इस सन्दर्भ में प. माखल लाल चतुर्वेदी की कवितायें – पुष्प की अभिलाषा "मुझे तोड़ लेना वनमाली/ उस पथ पर देना तुम फेंक/ मातृ-भूमि पर शीश-चढ़ाने, जिस पथ पर जावें वीर अनेक!"[11] कविता कोशी। जयशंकर प्रसाद जी की जैसे आह्वान करती कविता .. "हिमाद्री तुंगश्रृंग से, प्रबुद्ध शुद्ध भारती/ संव्यप्रभा समुज्ज्वला, स्वतंत्रता पुकारती/ अमर्त्य वीर पुत्र हो/ दृढ प्रतिज्ञा सोच लो/ प्रशस्त पूण्य पन्थ है, बढ़े चलो बढ़े चलो"।[12] देखी जा सकती है।

इसी प्रकार श्यामलाल गुप्त का झंडा गीत आज भी सबकी जुबान पर है – झंडा ऊँचा रहे हैं हमारा/ विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, सुभद्रा कुमारी चौहान की झांसी की रानी कविता – खूब लड़ी मर्दानी/ वह तो झाँसी वाली रानी थी ऐसे ही अनगिनत रचनाएँ रहीं जो स्वतंत्रता आन्दोलन का जनगीत बन गई, अंत में रामकिशन व्यास की एक हरयाणवी कविता 'आजादी खातर हिंदवालो नै बहोत मुसिबत ठाई' की चर्चा करना चाहूंगी जिसे स्वतंत्रता आन्दोलन का संक्षिप्त इतिहास कह सकते हैं। प्रस्तुत है कुछ पंक्तियाँ

आजादी खातर हिंदवालो नै बहोत मुसिबत ठाई,
क्यूं दयो सो बुराई.
तिलक गोखले और मालवीं नारोजी परेशान हुए
नाना साहिब अजीमुलाखां क्रांति के इंसान हुए
सन अठारा सौ सतावन मैं दो देश भक्त बलिदान हुए
मंगल पांडे तात्यां टोपे हिंद खातिर कुर्बान हुए" [13]

इस प्रकार हम देख हैं कि आज़ादी के संघर्ष में देश के हर प्रान्त से हर रचनाकार किसी न किसी रूप में अपनी आहुति दे रहे थे। सबका एक ही सपना था कि कैसे गुलामी की जंजीरों को तोड़ा जाए। बेशक वे रचनाएँ अपनी-अपनी मातृभाषाओं में लिखी गयीं लेकिन सबका उद्देश्य एक ही था अपने मातृभूमि को आजाद देखना। और आखिकार वह उद्देश्य पूर्ण भी हुआ।

******

संदर्भ सूची:-

1. http://kavitakosh.org/kk/%E0%A4%B5%E0%A4%A8%E0%A5%8D%E0%A4%A6%E0%A5%87%E0%A4%AE%E0%A4%BE%E0%A4%A4%E0%A4%B0%E0%A4%AE_/_%E0%A4%B8%E0%A5%81%E0%A4%AC%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%B9%E0%A5%8D%E0%A4%AE%E0%A4%A3%E0%A5%8D%E0%A4%AF%E0%A4%AE_%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A4%A4%E0%A5%80
2. e-ज्ञानकोश यूनिट – 14 – तेलगु साहित्य – 1
3. e-ज्ञानकोश यूनिट – 14 – तेलगु साहित्य – 1
4. केरल के हिंदी साहित्य का वृहद इतिहास, लेखक – चन्द्रशेखरन नायर – पृष्ठ – 29
5. केरल के हिंदी साहित्य का वृहद इतिहास, लेखक – चन्द्रशेखरन नायर – पृष्ठ –
6. आज़ादी की गूंज – सम्पादक – सुकुमार सरकार – राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली
7. भारतीय धरोहर – मनमोहक हैं, असम के लोकगीत – डॉ. राजश्री देवी, लेखिका असम विश्वविद्यालय, अतिथि अध्यापिका।
8. केरल के हिंदी साहित्य का वृहद इतिहास की भूमिका – पृष्ट -5 , डॉ. एन. चन्द्रशेखरन नायर।
9. https://hi.wikibooks.org/wiki/%E0%A4%B9%E0%A4%BF%E0%A4%82%E0%A4%A6%E0%A5%80_%E0%A4%97%E0%A4%A6%E0%A5%8D%E0%A4%AF_%E0%A4%B8%E0%A4%BE%E0%A4%B9%E0%A4%BF%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%AF_(MIL)/%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A4%A4_%E0%A4%A6%E0%A5%81%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%A6%E0%A4%B6%E0%A4%BE
10. भूमिका मैथलीशरण गुप्त संचयिता – सम्पादक – नन्द किशोर नवल।
11. पुष्प की अभिलाषा – माखनलाल चतुर्वेदी, कविता कोश
12. https://bharatdiscovery.org/india/%E0%A4%B9%E0%A4%BF%E0%A4%AE%E0%A4%BE%E0%A4%A6%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%BF_%E0%A4%A4%E0%A5%81%E0%A4%82%E0%A4%97_%E0%A4%B6%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%83%E0%A4%82%E0%A4%97_%E0%A4%B8%E0%A5%87_-%E0%A4%9C%E0%A4%AF%E0%A4%B6%E0%A4%82%E0%A4%95%E0%A4%B0_%E0%A4%AA%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%B8%E0%A4%BE%E0%A4%A6#gsc.tab=0
13. http://www.kavitakosh.org/kk/%E0%A4%86%E0%A4%9C%E0%A4%BE%E0%A4%A6%E0%A5%80_%E0%A4%96%E0%A4%BE%E0%A4%A4%E0%A4%B0_%E0%A4%B9%E0%A4%BF%E0%A4%82%E0%A4%A6%E0%A4%B5%E0%A4%BE%E0%A4%B2%E0%A5%8B_%E0%A4%A8%E0%A5%88_%E0%A4%AC%E0%A4%B9%E0%A5%8B%E0%A4%A4_%E0%A4%AE%E0%A5%81%E0%A4%B8%E0%A4%BF%E0%A4%AC%E0%A4%A4_%E0%A4%A0%E0%A4%BE%E0%A4%88_/_%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%AE%E0%A4%95%E0%A4%BF%E0%A4%B6%E0%A4%A8_%E0%A4%B5%E0%A5%8D%E0%A4%AF%E0%A4%BE%E0%A4%B8

राजेश जोशी की कविताओं का प्रतिरोधी तेवर

डॉ.निम्मी ए.ए
सहायक आचार्य
हिन्दी विभाग सरकारी
महिला महाविद्यालय तिरुवनंतपुरम, केरल

शोध सार:

राजेश जोशी की कविताएं उन तमाम सत्ता, तकसीम, साम्प्रदायिकता और ध्रुवीकरण की राजनीति का प्रतिरोध करती हैं, जो अवाम की दुर्गति, दुर्दशा और बदहालत के लिए कारण बनी हुई है। उनकी अधिकांश कविताओं में सत्ता के खिलाफ प्रतिरोध दर्ज हुआ है। उनकी कविताएं साम्प्रदायिकता के दुष्परिणाम को, विकास बनाम विनाश को, राजनीतिक साजिशों को, सत्ता की अराजकता को दर्ज करती हैं। मौजूदा दौर में साम्प्रदायिक ताकतों की विभाजनकारी रणनीति से अच्छी तरह से वाकिफ़ कवि की समझ है कि ऐसी ताकतें देश का सबसे बड़ा नुकसान कर रही है। आपकी कविताओं में सत्ता की मनमानी, तानाशाही और भ्रष्टाचार अधोरेखित हैं। कवि राजनीतिक उजाले की चकाचौंध से भी परिचित है और फासिस्ट किस्म के अंधेरे से भी। प्रगतिशील कवियों में समय को लेकर जो साफगोई है, राजेश जोशी की कविताएं इसकेलिए उत्तम मिसाल है। अतः अपनी अभिव्यक्ति को लेकर खतरे उठाने का जोखिम है, व्यवस्था द्वारा पहचान लिए जाने के खतरे हैं, उन सबसे रूबरू होते हुए राजनीतिक आर्थिक संकट से उभरने के जिद्दो-जहद है । राजेश जोशी, कविता में और जीवन में भी अपने वक्त के पाबंद हैं। बहरहाल वे अपने समय, प्रकृति और देश से आबद्ध एक सजग कवि हैं।

बीज शब्द: विकास बनाम विनाश, सत्ता की अराजकता, तकसीम की राजनीति, पर्यावरण संरक्षण, नागरिकता कानून की पेचीदगी, प्रतिरोधी तेवर, प्रकृति सापेक्ष ।

शोध विस्तार:

आधुनिक मानव अपनी महत्वाकांक्षाओं को बरकरार रखने में दिलचस्प हैं। इसी का नतीजा है विकास। विकास हरगिज़ गलत अवधारणा नहीं है। विकास प्रकृति से जुड़कर होना चाहिए। परंतु विकास बनाम विनाश ही फिलहाल कायम है। यही आज का ज्वलंत प्रश्न है। **पर्यावरणविद** ज्ञानेन्द्र रावत के लफ़्ज़ों में 'पर्यावरण पर आज तक जो भी प्रहार होते रहे हैं, उन सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा रही है, जो एक वर्ग विशेष के हितों को पोषण कर रही है'। फिलहाल हम प्रकृति का दोहन पर्याप्त मात्रा में करते आ रहे हैं। चूंकि हम विकास की अंधाधुंध भागदौड़ में हैं। इसके दहशत भरे नतीजे से केरल हाल ही में गुज़रे हैं। हमारे पूर्वजों ने प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखने की कोशिश की थी। बहरहाल हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहा। मगर फिलहाल हम अपनी विरासत खो बैठे हैं। अतः विकास को हमें प्राकृतिक संतुलन के तहत बरकरार रखने की कोशिश करनी चाहिए। हमारे पुराणों, वेदों तथा उपनिषदों में प्रकृति माँ के महत्व पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया है। वेद का कथन है कि 'माता भूमि: पुत्रो अहं पृथिव्या:' अर्थात भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूं। वही तुम्हारा पालन पोषण कर रही है। फिर कहा गया है कि 'उप सर्प मातरम् भूमिः'| यानी कि हे मनुष्य! मातृभूमि की सेवा करो|

आखिरकार हम वन उपवन उजाड़कर कंक्रीट के महलों से ही जीवन आनंद लेने के पक्ष में हैं। तमाम भूमंडल प्रकृति विरोधी विकास के नाम पर ही नष्ट होने के कगार पर है। एन वक्त पर तरह-तरह के सवाल मन में उठते है कि दरअसल विकास की परिभाषा क्या है? क्या सचमुच हम ज़हर भरे माहौल में दम घुटकर मरने केलिए विकास चाहते हैं? बहरहाल विकास के बारे में सुंदरलाल बहुगुणा ने सही फरमाया है - 'संस्कारित होना ही विकास है। भारतीय संस्कृति में ऐसे ही विकास को संस्कृति का पर्याय माना गया है। परंतु भारतीय गणतन्त्र में संस्कार नहीं अपितु भोग-लिप्सा केलिए बलात्कार की प्रवृत्ति बढ़ी है। हम संस्कृति में नहीं, विकृति में विकसित हो रहे हैं'। लिहाज़ा परिस्थिति सहयोगी दृष्टिकोण ही हमें विकास के सच्चे रास्ते पर ले जाने में सहायक होगा। इन सबसे वाकिफ होने के बावजूद 'मनुष्य सारी पृथ्वी छेंकता चला जा रहा है। पशु-पक्षियों का भाग छिनता जा रहा है। उनके सब ठिकानों पर हमारा निष्ठुर अधिकार होता चला जा रहा है'।

समकालीन हिन्दी कविता विकास की तमाम साज़िशों से भली-भांति वाकिफ हैं और वह इसके बरखिलाफ अपना प्रतिरोध दर्ज करने में वाकई काबिल हुई हैं। विशेषकर राजेश जोशी की कविताएं प्रकृति विरोधी विकास योजनाओं के बरक्स जवाबदेह हैं। 'एक दिन बोलेंगे पेड़", 'मिट्टी का चेहरा', 'नेपथ्य में हँसी', 'दो पंक्तियों के बीच', 'ज़िद', 'उल्लंघन' आदि उनके प्रमुख काव्य संग्रह है। उनकी कविताओं में अपने समय की समझ ज़ाहिर है। लिहाज़ा कवि प्रदूषण से दरकिनार दूसरे ग्रह में बस जाने की सोच में है;- **ऊपर किसी गृह पर बैठकर /ठेंगा दिखाऊँगा मैं सारे दुष्टों कोकर डालो कर डालो जैसे करना हो नष्ट/इस दुनिया को।**

प्रकृति ही तमाम जीव-जंतुओं के लिए प्राणवायु देती है। हालांकि कथित विकास गुणात्मक मानव जीवन से दरकिनार है। कारखानों के मार्फत उत्सर्जित अवशिष्ट पदार्थों को नदियों में बारंबार बहाकर हम जलीय जीवों को नष्ट करते आ रहे हैं। ऐही हालात में आम आदमी को पीने केलिए भी स्वच्छ पानी मयस्सर नहीं है। 'किस्सा उस तालाब का' में इसी बात को ज़ाहिर किया गया है।

मैंने मिनरल वाटर की एक बोतल खरीदी और एक अखबार
और प्लेटफार्म पर लगी एक बेंच पर बैठ गया
कोशिश की, बहुत कोशिश की पर उसे जल कह सकने का
पवित्र भाव जागा ही नहीं मन में।

जल, वायु, वनस्पति और सभी प्राणी आधुनिक जीवनशैली के हमले के शिकार हैं। वायु से ही आयु है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, सूखा, बाढ़ और तूफान बढ़ रहे हैं। संप्रति देश भूमंडलीय ताप के खतरे में है। उनकी 'उमस' कविता में इसका जिक्र हुआ है कि उमस इतनी ज़्यादा थी कि सबके गले सूख रहे थे और किसी के पास नहीं था एक घूंट भी पानी। आषाढ़ के बादल बिना बरसे ही इस बार/उत्तर भारत से फरार हो गए थे

मनसून से पहले की फुहारें भी इन इलाकों में नहीं पडी थी
और चौपट हो चुकी थी सोयाबीन की सारी फसल।

कवि की राय में नवउपनिवेशवादी कुत्तों से भरा है हमारी हालतें। 'घोंसला' की पंक्तियाँ हैं -

हाय! कुत्तों से भरे इस धरती पर
कितना मुश्किल एक साधारण सा घोंसला बांधना!!

विकास और पर्यावरण संरक्षण एक दूसरे के पूरक हैं। लिहाज़ा विकास बनाम पर्यावरण का क्षरण तमाम मानव जाति के लिये वाकई आत्मघाती कदम होगा। फिलहाल किसी भी तलाब में एक बूंद पानी नहीं है। 'किस्सा उस तलाब का' में ऐसी एक तलाब का चित्रा खींचा गया है। यहां तालाब का इस प्रकार सूखना और एक मेले के बतौर कहना हमारे विकासवादी अंध मानसिकता का ही नतीजा है।

किस्सा उस तालाब का/तालाब के बीच एक जजीरासा था
जिस पर एक सूफी फ़क़ीर शाह अली शाह का तकिया था
साथ जहाँ हम अक्सर ही नाव से जाया करते थे
तालाब उस जजीरे तक सूख चुका था।

संप्रति पारिस्थितिक प्रदूषण समूचे विश्व में विकराल समस्या बन गई है। यातायात व परिवहन के साधनों तथा उद्योगों की चिमनियों से उत्सर्जित धुओं की वजह शुद्ध वायु का नितांत अभाव है। यहीं नहीं जैट विमानों तथा मनोरंजन के आधुनिक साधनों ने मानव को लाइलाज बहरेपन भेंट किया है। ऐसे में बसंत ऋतु इतना थका और लज्जित है कि आजकल दिखाई ही नहीं देती। इसका जिक्र उनकी 'बसन्त १९८५' नामक कविता में हुआ है।

कोई वृक्ष नहीं जहां/एक हरी कोंपल की तरह फूट सके वह कोई वृक्ष नहीं जिसे फूलों से लादकर/विस्मित कर डाले वह सबको!!

विकास का हर सोपान बर्बरता के नए आयाम को जन्म देता है। उनकी 'एक से मकानों का नगर' में विकास की इसी बर्बरता की गुंजाइश है। कवि बताते है कि नगरों की विकास योजनाएँ ज़्यादातर फ्लैट तथा माल संस्कृति के तहत हो रही हैं। ऐसे में देखते-देखते सारे शहर एक से मकानों से भर जायेंगे और एक जैसी लगेगी सारी सड़कें, गालियां व चौराहे। **एक दिन एकाएक हम अपने ही घर का नंबर भूल जाएंगे/अपने ही शहर में अपना ही घर ढूंढते हुए भटकेंगे/और अपना घर नहीं ढूंढ पाएँगे।**दरअसल पर्यावरण को बचाना इक्कीसवीं सदी का सबसे ज्वलंत मुद्दा है। मगर विश्व के किसी देश का ध्यान इस ओर नहीं हैं। सभी देश विकास के नाम पर प्रकृति द्वारा प्रदत्त संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं। महज़ दिखावे के लिए देश भर में 'सेव पर्यावरण' के तहत कतिपय संगोष्ठियों, कार्यशालओं, बैठकों आदि का आयोजन तो होते रहते हैं। मगर इसका कोई भी गुणात्मक प्रभाव प्रकृति पर दिखाई नहीं देता। महात्मा गाँधी ने कहा था कि 'प्रकृति हमारी जरुरतों को तो पूरा कर सकती है,

परन्तु हमारे लालच को नहीं'। इसी बात को जयशंकर प्रसाद ने 'कामायनी' में दर्ज किया है।

प्रकृति रही दुर्जेय, पराजित/हम सब थे भूले मद में,
भोले थे, हाँ तिरते केवल सब/विलासिता के नद में।

देव जाति के अदम्य भोग विलासपूर्ण करतूतों का बदला प्रकृति ने प्रलय के रूप में किया था। अतः फ़िलहाल विश्व भर में जो प्राकृतिक विनाश हो रहे है, वह दरअसल मनुष्य निर्मित विनाश ही है। 'उसके स्वप्न में जाने का यात्रा-वृत्तांत' में कवि ने विकास के नाम पर प्राकृतिक संपदा को हड़पनेवाली बाज़ारी मानसिकता पर व्यंग किया है। पोलीथीन की जो संस्कृति फ़िलहाल तमाम धरती को निगलने केलिए तुली हुई है, बेशक बाज़ारी मानसिकता की उपज है। 'पोलीथीन' कविता में ज्ञानेंद्रपति ने भी हमारा ध्यान आकर्षित किया है कि जिस तरह हम बाज़ार की मुट्ठी में बंद हैं, बतौर उसके पोलीथीन की मुट्ठी में बंद है तमाम बाज़ार। कविता की पंक्तियाँ हैं -

पोलीथीन की विशाल थैली में/मैंने समुद्र को भर लिया/आप अंदाज़ा भी नहीं कर सकते/कि कैसी तकलीफ़देह बात थी यह समुद्र केलिए।

नागरिकता कानून को लेकर जिस तरह का प्रदर्शन सत्ता का रहा है कवि ने उसके बरक्स तत्काल विरोध किया। नागरिकता कानून की पेचीदगियों पर राजेश जोशी की कविता 'एक भुलक्कड़ नागरिक का बयान' हमारे वक्त की निहायत प्रासंगिक कविताओं में से एक हैं। किसी को अपनी किन्हीं हालातों में भी नागरिकता की गवाही देने की मजबूरी पर कवि मन इस तरह आशंकित है -

मैं कहाँ तलाश करूँ अपनी नागरिकता के प्रमाण /मैं इसी देस की मिट्टी में घूमा हूँ नंगे पाँव /पर कहाँ-कहाँ छपे हैं मेरे पाँव के निशान /मुझे याद नहीं।

नागरिकता के बरखिलाफ़ कवि का हस्तक्षेप हैं -

तुम अगर मुझे नागरिक मानने से इनकार करते हो/तो मैं भी इंकार करता हूँ,/ इनकार करता हूँ तुम्हें सरकार मानने से। /मैं नागरिक हूं यह याद है मुझे,/ लेकिन तुम सरकार हो यह मुझे याद नहीं।

'एक अलग पृथ्वी' में देश में हो रही तकसीम की राजनीति से आक्रोश दर्ज करते हुए एक पृथक पृथ्वी की माँग में कवि सूर्य से कहता है कि कुछ ऐसा करो कि एक और पृथ्वी बनाओ जिसे मुल्कों में तकसीम न किया जा सके।

जो हर बेवतन का वतन हो/जहां हर गणतंत्र में निष्काषित कवि के लिए/अपना एक घर हो।

उनकी 'रफ़ीक मास्टर साहब', 'टॉमस मोर', 'पागल' आदि कविताएँ साम्प्रदायिक दीवानगी, क्रूरता और निर्दयता का चित्रण करती हैं । इस तरह जब पूरी राजनीति का धर्म, जाति, अगड़े-पिछड़े समीकरणों के आधार पर ध्रुवीकरण हो रहा हो तब कविता बेशक विपक्ष में खड़ी होती है। राजेश जोशी की राय में कविता तो हमेशा से ही एक हुक्म उदूली है। यानी असहमति, अवज्ञा, उल्लंघन, प्रतिरोध, नाफ़र्मानी या आज्ञाभंग । 'उल्लंघन' कविता का बयान है -

मैं एक कवि हूं/और कविता तो हमेशा से ही एक हुक्म-उदूली है
हुकूमत के हर फरमान को ठेंगा दिखाती /कविता उल्लंघन की
एक सतत् प्रक्रिया है।

संक्षेप में कहा जाए तो संसार ने विकास की गति के जिस रफ्तार को पकड़ा है उस रफ्तार से पीछे आना नामुमकिन है। हालांकि विकास की अवधारणा सापेक्षिक है.हम अकसर प्रकृति जन्य विनाश कहकर प्रकृति को कोसते रहते हैं। दरअसल हमारी प्रकृति विरोधी मानसिकता ही विकास को विनाश में तब्दील करती हैं। बहरहाल राजेश जोशी की प्रकृति सापेक्ष आस्थावादी नज़रिया हमें हरे-भरे और स्वच्छ दुनिया प्रदान करने में काबिल होगी -

कल लिखाऊँगा मैं तुम्हें,
नई दुनिया की संरचना का नया ड्राफ्ट।

*****

संदर्भ:-

1.रावत ज्ञानदेव, पर्यावरण विकास और यथार्थ, २००५, पृ - 6
2.बहुगुणा सुदरलाल - धरती की पुकार, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ - 83
3.शुक्ल आचार्या रामचंद्र -चिंतामणि, भाग -१, २००७, पृ - 114
4.जोशी राजेश - प्रतिनिधि कविताएं, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, २०१३, पृ - 5
5.वहीं, पृ - 39 6.वहीं, पृ - 121
7.वहीं, पृ - 120 8.वहीं, पृ - 74
9.वहीं, पृ - 68 10.वहीं, पृ - 119
11. जयशंकर प्रसाद - कामायनी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, १९९८, पृ - 13
12.जोशी राजेश - प्रतिनिधि कविताएं, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, २०१३, पृ - 40
13.जोशी राजेश - उल्लंघन, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2021, पृ - 42
14.वहीं, पृ – 42 15.वहीं, पृ – 28
16.वहीं, पृ – 9
17.जोशी राजेश - प्रतिनिधि कविताएं, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, २०१३, पृ - 68

उषा प्रियंवदा के उपन्यासों में स्त्री चेतना

पारोमिता दास
पीएच. डी. शोधार्थी, कलकत्ता विश्वविद्यालय
पश्चिम बंगाल, भारत
मोबाईल : 7044673180

17-18 वीं शताब्दी से भारत और इंग्लैंड तथा अन्य कुछ पश्चिमी देशों के बीच संबंध शनै: शनैं विकसित हुए। भारत ने सर्वप्रथम पश्चिम को आकर्षित किया फिर पश्चिम की ओर भारत आकर्षित होता गया। वर्तमान शिक्षा, विज्ञान उद्योगोन्मुखी भौतिक सभ्यता के आकर्षण से कुछ-कुछ भारतीय पश्चिम में जाकर बसने लगे। इस प्रकार पूर्व और पश्चिम के मेल से भारत में एक नई संस्कृति का आविर्भाव हुआ। इस मिश्रित संस्कृति का प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप में जनमानस पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था। भारतीय जनमास से संबंधित हिंदी साहित्य के रचनाकारों ने इस मिश्रित संस्कृति को एक नए विषय के रूप में चुना। हिंदी लेखकों के समान हिंदी लेखिकाओं ने भी अपने लेख को इस मिश्रित संस्कृति का हिस्सा बना दिया है। लेखिकाओं में मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, चित्रा मुद्गल, मृदुला गर्ग, उषा प्रियंवदा, राजी सेठ प्रभृति अनेकों ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। इन लेखिकाओं ने अपनी रचनाओं में अपने अनुभवों की सच्चाई को प्रस्तुत किया है। इस विषय पर डॉ. विभा कुमारी का कथन है –''स्त्रियों ने जो स्त्रियों के विषय में लिखा है, उसमें उनके अनुभव की सच्चाई की झलक है। स्त्री लेखिका जिन स्त्री पात्रों की कथा कहती हैं वे स्त्रियां काल्पनिक व आदर्श स्त्रियां नहीं होती हैं, बल्कि वे ऐसी आम स्त्रियां होती हैं, जो हमारे आसपास होती हैं। वे देवी का अवतार नहीं बल्कि साधारण स्त्रियां होती हैं। पुरुष लेखक स्त्री की समस्या को गहराई से समझ नहीं पाता है। वह या तो उसे देवी के आसन पर बैठा देता है या फिर कुलटा, कलंकिनी रूप में चित्रित करता है। ऐसी महान या अधम स्त्रियां वास्तविक प्रतीत नहीं होती हैं।''[1]

साठोत्तरी हिंदी लेखिकाओं ने अपनी रचनाओं में भारतीय स्त्री की समस्याओं, सुख-दुख तथा संवेदनाओं का सजीव चित्र प्रस्तुत किया है। परंतु इन रचनाकारों में उषा प्रियंवदा के उपन्यासों का वस्तु तत्व वैविध्यपूर्ण है क्योंकि उषा प्रियंवदा के उपन्यासों की स्त्रियां न केवल भारतीय भूमि की कथा सुनाती हैं यद्यपि प्रवासी भारतीय स्त्रियों की कल्चरल शॉक, संवेदनाओं, विदेशी भूमि की समस्याओं एवं वेदनाओं का सूक्ष्म एवं यथार्थ वर्णन भी करती हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में विदेश में भारत की छवि और पश्चिमीकरण से प्रभावित अद्भुत असमंजस में पड़ी भारतीय मानसिकता को उद्घाटित किया है। लेखिका ने अपने उपन्यासों में भारतीय और पाश्चात्य परिवेश के बीच अंतर्द्वन्द्व में फंसी स्त्री को चित्रित किया है। विदेशी परिवेश और भारतीय संस्कार में जकड़ा इन स्त्रियों का मन पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाता, इसलिए यह पात्र एक अज़ीब कश्मकश में जीते हैं। 'रुकोगी नहीं राधिका' उपन्यास की नायिका राधिका के संबंध में डॉ. नयना डेलीवाला का कथन है :

''इस उपन्यास में लेखिका ने उच्चवर्गीय परिवेश में पनपनेवाली नारी के स्वतंत्र व्यक्तित्व को तलाशने और पाने की दिशा की कश्मकश को अत्यंत सूक्ष्म रूप से आलेखित किया है। राधिका नयी बदलती नारी का प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय और पाश्चात्य सभ्यता के प्रभावों के बीच से गुज़रकर जो अनुभव राधिका ने सँजोये हैं उसका विशिष्ट एवं संतुलित रूप यहां प्रतिबिम्ब है।''[2]

अतएव पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित बदलते परिवेश ओर उसके कारण स्त्री के लिए निर्धारित मानदंडों में बदलाव, एक सामाजिक संक्रांति को जन्म दे रहा है। उषा प्रियंवदा के उऽन्यासों में इस संक्रांति की प्रखर और स्पष्ट अभिव्यक्ति दिखलाई पड़ती है। उपन्यासों में स्त्री की यह पहल, अपने लिए जीने और आत्म को पहचानने का उसका साहस है जो स्त्री को प्राप्त स्पेस में से ही आकाश चूम लेने के लिए सहायक है। परंपरागत भारतीय दृष्टि विवाह के बाद यौन संबंधों को नैतिक, विवाह के पूर्व संबंधों को अनैतिक मानती रही है। लेखिका यद्यपि पश्चिमी परिवेश से प्रभावित है, उनके उपन्यासों के द्वारा निजी दृष्टिकोण, निजी विद्रोहाभिव्यक्ति तथा समस्याओं के बाह्य व आंतरिक रूपों को प्रकट करने की चेष्टा की है। 'रुकोगी नहीं राधिका' के संबंध में उषा प्रियंवदा का कथन है –''हर बार भारत आने पर मैं वही अनुभूतियाँ जीती हूँ जिन्हें मैंने राधिका में डाला। राधिका, उसकी भावभूमि, उसके विचार, मानदंड, उसकी संवेदनाएँ, उसकी रुचियाँ, उसका विद्रोह, यह सब मेरे अंदर शायद बरसों से संचित होता आ रहा था।

राधिका का निटप अकेलापन और भारत में अपने को उखड़ा-उखड़ा पाना, मेरी अपनी अनुभूतियाँ थीं, जिन्हें कि बहुत लाड़-प्यार के बावजूद मैं नकार नहीं सकी थी। राधिका का एकदम अकेले रहना मेरा अपना वक्तव्य था। राधिका का अपने पिता से गहरा लगाव शायद सबकांशस में मेरा भारत से अटूट लगाव था जिसने मुझे पाँच साल लगातार व्यग्र रखा था, राधिका की अपराध-भावना मेरी कसक थी और अंत में राधिका का अपने पिता के प्रभाव से मुक्त हो जाना शायद मेरा भारत और परिवार से जुड़ी एक अम्बिलिकल कार्ड को काटने का प्रयत्न था।''[3]

स्त्री को क्या चाहिए? स्वतंत्रता। स्वतंत्रता उस रुढ़िवादी समाज के बंधनों से जो स्त्री के अंतस् में छिपी इच्छाओं को प्रकट होने से निषेध करती है। स्त्री की पूरी जिंदगी खुद से लड़ते हुए शेष हो जाती है। स्त्री को स्वतंत्रता चाहिए, ऐसी कठोर मानसिकता से जहां उसका निजी अस्तित्व न केवल विकास से वंचित हो जाता है बल्कि मानसिक अंतर्दन्द्व को झेलती हुई, भीतरी और बाहरी दबावों और तनावों को सहती हुई स्त्री टूटती हुई टूटन के कगार पर पहुँच जाती है। जैसे 'पचमन खंभे लाल दीवारें' की नायिका सुषमा सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के वश में आकर, मजबूर होकर स्वयं को कैद कर लेती है। परंतु उषा प्रियंवदा के उपन्यासों के परवर्ती स्त्री पात्र टूटते नहीं हैं, जिंदगी से हार नहीं मानती बल्कि योद्धा की तरह जिंदगी में चैलेंज का मुंह तोड़ सामना करती हैं। इसका स्पष्ट उदाहरण 'रुकोगी नहीं राधिका' में दिखाई पड़ता है। नायिका राधिका अपने पिता की

विद्वता, शालीनता और सौम्यता से अत्याधिक प्रभावित है। राधिका के पिता का पुन: विवाह राधिका के मन में नई ग्रंथि को जन्म देता है। इसकी प्रतिक्रिया में राधिका अपने पिता को मानसिक आघात देने हेतु डैन के साथ विदेश चली जाती है; वह उसे भी छोड़ देती है। इसके पश्चात् वह हर पुरुष में अपने पिता की छवि ढूंढ़ती रहती है। इस विषय में मनीष सही कहता है –''यानी कि तुम पुरुष में प्रेमी या पति नहीं ढूँढती, पिता ढूँढ़ती हो।... क्योंकि तुम जीवन में लंगर चाहती हो, उसे पूरी तरह स्वीकार करने को प्रस्तुत नहीं हो।''[4]

जीवन में आई कई कठिन परिस्थितियों के बावजूद राधिका हार नहीं मानती और न ही स्वयं को एक स्थान पर रोक लेती है बल्कि अनजाने एक लक्ष्य की तलाश में निकल पड़ती है। लेखिका की एक नायिका सुषमा जहां एक ओर स्वयं को बांधकर रखती है वहीं दसरी नायिका राधिका उन्मुक्त विचरण करती है। इस विषय में डॉ. नयेना डेलीवाला का कथन सही प्रतीत होता है –

''इस प्रकार समयान्तराल में हम देखते हैं कि सुषमा नए रूप में विकसित होकर राधिका में नया रूप धारा है। अभी भी राधिका ठोस जमीन पाने के लिए अनवरत संघर्षरत है। जूझते रहना उसने स्वीकार कर लिया है। दोनों सभ्यताओं के प्रभाव से प्रभावित होने पर भी मूल से उखड़ना उसे कतई गवारा नहीं। स्वाभिमान और स्वाधिकार के लिए लड़ाई उसे मंजूर है।''[5]

अवैध संबंध सामाजिक रूप से अस्वीकार्य होने के कारण पाखंड, अधर्म तथा अनुचित माना जाता है। इस कारण सामाजिक परिवेश में सहज संबंधों के विकास के अवसर कम और अभाव में आक्रामक होने लगे हैं। मध्यवर्गीय स्त्री-पुरुष के मेल-मिलाप की इस धारणा का उषा प्रियंवदा खंडन करती है इसलिए उनके उपन्यासों के स्त्री पात्र सिर्फ देह की स्वीकृति तक सीमित नहीं, मानसिक स्वीकृति को अधिक महत्त्वपूर्ण साबित करते हैं। 'शेषयात्रा' में नारी का आत्मबोध उसे पति-आश्रिता पत्नी से ऊपर उठकर एक महत्त्वाकांक्षी और स्वाभिमानी नारी बना देता है। नारी चेतना के विकास के आधुनिक सोपानों में उषा प्रियंवदा ने विवाह संस्था की शुचिता को नहीं रखा। विवाह संस्था से जुड़ी जन्म-जन्मान्तर के संबंधों की कल्पना को उन्होंने नकारा है। 'अंतर्वंशी' उपन्यास में दांपत्य जीवन से मुक्ति के लिए छटपटाती यंत्र स्वरूपा जिस युवती का मानसिक चित्र लेखिका ने चित्रित किया है, वह भारतीय परिवेश में नये मोड़ का सूचक है। 'वाना' अतीत के प्रेम के संगत में अपने को स्वतंत्र अनुभव करती है।

उसके लिए इस समाज में प्रेम, पारिवारिक संबंध, सेक्स और परिवार से परे अपने निजी अस्तित्व को कायम करना। एतद् संबंधी कुछ अस्पष्ट है फिर भी स्व की कोख में 'वाना' निरंतर एक अप्राप्य प्रेम-सूत्र को केंद्र में रखकर रत रहती है। इस प्रकार जीवन की ध्वंसात्मक एवं रचनात्मक दोनों स्थितियों से जूझती-उभरती वाना अपनी अन्तर्वंशी के नाम को सुन पाती है और जीवन के ठहराव का अनुभव करती है। राधिका अनु, वाना जैसी स्त्रियाँ उलहे प्रवाहों से जूझती-टकराती पाश्चात परिवेश में भी अपना स्थान और अपनी जमीन तलाश कर पाई है। वह स्व-अस्तित्व को प्रतिस्थापित करती है। यही नारी का नया रूप है।

उषा जी के उपन्यासों में द्वन्द्व की स्थिति है; जहां पुराने नैतिक मूल्यों और नयी सामाजिक पहचान में रस्साकशी होती है। पात्र, विद्रोह, निर्णय-अनिर्णय की स्थिति में झूलते रहते हैं। यहां स्त्री की देह को दूसरी स्त्री कितना महत्त्वपूर्ण स्थान देती है इस विषय को भी उषा जी ने उभारा है। स्त्री जब सौंदर्य के प्रचलित मानदंडों से विच्छिन्न हो जाती है; तब उसका चित्र कैसा होता है, 'भया कबीर उदास' उपन्यास में उन्होंने इस विषय को प्रस्तुत किया है। उपन्यास की नायिका यमन कैंसर से पीड़ित होती है, परिणामत: उसके शरीर के प्रिय अंग (स्तन) को काट कर अलग कर दिया जाता है। अपने प्रिय अंग को खोने पर यमन स्वयं को अपूर्ण मानने लगती है। अपूर्णता को संपूर्णता में बदलने की कोशिश की यात्रा में वह असहनीय मानसिक संघर्ष से गुज़रती है। ''युद्ध-कैंसर से महायुद्ध। वह अक्सर सोचती है कि इस रोग के संदर्भ में युद्ध का रूपक क्यों प्रयोग किया जाता है? शायद इसलिए कि कुछ कोषाणु अपने ही शरीर में आतंकविदयों की तरह आततायी बन जाते हैं और स्वयं उसी को ही नष्ट करने लगते हैं। तभी उनसे संघर्ष में तरह-तरह के अस्त्र प्रयोग किये जाते हैं। रुग्ण अंग को काट कर निकाल दो, जहर से शरीर को भर दो जिससे कैंसर अणु नष्ट हो जाएं, फिर भयंकर एक्स-रे किरणों से उस भाग को ही दग्ध कर दो। पर इस महायुद्ध की प्रक्रिया में तुम कैसे टूट जाती हो, आहत और क्षत-विक्षत! कभी तो समझ में नहीं आता कि रोग अधिक दारुण है या उसका उपचार।''[6]

परंतु अंतत: केवल मात्र प्रेम ही उसके जीवन की अपूर्णता को संपूर्णता में बदलता है। उषा प्रियंवदा ने इस उपन्यास में स्त्री की सुंदरता की कसौटी को एक नया रूप प्रदान किया है। उन्होंने तन की सुंदरता से मन की सुंदरता को अधिक महत्त्व दिया है।

उषा प्रियंवदा के हर एक उपन्यास में स्त्री अस्तित्व को एक महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। चाहे वह 'पचपन खंभे लाल दीवारें' की सुषमा हो, 'रुकोगी नहीं राधिका' की राधिका हो, 'शेषयात्रा' की अनु हो, 'अंतर्वंशी' की वाना हो, 'भया कबीर उदास' की यमन हो या 'नदी' की आकाशगंगा। सारे पात्र अंतत: अपने स्वतंत्र अस्तित्व को स्थापित करते हैं। आकाशगंगा के जीवन संघर्ष की मार्मिक कथा ही 'नदी' उपन्यास है।

''बस बहने दो जीवन सरिता को कहीं-न-कहीं जल्दी या देरी से कोई न कोई हल तो निकलेगा। यही सूत्र है 'नदी' उपन्यास का।''[7]

पुत्र भविष्य की ल्यूकीमिया से मृत्यु होने के पश्चात मर्माहत माँ आकाशगंगा को जब अपने पति के सहारे की सख्त जरूरत होती है; तब उसका पति गगनेन्द्र उसे विदेश भूमि पर बेसहारा छोड़कर भारत चला जाता है। पुत्र की मृत्यु के लिए वह अपने पति द्वारा उत्तरदायी मानी जाती है और इसलिए वह परिवार से विच्छिन्न कर दी जाती है। उषा प्रियंवदा की नायिका हार नहीं मानती चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन हों, वह आगे बढ़ना जानती है –

''जो हुआ सो हो गया अब जिन्दगी में आगे बढ़ना चाहिए कैसे यह तो समय और भाग्य ही दिखाएगा।''[8]

विदेश में एकाकी रह गई आकाशगंगा का संघर्ष प्रारंभ होता है। इस जीवन रूपी यात्रा में वह पुरानने रिश्तों को पीछे छोड़कर नए रिश्तों को स्वीकार करती है जिसमें वह पुत्र (स्तव्य) प्रेम की पुन: अधिकारी बनती है और जीवन जीने का एक नया और अर्थपूर्ण लक्ष्य उसे प्राप्त होता है।''आज अगर पूरी खेती भी उजड़ जाए तो उसे कोई परवाह नहीं है। अब मन में न कोई विषाद है, न खरोंच। वह एकदम शांत है, चेहरे पर हल्की मुस्कराहट जैसे जमकर बैठ गई है। वह आँखें उठाकर दूर तक फैले, निरभ्र, नीले आकाश को देखती है जहां एक हवाई जहाज नि:शब्द उड़ता हुआ जा रहा है। वह जब तक ओझल नहीं हो जाता-देखती रहती है-शायद यही स्तव्य का जहाज़ हो; एक दिन यही जहाज़ उसे लौटकर भी लाएगा; तब तक के लिए यही हरियाली, यही हल्की-हल्की धूप, एक आस, एक मुस्कराहट!''[9]

आकाशगंगा के जीवन रूपी नदी के प्रवाह में आई ऊँचाइयों, गहराइयों, मैदानों, घाटियों का इस उपन्यास में उषा प्रियंवदा ने जीवंत चित्र प्रस्तुत किया है। आज की बदलती हुई परिस्थितियों में स्त्रियों के बदलते हुए अनुभवों को केंद्रीय समस्या बनाकर स्त्री को उषा प्रियंवदा ने एक नया रूप प्रदान किया है।

उषा प्रियंवदा के उपन्यासों 'पचपन खंभे लाल दीवारें', 'रुकोगी नहीं राधिका', 'शेषयात्रा', 'अंतर्वंशी', 'भया कबीर उदास', तथा 'नदी' की शिल्प, पात्र संयोजना, विषय अपने आप में इतने विस्तृत हैं कि उन्होंने स्वतंत्रयोत्तर भारत का विदेशी विचारधारा एवं मूल्बोध के टकराव को भी उकेरा है। उनके अधिकांश उपन्यासों में युवतियां स्वच्छंद और अकुण्ठ जीवन व्यतीत करने की लालसा में विदेश जाती हैं किंतु वहां के उपभोगवादी संस्कृति से टकरा कर उनके सपने टूट जाते हैं। इसके बावजूद ये स्त्रियां आने वाले हर समस्याओं से जूझने का हौसला दिखाती हैं और अपने अधिकारों के प्रति जागरुक बनती हैं। लेखिका ने अपने उपन्यासों के माध्यम से नारी सशक्तीकरण की सही तस्वीर हमारे समक्ष प्रस्तुत किया है। विदेशी और भारतीय परिवेश के बीच पड़ी स्त्री की इस नए छवि को अंकित कर दशा और दिशा दोनों लिहाज़ से उषा प्रियंवदा ने एक क्रांतिकारी कदम उठाया लेखिका ने भारतीय तथा पश्चिमी परिवेश में स्त्री की चेतना को नई छवि दी है। उन्होंने इस विषय में खुलकर सबके सामने आने और बात करने का भी साहस-दुस्साहस प्रकट किया है। इसे एक नई चेतना और नई शुरूआत समझा जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने स्त्री को उसी के हाल पर अकेली और परंपरा द्वारा निर्धारित अँधेरी-बीहड़ गलियों में भटकने के लिए नहीं छोड़ा, बल्कि एक स्वतंत्र अस्तित्व प्रदान किया। उषा प्रियंवदा के उपन्यासों में विदेशी वातावरण का ठोस मानवीय अनुभव मिलता है जो चेतना पर बाहरी और भीतरी दबाव बनकर शामिल हुआ है। विदेश को एक मानसिक भूमिका प्रदान करने का प्रयास भी उषा प्रियंवदा ने अपने उपन्यासों में किया है: 'पचपन खंभे लाल दीवारें' तथा 'रुकोगी नहीं राधिका' में अंतत: स्त्री अकेली ही रहती है पर लेखिका को अंतत: यह अनुभव हुआ कि घर, परिवार, समाज से अलग होने के बाद अकेलेपन के अतिरिक्त उसके पास कुछ नहीं बचेगा। उन्होंने स्त्री के हित के अनुसार मूल्यों व परंपराओं में बदलाव दिखलाया है, पूर्णत: इन तत्वों की अवहेलना नहीं की है। समकालीन हिंदी उपन्यास जिन पारंपरिक एवम् सामयिक समस्याओं से जूझता है उसमें स्त्री अस्मिता और संघर्ष की समस्या मुख्य है। सदियों से समाज और परिवार की व्यक्तित्वहीन इकाई रहने के बाद इंसानी शक्ल और पहचान हासिल करने में स्त्रियों के लिए संघर्ष और समस्याओं की एक पूरी दुनिया समाज और साहित्य दोनों जगह कायम हो गई है। समकालीन हिंदी उपन्यासकारों ने अपनी रचनाओं की भाषा शैली को लेकर लेखिका हमेशा चर्चित रही हैं।

*****

संदर्भ ग्रंथ:-

1. कुमार, डॉ., विभा, मृदुला गर्ग और मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में स्त्री विमर्श, प्रकाशक : पंकज बुक्स, 109 पटपड़गंज, दिल्ली-1100091, प्रथम संस्करण : 2014, पृष्ठ संख्या- पृष्ठ संख्या-37
2. चन्द्रा, डॉ. मुदिता, टोप्पो डॉ. सुलक्षणा, आधुनिक एवं हिन्दी कथा-साहित्य में नारी का बदलता स्वरूप, भावना प्रकाशन, 109ए, पटपड़गंज, दिल्ली-110091, प्रथम संस्करण : 2008, पृष्ठ संख्या-104
3. साहनी, भीष्म, मिश्र डॉ. रामजी, निदारिया भगवती प्रसाद, संपादक-मंडल, आधुनिक हिन्दी उपन्यास, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., 1बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, पहला संस्करण : 1976, दूसरा संस्करण : 2010, पृष्ठ संख्या-254
4. प्रियंवदा, उषा रुकोगी नहीं राधिका, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., 1बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002,पहला संस्करण : 1968, पहली आवृत्ति : 2004, पृष्ठ संख्या-69
5. चन्द्रा, डॉ. मुदिता, टोप्पो डॉ. सुलक्षणा, आधुनिक एवं हिन्दी कथा-साहित्य में नारी का बदलता स्वरूप, भावना प्रकाशन, 109ए, पटपड़गंज, दिल्ली-110091, प्रथम संस्करण : 2008,पृष्ठ संख्या-105
6. प्रियंवदा, उषा, भया कबीर उदास, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., 1बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, पहला संस्करण : 2007, पहली आवृत्ति : 2008, पृष्ठ संख्या-14
7. प्रियंवदा, उषा, नदी, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., 1बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, पहला संस्करण : 2014, पृष्ठ संख्या- पुस्तक आवरण
8. प्रियंवदा, उषा, नदी, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., 1बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, पहला संस्करण : 2014, पृष्ठ संख्या-13
9. प्रियंवदा, उषा, नदी, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., 1बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, पहला संस्करण : 2014, पृष्ठ संख्या-171

'सादर आपका': बिगड़ते पारिवारिक सम्बन्धों की संघर्ष गाथा

डॉ.अन्सा ए
सहायक आचार्य, हिंदी विभाग
सरकारी ब्रेण्णन कॉलेज
धर्मडम पी.ओ, तलश्शेरी
कण्णूर, केरल- 670 106

परिवार किसी भी समाज के सामाजिक जीवन का मूलाधार है| परिवार में व्यक्ति के व्यक्तित्व तथा समस्त सामाजिक सम्बन्धों का विकास होता है। इसलिए परिवार समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई है। यदि परिवार का आधार हटा लिया जाए तो समाज धराशायी हो जाएगा। आज औद्योगिक अर्थ व्यवस्था के विकास के कारण समाज का पूरा आर्थिक ढाँचा बदल गया है साथ ही पाश्चात्य सभ्यता से प्रभावित आज के नव मानव वैयक्तिक स्वार्थ को प्रमुखता देने लगे हैं। आज संयुक्त परिवार एकल परिवार में विघटित हो रहा है| एकल परिवार में भी स्त्री-पुरुष संबंधों में तनाव पैदा होना निश्चित एवं स्वाभाविक बात हो गयी है।

स्त्री की स्वतंत्रता से पुरुष भीतर ही भीतर घुलता जा रहा है। फलस्वरूप वह वापस अपने अतीत में लौट जाना चाहता है, किन्तु कुछ कर नहीं पाता है। वह विवशता वश इन सभी स्थितियों को स्वीकार कर लेता है| लेकिन इस स्थिति से आज के परिवारों में टूटन, विवशता, ऊब व निराशा रूपायित होने लगे हैं| स्त्री-पुरुष का समान शिक्षित होना, नौकरी करना, कुछ व्यक्तिगत कारणों से इच्छाओं के विपरीत जीते चले जाना, तनाव में जीना और एक दूसरे को अपने अनुपयुक्त समझकर नए ढंग से जीने का प्रयत्न आदि कुछ ऐसी स्थितियाँ हैं जिससे कुछ घर टूटते हैं तो कुछ नए बनते दिखाई देते हैं। बच्चे पिता से छूट जाते हैं और पति-पत्नी एक दूसरे से। स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों की यह स्थिति इतनी दारुण एवं त्रासदी पूर्ण हो जाती है कि दोनों अलग-अलग रहकर भी जी नहीं पाते। संबंधों के बीच आई यह दूरी फिर एक नया आकर्षण पैदा करती है। वे अलग-अलग स्थितियों से गुज़रते हुए भी द्वंद्व, पीड़ा व टूटन को झेलकर जीवन की अंतिम अवस्था में समा जाने के लिए विवश हो जाते हैं। स्त्री-पुरुष के संबंधों की यह स्थिति और परिणति का उद्घाटन करने वाला नाटक है दया प्रकाश सिन्हा के 'सादर आपका'।

दया प्रकाश सिन्हा हिंदी के वर्तमान नाटककारों में एक मात्र ऐसे नाटककार हैं, जो निर्देशक के रूप में रंग मंच से सम्बंधित हैं। वे प्रकाशन के पूर्व अपने नाटकों को स्वयं निर्देशित करके मंच सिद्ध करते हैं| इसी कारण साहित्यगत मूल्यों के साथ मंचीयता आपके नाटकों की विशेषता है। यह तथ्य आपको अन्य नाटककारों से अलग एक पहचान देता है। 'सादर आपका' सिन्हा जी का सामाजिक नाटक है, जिसमें आपने आज की परिस्थितियों, समस्याओं, सामाजिक रुतबे से जुडी विद्रूपताओं और इनसे उपजे कालुष्य, द्वंद्व तथा टूटन से स्वयं विघटित होते पात्रों का सृजन कर पारिवारिक संबंधों में आई दूरियाँ, रिश्तों में बढ़ती अलगाव-छिपाव को बहुत सहज रूप में उधेड़ कर हमारे सामने रख दिया है। प्रस्तुत नाटक के पात्र ब्रह्मानंद एवं लज्जावती की शादी आर्थिक एवं सामाजिक विषमता का परिणाम है। दोनों नौकरी करते हैं। अपने-अपने पेशे का दोनों को अहंकार है। एक छत के नीचे रहते हुए भी दोनों एक दूसरे के लिए अनजान है। लज्जा के स्वच्छन्द जीवन के बारे में पति ब्रह्मानंद को पता है, परन्तु वह इसके साथ एडजेस्टमेंट करके जीता है। इसी तरह लज्जा के इस व्यवहार से आहत होकर ब्रह्मानंद का शराब और कोठे का शरण लेना लज्जा को भी मालूम है। रेखा उनकी पूर्ण यौवन युक्त पुत्री है। उसको इन सबकी स्थिति का सब पता है। फिर भी वे एक ही मकान में, एक ही परिवार के सदस्य बनकर जी रहे हैं। परन्तु न यह मकान 'घर' बन सका है और न यह परिवार 'परिवार'। इस पूरे परिवार में सारी सुख सुविधाएँ हैं यदि नहीं है तो अपनत्व, प्यार, रिश्तों का वास्तविक सम्बन्ध, एक दूसरे के प्रति लगाव और विश्वास आदि। ऐसे परिवारों में संतान को क्या संस्कार मिल सकते हैं, इस पर सिन्हा जी ने सीधी चोट की है।

लज्जावती की सहेली की भूमिका में चित्रित कमला का पुत्र रोहित आई. ए. एस परीक्षा की तैयारी के सिलसिले में उनके घर में कुछ दिनों के लिए आश्रय पाता है। धीरे-धीरे रेखा उसे प्रेम जाल में फँसा लेती है और यह सम्बन्ध उसके अकेलापन को कुछ दूर करता है। ब्रह्मानंद का मित्र है- गोपाल कृष्ण| वह उसकी पत्नी लज्जा से अनैतिक सम्बन्ध स्थापित कर ही चुका है और बेटी रेखा पर भी कामुक दृष्टि रखता है। ब्रह्मानंद भी गोपाल कृष्ण की इस अनचाही हरकतों से अपरिचित नहीं है। फिर भी वह चुप रहता है क्योंकि गोपाल कृष्ण ही केवल उनका सबसे अच्छा मित्र है। अपने एक मात्र साथी को वह किसी भी कीमत पर अपने से अलग नहीं कर सकता। यहीं से माँ-बाप और पुत्री के बीच दूरियाँ एवं असमानताएँ बढ़ने लगती हैं। रोहित का कथन है कि-" वह टूटे हुए व्यक्ति है। जब पति अपने घर में मेहमान बना दिया जाए, बाहर के कमरे में रहे, खाए, सोयें, तो उसका घर आने को मन करेगा? वह तो घर के बाहर ही भागेगा। घर के बाहर जो भी उसकी ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाएगा, वह उसका ही हो जाएगा। चाहे वह गोपाल कृष्ण सा चालबाज़ मक्कार आदमी ही क्यों न हो। "[1] रोहित का उक्त कथन से यह साफ प्रकट है कि ब्रह्मानंद कितना चरित्र विहीन, उत्तरदायित्व हीन व अकर्मण्य व्यक्ति है। ब्रह्मानंद और लज्जावती की परस्पर बढ़ती दूरियाँ एक ओर नाटक की कथा को नए आयाम देती हैं तो वहीं दूसरी ओर रेखा-रोहित के सम्बन्ध में नए रंग भरने लगे हैं। वास्तव में रेखा का आत्म विश्वास, समझदारी आदि ही रोहित को उसकी ओर खींच लेता है। रोहित-रेखा बातचीत से यह ज्ञात होता है कि स्वयं लज्जावती ही उसका परिवार बर्बाद होने का हक़दार है। रोहित के शब्दों में-" माँ ने तरक्की के घमंड में उन पर अपनी 'सुपीरियरिटी' जताई होगी। कहीं दोनों में विश्वास की कमी थी। यह तुम्हारी मम्मी का कर्तव्य था कि वह तरक्की करते हुए पति-पत्नी का आपसी विश्वास और आदर बनाए रखतीं। उन्हीं की किसी चूक का नतीजा है।"[2]

ब्रह्मानंद लोकाचार की दृष्टि से लज्जावती का पति है। किन्तु तेईस साल पूर्व हुई शादी के समय से ही वह हर स्तर पर उसकी उपेक्षा करता रहा है| लज्जावती में आज की भारतीय नारी की जो मुक्ति-पिपासा है, वह उसे नौकरी में जल्दी-जल्दी पदोन्नति के लिए अधिकारीयों की वासना का शिकार होने को विवश करती है। घर में भी पति के प्रेम से वंचित होकर कभी गोपाल कृष्ण के पास जाती है तो कभी धनेश और रोहित का यौवन उसे लुभाता है। ले किन अंत में हर पुरुष से निराश हो कर वह टूट जाती है| रेखा और रोहित के बीच धनेश की उपस्थिति जिस संघर्ष को जन्म देती है, वही संघर्ष रेखा व रोहित के मध्य आ गए आकस्मिक तनाव को भी दूर करता है। अंततः रोहित रेखा को अपने साथ ले जाता है| नाटक की यह परिणति स्त्री व पुरुष के बिगड़ते और फिर बनते विभिन्न पारिवारिक संबंधों को रेखांकित करती है।

संक्षेप में दया प्रकाश सिन्हा ने 'सादर आपका' नाटक में वर्तमान सामाजिक, पारिवारिक स्थितियों-सन्दर्भों में आने वाले परिवर्तनों का संघर्षमय चित्रण भारतीय एवं पाश्चात्य संस्कृतियों के सहारे प्रस्तुत करने का सार्थक प्रयास किया है। परिवार का केंद्र बने माता-पिता का चरित्र किस सीमा तक धुरीहीन होते जा रहे हैं, यह दिखाना ही आपका लक्ष्य रहा है। समाज एवं परिवार में नारी-पुरुषों के बिगड़ते सम्बन्ध और नारी-मुक्ति के नए नारे इस नाटक की चरित्र-सृष्टि को जहाँ एक ओर जीवंत बनाते हैं वहीं दूसरी ओर समाज की रुग्णता का भी परिचय देते हैं। हमारे समाज में वैवाहिक संबंधों में जो परिवर्तन आ रहे हैं, पुरुषों के चेहरों पर किस तरह कामुकता के मुखौटे बढ़ते जा रहे हैं और अहंकार से परिवेष्टित आकांक्षाएं आचरण की जो कालिमा बिखेर रही हैं, इन सब का एक विस्तृत रेखांकन सिन्हा जी के 'सादर आपका' नाटक में प्रस्फुटित हुआ है।

*****

सन्दर्भ संकेत:-

1. दया प्रकाश सिन्हा- सादर आपका, पृ. सं. ३७
2. दया प्रकाश सिन्हा- सादर आपका, पृ. सं. ३७

सन्दर्भ ग्रन्थ :-

1. सादर आपका- दया प्रकाश सिन्हा, वाणी प्रकाशन, 4695, 21-ए, दरियागंज, नई दिल्ली- 110 002
2. हिंदी कथा साहित्य में पारिवारिक विघटन- डॉ वीरेन्द्र सिंह यादव, नमन प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र. सं. 2010
3. नाटककार दया प्रकाश सिन्हा: समीक्षायन- रवीन्द्र नाथ बहोरे, संजय प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र. सं. 2011

ओमप्रकाश वाल्मीकि कृत 'मुंबई कांड' कहानी में अम्बेडकरवादी विचारों का चित्रण

डॉ.सोनकांबले अरुण अशोक
सहायक प्राध्यापक
हिंदी विभाग, किसन वीर महाविद्यालय,वाई
पिन कोड -412803 मो.9503007853

प्रस्तावना

महान संत कबीर ने कहा था कि 'जाति न पूछो साधू की, पूछ लीजिए ज्ञान'इस उक्ति से यह प्रतीत होता है कि मनुष्य की जाति के आधार पर जन्मना श्रेष्ठ होने से कोई फायदा नहीं है तो उसका ज्ञान हमें पूछना चाहिए l जाति से महान होकर कोई लाभ नहीं है, कर्म एवं ज्ञान से हमें महान बनना चाहिए l भारत देश में वर्ण एवं व्यवसाय के रूप में जातिव्यवस्था प्राचीन काल से लेकर संविधान लागू होने तक बरकरार थी l संविधान लागू होने के बाद जातिव्यवस्था को कानून के स्तर पर समाप्त किया गया l लेकिन देश में कानून होने के बाद भी शोषित पीड़ित , दलितों को आज की तारीख में भी अन्याय को सहन करना पड रहा है l इस गुलामी की दासता को तोड़कर विषम समाज को समाप्त कर समतामूलक समाजरचना को सामाजिक एवं कानून स्तर पर पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने वाले बाबासाहब का बड़ा योगदान हैं l करोड़ों लोगों की अस्मिता का नाम बाबासाहब रह चुके हैं l उनकी मूर्ति पर जूतों की माला पहनाना मतलब उनके अनुयायियों की अस्मिता पर प्रहार करना है l महान व्यक्ति को मारकर ,जूते की माला पहनाकर किसी के विचार को हम मार नहीं सकते ,विचार को नष्ट नहीं कर सकते। 21 वीं सदी के द्वितीय दशक में भी विज्ञान और तकनीकी ने इतना विकास करने के बाद भी विषम व्यवस्था के खिलाफ न्याय लड़ने वाले विचार अपने लेखन एवं आंदोलन के माध्यम से लोगों को बता रहे थे l उनकी हत्याएँ की गई,जिनमें नरेंद्र दाभोलकर,गोविंद पानसरे,कलबुर्गी और गौरी लंकेश जैसे अनेक लोगों की हत्याएँ की गई l उनको मारकर उनके विचारों को नहीं मारा गया l विचार तो हमेशा धाराप्रवाह की तरह रहते हैं l ऐसे ही भारत के संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ.भिमराव अम्बेडकर की मूर्ति को जूतों की माला पहनाकर उनके विचारों ख़त्म करना चाहते हैं ,यह कितना घृणास्पद कार्य है l इससे आक्रोशित जनता का आक्रोश रास्ते पर फूटकर आया तो सरकार ने पुलिस के द्वारा गोलियाँ चलाई, दंगा-फसाद करने वाले लोगों ने गरीब लोगों के घर जला दिए गए l यह समाचार मीडिया के माध्यम से समग्र देश में फ़ैल गया l इसे आधार बनाकर हिंदी दलित साहित्य में ओमप्रकाश वाल्मीकि कृत 'घुसपैठिये' कहानी संग्रह के अंतर्गत 'मुंबई कांड' कहानी लिखी गई l जिसमें सुमेर नामक अम्बेडकरवादी दलित युवक की अवस्था का वैचारिक चित्रण दिखाई देता है l इस घटना से क्रोधित होकर 'मुंबई कांड' कहानी का नायक सुमेर अपने दफ्तर में कार्यरत गुप्ता नामक सहकर्मी द्वारा उकसाने से परेशान होकर जिस तरह से बाबासाहब की मूर्ति का अपमान किया गया है, उसी तरह से उसके बदले में हम भी किसी मूर्ति को जूतों की माला पहनाकर उसका अपमान करना चाहिए l इस भाव से नायक सुमेर शहर में घूमकर अलग-अलग मूर्तियों के इर्द – गिर्द घूमकर महात्मा गांधी की मूर्ति को जूतों की माला पहनाकर अपमान करना चाहता है लेकिन बुद्ध और आंबेडकर के विचारों से प्रेरित होने से पढ़-लिखकर उसमें प्रज्ञा जागृत होती है l यह विचार बदले की भावना को नकारकर बदलाव को स्वीकृत करता है,सुमेर के विचार में परिवर्तन होता है , उसे एहसास होता है कि यह विचार न बुद्ध का है ,न ही बाबासाहब का है l सुमेर के मन की दशा और दिशा का अंकन प्रस्तुत शोध-प्रपत्र में किया गया है l

बीजशब्द–

अम्बेडकरवाद,मनुवाद,भारतीय,दलित,आक्रोश,परिवर्तन,समता,स्वतंत्रता,न्याय,आत्मसम्मान,परिवर्तन,सरकारी दफ्तर,सुमेर,गुप्ता ,समाचार ,पुलिस फायरिंग,मुंबई,मूर्ति,जूतों की माला और आंदोलन आदि l

भारतीय इतिहास में आपस में झगड़ा लगाने वाली एक विचारधारा है,जो मानव -मानव में भेद कराती है , राजनीति करने के लिए ,लोगों में भय पैदा करने वाले लोग आतंकवादियों से खतरनाक है, जो समतामूलक विचारधारा को समाप्त करने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं l उसका नाम है-कट्टर मनुवादी विषम विचारधारा। इसे समाप्त करने के लिए अम्बेडकरवादी विचार ही विकल्प है। अम्बेडकरवाद की अवधारणा को विश्लेषित करते हुए प्रो.दामोदर मोरे मोरे ने लिखा है –''मानवी जीवन को सुंदर करने वाली संवेदना ही अम्बेडकरवाद है l जागृति की ज्वाला जलाये रखनेवाली संवेदना ही अम्बेडकरवाद है l संघर्ष और शोषण के खिलाफ संगठित होकर उठाई हुई बुलंद आवाज अम्बेडकरवाद है l भारतीयों की दीनता ,दुख,दासता और दरिद्रता की गुणकारी दवा है l बुद्ध के चेहरे का स्मित दिन दुखियों के चेहरे खिलाना अम्बेडकरवाद है l एक दूसरे के अस्तित्व और अस्मिता का रक्षण एवं सम्मान करने का सदभाव ही अम्बेडकरवाद है l अम्बेडकरवाद एक जीवन दृष्टि है l''[1] इससे प्रतीत होता है कि अम्बेडकरवाद एक दूसरे का सम्मान करता है l मनुष्यों में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए l अगर मनभेद होता है तो अगला रास्ता नफरत का होता है l नफरत से मनुष्य जीवन जी नहीं सकते बल्कि हमें सरल ,सकारात्मक जीवन जीकर मानव –प्रेम की बात करनी चाहिए l अमानवीय को मानवीय बनाना चाहिए l अतार्किक को तार्किकता से उत्तर देना चाहिए l बुद्ध ,आंबेडकर के विचार प्रज्ञा,शील और करुणा से ओतप्रोत है l सत्य के पक्षधर बनकर हमें हमारा जीवन यापन करना है l 'सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं' , इस विचार को हमें अमल में लाना चाहिए l 'ईंट का जवाब पत्थर से देना'इस मानसिकता का 'मुंबई कांड' कहानी में विरोध करते हुए इसका जवाब प्रेम, स्नेह ,आत्मीयता और वैचारिक के माध्यम से देना चाहिए l प्रस्तुत कहानी का नायक सुमेर मुंबई की घटना से तनाव में ही दफ्तर पहुँच चुका था l जिस समय मायावती उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री थी उस समय शहरों के नाम विश्वविद्यालय के नाम धडाधड बदले जा रहे थे और सरकारी दफ्तर में इससे परेशान गुप्ता नामक सहकर्मी, कहानी का नायक सुमेर का वर्णन करते हुए लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं-''पूरा दिन तनाव में ही बीता था l आजकल दफ्तरों में राजनीतिक चर्चाएँ कुछ ज्यादा ही होने लगी हैं l वह अक्सर इन चर्चाओं से दूर रहता है फिर भी लोग घसीट ही लेते हैं l आज भी गुप्ता ने उसे नाम लेकर कहा था, ''क्यों सुमेर ,आजकल तो धड़ाधड शहरों के नाम बदले जा रहे हैं l अपने शहर का नाम कब बदलवा रहे हो ?''[2] इससे प्रतीत होता है कि एक आरक्षित वर्ग की जगह पर सुमेर नौकरी कर रहा था l उसका सहकर्मी राजनीतिक बात करके सुमेर को छेड़ने की कोशिश कर उसे उकसाने लगता है l क्योंकि उस समय मायावती सुमेर की बिरादरी से आती थी वह मुख्यमंत्री थी l दफ्तर में राजनीतिक चर्चाएँ करना उस समय और आज भी आम बात है लेकिन हमेशा से ही सवर्ण जाति के कर्मचारी के द्वारा निचली जाति के कर्मचारी का मानसिक शोषण किया जाता है l ऐसा ही मानसिक शोषण सुमेर का गुप्ता द्वारा किया जा रहा है ,ऐसा प्रतीत होता है l मायावती की सत्ता के दौरान शहरों के नाम रफ़्तार के साथ बदले जा रहे थे , इसका कारण यह है कि मायावती अम्बेडकरी आंदोलन के कारण मुख्यमंत्री बन चुकी थी, जो मान्यवर कांशीराम के नेतृत्व में किया जा रहा था l मान्यवर कांशीराम महाराष्ट्र की दलित पैंथर और रिपब्लिकन आंदोलन से प्रेरणा लेकर यह आंदोलन उत्तरप्रदेश लेकर गए l बहुजन समाज पार्टी का निर्माण जब हुआ था तब महाराष्ट्र में मराठवाडा विश्वविद्यालय,औरंगाबाद का नाम बदलकर बाबासाहब डॉ .भिमराव अम्बेडकर जी का नाम देने के लिए 16 वर्ष निरंतर संघर्ष दलित पैंथर और रिपब्लिकन पार्टी जैसे अनेक आंबेडकरवादी संगठन आन्दोलन चलाते रहे l जिसमें अनेक भिमसैनिक शहीद हो गए l बाबासाहब के नाम के लिए जी जान लगाकर आन्दोलन कर रहे थे l इससे प्रेरणा लेकर मान्यवर कांशीराम जी यह भलीभांति जान चुके थे कि संसदीय प्रजातंत्र में संसद और विधानसभा में हमारा बहुमत अगर होगा तो हम आसानी के साथ विश्वविद्यालय हो ,शहर हो उसका नाम बदल सकते हैं l उन्होंने जो कहा था वह काम मायावती को मुख्यमंत्री बनाने के बाद प्रत्यक्ष रूप में होने लगा l राजनीतिक सत्ता की चाबी ऐसी चाबी है जो एक समय अनेक दरवाजे हम खुलवा सकते हैं। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन के साथ राजनीतिक परिवर्तन उत्तरप्रदेश में करके दिखाया l इससे सवर्ण जातिवादी कट्टर लोगों का नाराज , आहत होना स्वाभाविक था l क्योंकि समानता उन लोगों को मान्य नहीं थी , जो गुप्ता उनका प्रतिनिधि है l हर गाँव, हर दफ्तर में गुप्ता जैसी विचारधारा पालने वाले अनेक लोग दिखाई देते हैं l

भारत में चली आ रही गुलामी की दासता का प्रतीक के रूप में गुप्ता नामक पात्र विद्यमान है ।सुमेर गुप्ता को कहता है कि उकसाओ मत तब गुप्ता चुप्पी साधता है और दफ्तर में ख़ामोशी छा जाती है 1 उस समय के चित्र का वर्णन करते हुए लेखक वाल्मीकि लिखते हैं –'' रात के समाचारों ने उसे और ज्यादा क्षुब्ध कर दिया था 1 वह आक्रोश से भर उठा था 1 समाचारों में पुलिस फायरिंग में मारे गए लोगों की लाशें देखकर वह हतप्रभ रह गया था 1 उसने अपनी साँसे घुटती हुई –सी महसूस की थी 1 गोलियों के जख्म उसने अपने जिस्म पर महसूस किए थे 1''3 इससे ज्ञात होता है कि सुमेर की स्थिति कितनी दयनीय और असहाय हो गई है 1 उसका मन आक्रोश से भर गया था 1 समाचारों से ज्ञात हुआ कि पुलिस फायरिंग में मारे गए लोगों की लाशें देखकर वह अंदर से पूरी तरह से टूट गया था 1 अंदर से उसे बहुत बुरा लगा 1 जो गोलियाँ लोगों को लगी थीं वह गोलियाँ स्वयं सुमेर को ही लगी है ऐसा लगने लगा 1 दलित साहित्य की मूल संवेदना सहानुभूति न होकर स्वानुभूति है 1 इसमें व्यक्ति की जगह समाज को केंद्र में रखा जाता है 1 कोई भी अन्याय ,जुल्म यह व्यक्तिगत न होकर सामाजिक होता है 1 केवल यह सुमेर का दुःख नहीं है 1 जो – जो आंबेडकरवादी इस घटना को देख रहा है ,सुन रहा है ,पढ़ रहा है ,इस घटना से काफी दुखी होकर विद्रोह करने के लिए उठ रहा है 1 उसका क्रोध काफी खतरनाक है 1 समग्र समाज की स्थिति का वर्णन प्रस्तुत कहानी में दिखाई देता है 1 प्रस्तुत घटना महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 11 जुलाई,1997 में घटित हुई थी इसमें मुंबई के पुलिस अधिकारी मनोहर कदम के आदेश पर आक्रोश रैली पर फायरिंग किया गया 1 जिससे अनेक आंदोलक अनुयायियों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था 1 बाबासाहब के विचारों से प्रेरणा लेकर आन्दोलन करने वाले आन्दोलकों पर पुलिस प्रशासन के द्वारा ऐसा करना काफी निंदनीय था ।कहानी का नायक सुमेर राममंदिर बनाने के लिए जो आन्दोलन चला था उसमें शामिल होकर अयोध्या जाना चाहता था लेकिन किसी नेता का भाषण सुनकर वह जा नहीं पाता है क्योंकि बाबरी मस्जिद गिराने की तारीख 6 दिसंबर ही क्यों चुनी थी कारण यह था कि उस दिन बाबासाहब डॉ .भिमराव अम्बेडकर जी का महापरिनिर्वाण हुआ था जो समग्र अम्बेडकरी अनुयायियों के लिए समग्र शोषितों के लिए यह विश्वास और प्रेरणा का दिवस था 1 इस दिन को चुनना विषम समाज के ठेकेदारों का षड्यंत्र था 1 लेकिन किसी एक नेता का भाषण सुनकर सुमेर इसमें हिस्सा नहीं लेता 1 अब अम्बेडकर की मूर्ति की अवमानना और तत्पश्चात आक्रोशित जनता पर फायरिंग करने के बाद उसके समझ में सारी बाते आने लगी 1 गुप्ता उसका सहकर्मी सुमेर को हमेशा नीचे दिखाने की कोशिश करता था 1 इसमें भी बुद्ध और आंबेडकर के विचारों के कारण सुमेर में परिवर्तन दिखाई देता है ,उसको गुलामी का एहसास होता है 1

मुंबई कांड की घटना से उसके मन में अनेक सवाल खड़े होने लगे 1 प्रस्तुत घटना का विरोध दिल से करने की वह सोच रहा था 1 इसकी जद्दोजहद का वर्णन करते हुए लेखक वाल्मीकि लिखते हैं –''लेकिन समस्या थी ,विरोध किस प्रकार किया जाए 1 कई विचार मन में आ रहे थे 1 कलेक्टर के कार्यालय में जाकर विरोध दर्ज करे ,लेकिन वहाँ पहुंचना ही एक मुश्किल काम था 1 एक विचार यह भी आया कि बड़े –बड़े अख़बारों में अपना वक्तव्य दे 1 लेकिन अखबारों का रवैया उसने पिछले कई मौकों पर अच्छी तरह देखा था 1 उसकी विश्वसनीयता संदिग्ध थी 1''4 प्रस्तुत उद्धरण से समझ में आता है कि सुमेर मुंबई में घटित घटना से काफी नाराज और अंदर से उसका मन असहज बन गया है 1 उसकी अस्मिता ,उसके आदर्श का इतना अपमान वह सहन नहीं करता है और अंदर से अपना संवैधानिक मार्ग से विरोध प्रकट करना चाहता है ।यहाँ की प्रशासन व्यवस्था को वह ज्ञापन सौंपना चाहता है लेकिन वहाँ पर पहुंचना कठिन काम था 1 मीडिया में जाकर अपनी बात वह करना चाहता है लेकिन उसकी विश्वसनीयता में यकीन नहीं था 1 उसमें काफी पक्षपातपूर्ण रवैया रहता है जो अतीत में घटित घटनाओं से काफी परेशान हो गया था 1 बाद में सुमेर के मन में यह भी आता है कि किसी सांसद या विधायक से मिलकर अपना विरोध करना चाहता था लेकिन वह भी नहीं कर पाता क्योंकि सांसद की व्यस्तता काफी थी 1 उसके इलाके का विधायक उस दल का था जिसकी मुंबई में सरकार चल रही थी उस समय मुंबई में जब यह घटना घटित हुई तब भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना की सरकार चल रही थी 1 सन 1997 में यह घटना हुई थी 1 इसलिए उस विधायक के पास भी वह जा नहीं सका। आत्महत्या का विचार भी उसके मन में आया। अंत में किसी मूर्ति का अपमान करके बदला लेने का मन करता है। इसके बाद होनेवाले दुष्परिणामों पर भी विचार कर चुका था। मूर्ति को अपमानित करने की सोचता है सुबह होते ही जूतों की तलाश करता है 1 उस दिन वह दफ्तर भी नहीं जा पाता है 1 सुमेर जैसे घर से बाहर निकलता है वैसे ही उसको रास्ते में जयराम रवि जो हाल ही में नेता बना हुआ था उसको सुमेर पूछता है कि मुंबई की घटना पर आपकी प्रतिक्रिया क्या है बाबासाहब की मूर्ति का मुंबई में अपमान हुआ है 1 ,दलितों पर गोलियाँ चलाई गई ,लोग घायल हुए हैं ,कुछ न कुछ आपको विरोध करना चाहिए 1 अपने ही बिरादरी के नेता को जब सुमेर पूछता है तब उस नेता और सुमेर के बीच में जब संवाद हुआ तो उस संदर्भ में लेखक वाल्मीकि लिखते हैं –''सुमेरजी,मैं थोड़ा जल्दी में हूँ ...शाम को आकर बात करूँगा अभी मीटिंग में जाना है ।मुख्यमंत्री नगर में आ रही है 1 रैली करनी है 1 बस उसी के लिए जाना है ...''जयराम ने अपनी व्यस्तता दिखाई 1 वह उखड गया, ''जाओ रैलियाँ करो ...वे सब तुम्हारा इस्तेमाल कर रहे हैं 1 वक्त आने पर कीड़े –मकौड़े की तरह गोलियों से भून दिए जाओगे 1''5 प्रस्तुत संवाद से प्रतीत होता है कि सुमेर सामाजिक आन्दोलन की बात कर रहा है क्योंकि मुंबई में जो हादसा आंबेडकर अनुयायियों पर हुआ है उसका विरोध करने के लिए अपने ही समाज के नए –नए बने नेता जयराम रवि के पास केवल विरोध करने के लिए समय नहीं है क्योंकि मुख्यमंत्री की रैली की तैयारी करनी है 1 केवल यह एक दलित नेता का यह वक्तव्य नहीं है, समग्र अम्बेडकरी आन्दोलन से उपजे हुए नेता जब आन्दोलन से नेता बनते हैं और राजनीतिक स्वार्थ हेतु अपने आपको राजनीतिक दाँव पर लगाते हैं, उनको अपने समाज से ज्यादा अपने राजनीतिक सत्ता की चिंता सताती है 1 जयराम रवि की इस बात पर वह उखड जाता है और कहता है कि आप जाओ और रैलियाँ करो ,आप भी कीड़े मकौड़े की तरह गोलियों से भून दिए जाओगे 1 आप अगर अन्याय को सहन करोगे उसका प्रतिरोध नहीं करोगे तो तुम्हारी स्थिति भी एक दिन ऐसी ही बन जाएगी 1 आन्दोलन के साथ हमें रहकर उसका मुकाबला करना चाहिए 1 नहीं तो हम पर अन्याय करने वालों का जवाब नहीं देंगे तो उसका काफी मात्रा में नुकसान उठाना पड़ता है 1 दलितों के लिए राजनीतिक सत्ता से पहले सामाजिक सम्मान और सामाजिक आन्दोलन की जरुरत काफी अहमियत रखती है 1 नेता के रवैये से सुमेर अंदर से क्रोधित होता है और होनेवाले नुकसान से परेशान होता है 1 मुंबई जैसी घटना यहाँ पर भी हो सकती है इसकी चेतावनी वह देता है 1

बाबासाहब की मूर्ति का अपमान हुआ था ,उसका बदला लेने की वह सोच रहा था 1 जगह –जगह जूतों की तलाश करने लगता है 1 इलाहाबाद के उस शहर से सात जूते मिलते हैं 1 घर में उस जूतों को लेकर वह जाता है और माला बनाने के लिए रस्सी मिलने के बाद माला बनाने लगता है ,माला बनाते –बनाते इसका उपयोग किस मूर्ति के लिए किया जाए 1 उसक आक्रोश किस मूर्ति पर उतारें 1 शहर में चार मूर्तियाँ थी बाबासाहब ,गांधीजी ,नेहरुजी और पटेलजी की 1 माला बनाकर वह थैले में रखता है 1 मुंबई कांड की तस्वीरें उसके सामने आने लगी थी 1 उसको अपमान महसूस होने लगा 1 बाबासाहब का सारा आन्दोलन उसके सामने आने लगा 1 इस संदर्भ में एक उदहारण दृष्टव्य है –''उसे 'हरिजन' शब्द पर होनेवाली बहस याद आने लगी 1 पुस्तकों में पढ़ी गोलमेज परिषद ,पूना पैक्ट ,अम्बेडकर का महाड आन्दोलन याद आने लगा 1 दफ्तर में गुप्ता का चेहरा उसकी स्मृति को झकझोर रहा था 1 उसे लगा गांधी की मूर्ति को ही अपना निशाना बनाएगा 1 इस विचार के आते ही वह उठ खड़ा हुआ 1 जल्दी से थैला उठाया और चुपके से अभियान पर निकल पड़ा 1''6 प्रस्तुत वर्णन से ज्ञात होता है कि हरिजन शब्द पर बाबासाहब से लेकर अब तक के आंबेडकरवादी विचारक ,चिन्तक की बहस सुमेर के सामने आने लगती है 1 बाबासाहब के द्वारा चलाए गए आन्दोलन से शोषित –पीड़ित ,वंचित ,मजलूम लोगों के हक़ –अधिकारों के लिए आवाज विभिन्न परिषद और आन्दोलन के माध्यम से लोगों को एकत्रित करने वाले बाबासाहब के विचार सुमेर के सामने आने लगे 1 जिससे उनका संघर्ष आँखों के सामने आने लगा 1 अन्याय करने वालों से अन्याय सहने वाला सबसे बड़ा गुनाहगार होता है 1 यह बात सुमेर के सामने आने लगती है 1 तो उसका मूल उद्देश्य बदले के भाव से वह गांधीजी की मूर्ति का अपमान करके बदला लेना तय करता है और अपने नियोजित अभियान पर चलता है 1 गांधीजी की मूर्ति को माला पहनाने के लिए सुमेर निकलता है 1 एक महात्मा जिन्हें राष्ट्रपिता नाम से नवाजा गया और अपने मरते दम तक अहिंसा का रास्ता पकड़ा उस महापुरुष को जूतों की माला पहनाने का मन करता है तब अंदर से घीन आती है

इसका वर्णन करते हुए कथाकार वाल्मीकि लिखते हैं ‘‘उसे लगा जैसे मूर्ति का भोलापन और अधिक उभर आया है l उसे झटका सा लगा, ‘अरे इस मूर्ति के गले में जूतों की माला’l उसे क्षण –भर को स्वयं पर ग्लानि होने लगी लेकिन यह अहसास ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया l अपमान और प्रतिशोध की भावना ने जोर मारा lअखबारों की सुर्खियाँ और समाचारों में देखें रक्त-रंजित चेहरे सामने आने लगे l उसने मन कडा किया l घृणा से मूर्ति की ओर देखा l मूर्ति के चेहरे पर उसे उपेक्षा भाव दिखाई देने लगा l ’’7 प्रस्तुत उद्धरण से प्रतीत होता है कि सुमेर बदले के भाव से महात्मा गांधीजी की मूर्ति को जूतों की माला पहनाने का तय करता है तब उसे उस मूर्ति की ओर देखने के बाद ध्यान में आता है कि मूर्ति का भोलापन उभरने से उसको अचानक लगता है कि इस महापुरुष की मूर्ति को जूतों की माला ? उसे क्षण भर के लिए ग्लानि आती है लेकिन यह भाव उसके मन में ज्यादा देर तक टिक नहीं पाता है l क्योंकि प्रतिशोध का भाव और अधिक तेज होता है ,अखबारों के समाचार ,दलित लोगों को जो जी –जान से मारकर उन पर अमानवीय अन्याय किया गया था l वह सारे चित्र सुमेर के सामने आने लगे l इससे ग्लानि का परिवर्तन घृणा में हो जाता है l

गांधीजी की मूर्ति के चेहरे का भाव उपेक्षा से भर जाता है l सुमेर गांधीजी की मूर्ति में से ऐनक और लाठी निकालने की सोचता है l लोग वहाँ से चले जाने के बाद वह माला पहनाने वाला था l एक –एक जूतों की माला लेकर वह उठ खड़ा हुआ l वह आगे बढ़ने के लिए एकदम तैयार था l उतने में उसके मन में विचार आता है कि यह रास्ता ठीक नहीं है l बदले का भाव मानव का नाश कर सकता है l नफरत को प्यार में बदलना मानवीयता का लक्षण है l इस संदर्भ में ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं -‘‘उसने जैसे ही कदम आगे बढाया ,उसके मस्तिष्क में एक विचार कौंधा l क्षण – भर के लिए उसे लगा जैसे विद्युत् तरंगे उसके जिस्म में तैर गई हैं l वह ठिठक गया, ‘‘अरे !मैं यह क्या कर रहा हूँ l मुंबई में किसी ने मेरे विश्वास पर चोट की और मैं यहाँ किसी की आस्था पर चोट करने जा रहा हूँ l कुछ गांधी को ‘बापू’ कहते हैं और कुछ अम्बेडकर को ‘बाबा’ : वहाँ ‘बाबा’ कहनेवाले मारे गए ,यहाँ ‘बापू’ वाले मारे जा सकते हैं l ‘बाबा’ कहनेवाले पर भी गाज गिर सकती है l जो भी हो मारे तो निर्दोष ही जाएँगे l ’’8 प्रस्तुत वर्णन से प्रतीत होता है कि किसी ने हमें छेड़ा या एक गाल पर थप्पड़ मारा तो हमें उन्हें विरोध नहीं करना चाहिए l सामनेवाला नफरत करता है तो उसके साथ प्रेम से पेश आना चाहिए l मुंबई में किसी समाजद्रोही व्यक्ति ने आपस में झगड़ा लगाने के लिए करोड़ों लोगों की अस्मिता बाबासाहब डॉ.भिमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर जूतों की माला पहनाकर अपमान किया था, उसके विरोध में रैली निकाली गई थी l आन्दोलकों पर लाठीचार्ज किया गया जिसमें अनेक लोगों पर गोलियाँ बरसाई गई l इससे समग्र भारत खासतौर पर उत्तरप्रदेश में इसके काफी असर दिखाई दिए थे l सरकारी कार्यालय में काम करनेवाले एक अनुसूचित जाति के कर्मचारी के मन में इस घटना के प्रति क्रोध दिखाई देता है तथा इसका विरोध करने के लिए अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल करता है l बाद में महात्मा गांधीजी की मूर्ति का अपमान करना चाहता है l लेकिन इससे और दंगा भड़क जाएगा,यह उसकी समझ में आता है l मेरी आस्था और प्रेरणा पर किसी ने चोट की है, मैं दूसरे की प्रेरणा और आस्था पर क्यों चोट करूँ l यह रास्ता विनाश की ओर ले जानेवाला है l सुमेर के यह ध्यान में आता है कि हमें कट्टर साम्प्रदायिक शक्तियों की जड़ों को पानी नहीं डालना चाहिए , उस बीज को अंकुरित नहीं होने देना l मुंबई में जो घटना हुई वह मानव के लिए काफी खेदजनक है l रास्ता हमारा संवैधानिक मार्गों का होना चाहिए। आपस में समानता का भाव हमें रखना होगा l

निष्कर्ष :-

निष्कर्षतः कहा जाता है कि भारत भूमि में अनेक विचारों का निवास है। विश्व में भारत को बुद्ध के विचारों से जाना जाता है l सभी मनुष्य प्राणी समान है, यह भाव उनके विचारों में निहित है। भारत सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है। इस सबसे बड़े लोकतंत्र के देश का संविधान निर्माण करने वाले बाबासाहब डॉ .भिमराव अम्बेडकर के विचारो में स्वतंत्रता ,समानता ,भाईचारा और न्याय के साथ–साथ प्रबुद्ध ,तर्कनिष्ठ ,वैज्ञानिकता और समतामूलक समाज निर्माण का संगम दृष्टिगोचर होता है। प्रस्तुत कहानी में इन विचारों का प्रत्यक्ष रूप में प्रयोग दिखाई देता है। नायक सुमेर का मन मुंबई में घटित घटना से आक्रोशित हुआ है, बदले का भाव बदलाव में परिवर्तित होता है l भावुक होकर कोई भी निर्णय नहीं लेना चाहिए क्योंकि इससे काफी नुकसान उठाना पड़ता है विचार करके अगर कोई निर्णय हम लेते हैं तो उसके नतीजे भी सकारात्मक होते हैं ,जैसे कहानी का नायक सुमेर बाबासाहब और बुद्ध के विचारों से प्रेरित होकर संभावित धोखे से बचता है lअम्बेडकरवादी विचार में परिवर्तन, आत्मसमान के साथ –साथ दूसरे की अस्मिता और अस्तित्व का आदर करते हुए सदभाव की प्रतिष्ठापना करना है l लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि जी ने प्रस्तुत कहानी में सुमेर के माध्यम से बुद्ध और बाबासाहब के विचारों को स्थापित करते हुए नजर आते हैं , जो मन परिवर्तन का उत्कृष्ट उदाहरण है.

******

संदर्भ :

1.इक्कीसवीं सदी के हिंदी साहित्य में दलित विमर्श : प्रधान संपादक –डॉ रमेश कुमार (अम्बेडकरवादी साहित्य में विद्रोही संचेतना का सौन्दर्य –प्रो.दामोदर मोरे), नटराज प्रकाशन ए -507/12, साउथ गामडी एक्स .दिल्ली -110053, पहला संस्करण :2018, पृष्ठ.सं -28

2.घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -30

3. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -30

4. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -31

5. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -32

6. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -33

7. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -34

8. घुसपैठिये :ओमप्रकाश वाल्मीकि , राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड जी-17,जगतपुरी ,दिल्ली -110032, पहला संस्करण :2003 , पृष्ठ संख्या -34 और 35

'उस चिड़िया का नाम' उपन्यास में अभिव्यक्त उत्तराखंड का दुर्गम जीवन

अजय सिंह रावत
शोधार्थी
हिंदी अध्ययन केंद्र
भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, गाँधीनगर, गुजरात
मो. 8076034790

शोध-सार:-
पंकज बिष्ट द्वारा रचित 'उस चिड़िया का नाम' मस्तिष्क को झकझोरने वाला उपन्यास है। उत्तराखंड के दुर्गम जीवन का वर्णन इस उपन्यास में बखूबी मिलता है। लेखक ने उपन्यास को 'पहले दिन' से लेकर 'बाईस दिनों' में बाँटा है| उपन्यास उत्तराखंड की ग्रामीण संस्कृति को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। उपन्यास दर्शन का पुट लिए हुए हैं| रूढ़िवादिता और आधुनिकता का द्वंद उपन्यास में दिखलाई पड़ता है| मनुष्य के जीवन में मृत्यु अटल है किंतु उसके पास इस विषय पर सोचने का समय नहीं होता| यह उपन्यास जीवन-मृत्यु के सवालों की शिनाख्त करता है| गांव से जुड़े व्यक्ति का मन गांव की सुंदरता और विडंबना को समझता है| इसीलिए इस उपन्यास के मुख्य पात्र शहरी परिवेश से होते हुए भी द्वंद में फंसे दिखलाई पड़ते है| दोनों ही शहर में रहते हैं| पिता की मृत्यु हो जाने पर दोनों जब गांव आते हैं तो उन्हें अंचल में दुर्गम जीवन और नारी शोषण का गंभीर स्तर देखने को मिलता है.

बीज शब्द–उपन्यास, उत्तराखंड, उत्पीड़न, दुर्गम जीवन, पहाड़ी जीवन, समस्याएँ|

उपन्यास में दुर्गम नारी जीवन एवं उत्पीड़न 'उस चिड़िया का नाम' (प्रथम प्रकाशन 1989) पंकज बिष्ट का पहाड़ी जीवन के चित्रण का सफल प्रयास है| पहाड़ की स्त्रियों की दयनीय स्थिति, पुरुषों द्वारा उनके शोषण, उनकी करुण मृत्यु आदि प्रसंगों में लेखक की गहरी संवेदनशीलता स्पष्ट परिलक्षित होती है| लेखक ने उपन्यास में 'चिड़िया' का प्रतीकात्मक प्रयोग किया है, जो कथा को एक विशेष प्रकार की मार्मिकता प्रदान करती है|"[1] "उत्पीड़न किसी व्यक्ति या समुदाय के साथ किसी अन्य व्यक्ति या समुदाय द्वारा किया गया नियोजित व हानिकारक दुर्व्यवहार होता है| यह दुर्व्यवहार जाति, धर्म, नस्ल, लिंग, राजनीति या अन्य किसी आधार पर हो सकता है|"[2] 'उत्पीड़न को सामान्य बोलचाल की भाषा में जबरदस्ती, दबाव,अवपीड़न अथवा बल प्रयोग भी वह सकते हैं|"'उनका' उस चिड़िया का नाम' (1989) कुमाउनी समाज के मूल अन्तर्विरोध स्त्री की स्थिति और नियति को उठाता है| इसी प्रक्रिया में वह जड़ों की तलाश करता हुआ समूची परम्परा और इतिहास की गहरी और गंभीर पड़ताल करता है|... "[3]

"पर पार्वती उसे लगातार आकर्षित कर रही थी| हल्के साँवले रंग की यह लड़की काफी गठे बदन की थी| असल में पहाड़ के गाँवों में इस तरह की स्वस्थ औरतें कम ही देखने को मिलती हैं| संभवतः विवाहित न हो, उसने सोचा| विवाह के बाद औरतों को बच्चे और जमीन खा जाती है| मर्दों की भूमिका भी इसमें कम महत्त्वपूर्ण नहीं रहती| पार्वती के चेहरे पर एक जबर्दस्त आकर्षण था, कल के मौत के हंगामे और धक्के के बावजूद| असल में उसका स्वास्थ्य सिर्फ यौवन का परिणाम था| युवावस्था के बाद भी अगर किसी को स्वस्थ रहना है तो प्रयत्न करना पड़ता है-वह अपने आप से कह रही थी, पर वह जानती थी पहाड़ में ऐसा हो नहीं सकता| विशेषकर औरतों की जिंदगी का यहाँ उस तरह का कोई अर्थ ही नहीं था| वे बनी ही छिलपट्टों की तरह तेजी से जलने के लिए हैं|"[4]उत्तराखंड के अंचल इलाकों में कई लोक कथाएँ प्रचलित है जिनमें स्त्री के जीवन संघर्ष एवं प्रताड़ना के अंश मिलते हैं|

मूलभूत सुविधाओं की कमी -
मौसम की दृष्टि से उत्तराखंड के अंचल ठंडे होते है| गांवों में आज भी गरीबी, दरिद्रता है| कई लोगों के पास आज भी ठंड में पर्याप्त कपड़े नहीं है| इसका वर्णन उपन्यास में भी मिलता है-"लड़की सहमी खड़ी थी, जाड़े से बचने के लिए उलटे हाथ से अपनी साड़ी से चेहरे के निचले हिस्से को ढके, इससे उसकी बाईं आँख भी लगभग छिप गई थी| अब उसने नोट किया कि लड़की कैसिम्लोन का एक हल्का-सा स्वेटर पहने थी, जो इस ठंड में अपर्याप्त था|"[5] "देखते-देखते सुरेंद्र की लटें पत्थरों पर गिरने लगीं|हो सकता है कुछ ज्यादा समय लगा हो और एकाध जगह कटा भी हो, पर कुल मिलाकर पौडत जी ने चमत्कार ही कर दिया था| उस समय रमा तक को ध्यान नहीं आया कि ब्लेड के कटे से टैट्नस तक हो सकता है| अब तक एक अलग ही तरह के अफसोस ने उसे घेर लिया था| इस तरह की कमियाँ और छोटी-छोटी चीज के लिए असमर्थता वह पहली बार देख रही थी| समस्याएँ तो किसी तरह सुलझ ही जा रही थी, इस पर भी उसकी घबराहट और असुरक्षा कम नहीं हो पा रही थी|"[6]उत्तराखंड में छोटे साफ पानी के कई गधेरे(नाले) हैं| ये छोटी तथा बड़ी नदियों के जल सहायक है| पानी की कमी नहीं है किंतु व्यवस्था सुचारू न होने से पानी की किल्लत होती है|"न जाने कब ताई उसके साथ आ खड़ी हुई थी|"ये नल को क्या हो गया है ?" उसने पूछा|"कौन जाने हो| शायद वहाँ कुछ अटक गया लगता है|" ताई ने कहा|"ये पानी आता कहाँ से है ?" उसने नल की ओर इशारा किया|"उधर गधेरे से, ऊपर से लिया है| यहाँ से दो मील तो होगा|"नौले सूख गए हैं ?" रमा ने फिर पूछा| उसे जैसे पार्वती के कहने से यकीन नहीं हुआ था| पहले तो उसमें इतना पानी होता था कि गाँव की जरूरत हीं पूरी नहीं हो जाती थी, बल्कि बेकार बहता भी रहता था|"[7]

चिकित्सा सुविधा की समस्या :-
"यद्यपि इस सबकी उसे पूर्व जानकारी थी, फिर भी वह साइकिल से पाँच मील दूर जाकर एक-ऐक दुकान को छान आई थी| तब कहीं उसने लोगों को दौड़ाया था| एक आदमी रानीखेत और दूसरा रामनगर की ओर भेजा गया| जब तक वह पहुँचे होंगे, तब तक इधर को आनेवाली आखिरी बसें छूट चुकी होंगी| इतनी अकल किसी में है नहीं कि टैक्सी लेकर आ जाए| फिर यहाँ इतने रुपए भी होंगे, यह नहीं कहा जा सकता था| टैक्सी न जाने कितना माँगे| वैसे यही कौन-सी गारंटी थी कि रानीखेत या रामनगर में दवाएँ मिल ही जाएँ, उन्हें और आगे न जाना पड़े|"[8] "...मासी और चौखुटिया बाजारों में 'कैमिस्ट' थे ही नहीं| जो लोग डॉक्टरी के नाम पर धंधा कर रहे थे, वही असल में दवा भी बेचते थे| उनके पास कुछ एक पेटेंट दवाओं के अलावा अनजानी कंपनियों की असली-नकली न जाने कैसी-कैसी दवाएँ थीं|"[9]

जीवन यापन की समस्या :-"हरीश ने चिढ़कर कहा, "कल मुझसे भाभी कह रही थी, हमारा भी वहीं-कहीं इंतजाम कर दो| यहाँ बच्चों का भविष्य नहीं है|"पढ़े भी होते तो हाईस्कूल कर कहीं चपरासगिरी कर रहे होते या फिर तुम्हारे पा ही इतना पैसा होता कि चलो अपने बच्चों को नैनीताल-अल्मोड़ा पढ़ा पाते! आपकी अर्थव्यवस्था तो यह है कि आपको अपनी खेती में भी पैसा लगाना पड़ता है| दुनिया में शायद ही कोई और ऐसा धंधा हो, जैसी हमारी खेती है, जो कुछ देने की जगह लेने लगी है-श्रम भी और पूँजी भी| ऐसे में, अपने दिल पर हाथ रखकर सुरेंद्र दा, यह बतला कि तू क्या खुद यहाँ रहना चाहता है?"[10] "भवाली में उसकी एक सहेली थी | उनका एक घोड़ा था| उन दिनों सड़कें इतनी नहीं थीं| सहेली के पिता जी डाक्टरी जैसी कुछ करते थे| घोड़े की देखभाल और घासपात लाने के लिए उन्होंने एक नौकर रख रखा था| एक बार वह नौकर घास लेने गया और लौटा ही नहीं| जब तीन दिन तक वह नहीं लौटा तो मालिकों ने मान लिया कि नौकर कहीं भाग गया है| पर अचानक तीन दिन बाद कुछ घसियारों को एक गधेरे में एक आदमी कराहता हुआ मिला| देखा तो वही नौकर था| हुआ यह था कि वह एक चट्टान से फिसल गया था और सैकड़ों फिट लुढ़ककर नीचे गधेरे में जाकर रुका था। उसकी किस्मत अच्छी थी, जो किसी जंगली जानवर ने उसे खाया नहीं| वह सारा इलाका तब काफी घने जंगलों से घिरा हुआ था|जब वह लाया गया था तो रमा ने भी उसे देखा था| उसका चेहरा ही नहीं, बल्कि सारे कपड़े भी जसे खून से सने थे| वह मरणासन्न-सा कराह रहा था| रमा को तब लगा था, यह मर जाएगा, पर वह बच गया था|"[11]

बुजुर्ग एवं दुर्गम जीवन की समस्या -
"बुआ लगभग जवानी में ही अंधी हो गई थी| बहुत हुआ तो 40-45 की उम्र तत्काल लाया भी नहीं जा सका| फिर छोटे भाई की अचानक मौत के

में समझो| इधर चूँकि उसकी तबीयत बहुत खराब हो गई थी, इसलिए उसे समाचार ने उसे बावला ही कर दिया| रमा ने बुआ को पहले बचपन में देखा होगा, जब माँ के मरने पर वह गाँव लाई गई थी, कुछ महीनों के लिए | ताई ने उसे बताया था कि उन दिनों बुआ अक्सर ही दस मील की दूरी तय कर रमा से मिलने आ जाती थी, अपने छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर और शाम तक लौट जाया करती थी| ताई ने सामने की जब चढ़ाई, जो बुआ के गाँव के रास्ते में पड़ती थी, दिखलाई थी तो रमा अनुमान लगा पाई थी कि पहाड़ में दस मील का क्या अर्थ होता है| बुआ के प्रेम की ऊँचाई का भी वह प्रमाण थी| और आज अगर बुआ अपने भाई की मौत पर पाँच दिन बाद आई थी, तो सिर्फ इसलिए कि वह दूरी अभी भी पैदल ही तय करनी होती है| और अंधी होने के कारण बुआ को अंततः डाँडी में लाना पड़ा था, विकट ढलान में|"[12]

"अरे, तू तो बहुत ही बदमाश है रे हरीश !" बुआ ने प्यार से उसे थपथपाया, "बचपन में तो तू बहुत चुप रहता था!" फिर बोली, "वैसे बेटा, जो भी कह, शायद भगवान आँख बंद होने के बाद ही दिखलाई देते हैं| और बेटा, सच बात तो यह है कि मैंने भगवान देख लिए हैं| अब मेरी किसी भी भगवान को देखने की इच्छा नहीं है| गोबिंद के बाबू से बड़ा भगवान नहीं हो सकता, बेटा! वरना इस पहाड़ी जिंदगी में अंधी औरत को कौन रखता है|

उन्होंने मेरे साथ सारी उम्र निभाया| मुझे कभी महसूस नहीं हुआ कि मेरी आँखें नहीं हैं| जब तक वह रहे, एक दिन भी उन्होंने मुझे अकेले नहीं छोड़ा| उन्होंने असल में मेरे लिए सारी दुनिया छोड़ दी| यह भगवान करेगा ?" बुआ ने अपनी आँखें शून्य में चलाते हुए पूछा| हरीश को ही नहीं, रमा को भी लगा, बुआ फूफा जी को देख रही है|"[13] "बन्द समाज व्यवस्था के भीतर झाँकने और उसमें तोड़-फोड़ मचाने की सफल कोशिश है| उपन्यास का वैशिष्ट्य इसमें भी है कि इस कृति में पंकज बिष्ट ने पर्वतीय अंचल की अस्मिता के संघर्ष को भी अंकित किया है| बाहर के विकास से रहित और अपनी अस्मिता को खोते जा रहे समाजों के दर्द को अभिव्यक्त करता यह उपन्यास उपभोक्तावादी जहर को पहचानता है जिसके शिकार खुद दीवान सिंह बनते हैं और अपनी पारिवारिक दुनिया को उजाड़ बैठते हैं| उपन्यास में उठी कई समस्याएँ आज राष्ट्रीय बहस की भी माँग करती हैं जिसमें पर्यावरण, जल-संकट, पेड़ों की कटाई, पर्वतों का ध्वंश, लोगों के पलायन जैसी समस्याएँ प्रमुखता से उठी हैं|"[14]

निष्कर्ष: उत्तराखंड की संस्कृति एवं सामाजिक परिस्थिति को समझने के लिए यह उपन्यास महत्वपूर्ण है| इस उपन्यास में अंचल क्षेत्र का बखूबी वर्णन है| उपन्यास की विषयवस्तु राज्य की राजधानी देहरादून से दूर अंचल क्षेत्र है| वहां के जीवन यापन की दुर्गमता, शोषण, समस्याएँ उपन्यास में प्रमुख हैं| उपन्यास को सहज और सरल भाषा के माध्यम से गंभीर पाठकों तक पहुँचाने का प्रयास लेखक ने किया गया है| उपन्यास उत्तराखंड के दुर्गम जीवन और स्त्री शोषण को दिखाने में सक्षम है|

******

संदर्भ :-

1.राणा, मंजुला, 'दसवें दशक के हिंदी उपन्यासों में सांप्रदायिक सौहार्द', 'वाणी प्रकाशन', पृष्ठ संख्या28

2.अनुवाद scott rempell, defining persecution, Utah law review, vol. 2013, no.1, 2013

3.मधुरेश, हिंदी उपन्यास का विकास, लोकभारती प्रकाशन, 2009, पृष्ठ- 220|

4.बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स,दूसरा संस्करण,पृ47. -|48

5.बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 11

6. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 36

7. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 48

8. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 14

9. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, पृष्ठ- 14

10. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, 2019, पृष्ठ- 114

11. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, 2019, पृष्ठ- 76-77

12. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, 2019, पृष्ठ- 124-125

13. बिष्ट, पंकज, 'उस चिड़िया का नाम', राजकमल पेपरबैक्स, दूसरा संस्करण, 2019, पृष्ठ-128-|129

14. जोशी, डॉ0 ज्योतिष, 'उपन्यास की समकालीनता', भारतीय ज्ञानपीठ, पहला संस्करण, 2007, पृष्ठ- 51

कालजयी कवि नेपाली की कविता का निहितार्थ

डॉ. विश्वजीत कुमार मिश्र
सहा.प्राध्यापक, हिंदी विभाग,
राजीव गाँधी विश्वविद्यालय, ईटानगर
(अ.प्र.)

रौशन कुमार
शोधार्थी, हिंदी-विभाग
राजीव गाँधी विश्वविद्यालय,
ईटानगर (अ.प्र.)

शोध-सारांश

जनता की आवाज बुलंद करना तथा जागरूकता लाना कवि का परम कर्तव्य होता है। कवि में जमीन-आसमान का परिवर्तन लाने की क्षमता होती है, इसीलिए कवि इतिहास के निर्माता होते हैं। नेपाली जी की कविता का भाव पक्ष बहुत ही उदार है, जिसमें अनेक रस और रंग का समावेश है। यही वजह है कि वे आग और राग के कवि कहे जाते हैं। उनके अनुसार कवि का जीवन एक जगत है। कवि की अनुभूति से जो भाव-लहर उठता है, उससे एक काव्य-संसार की रचना होती है। कविता के भीतर सबकुछ समाहित है। सभी ओर कविता है। नयन में पानी और अधर पर मुस्कान कविता है। हर ऋतु के मनोहर संगीत से कविता बनती है, जिससे कवि-हृदय का खजाना समृद्ध होता है। नेपाली जी ने कवि और कविता की विशेषताओं का अत्यंत ही विस्तृत रूप में चित्रण किया है, जो कि अद्वितीय एवं हदयस्पर्शी है। कवि हृदय की उदारता तथा कविता में निहित विषय की व्यापकता व महता कविता के द्वारा व्यक्त किया जाना यह किसी महान काव्य-प्रतिभा के वश की ही बात है।

बीज-शब्द - कालजयी, काव्य-संवेदना, जागरूकता, परिवर्तन, रससिक्तता, प्रेम का सजीव वर्णन, प्रकृति-चित्रण, राष्ट्र-धर्म, देश-प्रेम, प्रगतिशील-चेतना, नवीन-चेतना।

कवि काव्य-संसार का स्रष्टा होता है। जिस प्रकार ब्रह्मा इस संसार के परिवर्तनार्थ स्वेच्छा से आचरण करता है वैसे ही कवि भी अपनी रचना-संसार में। कवि की कल्पनाशीलता की कोई सीमा नहीं होती है वह अपने काव्य द्वारा समाज में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन लाने में सक्षम होता है कवि को प्रजापति ब्रह्मा की उपमा भी दी गई है-

अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः।
यथास्मै रोचते विश्वं तथा वै परिवर्तते ॥ अग्निपुराणम् ३३९.१०

अर्थात् अपार-काव्य-संसार में कवि ही ब्रह्मा है। उसको जैसा रुचिकर लगता है, वह उसी प्रकार से साहित्य-संसार को परिवर्तित करता है। लेकिन कविकर्म एक बहुत बडा दायित्व है। हमारे कवियों ने अत्यंत तल्लीनता के साथ इस उत्तर दायित्व का निर्वहन किया है। केवल तल्लीनता ही नहीं रससिक्तता के साथ-साथ रसलीनता भी विद्यमान रही है। महाकवि सूरदास रसलीनता का उल्लेख करते हुए कहते हैं-

'नीरस कवि न कहै रसरीति,
रसिक ही रस लीला पर प्रीति।।
(सूरसागर खण्ड-1, पृ. ६६७)

इसी श्रृंखला में हिंदी साहित्य-भंडार में अपनी काव्य-कृतियों से श्रीवृद्धि करने वाले गोपाल सिंह नेपाली का आगमन होता है। नेपाली जी कालजयी कवि हैं। वे छायावादोत्तर काल के ऐसे नामचीन हस्ताक्षर के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिन्होंने अपनी काव्य-कृतियों में समसामयिक परिस्थिति व देश-काल को बखूबी पिरोने का सराहनीय कार्य किया। नेपाली की कविता आधुनिक काल की अप्रतिम उपलब्धि है। छायावादोत्तर काल में रचित कविता में आम-आदमी की भावना की सीधे-सीधे अभिव्यक्ति हुई है। इस अवधि की कविता की विषय-वस्तु सामाजिक सरोकार से सीधे संबद्ध है व सरल रूप में वर्णित भी है। छायावादोत्तर काल के कवियों ने अपनी कविता में स्व-भाव को पर-भाव से मिलाते हुए, सरल भाषा में सीधे व सपाट ढ़ंग से अपने हृदय की बात कही है। इन कवियों से मंचों की भी खूब शोभा बढ़ी। सिनेमा-जगत में इनकी रचनाओं का भव्य स्वागत हुआ। कवि की लोकप्रियता परवान चढ़ी। इस समय की कविता अधिक जनोन्मुख हुई तथा उसका व्यापक प्रसार हुआ। इस काल में एक ही रचना भाव के साथ कविता करने वाले अनेक कवि हुए, जैसे हरिवंश राय बच्चन, आरसी प्रसाद सिंह, भगवती चरण वर्मा, नरेंद्र शर्मा, रामधारी सिंह दिनकर, गोपाल सिंह नेपाली आदि। जिन्होंने एक विशेष युग के निर्माण में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। जिनकी कविताएँ हर जन-मन की अभिव्यक्ति बनकर खड़ी हुईं। जिन्हें लोग सुनना चाहते थे, आज भी उनकी कविताएँ लोग बड़ी चाव से पढ़ते हैं, और सदैव पढ़ते रहेंगे। कहना न होगा कि गोपाल सिंह नेपाली अपने युग के प्रखर कवि थे। वैसे नेपाली किसी वाद से बंधे नहीं, और न ही युगबोध का अतिक्रमण किया। उन्होंने वास्तविकता से कभी मुँह नहीं मोड़ा।

सिनेमा जगत में भी नेपाली का सराहनीय योगदान रहा है। मंचों से उन्हें बहुत ही सम्मान के साथ सुना गया। उन्होंने 'उमंग', 'पंछी', 'रागिनी', 'नीलिमा', 'पंचमी', नवीन, 'हिमालय ने पुकारा' आदि काव्य -संग्रह एवं सैकड़ों गीतों की रचना की। जिनकी कलम स्वाधीन है, जिन्हें लगता है कवि इतिहास के नवनिर्माता होते हैं, जो कवि की क्षमता, ओजस्विता एवं कर्तव्यबोध को समझने वाले हैं, कोई और नहीं, वे महान कवि गोपाल सिंह नेपाली हैं। उन्होंने अपने दायित्व का सदा निर्वहन किया है , वे कहते भी हैं –

लिखता हूँ अपनी मर्जी से, बचता हूँ कैंची-दर्जी से|
आदत न रही कुछ लिखने की, निंदा-वंदन-खुदगर्जी से,
कोई छेड़े तो तन जाती है संगीन कलम मेरा धन स्वाधीन कलम।[1]

गोपाल सिंह नेपाली के व्यक्तित्त्व की निर्मिति संघर्ष की बुनियाद पर हुई थी। वे एक अडिग कश्ती की तरह थे, जो विपरीत धारा में भी निरंतर बढ़ते रहे और स्वयं को परिमार्जित करते गए। वैसे सच्चे साहित्य-साधक किसी विशेष परिस्थिति आने की प्रतीक्षा नहीं करते, बल्कि उसे अवसर मानकर उस वक्त से प्राप्त अनुभव व अनुभूति से सर्जना करते हैं। वे बचपन से एक जगह नहीं रह पाये, इसकी वजह थी उनके पिता फौज में थे। नेपाली का बाल्यकाल सुखकर नहीं रहा। खास कर आर्थिक रूप से जीवन भर सघर्ष करते रहे। उन्हें अकादमिक शिक्षा बहुत ज्यादा प्राप्त नहीं हुई यानी बड़ी डिग्रीधारी नहीं बन सके। पर उन्होंने इतना तो साबित कर ही दिया कि प्रतिभा, अध्ययन एवं अभ्यास बड़ी से बड़ी डिग्री पर भारी पड़ते हैं। उनकी काव्य-कृतियाँ उच्च-श्रेणी की हैं। उनकी रचनात्मकता की कोई तुलना नहीं है। उनके द्वारा कविता के कथ्य का आधार भावना और ज्ञान दोनों को बनाया गया है। उन्होंने एक तरफ मानव मन में सीधे प्रवेश कर उसके मनःस्थिति को अभिव्यक्त किया है, दूसरी तरफ समकालीन परिवेश को बड़े ही स्पष्टता से प्रस्तुत किया है। भाषा-शैली भी सुस्पष्ट, प्रांजल, असाधारण एवं स्तरीय है। वे इतिहास यूँ ही नहीं बदलने की बात कहते हैं। नेपाली जी ने कवि के महत्त्व को शीर्ष पर पहुँचाने का कार्य किया है। वे कवि कर्म की महत्ता तथा दायित्व के प्रति सजग हैं। उन्हें न केवल कवि की कविता में उचित मर्म का ही फिक्र है, बल्कि उनके कर्म व निष्ठा का बोध भी है। न्याय, समता, समानता से युक्त राष्ट्र निर्माण की शक्ति है, जिसकी रक्षा में उनकी कलम तलवार बनकर तैनात है। वे इसे कवि का धर्म-कर्म समझते हैं। जनता की आवाज बुलंद करना तथा जागरूकता लाना कवि का परम कर्तव्य होता है। कवि में जमीन-आसमान का परिवर्तन लाने की क्षमता होती है, इसीलिए कवि इतिहास के निर्माता होते हैं। नेपाली जी की कविता का भाव पक्ष बहुत ही उदार है, जिसमें अनेक रस और रंग का समावेश है। यही वजह है कि वे आग और राग के कवि कहे जाते हैं। उनके अनुसार कवि का जीवन एक जगत है। कवि की अनुभूति से जो भाव-लहर उठता है, उससे एक काव्य-संसार की रचना होती है। कविता के भीतर सबकुछ समाहित है। सभी ओर कविता है। नयन में पानी और अधर पर मुस्कान कविता है। हर ऋतु के मनोहर संगीत से कविता बनती है, जिससे कवि-हृदय का खजाना समृद्ध होता है। नेपाली जी ने कवि और कविता की विशेषताओं का अत्यंत ही विस्तृत रूप में चित्रण किया है, जो कि अद्वितीय एवं हदयस्पर्शी है। कवि हृदय की उदारता तथा कविता में निहित विषय की व्यापकता व महता कविता के द्वारा व्यक्त किया जाना यह किसी महान काव्य-प्रतिभा के वश की ही बात है। गीतों के राजकुमार की संज्ञा से अभिहित गोपाल सिंह नेपाली की ये पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं -

कवि ने जो कुछ जाना, कवि ने जो कुछ पहचाना
बनता है वह छंद-छंद में प्राण-प्राण में गाना
हृदय- हृदय का गाना लोक- लोक में गाना
बनता है वह-भाव लहर में उठता हुआ जमाना।[2]

नेपाली जी प्रेम के सच्चे कवि हैं। इनका प्रेम संकुचित व सीमित दायरे से बाहर है। इनका प्रेम का क्षेत्र विस्तृत है, इनकी कविताओं मे जड़-चेतन सबके प्रति प्रेम है। नेपाली जी की कविता में वर्णित प्रेम का सौन्दर्य और सौन्दर्य के प्रति प्रेम अद्वितीय है। जिसे पढ़ने पर पाठक का हृदय स्वतः पुलकित हो जाता है, मन रोमांचित हो उठता है। उनके प्रेम में समर्पण का भाव है, एकनिष्ठता है। सौंदर्य का आकर्षण है, जो कि किसी भी प्रेमी के लिए स्वाभाविक है। जिससे प्रेम करता है उस प्रेयसी के लिए उपमाएँ कम पड़ जाती हैं। सच तो यह कि सौंदर्य का कोई पैमाना नहीं होता है, उसकी बनावट जैसी भी हो, मगर होती है अतुलनीय ही। लाख मुखड़ों के बीच जो जँचती है वो तो बस अकेली होती है। प्रेयसी की सारी अदाएँ उसकी बातें निराली होती हैं, जो कि प्रेम की विशेषता है। प्रेम शाश्वत है,जो दुनिया में कल भी था, आज भी है और कल भी रहेगा। सौंदर्य व आकर्षण को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। कवि दूर रहने पर भी न बिसरने की बात करते हैं। जिसे मन बार-बार पुकारता है। नेपाली की कविता में चित्रित प्रेम अत्यंत ही प्रेरक है। संबंध की प्रगाढ़ता एवं उसके अहमियत पर बल दिया गया है। दुनिया की हर चीज भले ही क्षणिक हो, पर प्रेम के दीप सदैव प्रकाशित होते रहे। इसे इस प्रकार नेपाली जी ने लिखा है-

चाँद सूरज दीये, दो घड़ी के लिए, रोज आते रहे और जाते रहे,
दो तुम्हारे नयन, दो हमारे नयन, चार दीपक सदा जगमगाते रहे|
मुख तुम्हारा अंधेरी डगर की शमा, रात बढ़ती गई तो हुआ चंद्रमा,
याद तुमको किया, रोज हमने जहाँ, आँधियों में वहीं छा गई पूर्णिमा।[3]

नेपाली की कविता में सौन्दर्य, आकर्षण व प्रशंसा आदि का न सिर्फ वर्णन है बल्कि हृदय पक्ष का उदात्त चित्रण भी है। जिसमें आंतरिक सौंदर्य एवं भावनाओं का प्रांजल प्रवाह है। प्रेम की आभ्यंतर विशेषताओं की गहराई से अभिव्यक्ति हुई है। उन्होंने जिंदगी के सफर में साथ, और साथ मिलकर हाथ न छूटे इस बात पर बल दिया है। इस बात की आज के दौर में प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है। वे जीवन में उतार-चढ़ाव के बीच संबंध में समान व्यवहार की अपेक्षा करते हैं। प्रतिकूल परिस्थिति में न भूलने की बात का आग्रह करते हैं और ऐसे वक्त में मन की छुई-मुई को न मुरझाने की उम्मीद रखते हैं। वास्तव में नेपाली जी का प्रेम-वर्णन धरातलीय है। सामान्य मानव के जीवन में व्यवहार के लिए तथा उत्प्रेरणा के लिए उनकी रचनाएँ सार्थक हैं। उनकी कविता में प्रेम का सजीव वर्णन है, इसीलिए उनकी कविता चिरजीवी है। जो रचनाएँ आम व्यक्ति के जीवन से जुड़ी होती हैं, लोगों के ओठ पर सदा विद्यमान रहती हैं। बोलचाल में उसका व्यवहार होता है। नेपाली जी की रचनाओं को यह प्रतिष्ठा प्राप्त है। तो इस परिप्रेक्ष्य में चंद पंक्तियाँ प्रस्तुत हैं -

हम गाते हैं, इठलाते हैं, मुसका कर प्यार जताते हैं,
हैं आज हमारे सुख के दिन हम प्रेमी हैं, मन भाते हैं।
किन्तु पड़ेगा जब रोना, तब दुख में नहीं रुलाओगे,
जब आवेंगे संकट के दिन, कह दो तब न भुलाओगे।[4]

गोपाल सिंह नेपाली की कविता में प्रकृति का मनोरम दृश्य चित्रित है। नेपाली जी ने अपनी कविता में प्रकृति का सजीव वर्णन किया है। शायद ही प्रकृति का ऐसा कोई पक्ष हो जिसे न वर्णित किया गया हो। इनकी कविताओं में पहाड़, मेघ, नदी, झील, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जीव-जंतु, आदि सबका उल्लेख किया गया है। उन्होंने 'घास', 'पीपल', 'बेर', 'पंछी', 'सरिता', 'वसंत', 'किरण', 'मौलसिरी', 'मसूरी की तलहटी', 'इस रिमझिम में चाँद हँसा है', 'पावस ने अंजलि उड़ेल दी', 'प्रभात-गान', 'मेघ', 'यह लघु सरिता का बहता जल' आदि शीर्षकों से प्रकृति पर आधारित अनगिनत कविताएँ लिखी हैं। गोपाल सिंह नेपाली साहित्य के गहन अध्येता प्रो. सतीश कुमार राय कहते हैं कि - "नेपाली के प्रकृति चित्रण का अवलोकन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि वे प्रकृति के समग्र कवि हैं। उनकी समस्त कविताओं का लगभग अर्धांश प्रकृति को ही समर्पित है। इतना ही नहीं अपने पहले संग्रह से लेकर अंतिम कृति तक उन्होंने प्रकृति का चित्रण किया है। यह प्रमाण है कि प्रकृति के प्रति नेपाली का प्रेम किसी कालावधि या प्रवृत्ति के आग्रह के कारण नहीं है। वे नैसर्गिक रूप से प्रकृति के कवि हैं। उनकी कविताओं में प्रकृति का प्रेम है और प्रेम की प्रकृति है। इस अर्थ में वे आधुनिक हिंदी कविता में न केवल प्रकृति के प्रतिनिधि कवि हैं बल्कि उसके अकेले संपूर्ण कवि भी हैं।"[5] नेपाली जी ने कविता सृजन का श्रेय प्राकृतिक वातावरण को दिया है। उनका यह स्व-कथन पठनीय है - "सुरम्य हरियाली की गोद में फौजी छावनी टिकी हुई है। सुबह-शाम सैनिकों की कवायद होती है। बैंड और पाइप बजते हैं और हवा में नंगी-नंगी संगीनें चमकती हैं। सामने तुलसीदास जी की रामायण खुली हुई है और किर्चे साफ हो रही हैं। वहाँ टालस्टाय और गाँधी को कोई नहीं जानता। दुनिया गेंदे की तरफ फूलती और हमेशा रंगी रहती है। इसी के चारों ओर खेत हैं, वन हैं। नदी-नाले हैं और पहाड़-पहाड़ियाँ हैं। कोई सहृदय प्रकृति प्रेमी यदि वहाँ पहुँच जाए तो आगे के लिए वह अपनी दिनचर्या ऐसी बनाएगा कि सबकी आँख बचाकर रोज वहाँ पहुँच जाया करे। यह हरी-भरी दूब की ही महिमा है कि आज मेरे हाथ में बंदूक के बदले लेखनी है।"[6] 1934 ई. में प्रकाशित 'उमंग' काव्य-संग्रह की एक कविता 'पीपल' की चंद पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं, जिसमें प्रकृति के अनेक अवयवों का एक साथ पूरे समन्वित रूप में अनूठा वर्णन है। एक पीपल के पेड़ के साथ अनेक जैव-विविधताओं के बीच

अनन्य संबंध को दर्शाया गया है -

कानन का यह तरुवर एक पीपल ,
युग-युग से जग में अचल-अटल.
ऊपर विस्तृत नभ-नील नील, नीचे वसुधा में,
नदी-झील, जामुन, तमाल, इमली, करील.
जल से ऊपर उठता मृणाल, फुनगी पर
खिलता, कमल तिर-तिर करते मराल.
ऊँचे टीले से वसुधा पर झरती है निर्झरिणी झर-झर,
हो जाती बूँद-बूँद झर कर,
निर्झर के पास खड़ा पीपल सुनता रहता.
कल-कल छल-छल,
पल्लव हिलते ढलपल-ढलपल ।[7]

नेपाली जी की कविताओं में देश-प्रेम की अविरल धाराएँ प्रवाहित हो रही हैं। कवि ने स्वतंत्रता से पूर्व तथा स्वतंत्रता के पश्चात दोनों ही कालों में एक राष्ट्रीय कवि की भूमिका निभायी है, वे जन-जागरण तथा राष्ट्रीय चेतना जाग्रत करने का कार्य कर सदैव कवि-धर्म का निर्वहन करते रहे। नेपाली की कविता में भारत भूमि की अनूठी संस्कृति, इतिहास, भूगोल तथा दर्शन की परंपरा का वर्णन है। अपने देश की अनुपम विशेषताओं को उन्होंने शब्दों से पिरोया है। उनकी कविताओं में देश-प्रेम की भावनाएँ कूट-कूट कर भरी हैं। जिनमें भारत की गरिमा, राष्ट्रीय-चेतना और आत्मसम्मान की भावना की उत्कृष्टता देखने को मिलती हैं। 'सत्याग्रह', स्वतंत्रता की ओर', 'देश दहन', 'विशाल भारत', 'नवीन' स्वतंत्रता का दीपक', 'चालीस करोड़ को हिमालय ने पुकारा', 'नवीन कल्पना करो', 'भारत का कश्मीर है' आदि कविताएँ देश-प्रेम से युक्त हैं। नेपाली जी के देश-प्रेम की कविता के संबंध में सतीश कुमार राय का कथन उल्लेखनीय है - "नवीन तक नेपाली की राष्ट्रीयता का एक पक्ष हमारे सामने आता है। इस राष्ट्रीयता में स्वाधीनता की पुकार है, सत्याग्रह है, अहिंसा है तथा सहिष्णुता है। 'हिमालय ने पुकारा' में नेपाली की राष्ट्रीयता का दूसरा पक्ष देखने को मिलता है। यहाँ उनकी मानसिकता बदली हुई नजर आती है, दृष्टिकोण बदला हुआ दिखाई देता है, यहाँ वे अहिंसा से हिंसा की ओर, सहिष्णुता से प्रतिकार की ओर, सत्याग्रह से युद्धाग्रह की ओर बढ़े प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि कभी गाँधी दर्शन में अपनी अटूट निष्ठा रखने वाला कवि नेहरू के अहिंसा और सहिष्णुता के प्रति अपनी अनास्था व्यक्त करता है।"[8] उनकी कविताएँ स्वतंत्रता-संग्राम के काल में राष्ट्रीय आंदोलन को ओज-भाव से प्रेरित करने का कार्य कर रही हैं, तो आजादी के बाद देश की अनेक समस्याओं को रेखांकित कर सरकार को राह दिखाने का कार्य भी। पड़ोसी देश के द्वारा छल व्यवहार और उसके लिए भारत की शांति-प्रियता का भाव नेपाली जी को खटक रहा है। और कहते भी हैं 'ओ राही दिल्ली जाना तो कहना अपनी सरकार से चरखा चलता है हाथों से, शासन चलता तलवार से।' वे संदेश देते हुए कहते हैं -

भूला है पड़ोसी तो प्यार से कह दो,
लंपट है लुटेरा है तो ललकार से कह दो I
जो मुँह से कहा है वही तलवार से कह दो,
आए न कोई लूटने भारत को दुबारा ।
चालीस करोड़ों को हिमालय ने पुकारा ।[9]

नेपाली जी ने अपनी कविताओं में अनेक बार चालीस करोड़ आबादी को संबोधित किया है, जो उस समय की आबादी थी। यानी वे देश के प्रत्येक मामले में देश की समस्त आबादी को शामिल करते हैं। सबकी खुशहाली सबके साथ समरसता, समानता, न्याय की कामना करते हैं। उनकी कविता में राग है, तो आग भी है। प्रेम की अनुगूँज है, तो क्रांति का बिगुल भी है। हालाँकि यह क्रांति भी प्रेम का ही कारक है। वे प्रेम के लिए क्रांति की चाहत रखते हैं। उन्हें पूरे देश से प्रेम है, जिससे एक भी प्राणी वंचित नहीं है। देश के गरीब, असहाय, दीन-हीन, व्यक्ति के प्रति उनका अपार प्रेम है। जिसके लिए क्रांति का आह्वान करते हैं। नेपाली जी के संबंध में एक बात जोर देकर कहा जा सकता है कि नेपाली जी घोषित प्रगतिवादी कवि भले ना हो, किन्तु उनकी कविताओं में मुखर रूप से प्रगतिशील चेतना उभर कर आई है। वे समाज के सभी लोगों के जीवन-मूल्य की चिंता करते हैं। जन जागरण करना जिनका मूल उद्देश्य है। कवि सदैव नवीन कल्पना करने, नसीब का नाम न लेने तथा क्रांति को सफल बनाने के लिए सदा प्रेरित करता है। नेपाली ने दया और भिक्षा के द्वारा समानता नहीं, बल्कि अपने अधिकार को अपने कर्म-फल के रूप में प्राप्त करने का आग्रह किया हैं। वे नवनिर्माण के अभिलाषी हैं, नया-सबेरा के लिए जन-जागृति की भाव-धाराएँ बहाने वाली नेपाली जी की चंद पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं -

अब घिस गई समाज की तमाम नीतियाँ,
अब घिस गई मनुष्य की अतीत रीति |
हैं दे रहीं चुनौतियाँ तुम्हें कुरीतियाँ,
निज राष्ट्र के शरीर के सिंगार के लिए,
तुम कल्पना करो, नवीन कल्पना करो ।[10]

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि नेपाली जी के लगभग तीन दशकों की साहित्य-साधना की अवधि में, उनकी कविता के विविध रंग-रूप दिखाई पड़ते हैं। उसमें युगानुकूल परिदृश्य से साक्षात्कार कराने की प्रवृति की उपलब्धता है। जिसमें कवि की सहज भावना की सरस अभिव्यक्ति हुई है। कवि गोपाल सिंह नेपाली ने विभिन्न विषयों पर आधारित कविता की रचना की है। उनकी कविता में विषयगत केंद्र-बिंदु को चिह्नित करने की चेष्टा की जाय, तो मुख्यतः प्रेम की अमिट छाप अंकित दिखाई पड़ती है। उनके प्रेम का प्रसार विविध क्षेत्रों में हुआ है। उनकी कविता में अपार संवेदनाओं की व्याप्ति हुई है। रचनाओं में कवि की व्यापक दृष्टि परिलक्षित होती है। उनकी कविताओं में मानव प्रेम के विभिन्न रूपों का चित्रण, प्रकृति के अनुपम छटाओं का वर्णन तथा राष्ट्रीयता की भावना का निरूपण मुख्य रूप से किया गया है।

*****

संदर्भ-सूची :-

1 गोपाल सिंह नेपाली संकलित कविताएँ, नंदकिशोर नंदन, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नई दिल्ली, 2013, पृष्ठ – 127

2 . वही, पृष्ठ – 93

3 . गोपाल सिंह नेपाली चुनी हुई कविताएँ, सुरेश सलिल, मेधा बुक्स, दिल्ली, पृष्ठ – 23

4 . वही, पृष्ठ - 24

5 . नेपाली, चिंतन-सृजन, सतीश कुमार राय, समीक्षा प्रकाशन, मुजफ्फरपुर, पृष्ठ – 65

6 . गोपाल सिंह नेपाली युग द्रष्टा कवि, नंदकिशोर नंदन, प्रकाशन, विभाग,दिल्ली पृष्ठ – 45

7 . गोपाल सिंह नेपाली चुनी हुई कविताएँ, सुरेश सलिल, मेधा बुक्स, दिल्ली, पृष्ठ – 48

8 . नेपाली, चिंतन-सृजन, सतीश कुमार राय, समीक्षा प्रकाशन, मुजफ्फरपुर, पृष्ठ – 70

9 . गोपाल सिंह नेपाली संकलित कविताएँ, नंदकिशोर नंदन, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नई दिल्ली, 2013, पृष्ठ – 117

10 . गोपाल सिंह नेपाली युग द्रष्टा कवि, नंदकिशोर नंदन, प्रकाशन, विभाग, पृष्ठ – 196

समकालीन हिन्दी कविता में अभिव्यक्त किसान जीवन
(केदारनाथ सिंह के विशेष सन्दर्भ में)

नरेन्द्र जादम
पीएच.डी. शोधार्थी
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
मों. 9870516239

स्वतंत्रता के बाद नेहरु युग में भूमि-आवंटन होता हैं और जिन जमींनदारों, शक्तिशाली व्यक्तियों की जमीन ली जाने लगी थी, उसी प्रक्रिया में वे अपनी जमीन छिपाने लगे थे। इसके बावजूद सामन्तवाद और प्रगतिशील शासक एकदम आमने-सामने होते हैं। उसी समय अनेक आन्दोलन चल रहे थे, जिसमें भूमि-आवंटन से संबंधित आन्ध्रप्रदेश का किसान आन्दोलन, तेलंगाना किसान आन्दोलन उसी समस्या में पैदा होता है। नक्सलबाड़ी आन्दोलन तो स्थानीय स्तर पर सामन्तवाद, भू-स्वामी एवं भूमिहीन का सघन संघर्ष है। दूसरा संघर्ष गाँव और शहर के आधार पर होता है क्योंकि तत्कालीन समय गाँव और शहर बँटा हुआ भी होता है जो बाद में बाजार के आने पर बहुत बदलता है। लेकिन स्वतंत्रता के बाद से सन् 1970-75 तक गाँव व शहर के बीच दूरी बहुत है, जहाँ संचार के साधन नहीं है। जहाँ पर गाँव भू-स्वामी, सम्पत्तिहीन और भूमिहीन में बँटा हुआ है और वहाँ पर दोनों में द्वंद्व दिखाई देता है।

हिन्दी कविताओं में सन् 1960-70 तक गाँव व शहर का भेद साफ-साफ दिखेगा जो सभी कवियों के यहाँ दिखता है- धूमिल, केदारनाथ सिंह, ऋतुराज आदि। इन तमाम कवियों के यहाँ गाँव अपना ग्रामीणपन लिए हुए आता है। दूसरे वे भू-स्वामियों के खिलाफ भी लड़ रहे हैं, फिर भी कविता में सामन्तवाद बहुत सघन होता है। धूमिल, राजकमल चौधरी आदि जो उस समय के कवि है, उनके यहाँ दलितों एवं स्त्रियों के प्रति बहुत हिंसात्मक रवैया है।इसके पश्चात् आती है समकालीन कविता। समकालीन यानी सन् 1980 के बाद की कविता। इसकी पृष्ठभूमि में 70-75 का युग है जिसमें इंदिरा गाँधी है, भारत-पाकिस्तान युद्ध है और हरित क्रान्ति का समय है। इस दौर में भारतीय समाज खाद्यान्न की कमी से जूझ रहा होता है। पहली बार इंदिरा गाँधी अमेरिका से गेहूँ, चावल आयात करती है और इसके पश्चात् हरित क्रान्ति पर जोर दिया जाता है परिणाम स्वरूप पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तरी-पश्चिमी मध्यप्रदेश, उत्तरी-पूर्वी राजस्थान, तमिलनाडु, आदि अनेक राज्यों में एकाएक उभार आता है और समाज में दूसरे तरह की असमानता बढ़ती है। किसानों के पास कुछ पूंजी आती है जिससे स्थानीय बाजार शुरू होता है। यह तो उनका आर्थिक पहलू है।

स्वतंत्रता के बाद सरकारी नीतियों के माध्यम से एक हलचल पूरे देश में शुरू होती है, उसी से नकस्लबाड़ी आन्दोलन व तेलंगाना आन्दोलन की पृष्ठभूमि तैयार होती है। इसमें सरकार हस्तांतरण भी करती है और भूमि-आवंटन भी करती है व इसके साथ उस आन्दोलन को भी दबना चाहती है, जिसके लिए कानून भी लाती है और उसी का दमन भी करना चाहती है अर्थात् सरकार कुछ करना नहीं चाहती बस सिर्फ हवा है। इस समय के संघर्ष से जो कविता उत्पन्न होती है, वो कविता भू-स्वामी, भूमिहीनो, गाँव और शहर के खिलाफ बहुत तरीके से प्रतिक्रिया देती है। इसके बाद की कविता उसको जमीनी स्तर पर उतारने का काम करती है और उसका सर्जनात्मकता के साथ प्रयास करती है। सन् 1990 के बाद भारतीय समाज का यह कविता क्रम एकएक टूटता है। नयी कविता मध्यवर्गीय कविता है, वह गाँव की कविता नहीं है। वहीं समकालीन कविता गाँव को प्रधानता से पेश करती है।

सन् 1990 में जिसे हम उदारीकरण व बाजारवाद कहते हैं वह 87-88 से करीब-करीब शुरू हो जाता है, इसने एकाएक कृषि व्यवस्था, किसान सभ्यता को तोड़ा है। अब तक गाँव स्थिर यानी अपेक्षाकृत बहुत स्थिर था। वहाँ पर बाजार से आयात बहुत कम होता था जबकि निर्यात होता है। यह पूरी की पूरी व्यवस्था किसान सभ्यता की थी। पहली बार सन् 1990 के बाद तमाम कम्पनियों ने एवं बाजार ने किसान के जीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया, इस पूरी व्यवस्था को भी। इससे इनका संबंध बहुत तेजी से टूटा और बदला भी। जातिवाद जो पहले था अब वह वैसा नहीं रह गया क्योंकि उत्पादन, विपणन आदि प्रक्रिया में ही संबंधों का बनना और बदलना चलता रहता है।सन् 1990 के बाद दूसरा पुनरुत्थान होता है तो इस दौर के कवि केदारनाथ सिंह, मंगलेश डबराल, अरुण कमल, राजेश जोशी, अष्टभुजा शुक्ल, एकान्त श्रीवास्तव आदि फिर वे गाँव-लोक की तरफ लौटते हैं। लेकिन अब इनमें रोमान है, क्योंकि वो प्रतिक्रिया में पैदा हुआ है। अब इस भूमंडलीकरण व उदारीकरण से भागकर गाँव को जीवित नहीं किया जा सकता है, और उचित भी नहीं है, वैज्ञानिक पद्धति भी नहीं है। लेकिन जब हमारी चेतना शहर से टकराती है तो भी हम लौटकर उधर जाते हैं, यह भी इस परिस्थिति में उचित नहीं है। किसान सभ्यता व संस्कृति के लिए उत्पादन और हस्तानान्तर दोनों बहुत महत्वपूर्ण है। किसान संस्कृति में प्राथमिक स्तर पर उत्पादन और हस्तानान्तर पहले आता, पूँजी बाद में आती है। द्वितीय स्तर पर वस्तु विनिमय से मुद्रा विनिमय आती है। अब प्राथमिक स्तर के उत्पादन और हस्तानान्तर से वहाँ की संस्कृति निर्मित होती है। जिसमें व्यक्ति-व्यक्ति संबंध, समाज-समाज संबंध और समुदाय-समुदाय संबंध निर्मित होता है। उत्पादन के स्वरूप के अनुरूप संबंध, प्रेम, कार्य की जाति इत्यादि बदलती रहती है, यह संबंध स्थिर न होकर समयनुसार बदलते रहते हैं। कृषि सभ्यता में व्यक्ति, समुदाय के संबंध बदलते रहते हैं।

उदारीकरण से जो कृषि व्यवस्था पर संकट आया है, उसको कविता में किस तरह रचा जा रहा है? इसमें दो-तीन तरह की स्थिति है। केदारनाथ सिंह तथा जितने भी इस दौर के कवि है उनके यहाँ विस्थापन एक बहुत बड़ी समस्या है। सारी कविताएँ उन्हीं पर केन्द्रित है। किसान छूट रहा है और टूट भी रहा है, लोग वहाँ से पलायन कर रहे हैं, फिर पलायन ही नहीं वहाँ के संबंध भी बदल रहे हैं। गाँव का संयुक्त परिवार बहुत तेजी से टूट रहा है। लोक-बिम्ब, प्रकृति, जाति, संबंध सब बदल रहे हैं और वो सब कुछ बदल रहा है जो किसान सभ्यता-संस्कृति का अंग है। बदलता हुआ जातिय सन्तुलन हमें हर कवि के यहाँ मिलता है प्रशासन व्यवस्था की गलत नीतियों के कारण ही प्रत्येक स्तर पर व्यवस्थागत शोषण विद्यमान है जिसका शिकार निरीह जनता और गाँव के किसान होते हैं। इस व्यवस्था के दुष्चक्र में किसान मृत्युपर्यन्त फँसा रहता है। इससे उसे पीड़ा और छटपटाहट होती है लेकिन वह चाहकर भी कुछ नहीं कर पाने की विवशता की यंत्रणा वहन करता रहता है। समकालीन कविता के रचनाकारों ने इस व्यवस्थागत शोषण संबंधी दृष्टिहीनता को उजागर किया है।

केदारनाथ सिंह की कविताएँ इस शोषण को आश्रय देने वाली व्यवस्था की विसंगतियों को दर्शाती है- जहाँ मेहनतकश वर्ग सिर्फ मेहनत ही करता रहता है, और कुछ लोग इस मेहनत का उपयोग करते हैं। केदारनाथ सिंह की कविता '**यह अग्नि किरीटी मस्तक**' इसे उजागर करती है-

सब चेहरों पर सन्नाटा
हर दिल में गढ़ता काँटा
हर घर में गीला आटा
यह क्यों होता है ?.....[1]

जमीन की औरत तो बेहद खुरदरी जिंदगी जीती है।''2

नीलकांत की एकमात्र बेटी रागिनी पढ़ी-लिखी, उच्च घराने की आधुनिक युवती होने पर भी शोषण का शिकार बनती है और वह भी अपने ही पिता द्वारा। अपने स्वार्थी पिता की महेच्छाओं को पूरा करने के लिए रागिनी को अपने प्रेम की बलि देनी पड़ती है। रागिनी की जिन आँखों में सपने भरे रहते थे, उन आँखों में मरुस्थल सा शून्य उभर आता है। नीलकांत अपने स्वार्थवश अपनी ही मृगी-सी चपल कुलांचे भरती बेटी के पैरों में स्वयं रत्नजड़ित बेड़ियाँ पहना देता है तभी रागिनी कहती है-
''अब तो आप खुश है न पापा! आखिर आपने मुझे उमर कैद दे ही दी.....।''[3]

उषा प्रियंवदा के उपन्यास 'पचपन खंभे लाल दीवारे' की सुषमा भी विद्यालय के होस्टल में बंदिनी जैसा जीवन जीती है। परिवार के प्रति अनंत दायित्व उसे नील के साथ वैवाहिक जीवन जीने की अनुमति नहीं देते। पारिवारिक उत्तरदायित्व की बलिवेदी पर वह अपने सपनों की बलि चढ़ा देती है। कर्त्तव्यबोध के नाम पर सारे दायित्व सँभालते हुए भी एकांत क्षणों में उसका मन घरवालों के प्रति उपालंभ से भर उठता है-
''यदि पिताजी चाहते तो क्या उसका विवाह नहीं कर सकते थे। लोग लाख प्रयत्न कर बेटी के ब्याह का सामान जुटाते हैं। क्या उसी के पिता अनोखे थे ? बात असल यह भी कि उन्होंने चाहा भी नहीं कि सुषमा की शादी हो, उनके अंतर्मन में यह बात अवश्य होगी कि सुषमा से उन्हें सहारा मिलेगा।''[4] न चाहते हुए भी रागिनी को उस व्यक्ति से विवाह करना पड़ता है, जिसे वह पसंद नहीं करती। उसके ही पिता द्वारा वह एक मोहरे का काम करने वाली वस्तु बन जाती है। वह आधुनिक युवती है फिर भी अपनी इच्छा से विवाह करने की आजादी उसे नहीं दी जाती। आधुनिक युवतियों की ये बहुत बड़ी समस्या है कि उससे यह तो कहा जाता है कि वह आज़ाद हैं, उसकी इच्छानुसार जो चाहे कर सकती है, परंतु जब उसकी वास्तविक आज़ादी अर्थात् उसके जीवन साथी के चयन की बात आती है तो उसे अपने माता-पिता की इच्छाओं को ही स्वीकार करना पड़ता है। तमाम शिक्षा, आधुनिकता तथा वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद नारी की कहानी आज भी 'आँखों में पानी' से जुड़ी है। ये बात मौजूदा सामाजिक व्यवस्था के सामने सवालिया निशान बनकर उभर रही हैं।

'कोहरे' उपन्यास की नायिका स्मिता एक शिक्षित युवती है। वह सुनील के आधुनिक गुणों से प्रभावित होकर उससे विवाह करती है। स्मिता एक अच्छी गायिका और कवियित्री है। वह सुनील से अपेक्षा रखती है कि वह स्मिता के गुणों से प्रभावित होगा और उसके अस्तित्व को बनाए रखेगा। सुनील स्वयं के लिए आधुनिक बनता है, परंतु स्मिता के विषय में वह आधुनिक नहीं रहता। हमारे देश का पुरुष स्त्री को आगे बढ़ता हुआ नहीं देख सकता, वह स्त्री को प्रेम करता है, आज़ादी देता है परंतु एक सीमा के भीतर। स्मिता सुनील से प्रेम करती है। इसलिए वह उसकी सभी बातें मानती है, लेकिन जब उसे यह एहसास हो जाता है कि सुनील उसे बाँधना चाहता है, सुनील के लिए वह मात्र एक साधारण स्त्री है, जो घर की शोभा बढ़ाती है सब उसे अपने शोषित होने का आभास होने लगता है। स्मिता कहती है-
''सुनील सभ्य,सुसंस्कृत थे, अतः मुझे रेशमी पाशों में कसे जा रहे थे...किन्तु पाश चाहे रेशमी ही क्यों न हो, बन्धन का अहसास होता है। गला घोंटने के लिए रेशमी रुमाल भी काफी होता है, जरुरी नहीं कि गला छुरी से ही काटा जाए।''[5]

स्मिता पहले सुनील की जिन बातों को मानने लिए अपनी मुक्त मंजूरी देती है बाद में वह मंजूरी उसे बन्दी होकर देनी पड़ती है। सुनील स्मिता की कोमल संवेदनाओं की ग्रीवा पर कीमती, रेशमी रुमाल बाँधने लगता है।

स्मिता की माँ श्यामा एक अनपढ़, गँवार और सहनशील स्त्री होने के कारण अपने पति मैज़र सिन्हा के खराब व्यवहार को मूक पशु सी झेलती है। श्यामा एक भारतीय नारी है, जो पति की खुशी में अपनी खुशी समझती है। हमारे समाज में विवाह के बाद स्त्री की स्वयं की खुशी या इच्छा नाम की कोई चीज़ जीवित नहीं रह जाती। लड़की के माता-पिता भी उसे यही शिक्षा देते हैं कि पति का सुख ही पत्नी का सुख होता है चाहे उस सुख के लिए पत्नी को अपनी खुशियों का बलिदान ही क्यों न देना पड़े। श्यामा का विवाह उसकी इच्छा के विरुद्ध मैज़र सिन्हा से हुआ था, श्यामा शादी से पहले माधव को चाहती थी। माधव भी श्यामा को चाहता था, परंतु माधव गरीब था, इसलिए श्यामा जानती थी कि उसके पिता कभी भी माधव से उसका रिश्ता मंजूर नहीं करेंगे। श्यामा जब पिता के घर थी तब उसे उनकी इच्छाओं के अनुसार चलना पड़ता है और शादी के बाद उसे पति को ही परमेश्वर समझना पड़ता है। जिस पति के लिए वह व्रत, जप और प्रर्थनाएँ' आदि करती है, उसी पति के द्वारा बदले में उसे ताने और अपमान सहना पड़ता है। स्मिता तभी कहती है-
''वह उसे विषपान-सा ही हेल जाती थी....तभी शायद मम्मी धीरे-धीरे नीलकण्ठ हो उठी है।''[6]

हमारे समाज में श्यामा की तरह कई स्त्रियाँ अपनी पूरी जिन्दगी पति की सेवा और उसकी इच्छाओं को पूरा करने में बिता देती है और इतना तब करने के बाद उसे पति की तरफ से उपहार के रुप में मात्र आँसू, घुटन, अपमान ही नसीब होता है।

समाज किसी भी सदी में क्यों न पहुँच जाए उसकी रुढ़ और बद्धमूल धारणाएँ आसानी से नहीं बदलती। पुरुष को शोषक और नारी का शोषित रुप जैसे एक चिरंतन सच बनकर समाज में बद्धमूल है।

बदलते समय के साथ नारी की स्थिति में बहुत परिवर्तन आया है, परंतु महिलाओं का एक बड़ा वर्ग आज भी सामाजिक अन्याय, उत्पीड़न एवं अत्याचार झेल रहा है। इस पीड़ा को नारी की नियति मानने की बात आज भी समाज में कही जाती है। शशिप्रभा शास्त्री के उपन्यास ''परछाइयों के पीछे'' की नायिका को आज भी मन मारकर संतोष करना पड़ता है कि-

''राम के काल से यही रीति चल आई है कि पुरुष किसी-न-किसी ओट मेंनारी को त्रास दे, उसे निष्कासित करें और खुद सिंहासन पर सजाधजा न्याय मूर्ति बना बैठा रहे- सर्वपूजित-निश्चिंत निर्द्वन्द्व। लगता,वह भी सीता है, पति के द्वारा लांछित-प्रताड़ित-निष्कासित। कलेजे में एक हूक-सी उठती कसर क्या है ? नारी का भाग्य विधाता ने एक विशेष लेखनी से ही क्यों लिख दिया है।''7हमारे देश के पुरुष प्रधान समाज ने स्त्रियों को अपनी वासना पूर्ति, वंशवृध्दि और गुलामी करने का एक साधन मात्र ही समझा है। सिम्मी हर्षिता ने अपने उपन्यास ''संबंधों के किनारे'' में लिखा है-

''संसार में हर तरह के अन्याय और गुलामी का अंत हो जाएगा-पर औरत की गुलामी और और अन्याय कभी खत्म नहीं हो सकेगा, सारी आधुनिकता और शिक्षा-प्रसार के बावजूद। बल्कि ज्यों- ज्यों रोशनी बढ़ेगी-यह अंधेरा और घना होगा, नए-नए ढंग से।''8

स्त्री-पुरुष मित्रता की परिधि में आने से व्यक्तित्व को धार दे सकते हैं। स्वस्थ भागीदारी, उनकी समस्याओं और मसलों को सुलझाने, परामर्श लेने देने, परस्पर सहायता की स्थिति तक नारी की कार्य कुशलता को सराहनीय बना सकते हैं किंतु प्रायः इन संबंधों को विकृत दृष्टिकोण से देखा जाता है। पति-पत्नी की शंकालु मनोवृतियाँ और स्त्री-पुरुष के परस्पर आकर्षण की परिधियाँ कई बार जीवन को तनावग्रस्त कर देती हैं। पति-पत्नी के संबंधों की वैचारिक भिन्नता कई बार चुनौती बन जाती है। पत्नी केवल आत्म-निर्भर होने के कारण ही परिवार नहीं तोड़ना चाहती है, एक सुंदर वातावरण भी चाहती है अतः पति की संकीर्णता, पत्नी की महत्वाकांक्षा में बाधा डालने का प्रयत्न, पत्नी के चरित्र पर लांछन लगाने की प्रवृत्ति, स्त्री के स्वाभिमान को ठेस पहुँचाती है। ऐसी स्थिति में समस्त तनावों और कठिनाईयों के बावजूद वह समाज में अपना स्थान, अपनी क्षमता का परिचय देती है।

******

संदर्भ सूची:-

1.कोहरे दीप्ति खण्डेलवाल-23
2. अर्थान्तर चंद्रकांता -114
3.. कोहरे दीप्ति खण्डेलवाल-14
4. पचपन खंभे लाल दीवारें-उषा प्रियंवदा-33
5. कोहरे दीप्ति खण्डेलवाल-24
6.वही
7. वही-81
8. परछाइयों के पीछे शशिप्रभा शास्त्री-47
9 .संबंधो के किनारे सिम्मी हर्षिता

रुदन गीत: स्त्री रुदन के निहितार्थ (संरचना-प्रकार्यात्मक विश्लेषण)

वीरेन्द्र प्रताप यादव
सहायक प्रोफ़ेसर, मानवविज्ञान विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र

शिव बाबू
सहायक प्रोफ़ेसर (अस्थायी) मॉडल डिग्री कॉलेज नुआपाड़ा

सारांश -

रुदन गीतों से किसी भी समाज परिवेश में वस्तु और व्यक्ति की उपयोगिता संकेतों और प्रतीकों के माध्यम से भाव प्रकट कराती है, जो वास्तविक और अलौकिक प्रकार के होते हैं, जिनमें सामाजिक संरचना और भाव को अभिव्यक्त करने की क्षमता होती है। प्रस्तुत शोध लेख पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, भदोही जिलों में क्षेत्रकार्य द्वारा आंकड़े एकत्रित कर स्त्रियों के रुदन गीतों का संरचना-प्रकार्यात्मक विश्लेषण किया गया है।

बीज शब्द रुदन गीत, संरचना, प्रकार्य

प्रस्तावना -

रुदन गीत एक मनोभाव होता है, जो व्यक्ति, समूह, परिवा,र समाज की परिस्थिति और मनोदशा को व्यक्त करने का माध्यम होता है। रुदनगीत के परंपरागत तौर पर गाने जाने की प्रथा पाई जाती है, जिसका इतिहास विश्व के लगभग सभी देशों में अपनी भाषा तथा संस्कृति के अनुकूल अभिव्यक्त करने की परंपरा है। रुदनगीत लोक संस्कृति का एक भाग है, जो किसी भी देश और समाज के साधारण लोगों या ग्रामीण जन लोगों की अभिव्यक्ति का भी माध्यम है, जिसकी पुनरावृत्ति अलग-अलग परिस्थिति और मनोदशा के अनुकूल होती है. अर्थात रुदन गीत समय के साथ परिवेश और परिस्थिति के अनुरूप भिन्न-भिन्न स्वरूप में दिखाई देते हैं, जो अलग -अलग समाजों में भिन्न-भिन्न तरीके से तथा भिन्न भिन्न संकेतों के माध्यम से अलग-अलग अवसरों पर प्रकट किए जाते हैं।

रुदन गीतों से हमें सामाजिक संरचना का पता चलता है, जो व्यक्तियों के बीच में पाए जाने वाले संबंधों से निर्मित होती है, जिसका कुछ दायित्व और कार्य होता है। समाज के प्रति जो हमें गीतों में प्रतीत होता है। मौखिकता और रुदनगीत किसी संस्कृति में चेतना की संरचना का कारण है, जिसमें किसी प्रकार के लेखन का प्रयोग नहीं होता है। अर्थात लेखन संस्कृति से अछूते विचार तथा भाव मौखिकता के द्योतक है। रुदनगीत एक मौखिक परंपरा है जो आज भी विभिन्न क्षेत्रों में मौखिक (अलिखित) तौर से प्रचलन में विद्यमान है।

शोध प्रविधि -

प्रस्तुत अध्ययन हेतु पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, भदोही जिलों में क्षेत्रकार्य द्वारा प्राथमिक आंकड़ों (स्त्रियों का रुदन गीत) को असहभागी अवलोकन, साक्षात्कार, समूह चर्चा आदि द्वारा एकत्रित करके उनका मानवशास्त्रीय विश्लेषण (संरचना-प्रकार्यात्मक) किया गया है।

मौखिक परंपरा और रुदन गीत-

रुदन गीत लोक संस्कृति का अंश है। लोक संस्कृति, सर्व साधारण लोगों के रीति-रिवाज, रहन-सहन, अंधविश्वास, प्रथा, परम्परा आदि विषयों का वाहक होती है। रुदनगीत, एक प्रकार का लोकगीत है तथा लोकगीत, लोक संस्कृति का एक हिस्सा है। लोक संस्कृति का दायरा बहुत बृहद है। इसलिए इसे वर्गीकृत कर अध्ययन किया जाता है। रुदनगीत को संस्कृति के जिस भाग के अंतर्गत रखते हैं, उसे लोक साहित्य कहते हैं। ये लोक साहित्य ही पारंपरिक समाज की सम्प्रेषण का माध्यम समझा जाता रहा है। स्थानीय लोक यह भी मानते हैं की लोकगीत जैसे रुदंगीत एक प्रकार का संप्रेषणात्मक माध्यम है, जो स्थानीय समाज में लोगों के बीच आत्मीय संबंधों एवं प्रतिकों के स्वरूप है। सांकेतिक मानवशास्त्रीय विक्टर टर्नर के अनुसार संकेत या प्रतीक संस्कृति के संचालक होते हैं। सामाजिक प्रक्रिया के संचालन में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। संकेत मानवीय संबंधों का केंद्र होता है। संकेत मानवीय संबंधों को बनाए रखने तथा समाज को गतिमान रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विक्टर टर्नर के सांकेतिक मानवशास्त्र पर दुर्खीम तथा लेवी-स्ट्रास दोनों का प्रभाव था।

क्योंकि टर्नर, दुर्खीम के सामाजिक एकता सांकेतिक तार्किक व्यवस्था से बनी मानते हैं। इससे प्रभावित है तथा टर्नर का सांकेतिक मानवशास्त्र लेवी-स्ट्रास के संरचनवाद के समान है। दुर्खीम तथा लेवी-स्ट्रास के अनुसार सांस्कृतिक वैमनस्य तथा अनुकूलता सार्वभौमिक मानसिक संरचना होती है, इन्हीं पर संस्कृतियों का निर्माण होता है। बंधात्मक, वस्तुनात्मक, स्थानात्मक, अर्थात्मक आदि हो सकते है।

संस्कृति-

संस्कृति एक समग्रता है, जो मानव निर्मित है और उसे मानव सीखने के साथ-साथ अगली पीढ़ी में हस्तान्तरित भी करता है। संस्कृति के अंतर्गत ज्ञान, कला, विश्वास, लोकाचार, प्रथाएं, रीति-रिवाज, सामाजिक मूल्य, नियम-कानून, मानवीय व्यवहार इत्यादि सम्मिलित हैं तथा इन व्यवहारों को करने के लिए मानवनिर्मित भौतिक उपकरण जैसे- घरेलू उपकरण, वस्त्र, आभूषण, वाद्य-यंत्र, आधुनिक उपकरण, कृषि उपकरण, औद्योगिक उपकरण, शिल्प उपकरण इत्यादि सम्मिलित हैं। इस प्रकार सिद्ध होता है कि कला एक ऐसी ही संस्कृति है, जिसे मानव ने अपनी कार्यकुशलता अथवा निपुणता से निर्मित किया है। इस प्रकार संस्कृति एक ऐसा समग्र है, जिसमें कला एक बहुत छोटा परंतु महत्वपूर्ण इकाई है, क्योंकि कला एक प्रकार का विशेष व्यवहार है, जिसकी उत्पत्ति एक मानव के अंतर्मन से होती है, जो धीरे-धीरे एक समाज अथवा जाति की पहचान बन जाती है।

रूदंगीत भी एक प्रकार का सांस्कृतिक पहचान का माध्यम है क्योंकि रुदन एक ऐसा अतिसूक्ष्म पक्ष है जिसे लोक के ग़एक जन में संप्रेषण के रूप में परिलक्षित करता है अथवा होता है। अतः यह मानवशास्त्रियों के लीन यह एक ऐसा पक्ष रहा है जिसमें निरंतर अध्ययन होते आ रहे हैं, तथापि समाज के ऐसे बहुत से पक्ष होते हैं जो परिवर्तनशील रहते हैं, अतः इनके अध्ययन को निरंतर प्रगतिशील रखना चाहिए।

रुदनगीतों का इतिहास-

रुदनगीतों की उत्पत्ति का कोई निश्चित ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिलता है। मानववैज्ञानिकों द्वारा ऐसा विश्वास प्रकट किया जाता है कि सृष्टि में सबसे पहले संकेत की उत्पत्ति हुई, फिर संकेतों से भाषा का विकास हुआ, भाषा से गीत, संगीत आदि की उत्पत्ति हुई। गीतों की उत्पत्ति प्रकृति की उत्पादकता और प्रकृति की विनाश शक्ति के परिणाम स्वरूप हुई क्योंकि जब प्रकृति मानव की आवश्यकता में सहायक होती है तो सुखात्मक अनुभूति होती है जब प्रकृति मानव की आवश्यकता में बाधा बनती है तो दुखात्मक अनुभूति होती है। इन सुखात्मक और दुखात्म अनुभूतियों के परिणाम स्वरूप गीतों की उत्पत्ति होती है। गीतों का आदि स्वरूप लोक, 'लोक' का अर्थ जन से है। जिसका प्रमाण ऋग्वेद में मिलता है। रुदनगीत एक प्रकार का लोकगीत है। जिसका प्रमाण हमें संस्कारात्मक गीतों में देखने को मिलता है। रामायण, महाभारत में ऐसे अनेक प्रमाण मिलते हैं जहां विशेष व्यक्तियों की मृत्यु पर विलाप के अनेक प्रसंग मिलते हैं। महाकवि कालिदास द्वारा रचित कुमारसंभव (4/21) में भी कामदेव की पत्नी रति द्वारा विलाप का वर्णन मिलता है जो बहुत मर्मस्पर्शी है:-

मदनेन बिना कृता रतिः,
क्षणमात्रम किल जीवतीति में।
वचनीयमिदे व्यवस्थितम,
रमणः त्वामनुयामि यद्यपि।

भारत के पूर्वी उत्तर प्रदेश राज्य के जिले प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, भदोही में रुदनगीतों को कथात्मक रूप में गाया जाता है। जिसमें घर परिवार तथा मनोदशा का वर्णन मिलता है। उदाहरण के तौर पर एक वियोगात्मक रुदनगीत इस प्रकार है-

"अरे मोरे बाबु कौने दुवारिया लुभाने मोरे बाबू,
(मेरे पिताजी आपको कौन सा घर भा गया है।)
हमरे दुवरिया छोड़े जा मोरे बाबू,
(जो अपना घर आपने छोड़ दिया।)
हमरे सरदरवा तू रहा मोरे बाबू,
(आप मेरे संरक्षक थे)
तोहरे सहरवा हम घरवा लड़कवन को छोड़ी,
(घर और बच्चों या परिवार आपके सहारे चल रहा था।)
अब केकरे सहरवा छोड़वे मोरे बपई,
(अब हम किसके संरक्षण में रहेंगे।)"

(इस गीत में महिला के ससुर की मृत्यु हो गई है जिसे महिला अपना संरक्षक मानती थी)

यह कहा जा सकता हैं कि रुदनगीत एक सांस्कृतिक तत्व है जो संस्कार से उत्पन्न हुआ माना जाता है तथा जिसमें शोकात्मक प्रकृति होने के साथ-साथ मंगल कामना छिपी रहती है। रुदनगीत की परंपरा बहुत प्राचीन है। यह भारतीय एवं विश्व संस्कृति मे परंपरागत तौर से गीतात्मक रूप मे गाने की परंपरा पायी जाती है।

सामाजिक संरचना-

सामाजिक संरचना सामाजिक संस्था द्वारा परिभाषित एवं नियमित संबंधों की क्रमिक व्यवस्था होती है। व्यक्तियों के बीच पाए जाने वाले वास्तविक संबंध से ही संरचना का निर्माण होता है। सामाजिक संरचना की अवधारणा का विकास रेडक्लिफ ब्राउन द्वारा 1940 में किया गया था। जिसका वर्णन रेडक्लिफ ब्राउन अपनी पुस्तक 'स्ट्रक्चर एंड फंक्शन प्रिमिटिव सोसाइटी (1952) में किया है, जिसमें उन्होंने यह बताने का प्रयास किया है। परिवार, वंश, गोत्र, जाति, धर्म, वर्ग, एवं लिंग सामाजिक संरचना के अभिन्न अंग हैं। इन्होंने सामाजिक संरचना के बारे में बताया कि सामाजिक संरचना दो प्रकार की होती हैं-

- **सामान्य सामाजिक संरचना**
- **वास्तविक सामाजिक संरचना**

वास्तविक सामाजिक संरचना परिवर्तन के अधीन होता है, जिसमें व्यक्ति तथा समूह, समय के साथ बदलते रहते हैं। नए व्यक्ति जन्म, विवाह तथा प्रवास द्वारा सदस्यता ग्रहण करते हैं। लेकिन सामान्य संरचना लंबी अवधि तक स्थिर रहती है। जैसे- परिवार, वंश, गोत्र, वर्ग इत्यादि। इस सामान्य सामाजिक संरचना से समाज की निरंतरता बनी रहती है।

रुदन गीत और संरचना-प्रकार्य-

रेडक्लिफ ब्राउन के अनुसार सामाजिक संस्था द्वारा सामाजिक संरचना को बनाए रखने में दिया जाने वाला योगदान ही प्रकार्य कहलाता है। रुदनगीत एक सांस्कृतिक व्यवस्था एवं परंपरा है, जो सामाजिक संरचना से संबंधित होती है। जो व्यक्ति तथा समूह की क्रियाविधि या प्रक्रिया द्वारा मानव जीवन की निरंतरता बनाए रखने में मदद करती है। रेडक्लीफ़ ब्राउन अपनी सामाजिक संरचना तथा प्रकार्य की अवधारणा का निर्माण जीवित प्राणी या जीव के आधार पर किया है। उन्होंने समाज को जीवधारी के समान समाकलित अंगों की व्यवस्था बतलाया। जिस प्रकार शरीर के अंगो का प्रकार्य जीवधारी की संरचना के अंत: संबंधों को दर्शाता है उसी प्रकार सामाजिक संरचना व्यक्तियों एवं समूहों की क्रमबद्ध व्यवस्था है। व्यक्ति तथा समूह का प्रकार्य समाज की संरचना के अंत: संबंधों को प्रस्तुत करना है। जीवों के संदर्भ में संरचना तथा प्रकार्य की परस्पर क्रिया होती है। जिस प्रक्रिया के जरिए जीव संरचना कायम रहती है उसे जीवन कहते हैं। जीवन प्रक्रिया में विभिन्न कोशिकाओं एवं अवयवों की गतिविधियां एवं पारस्परिक क्रिया शामिल होती है। जिसका अर्थ यह होता है जीव रचना के विभिन्न अवयवो की कार्यकलाप ही उसकी संरचना को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैसे, मानव शरीर के किसी भी अंग के सुचारू रूप से न काम करने पर शरीर छिड़ अथवा मृत हो जाता है।

रेडक्लीफ़ ब्राउन (1971) के अनुसार हर जीव का जीवित रहना उसकी संरचना का प्रकार्य माना जाता है। इस प्रकार्य तथा उसकी निरंतरता पर ही संरचना की निरंतरता कायम रहती है। उसी प्रकार सामाजिक संरचना की निरंतरता सामाजिक जीवन की प्रक्रिया द्वारा कायम रहती है। सामाजिक जीवन में विभिन्न मानव तथा मानव समूहों की गतिविधियां एवं पारस्परिक क्रियाए शामिल होते हैं अर्थात सामाजिक जीवन वह विधि है जिससे सामाजिक संरचना का प्रकार्य होता है तथा सामाजिक गतिविधि का प्रकार्य सामाजिक संरचना की निरंतरता को बनाए रखना है। जैसे, विवाह निरंतर होने वाला गतिविधि है। विवाह के माध्यम से यौन संबंध को सामाजिक मान्यता मिलती है। जिससे बच्चों की प्राप्त होती है। जो समाज के नए सदस्य बनते हैं। इस प्रकार यौन संबंधों को सामाजिक रूप देने तथा समाज को नए सदस्य प्राप्त करने का वैध उपाय प्रदान करते हैं। विवाह द्वारा सामाजिक संरचना को बनाए रखने का प्रकार्य संपन्न होती है। इस प्रकार प्रकार्य की अवधारणा में संस्था की धारणा निहित होती है।जिसका उदाहरण अंडमान दीप समूह के अनुष्ठानिक

विलाप में देख सकते हैं। अंडमान के रीति-रिवाजो में सामाजिक विलाप शामिल होते हैं। जो मित्रों तथा संबंधियों के लंबे समय के उपरांत पुनर्मिलन, मृत्यू, विवाह, नामकरण संस्कार, शांति स्थापना अनुष्ठान जैसे अनेक अवसरों पर अंडमान वासी सामूहिक रूप से विलाप करते हैं। रेडक्लीफ़ ब्राउन ने बतलाया कि अनुष्ठाणिक विलाप उन स्थितियों में किया जाता है जिसमें टूटे हुए या बिगड़े संबंध फिर से जोड़े जाने होते हैं। उदाहरण, जब लंबे समय से बिछड़े परिजन मिलते हैं तो अनुष्ठाणिक विलाप इसलिए किया जाता है कि जुदाई समाप्त हो गई है और अब संपर्क फिर से कायम हो जाएंगे। इसी प्रकार मृत्यु के अवसर पर भी अनुष्ठानिक विलब किया जाता है। जिसके द्वारा मानव जीवन की सामान्य गतिविधि पुन: चालू हो जाने में मदद मिलती है।

रुदनगीत समाज को मानव समूहों के कार्य गतिविधि द्वारा संगठित करता है या जोड़ता है। संस्था एवं प्रणाली के रूप में सामाजिक अस्तित्व बनाए रखने में मदद करता है। अभिप्राय रुदनगीत समाज का अभिन्न अंग है जैसा हम जानते हैं, कई अंगों को योग से संपूर्ण समाज का निर्माण होता है। जिसमें हर अंग की उपयोगिता समाज के लिए होती है। अतः सामाजिक संरचना को बनाए रखने में इनका योगदान होता है। रुदन गीतों में छिपे हुए स्थानीय समाज के सामाजिक संरचना और प्रकार्य को समझने के लिए कुछ विभिन्न रुदन गीतों के भाव अभिव्यक्ति और उनके प्रकार्य को खोजने का प्रयास किया गया है।

अरे मोरे बपई, आज बिना माई बपईया भये मोरे बीरना,
कौने जे माई-बपईया से आपन दखवा सुनउबै मोरे बीरना,
ननही से बहुतई दुखीवाँ हैइ मोरे बीरना,
नाही पउनी माई बाबू संघ दुलार पहिले ज माई से साथवा जे छूटे,
आज बपईयू सैं जे टूटे नतवा मोर बीरना।

(एक महिला का विलाप है जो भाई को संबोधित करके विलाप करती है। वह कहती है कि आज वह बिना मां-बाप के हो गई अर्थात उसके माई-बाप इस दुनिया में नहीं है। वह अपने मां बाप का कभी साथ में प्यार नहीं पा सकी। क्योंकि पहले मां गुजर गई और आज फिर पिता साथ छोड़ दिए।)

ये मोरे रमवा कहवा हेरान मोरे रमवा,
काऊने कसूरवा जे छोड़े मोर सथवा मोरे रमवा,
अपने गोहनवा लगउत मोर रमवा,/हमरउ ज दुखवा कटतई मोरे रमवा,/केकरे सहरवा छोड़े मोरे रमवा,
हमही अभागिन भये मोरे रमवा,/केकर रहिया निहरबइ मोरे रमवा,
अपने गोहनवा लगउत मोरे रमवा,हमरउ ज दिनवा बनते मोरे रमवा।

(एक स्त्री का पति मर गया है और उसे ही संबोधित करके विलाप करती है कि वह कहां गायब हो गया है। अर्थात किस कारणवश उसका साथ छोड़ दिया अगर वह अपने साथ उसे भी मृत्यु को प्राप्त करा दे तो उसका भी कष्ट दर हो जाए। क्योंकि उसके बिना उसका (स्त्री) का रहना (जीना) मुश्किल हैं। वह अकेले किसके सहारे रहेगी, वह भाग्यहीन हो गई है।)

हमरई दुयरिया सुन कइल बपई,/बहुतइ सहरवा रहा मोरे बपई,
तोहरइ सहरवा हम छोड़ी आपन लड़ीकवन,
दुवारिया हम खेतवा सेवरवा जाई मोर बपई,
अब केकर सहरवा करबई मोरे बपई,
सझवा ज बपई बोले बाबा से बतिया फोनवा से करौते दुलहिनिया,
अपने बाबा से बतिया किहे मोर बपई बोले ननकी के बीअँहवा करत मोरे बाबा/ओकर बीअहवा हम देखित मोरे बाबा,
बपई के अहकीय पेटवइ ज रही मोरे रमवा।

(एक पत्नी अपने पति को संबोधित करके अपने ससुर की मृत्यु पर शोक प्रकट करती है। कहती है कि उसके ससुर के बिना उसके घर सूना हो गया है। अब वह उसके सहारे अपने बच्चे और घर को छोड़कर खेत में काम करने जाएगी। वह यह भी जिक्र करती है कि उस मृत्यु व्यक्ति की इच्छा थी वह अपनी नातिन का विवाह होते हुए देखे। वह अपने लड़के को भी फोन पर इस बात को कहती है। लेकिन वह इच्छा उसकी अधूरी रह जाती है वह मृत्यु को प्राप्त होता है।)

ये मोरे भईया काऊनउ सनेसवा न दिह मोरे भईया,
की हमरई बीरनवा के तबीयतीया खराब बाटे मोरे बीरना,
आज बीरना के बिना सुन भई महलिया मोरे रमवा,
आज से टूटे माई बपई सँह भईया से नतवा मोरे रमवा,
टुटल दूनहु बीरना से नतवा मोरे बहिना बहुतई गुमनवा जे रहे मोरे बीरना,
दूनहु लड़ीकेवन नोकरीय जे पाये सुखवा के दिनवा न देखे पाये मोरे बीरना,
आज तोरे सबसे नतवा मोरे बीरना।

(एक स्त्री विलाप करते हुए गांव के भाई और पति से कहती है कि गांव के भाई कोई सूचना नहीं दिए कि उसके भाई की तबीयत खराब है। आज उसके भाई की मृत्यु हो गई जिससे उसका घर विरान लग रहा है। अब उसके मां बाप भाई इस दुनिया में नहीं रहे उसके भाई के दो लड़के थे दोनों नौकरी पा गए। जो हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उसके लड़के अपने पैर पर खड़े हो लेकिन अब वह है भाई इसको ज्यादा नहीं देख सका। जो एक समय सुखद एहसास होता। आज वह सब से अपना संबंध तोड़ कर किसी दसरे लोक में चला गया।)

अरे मोरे रमवा कउने कसूरवा ज बोलत नाही रमवा,
हमरई ज संघवा छोड़े मोरे रमवा,
तोहरइ टहलिया बजउती मोरे रमवा,
काल्हइ ज सोनुआ से डढ़िया बनवाए मोरे रमवा
रतीयइ दुयरिया छोड़े मोरे रमवा,
अपने जे सथँवा हमहू लगउत मोरे रमवा।

पत्नी की वेदना का जिक्र है जो अपने पति की मृत्यु के उपरांत उस मृतक शरीर से बातें करती है और कहती है। किस गलती के कारण आप मुझसे बात नहीं कर रहे हैं। मेरा साथ क्यों नहीं दे रहे हैं। आप मेरे साथ रहते हम आपके द्वारा बताई गई सारी बातों को मानती और आपके दिनचर्या के कार्यों में आपकी मदद करती है। कल सोनू (नाती से) दाढ़ी बनवाए हैं और रात में ही घर छोड़ कर चले गए। मैं आपकी जीवन संगिनी आप अपने साथ मुझे भी ले चलिए (मृतक शरीर की आत्मा से बोध करती है) ।

रुदन गीत सामाजिक व्यवस्था में मानवीय गतिविधियों तथा क्रियाकलापों द्वारा अभिव्यक्त होता है अर्थात रुदनगीत सामाजिक व्यवस्था का अभिन्न अंग है। व्यवस्था का निर्माण लोगों के अंतः क्रियाकलापों द्वारा होता है। इस प्रकार रुदनगीत तथा समाज के लोग एक दूसरे से अंत: संबंधित होते हैं क्योंकि यही क्रियाकलाप व्यवस्था का प्रकार्य होता है। जिसके कारण लोगों के व्यवहार में एक समानता देखने को मिलती है। रुदनगीत मानव समाज की संरचना तथा जीवन गतिविधि के बीच अंत: संबंध बतलाता है तथा समाज की निरंतरता बनाए रखने में मदद करता है।

निष्कर्ष-

रुदन गीतों से हमें व्यक्ति तथा समूह के बीच के पारस्परिक क्रिया का पता चलता है, जो सहयोग, संघर्ष, समझौता आदि का बोध कराता है। रुदन गीत सामाजिक संरचनात्मक संबंधों के माध्यम से समाज की निरंतरता बनाए रखने में मदद कराता है। रुदन गीत समय और परिस्थिति का बोध कराता है। रुदन गीत मानव जीवन की एक प्रक्रिया है। जीवन प्रक्रिया सामाजिक संरचना की निरंतरता बनाए रखने में मदद करती है, जो सामाजिक प्रक्रिया और सामाजिक संरचना की अन्तः आश्रित होने का बोध कराती है, अर्थात एक दूसरे का पूरक होते हैं। रुदन गीत व्यक्ति के सगे संबंधियों को जोड़ने का कार्य करती है, जो लयात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से समान मनोभाव उत्पन्न करके भावात्मक रूप से परिवार, नातेदार तथा अन्य सामाजिक लोगों को आपस में सहयोग के लिए प्रेरित करता है।

*****

संदर्भ सूची :-

1. उपाध्याय, कृष्णदेव. (2009). *लोक संस्कृति की रूपरेखा*. इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन.
2. ओझा, सत्यदेव. (2006). *भोजपुरी कहावतें: एक सांस्कृतिक अध्ययन*. दिल्ली: वाणी प्रकाशन.
3. त्रिपाठी, वशिष्ठ. नारायण. (2011). *भारतीय लोकनाट्य*. दिल्ली: वाणी प्रकाशन.
4. त्रिपाठी, सूर्यकांत. (2013). *लोक का अवलोकन*. आर्य प्रकाशन: दिल्ली.
5. दइया, पीयूष. (2002). *लोक*. उदयपुर: भारतीय लोक कला मण्डल.
6. दुबे, श्यामसुंदर. (2003). *लोक: परंपरा, पहचान एवं प्रवाह*. दिल्ली: राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि.
7. दुबे, श्यामाचरण. (1993). *मानव और संस्कृति*. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन.
8. नंबूदिरीपाद, ई. एस. एस. (2002). *कला साहित्य और संस्कृति*. दिल्ली: वाणी प्रकाशन.
9. परदेशी, अर्चना. (2011). *भारतीय संस्कृति एवं लोकगीत*. जयपुर: वाईटल प्रकाशन.
10. बद्रीनारायन. (1994). *लोक संस्कृति और इतिहास*. इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन. ।
11. रेड्फ़ील्ड, रोबर्ट. (1941). फोककल्चर ऑफ यूकाटाम. शिकागो: शिकागो प्रेस।
12. दोषी, एस. एल. एवं त्रिवेदी एम. एस. (1996). उच्चतर समाजशास्त्रीय सिद्धान्त. नई दिल्ली: रावत पब्लिकेशन।
13. Radcliffe Brown, A. R. (1922). *The Andaman Islanders: A Study in Social Anthropology*. Cambridge University Press.
14. Swynnerton, C. (1884). *The Adventure of the Punjab Hero Raja Rasalu, and other floktales of Punjab*.
15. Vidyarthi, L. P. (1973). *Folklore researches in India. paper presented in the IXth International Congress of Anthropological & Ethnological Sciences*. Chicago: U. S. A.

कैशोर्य-अस्मिता के बहाने स्त्री-अस्मिता की तलाश : गंटूमूटे

-अनुज कुमार

सहायक प्रोफेसर, नागालैंड विश्वविद्यालय

Films are the primary source of entertainment for Indians and the cultural constructs created by them strongly influence the thinking of men, women, and most importantly, the new generation. - Cinema & Society: Shaping our Worldview: Beyond the Lens Investigation on the Impact of Gender Representation in Indian Films - Geena Davis Institute on Gender in Media & Oak Foundation Study.

Life imitates art far more than art imitates life. – Oscar Wilde.

गंटूमूटे का अर्थ कन्नड़ भाषा में बस्ता है. एक अर्थ बोझ (बोझा) के रूप में संदर्भानुसार होता है. फ़िल्म के अंत में बैग और एज को अलग कर के भी बताया गया है. यानी बस्ता ढ़ोने वाली उम्र. यहाँ 'ढोनेवाली उम्र' कैशोर्य अवस्था है. आगे पढ़ते रहेंगे तो खुद समझ जायेंगे. गंटूमूटे, 2019 में बनाई गई एक कन्नड़ भाषा की फिल्म है. जिसे बनाया है निर्देशक रूपा राव ने. सहदेव कलवारी और रूपा राव साझा रूप से इस फ़िल्म के निर्माता हैं. रूपा राव ने इससे पहले कुछ लघु फिल्में और कुछ बेव सिरीज़ बनाई हैं जो कि देखे जाने की दरकार रखते हैं. यह रूपा राव की पहली फिल्म है. रूपा राव एक महत्वपूर्ण फिल्मकार के रूप में हमारे सामने भविष्य में प्रस्तुत होंगी, ऐसी आश्वस्ति जगाई जा सकती है. इस फिल्म के महत्व का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि यह पहली कन्नड़ फिल्म है जिसे बेस्ट स्क्रीनप्ले अवार्ड मिला। यह अवार्ड न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म समारोह में दिया गया. इसके अलावे इस फिल्म का चयन निट्टे अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, ओटावा इंडियन फिल्म फेस्टिवल, इंडियन फेस्टिवल ऑफ मेलबॉर्न, तस्वीर साउथ एशियन फिल्म, फेस्टिवल इंटरनेशनल, वूमेंस फिल्म फेस्टिवल आदि में किया गया.

फिल्म में फ्लैशबैक तकनीक को अपनाया गया है. फ़िल्म में अब की नायिका अपने अकेलेपन में ही पूर्ण है. वह अपने दोस्तों के साथ टूर पर न जाकर, अकेले खूद ही एक पहाड़ पर घुमने निकल जाती है. यह नायिका जो पहाड़ की चोटी पर बैठ अपनी आत्मकथा लिखने की तैयारी कर रही होती है, अपने कैशौर्य की दुनिया से बहुत आगे आ चुकी है. नायिका, नॉस्टैल्जिक स्मृतियों को धीरे-धीरे अपनी डायरी में दर्ज करते जाती है. हर व्यक्ति की यादों की तरह नायिका की भी यादें खट्टे-मीठे पलों से भरी हुई हैं.

कहानी की आबो-हवा 90 के दशक की लगती है. ज़ाहिर है फ़िल्म में वे सारी बातें हैं जिनसे आज हम जो 40 पार कर चुके हैं, जुड़ सकते हैं. उस समय की सामाजिक स्थिति क्या थी, किस तरीके से रूढ़ियों का भय था, साथ ही साथ उन्हें तोड़ा भी जा रहा था. एक पूरा नया मध्य वर्ग तैयार हो रहा था और आधुनिकता को हम किस रूप में ग्रहण कर रहे थे, इन सारे परिवर्तनशील बिन्दुओं का लेखा जोखा ही गंटूमूटे फ़िल्म है. फिल्म बचपन के खूबसूरत हादसों को उसी खूबसूरती से पेश करती है. फ़िल्म को सकरात्मक प्रतिक्रियाएं भी इसलिए मिलीं क्योंकि आपका तादात्म मुख्य किरदारों के साथ बहुत आसानी से बैठ जाता है. प्रथम आकर्षण, प्रथम स्वीकार, प्रथम अस्वीकार. उसी अनुसार सकारात्मक और नकारात्मक प्रतिक्रियाएं. वे तमाम हताशाएं, वे तमाम सदमे, वह क्षणांश का सुख, वह धमनियों में तेजी से बहता खून, वह सुर्खी जो चेहरों पर पसरी होती है. यानी कैशोर्य वय से गुजर रहे बच्चों में जो परिवर्तन हो रहे होते हैं, उन सारी बातों की तसदीक इस फ़िल्म में हो जाती है. कोई इस फ़िल्म को एक साधारण स्कूल रोमांस के रूप में खारिज कर सकता है, लेकिन उससे पहले उसे निर्देशक के ट्रीटमेंट से गुजरना होगा. ख़ास यह कि कहानी नायिका के पर्सपेक्टिव से प्रस्तुत की गई है. एक लड़का है, लड़की है, उनमें आकर्षण पनपता है. उसका अंजाम क्या होता है. फ़िल्म उसे दर्ज करता है. लेकिन लड़की मुख्य है क्योंकि वह सूत्रधार है. कहानी हाई स्कूल के रोमांस तक ही महदूद है. यह पेश करने का हुनर है जो निर्देशक और फ़िल्म दोनों को अलहदा बनाती है. यह फिल्म आपको अपने स्कूल के उन स्मृतियों की ओर ले जाती है जिसे आप समय के थपेड़ों के आगे भूल चुके हैं. नायिका मीरा देशपांडे के बहाने, रूपा राव, इस फ़िल्म में यह भी बताने की कोशिश कर रही है की एक छोटे से ऊँघते शहर में, मध्यवर्गीय परिवारों में, 90 के दशक में किस तरीके से एक पूरी युवा पीढ़ी पॉप कल्चर को लेकर, फिल्मों को लेकर पागलपन के हद तक दिवानी थी.

हमारे देश में हर 15 मिनट में 16 से कम उम्र बच्चे का शारीरिक दोहन होता है. विश्व में इस शर्मनाक स्थिति के प्रतिनिधित्व में हम आगे हैं. जेंडर से परे, हम पाएंगे कि यदि बचपन में किसी का शारीरिक दोहन होता है तो यह घटना मानस पटल पर जीवन भर के लिए अंकित हो जाती है. वह चाह कर भी उसे मिटा नहीं सकता/सकती. खारिज नहीं कर सकता/सकती. 'हाइवे' फ़िल्म की नायिका याद कीजिये. ऐसा कोई डिलीट बटन नहीं है जो कि इस तरह की मनहूस स्मृति को अचानक पूरी तरीके से खत्म कर दे. यदि यह क्लीशे ना लगे तो महिलाओं के साथ बाल यौन शोषण तो उन पर और गहरा असर छोड़ जाता है. सामाजिक स्थितियां उनके माफिक नहीं होतीं. जब होती हैं और बोलने की ताक़त पैदा होती है तब उन्हें कोष्टकों में रखकर देखने की घटिया प्रवृत्ति दिखाई देती है. ऐसे में उबरना दुष्कर प्रतीत होता है, उबरने की कोशिश जरूर की जाती है. फिल्म में मीरा पहली बार भगवान के ताखे पर रखे पैसे चुराकर फिल्म देखने जाती है. उसे फिल्म देखना बहुत पसंद है. उसका वहां यौन शोषण होता है. एक उम्रदराज व्यक्ति उसकी जाँघ पर अपना हाथ रख देता है, वह घबराती है, थिएटर से बाहर दौड़ जाती है. एक पल को ठहरती है, अपनी साँसों को थीर करती है और पुनः बालकनी में जाकर बैठ कर फिल्म देखना शुरु करती है. जाहिर है नायिका बचपन से ही एक मज़बूत किरदार के रूप में पेश की गई है. सवाल पूछना मीरा की आदतों में शुमार है. वह खुद की आइडेंटिटी को असर्ट करना चाहती हैं, वह जानना चाहती है की थिएटर में जो हुआ, उसे लेकर कैसी प्रतिक्रिया देनी चाहिए. उसे यह तो पता होता है कि कुछ गलत हुआ है. पर उसे क्या कहते हैं, यह कहने की समझ उसमें नहीं होती. हमारे समाज ने एक पितृसत्तात्मक संरचना को पाला-पोसा हुआ है. उस पर बेशर्मी यह कि इसे सबके हित में भी बार-बार घोषित और प्रेषित किया जाता है. सिनेमा अलग से कुछ भी नहीं करता. जो मेजोरेटेरियन संकल्पना या अवधारणा किसी विषय के बारे में है उसे ही प्रेषित करता है ताकि मुनाफा बटोरा जा सके. बिरले निर्देशक निर्माता होते हैं जो सिनेमा को सामाजिक बदलाव के एक टूल के रूप में इस्तेमाल करते हैं. अक्सर स्त्री को देह और सम्भोग की वस्तु तक समेट दिया जाता है. छेड़खानी, पीछा करना, यौनाचार मानों प्यार का इजहार करने के तरीके हैं. थोड़े बहुत मनुहार के बाद नायिका का मान जाना या समर्पण कर देना भी तय है. अधिकांश मामलों में, महत्वाकांक्षी महिलाएं, तत्काल स्टारडम प्रदान करने वाले उद्योग में एक शानदार और ग्लैमरस करियर की तलाश में इच्छुक प्रतिभागी बन जाती हैं, निर्देशकों या फिल्म निर्माताओं के हाथों कठपुतली बन जाती हैं, यह एक और मामला है। इसके अलावा, यह एक स्वीकृत धारणा है कि यदि कैमरे के पीछे एक पुरुष है तो वह और भी अधिक सुनिश्चित करता है कि उसकी महिला पात्र, पुरुष की निगाहों की कामुक वस्तु बन जाएं। ताकि दर्शक रुपहले परदे पर दिखाए जा रहे दृश्यों में प्रतिभागी हो अपनी यौन कल्पनाओं की क्षुधा शांत कर सके. चिंताजनक बात यह है कि महिला-निर्देशकों ने भी कैम इनकैश नहीं किया. वे भी पुरुष इच्छाओं के सामने घुटने टेकते देखी गई हैं. महिला निर्देशकों ने स्वलिंग के प्रति कोई उदारता नहीं दिखाई है, अपवादों को छोड़ दें तो शोषण आपको साफ दिख जाएगा। नारीवाद का समर्थन करने की आड़ में, जब महिलाओं के चित्रण और उनके सूक्ष्म शोषण की बात आती है तो वे समान रूप से दोषी होती हैं. बहाना बस यह होता है कि वे एक स्त्री परिप्रेक्ष्य प्रदान कर रही हैं, जिसका उद्देश्य सशक्तिकरण और मुक्ति है। बेलौस महिला-केंद्रित चिंताओं से निपटने की आड़ में, महिला निर्देशक भी, बाजार के अर्थशास्त्र के शातिर पैंतरें खेलने में कोई संकोच बरतते नहीं देखी गई हैं. यह एक दुर्भाग्यपूर्ण पक्ष है. ऐसे में यह देखना लाजिमी हो जाता है कि फ़िल्म गंटूमूटे इन शर्तों पर कितना खरा उतरती है. हम पाते हैं कि निर्देशिका रूपा राव लोकप्रिय नैरेटिव का इस्तेमाल करते हुए भी स्त्री मन

को एक नए परिप्रेक्ष्य में उघाड़ कर हमारे सामने रखने की कोशिश करती है. सलमान खान की मीरा दीवानी है, मधु के प्रति आकर्षण की वजह उसके लहराते बाल हैं, जैसे सलमान खान के हैं. बाद चलके मधु में हीरो सलमान खान की तरह हिम्मत न देख पाना मीरा को भीतर से तोड़ देता है. हकीकत और रुपहले पर्दे के फर्क को बखूबी रूपा राव ने पेश किया है! वे कैशोर्य आकर्षण के तमाम प्रचलित कारणों को हमारे सामने रखते हुए भी एक नया आयाम प्रस्तुत करती हैं. उनकी संजीदगी उन्हें अन्य निर्देशकों से अलग कतार में खड़ा करता है. हम सभी जानते हैं कि मेल गेज़ की प्रधानता है. लेकिन जैसे जैसे मीरा बड़ी होती जाती है, वह खुद को इस समाज में बैठे तमाम तरह की रूढ़ियों से सवाल करते पाती है. यह फिमेल गेज़ सबको चूभता है. अपने प्रेम के इजाहर से लेकर, अपनी ख्याली दुनिया में वह खुद से लड़ रही होती है. मैस्कुलिनिटी को लेकर उसके सारे भ्रम धीरे-धीरे ध्वस्त होते जाते हैं. स्कूल में एक लड़का उसके पीछे पड़ जाता है, उसे गुलाब का फूल देता है, वह उसे ले लेती है. उसे पता नहीं होता है कि यह बहुत बड़ा मामला है. लड़का मान लेता है कि मीरा ने उसका प्रेम स्वीकार कर लिया है. ऐसा न होने पर लड़का आहत हो जाता है, वह इसे अपने अपमान के रूप में देखता है. चोट खाया लड़का मीरा को 'डगार' कहने लगता है. अंग्रेजी में इस कन्नड़ शब्द 'डगार' का मतलब 'स्लट' होता है. यानी ऐसी औरत जो अपनी सेक्सुअलिटी को लेकर नैतिक नहीं है. स्कूल में जब मौक़ा मिलता है, लड़का मीरा को डगार कहने से नहीं हिचकता. यहाँ तक कि बॉयज टॉयलेट में उसका नाम लिख देता है. मीरा यातना से गुज़र रही होगी, इसकी परवाह लड़के को नहीं है. वह पूछ रही होती है यदि किसी के प्रेम को अस्वीकार कर दिए जाने से कोई स्लट हो जाता है तो ऐसा क्यों है? वह वेश्याओं को देखती है, खुद से सवाल करती है कि आखिर ये भी मनुष्य हैं, आपना जीवनयापन कर रही हैं. फिर इतनी घृणा क्यों?

वह प्रतिशोध चाहती है. चाहती है कि उसका साथी उसके लिए लड़े-भिड़े. ऐसा नहीं होता. जिसे सलमान खान समझ कर उसने प्रेम किया वह एक दब्बू किरदार है, यह उसे तोड़ देता है. जैसे-जैसे उम्र बढती जाती है, ख्याली दुनिया टूटते जाती है.

किशोर अवस्था बहुत पेचीदा अवस्था होती है. ऐसी अवस्था, आपको बहुत ही उलझन भरी स्थिति से गुजरने को बाध्य करती है. आप एक ओर जवान हो रहे होते हैं और दूसरी ओर आपका मोह बचपन के प्रति भी होता है. आपका शरीर विद्रोह कर रहा होता है. आप इस विद्रोह की प्रक्रिया को समझने के लिए बेचैन रहते हैं. ऐसे में यदि आप अपने व्यक्तित्व को लेकर मजबूत दिखना चाहते हैं तो आपको साइड लाइन करने की कोशिश की जाती है. प्रेम आपको और उलझन में डाल देता है, हवाई आकर्षण जब व्यवहार के धरातल पर पटक दिया जाता है तो सारा खुमार काफूर हो जाता है. हमारा समाज तमाम आधुनिकताओं के बावजूद एक तरीके से बंधा हुआ है. ऐसा नहीं है की उदारीकरण के बाद आए आर्थिक बदलाव के कारण स्थिति बेहतर न हुई हों. किन्तु आज भी छेड़छाड़, अश्लील फब्तियां, गाने, संकेत आदि तरीकों से महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई किया जाता है. उन्हें परेशान किया जाता है. उनमें भय और आतंक के भाव उत्पन्न करने की कोशिश की जाती है. ज़ाहिर है महिलायें असुरक्षित महसूस करती हैं. एक तनाव की प्रक्रिया से गुजरती हैं. कुछ कोशिश करती हैं कि इन्हें इग्नोर करके आगे बढ़ा जाए. कुछ इस नए 'ट्रोल-कल्चर' से उबरती हैं, खुद का रास्ता अख्तियार करती हैं. रुढियों-रिवाजों की दुनिया को तोड़ने के नफे-नुकसान उठाने पड़ते हैं. मीरा भी ऐसा करती है, वह स्कूल के कार्यक्रम के स्पीच में, अपनी परवरिश का ज़िक्र कर अपने मजबूत किरदार होने को साबित करती है. डगार कहने वालों का सर झुका देती है. यह फिल्म प्रेम को स्त्री की भाषा में व्याख्यायित करता है. अस्मिता की पहचान, उसकी मजबूती को लेकर भी यह फ़िल्म है. इस फ़िल्म की नायिका बेहद मजबूत है, नायक की ख़ुदकुशी से वह पूरी तरीके से टूट चुकी है लेकिन फिर भी खुद को जिलाए रखने में ही अपने प्रेम का मकसद ढूंढती है. एक खालीपन है जिसमें वह खुद को भर लेती है. जीवन बोझ ही सही लेकिन जीते जाती है.भावनाओं को व्यक्त करने के लिए पार्श्व संगीत का जिस तरह से उपयोग किया गया है वह आपके ज़हन का अभिन्न हिस्सा बनकर रह जाता है. फिल्म की नायिका जिसे तेजू वेलावाड़ी ने निभाया है, उसे शब्दों में बांध पाना मुश्किल है क्योंकि ढेर सारा काम यहां आंखों और चेहरे की भंगिमाओं द्वारा अभिनीत किया गया है. नायिका की पनियल आंखें, उसकी सादगी, उसका अबोधपन, यह तमाम बातें उसकी अभिनेयता को कई गुना बढ़ा देती हैं. तय है की जटिल और बेहद चुनौतीपूर्ण किरदारों के लिए तेजू वाकई एक बेहतरीन कलाकार के रूप में भविष्य में स्थापित होंगी. यह फिल्म यह भी दर्शाने की कोशिश करता है कि किस तरह एक बिल्कुल साधारण सी प्रेम कहानी के जरिए हम एक ऐसा विधान रच सकते हैं जो कि हमें सोचने को बाध्य कर दे.

कहने को तो यह नायिका की फिल्म है लेकिन मधु का किरदार निभा रहे निश्चित कोरोड़ी ने भी अपने बेहद लापरवाह और दब्बू किस्म के किरदार को बखूबी निभाया है. वह व्यवहार में बहुत अच्छा है और पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं है. पढाई में अव्वल आने के समाज के दबाव के कारण उसकी अस्मिता खतरा में आ जाती है. वह ख़ुदकुशी कर लेता है.

फिल्म, चूँकि बहुत बड़े विषय को लेकर नहीं है इसलिए कुछ हिस्से आपको आपके स्वादानुसार उबाऊ लग सकते हैं और यदि आप उससे जुड़ जाते हैं तो फिल्म का एक भी हिस्सा ऐसा नहीं है जिसे आप अपने नजर से ओझल होने देना चाहें.

ऐसे समय में जब बहुत बड़े-बड़े बैनर बहुत महंगी-महंगी फिल्में बना रहे हैं और उसका खूब विज्ञापन भी हो रहा है, यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि हम रूपा राव जैसे निर्देशकों का भी सम्मान करें क्योंकि वाकई उनके पास खालिस सिनेमा की समझ हैं. उसकी ताकत और उसकी प्रक्रिया से वे वाकिफ हैं. विषय के साथ न्याय करने का हुनर है.प्रेम बहाना है. इस बहाने रूपा राव हमें हमारे सोशल 'baggage' से रूबरू करा रही होती हैं.

*****

सन्दर्भ :-

1. https://www.newindianexpress.com/entertainment/review/2019/oct/19/gantumoote-review-roopa-raos-film-is-a-baggage-of-romance-and-innocence-2049683.html
2. https://en.wikipedia.org/wiki/Gantumoote
3. https://www.filmcompanion.in/reviews/kannada-review/gantumoote-movie-review-roopa-raos-drama-about-a-sensitive-schoolgirl-is-exquisitely-directed-and-enacted/
4. https://www.firstpost.com/entertainment/teju-belawadi-on-gantumoote-rare-kannada-film-that-celebrates-its-female-gaze-internal-conflicts-are-my-forte-7862211.html
5. https://in.news.yahoo.com/gantumoote-why-small-kannada-film-055241936.html

हिंदी साहित्य में नारी विमर्श

राजपाल सिंह यादव
सहायक प्राध्यापक (शिक्षा संकाय)
उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (मानित विश्वविद्यालय),
सरदारशहर (चुरू) राजस्थान

सारांश

हिंदी साहित्य में नारी विमर्श की जहां तक बात है तो बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से हमारे देश में जो नारीवादी आंदोलन हुए उन आंदोलनों से भारतीय साहित्य काफी प्रभावित हुआ है। इसकी पृष्ठभूमि के रूप में यूरोप और अमेरिका की जिस नारीवादी विचारधारा के प्रभाव के कारण ऐसा हुए है; वह स्वीकार करने के बावजूद कहा जा सकता है कि स्त्री विमर्श कभी तो संसार की समस्त नारियों द्वारा समस्त पुरुषों का विरोध करने वाली विचारधारा के रूप में उभरकर सामने आया तो कभी यह स्त्री की उन्मुक्त काम की वकालत करने वाले साहित्य के रूप में सामने आया। नारी को नरक का द्वार, सर्पिणी, अध्यात्म में बाधक, पशुतुल्य जैसे उपनामों की संज्ञा दी गई। उस समय कृष्णभक्त मीराबाई का पितृसत्तात्मक समाज के विरुद्ध जाकर अपनी निजता के अनुरूप जीवन यापन करना बहुत आश्चर्य की बात की थी। मीरा की भावना, नारीत्व की भावना थी, जो पूर्णत्व चाहती थी। ऐसे काव्य में प्रेम-विरह है, विलास से अर्पित नारी का चित्र रुचिर तो लगता है किन्तु उससे नारी के स्वतंत्र व सक्षम अस्तित्व का बोध कदापि नहीं हो पाता और न उससे उसका समग्र व्यक्तित्व ही उभर पाता है। पश्चिम के प्रभाव के कारण आधुनिक काल में नई चेतना का विकास हुआ। हिंदी साहित्यकारों ने स्त्री-पात्रों के प्रति पूरी संवेदना के साथ उनकी महानता का चित्रण किया है। औरतों को लेकर पिछले 50 वर्षों में काफी काम हुआ है। मगर समाज-शास्त्र की दृष्टि से स्त्री-विमर्श हिंदी-साहित्य में बहुत बाद में बहस का मुद्दा बना।

बीज शब्द: हिन्दी साहित्य, नारी विमर्श।

प्रस्तावना:

आधुनिक हिंदी-साहित्य में नारी, चेतना और सर्जना के बीचों-बीच खड़ी दिखाई देती है। पश्चिम के प्रभाव के कारण इस काल में नई चेतना का विकास हुआ। हिंदी साहित्यकारों ने स्त्री-पात्रों के प्रति पूरी संवेदना के साथ उनकी महानता का चित्रण किया है। औरतों को लेकर पिछले 50 वर्षों में काफी काम हुआ है। मगर समाज-शास्त्र की दृष्टि से स्त्री-विमर्श हिंदी-साहित्य में बहुत बाद में बहस का मुद्दा बना। डॉ ओमप्रकाश लिखते हैं –''सं 1974 में 'प्रगतिशील महिला संगठन का गठन हुआ इसके बाद महिला मुद्दों को अख़बारों पत्रिकाओं आदि में प्रमुख स्थान मिलने लगा। वैदिक काल नारी का उत्कर्ष काल रहा है, किन्तु धीरे-धीरे समय चक्र के परिवर्तन के कारण नारी के पराभव और शोषण का युग प्रारम्भ हो गया।

हिंदी साहित्य का आदि -काव्य धार्मिक उपदेशों एवं वीर-गाथाओं के रूप में लिखा गया है। पहला वीरकाव्य के रूप में दूसरा मधुर भक्ति के रूप में। तत्कालीन परिस्थितियों एवं वातावरण के अनुसार वीरगाथा काल में नारी के कामिनी एवं वीरांगना रूप दृष्टिगत होते हैं। इस समाज के काव्य में "जाकी बिटिया सुन्दर देखी ताहि पै जाए धरे हथियार " वाली कहावत चरितार्थ होती है। उस समय स्त्री संघर्ष के बीज के रूप में थी क्योंकि स्त्रियों के कारण राजा-महाराजाओं के भी युद्ध हो जाते थे। वीर-पत्नी अपने जीवन की सार्थकता अपने स्वामी के वीरोचित कर्मों में ही समझती थी। यदि उसका पति वीरगति को भी प्राप्त हो जाए तो वह उसके साथ ही मरने को तैयार हो जाती थी। अर्थात कहने का तात्पर्य यह है कि वीर काव्य ही नहीं, उस समय का धार्मिक काव्य भी नारी के प्रति उदार नहीं था। जैन आचार्यों, सिद्धों, नाथों ने भी नारी के प्रति विकृति के स्वर को मुखरित किया है। सं 1500-1700 का काल भक्ति युग माना जाता था। हिंदी साहित्य का भक्ति काल राजनीतिक दृष्टि से विक्षोभ का काल था, जिसके फलस्वरूप कवि का मानस भगवान का आश्रय खोजने लगा। इस काल के काव्य में नारी चित्रण मुख्यतः दो रूपों में हुआ। एक ओर वह उदात्त आदर्श आराध्य के रूप में दूसरी ओर एक सामान्य नारी के रूप में।

भक्ति काल के निर्गुण संत कवियों ने नारी को मुक्ति मार्ग की बाधा बताया है। कबीर का अभिमत है कि "नारी की छाया परत अँधा होत भुजंग।" अर्थात नारी की छाया पड़ते ही सांप भी अँधा हो जाता है। सुंदरदास के अनुसार,"नारी विष का अंकुर ,विष की बेल है।"। इन सबसे यही विदित होता है कि इन्होंने नारी के केवल कामिनी रूप को ही देखा है; उसके मातृत्व रूप एवं पतिपरायण रूप को नहीं। दूसरी और संत कवियों ने नारी के मातृत्व एवं पतिपरायण रूप को आदर की दृष्टि से देखा है। साथ ही तुलसीदास जैसे कवियों ने नारी को ताड़न का अधिकारी मानते हुए उसे पशुतुल्य स्वीकारा है, शायद ही ऐसा कोई कवि होगा जिसने स्त्रियों के प्रति इतने सम्मानजनक शब्दों का प्रयोग किया हो। सूफियों के अनुसार नारी प्रेम एवं उपासना की वस्तु है। उसे योग, त्याग, तपस्या तथा उत्सर्ग द्वारा ही पाया जाता है। उसका प्रेम लौकिक-अलौकिक दोनों ही है। सूरदास जी ने अपने काव्य में विभिन्न रूपों, उनकी मान्यताओं और मूल्यों का सहज एवं यथार्थ चित्रण किया है। सूर ने नारी हृदय का मनोवैज्ञानिक चित्रण किया है। सूरसागर के प्रथम खंड में कृष्ण कथा वर्णन के पूर्व कवि नारी को नागिन से अधिक भयंकर मानता है और लिखता है कि 'नागिन का विष तो तभी व्याप्त होता है, जब वह काट लेती है, पर नारी अपनी दृष्टि विशेष मात्र से मानव मन को चेतनाहीन कर लेती है।

ऐसे समय में जहां नारी को नरक का द्वार, सर्पिणी, अध्यात्म में बाधक, पशुतुल्य जैसे उपमानों से अलंकृत किया जाता था। उस समय कृष्णभक्त मीराबाई का पितृसत्तात्मक समाज के विरुद्ध जाकर अपनी निजता के अनुरूप जीवन यापन करना बहुत आश्चर्य की बात की थी। मीरा की भावना, नारीत्व की भावना थी, जो पूर्णत्व चाहती थी। ऐसे काव्य में प्रेम-विरह है, विलास से अर्पित नारी का चित्र रुचिर तो लगता है किन्तु उससे नारी के स्वतंत्र व सक्षम अस्तित्व का बोध कदापि नहीं हो पाता और न उससे उसका समग्र व्यक्तित्व ही उभर पाता है।

भक्ति काल में कवियों की नारी विषयक दृष्टिकोण में उसे नागिन व नरक का द्वार कहा है तो दूसरी और अपनी-अपनी आत्मा को नारी रूप में अंकित किया है। एक और नारी को मुक्ति मार्ग की बाधा मानकर उसकी उपेक्षा की है और साथ ही यह भी स्पष्ट हो जाता है कि सामान्य नारी के प्रति इनका दृष्टिकोण उदार नहीं है।

रीतियुगीन कवियों ने रूप-यौवन के आकर्षण की आंधी में नारी के रूप का ही वर्णन किया है। कहीं-कहीं तो यह स्वाभाविकता की सीमा का ही अतिक्रमण करती हुई-सी प्रतीत हो जाती है। नारी ही रीतिकाल में कवि की समस्त भावनाओं का केंद्र है, परन्तु इन रीतिकवियों केशव, बिहारी, घनानंद, देव, मतिराम, सेनापति आदि को नारी का केवल कामिनी रूप ही प्रिय था। रीतिकाल के कवियों की दृष्टि केवल नारी के ही नख-शिख उसकी मांसल देह पर ही ठहरी थी "सतरोही भौहें, अलसाह चितवन तन की खरीं निकाई। इन कवियों की दृष्टि में यशोदा के मातृत्व की गरिमा का कहीं भी स्थान नहीं था। अतःस्पष्ट है कि इन कवियों की दृष्टि हर समय वासना एवं विलास में ही रही । कविगण अपने आश्रयदाताओं की मन-स्तुष्टि साधना प्रमुख रूप से करते थे। रीतिकाल में तो नीतिकाव्य में भी तिय छवि को भवसागर के बीच की बाधा ही माना गया है। संत कवियों की ही भांति ही नीतिकाव्य के कवियों में भी नारी के सम्पर्क को त्याज्य बताया गया है। इन कवियों के लिए नारी पुरुष के समान स्वतंत्र न होकर एक मनोरंजन की सामग्री थी। रीतिकाल के कवियों ने तो नारी को सिर्फ एक प्रेमिका के रूप में ही वर्णित किया है। पत्नीत्व की गरिमा के दर्शन तो

कहीं भी नहीं मिलते। इसी कारण रीतिकाल के कवियों की कविताएँ श्रृंगार रस पर ही आधारित थी। सेनापति, बिहारी, मतिराम आदि की दृष्टि तो नारी के नयन और उसके दैहिक सौंदर्य पर ही टिकी रही।आधुनिक काल (सन 1900 से अब तक) शुरू हो गया था। देश की स्थिति करवट बदलने लगी। अंग्रेजी शिक्षा के प्रसार के कारण भारतीय समाज की विचारधारा में कुछ परिवर्तन आया और पाश्चात्य साहित्य में वर्णित मानव-प्रेम ने भी इन कवियों को प्रभावित किया। श्रीमती एनी बेसेंट, जी के. देवधर, ईश्वर चन्दर विद्या सागर, चन्दर सेन ,महात्मा गांधी आदि समाज सुधारकों ने भारतीय नारी की पतनोन्मुख अवस्था को सुधारने का प्रबल समर्थन दिया। भारतेंदु जी ने स्त्री-शिक्षा के प्रचार हेतु 'बालवबोधिनि' नामक पत्रिका का प्रकाशन किया तथा नर-नारी समानता एवं नारी मुक्ति का नारा दिया। इस युग में कवियों ने इस बात पर बल दिया है कि नारी ही मानव एवं समाज का सुधार कर सकती है। इस विषय में रायदेवीप्रसाद पूर्ण की निम्न पंक्तियाँ हैं -"नारी के सुधारे होत जग में प्रसिद्ध ,नारी के संवारे होत सिद्ध धन बल है।' कहने का तात्पर्य यह है कि आधुनिक काल में स्त्री को थोड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा। उसे 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' अर्थात माता और जन्म भूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है, कहा जाने लगा।

इस युग के कवियों में मानवतावादी परवर्ती स्त्री-पुरुष में समानता की भावना, पीड़ितों के प्रति सहानुभूति एवं मानवीय आदर्शों के रूप में थी। इन कवियों ने राधा-कृष्ण के प्रेम को आदर्श-प्रेम बताकर उनकी वंदना करते हुए की है, साथ ही रीतियुगीन नायक-नायिका के श्रृंगार, काम विलास आदि की निंदा भी की है।

दिवेदी युग में कवियों ने माना समाज की उन्नति नारी को सम्मान दिए बिना हो हो नहीं सकती। इस युग में प्रथम बार नारीत्व की उच्च भावना का विकास हुए देखते हैं । दिवेदी जी ने नारी के पक्ष का समर्थन करते हुए कहते हैं –

"पति को देव तुल्य हम माने, बच्चों की भी दासी हैं,
सेवा सदा करे नहीं सोचें भूखी हो या प्यासी ,
हे भगवान हाय तिस पर भी उपमा कैसे पाती हैं,
ढोल-तुल्य ताड़न अधिकारी, हम बनाई जाती है।"

छायावादी काव्य मूलतः श्रृंगारी काव्य ही है, फिर भी इन कवियों ने नारी को मान, पत्नी, प्रेमिका के रूपों में किया है। प्रसाद की कामायनी में श्रद्धा का पत्नी और माँ का रूप निराला का विधवा में वैधव्य पीड़ित पत्नी, 'सरोज स्मृति' में पुत्री रूप या कुछ अन्य कविताओं में दिव्य शक्तिमयी कल्याणी रूप आदि छायावादी कवियों ने जो कवितांए लिखीं। उनमें प्रेम की भावना पावनता, एकनिष्ठा, गहनता है।

पति-पत्नी का सदाचार ही नहीं, मात्र परिणय से पावन,काम निरत
यदि दम्पति जीवन भोग मात्र का किया परिणय साधना "
स्वकीया या परकीया-जन समाज की है यही परिभाषा,
काममुक्त और प्रीतियुक्त होगी मनुष्यता मुझको आशा"

अमृता शेरगिल जैसी चित्रकार ने जर्मनी से लौटने पर भारतीय नारी को जब चित्रों से उकेरा तो कविता के क्षेत्र से नारी कैसे पीछे रह सकती थी? प्रताप कुठरी बाई, सरस्वती देवी, निधि रानी, ज्वाला देवी, सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा आदि कवयित्रियों ने साहित्य के क्षेत्र को उभारा है। इन्होंने प्रणय-भावना, वातसल्य भावना तथा नारी त्याग और राष्ट्र -प्रेम के गीत गाये हैं। अतः आधुनिक काल के कवियों ने अपनी कृतियों में नारी के महत्त्व की प्रतिष्ठा की आज की नारी में स्वाभिमान तथा आत्म समर्पण की भावना ही प्रमुख है। उसे आज अपने अधिकारों की चिंता है क्योंकि वह शिक्षित है नारी सृष्टि के अनादि -काल से ही मानव हृदय की रागात्मक वृत्तियों का प्रेरणा स्रोत रही है।

निष्कर्ष: -

आधुनिक हिंदी-साहित्य में नारी चेतना और सर्जना के बीचों-बीच खड़ी दिखाई देती है। पश्चिम के प्रभाव के कारण इस काल में नई चेतना का विकास हुआ। हिंदी साहित्यकारों ने स्त्री-पात्रों के प्रति पूरी संवेदना के साथ उनकी महानता का चित्रण किया है। वैदिक काल नारी का उत्कर्ष काल रहा है, किन्तु धीरे-धीरे समय चक्र के परिवर्तन के कारण नारी के पराभव और शोषण का युग प्रारम्भ हो गया। हिंदी साहित्य का भक्ति काल राजनीतिक दृष्टि से विक्षोभ का काल था, जिसके फलस्वरूप कवि का मानस भगवान का आश्रय खोजने लगा। इस काल के काव्य में नारी चित्रण मुख्यतः दो रूपों में हुआ। एक ओर वह उदात्त आदर्श आराध्य के रूप में दूसरी ओर एक सामान्य नारी के रूप में। भक्ति काल में कवियों की नारी विषयक दृष्टिकोण में उसे नागिन व नरक का द्वार कहा है नारी को मुक्ति मार्ग की बाधा मानकर उसकी उपेक्षा की है और साथ ही यह भी स्पष्ट हो जाता है कि सामान्य नारी के प्रति इनका दृष्टिकोण उदार नहीं है। आधुनिक काल में स्त्री को थोड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा। उसे 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' अर्थात माता और जन्म भूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है, कहा जाने लगा। इस काल के कवियों ने अपनी कृतियों में नारी के महत्त्व की प्रतिष्ठा की आज की नारी में स्वाभिमान तथा आत्म समर्पण की भावना ही प्रमुख है। उसे आज अपने अधिकारों की चिंता है क्योंकि वह शिक्षित है नारी सृष्टि के अनादि -काल से ही मानव हृदय की रागात्मक वृत्तियों का प्रेरणा स्रोत रही है।

*****

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. समकालीन महिला लेखन -डा. ओमप्रकाश शर्मा; पृ. 21 , पूजा प्रकाशन, नई दिल्ली संस्करण; 1999
2. हिंदी साहित्य का इतिहास -डा. रामचन्द्र शुक्ल ,पृ 82 राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली- संस्करण; 1996
3. समकालीन हिंदी के पत्र साहित्य में नारी विषयक चिंतन- मध्य युगीन साहित्य में नारी भावना (लेख), उषा पाण्डेय, पृ 68, भावना प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण; 1993
4. हिंदी महाकाव्यों में नारी चित्रण -डा. श्याम सुन्दर व्यास, पृ. 178 सुन्दरदास-सुन्दर ग्रंथावली, पृ. 434, राधा पब्लिकेशन-नई दिल्ली,संस्करण; 1977
5. समकालीन हिंदी पत्रकरिता में हिंदी संदर्भ -डा रमेश कुमार त्रिपाठी, नमन प्रकाशन- नई दिल्ली-110002, प्रथम संस्करण; 2007
6. सेवा समर्पण, नारी विशेषांक, प्रताप लहरी-प्रतापनारायण मिश्र, पृ. 160, सेवा कुञ्ज-नई दिल्ली, संस्करण, अप्रैल 2004
7. रसज्ञ रंजन-महावीर प्रसाद दिवेदी, पृ. 60, साहित्य रत्न भंडार, आगरा, संस्करण; 1920
8. हिंदी महाकाव्यों में नारी चित्रण -डा. श्याम सुन्दर व्यास, स्वर्ण धूलि-सुमित्रा नंदन पंत, पृ.33, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, संस्करण; 1977

टी.टी. कृष्णमाचारी की दलील

ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्यों की बार-बार ग़ैरहाजिरी की स्थायी समस्या के कारण ये सम्पादकीय जिम्मेदारियां भी मुख्य रूप से आंबेडकर के ही कन्धों पर ही आ जाती थीं. बाद में, ड्राफ्टिंग कमेटी के एक सदस्य टी.टी. कृष्णमाचारी ने नवम्बर 1948 में संविधान सभा के सामने बताया था:

'सम्भवत: सदन इस बात से अवगत है कि आपने (ड्राफ्टिंग कमेटी में) जिन सात सदस्यों को नामांकित किया है उनमें से एक ने सदन से इस्तीफ़ा दे दिया है और उनकी जगह कोई अन्य सदस्य आ चुके हैं. एक सदस्य की इस बीच मृत्यु हो चुकी है और उनकी जगह कोई नए सदस्य नहीं आए हैं. एक सदस्य अमेरिका में थे और उनका स्थान नहीं भरा गया है. एक अन्य व्यक्ति सरकारी मामलों में उलझे हुए थे और वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह नहीं कर रहे थे. एक-दो व्यक्ति दिल्ली से बहुत दूर थे और सम्भवत: स्वास्थ्य की वजहों से कमेटी की कार्रवाइयों में हिस्सा नहीं ले पाए. सो कुल मिला कर यही हुआ है कि इस संविधान को लिखने का भार डॉ. आंबेडकर के ऊपर ही आ पड़ा है. मुझे इस बात पर कोई सन्देह नहीं है कि हम सबको उनका आभारी होना चाहिए कि उन्होंने इस जिम्मेदारी को इतने सराहनीय ढंग से अंजाम दिया है.

*****

पुरुष समाज में नारी का अस्तित्व

प्रतिभा सिंह
(शोध छात्रा)
राजश्री कृष्ण दत्त पी.जी कॉलेज,जौनपुर
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर
मो.-7007662664

" मुझे वह स्त्री पसंद नहीं
जिनकी जीभ लटपटाती है पुरुषों से बात करने में
जिन का कलेजा कापता है उनकी मार के डर से
जो झुककर उठती है उनको जूते पहनाती है
उन्हें सार्थक समझकर
जो सोती हैं पुरुषों के साथ किसी फायदे के लिए।"1

स्त्री-मुक्ति के संघर्ष को लेकर विश्व भर में कुछ समय पूर्व ही चेतना का संनचार हुआ है। स्त्री को शास्त्रीय और धार्मिक ढांचे में डालकर देखने की प्रवृत्ति समाज में आदर्शवादी व्यवस्था को स्थापित नहीं कर सकती है। साथ ही स्त्री जीवन के सच को भी उजागर नहीं करता। साहित्य के क्षेत्र में स्त्री स्वतंत्रता से जुड़े कई किस्म के सिद्धांतों की रचना हो रही है। अनेक प्रकार के मत सामने आ रहे है। स्त्रीवाद सचेत स्त्रियों की सक्रियता के बदौलत समाज के सामने आया। समाज में चलने वाली स्त्री अधिकार संबंधी आंदोलन की ताप अभी साहित्यकरो तक नहीं पहुंच सकी है। स्त्री लेखन के आगे का सवाल बड़ा है इसमें सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि स्त्री लेखन का अपने आरंभिक बिंदु तक पहुंचना एक विशिष्ट प्रक्रिया है। आधुनिक भारतीय समाज के उत्थान में नारी का अप्रतिम योगदान रहा है।भारत में राममोहन तथा विद्यासागर ने सर्वप्रथम स्त्रियों की स्थिति में परिवर्तन के लिए अनेक प्रकार के आंदोलन किए। पर यह आंदोलन स्त्रियों की निर्धारित दयनीय स्थिति में परिवर्तन के लिए ही था। उसी सोच से देश में स्त्री-मुक्ति से जुड़े सोच का उद्भव हुआ। अर्थात स्त्रियों का प्रतिनिधित्व करने वाली भाषा अलग होती है उसके आशय उसके मायने अलग होते हैं। और समाज में स्त्री पुरुष की परस्परता और संतान संबंधों के हिसाब से तय होती है। हमारे जटिल भारतीय समाज में हर चीज की तरह स्त्रियों की हैसियत भी एक आर्थिक बुनियादी ढांचे पर टिकी हुई है। कई समय से पुरुष धर्मप्रवक्ता तथा विचारक स्त्रियों के बारे में न जाने कितनी ही बातें कहते आए हैं।पर वह सारी बातें सिर्फ स्त्रियों के प्रति घृणा तथा विद्वेष भाव फैलाने के मकसद से ही है। भारतीय धार्मिक ग्रंथों में तो पुरुष समाज में स्त्री-विद्वेष का एक-एक दस्तावेज ही है। अधिकांश राजा-बादशाह,सम्राट और उनके शागिर्द, लिंग-ताड़ित, स्त्री हताकर, जल्लाद रहे। राजनीतिक तथा आर्थिक क्षमता के अधिकारी वर्ग के अंदर अब भी ऐसी ही धाराप्रवाह मान है परंतु अब स्त्री चर्चा सिर्फ पुरुषों मुखापेक्षित नहीं है।

आधुनिक समाज के उत्थान में स्त्रियों का अप्रतिम योगदान है। हमारे भारतीय समाज में स्त्रियों के लिए पर्दाप्रथा, दहेज प्रथा,वेश्यावृत्ति, अनमेल विवाह, अवैध प्रेम की समस्या, पारिवारिक तनाव, आदि समस्याओं से स्त्री आदि काल तक पीड़ित रही है। स्वतंत्र समाज में शिक्षित नारियां घर-द्वार की चौखट लांघ कर राजनीति में जनसमूह के साथ जुड़ी तथा समाज में होने वाले अनेक परिवर्तन का प्रभाव नारी पर भी विपुल रूप से पड़ता दिखाई दिया।" मौजूदा समय में स्त्रीवाद एक विचारधारा के रूप में अधिष्ठात है जिसका मूल विषय है, स्त्री अधिकार राजनैतिक और कानूनी अधिकार, सामाजिक सुविधाओं की प्राप्ति में समानता, यौन जीवन में स्वाधिकार, संतान धारण में अपनी सोच- विचार की प्राप्ति, परिवार नियोजन में दवा का इस्तेमाल और स्थाई गर्भनिरोधक के रूप में शल्यक्रिया में अपना निष्कर्ष ग्रहण करना गर्भनिरोधक की स्वतंत्रता, आदि कई दृष्टिकोण की चर्चा और दावो को उठाना। इसी अवधि के दौरान साधारण स्त्रीवाद,सामाजिक स्त्रीवाद, क्रांतिकारी स्त्रीवाद का उदय हुआ।"2 इस दृष्टिकोण के तहत स्त्री- पुरुष ही होमो सांपियन-सैंपियन प्रजाति के दो समान अंग है। अतः हर एक स्थान पर स्त्री-पुरुष समानाधिकार से वांछित है। स्वतंत्र समाज में स्त्री शिक्षा की चेतना विकसित हुई, तथा अंग्रेजी शिक्षा और पश्चिमी सभ्यता ने देश की स्त्रियों को पर्याप्त प्रभावित किया। हमारे समाज में दो प्रकार के विचारधारा की स्त्रियां हैं, एक जो प्राचीन आदर्श व मूल्यों को स्वीकार करती हैं, तो दूसरी वो जो तन से तो भारतीय हैं, परंतु मन से अंग्रेजी हैं। इसके अतिरिक्त ऐसी स्त्रियां भी हैं जिनमें सुधारवादी प्रवृतियां विद्यमान है। वे मध्यम मार्ग को ही श्रेष्ठकर मानती हैं। साम्यवादी चिंतन में स्त्री उत्पीड़न व्यक्तिगत सामाजिक अर्थव्यवस्था का परिणाम है। स्त्री-मुक्ति सामाजिक परिवर्तन के साथ आंगिक तौर पर जुड़ी हुई है। स्त्री-मुक्ति के लिए अलग रूप से सोच-विचार की जरूरत नहीं है। जिस सामाजिक व्यवस्था के कारण स्त्री लक्षित है। उस सामाजिक व्यवस्था में बदलाव के साथ ही उनकी दुर्दशाओ का अंत होगा। "पश्चिम में स्त्रियों ने बहुत कुछ प्राप्त कर लिया। परंतु सब कुछ पाकर भी उनके भीतर का चिरंतन नारी नहीं बदल सकी। पुरुष उसके नारीत्व की उपेक्षा करें, यह उसे भी स्वीकार न हुआ, अतः वह अथक मनोयोग से अपने बाह्य आकर्षण को बढ़ाने और स्थाई रखने का प्रयत्न करने लगी। पश्चिम की स्त्रियों की स्थिति में जो विशेषता है उनके मूल में पुरुष के प्रति उनकी स्पर्धा के साथ ही उसे आकर्षित करने की प्रवृत्ति भी कार्य करती है पुरुष भी उसकी प्रवृत्ति से अपरिचित नहीं रहा इससे उनके व्यवहार में मोह और अवज्ञा ही प्रधान है। स्त्री यदि रंगीन खिलौने के समान आकर्षक है तो वह विस्मय- विमुग्ध हो उठेगा। यदि नहीं है तो वह उसे उपेक्षा की वस्तु मात्र समझेगा। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि दोनों की स्थितियां स्त्री के लिए अपमानजनक हैं।,,3अगर हम पश्चिमी स्त्रियों की स्थिति का अध्ययन करें तथा अपने देश की आधुनिकता से प्रभावित महिलाओं का अध्ययन करें तो दोनों ओर असंतोष तथा निराकरण में विचित्र साम्य मिलेगा हमारे भारतीय समाज में स्त्रिया शताब्दियों से अपने अधिकारों से वंचित हैं। अनेक राजनैतिक तथा सामाजिक परिस्थितियों ने उनकी अवस्था में परिवर्तन करते-करते उसे जिस अधोगति तक पहुंचा दिया है। वह दयनीयता की सीमा के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

मैंने इस लेख के प्रारंभ में ही यह बात स्पष्ट कर चुकी हूं कि भारतीय स्त्रियों के समक्ष खड़ी बड़ी बाधा प्राचीनता है। कहने को उनके पास लोकतांत्रिक और आर्थिक अधिकार है। और वह अधिकार भी कहने मात्र का ही है। क्योंकि आज भी कोई बेटी पैतृकसंपत्ति में हिस्सा,लेती है तो उसे पैतृकसंपत्ति के बंटवारे में मिलने वाले अंश पुरुष के मुकाबले समान नहीं है। अगर कोई भी स्त्री अपना व्यवसाय या नौकरी करें तो कमाई पर हक परिवार वाले जमाते हैं। "आधुनिक सुशिक्षित स्त्रियां अपने देश का गौरव बढ़ाती हुई जागत में क्या हो रहा है इस बात का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न करती हैं जब ये सब ज्ञान उचित रीति पर प्राप्त होता है तब वह स्त्री अपनी संतान को बहुत अच्छी तरह से शिक्षण दे सकती है। साथ-ही-साथ वह अपने पति की भी आनंददायिनी और संहचारिणी हो सकती है।,,4 किसी भी समाज की संरचना संपूर्ण रूप से समाज के अस्तित्व को प्रभावित करती है। भारतीय समाज की स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले जो संरचना थी। वह संस्कृतिक थी। नारी की मुक्ति के आंदोलन का इतिहास बहुत पुराना है। परन्तु बात हैं कि तब उसे 'नारी-विमर्श' या 'नारीवादी' साहित्य जैसे संज्ञान से विभूषित नहीं किया गया था। किंतु समय एवं परिस्थिति के अनुसार नारी की दशा को सुधारने एवं उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में आगे लाने के लिए सतत प्रयास होते रहे हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से स्त्री विमर्श एक गंभीर विचार केंद्रीय मुद्दा रहा है। परंतु विडंबना यह रही कि इस विषय को छूते ही बड़े-बड़े बुद्धिमान व्यक्ति मानवीयता का आवरण उतार कर पुरुषवादी सुर अलापने लगते हैं। "दुनिया में पुरुष ही राजनैतिक, अर्थनैतिक, धर्म, अधर्म ,समाज, गृहस्थी,शिक्षा-स्वास्थय- संस्कृति में महान मस्तान हुआ बैठा है इन सब नीति-रीती को पुरुषमय किए रखने के लिए पुरुष वर्ग भयंकर रूप में सक्रिय है। यही सक्रिय पुरुष बिस्तर पर जा कर, नारी नामक भोग-वस्तु को कैसे अनुमति दे सकते हैं कि वह सक्रिय हो? असंभव! अहम के घर में आग लग जाएगी। पुरुष नारी को उतना भर ही हिलाने-डुलाने देगा जितना हिलाने-डुलाने से पुरुष के मन में पुलक जागे।,,5 किसी भी समाज की संरचना संपूर्ण रूप से समाज के अस्तित्व को प्रभावित करती है। भारतीय समाज की स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले जो संरचना थी। वह संस्कृतिक थी। तथा किसी भी स्त्री की स्वतंत्रता का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आधार उसकी आर्थिक संपन्नता है। जिससे वह स्वयं को थोड़ा स्वतंत्र महसूस करती है।

भारतीय नारीयो की स्वतंत्रता के आंदोलन का इतिहास बहुत पुराना है। यह बात है कि उस समय इसे नारी- विमर्श या स्त्रीवादी-साहित्य जैसी संज्ञा से विभूषित नहीं किया गया था। किंतु समय एवं परिस्थितियों के अनुसार स्त्री की दशा को सुधारने एवं उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में आगे लाने का सतत प्रयास कुछ वर्षों से हो रहा है।

स्त्री हमारे समाज का केंद्र बिंदु है। नारी के सामाजिक मूल्यों की परख समाज और साहित्य के पल-पल परिवर्तन परिवेश से ही हो सकती है। अक्सर यह विषय एक फैशनेबुल बहस मात्र बनकर रह गया है। परंतु विकास की प्रक्रिया धीमी हो सकती है, अवरुद्ध नहीं। "जिस समाज में मर्द, औरत का कर्ता हो, औरत का प्रभु हो, औरत का नियंत्रक हो औरत का नियन्ता हो, उस समाज में औरतों के साथ, मर्द का और कोई वास्ता भले हो, प्रेम नहीं हो सकता है।„5 पुरुष प्रधान समाज में स्त्री,बहन ,पत्नी ,बेटी, मां के रूप में पनाह पाए हुए हैं। उसका अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है सदियों से वह अपने अस्तित्व को मिटाकर पुरुषो की छत्रछाया में अपना जीवन बिताने के लिए अभिशप्त हैं। इनकी स्वयं की कोई पहचान आईडेंटिटी नहीं है। स्त्री विमर्श का एक मुख्य लक्ष्य है स्त्रियों को वह सारे अधिकार दिलवाने की चेष्टा करना जो प्राचीन काल में उन्हें प्राप्त थे। परंतु समय परिस्थिति व काल के कुछ अवाछीत तकाजो के कारण वे उनसे छीन लिए गए। उन सारे अधिकारों पर पुरुषों का एकाधिकार हो गया और स्त्रियों को उनसे वंचित कर दिया गया। "यह सर्वमान्य है कि महिलाओं को समानता के लिए पहली आवश्यकता आर्थिक आजादी है। लेकिन आरएसएस के लिए कामकाजी महिला मतिभ्रश हैं। अगर महिला को आर्थिक आवश्यकता है तो उसे काम करने दो, अगर उसमें कोई विशेष हुनर है तो उसे सार्वजनिक क्षेत्र में जाने दो -- -- लेकिन औसत महिलाओं के लिए उनका सारा ध्यान उनके घर को स्वर्ग बनाने में होना चाहिए।„7 स्त्री सिर्फ शरीर है-- यह हमारे समाज द्वारा निर्मित और सदावादी दृष्टिकोण है। उनको "मनुष्य, का दर्जा ही प्राप्त नहीं है। इसी कारणवश उसकी आत्मा चिंता समाज में नहीं के बराबर है। फिर उनके गौरव और सम्मान की बात, उनकी जरूरत ही नहीं पड़ी। हमारे समाज ने इसका अवसर ही नहीं दिया। कि कोई भी स्त्री अपना हक मांगना शुरू करें। घर के अंदर अपने स्वामी (पति) के लिए बिना किसी मजदूरी के दिन-रात काम करना ही वह अपना सौभाग्य समझती है।

" पिटती अपमान सहती
सिसकती धीरे-धीरे।
अचानक किसी के आ जाने पर
जुकाम कह सुडकती नाक
बाहर से सुखी संपन्न भीतर से टूटी-फूटी।„8

पितृसत्ता एक विचारधारा के रूप में काम करती है। हमारे भारतीय समाज को आज भी आधुनिक नहीं कहा जा सकता क्योंकि आज भी भारतीय समाज सामंती संरचना पर टिका हुआ है। भारतीय समाज के कुछ हिस्से जरूर आधुनिक कहे जा सकते हैं। परंतु ये सातात्पर्यर हिस्से मिलकर भी भारतीय समाज का बहुलाश नहीं बनते। इस तर्क का यह नहीं समझा जाना चाहिए कि यह तर्क इस विवाद को अप्रासंगिक करार देने के लिए स्थापित किया जा रहा है। स्त्री शिक्षा से स्त्रियां जागरूक हुई तथा घर-परिवार के बाहर भी सक्रिय हुई, आज स्त्रियां हर क्षेत्र में सफलता पूर्वक कार्यरत हैं। और समाज में एक प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हैं। आज की स्त्रियां सजग है, जागरूक है, तथा अपने व्यक्तिगत जीवन में आने वाली बाधाओं का खुलकर विरोध करने के लिए स्वयं को तैयार कर चुकी है।

अनेक प्रकार के तर्क तथा तथ्यों का विश्लेषण करने से यह स्पष्ट होता है। कि आज भी भारतीय समाज में स्त्रियों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। स्वतंत्रयोतर भारतीय समाज में स्त्री आज भी अपना संपूर्ण एवं समुचित स्थान प्राप्त नहीं कर पाई है।'स्त्री विमर्श, स्त्री-पुरुष भेद रहित समाज सनरचना की वकालत करता है। जिससे स्त्रियों को भी पुरुषों के बराबर उन्नति करने का अवसर मिले।आधुनिक समाज में स्त्रियों को काफी हद तक पुरुष के समान संवैधानिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। परंतु समाज में स्त्रियों की ओर से उन अधिकारों का प्रयोग बहुत कम होता है। इसका जो मुख्य कारण है। वह है, अधिकारचेतना, स्त्रियों को आज भी समाज में सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता है। अतः स्त्रियां अपने अधिकारों के प्रति स्वयं जागरूक हो, तथा समाज की मानसिकता में परिवर्तन हो, यही स्त्री विमर्श का मूल उद्देश्य है। स्त्री-विमर्श एक ऐसे विश्व की कल्पना करता है, जिसमें महिलाएं-पुरुष के बराबर की साझेदार हो। इस विषय का मूल उद्देश्य यह है, कि स्त्रियां सक्षम होकर अपने विकास के लिए नए-नए आयामों को उचित दिशा दे सके। तथा उनके द्वारा किया गया यह निरंतर प्रयास एक दिन जरुर सफल होगा जिससे आज की चेतना संपन्न स्त्री साकार रूप देने का प्रयास कर रही है।

*****

संदर्भ :-

1.अरविंद जैन, लीलाधर मंडलोई, स्त्री; मुक्ति का सपना, वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण:2004, पृष्ठ संख्या-146
2.समीरण मजूमदार, (अनुवादक-ज्योर्तिमय), पुरुष समाज में स्त्री, ग्रंथ शिल्पी, प्रथम हिंदी संस्करण: 2018, पृष्ठ संख्या-11
3.महादेवी वर्मा,श्रृंखला की कड़ियां, (भारतीय नारी की समस्याओं का विवेचन), लोकभारती प्रकाशन, संस्करण: 2014, पुनमुद्रण-2016, पृष्ठ संख्या-46
4.श्रीकांत यादव, स्त्री अलक्षित बीसवीं सदी पूर्वार्ध का स्त्री-विमर्श, लोकभारती प्रकाशन, पेपरबैक्स, प्रकाशन-2008, पृष्ठ संख्या- 47
5.तस्लीमा नसरीन, (अनुवाद-सुशील गुप्ता), औरत का कोई देश नहीं, वाणी प्रकाशन, संस्करण-2009, 2013, पृष्ठ संख्या-103
6.तस्लीमा नसरीन, (अनुवाद-सुशील गुप्ता), औरत का कोई देश नहीं, वाणी प्रकाशन, संस्करण-2009, 2013, पृष्ठ संख्या-102
7.वृंदा करात, (अनुवाद-उषा चौधरी), भारतीय नारी (संघर्ष और मुक्ति), (भारतीय महिला आंदोलन के कुछ विवरण), ग्रंथ शिल्पी, संस्करण:2008, पृष्ठ संख्या-162
8.अरविंद जैन, लीलाधर मंडलोई, स्त्री; मुक्ति का सपना, वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण:2004, पृष्ठ संख्या-149

बाबासाहेब की चेतावनी

26 नवंबर 1949 को प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ अंबेडकर ने अपने भाषण में आने वाले समय के लिए चेतावनी दी और सावधानी बरतने को कहा। संविधान सभा को संबोधित करते हुए बाबासाहेब ने कहा-
मैं संविधान की अच्छाईयां गिनाने नहीं जाऊंगा क्योंकि मेरा मानना है कि 'संविधान कितना भी अच्छा क्यों ना हो वह अंतत: खराब सिद्ध होगा, यदि उसे अमल / इस्तेमाल में लाने वाले लोग खराब होंगे। वहीं संविधान कितना भी खराब क्यों ना हो, वह अंतत: अच्छा सिद्ध होगा यदि उसे उसे अमल / इस्तेमाल में लाने वाले लोग अच्छे होंगे।'

माधव कौशिक के साहित्य में नारी विमर्श

हरी राम
शोध छात्र
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा
धारवाड़, कर्नाटक मो. 8307437450

सारांश: **साहित्य समाज का दर्पण होता है, रचनाकार इस समाज में जीवन रूपी मनुष्य की भावनाओं को उकरने का सशक्त माध्यम होता है। समाज में वर्तमान, भूतकाल और भविष्य की बातों को सभी के सामने लाने का प्रयास करते है। जिस घर में स्त्रियों का सम्मान किया जाता था, वहां पर देवता निवास करते है, ऐसी हमारी मान्यता थी। वर्तमान में नारी व पुरूष को समान अधिकार प्राप्त है, फिर समाज में नारी व पुरूष को आपस में असमानता की दृष्टि से देखते है। समय में आज समाज में नारी की स्थिति अत्यधिक चिंता का विषय है, नारी का शोषण जन्म से पूर्व और जन्म के बाद भी खत्म नही हुआ है, इसके उपरांत मृत्यु तक उसका शोषण होता रहता है। समाज में नारी चित्रण पर माधव कौशिक जी ने अपने साहित्य में नारी के विभिन्न रूपों जैसे मां, बेटी, पत्नी और बहन का वर्णन किया है। नारी प्राचीन काल से ही पूज्नीय है, परन्तु दुर्भाग्य वश नारी कभी आत्मसम्मान, विश्वास और ईच्छा की दरकिनार होती हुई नजर आती है, फिर भी अपनी पूरी जिन्दगी में दर्द सहन कर अपना जीवन बिताती है। समाज में व्याप्त सती प्रथा, अंधविश्वास, बहु विवाह आदि कुरीतियां ने नारी की दशा का एक चिंता का विषय है। राजाराम मोहन राय ने इन सामाजिक कुरीतियां को सबसे पहले विरोध किया था।**

समाज द्वारा बने गये नियमों में नारी को पुरूष के समान अधिकार संविधान में दिये गये हैं। इसके बावजूद नारी को समाज में वो सम्मान नही मिलता है, जिसका उसको अधिकार मिला है। आज के बदलते समय में नारी के प्रति जो हमारी सोच है, उसको बदलना होगा। बिना स्त्री के समाज व देश का विकास संभव नही है। फिर भी देश में संकुचित सोच के कारण नारी के साथ अन्ययाय करते है।

नारी पैदा होना, समाज में सबसे बड़ा गुनाह है, जन्म के उपरांत से लेकर और जीवन के अन्तिम क्षणों तक नारी का शोषण होता है। बेचारी नारी सारा जीवन दुख सहन करती हुई, अपना जीवन जीती है, इसके बावजूद नारी पर शोषण होते रहते हैं। नारी के शोषण की घटनाएं हमें हर समय किसी न किसी रूप में देखने को मिलती है। नौकरी, व्यवसाय में नारी को शोषण का शिकार होना पड़ता है, नारी को हमेशा अपनी अस्मिता बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। पुरूष-स्त्री समानता, रोजगार, शिक्षा, शादी में बराबर का दर्जा दिया गया है। फिर भी आज तक अपनी अस्मिता को बचाने के लिए लड़ती रहती है।

नारी नाम प्राचीन काल से ही बहुत से नाम से जाना जाता है। नारी के मन में कोमलता, दया, प्रेम, सहिष्णुता, त्याग और दृढ़ता अनेक नामों से जाना जाता है। प्राचीन साहित्य में सीता, सावित्री और महारानी लक्ष्मी बाई आदि अनेक महिलाओं ने अपना आदर्श स्थापित किया। समाज में नारी को एक प्रमुख दर्जा हासिल है और नारी को नर से ज्यादा अपनाया गया है। मैथिलीशरण गुप्त के अनुसार- "एक नहीं दो- दो मात्राएँ नर से बढ़कर नारी।"

'नारी' शब्द 'नृ' अथवा 'नर' से बना है
नृ डीष = नारी -नरस्य समान धर्मा नारी
नृ +अ़डीन=नारी।"

कबीर ग्रंथावली में "नारी कुंड नरक" का कहकर उसकी निंदा की गई। प्राचीन काल से नारी को भोग-विलास की वस्तु समझा जाता, और नारी का शोषण किसी न किसी रूप में हमें समाज में देखने को मिलता है। रामायण या महाभारत जैसे ग्रंथो में सीता या द्रौपदी का चीरहरण को किसने नहीं सुना होगा। माधव कौशिक जी 'सुनो राधिका' में को पूरे पांच सर्गो में इसे विभाजित किया है। इसी सन्दर्भ में रचनाकार अपनी बात को कहता है -"देखते ही देखते सब नग्न संज्ञाये हुई है जन्म से ज्यादा यहां पर भ्रूर्ण हत्याएं हुई हैं वृक्ष जड़ का विरोधी हो गया उसका तना है।" वर्तमान में नारी का शोषण व अत्याचार अत्यन्त गम्भीर विषय है। अब तो समय ऐसा आ चुका है कि गर्भ में पड़े शिशु काल में मरवा देतें है। अगर कुछ का जन्म भी हो जाता है, ताउम्र उसे भी पुरूष वर्ग से संघर्षा से जूझना पड़ता है।

आज समाज में नारी को वो सम्मान नही मिलता, जो उसे मिलना चाहिए। पूरे विश्व से नारी जाति की समाप्ति हो जाए तो क्या होगा, तो पूरे विश्व का जन्म चक्र का बजूद ही नष्ट हो जाएगा। संसार की अनमोल रचना नारी है, नारी के बिना, संसार और पुरुष दोनों की कल्पना करना असंभव है क्योंकि एक बिना दूसरे की कल्पना नहीं कर सकते, अगर एक ही सिक्के के दो पहलू दें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। 'सुनो राधिका' में माधव कौशिक जी कहते है-नारी के बिना इस संसार की सिध्दिया प्राप्त नहीं की जा सकती और ये सभी सिध्दिया नारी के सहयोग प्राप्त सकती है।

"पुरुष ने संसार की सारी सिध्दिया
स्त्री के साथ मिलकर प्राप्त की और सहेजी।"

नारी को इस संसार में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है शुरू से ही भारत में नारी को एक सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाता है। नारी हमेशा से ही बलिदान, त्याग और ममतामयी के रूप में दर्शन होते है। इसी के विपरीत सबसे मुश्किल मोड़ पर में माधव कौशिक जी ने नारी की दुख भरी व्यथा का वर्णन मिलता है, "निरंतर मौन का जहर पीना है स्त्री होना पुरुष एक बिस्तर से अधिक कुछ रह हो मुझे नहीं मालूम।"

माधव कौशिक जी ने अपने खण्डकाव्य का विषय महाभारत से ही लिया है। जिसमें उस समय की स्थितियां भी आज के युग के जैसी ही प्रतीत होती है, समाज में चारों तरफ सन्नाटा व्याप्त था। माधव कौशिक जी उस समय के बारे में बतलाते है, जब महाभारत का युद्ध खत्म हो चुका था तथा धर्म की स्थापना भी हो चुकी थी, लेकिन इसकी स्थापना हेतु मानव को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। उस समय अतीत की घटनाओं का वर्णन कृष्ण के माध्यम से साक्षात् रूप से विद्यमान राधा से कर रहे हैं। माधव जी ने इस विषय में लिखा है जन-जन के सुख-दुख में आकष्ठ डूबे श्रीकृष्ण वर्षो-वर्षो पश्चात् एकान्त में बैठे जीवन के प्रमुख घटना क्रम पर विहंगम सा दृष्टिपात है। सहल भाव से राधिका को घटनाओं के पीछे की पृष्ठभूमि और पूरे परिदृश्य को समझाते-बताते चलते हैं। राधिका भले ही परिदृश्य को समझाते-बताते चलते है। राधिका भले ही सामने नही तो क्या, वह सब सुनती है और पहले से जानती भी है। महामानव की प्रेरणा शक्ति का देवी रूप कौन नहीं जानता। माधव कौशिक जी साहित्य में नारी के अनेक रूप देखने को मिलते है, माधव कौशिक जी ने नर नारी के बीच मधुर संबंध के बारे में बतलाते है। "अकेली रुक्मणी ही क्यों सत्य भागा सहित वे सभी नारियां जिन्होंने मुझे प्रेम दिया स्नेह सुख दिया।"

माधव कौशिक जी ने नारी के अनेक रूपों का वर्णन किया है, उसी साहित्य में नारी का प्रेम रूप भी देखने को मिलता है, साहित्यकार न इसे अपनी रचना से पाठकों को बताने का प्रयास किया है कि किस प्रकार अपनी रचना में प्रेमिका मिलन का और प्रेम का इजहार किस प्रकार से करते है। "मुँह से न बोल, आँखों से इजहार भी तो कर, दिल में है प्यार ,प्यार का इकरार भी तो कर।"

माधव कौशिक जी के साहित्य में नारी मां, पत्नी, बेटी, बहन अनेक रूपों में नारी समाज में पुरुष समाज के साथ साथ चलती हुई नजर आती, प्राचीन काल में नारी को घर की चार दीवारें के अंदर ही अपनी जिंदगी जीती थी, समाज में उसको घृणा की नजर से देखा जाता था परन्तु आज स्थिति बदल चुकी है। आज समाज में उसने अपनी अलग पहचान बना ली है जिससे समाज में नारी समाज की स्थिति पहले की तुलना अब बदल चुकी है।

माधव कौशिक जी ने 'सुनो राधिका' खंडकाव्य के दूसरे सर्ग मुख्य विषय नारी विमर्श को लेकर अपने खंडकाव्य में उजागर करने का प्रयास किया है। नारी विमर्श पर कवि बताना चाहता है कि नारी ही सारी सृष्टि की अनमोल कृति है। जिसका वर्णन रचनाकार अपने खंडकाव्य में श्रीकृष्ण भी अपनी प्रेरणा का आधार स्तम्भ राधा को ही मानते है। आज पुरूष समाज में नारी को नारी से अलग कर दिया है, क्योंकि पुरूष हमेंशा से ही प्रधान रहना चाहता है, जिससे नारी का स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। ''नारी को सम्पति बनाया, धरोहर, व्यक्तिगत धरोहर बनाकर उन्होंने उनसे उनकी अस्मिता का वह भाव भी छीन लिया।'' रचनाकार अपनी रचना में हमेशा से ही नारी का वर्णन करता रहता है कि किस प्रकार नारी का शोषण इस संसार में होता रहता है नारी इस संसार की

जीवन दायिनी कह दे तो गलत नहीं होगा फिर भी उसकी स्थिति में किसी प्रकार का बदलाव हमें देखने को नहीं मिलता, लेकिन रचनाकार अपने साहित्य में नारी शोषण, छीना-झपटी, अनैतिकता और मानसिकता आदि का वर्णन उनकी रचना में देखने में मिलता है। नारी में अनेक रूपों से पुरूष से महान होती है। नारी में दया, प्रेम, सहनशीलता, बलिदान, ममतामयी, करूणमयी और त्यागमयी आदि से परिपूर्ण होती है।

रोजगार के लिए नारी को घर से बाहर जाना पड़ता है, माधव कौशिक जी ने 'आफिसर्ज क्लब' कहानी में नारी को अपने सहयोगी के साथ हुआ शोषण की दुखभरी दास्तां की कहानी है। किसी दफतर में एक-दो महिला ही है, तो उनको पुरूष के तीखे नजर से बच के रहना पड़ता है। 'ठीक उसी वक्त' माधव कौशिक की कहानी रचना है, जिसमें आम इंसान की तड़प, शोषण व लाचारी का जिक्र किया गया है, इसी में शोषण का शिकार नारी का अस्तपतालों में देखने को मिलता है। "उसने पत्रिका फेंकी और जल्दी से ड्यूटी रूम की और लपका। अंदर कदम रखते ही वह सन्न रह गया। डाक्टर यादव ने मोटी वाली नर्स को अपने बाहुपाश में बांध रखा था। दरवाजे की तरफ मुंह था नर्स का"

माधव कौशिक जी ने प्राचीन समय या वर्तमान समय में नारी की दशा को उजागर करने का सफल प्रयास किया है। नारी को विशेष दर्जा प्राप्त होने के बाद भी उसे पुरुष के समान दर्जा प्राप्त आज तक नहीं हुआ है। क्योंकि उसकी स्थिति में थोड़ा बहुत बदलाव हुआ है। "द्रौपदी चीर हो या जानकी का अपहरण है गवाह तारीख उनकी हुक्मरानी में हुआ।" समाज में आज किसी न किसी रूप में नारी पर अत्याचार होते रहते है, महाभारत और रामायण में भी नारी के साथ जो हुआ, वो भी कम असहाय न था।

'एक अदद सपने की खातिर' में माधव कौशिक जी कहते है कि नारी संसार की एक बहुमूल्य रचना है, जिससे संसार का चक्र चलता है, नारी के बिना इस संसार की कल्पना नही की जा सकती है। नारी से जब प्रेम हुआ तो ऐसा लगता है जैसे वह एक स्वप्न मात्र हो, परन्तु जब ज्ञात स्वप्न से मेरी मुलाकात हुई तो इस संसार का एक प्यारा सा सितारा मान रहा हूँ। "लेकिन जब से प्यार हुआ है, इक सपने से, मैं खुद को अनजान क्षितिज का छोटा सा गुमनाम सितारा मान रहा हूँ।"

सबसे मश्किल मोड़ पर काव्य संग्रह में नारी की व्यथा का वर्णन है किस प्रकार नारी का शोषण होता है, नारी का विवाह पति के साथ हो जाने पर उसका शोषण कम नही होता है, पुरूष द्वारा प्रताड़ित होना और चुपचाप व परेशानी में अपना जीवन जीना, कभी भी इसके खिलाफ कुछ न कहना। स्त्री होना हजार किस्म के तनावों तथा बेहतर जीवन की तलाश में ढेर सारे लगावों का एक साथ जीना है निरन्तर मौन का ज़हर पीना है।

निष्कर्ष में हम कह सकते है कि नारी के बिना, मनुष्य अधूरा है। नारी के बिना संसार का कुछ भी अर्थ नही है। नारी संसार की जननी है, जिससे संसार का चक्र चलता है। नारी और मनुष्य दोनों ही एक ही सिक्के के दो पहलू है, जिससे एक के बिना दूसरे की कल्पना भी नही की जा सकती है। समाज में दोनों को समान अधिकार प्राप्त है फिर भी पुरूष जाति द्वारा भेदभाव किया जाता है। माधव कौशिक के साहित्य में स्त्री के दुख भरी व्यथा का आमजीवन से लिया गया है। फिर भी आज तक अपनी अस्मिता को बचाने के लिए लड़ती रहती है।

*****

संदर्भ सूची:-

1.मैथिलीशरण गुप्त, द्वापर, पृ. 37
2.डॉ. वल्लभ दास तिवारी, हिन्दी काव्य में नारी, पृ.36
3.श्याम सुंदर दास, कबीर ग्रंथावली, पृ. 31
4.माधव कौशिक, शिखर सम्भावना के, पृ. 09
5.माधव कौशिक, सुनो राधिका, पृ. 40
6.माधव कौशिक, सुनो राधिका, पृ. 58
7.माधव कौशिक, नयी उम्मीद दुनिया, पृ.39
8.माधव कौशिक, नयी उम्मीद दुनिया, पृ. 106
9.माधव कौशिक, ठीक उसी वक्त, पृ. 23
10.माधव कौशिक, एक अदद सपने खातिर, पृ.23
11.माधव कौशिक, सबसे मुश्किल मोड़ पर, पृ. 69

इक्कीसवीं सदी के प्रमुख मुस्लिम लेखकों के उपन्यासों में सामाजिक समस्याएँ(स्त्री संदर्भ)

शेख़ अताउल्लाह
शोधार्थी
उच्च शिक्षा एवं शोध संस्थान
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा
हैदराबाद – 500 004
तेलंगाना राज्य

इक्कीसवीं सदी के प्रमुख मुस्लिम लेखकों के द्वारा सृजित अनेक उपन्यासों के कथ्य विश्लेषण में मुस्लिम समाज में व्याप्त सामाजिक समस्याओं को आधार बिंदु बनाकर उनका चित्रण किया गया है। इस प्रकार की समस्याएँ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से व्यक्ति एवं समाज दोनों को प्रभावित करती हैं। इन निम्नलिखित समस्याओं को हम समाज में विभिन्न रूपों में देख सकते हैं-- जैसे मुस्लिम समाज से जुड़ी पारिवारिक समस्याएँ, पति-पत्नी की सामाजिक समस्याएँ, तलाक़ की समस्याएँ, समाज में विधवा स्त्रियों की समस्याएँ, अनमेल विवाह की समस्याएँ, भ्रूण हत्या की समस्याएँ, समाज में व्याप्त प्रेम-विवाह की समस्याएँ, समाज में व्याप्त पद-प्रतिष्ठा को लेकर सामाजिक समस्याएँ, समाज में आपसी मत-भेद की समस्याएँ, बदलते परिवेश से उत्पन्न समस्याएँ, उच्च पदों पर आसीन शिक्षित स्त्रियों की समस्याएँ, नई पीढ़ी तथा पुरानी पीढ़ी की समस्याएँ, जातिगत भेदभाव की समस्याएँ और ग्रामीण व नगरीय आदि सामाजिक समस्याएँ प्रमुख हैं। इन सामाजिक समस्याओं को चित्रित करते हुए इक्कीसवीं सदी के प्रमुख उपन्यासकारों ने अपने उपन्यासों के कथानक में सामाजिक यथार्थ को प्रस्तुत किया है। इस क्रम में हम सबसे पहले प्रसिद्ध महिला उपन्यासकार मेहरुन्निसा परवेज़ को ले सकते हैं। उन्होंने उपन्यास 'अकेला पलाश' में स्त्री व पुरुष के पारिवारिक रिश्तों का सामाजिक रूप में अंकन किया है। उपन्यास की महिला पात्रों की आपसी सामाजिक समस्याओं को उनके चरित्र –चित्रण के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया है। इक्कीसवीं सदी के प्रमुख मुस्लिम लेखकों के उपन्यासों में सामाजिक समस्याओं के चित्रांकन में उपन्यासकार असग़र वजाहत का प्रमुख स्थान है। उन्होंने 'कैसी आगी लगाई' उपन्यास के सामाजिक संदर्भ में मानवीय सरोकारों और मानवीय गरिमा के विविध रूपों को उद्घाटित किया है। इस उपन्यास में मुस्लिम समाज से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए मुस्लिम समाज के छोटे शहरों का जीवन व विलासितापूर्ण राजशाही जीवन पर प्रकाश डाला। उपन्यासकार अब्दुल बिस्मिल्लाह ने अपने उपन्यास 'अपवित्र आख्यान' के कथ्य में मुस्लिम व धर्म के आचरण के साथ स्त्री-पुरुष के चरित्र को भी व्यक्त किया है। उपन्यास की महिला पात्र यासमीन जहाँ धर्मानुसार दिन में पाँच वक़्त की नमाज़ पढ़ती और रोज़ा भी रखती है अर्थात मुस्लिम धर्म समाज की हर रस्म को शिद्दत के साथ पूरा करती है, लेकिन जीवन में सरकारी उच्च पद पाने के लिए ग़ैर मर्द के साथ शारीरिक संबंध बना लेती है जिसे वह पाप नहीं समझती है। महिला उपन्यासकार नासिरा शर्मा का भी इक्कीसवीं सदी के उपन्यासकारों में अलग पहचान है। उन्होंने अपने उपन्यास 'कुइयाँजान' में अनेक प्रकार की मानवीय संवेदनाओं और जल की समस्याओं का चित्रांकन किया है, जैसे रमज़ानी चाची महिला पात्र होने पर भी समाज में लोगों की सहायता जिस प्रकार करती है, ये सब उनसे सीखे। अन्य मुस्लिम उपन्यासकार अनवर सुहैल ने अपने उपन्यास 'पहचान' में भारतीय मुस्लिम समाज का यथार्थ चित्रण व्यक्त किया है जिसमें झारखंड क्षेत्र को केंद्र बिंदु बनाकर यहाँ के लोगों के सामाजिक जीवन को चित्रित किया है। इक्कीसवीं सदी की महिला उपन्यासकार सारा अबूबकर की तीक्ष्ण दृष्टि मुस्लिम समाज और धर्म के मानदंडों को अवलोकित करते हुए व्यक्ति के व्यक्तित्व को उलझाकर रखने और मुस्लिम समाज के भीतर स्त्री-पुरुष के साथ भेद-भाव और अन्याय पर अपनी लेखनी को बल देती हैं। वहीं मुस्लिम उपन्यासकार शाज़ी ज़माँ ने अपने प्रसिद्ध उपन्यास 'प्रेम गली अति साँकरी' में विभिन्न पात्रों का चयन कर उन भारतीय लोगों के सामाजिक जीवन को उजागर किया है जो विदेशी भूमि पर रहकर अपनी सामाजिक पृष्ठभूमि को भूल कर पाश्चात्य ज़िंदगी का अनुसरण कर रहे हैं या उसे अपना रहे हैं। उपन्यासकार सैयद ज़ैग़म इमाम ने अपने उपन्यास 'दोज़ख़' में कथ्य को वर्णित करते हुए इस ओर संकेत किया है कि मानव जीवन में धर्म एक संवेदनशील मुद्दा है जिसे धर्म के ठेकेदारों ने अपने हिसाब से परिभाषित किया है।इस प्रकार इक्कीसवीं सदी के प्रमुख मुस्लिम उपन्यासकारों ने औपन्यासिक कथ्य

विवेच्य में व्यक्ति और समाज से जुड़ी समस्याओं को प्रस्तुत किया है। इन प्रमुख मुस्लिम उपन्यासकारों का उद्देश्य मानव विकास के आड़े आने वाली समस्याओं को लेखनीबद्ध कर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर स्वच्छ और विकसित समाज का निर्माण करना है। क्योंकि साहित्य सदैव सही तथ्यों को प्रस्तुत कर समाज के नव निर्माण पर बल देता है।

पारिवारिक जीवन की समस्याएँ :- आज व्यक्ति के सामाजिक जीवन में अनेक समस्याएँ आए दिन प्रकट हो रही हैं। इन पारिवारिक व सामाजिक समस्याओं के कारण मनुष्य के जीवन में अलगाव और अवसाद पनपने लगा है जिसके कारण उसका जीवन नर्क बनता जा रहा है।

समाज में व्यक्ति के पारिवारिक जीवन की पृष्ठभूमि में मानवीय रिश्तों का विशेष महत्व होता है, जैसे भाई-बहन, पति-पत्नी, कुटुंब, क़बीले आदि। "आधुनिक युग की पारिवारिक संकल्पनाओं में काफ़ी परिवर्तन नज़र आता है। प्राचीन भारतीय महाजनीं, सामंती प्रथाओं के टूटने-बिखरने के बाद से परिवारों की आर्थिक नीतिमत्ता ने नवीन परिवर्तनों-संयोजनों में विघटनावस्था को प्रस्थापित किया जिसके परिणामस्वरूप संयुक्त परिवारों के बिखराव की स्थिति एक गंभीर सामाजिक समस्या के रूप में सामने आती गई। संयुक्त परिवार के सदस्यों की संवेदनाओं के आहत होने से उन में भावनाओं के स्तर पर अभेद्य दीवारें खड़ी हो गई हैं। आज के महानगरीय जीवन से उत्पन्न वैयक्तिक अर्थाभाव, समयाभाव को इसका प्रमुख कारण कहा जा सकता है। परिणाम-स्वरूप व्यक्ति-व्यक्ति का संबंध कुप्रभाव में अर्थोपार्जन की सुनिश्चित व्यवस्था में, भागदौड़, आपा-धापी में व्यक्ति अपने सारे रिश्ते-नातों को ताक पर रख कर निजत्व के दायरे में कैद होकर शनैः-शनैः अकेलेपन का शिकार होता जा रहा है।"[1]

पति-पत्नी की समस्याएँ :- आधुनिक समय में मनुष्य की जीवन शैली और समाज व्यवस्था में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं ; क्योंकि मनुष्य भौतिकवादी हो गया है। उसके जीवन में सामाजिक संस्कारों का पतन हो रहा है। पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते पर जब शक होने लगे तो वैवाहिक जीवन में टकराव उत्पन्न होना ज़रूरी है। इसी बात को उपन्यासकार मेहरुन्निसा परवेज़ ने अपने उपन्यास 'अकेला पलाश' की प्रमुख महिला पात्र तहमीना और उसके पति जमशेद के माध्यम से बताने की चेष्टा की है। तहमीना और उसके पति जमशेद के मध्य लगातार विवाद गहरा होता जाता है जिसकी मुख्य वजह "जमशेद और तहमीना के जीवन में हमेशा एक फ़ासला रहा, एक ऐसी खाई जिसे दोनों में से कोई कभी नहीं भर पाया। तहमीना जमशेद को देखती, तो अजीब-सा लगता। कैसा पुरुष है, यहाँ इसे क्या कभी नारी की, पत्नी की आवश्यकता नहीं होती ? कभी दोनों में झगड़ा हो जाता तो हफ़्तों बीत जाते, पर जमशेद ख़ुद से बात नहीं करता और गृहस्थी की ज़रूरतें तहमीना को जमशेद से बात करने पर मजबूर कर देतीं। वरना ज़रूरत ही कहाँ थी। घर में कोई न कोई सामान ख़त्म हो जाता या उसके पास पैसे ख़त्म हो जाते और उसे माँगने के लिए मजबूरन बात करनी ही पड़ती।"[2]

बहु पत्नी प्रथा की समस्या :- इक्कीसवीं सदी के मुस्लिम लेखकों ने अपने उपन्यासों के 'कथ्य' विश्लेषण में अनेक समस्याओं का विश्लेषण किया। इन सामाजिक समस्याओं में बहु-पत्नी की समस्या भी प्रमुख है। एक समय राजा-महाराजा, बादशाह और समाज में कामुक प्रवृत्ति के लोग बहु-पत्नी की धारणा में विश्वास रखते थे। जबकि "परिवार में दांपत्य संबंध महत्वपूर्ण होते हैं; क्योंकि अन्य संबंधों का निर्माण उन्हीं के माध्यम से होता है। पति-पत्नी में सौहार्द होना ज़रूरी होता है। पति-पत्नी परिवार रूपी रथ के दो पहिये होते हैं। इन दोनों के परस्पर संबंध एक-दसरे के बिना अधूरे माने जाते हैं। इस संदर्भ में सैयद अबुल आला मौदूदी कहते हैं कि, "पति-पत्नी को विवाह के बंधन में इसलिए बाँधा जाता है कि वे अल्लाह की निर्धारित सीमाओं में रहकर अपनी नैसर्गिक इच्छाएँ पूरी करें।"[3]यह सत्य है कि समाज में धर्म व समाज द्वारा निर्धारित मर्यादाओं में रहकर ही जीवन का आनंद प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन वर्तमान समाज शिक्षा के प्रभाव में आकर ग़लत धारणाओं का विरोध कर रहा है जैसे इस्लाम के अनुसार समाज में एक से अधिक स्त्रियाँ रख सकते हैं लेकिन वर्तमान समय में स्त्रियाँ अपने अधिकारों को जान कर इस प्रथा का विरोध कर रहीं हैं। इसे हम समाज में सामाजिक कुप्रथा भी कह सकते हैं।

तलाक़ की समस्याएँ :- इक्कीसवीं सदी के लेखकों ने अपने उपन्यासों की कथा में वही दिखाया है जो ग़लत है, अमान्य है। पूर्व में उल्लेख किया जा चुका है कि सृष्टि के प्रारंभ काल से मनुष्य ने बहुत सी सामाजिक बातों का उल्लेख अपने निजी स्वार्थ के लिए किया। हिंदू धर्म में घोर मानवीय अपराध 'सती प्रथा' को नामचीन समाज के ठेकेदारों द्वारा जायज़ मान कर एक ज़िंदा स्त्री को मृत देह के साथ बैठा कर ज़िंदा जलने पर मजबूर किया जाता था। इस प्रथा को अंग्रेज़ अधिकारियों ने भारतीय समाज सुधारकों के साथ मिलकर ग़लत और क़ानूनन अपराध घोषित कर दिया। ठीक उसी प्रकार तलाक़ प्रथा का भी मुस्लिम समाज में ख़ूब विरोध हुआ; क्योंकि स्वार्थी लोगों ने इसे धर्म के साथ जोड़ दिया। एक पढ़ा-लिखा समझदार इंसान इसका खुलकर विरोध करता है। समाज व घर-परिवार में पति-पत्नी के मध्य छोटी-बड़ी बातों पर विवाद या बहस होने की स्थिति में 'तलाक़-तलाक़ बोलने से मुस्लिम स्त्री का वैवाहिक जीवन ख़त्म हो जाएगा और ऐसे में तब पति-पत्नी के रिश्ते को पुनः जायज़ माना जाएगा, जब वह स्त्री किसी अन्य व्यक्ति के साथ निकाह कर के एक रात उस मर्द के साथ बिताएगी। दूसरे दिन उससे तलाक़ लेकर तीन महीनों तक उसे इंतज़ार करना पड़ेगा, यह देखने के लिए कि वह हमल से तो नहीं है ? यह तय होने के बाद कि वह हामला नहीं है, उसका पहला शौहर उससे शादी कर सकता है। यह है इस्लामी शरीअत। इसे कोई टाल नहीं सकता। इस संदर्भ में हम कह सकते हैं कि मुसलमान औरतें कितनी कमज़ोर और असहाय हैं। जो खुल कर अपने ऊपर होने वाले ज़ुल्म का विरोध भी नहीं कर सकती। उपन्यास 'चंद्रगिरी के किनारे' की महिला पात्र नादिरा को बे-वजह पारिवारिक विवाद के कारण अब्बा के दबाव में आकर अपने पति से तलाक़ लेना पड़ा.

विधवा स्त्रियों की समस्याएँ :- मनुष्य जीवन के कुछ दुःख बहुत अधिक पीड़ादायक होते हैं; इस प्रकार के दुखों के कारण मानव जीवन नर्कमय हो जाता है। जैसे समाज में विधवा स्त्रियों की अनेक प्रकार की समस्याएँ हैं जो बहुत गंभीर हैं। यदि हिंदू धर्म में विधवा स्त्रियों की स्थिति पर प्रकाश डाले तो सबसे पहले विधवा नारी का पहनावा सफ़ेद साड़ी और किसी प्रकार के शृंगार से वंचित उनका संपूर्ण जीवन अलग-थलग पड़ जाता है और स्वयं में हीन विचार घर कर लेते हैं। आज हम इक्कीसवीं सदी में जी रहे हैं। सब को बिना किसी भेद भाव के जीवन जीने की आज़ादी है। आज केंद्र सरकार व राज्य सरकारें लगातार विधवाओं को सम्मान दिलाने के लिए पैरवी कर रही हैं। यदि समाज उन्हें सामाजिक बंधनों में बाँध कर रखता है तो यह ग़लत है।

सरकार द्वारा विधवा विवाह भी वैध ठहराया गया है जिसके तहत सन 1856 के हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम का आधार वैध माना गया। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार ने विधवा पेंशन को अधिक सुचारू बनाया है। जबकि मुस्लिम धर्म में तो यहाँ तक कहा गया है कि अगर कोई पुरुष शादी शुदा होने के उपरांत भी किसी बेवा को स्वाभिमान से जीने के लिए उससे विवाह कर सकता है। 'अकेला पलाश' उपन्यास की स्त्री पात्र दुलारी विधवा होने के उपरांत भी वह गर्भवती है। समाज में विधवा होना स्त्री के हाथ में नहीं है लेकिन विधवा का माँ बनना बुरी बात है जैसे दुलारी "उसका एक ग्राम-सेवक से प्रेम चलता है, उसका अपना पति मर गया है, पति की तरफ़ से दो-तीन बच्चे हैं, अब इस ग्राम-सेवक से भी उसे गर्भ है। मुझे पता चला तो मैंने उसे बुलाकर बहुत डाँटा, मैंने उसे गर्भ गिराने और आपरेशन करवा लेने के लिए बहुत कहा, पर वह नहीं मानी। अब अपने यहाँ दो-तीन माह से तनख़्वाह नहीं मिल पा रही है, पैसों की तंगी है, तो उसे एक दूसरे डिपार्टमेंट वाली ने अपने घर रख लिया है। आजकल वह अपने यहाँ ड्यूटी भी नहीं कर रही है। वह उसी महिला के पास रहती है और उसके घर का काम देखती है। उसने उसे दूसरी जगह काम पर लगवा देने का आश्वासन दिया है।"[4]

विवाहेतर संबंधों की समस्याएँ :- मानव जीवन में सभी प्रकार के सामाजिक मूल्यों का विशेष महत्व है। मनुष्य के जीवन में विवाह एक महत्वपूर्ण सामाजिक रस्म है जो लगभग सभी स्त्री-पुरुषों के जीवन में पूर्ण होती हैं। "मुस्लिम समाज की व्यवस्था व सुचारुता के लिए इस्लाम ने निकाह को मुसलमान का आधा ईमान बताया है। अन्य धर्म-जाति, समाज की भाँति मुस्लिम समाज में भी विवाह का अपना विशिष्ट महत्व है।"**(5)** सभी धर्मों में इस विधान के बावजूद पति-पत्नी के वैवाहिक जीवन में समस्याएँ देखी जाती हैं, जैसे व्यभिचारी और बे-वफ़ाई आदि प्रलोभन के साथ पति-पत्नी के विवाहेतर संबंध में असंख्य जोड़ों के वैवाहिक रिश्तों को दीमक की भाँति अंदर ही अंदर नष्ट करती रही है। विवाहेतर संबंधों की समस्याएँ उत्पन्न होने के पीछे अनेक कारण माने जाते हैं, जैसे समाज में माँ-बाप चाहते हैं।

कि जल्दी से जल्दी अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारियों को पूर्ण करने के लिए बेटा-बेटी की शादी शीघ्र से शीघ्र करवा दी जाए। परिवार के लोगों का ज़बर्दस्ती से बच्चों की इच्छा के विरुद्ध विवाह के बंधन में बाँधना, जिस से आगे जाकर अच्छे प्रभाव नज़र नहीं आते हैं। बच्चे विवाह के उपरांत अपने पूर्व प्रेम को लेकर विवाहेतर संबंधों में बिखराव उत्पन्न होने लगता है। आज समाज में संस्कार हीनता के कारण युवक-युवतियाँ विवाह संस्कार के महत्व को नहीं समझते जिसके कारण इनके भविष्य में बुरे परिणाम अवतरित होते हैं। विवाहेतर संबंधों में सबसे विकट समस्या या कारण है व्यक्ति की यौन इच्छाओं के प्रति बढ़ती लालसा; क्योंकि संस्कार हीन युवक-युवतियाँ इस सुख को अधिक पाने के चक्कर में अपने परिवार को ख़त्म कर लेते हैं।

अनमेल विवाह की समस्याएँ :-

आज युग और समाज दोनों में बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बदलते परिवेश में व्यक्ति भी बदलाव चाहता है लेकिन मनुष्य के जीवन में बदलाव वही अच्छा होता है जो सुखी बना सके। व्यक्ति सामाजिक जीवन में विवाहेतर संबंधों में अनमेल विवाह भी एक बड़ी समस्या है जिसके कारण दोनों पति-पत्नी को बेजोड़ का सामना करना पड़ता है। अर्थात व्यक्ति वैवाहिक जीवन में मेल का होना, एक-दूसरे के विचारों को समझना अत्यंत आवश्यक है। जिस प्रकार उपन्यास 'अकेला पलाश' की मुख्य नायिका तहमीना और जमशेद के मध्य उम्र और सरकारी पद के हिसाब से दोनों का अनमेल विवाह था। उनके वैवाहिक जीवन में छोटी-छोटी बातों पर बहस होती थी जिस के कारण घर का वातावरण हमेशा ख़राब रहता था। उम्र की अधिकता अर्थात तहमीना का पति उम्र में उसके पिता के समान होने के कारण दोनों के बीच हमेशा एक फ़ासला क़ायम रहा।

स्त्री और पुरुष के सामाजिक भेद की समस्याएँ :-

आज समाज में स्त्री और पुरुष के बीच भेद-भाव की ज्वलंत समस्या है। वर्तमान समाज में पुरुष और स्त्रियों के बीच भारी असमानता है। अधिकांशत: समाज में महिलाओं को भेदभाव का सामना करना पड़ता है। प्राय: सफ़र, कार्यस्थल और घर में भी उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता है। एक समय घर में बच्ची का जन्म होना पाप समझते थे; उसके पीछे अनेक कारण थे। चाहे कोई समाज और धर्म व्यक्ति को जीवन जीने की प्रणाली प्रदान करता है, जब ईश्वव ने मनुष्य निर्माण के समय किसी प्रकार का भेद भाव नहीं किया तो भला धर्म के चंद ठेकेदार कैसे मनुष्य में आपसी भेद कर सकते हैं। भारतीय संविधान बिना किसी भेदभाव के सभी को समान अधिकार प्रदान करता है। जैसे शिक्षा से लेकर रहन-सहन, खान-पान, रोज़गार और व्यवसाय की पूरी आज़ादी है। ऐसा नहीं है कि हिंदू स्त्रियों को भी सामाजिक भेदभाव को नहीं झेलना पड़ता, बल्कि उन महिलाओं को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके विपरीत सामाजिक भेदभाव की दृष्टि से "मुस्लिम स्त्रियों की स्थिति साधारणत: दयनीय दिखती है वहीं दूसरी ओर सम्माननीय स्थिति भी सल्तनतकाल के राजकीय परिवार की स्त्रियों को विविध उपाधियों से दृष्टिगत होती हैं।"[6]

भ्रूण हत्या की समस्याएँ :-

आज समूची मानव जाति पतन की ओर बढ़ रही है। मनुष्य आनंद की खोज में सही और ग़लत में फ़र्क करना भूल गया है। स्वयं को श्रेष्ठ समझकर ईश्वर के डर से बे-ख़ौफ़ होकर अपराध कर रहा है। इन सामाजिक अपराधों में सबसे घिनौना अपराध भ्रूण हत्या है। इस भौतिकवादी जीवन में मनुष्य इस प्रकार अपराधी बन गया है कि जो बच्चा पेट में है, उससे अनेक प्रकार की दवाओं का प्रयोग कर के अपनी मुसीबत से छुटकारा पा लेते हैं, जबकि यह दुनिया का सबसे बड़ा पाप है। इसका खंडन सभी धार्मिक ग्रंथों में किया गया है। इस सामाजिक समस्या में देखा गया भ्रूण हत्या में कन्याओं की अधिकता रही है जो समूची स्त्री जाति के लिए सबसे जघन्य अपराध है।

इस प्रकार इक्कीसवीं सदी के प्रमुख चयनित मुस्लिम उपन्यासकार या लेखकों ने वर्तमान समय के मानव जीवन से संबंधित विशेष रूप से औरतों के जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का यथार्थ सामाजिक चित्रण प्रस्तुत किया है। ये उक्त वर्णित समस्याएँ धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, अर्थ के नाम पर और राजनीतिक आधार पर ज्वलंत भेद उत्पन्न करती हैं। इस प्रकार की अमानवीय समस्याएँ सभ्य मानव समाज के नाम पर कलंक है। समाज में व्याप्त हर प्रकार के भेद-भाव का शिकार औरतें ही क्यों बनती हैं ? इन लेखकों ने अपनी रचनाओं के द्वारा स्त्रियों के मौलिक अधिकार और संवैधानिक संरक्षण स्वीकार करने पर बल दिया है। जबकि कोई भी समाज हो सभी समाजों में धर्म के नाम पर स्त्रियों पर अनेक प्रकार की कुरीतियों को थोपा जाता है जो सरासर ग़लत है। यह शिक्षा का युग है, 'पढ़ो आगे बढ़ो' वैज्ञानिक धारणाओं को स्वीकार करें।

*****

संदर्भ सूची :

(1)डॉ.सिराज के. वहोरा, 'हिंदी उपन्यासों में मुस्लिमसमाज :आलोचनात्मकअनुशीलन', सार्थ प्रकाशन, 49, साकेत नगर, भोपाल, पृ. 13
(2).परवेज़ मेहरून्निसा, 'अकेला पलाश', संस्करण : 2002, नई दिल्ली, वाणी प्रकाशन, पृ.सं.-81
(3). डॉ. शाहीन एजाज़ जमादार, 'हिंदी उपन्यासों में मुस्लिम आर्थिक जीवन', प्रथम संस्करण : 2014, ए. बी. एस. पब्लिकेशन, आशापुर, सारनाथ, वाराणसी -221 007, पृ.117
(4).परवेज़ मेहरून्निसा, 'अकेला पलाश', संस्करण : 2002, नई दिल्ली, वाणी प्रकाशन, पृ.सं.-10
(5) डॉ. सिराज के. वहोरा, 'हिंदी उपन्यासों में मुस्लिम समाज : आलोचनात्मक अनुशीलन', सार्थ प्रकाशन, 49, साकेत नगर, भोपाल, पृ. 54
(6). डॉ. वीरेंद्र सिंह यादव, 'इक्कीसवीं सदी में मुसलमान: चिंतन एवं सरोकार', भागा – 1, ओमेगा पब्लिकेशन्स, दरियागंज, नई दिल्ली – 110 002 पृ. 248

एक और पांचाली उपन्यास में चित्रित जीवन शिक्षण

हरिजन प्रकाश यमनप्पा
शोध छात्र,हिन्दी विभाग
मानसगंगोत्री,मैसूर-विश्वविद्यालय

मानव जन्म की सार्थकता के संबंध में कबीर के दोहे

"दुर्लभ मानुष जन्म है, देह न बारंबार,
तरुवर ज्यों पत्ता झडे, बहुर न लागे डार"

अर्थात् इस संसार में मानवजन्म बडा मुष्किल से उपलब्ध होता है, जैसे पेड से पत्ता झड जाने पर दोबारा डाल पर नहीं लगता ठीक वैसे ही मानव जन्म दोबारा उपलब्ध नहीं होता |आज के संदर्भ में कबीर की वाणी प्रस्तुत है, हर एक मानव अपना जन्म को अवश्य सार्थक बनाना चाहिए ऐसे होने के लिए जीवन शिक्षण की परमावश्यकता | यह जीवन शिक्षण स्वतः अनुभव से और अनुभवी वर्ग ज्ञात कराने के व्दारा उपलब्ध होता है | जीवन शिक्षण मानव जीवन को सही मार्ग में सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए मार्ग प्रशस्त करता है|

प्रस्तुत लेखन में, **`एक और पांचाली`** उपन्यास में चित्रित जीवन शिक्षण पर प्रकाश डाला जा रहा है |

युवा वर्ग जैसे ही कालेज की पढाई करने लगते हैं तैसे ही वे अपना भविष्य के प्रति अवश्य सचेत बने रहना चाहिए, अपने पैरों पर खडे होने का सच्चा प्रयास करना चाहिए | रोजगार पत्रिका पर नजर रखते हुए परीक्षाओं की तैयारी करते हुए परीक्षा में सफल होना चाहिए, सफलता जीवन का परम लक्ष्य होना चाहिए |''**अपने परिवार की गरीबी और अभावों से भरी जिंदगी से व्यथित होकर उसने इंटर में पढते हुए ही 'रोजगार समाचार' अखबार नियमित रूप से लेकर नौकरी के लिए आवेदन करने शुरू कर दिए थे | पिछले पाँच वर्षों में सत्तर-पचहत्तर नौकरियों के लिए रिटन टेस्ट दिए थे उसने |''**[1]

हर एक व्यक्ति अपना लक्ष्य में सिद्धि प्राप्त करने के लिए संयम बनाये रखना अनिवार्य है | शांत मन से संयम के साथ परिस्थिति का सामना करने से समस्या को बडी आसानी से सुलझाया जा सकता है |''**तसल्ली दी- मारपीट से कुछ हासिल नहीं होगा सोनेलाल | ठण्डे दिमाग से काम लोगे तभी इस समस्या का कोई समाधान निकल पायेगा |''**[2]

कोई भी व्यक्ति यदि अपनी स्थितिगतियां वं अपनी आर्थिक परिस्थितियों को उत्तम बनाना चाहता है तो कर्ज से विमुख बने रहना चाहिए | अपने जीवन का मालिक वह स्वयं बनना चाहता है तो, अपनी परिश्रम की कमाई का पूरा फायदा उठाना चाहिए | अपने जीवन में तरक्की होना है तो, कर्ज से मुक्त रहना चाहिए तभी जीवन के सच्चे आनंद को भोग सकता है | "**मुझसे पूछे बिना क्यों लिया कर्ज ? मना किया था ना | कर्ज की आदत आदमी को महाजनों का गुलाम बना देती है |.... समझाया था ना |.....कितना कर्ज लिया था ?**"[3]

कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता हासिल करने के लिए मन का नियंत्रण रखना अनिवार्य है | हर एक व्यक्ति, विशेष रूप से स्त्री और पुरुष का संबंध सीमाबद्ध में बने रखना चाहिए | जो व्यक्ति अपने मन को अपने नियंत्रण में रखता है निस्संदेह वह व्यक्ति अपना लक्ष्य में कामयाब होता है और अपने जीवन में कभी भी अन्य के सामने अपना सिर नहीं झुकाता हमेशा के लिए आत्माभिमान से भरा रहता है।

''शेखर ने उसे बस इतना ही कहा था – 'गलत रास्ते हमेशा गलत दिशा की ओर ले जाते है पुष्पा | यूँ तुम्हारी देह तुम्हारी अपनी है |तुम इसका जैसे चाहो इस्तेमाल कर सकती हो |''[4]और आगे **"लेकिन इस सारी बातों के बावजूद यह भी सच है कि हर संबंध, हर रिश्ते की अपनी एक लक्ष्मणरेखा होती है | ऐसा नहीं है कि तुम मुझे अच्छी नहीं लगती पर मैं अपने संकल्प की लक्ष्मणरेखा से बँधा हुआ हूँ और इससे बाहर निकलना संभव नहीं है मेरे लिए | मैं तुम्हारे इस भाव का आदर करता हूँ, नमन करता हूँ इसे पर मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता | .....मुझे क्षमा कर दो पुष्पी | तुम जो चाहती हो उसे मैं कतई स्वीकार नहीं कर सकता |"**[5]

मानव अकलमंद बने रहने के साथ साथ वास्तव को पहचानने का सामर्थ्य अवश्य रखना चाहिए | धर्म के विषय में सामान्य रूप से अशिक्षित से लेकर सुशिक्षित तक सभी अज्ञानता से व्यवहृत होते हैं | धर्म के नाम पर मूढ होकर भगवान् के दलाल के पाश में फँसकर मूर्खतापूर्ण व्यवहार में भागीदार होकर मूर्खवान् हो जाते हैं |

"जरा सा सुख-सुकून की रोटी मिलते ही इन लोगों को क्यों भगवान की याद सताना शुरू हो जाती है ? क्यों ये अपने खून-पसीने की सारी कमाई धर्म के धंधेबाज पण्डे-पुजारियों पर लुटाना शुरू कर देते हैं ? क्यों ये लोग समझ नहीं पा रहे, इनकी दरिद्रता और गरीबी का कारण ये भगवान के दलाल धर्म के धंधेबाज ही हैं | इन्हीं ने वर्ण व्यवस्था व्दारा ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि ये हमेशा गरीब के गरीब ही बने रहें, मनुष्य योनि में जन्म लेकर भी पशु के पशु ही बने रहें और नरक से बदतर जीवन जियें |"[6]

मानव अपने जीवन को सुचारू ढंग से जीने के लिए परिश्रम करता है | हर एक व्यक्ति परिश्रम से कमाई हुई रुपयों को सदुपयोग करने की क्षमता अवश्य रखना चाहिए | धर्म के नाम पर धर्म के दलालों से किया जानेवाला खुला लूट के प्रति विवेकवान् और विचारवान् होते हुए सचेत बने रहना चाहिए | यदि हम लोग सचेत न हो तो धर्म के अँधकार में फँसाकर धर्म के दलालों से निरंतर लूटने लगते हैं | "**तरस आया था कथा लेखक की सोच पर शेखर को कि भीख माँग कर सत्यनारायण का व्रत पूजन करो और संपत्तीवान हो जाओ | क्या जरूरत है हल-कुदाल चलाने की नौकरी-चाकरी करने की खून-पसीना बहाने की |पूजा समाप्ति के पश्चात् पुजारी जब प्रस्थान करने लगा था तो शेखर ने देखा था, पुजारी ढाई-तीन सौ रुपये चढावे एवं दक्षिणा के और काफी सारा सीधा, फल और मिठाई बांध रहा था | मुश्किल से दो-ढाई घण्टे में निपट गई थी पूजा |जितना पुजारी ने दो-ढाई घण्टे में हासिल कर लिया था इतना पुष्पा महीने भर तक एक घर में काम करके कमा पाती थी | भीड-भाड होने की वजह से शेखर अपना गुस्सा जप्त कर गया था |"**[7] शिक्षण एक ऐसा माध्यम है जो मानव के हर अज्ञान का सर्वनाश करता है | शिक्षण, स्त्री और पुरुष दोनों वर्ग के लिए अनिवार्य है | शिक्षण, सही और गलती का पहचान करवाता है, न्याय और अन्याय का बोध कराने के साथ साथ अन्याय का विरोध करने की क्षमता, दृढता प्रादान करता है | शिक्षण साधारण जनता को भी कनिष्टतम कानून वं विज्ञान के विषयक संबंधित सामान्य ज्ञान प्रदान करता है, जो हर एक व्यक्ति को अत्यावश्यक है | "**जैसे-जैसे शेखर कार्ड की इबारत पढता गया था वैसे-वैसे ही उसका तन-बदन आग होता चला गया था | कार्ड पढने के बाद वह चीख उठा था -'पगला गए हो क्या तुम लोग ? चौदह साल की नाबालिग लडकी की शादी ? किस युग में रह रहे हो तुम लोग ? जानते नहीं हो, यह कानूनी जुर्म है, दण्डनीय अपराध है | पाप है, अन्याय है, अत्याचार है - उस मासूम जान के साथ जो शादी का मतलब तक अभी नहीं जानती और जिसका अबी तक न शरीर परिपक्व हुआ है, न दिमाग | उसकी उम्र अभी पढने और खेलने-कूदने की है |"**[8]और आगे**"ठीक है, इस शादी के लिए तुमने मुझसे सलाह नहीं ली और अब यह तुम्हारे लिए बिरादरीबदर होने का सबब बन गया है, इसलिए इसमें मैं चाह कर भी नहीं रोक पाऊंगा लेकिन तुम्हें मुझसे एक वादा करना होगा कि अर्चना का विवाह तुम छोटी उम्र में नहीं करोगे और अंजू का गौना अठारह साल से पहले नहीं दोगे | अर्चना की पढाई लिखाई का जिम्मा मेरा रहा |"**[9]और आगे**"यह फरवरी का महीना चल रहा है | मार्च के बाद स्कूल-कालेजों में नये एडमिशन शुरू हो जायेंगे |अंजू का मैं फिर से स्कूल में एडमिशन करवा दूँगा | अपनी जिंदगी की जंग वह पढ-लिख कर ही जीत सकती है|"**[10] शिक्षण से जीवन, विकास तथा भविष्य, उज्वल अवश्य बनता है।

मानव, समाज के साथ जुडे रहना चाहिए, जन संपर्क में बने रहना चाहिए ताकि समय--संदर्भ परिस्तितियानुसार जरूरत पडने पर स्वयं इसका फायदा उठा सके और जरूरतमंद जानपहचानवालों को भी आवश्यकतानुसार मदद करने और करवाने में सहायक हो सके | "**वे कहते –'उस शहर में फलाना लेखक मित्र है | यह उसका मोबैल**

नंबर है, मैं उसे मोबैल करे दे रहा हूँ | वह तुम्हारे ठहरने और खाने की व्यवस्था कर देगा |' उनके मित्रों का दायरा देश के कई शहरों तक फैला हुआ था|"[11]

मानव का सोच-विचार, व्यापार-व्यवहार केवल स्वउध्दार निमित्त मात्र न होना चाहिए बल्कि मानव सुस्थिति में आने के पश्चात् अपनी शक्ति के अनुसार अन्य दुर्बल व्यक्ति की मदद करते हुए उसका उध्दार के लिए अपना सहयोग अवश्य देना चाहिए तभी समाज तथा राष्ट्र का विकास होता है | "**उसका लक्ष्य था पुष्पा के घर-परिवार को अज्ञान के अंधकार से बाहर निकालकर उसे रोशनी की राह पर डालना |अपने सीमित साधनों से उसके घर-परिवार की नोंक पलक संवारना | उसके जीवन की जरूरतों से वंचित जीवन की जरूरतें पूरी करना |....और अपने इस आदर्श के अंतर्गत कर रहा था कि वह चाहकर भी पूरी दुनिया को नहीं बदल सकता, दुनिया की नोंक पलक नहीं संवार सकता लेकिन उसमें इतनी सामर्थ्य तो है ही कि वह मलिन बस्ती में नरक तुल्य जीवन जी रहे एक परिवार के जीवन को तो बदल ही सकता है |"[12]**

मानव सुज्ञानि, सुधर्मी वं सुकर्मी बने रहना चाहिए | मानव मानव के बीच परस्पर आत्मीयता, स्नेहपरता, विश्वसनीयता व्याप्त होना चाहिए | मानव, धर्म-कर्म का सही पहचान कर लेना चाहिए |**"अब धर्म-कर्म क्या है यह भी जान लो | धर्म का सीधा और सरल सा अर्थ है, वे मानवीय अच्छाइयाँ, जो आदमी से आदमी को जोडती हैं, को धारण करना | यानि कि अपनी जिंदगी में उतारना | मसलन दया, करुणा, संवेदना, ममता, प्रेम, परोपकार, नेकी, इमानदारी, सच्चाई जैसे उदात्त मानवीय भाव | और आदमी का कर्म है इन पर चलना |"[13]** इस पृथ्वी पर केवल मानव धर्म मात्र व्यवहृत होना चाहिए जो आदमी से आदमी को जोड सके तभी संपूर्ण मानव जाति का उध्दार होता है |

निष्कर्ष :-

प्रस्तुत उपन्यास में उपन्यासकार मानव जाति के उध्दार की मनोकामना करते हुए जीवन शिक्षण का जो पाठ पढाये हैं वह प्रस्तुत है | हर एक पाठक इस उपन्यास के व्दारा जीवन शिक्षण का पाठ अवश्य सीखना चाहिए और अपने जीवन में इसको अमल में लाना चाहिए तभी मानव जन्म सार्थक बनता है |

*****

संदर्भ ग्रंथ:-

एक और पांचाली – अमरीक सिंह दीप
प्रथम संस्करण, 2013.
अमन प्रकाशन
104A/80C, रामबाग, कानपुर - 208012(उ.प्र)

संदर्भ सूची

1.एक और पांचाली, पृ.सं - 16,17.
2.वही, पृ.सं - 167.
3. वही, पृ.सं – 174.
4. वही, पृ.सं - 204.
5. वही, पृ.सं - 212.
6. वही, पृ.सं - 173.
7. वही, पृ.सं - 173.
8. वही, पृ.सं - 163.
9. वही, पृ.सं - 166.
10.वही, पृ.सं - 189.
11.वही, पृ.सं - 18.
12.वही, पृ.सं - 193.
13.वही, पृ.सं - 177.

.....==========....======.....

समकालीन परिप्रेक्ष्य में शिवमूर्ति का उपन्यास 'त्रिशूल: एक अध्ययन

चन्द्रावती
शोध छात्रा, हिन्दी विभाग
बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय
विश्वविद्यालय, लखनऊ

सारांश-

स्वतंत्रता पश्चात् समाज के विघटनकारी समस्याओं पर अब तक असंख्य लेखकों ने लिखा है जैसे भीष्म साहनी का 'तमस', राही मासूम रजा का 'आधा गाँव', प्रियंवद का 'वे वहाँ कैद हैं', भगवानदास मोरवाल का 'काला पहाड़' तथा गीतांजलि श्री का 'हमारा शहर उस बरस'। शिवमूर्ति इस कड़ी का सशक्त हिस्सा हैं। इसमें कोई संदेह नहीं की आजादी के बाद समाज में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों पर शिवमूर्ति की बारीक नजर बनी रही है। उपन्यास 'त्रिशूल' में वे धार्मिक उन्माद, वर्गविभाजनकारी समस्याओं तथा प्रशासनिक विकृतियों के साथ-साथ सामाजिक मानसिकता के बदलते रूप को पूरी निष्ठा से अंकन करते है।

बीज शब्द:

राष्ट्रीयता, साम्प्रदायिकता, जातीयता, सामाजिकता, राजनितिक स्थिति, मीडियावाद।

प्रस्तावना:-

विशाल भू-भाग वाला भारत देश, जहाँ हर थोड़ी दूरी पर बोली-भाषा, रहन-सहन, सब बदल जाती है। एक-दूसरे के धर्म-मजहब का सम्मान यहाँ की सभ्यता व संस्कृति रही है। गीता, वेद-पुराण के साथ -साथ कुरान, बाइबिल का भी समान महत्व रहा है तथा बुद्ध, कबीर, तुलसी के आदर्शों का समाज रहा है। यही 'अनेकता में एकता' अखंड भारत की पहचान है। ऐसे में यह सोचना की हर चीज को एक ही शैली विशेष में तब्दील कर दिया जाए, देश को खण्ड-खण्ड ही करना नहीं हुआ बल्कि अखण्ड भारत के नैतिक मूल्यों का भी हनन करना हुआ। स्वतंत्रता पूर्व देश में सभी धर्म व समुदाय के लोगों का शासन रहा है। चाहे वे मुस्लिम रहें हों या फिर हिन्दू। समाज में अमन कायम रखने हेतु वे तमाम तरह की नीतियों का क्रियान्वयन करते रहते थे। कई मुस्लिम शासकों ने मंदिर निर्माण कराया व कई ने मंदिरों को दान भी दिया तो कुछ हिन्दू शासकों ने भी इस ओर कदम बढ़ाकर आपसी बंधुत्व को मजबूती प्रदान की। भारत को आजाद कराने हेतु सभी समुदाय वर्ग का समान संघर्ष रहा है। सोंचने वाली बात है की फिर क्या कारण रहा की आजाद भारत की स्थितियों में खतरनाक बदलाव हो गयें हैं। कुछ कारणों में से अंग्रेजों की 'फुट डालो और शासन करो की नीति' व कुछ समुदायों का अलग मुस्लिम राष्ट्र की माँग करना आदि रहा हैं। पाक के लाहौर व उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर तथा बांग्लादेश में हिंदुओं पर बर्बरता आदि ऐसे विवाद रहें हैं जिसकी चिंगारी हिंदुस्तान के बंधुत्व पर भी भड़की।

पिछली कई सदियों से भारतीय समाज कई वर्गों और जातियों में विभाजित रहा हैं। जिसकी वजह से वंचित वर्ग व मुख्य वर्ग में परस्पर अंतर्विरोध बना रहा हैं। जहाँ कुछ विशेष वर्ग के हाँथ सत्ता संचालन की सम्पूर्ण शक्ति उपलब्ध रही हैं तो वहीं उसी कालखंड में हाशिये के लोग रोटी, कपडा, मकान तथा जल, जंगल, जमीन जैसी मौलिक आवश्यकताओं के लिए संघर्षरत था। विन्देश्वरी प्रसाद मंडल का विभिन्न धर्मो, पंथो तथा अल्पसंख्यक वंचित पिछड़ों के सामूहिक हित के संदर्भ में 'मंडल आयोग' का गठन करना तथा 'बाबरी ध्वंश' आदि ऐसी महत्वपूर्ण व गंभीर घटनाएं थी जिसकी वजह से समाज में नए तरह की हलचल उत्पन्न हुई।प्रत्येक युग की स्थितियों में परिवर्तन होता रहा है लेकिन, कभी-कभी कुछ समस्याएं स्वरुप परिवर्तित कर हर कालखंड से टकराती रही हैं। हम जिस सामाजिक वातावरण में रह रहे हैं, वह अनेकों विसंगतियों से घिरा हुआ है। शिवमूर्ति ने समाज की इन्ही विसंगतियों को उपन्यास 'त्रिशूल'में उजागर करते हैं। इस उपन्यास में साम्प्रदायिकता व जातीयता के निरंतर उग्र होती स्थितियों का यथार्थ वर्णन है। 'त्रिशूल' शिवमूर्ति का पहला चर्चित उपन्यास है।वर्तमान में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक परिप्रेक्ष्य में स्थितियाँ बदल रही हैं जिसके कई मुख्य कारण हैं। जिनकी वजह से दरियाँ बढ़ती जा रही हैं। धर्म के अन्दर मनमुटाव बढ़ा तो सामाजिक सौहार्द पर भी उसका विपरीत प्रभाव पड़ा। उपन्यास 'त्रिशूल' में जहाँ शोषितों, वंचितों की सशक्त आवाज पाले (रामपाल) को रास्ते से हटा दिया जाता हैं (हत्या कर दी जाती है) वहीं

साम्प्रदायिकता की आग ने बेगुनाह महमूद को 'काला पहाड़' (मुस्लिम अराजक तत्व) की शागिर्दी के लिए विवश कर देती है। औपान्यासिकोद्गम में लेखक कहता है, ''कहाँ से शुरू करूँ महमूद की कहानी? वहाँ से जब पुलिस उसे घसीटकर ले जा रही थी... चौराहे पर लाठियों से पिट रही थी और मुहल्ले का कोई आदमी बचाने के लिए आगे नहीं आ रहा था। या..जब इसी चौराहे पर वे लोग उसकी छाती पर त्रिशूल अड़ाकर मजबूर कर रहे थे, ''बोल साले जै सिरी राम'' वहाँ से क्यों नहीं जब बड़ी मस्जिद के परिसर में भीड़ उसे घेरे खड़ी थी और तय नहीं कर पा रही थी आगे क्या करना चाहिए?''[1]

महमूद (मुसलमान) कथावाचक (हिन्दू) के यहाँ रहता है, काम करता है लेकिन, थोड़े समय बाद वह शास्त्रीजी व पुरे हिन्दू मुहल्ले का हो जाता है। सभी लोग उससे काम लेते है। शास्त्रीजी तो उसे 'चेलवा' कहकर आत्मीयता भी दिखाते हैं। कथावाचक से कहते हैं ''बहुत गुनी, बहुत प्रेमी लड़का हैं यह तो। जब से आया हैं, मुझे बबूल के काँटों से मुक्ति मिल गयी है। कहाँ पाए आप यह 'रतन'?''[2]

मुहल्ले भर के बच्चों को स्कूल से ले आना ले जाना भी उसकी ही जिम्मेदारी थी। यह काम वह पैसे लेकर नहीं करता था बल्कि जिसने जहाँ भेज दिया महमूद वहीं चला जाता। समाज में धर्म की कट्टरता बढ़ती है तो लोग एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए कूटनीतिक, रवैये से आगे जाकर खूनी संघर्ष में तब्दील कर देते हैं जिसका खामियाजा अक्सर बेगुनाह को ही भुगतना होता है। शास्त्री (हिन्दू अराजकतत्व) महमूद को अपने पोते के अपहरण के झठे केस में फंसाकेर मानवीयता की हर हद पार करते दिखते हैं। मामूली दिनों में किसी को उसके नाम की नहीं पड़ी थी लेकिन समाज में बढ़ते अराजकता की वजह से उसकी हर हरकत पर दूरबीन लगाकर बैठ जाते हैं। एक मासूम से बच्चे से उनको खतरा लगने लगता है। ''लेकिन गैर-जानकारी में ही सही, अपने अपनी आस्तीन में साँप पाल रखा है जो कभी भी आपको, आपके परिवार को डँस सकता है। आप बाल-बच्चेदार आदमी हैं। आपके घर में सयानी होती लड़कियाँ हैं। वह बच्चा नहीं, बीस साल का 'मुसल्ला' है।'' ''...शास्त्रीजी ! वह घर के बच्चे जैसा ही है, और बचपन से है। उसमे ऐसा कोई ऐब नहीं है। आप तो खुद उसकी तारीफ करते हैं।'' ''करता हूँ नहीं, करता था। गैर जानकारी में।''[3]

सामुदायिक संघर्ष के दिनों में महमूद की मामूली दिनों वाली अच्छाइयाँ, उसकी मानवीयता उसके मजहब की टोपी तले दबती दिखी। ''लेकिन क्या यह केवल महमूद की कहानी हैं?''[4] ऐसे हिंसक गतिविधियों में दूसरे धर्मावलंबी को शत्रु ही समझा जाता हैं, फिर चाहे वह बच्चा, हो बुजुर्ग हो या फिर कोई महिला। लौकिक, पारलौकिक स्वार्थ-सिद्धि हेतु समुदाय धर्म के नाम पर परस्पर आघात-प्रतिघात जैसी विषम परिस्थितियों को जन्म देते हैं। 'त्रिशूल' के शास्त्रीजी शहर के प्रतिष्ठित और बुद्धिजीवी नागरिक है, जो अन्तर्राष्ट्रीय क्लब के प्रेसिडेंट भी है। शुरू-शुरू में कथावाचक ऐसे पड़ोसी पाकर खुद को धन्य समझ रहे थे। ''बताइये। इस मोहल्ले में न आया होता तो शास्त्रीजी जैसा 'हीरा' आदमी कहाँ मिलता?''[5] वही शास्त्रीजी मोहल्ले के लोगों को गोलबंद कर कथावाचक से कहते हैं- ''तिल गुड़ भोजन तुरुक मिताई पहिले मीठे, पीछे करुआई।''[6]शास्त्रीजी के साथ उनके मोहल्ले वालों का समर्थन है। वे नेतृत्वकर्ता के रूप में दिखते है, जो अपने धर्म व समाज के लिए किसी भी सीमा को लाँघ जाने को आतुर होते हैं। विभूतिनारायण राय के शब्दों में-''नेतृत्व कर रहे लोग विभिन्न तबके के श्रोताओं से बेहतर अनुक्रिया प्राप्त करने के लिए ज्यादा उत्तेजक भाषण देने की होड़ में फंसते जाते हैं। इस प्रकार एक दुशचक्र का निर्माण होता है। यह दुष्चक्र उत्तेजक भाषण-भीड़ की अनुक्रिया और उत्तेजक भाषण और बेहतर अनुक्रिया से होते हुए भीड़ को हिस्टीरिया या उन्माद के स्तर तक ले जाता है।''[7]

जिस पूर्वाग्रह से शास्त्रीजी ग्रसित दिखते हैं, वे उसी पूर्वाग्रह से अपने समाज को भी दूषित करते नजर आते है, जिसका दुष्परिणाम कथावाचक के बेटे के माध्यम से देख सकते है।

''मुसलमान कौन होते है बेटा?''

''बच्चे पकड़ने वाले। आग लगाने वाले। छुरा भोकने वाले?''[8]

ऐसी संदिग्ध घटनायें सिर्फ शास्त्रीजी के अकेले की वश की बात नहीं थी। इस श्रृंखला में मीडिया, टीवी, अखबारों ने भी महती भूमिका निभाई है। जो कभी-कभी पक्षपात कर बड़ी घटनाओं की जमींने तैयार करने में सहायक होते नजर आते हैं। इतिहासकार व विचारक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय के अनुसार ''साम्प्रदायिकता, हमेशा लगता है कि दूसरे पक्ष का नुकसान पहुँचाने के लिए आई है लेकिन, साम्प्रदायिकता दोनों पक्षों को बराबर परेशान करती है।''[9]उपन्यास में दृष्टव्य है-''अखबार बता रहे है कि रात दोनों सम्प्रदायों के बीच जमकर पथराव, छुरेबाजी और बमबाजी हुई है। मुस्लिम बहुल इलाके के तीन घर जलकर राख हो गए है। कुछ दुकानें जली हैं। कुछ के लूटे जाने कि खबर है। अखबारों में छपे फोटो बता रहे हैं कि सड़के, इटें, काँच की बोतलों और मिट्टी, रोड़ो से पटी पड़ी हैं।...इनमें दरजी की झोपडी या दरजी के जलने का कोई समाचार नहीं है।''[10] हिंसक कारवाईयों को अहिंसक व वैध बना लिया जाता हैं यह तर्क द्वारा की उनकी प्रतिक्रिया मात्र आत्मरक्षार्थ थी। शास्त्रीजी के पीछे ऐसी सोंच वाली पूरी फौज थी, जो उनके ईशारे पर कुछ भी कर गुजरने को तैयार होती है। ''इतने प्रचारकों की फौज खड़ी हुई। काश, कुछ विचारक भी होते। इतना जोर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने में लगाया जा रहा है। काश, इसे वर्णव्यवस्था के उन्मूलन में लगाया जा सकता।''[11] धार्मिक कलहों में अक्सर ऐसा होता है की उन लोगों को धर्म के मूल तत्व से कोई वास्ता होता नहीं है। असली उद्देश्य परस्पर सर्वश्रेष्ठ बनने की होड़ मूल में होती है। ऐसे विवेकशून्य स्वघोषित पुरोहित, मौलवी या संगठन-संचालक, अपने ओहदे का दुरूपयोग कर लोगों को भड़काते हैं जिसकी वजह से समाज का सौहार्द असंतुलित व अनियंत्रित हो जाता है। उपन्यास में 'पाले' लोकगायक है। वह उस तबके का प्रतिनिधित्वकर्ता के रूप में सामने आता हैं जो सदियों के संताप को भुगतने को विवश रहा है। वह तमाम तरह की कुरीतियों, वाह्य-आडंबरों से सावधान करता है।

''छुआछूत और जाति-पाँति माँ
सगरी मनई जरत मरत हैं
ऊपर से जब बोलन लागैं
लागैं मानो फूल झरत हैं।''[12]

दलित, पिछड़े, आदिवासियों की समस्याओं में धर्म मजहब नहीं होते न उनको हिन्दू-मुस्लिम के श्रेष्ठता से कोई सरोकार होता है। उनकी लड़ाई दिनभर की मौलिक आवश्यकताओं की हैं जोकि साम्प्रदायिकता के चलते हाशिये पर चले जाते हैं। उनकी समस्याओं पर ध्यान देने के बजाए लोग धर्म व मजहब बचाने के लिए सड़कों पर राजनीति करते दिखते हैं। ऐसी ही चीजों कि तरफ 'पाले' ध्यान आकृष्ट करने कि कोशिश करता है लेकिन वह अधिक देर तक मंच पर बना नहीं रह पाता। चूँकि ऐसे लोगों (कथावाचक व पाले) का रास्ता कष्टदायक होता हैं, क्योंकि शास्त्रीजी जैसी फौज इनके पास नहीं होती। ऐसा देखा गया हैं कि जब कभी सामाजिक मुद्दों पर बहसें तेज होने लगतीं हैं तो तार्किक मुद्दों को किसी न किसी माध्यम से दबा दिया जाता है।

''यह लाश हैं लोकगायक पाले की। आसपास के दस-बारह जिलों में इसके गीतों की धूम थी। जहाँ-जहाँ कार्यक्रम होता दस-बीस हजार की भीड़ इकट्ठा हो जाती थी। उसी का मर्डर हो गया कल।'' ''अरे, उतना ही धक्का लगता हैं जितना यह सुनकर लगता कि लाश महमूद की है।''[13]

धर्म, मजहब, समुदायों की अराजकता के शोरगुल में 'पाले' की मुख्य समस्याओं का दमन होता दिखता है। उन्मादी समूहों के उभरती नीतियों में वंचितों, पिछड़ों, अनसूचित जनजातियों व अल्पसंख्यकों का हित होगा, इसमें शक है। यह द्वेष का रास्ता है प्रेम का नहीं। 'त्रिशूल' में 'पाले' का कथन-''सुबह शाम आरती-कीर्तन करना और घड़ी-घंटा बजाना किसका धरम हैं? पुजारी का। अगर पुजारी जी कहें कि घर का काम-काज छोड़कर हमारे साथ चलिए महीने भर अयोध्या में घंटा बजाने तो यह धरम होगा कि अधरम? महीने भर वहाँ घंटा बजाओगे तो यहां बाल-बच्चे क्या खाएँगे। बाबाजी का घंटा?''[14]

प्राचीन भारतीय संस्कृति में धर्म को पुरुषार्थ के अन्दर रखा गया था। मनुष्य के जीवन के चार पुरुषार्थ मने गए हैं- धर्म, अर्थ, काम, व मोक्ष। जिनको प्राप्त करना मनुष्य का लक्ष्य होता था। ये बेहद निजी मामले है जिनको भीड़ से बर्बरता से मनवाना उचित नहीं प्रतीत होता है। वर्तमान में धर्म को सड़क पर उतार दिया गया है तथा राजनीति को चारदिवारी में सीमित कर देने कि कोशिशें कि जाने लगी है। इन सब वजहों से धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक परिप्रेक्ष्य में परस्पर जो भूचाल आया, इस संक्रमण से आपसी संघर्षण हुआ जिसका परिणाम आज देख सकते हैं। महात्मा गाँधी ने 1947 में कहा था- ''राज्य को पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष होना पड़ेगा।''[15] धर्म में राजनीतिक हस्तक्षेप से लोकतांत्रिक राजनीति में समस्या उत्पन्न हो गयी है। भारत सभी धर्म, समुदायों का है। समानता में विषमता फैलाना संविधान व धर्मनिरपेक्षता

के खिलाफ है।''भारत कि अर्थव्यवस्था को जिस रफ्तार से पनपना चाहिए था वह पनपी नहीं और इससे बेरोजगारी और असमानता बढ़ी। नतीजा सामाजिक हताशा और बेचैनी में निकला। इससे यह हुआ कि आर्थिक अवसरों और साधनों के लिए अंधी दौड़ मच गयी।

खास तौर पर उच्च शिक्षा के व्यापक विस्तार के साथ दुर्लभ नौकरियों की जो अंतहीन प्रतियोगिता शुरू हुई, उसने एक नया नाराज युवा वर्ग तैयार किया है। यह वर्ग सांप्रदायिक ताकतों के काम आ रहा है।''[16]जनार्दन तिवारी, कथावाचक के क्लर्क के बड़े भाई हैं। उस समूह-विशेष से तालुक रखते हैं, जो सहानुभूति के स्तर पर बड़ी-बड़ी डींगे हाँकते हैं। वे 'पाले' व कबीरपंथी बाबा की कुटिया में नहीं जाते है क्योंकि वे अछूत हैं। वे बदलाव चाहते हैं समाज में लेकिन अपने अनुकूल। ''हम भी बराबरी के कायल हैं। युगों से दबे-कुचले इन लोगों की गरीबी दूर हो। अशिक्षा और अज्ञान दूर हो। धार्मिक कुरीतियों की जकड़न से मुक्ति मिले। लेकिन इनके अन्दर ऊँची जातियों के प्रति नफरत की भावना भी बढ़ रही है। ये हम लोगों के खेत में मजदूरी नहीं करते ताकि हमारे खेत परती पड़े रहें। हम परेशान हैं। इनके नये-नये लौंडे निकल रहें हैं उनमें अवज्ञा का भाव इस कदर हैं कि आँखों में आँखे डालते हुए सामने से निकल जायेंगे, न 'पैलागी' करेंगे न प्रणाम।''[17]

ब्रिटिश हुकूमत से देश तो आजाद हो गया लेकिन भुखमरी, गरीबी, छुआछूत, अशिक्षा व असमानता मुँह बाँए खड़ी थी। जिसकी गिरफ्त से देश आज भी निकलने को छटपटा रहा है। अच्छी व सकारात्मक चीजों कि अपेक्षा नकारात्मक चीजें अधिक तेजी से फैलती है और इनको पुख्ता करने में विभिन्न प्रकार कि शक्तियाँ विकसित होती रहीं हैं। संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों का भी शय मिलता रहा हैं। लेखक इस तरफ भी ध्यान आकृष्ट करते दिखते है । संविधान की शपथ लेकर आते तो हैं लेकिन कुछ समय पश्चात् वे कुछ विशेष संस्थाओं व संगठनों कि योजनाओं का हिस्सा बनते जाते हैं। 'त्रिशूल' का प्रशासन बेगुनाह महमूद को अधमरा करके छोड़ता है तथा वंचितों कि आवाज, पाले के मुर्दा शरीर को हवा में टाँगता है ''लेकिन बाजे-गाजे के साथ हुल्लड़ करने वाले इन लोगों को मना करने पुलिस नहीं आती।''[18]भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है। बाबासाहेब ने भी कहा था कि अगर संविधान चलाने वाले ठीक नहीं हैं तो इसका कोई मतलब नहीं बन पाएगा। इसी लोकतंत्रात्मक गणराज्य में पाले व महमूद जैसे लोगों से अभिव्यक्ति कि स्वतंत्रता के साथ ही जीवन कि स्वतंत्रता का भी हनन होते देखा जा सकता है मशहूर पत्रकार आरफा खानम शेरवानी कहती है- ''लोकतंत्र का मतलब ही है फिर हर रोज उस लोकतंत्र को जीना।''[19]उपन्यास ''त्रिशूल'' में जहाँ साम्प्रदायिकता का भविष्य भयावह दिखता हैं वहीं पाले का संघर्ष उसके बलिदान की आशावादी परिणति एक छोटे से लड़के में दिखती है। वह पाले के अंतिम क्षण में शरीक होता है-''सामने खड़ा तेरह-चौदह साल का एक लड़का सबसे बाद में पूरी ताकत से मुर्दाबाद चिल्लाता है। उसके शरीर पर पटरे की जीर्ण जंघिया और टूटे बटनवाली आधी बाँह की मटमैली सूती कमीज। काला शरीर और घुड़कती हुई पीली आँखे।''[20]समाज में विभेद जब तक बना रहेगा, तब तक घृणा, नफरत व हिंसा-दंगों का माहौल भी बना रहेगा। ऐसे विवादों की वजह से मुस्लिम पड़ोसी, हिन्दू पड़ोसी को शक व हिकारत की नजर से देखने को विवश हो जाते हैं। जिसमे कुछ का लाभ जुड़ा हो सकता हैं लेकिन सबका नहीं। सामाजिक बुराइयों के साथ-साथ सांप्रदायिकता के उन्मूलन के लिए सभी वर्ग समुदाय के बुद्धिजीवी, लेखकों, पत्रकारों के साथ तथाकथित राजनीतिक दलों को भी सहयोग करना होगा जिससे आपसी समरसता कायम रह सके।

निष्कर्षत:-

शिवमूर्ति का उपन्यास 'त्रिशूल' व्यापक स्तर के यथार्थ को उजागर करता है। इस मायने में लेखक ने देश की गंभीर समस्याओं पर चिंतन ही नहीं किया अपितु सटीक मूर्त रूप भी प्रदान करते दिखते हैं। समाज में बदलाव के लिए हर तबके का सामाजिक आंदोलन होना आवश्यक हैं और उसके लिए लोकतंत्र का होना या कहिये बचे रहना भी जरुरी है। दंगे किसी भी तरह के हों, कारण कुछ भी हों नुकसान सभी का होता है। समाज की तरक्की तभी होगी जब पड़ोसी से रिश्ता बेहतर होगा। 'वसुधैव कुटुंबकम' के तहत कोई भी किसी से नफरत नहीं कर सकेगा क्योंकि तब सब सम्पूर्ण पृथ्वी को अपना घर समझेंगे। नफरत ही हिंसा के लिए उत्तरदायी होती है। शिवमूर्ति का उपन्यास 'त्रिशूल' मंदिर-मस्जिद, मण्डल-कमण्डल की राजनीति से उभरते हिंसक कार्यवाहियों को प्रमुखता से उजागर करता है। मुद्दा इतना ही नही है बल्कि इस बहाने धर्मनिरपेक्षता तथा लोकतंत्र पर खतरे से आगाह भी करते दिखते हैं। जब संविधान में ऐसी कोई शर्त नहीं हैं कि सभी को एक धर्म-विशेष कि मान्यता स्वीकार करनी होगी तो ऐसे में इस तरह कि स्थितियाँ उत्पन्न करना संविधान विरोधी हैं। 'त्रिशूल' हिंदुत्व का प्रतीक है, जिसके कई आध्यात्मिक अर्थ हैं जैसे- सत्व, तमस, रजस आदि। सारी सृष्टि का नियामक जो हैं उसे किसी इंसान की सहायता की क्या आवश्यकता भला। इसलिए त्रिशूल को ईश्वर-रक्षार्थ बताकर अस्त्र रूप में इस्तेमाल कर हिंसा फैलाना कहीं से तार्किक नहीं लगता। त्रिशूल को पवित्र प्रतीक ही रहने दिया जाय तो सर्वजन का हित होगा। वर्तमान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व त्रिशूल की छवि को आक्रामक व विनाशकारी रूप में जो लोग स्थापित कर रहें, असल में वही हिंदुत्व व राम विरोधी हैं, क्योंकि उनको खुद राम के आदर्शों से कोई लेना-देना नहीं होता। धर्म प्यार के अलावा नफरत कभी नहीं सिखाता। ऐसी ही गतिविधियों की सूक्ष्म पड़ताल हैं उपन्यास त्रिशूल।

*****

संन्दर्भ-

1. शिवमूर्ति, त्रिशूल, राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली, दूसरा संस्करण-2012,पृ०- 5।
2. वही, पृ०-11
3. वही, पृ0-31
4. वही, पृ०-5
5. वही, पृ०-7
6. वही, पृ०-34
7. राय, विभूतिनारायण, सांप्रदायिक दंगे और भारतीय पुलिस, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, तीसरा संस्करण-2016, पृ०-74-75।
8. शिवमूर्ति, त्रिशूल, पृ०-26
9. http://www.youtube.com/c/AshokSpeaks
10. 1शिवमूर्ति, त्रिशूल, पृ०-41
11. 1वही, पृ०-
12. वही, पृ०-56
13. वही, पृ०-81
14. वही, पृ०-54
15. अमरनाथ, हिंदी आलोचना की पारिभाषिक शब्दावली, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, चौथा संस्करण-2016, पृ. 368।
16. वही, पृ०-369
17. शिवमूर्ति, त्रिशूल, पृ-58-59
18. वही, पृ-43
19. http://www.youtube.com/c/SatyaHindi
20. शिवमूर्ति, त्रिशूल, पृ०-83

महुआचरित में स्त्री का अंतर्द्वन्द्व

प्रतिभा सिंह
शोध छात्रा हिंदी विभाग
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)

योनियों में सबसे महत्वपूर्ण मनुष्य योनि को माना जाता है। मनुष्य योनि में कर्म का विशेष महत्व है। अच्छे कर्म करके मनुष्य अच्छे स्थानों को प्राप्त कर लेता है, तो कही मायाजाल में पढ़कर अपने लक्ष्य को भूल जाता है। अगर व्यक्ति को सही परिस्थितियाँ प्राप्त हो जाती हैं तो वह अपने जीवन की में विकास की ओर अग्रसर हो जाता है। अपना एक यश, सम्मान समाज में प्राप्त कर लेता है और यदि कहीं वह जीवन के दलदल में फंस जाता है तो वह अपने लक्ष्य से भटक जाता है, अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाता है। वर्तमान परिदृश्य का प्रभाव व्यक्ति के मन पर, समाज पर निश्चित रूप से पड़ता है। इससे जो सम्भल पाते हैं, उनके मन में एक कुंठा बन जाती है और अगर नहीं सम्भल हो पाती तो उनका जीवन बड़ा दुर्धर्ष पूर्ण हो जाता है।

यूं तो स्त्रियों के विषय जैसे-साज-सज्जा, पहनावा, पर्दा प्रथा, दहेज प्रथा आदि को लेकर कथाकारों ने अपनी लेखनी चलाई किंतु ''महुआचरित'' एक ऐसा उपन्यास है जिसमें श्री काशीनाथ सिंह जी ने स्त्री स्वाधीनता, आधुनिक होती स्त्री की सोच के साथ-साथ दहेज प्रथा को लेकर भी नए विचार जनमानस के सामने प्रस्तुत किए हैं, जो आज की हर स्त्री सोचती है। आधुनिकतावादी परिवेश में स्त्री एक अलग स्थान प्राप्त करना चाहती है। वह अपने पैरों पर खड़े होकर स्वच्छंद जीवन व्यतीत करना चाहती है। ऐसी ही परिस्थितियों को लेकर श्री काशीनाथ सिंह जी ने 'महुआचरित' उपन्यास की रचना की जिसमें हमें स्त्री के अंतर्द्वन्द्व उसके बहिर्द्वन्द्व का आभास होता है। कहने के लिए स्त्री आजाद है। वह अपने आप में स्वतंत्र है किंतु आज भी एक स्त्री कोई कदम उठाने से पहले अपने घर-समाज को प्राथमिकता देती है। वह अपने संस्कारों का हनन नहीं होने देती। सम्मान के साथ समाज में अपना स्थान चाहती है। जिसकी वह हकदार है।

''स्त्री को केवल एक उत्पादक शक्ति मानना बिल्कुल असंभव है। वह अन्या है, जिसके माध्यम से पुरुष अपने आपको खोजता है।''1

'महुआचरित' काशीनाथ सिंह का बहुचर्चित और सफल उपन्यास है जिसकी नायिका महुआ नामक स्त्री है, जो आजकल के जीवन की आपाधापी आई को समझ नहीं पाती। उसी दलदल में फंस जाती है। 'महुआचरित' उपन्यास में मध्यम वर्गीय समाज की युवती का चित्रण है जिसमें महुआ को माध्यम बनाकर इन्हीं की देहशक्ति उसकी इच्छाओं की परिणति उसके अस्तित्व का बोध दिखाया गया है।

''दिल और दलदल एक जैसे होते हैं, दलदल में पॉव फंस जाए तो बाहर आना मुश्किल, दिल में कोई बात धंस जाए तो निकलनी मुश्किल।''2 महुआ का हाल भी ऐसा ही होता है जिससे वह चाहते हुए भी नहीं निकल पाती अंत तक वह अपने विचारों के साथ जुझती रहती है।

महुआ पढ़ाई में व्यस्त होने के कारण पहले तो शादी-ब्याह, प्यार-मोहब्बत में ध्यान नहीं देती उसकी नजर में यह सब फालतू होता है। वह अपने कैरियर पर ध्यान देती है और सफल भी हो जाती है, किंतु सफलता प्राप्त करने के बाद पढ़ाई पूर्ण होने के पश्चात जब भी अपनी सहेलियों से बातें करती है उसकी सहेलियां उससे अपने पति और बच्चों के बारे में बातें करती है जिसके बाद उसकी इच्छा भी परिणय संबंध में बंधने की होती है परंतु सामाजिक यथार्थ को सोचकर वह चुपचाप रह जाती है। 'महुआ' के पिता स्वतंत्र सेनानी थे। वे महुआ की पढ़ाई की ओर ध्यान देते हैं किंतु शादी-ब्याह को लेकर वे कोई ध्यान नहीं देते। महुआ के पिता दहेज के खिलाफ थे और महुआ भी ऐसी शादी नहीं करना चाहती थी, जिसमें दहेज देना पड़े। महुआ अपने पिता के बारे में सोचती है-''सारी जिंदगी तुम देश के बारे में ही सोचते रहे कभी अपनी बेटी के बारे में भी सोचा? तुम्हें तो यह तक पता नहीं कि तुम्हारी बेटी की उम्र क्या है? उनतीस या तीस।''3 ऐसी सोच से महुआ के मध्यम वर्गीय स्थिति का और उसकी मानसिक दशा का पता चल जाता है। पढ़ाई खत्म होने के बाद वह अकेलापन महसूस करती है। जब वह अपने सहेलियों से बात करती है उनके प्रेम प्रसंग सुनती है तो वह और विचलित हो जाती है। सहेलियो के पति और उनके ससुराल की बातें सुनकर वह अपने बारे में सोचती है और अपने आप को अकेला समझती है। महुआ के ऊब और अकेलेपन का साथी उसका छत था। छत को वह अपना साथी समझती थी, अपने मन की बातें वह छत से करती थी-''छत। यही छत मेरे जीवन का 'टर्निंग प्वाइंट' बनी। यह मेरे लिए 'सरग नसेनी थी। इधर शाम ढलती, उधर मैं छत पर।''4 'महुआ' छत से अपने विषय में समाज के विषय में आसपास तो रहे कार्यक्रम अपनी सहेलियों से किए गए वार्तालाप आदि से परिचय कराती थी। छत से हर तरह की बातें वह करती चाहे वह शादी को लेकर या फिर अपने मन में उठ रहे तनाव की। वह बात चाहे साजिद की हो जिससे उसका क्षणिक प्रेम होता जिस क्षणिक प्रेम में वह घर-समाज को भूल जाती है या फिर हर्षुल की जिससे उसका प्रेम विवाह होता है। 'महुआ' छत से बोलती बतलाती है और तरह-तरह की कल्पनाओं में खो जाती है-''देखते देखते यह छत मेरी सहेली बन गई। कब मेरा दुपट्टा खींच रही है, कब मेरे बाल और गाल सहला रही है, कब मेरी बाहें फैलाकर उनके पंख बन बना रही है और शून्य में उड़ना सिखा रही है।''5

'महुआ' खुलकर जीना चाहती है, वह चाहती है कि वह भी घूमे-फिरे, प्यार के गीत गुनगुनाए किंतु ऐसा कुछ नहीं कर पाती है क्योंकि वह अपने घर, परिवार और समाज की फिक्र करती है। मान-सम्मान को बनाए रखना चाहती है।

अपने घर के बगल वाले छत से 'महुआ' गुनगुनाने की आवाज सुनती है, उस दर्द भरी आवाज में महुआ खो जाती है और गुनगुनाने वाले साजिद पर आसक्त हो जाती है। 'महुआ' की देहाशक्ति इतनी प्रबल हो जाती है कि वह घर में माता-पिता से झठ बोलकर आठ-दस दिनों के लिए साजिद के साथ हैदराबाद चली जाती है, घूमने के लिए। हैदराबाद से लौटकर आने के बाद उसे पता चलता है कि वह गर्भ धारण कर चुकी है, तब वह डर जाती है और उसका साजिद के प्रति मोहभंग हो जाता है। महुआ समाज की नजरों से बचने के लिए गर्भपात करवा लेती है। इस विषय में जैनेंद्र जी का कथन है-''प्रेमावस्था में दूसरी ओर सब परिपूर्ण और सुंदर जान पड़ता है। प्राप्ति के अनन्तर सौन्दर्य की कमनीयता उड़ जाती है और प्रेम पात्र में कई प्रकार का अनगढ़पन उभरा हुआ सामने दिखने लगता है।''6

मध्यमवर्गीय समाज में स्त्री आज भी अपने अरमानों का गला घोट कर समाज के बारे में सोचती है और इस सोच में वह अपने मनमाफिक कार्य करने से डरती है क्योंकि समाज में उसे दबाया जाता है तरह-तरह का उलाहना दिया जाता है।

''स्त्री पैदा नहीं होती, बल्कि उसे बना दिया जाता है।''7 (सीमोन द बोउवार) जन्म से पहले ही स्त्री का संघर्ष चालू हो जाता है पहले जन्म पाने के लिए और जन्म पाने के बाद अपना स्थान समाज में बनाने के लिए। एक स्त्री जब प्रेम करना चाहती है समाज उसकी भावनाओं को हेय दृष्टि से देखता है वहीं जब स्वतंत्र रहना चाहती है अकेले अपना जीवन व्यतीत करना चाहती है वहाँ भी उसे समाज का दृष्टिकोण झेलना पड़ता है। यही डर महुआ को हमेशा बना रहता है।

महुआ प्रेम तो करना चाहती है किंतु वह अपनी स्वतंत्रता, अपना आत्मविश्वास कुछ कर गुजरने की चाह नहीं खोना चाहती। 'महुआ' अपने माता-पिता की मर्जी से अपने कॉलेज के दोस्त हर्षुल से विवाह करती है और खुशी-खुशी अपना जीवन हर्षुल के साथ बिताने लगती है किंतु एक अंतर्द्वन्द्व हर पल उसको बना रहता साजिद का साथ जो वह भूल कर भी नहीं भूल पा रही थी। वह हर्षुल के साथ रहकर भी हताश हो जाती थी। वह पूर्णता चाहती थी लेकिन वह उसे नसीब नहीं हुई। हर्षुल के साथ महुआ नैनीताल, भीमताल आदि शहरों का भ्रमण करती है साथ ही हर्षुल के साथ खुशहाल दांपत्य जीवन जीती है। महुआ अध्यापन कार्य करती है, अपने माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी भी रखती है। इसी कारण वह कुछ दिन हर्षुल के साथ बिताने के बाद वापस अपने कार्य में संलग्न हो जाती है। जब भी हर्षुल या महुआ को छुट्टी मिलती है वे एक दूसरे से मिलने आते-जाते हैं। त्यौहार मनाते हैं। मस्ती करते हैं जिसको आनंद माता-पिता भी लेते हैं-''पहली बार इस घर में होली मनी। सुबह होली की हुडदंग देखने हर्षुल बाहर निकला लेकिन थोड़ी देर बाद ही लौट

आया- फटी कमीज और वार्निश पुते चेहरे के साथ। वह लाल-पीले-बैगनी इस रंगों से सराबोर था।'8 महुआ और हर्षुल वासलीगंज में अपनी पहली होली का आनंद लेते हैं। इसी दौरान महुआ की बीती जिंदगी का पता हर्षुल को चल जाता है जिसके कारण उन दोनों के जीवन में तनाव आ जाता है। हर्षुल महुआ का त्याग कर देता है।

महुआ फिर अकेली रह जाती है। महुआ यौन कुंठा से ग्रसित महिला है साथ ही स्वाभिमानी है और अपने माता-पिता के प्रति समर्पण की भावना रखने वाली स्त्री है। 'महुआचरित' उपन्यास में महुआ की देहाशक्ति उसके जीवन में आए उतार-चढ़ाव जीवन से लगाव और प्रेम की कहानी को प्रस्तुत किया गया है।

एक स्त्री कभी भी पूर्ण नहीं हो सकती उसकी चाहे उस तक ही सीमित रह जाती है जैसे महुआ अपने दिल की बात नहीं कह पाती न चाहते हुए भी हर्षुल से अलग हो जाती है और अपने छत तक ही सीमित रह जाती है। जिस प्रकार स्त्री की पूर्णता एक पुरुष में है उसी प्रकार पुरुष भी नारी के बगैर अधूरा माना जाता है। वह पूर्णता का अनुभव करता है किंतु यह उसका भ्रम होता है।

इस विषय में रामधारी सिंह 'दिनकर' का कथन है-''नारी नर को छूकर तृप्त नहीं होती न नर नारी आलिंगन में संतोष मानता है। कोई शक्ति है, जो नारी को नर से तथा नर को नारी से अलग रहने नहीं देती और जब वे मिल जाते हैं, तब भी उनके भीतर किसी ऐसी तृषा का संचार करती है, जिसकी तृप्ति शरीर के धरातल पर अनुपलब्ध है।''9

महुआ अपना दांपत्य जीवन बनाए रखना चाहती है जिसके लिए वह हर संभव प्रयास करती है वह हर तरह की बात हर्षुल से करती है किंतु अपना बीता हुआ कल का पता नहीं चलने देती क्योंकि उससे यह आभास होता है कि पुरुष कभी दूसरे पुरुष को सहन नहीं करता है। ''मैं हर्षुल से जाने क्या-क्या और किन-किन विषयों पर दिन भर बातें करती रही लेकिन नहीं की तो विवाह के बाद की मुश्किलों के बारे में जो हमारे बीच खड़ी हो सकती थीं।'10

यद्यपि 'महुआचरित' उपन्यास में श्री काशीनाथ सिंह जी ने 'महुआ' नामक स्त्री पात्र को माध्यम बनाकर स्त्री की मानसिक स्थिति, उसकी चाह, उसकी कल्पना, मानव मन के द्वंद को, अवस्थानुसार उसकी सोच को जनमानस के सामने उजागर किया है। अवस्था के अनुसार क्या-क्या स्थितियाँ होती हैं। एक व्यक्ति कैसे अपने विचारों को अपने कृत्यों को छुपाने की कोशिश करता है। इस सोच को श्री काशीनाथ सिंह जी ने 'महुआ' के माध्यम से बड़ी ही बेवाकी स्पष्ट ढंग से उजागर किया है।

वर्तमान परिदृश्य में पाश्चात्य संस्कृति का जो प्रभाव हमारे भारतीय समाज पर पड़ा है वह 'महुआचरित' में स्पष्ट देखा जा सकता है। जहाँ 'महुआ' और 'साजिद' के माध्यम से काम इच्छा की या खुले यौनाचार का वर्णन हुआ है, वहीं 'महुआ' और 'हर्षुल' की स्वेच्छाचारिता और नशे की प्रवृत्ति को दिखाया गया है। 'महुआ' समाज में विमुख होने के डर से अपने पति का सच जानते हुए उसके सवाल का जवाब नहीं देती क्योंकि वह अपने और हर्षुल के बीच का दांपत्य प्रेम बनाए रखना चाहती है। दांपत्य प्रेम के विषय में जैनेंद्र जी कहते हैं-''पति पत्नी का संबंध वह है जिसमें एक-दूसरे की उत्कृष्टता की प्राप्ति नहीं बनती, बल्कि निकृष्टता भी निवेदित होती है। उस संबंध का महत्व ही इसी में है। औपचारिक संबंधों में हम निकृष्ट को अपने पास रोक लेते हैं और उत्कृष्ट को ही समक्ष करते हैं। यानी वह समग्र और निर्बंध संबंध नहीं होता।''11 इस विचार से स्पष्ट हो जाता है कि दांपत्य प्रेम में अंतर्द्वन्द्व नहीं होना चाहिए खुले मन से एक-दूसरे के विचारों को समझना चाहिए।

*****

संदर्भ सूची:-

1.स्त्री उपेक्षिता, प्रभा खेतान, पृष्ठ 45, हिंदी पॉकेट बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली 2002
2.महुआचरित, काशीनाथ सिंह, पृष्ठ 78, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2019
3.महुआचरित, काशीनाथ सिंह, पृष्ठ 14 राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019
4.महुआचरित, काशीनाथ सिंह, पृष्ठ 16, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2019
5.महुआचरित, काशीनाथ सिंह, पृष्ठ 17 राजकुमार प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019
6.काम, प्रेम और परिवार, जैनेंद्र कुमार, पृष्ठ 60, जैनेंद्र रचनावली खंड-9, भारतीय ज्ञानपीठ
7.स्त्री उपेक्षिता, प्रभा खेतान, कवर पृष्ठ, हिंदी पॉकेट बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
8.महुआचरित, काशीनाथ सिंह, पृष्ठ 88, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019
9उर्वशी, दिनकर, भूमिका पृष्ठ- ख, 1961
10.महुआचरित, काशीनाथ सिंह, पृष्ठ 63, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019
11.काम, प्रेम और परिवार, जैनेंद्र कुमार, पृष्ठ 62, जैनेंद्र रचनावली खंड-9, भारतीय ज्ञानपीठ

लोकतंत्र पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के विचार

- उन्हें लोकतंत्र पर पूरा भरोसा था। उनका मानना था कि जो तानाशाही त्वरित परिणाम दे सकती है वह सरकार का मान्य रूप नहीं हो सकती है। लोकतंत्र श्रेष्ठ है क्योंकि यह स्वतंत्रता में अभिवृद्धि करता है। उन्होंने लोकतंत्र के संसदीय स्वरूप का समर्थन किया, जो कि अन्य देशों के मार्गदर्शकों के साथ संरेखित होता है।
- उन्होंने 'लोकतंत्र को जीवन पद्धति' के रूप में महत्त्व दिया, अर्थात् लोकतंत्र का महत्त्व केवल राजनीतिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में भी है।
- इसके लिये लोकतंत्र को समाज की सामाजिक परिस्थितियों में व्यापक बदलाव लाना होगा, अन्यथा राजनीतिक लोकतंत्र यानी 'एक आदमी, एक वोट' की विचारधारा गायब हो जाएगी। केवल एक लोकतांत्रिक समाज में ही लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना से उत्पन्न हो सकती है, इसलिये जब तक भारतीय समाज में जाति की बाधाएँ मौजूद रहेंगी, वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना नहीं हो सकती। इसलिये उन्होंने लोकतंत्र और सामाजिक लोकतंत्र सुनिश्चित करने के लिये लोकतंत्र के आधार के रूप में बंधुत्व और समानता की भावना पर ध्यान केंद्रित किया।
- सामाजिक आयाम के साथ-साथ अंबेडकर ने आर्थिक आयाम पर भी ध्यान केंद्रित किया। वे उदारवाद और संसदीय लोकतंत्र से प्रभावित थे तथा उन्होंने इसे भी सीमित पाया। उनके अनुसार, संसदीय लोकतंत्र ने सामाजिक और आर्थिक असमानता को नज़रअंदाज किया। यह केवल स्वतंत्रता पर केंद्रित होती है, जबकि लोकतंत्र में स्वतंत्रता और समानता दोनों की व्यवस्था सुनिश्चित करना ज़रुरी है।

*****

आदिवासी विमर्श

हिंदी उपन्यासों में चित्रित आदिवासी समाज

डॉ.अमिय कुमार साहु
अध्यक्ष , हिन्दी विभाग एवं प्रमुख, भाषा संकाय
राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, पुणे- 411 023
मो. 8600329383

शोध-सार

बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध के हिंदी साहित्य में पहली बार भारत के वंचित समाज का स्वर मुखरित हुआ है। दलित, वंचित, आदिवासी , महिला आदि हासिए में रहने वाले लोग अपने अधिकार और अपने अस्तित्व की पहचान के लिए एक अभूतपूर्व लड़ाई छेड़ दी है। हिंदी साहित्य की हर विधा इस अभूतपूर्व लड़ाई का साक्षी है। कहानी, आत्मकथा और उपन्यास ऐसी तीन विधाएँ हैं, जिनमें वंचित वर्ग का अस्मिता-संघर्ष मुखर होकर सामने आया है। आज इस अस्मिता और अस्तित्वपरक साहित्य के केंद्र में स्त्री विम्रर्श, आदिवासी विमर्श और दलित विमर्श है। आदिवासी विमर्श ने हिंदी उपन्यास को अपने संघर्ष का जरिया बनाया है और इसमें प्रमुखता से अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। बीसवीं सदी के उतरार्द्ध में ऐसे बहुत से उपन्यासकार हैं जिन्होने अपने उपन्यासों में आदिवासियों के इतिहास, जीवन-यथार्थ और संघर्ष को बखूबी चित्रित किया है। 1952 में देवेन्द्र सत्यार्थी द्वारा रचित उपन्यास 'रथ के पहिए' से लेकर 1912 में महुआ माझी द्वरा रचित 'मरंगगोडा नीलकंठ हुआ' आदि ऐसे दर्जनों उपन्यास इसके उदहरण हैं। इस शोध-लेख में 'अल्मा-कबूतरी' 'काला-पादरी' 'पार' 'धार' 'जहाँ बाँस फूलते हैं' आदि कुछ प्रसिद्ध उपन्यासों को आधार बानाकर आदिवासी समाज के जीवन यथार्थ और संघर्ष को उजागर करने की कोशिश की गयी है।

बीज शब्द – उपन्यास, आदिवासी, संघर्ष, अस्तित्व,अस्मिता.जीवन-यथार्थ.

इतिहास साक्षी है कि भारत अनेक धर्म-पंथ, संप्रदायों और जातियों का देश रहा है। इस भौगोलिक विविधता वाले देश में समय-समय पर विभिन्न कारणों से विभिन्न पंथ, धर्म और संप्रदाय आदि लोगों का आगमन हुआ है। इसमें से एक घटना है - आर्यों का भारत आगमन। आर्यों का भारत आगमन और भारत में आर्य और अनार्यों के बीच चला संघर्ष भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण घटना है। जिसके चलते भारत के मूल निवासियों को अपना सब कुछ गँवा कर वन-गुफाओं में रहना पड़ता है और सही मायनों में यहीं से भारतीय आदिवासियों की दर्दगाथा शुरू होती है। महात्मा फूले ने इसके बारे में लिखा है कि -

'गोंड भील क्षेत्री यह पूर्व स्वामी
पीछे आए वहीं ईरानी
शूर वीर मछुआरे मारे गए रारों से
ये गये हकाले जंगलों गिरि वनों में'।

हजारों सालों बीत जाने के बावजूद आज भी आदिवासी समाज जंगल के कंदराओ में रहकर अपना जीवन यापन कर रहा है। आधुनिक भारत के निर्माण में और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए भी इनका कम योगदान कम नहीं रहा है। बिरसा मुंडा, उमेद बसवा, सिद्धा-कान्हा आदि ऐसे बहुत से वीर आदिवासी थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए बलिदान दे दिया, परंतु "आज आदिवासी शब्द के उच्चारण से ही हमारे सम्मुख खड़ा हो जाता है प्रत्येक सदी से छला-सताया, नंगा किया और सोची समझी साजिश के तहत वन जंगलों में जबरन भगाया जाता रहा एक असंगठित मनुष्य। वह मनुष्य जो अपनी स्वतंत्र परंपरा सहित सहस्र सालों से गाँव देहातों से दूर घने जंगलों में रहने वाला संदर्भहीन मनुष्य है -जो एक विशेष पर्यावरण में अपने सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों को जान की कीमत पर संजोए, प्रकृतिनिष्ठ, प्रकृति-निर्भर, कमर पर बीत्ते भर चिंदी लपेटे, पीठ पर आयुध लेकर भक्ष्य की खोज में शिकारी बना मारा-मारा भटक रहा है। कभी राजनीतिक तथा सांस्कृतिक वैभव से इतराने वाला यह कर्तव्यशील मनुष्य, परंतु वर्तमान में लाचार, अन्यायग्रस्त तथा पशुवत जीवन-यापन करने वाला मनुष्य। यही उसका कुल जीवन है- वेदना से भरा लोकाचार है" ।सवाल में ही यही उत्तर छिपा हुआ है कि ईसाई मिशनरियों ने सिर्फ दो रोटी देकर उनके अस्तित्व को ही छीन लिया। खाखा का यह बयान आदिवासियों के युवावर्ग का गुलामी के प्रति आक्रोश को व्यक्त करता है और अपनी अस्मिता, अस्तित्व को सर्वोपरि मानता है। खाखा कहता है "आखिर एक दो पीढ़ी के पहले तो हमें अपने अस्तित्व का पता नहीं था ठीक से। और अब जब पता चल गया तो कहते हैं कि भूल जाओ तुम्हारा कुछ नहीं है, जो कुछ है प्रभु परमेश्वर का है और परमेश्वर का रास्ता मिशनरीज से होकर जाता है। माय फूट, मैं कहता हूँ परमेश्वर का रास्ता हमारी छोटी सी नदी इव से होकर गुजरता है, हमारे पेड़ों-पहाड़ों से होकर जाता है" । यह कथन गुलामी के प्रति आदिवासी युवक का आक्रोश और उसके अस्मिताबोध का परिचायक है।कभी विकास, कभी राष्ट्रहित आदि के नाम पर अंग्रेजों के जमाने से लेकर आज तक आदिवासियों पर अत्याचार होता आ रहा है। उनके घर , उनकी जमीन, उनके जंगल को उजाड़ दिया जा रहा है। अतः अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ता है।

संजीव का उपन्यास 'धार' की नायिका मैना अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए पुलिस, प्रशासन, पूंजीपति, ठेकेदार, जंगल-माफिया के साथ लड़ने का संकल्प करती है और निडर संघर्ष करती रहती है। नैना कहती है "भाइयों काम छोड़कर निकल आवा, वह फैक्ट्री नहीं हम सबके मौत है" ।इन असहाय और तिरस्कार के शिकार आदिवासियों की आवाज बीसवीं सदी के उत्तरार्ध तक दबी रही। न समाज और न साहित्य, किसीने भी इनकी सुध नहीं ली। हिंदी भाषी प्रदेशों में आदिवासियों की संख्या व्यापक होने के बावजूद, साहित्य में उनको महत्व नहीं दिया गया। बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में भारतीय भाषाओं में दलित चिंतन का आरंभ होता है और साथ-साथ आदिवासी विमर्श का भी। हिंदी में अन्य विधाओं की अपेक्षा उपन्यास में इस विषय पर सार्थक पहल लगभग बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में होता है। 1980 के बाद और खासकर 21वीं सदी के आरंभ में आदिवासी चिंतन पर हिंदी उपन्यासों में सार्थक पहल होता है और उनके जीवन-यथार्थ, अधिकार, संघर्ष अदि को उकेरने का प्रयास किया जाता है।यथार्थ, अधिकार, संघर्ष अदि को उकेरने का प्रयास किया जाता है। तेजिंदर द्वारा रचित 'काला पादरी' उपन्यास में मध्यप्रदेश के घने जंगलों में रह रहे और उराँव आदिवासियों के जीवन का चित्रण है। इस उपन्यास में खासकर क्षुधा मिटाने के लिए धर्म-परिवर्तन और उसके आगे अपनी अस्मिता और अस्तित्व को बचाए रखने का संघर्ष को दिखलाया गया है। यह पूरा का पूरा उपन्यास साजिश के तहत किए जा रहे धर्म-परिवर्तन और आदिवासियों के मन में उपजा अपने अस्तित्व के संकट पर केंद्रित है। उपन्यास का मुख्य पात्र जेम्स खाखा कहता है "आपने हमें पालतू बना दिया। हमारे लिए फंडामेंटलिस्ट और आपमें अब कोई फर्क नहीं है। हमारी सारी इमेज छीन ली आप लोगों ने,... क्या यह सच नहीं है कि हमारी इमेजेस में पहाड़ थे, नदियाँ थीं, पेड़ थे, शेर थे, चीते थे और राजा ने हमें बंधुआ बना दिया। फिजिकली और इकोनॉमिकली एक्सप्लॉयट किया। लेकिन आपने क्या किया?' । मैत्री पुष्पा का उपन्यास 'अल्मा कबूतरी' में कबूतरा जनजाति की अस्मिता को बचाए रखने के संघर्ष को दिखाया गया है। आदिवासियों को आगे लाने के सरकार के तथाकथित प्रयास भी एक छलावा भर होकर रह गया है। उपन्यास का चरित्र रामसिंह आरक्षण की सुविधा के कारण तथाकथित सभ्य व्यवस्था में घुस तो जाता है, परंतु सभ्य समाज की नजरों में जनजाति से आने के कारण हमेशा खटकता रहता है। इसीके चलते उसे क्रांति करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। श्रीप्रकाश मिश्र के उपन्यास 'जहाँ बाँस फूलते हैं' का नायक कहता है "भाई !निहुरे-निहुरे अपना हक नहीं पाया जा सकता। कालहिया की सरकार हमें जंगली समझती है। अपना जूता के नीचे दबा कर रखती है। हमें भी जूते की भाषा में बात करनी होगी और पूरा जंगली बनकर दिखाना होगा। जेसू का मेमना नहीं, जहूता और वानेलला की बंदूकधारी संतान बनकर लड़ना होगा" । यही क्रांति का स्वर उस व्यवस्था की असमानताओं के प्रति है, जहाँ एक व्यक्ति अट्टालिकाओं में ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहा है तो दूसरी ओर, कुछ लोगों को खाने के लिए दो रोटी और रहने के लिए एक झोपड़ी भी नसीब नहीं होता।

राजेंद्र अवस्थी का उपन्यास 'जंगल के फूल' में यह क्रांति का स्वर अस्तित्व बोध और अधिकारबोध के रूप में मुखरित हुआ है। इस

उपन्यास के पात्र हेलमा, सिरहा, जैसे पात्र इसके प्रमाण हैं। जंगल आदिवासियों का जीवन है और उसीमें वह पला बढ़ा है। उनका पूरा का पूरा अस्तित्व उसी जंगल पर निर्भर है। पर सरकार जंगल में से एक दो बीघा जमीन आदिवासियों को देकर और सब उनसे छीन लेना चाहती है। यह उन्हें स्वीकार नहीं है; पूरा जंगल पर उन्हीका अधिकार है, जो सदियों से यहाँ रहते आए हैं। अतः इस उपन्यास का पात्र हेलमा कहता है - "हाँ, यह जमीन हमारी है। यह जंगल हमारे हैं। यह सारी धरती हमारी है। जिस लिंगो ने धरती बनाई है उसीने हमें बनाया है"। यही अधिकारबोध आगे चलकर उस सरकार के प्रति आक्रोश में फूट पड़ता है

जो दो दो बीघा जमीन उनके नाम पर पट्टा कर और सब छीन लेना चाहती है। "फिर मैं कहता हूँ, 'यह पट्टा नहीं, हमारे गले की फांसी है। हमारे गांव में फूट डालने की एक चिंगारी है, एक भारी पाप है और लिंगो हमें कभी माफ नहीं करेगा'। उसने उस सरकारी पट्टे को फाड़ दिया और उससे टुकड़े-टुकड़े कर दिए। उसकी देखा देखी सिरहा ने भी यही किया। पट्टों को फाड़ कर दोनों ने चैन की साँस ली'।

आज विकास के नाम पर खड़े होते बड़े-बड़े प्लांट, कंक्रीट के जंगल के लिए आदिवासियों की खेती की जमीन उनसे छीन ली गयी है; उन्हें अपनी मिट्टी से बेदखल कर दिया गया है; अपने अधिकारों के लिए लड़ने वालों को नक्सली बताकर उनकी हत्या हो रही है। इस समस्या को मधु कांकरिया ने अपने उपन्यास 'खुले गगन के लाल सितारे' में बड़े बेबाकी से उठाने की कोशिश की है। इसमें यह बतलाया गया है कि आदिवासी समाज अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए किस तरह नक्सली आंदोलन का हिंसा हिस्सा बन रहा है। इन उपन्यासों के अलावा राजेंद्र अवस्थी का 'जाने कितनी आंखें', 'सूरज की छाँव' शानी का ' शालीनों का द्वीप' राकेश वत्स का 'जंगल के आसपास' आदि ऐसे उपन्यास हैं जिनमें आदिवासियों के जीवन को, उनके संघर्षों को उजागर किया गया है।

निष्कर्ष :-

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि हिंदी उपन्यासों में, आदिवासियों का दुख-दर्द, अन्याय-अत्याचार, विषमता, पराधीनता, यातना, विस्थापन आदि समस्याओं के बीच अपने को जिंदा रखने के लिए, संघर्ष करने की शक्ति को, उनकी अपनी जिजीविषा को बखूबी व्यक्त किया जा रहा है और यह क्रम उपन्यासों में जारी है।

******

संदर्भ :-

1. महात्मा फूले वाङमय – संपादक – धनञय कीर, पृ. 416
2. डॉ. विनायक तुलाराम- 'आदिवासी कौन' : 'संकल्य' अक्तूबर-2010-मार्च 2011, पृ. 53
3.तेजिंदर – 'काला पादरी' नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नयी दिल्ली – प्रथम संस्करण – 2022, पृ.45
4.तेजिंदर – 'काला पादरी' नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नयी दिल्ली – प्रथम संस्करण – 2022, पृ.48
5.युद्धरत आम आदमी, खण्ड-2, पृ. 13, आदिवासी स्वर और नयी शताब्दी विशेषांक
6.संजीव- 'धार' पृ. 22, रधाकृष्ण प्रकाशन, नयी दिल्ली 1990.
7. मिश्र श्रीप्रकश- 'जहाँ बांस फूलते हैं' - यस पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2011 पृ. 75
8.अवस्थी राजेंद्र- 'जंगल के फूल' – राजपाल एण्ड सन्स, नयी दिल्ली 2019 पृ. 119
9.अवस्थी राजेंद्र- 'जंगल के फूल' –– राजपाल एण्ड सन्स, नयी दिल्ली 2019 पृ. 120

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के अनमोल विचार

भारत के संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर (बाबा साहेब) के अनमोल विचार उनके आदर्शों को दर्शाते हैं। डॉ. भीम राव अम्बेडकर कहते थे 'शिक्षित बनो !, संगठित रहो!, संघर्ष करो!' आइये जानते हैं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अनमोल विचारों को –

1- आदि से अंत तक हम सिर्फ एक भारतीय है।

2- हम जो स्वतंत्रता मिली हैं उसके लिए क्या कर रहे हैं? यह स्वतंत्रता हमें अपनी सामाजिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मिली हैं। जो असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी हुई है, जो हमारे मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष करती है।

3- "स्वतंत्रता का अर्थ साहस है, और साहस एक पार्टी में व्यक्तियों के संयोजन से पैदा होता है।

4- शिक्षा महिलाओं के लिए भी उतनी ही जरूरी है जितनी पुरषों के लिए।

5- ज्ञान हर व्यक्ति के जीवन का आधार है।

6- पुरुष नश्वर हैं। तो विचार हैं। एक विचार को प्रसार की आवश्यकता होती है जितना एक पौधे को पानी की आवश्यकता होती है। नहीं तो दोनों मुरझाएंगे और मरेंगे।

7- राजनीतिक अत्याचार, सामाजिक अत्याचार की तुलना में कुछ भी नहीं है। समाज को बदनाम करने वाले सुधारक सरकार को नकारने वाले राजनेता की तुलना में अधिक अच्छे व्यक्ति हैं।

8- महान प्रयासों को छोड़कर इस दुनिया में कुछ भी बहुमूल्य नहीं है।

9- एक सफल क्रांति के लिए यह आवश्यक नहीं है कि असंतोष हो। जो आवश्यक है वह हैं न्याय, आवश्यकता, राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों के महत्व पर गहन और गहन विश्वास।

10- यदि आप मन से स्वतंत्र हैं तभी आप वास्तव में स्वतंत्र हैं।

11- कुछ लोग सोचते हैं कि धर्म समाज के लिए आवश्यक नहीं है। मैं यह दृष्टिकोण नहीं रखता। मैं धर्म की नींव को समाज के जीवन और प्रथाओं के लिए आवश्यक मानता हूं।

12- आप स्वाद को बदल सकते हैं पर जहर को अमृत में परिवर्तित नही किया जा सकता।

13- मैं एक समुदाय की प्रगति को उस प्रगति की डिग्री से मापता हूं जो महिलाओं ने हासिल की है।

14- पानी की बूद जब सागर में मिलती है तो अपनी पहचान खो देती है। इसके विपरीत व्यक्ति समाज में रहता है पर अपनी पहचान नहीं खोता। इंसान का जीवन स्वतंत्र है। वो सिर्फ समाज के विकास के लिए पैदा नहीं हुआ बल्कि स्वयं के विकास के लिए भी पैदा हुआ है।

15- संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है बल्कि यह जीवन का एक माध्यम है।

16 - यदि हम आधुनिक विकसित भारत चाहते हैं तो सभी धर्मों को एक होना पड़ेगा।

18- एक इतिहासकार, सटीक, ईमानदार और निष्पक्ष होना चाहिए।

19- मन का संवर्धन मानव अस्तित्व का अंतिम उद्देश्य होना चाहिए।

20- पति-पत्नी के आपसी संबंध दो सच्चे मित्रों की तरह होने चाहियें।

21- जो झुक सकता हैं वो झुका भी सकता हैं।

*****

पूर्वोत्तर भारत का आदिवासी समुदाय और उनका संसदीय प्रतिनिधित्व : एक विवेचन

-डॉ.राजबहादुर मौर्य
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, राजनीति विज्ञान, बुंदेलखंड कालेज, झाँसी (उत्तर-प्रदेश)
मो. 9839170919

शोध सारांश -भारत विविधताओं से परिपूर्ण बेजोड़ सभ्यता और संस्कृति का देश है।पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक विविध रंगों से सराबोर यह देश विविधता में एकता का अनुपम उदाहरण है ।देश का पूर्वोत्तर क्षेत्र इसी विविधता में एकता को प्रदर्शित करता सुंदर क्षेत्र है। यह आदिवासी समुदाय की गृहभूमि है ।असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर,मेघालय, त्रिपुरा, नागालैण्ड, मिज़ोरम और सिक्किम राज्यों से मिलकर बना पूर्वोत्तर भारत से लोक के कुल २५ सांसद चुन कर आते हैं ।क्षेत्र की बहुसंख्यक आबादी कृषि कार्य में संलग्न है ।असम को लाल नदी और नीली पहाड़ियों की भूमि के नाम से भी जाना जाता है ।मिज़ोरम की पारम्परिक पोशाकें बरबस लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती हैं ।यहीं पर मणिपुर में मणिपुर- जिरीबाम इंफाल रेल लाइन पर दुनिया का सबसे ऊँचा पुल का विश्व रिकॉर्ड बनाया है ।इसकी ऊँचाई १४१ मीटर है ।कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करने वाले पूर्वोत्तर भारत के जनजातीय समुदाय ने अपनी संस्कृति को अब जीवित रखा है ।अरुणाचल का आपातानी समाज हो या मिजो का समाज सभी जीवट के साथ जीवन जीने का संदेश देते हैं ।आदिवासी साहित्य जीवनवादी साहित्य है ।

आदिवासी समाज- अर्थ और परिभाषा:-

मूल रूप से आदिवासी शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- आदि और वासी ।इसका अर्थ मूल निवासी होता है ।भारत में आदिवासी समाज को अनुसूचित जन जाति के रूप में जाना जाता है ।रेमंड फर्थ ने आदिवासियों को परिभाषित करते हुए कहा है कि, " आदिवासी समुदाय विशेष एक ही सांस्कृतिक श्रृंखला का मानव समूह है जो साधारणतः एक ही भू- खंड पर रहता है, एक ही भाषा- भाषी है तथा एक प्रकार की परम्पराओं व संस्थाओं का पालन करता है तथा एक ही सरकार के प्रति उत्तरदायी होता है ।" इम्पीरियल गज़ेटियर ऑफ इंडिया में भी सामान्य नाम व भाषा के भू-भाग पर रहने वाले परिवार के समूह को रेखांकित किया है ।(१)वर्ष २००१ की जनगणना के अनुसार भारत में आदिवासियों की कुल तादाद ८ करोड़, २० लाख थी ।आज़ादी के बाद सन् १९५० में कुल २१२ आदिवासी समुदायों की पहचान की गई थी, जिसका मुख्य आधार सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन था ।भारत के आदिवासियों में सीमान्त आदिवासी क़रीब ११ प्रतिशत हैं जो पूर्वोत्तर के राज्यों तथा हिमालय पर्वत श्रृंखला के इर्द -गिर्द बसे हुए हैं ।शेष ८९ प्रतिशत आदिवासी अन्य प्रान्तों में हैं ।(२) मूल निवासी समुदायों पर अधिक सुव्यवस्थित अध्ययन हेतु वर्ष १९८४ में डॉ. रूडोल्फ़ सी रायसर एवं जार्ज मैनुअल ने एक स्वतंत्र शोध एवं शैक्षिक संगठन के रूप में विश्व मूल निवासी अध्ययन केंद्र की स्थापना किया ।अंतर्राष्ट्रीय मूल निवासी दिवस ९ अगस्त को मनाया जाता है ।

पूर्वोत्तर भारत:-

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर, भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र ८ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैण्ड, सिक्किम और त्रिपुरा से मिलकर बनता है ।यह क्षेत्र देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग ८ फ़ीसदी है ।एक- दूसरे की पारस्परिक निर्भरता के कारण, सिक्किम को छोड़कर बाक़ी राज्यों को सात बहनों के नाम से जाना जाता है ।यहाँ पर असमिया, नेपाली, बोड़ो, गारो, मणिपुरी तथा बंगाली भाषाएँ प्रमुखता से बोली जाती हैं । क्षेत्रफल के हिसाब से अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे बड़ा राज्य है ।पूर्वोत्तर भारत की कुल जनसंख्या ३ करोड़, ८८ लाख, ५७ हज़ार, ७६९ है जबकि यहाँ का क्षेत्रफल २ लाख, ६२ हज़ार, २३० वर्ग किलोमीटर है ।(3) भारत सरकार के द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वर्ष १९७१ में पूर्वोत्तर परिषद का गठन एक केन्द्रीय संस्था के रूप में किया गया । दिनांक ९ अगस्त, १९९५ को नार्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फ़ाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड का गठन किया गया । सितम्बर, वर्ष २००१ में भारत सरकार के द्वारा उत्तर- पूर्वीय क्षेत्र विकास मंत्रालय का गठन किया गया जिसे वर्ष २००४ से पूर्ण मंत्रालय का दर्जा दिया गया ।वर्तमान समय में इसका कार्यालय विज्ञान भवन, एनेक्सी, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली में है ।इसका वार्षिक बजट रूपया ३,००० करोड़ है ।(4)

आदिवासी समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति:-

जिसे हम पाँच हज़ार वर्ष पुरानी सभ्यता कहते हैं वह मूल रूप से हमारी आदिवासी सभ्यता ही है ।वह सभ्यता भारत भूखंड के हमारे मूल निवासी पूर्वजों ने विकसित की है ।मनुष्य और प्रकृति की सहभागिता, सहयोग और सह- अस्तित्व का जीवन दर्शन हमारे इन्हीं आदिवासी पूर्वजों की देन है ।आज के आदिवासी समुदाय की अस्मिता जल, जंगल और ज़मीन से आबद्ध है ।उनकी सम्पूर्ण सामाजिक संरचना और जीवन यापन का साधन जल, जंगल और ज़मीन ही है । यही और जीवन के इन्हीं तत्वों के साथ आदिवासी समुदायों की भाषा, शिक्षा, संस्कृति और जीवनशैली विकसित हुई है ।(5) देश का आदिवासी समाज अभी भी विकास की मुख्य धारा में शामिल नहीं हो पाया है ।अधिकतर आदिवासी समुदाय के लोग असंगठित मज़दूरों के रूप में अपनी जीविका पर निर्भर हैं ।औद्योगीकरण का लाभ इस समाज तक नहीं पहुँच पाया है ।यद्यपि देश के कुछ हिस्सों में आदिवासी समुदाय ने अपने परिश्रम और लगन से अपनी पहचान बनाई है, लेकिन वह नाकाफी है ।देश के लगभग सभी राज्यों में कमोबेश आदिवासी समुदाय की बसाहट है ।मेघालय, मणिपुर, नागालैण्ड और लक्षद्वीप में आदिवासी समुदाय की आबादी वहाँ की कुल जनसंख्या का ९० फ़ीसदी से अधिक है ।

पूर्वोत्तर भारत की जनांकिकीय को निम्नलिखित तालिका के माध्यम से समझा जा सकता है- (6)

	राज्य	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अन्य	योग	अनुसूचित जाति (देश में प्रतिशत)	अनुसूचित जनजाति (देश में प्रतिशत)	अन्य पिछड़ा वर्ग (देश में प्रतिशत)	अन्य (देश में प्रतिशत)
१	असम	९.२	१४.०	२७	४९	१००	१.२	४.०	१.६	४.२
२	अरुणाचल प्रदेश	२.८	७०.१	१.८	२५.२	१००	-	०.८	-	०.१
३	मणिपुर	३.१	३७.७	४८.२	११.१	१००	-	०.९	०.२	०.१
४	मेघालय	०.६	८८.५	१.१	९.८	१००	-	२.३	-	०.१
५	मिज़ोरम	०.४	९८.९	०.४	०.४	१००	-	०.९	-	-
६	नागालैण्ड	०.५	९६.७	१.७	१.१	१००	-	१.१	-	-
७	सिक्किम	८.१	३६.०	४३.२	१२.७	१००	-	०.२	०.१	-
८	त्रिपुरा	१८.६	३०.१	२०.९	३०.४	१००	०.३	१.२	०.१	-

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत में अनुसूचित जनजाति के की आबादी अधिक है ।मिज़ोरम में यह प्रतिशत सबसे अधिक यानी लगभग ९९ फ़ीसदी आबादी आदिवासी समुदाय की है ।नागालैण्ड में यह आँकड़ा लगभग ९७ फ़ीसदी है ।मेघालय में भी लगभग ८६ फ़ीसदी आबादी आदिवासी समुदाय की है ।अरुणाचल प्रदेश में भी आदिवासी समुदाय की आबादी ७० प्रतिशत से अधिक है ।

पूर्वोत्तर क्षेत्र से लोकसभा में प्रतिनिधित्व- (7)

निम्नांकित तालिका में पूर्वोत्तर भारत के आठों राज्यों से देश की संसद के निम्न सदन यानी लोकसभा में, १९५२ से लेकर अब तक चुन कर आने वाले सांसदों की संख्या अंकित की है-

क्रमांक	वर्ष	असम	अरुणाचल प्रदेश	मणिपुर	मेघालय	मिज़ोरम	नागालैण्ड	सिक्किम	त्रिपुरा	योग
१	१९५२	१५	-	२	-	-	-	-	२	१९
२	१९५७	१३	१	२	-	-	१	-	२	१९
३	१९६२	१२	१	२	-	-	१	-	२	१८
४	१९६७	१५	२	२	-	-	१	-	२	२२
५	१९७१	१५	१	२	१	१	१	१	२	२४
६	१९७७	१४	२	३	२	१	१	१	२	२६
७	१९८०	६	२	२	२	१	१	१	२	१७
८	१९८५	१४	२	२	३	१	१	२	२	२७
९	१९९१	-	२	२	२	१	१	१	२	११
१०	१९९६	१४	२	२	२	१	१	१	२	२५
११	१९९८	१४	२	२	२	१	१	१	२	२५
१२	१९९९	१४	२	२	२	१	१	१	२	२५
१३	२००४	१५	२	२	२	१	१	१	३	२७
१४	२००९	१४	२	२	३	१	१	१	२	२६
१५	२०१४	१४	२	२	२	१	१	१	२	२५
१६	२०१९	१५	२	२	२	१	२	१	२	२७

पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय का संसदीय प्रतिनिधित्व

पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के संसदीय प्रतिनिधित्व का निम्नलिखित विवरण केवल सुरक्षित सीटों का है ।सामान्य सीटों से जीते आदिवासी समुदाय के सांसदों के विवरण को इसमें सम्मिलित नहीं किया गया है ।देश की **पहली लोकसभा** (१९५२-१९५७) में पूर्वोत्तर क्षेत्र से आदिवासी समुदाय के छह सांसद चुन कर आए थे ।असम की गोलपारा गारोहिल्स से समाजवादी पार्टी के टिकट पर श्री अमजद अली तथा कांग्रेस के टिकट पर श्री सीतानाथ ब्रहोमो चौधरी, स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर श्री चौखामून गोहेन व श्रीमती बोनीली खोंगमेन सांसद बनी थीं ।उक्त दोनों संसदीय क्षेत्र दो सदस्यीय थे ।मणिपुर बाहरी संसदीय क्षेत्र से आदिवासी समुदाय के सांसद श्री रिसांग किसिंग समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते थे ।लोकसभा क्षेत्र त्रिपुरा पूर्व से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ कर श्री दशरथ देव ने संसद में आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व किया था ।(८)

दूसरी लोकसभा -(१९५७-१९६२) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के चार सांसद चुन कर आए थे ।असम के गोलपारा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर श्री धरणी धोरे बासुमतारी, त्रिपुरा पूर्व से समाजवादी पार्टी के टिकट पर श्री दशरथ देव तथा कांग्रेस के टिकट पर श्री बंगशी ठाकुर सांसद बने ।बाहरी मणिपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर श्री रूंगसुंग सुइसा ने आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।

तीसरी लोकसभा- (१९६२-१९६७) में भी पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व असम की स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से श्री गिलबर्ट स्वैल (ए पी एच एल सी) तथा गोलपारा से श्री धरणी धोरे बासुमतारी (कांग्रेस) ने किया । बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर श्री रिसांग किसिंग तथा त्रिपुरा पूर्व से कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर श्री दशरथ देव जीतकर लोकसभा पहुँचे ।(९)

देश की

चौथी लोकसभा -(१९६७-१९७०) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों में कोकराझार, (दो सदस्यीय संसदीय क्षेत्र) असम से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत कर आए श्री धरणी धोरे बासुमतारी, तथा श्री रूपनाथ ब्रम्हा, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीत कर आए श्री paokai haokip तथा अनुसूचित जनजाति स्वायत्त क्षेत्र असम से ए पी एच एल सी के टिकट पर चुनाव जीत कर सांसद बने श्री गिल्बर्ट स्वैल ने लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।

पाँचवीं लोकसभा -(१९७१-१९७७) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के ६ सांसदों ने लोकसभा में अपने समुदाय की नुमाइंदगी की ।इनमें असम के स्वायत्त अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद श्री बीरेन सिंह इंगती तथा ए पी एच एल सी के सांसद श्री गिल्बर्ट जी स्वैल, कोकराझार से कांग्रेस के सांसद श्री धरणी धोरे दास, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद श्री पाओक़य हाओकिप, मिज़ोरम से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत कर आए श्री संग्लीयना तथा त्रिपुरा पूर्व से कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स वादी) के सांसद श्री दशरथ देव ने लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।(१०)देश की

छठवीं लोकसभा -(१९७७-१९७९) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद, बाहरी मणिपुर (दो सदस्यीय) क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद श्री यंग्मासो शाईजा तथा जनता पार्टी के सांसद श्री केहो , मिज़ोरम से निर्दलीय सांसद श्री आर रोथुआमा, त्रिपुरा पूर्व से कांग्रेस के सांसद श्री देव बर्मन एच एच महाराजा मानिक कीर्ति विक्रम किशोर प्रमुख थे ।इसी प्रकार

सातवीं लोकसभा- (१९८०-१९८४) में भी यहाँ से आदिवासी समुदाय के चार सांसदों ने लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया

कहै ।स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र, असम से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री वीरेन्द्र सिंह ऐंगती, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री एन गौजागिन, त्रिपुरा पूर्व से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स वादी) के सांसद श्री बाजू बानो रियान तथा मिज़ोरम के निर्दलीय सांसद डॉ. आर. रोथुआम प्रमुख थे ।(११)

आठवीं लोकसभा- (१९८५-१९८९) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के चार सांसदों ने लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया है ।स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र, असम से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री वीरेन्द्र सिंह ऐंगती, कोकराझार, क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत कर सांसद बने श्री समर ब्रम्ह चौधरी, त्रिपुरा पूर्व से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स वादी) के सांसद श्री बाजू बानो रियान तथा मिज़ोरम से कांग्रेस के सांसद लाल दुहोमा प्रमुख थे । **नवीं लोकसभा** (१९८९-१९९१) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के तीन सांसदों ने आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।इनमें त्रिपुरा पूर्व से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री एच एच महाराजा माणिक्य किरीट विक्रम किशोर देव वर्मन, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद (आई) श्री मीजिंग लुंग कामसन तथा मिज़ोरम से कांग्रेस (आई) के ही सांसद श्री डॉ सी सिल्वरा प्रमुख थे । (१२)

दसवीं लोकसभा (१९९१-१९९६) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के चार सांसद चुन कर आए ।त्रिपुरा पूर्व से कांग्रेस (आई) की सांसद महारानी विभु कुमार देवी, कोकराझार, असम से निर्दलीय सांसद श्री सत्येन्द्र नाथ चौधरी, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री प्रोफ़ेसर मीजिंग लुंग कामसन तथा स्वायत्त जिला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (लेनिनवादी) के सांसद श्री डॉ जयन्त रोंगपी में लोकसभा में आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व किया । इसी प्रकार **ग्यारहवीं**

पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय का संसदीय प्रतिनिधित्व

पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के संसदीय प्रतिनिधित्व का निम्नलिखित विवरण केवल सुरक्षित सीटों का है ।सामान्य सीटों से जीते आदिवासी समुदाय के सांसदों के विवरण को इसमें सम्मिलित नहीं किया गया है ।

देश की **पहली लोकसभा** (१९५२-१९५७) में पूर्वोत्तर क्षेत्र से आदिवासी समुदाय के छह सांसद चुन कर आए थे ।असम की गोलपारा गारोहिल्स से समाजवादी पार्टी के टिकट पर श्री अमजद अली तथा कांग्रेस के टिकट पर श्री सीतानाथ ब्रहोमो चौधरी, स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर श्री चौखामून गोहेन व श्रीमती बोनीली खोंगमेन सांसद बनी थीं ।उक्त दोनों संसदीय क्षेत्र दो सदस्यीय थे ।मणिपुर बाहरी संसदीय क्षेत्र से आदिवासी समुदाय के सांसद श्री रिसांग किसिंग समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते थे ।लोकसभा क्षेत्र त्रिपुरा पूर्व से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ कर श्री दशरथ देव ने संसद में आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व किया था ।(८)

दूसरी लोकसभा (१९५७-१९६२) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के चार सांसद चुन कर आए थे ।असम के गोलपारा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर श्री धरणी धोरे बासुमतारी, त्रिपुरा पूर्व से समाजवादी पार्टी के टिकट पर श्री दशरथ देव तथा कांग्रेस के टिकट पर श्री बंगशी ठाकुर सांसद बने ।बाहरी मणिपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर श्री रूंगसुंग सुइसा ने आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।

तीसरी लोकसभा (१९६२-१९६७) में भी पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व असम की स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से श्री गिलबर्ट स्वैल (ए पी एच एल सी) तथा गोलपारा से श्री धरणी धोरे बासुमतारी (कांग्रेस) ने किया । देश की **चौथी लोकसभा** (१९६७-१९७०) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों में कोकराझार, (दो सदस्यीय संसदीय क्षेत्र) असम से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत कर आए श्री धरणी धोरे बासुमतारी, तथा श्री रूपनाथ ब्रम्हा, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीत कर आए श्री paokai haokip तथा अनुसूचित जनजाति स्वायत्त क्षेत्र असम से ए पी एच एल सी के टिकट पर चुनाव जीत कर सांसद बने श्री गिल्बर्ट स्वैल ने लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।

पाँचवीं लोकसभा (१९७१-१९७७) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के ६ सांसदों ने लोकसभा में अपने समुदाय की नुमाइंदगी की ।इनमें असम के स्वायत्त अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद श्री बीरेन सिंह इंगती तथा ए पी एच एल सी के सांसद श्री गिल्बर्ट जी स्वैल, कोकराझार से कांग्रेस के सांसद श्री धरणी धोरे दास, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद श्री पाओक्य हाओकिप, मिज़ोरम से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत कर आए श्री संग्लीयना तथा त्रिपुरा पूर्व से कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स वादी) के सांसद श्री दशरथ देव ने लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।(१०)

देश की **छठवीं लोकसभा** (१९७७-१९७९) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद, बाहरी मणिपुर (दो सदस्यीय) क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद श्री यंग्मासो शाईजा तथा जनता पार्टी के सांसद श्री केहो , मिज़ोरम से निर्दलीय सांसद श्री आर रोथुआमा, त्रिपुरा पूर्व से कांग्रेस के सांसद श्री देव बर्मन एच एच महाराजा मानिक कीर्ति विक्रम किशोर प्रमुख थे ।इसी प्रकार **सातवीं लोकसभा** (१९८०-१९८४) में भी यहाँ से आदिवासी समुदाय के चार सांसदों ने लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया है ।स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र, असम से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री वीरेन्द्र सिंह ऐंगती, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री एन गौजागिन, त्रिपुरा पूर्व से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स वादी) के सांसद श्री बाजू बानो रियान तथा मिज़ोरम के निर्दलीय सांसद डॉ. आर. रोथुआम प्रमुख थे ।(११)

आठवीं लोकसभा (१९८५-१९८९) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के चार सांसदों ने लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया है ।स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र, असम से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री वीरेन्द्र सिंह ऐंगती, कोकराझार, क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत कर सांसद बने श्री समर ब्रम्ह चौधरी, त्रिपुरा पूर्व से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स वादी) के सांसद श्री बाजू बानो रियान तथा मिज़ोरम से कांग्रेस के सांसद लाल दुहोमा प्रमुख थे । **नवीं लोकसभा** (१९८९-१९९१) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के तीन सांसदों ने आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।इनमें त्रिपुरा पूर्व से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री एच एच महाराजा माणिक्य किरीट विक्रम किशोर देव वर्मन, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद (आई) श्री मीजिंग लुंग कामसन तथा मिज़ोरम से कांग्रेस (आई) के ही सांसद श्री डॉ सी सिल्वरा प्रमुख थे ।(१२)

दसवीं लोकसभा (१९९१-१९९६) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के चार सांसद चुन कर आए ।त्रिपुरा पूर्व से कांग्रेस (आई) की सांसद महारानी विभु कुमार देवी, कोकराझार, असम से निर्दलीय सांसद श्री सत्येन्द्र नाथ चौधरी, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस (आई) के सांसद श्री प्रोफ़ेसर मीजिंग लुंग कामसन तथा स्वायत्त जिला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (लेनिनवादी) के सांसद श्री डॉ जयन्त रोंगपी में लोकसभा में आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व किया । इसी प्रकार **ग्यारहवीं लोकसभा** (१९९६-१९९७) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के सांसद, कोकराझार, असम से निर्दलीय सांसद श्री लुइस इस्लेरी, स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से ए एस डी सी के सांसद डॉ जयंत रोंगपी, मिज़ोरम से कांग्रेस के सांसद श्री सी सिल्वरा, त्रिपुरा पूर्व से सी पी एम के सांसद श्री बाजू बानो रियान तथा बाहरी मणिपुर क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद श्री मीजिंग लुंग कामसन ने आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया ।(१३)

बारहवीं लोकसभा (१९९८-९९९) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के चार सांसद चुन कर आए ।कोकराझार, असम से निर्दलीय सांसद श्री संसुमा खुंगगुरी विश्वमुथरी, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद कुमारी किम गंगटे, त्रिपुरा पूर्व से कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स वादी) से बाजू बानो रियान तथा स्वायत्त जिला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र असम से डॉ जयंत रोंगपी सांसद चुन कर आए । **तेरहवीं लोकसभा** (१९९९-२००४) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के पाँच सांसद चुन कर आए ।होल्खोमांग हाओकिप, राकांपा के टिकट पर, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से, बाजू बानो रियान, सी पी एम के टिकट पर, त्रिपुरा पूर्व से, डॉ जयंत रोंगपी, भाकपा (माले)एल के टिकट पर, स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र, असम से, वन लाल जावमा, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मिज़ोरम से तथा पाटी रियल किंडिया, कांग्रेस के टिकट पर शिलांग, मेघालय से सांसद बनकर लोकसभा में आए ।(१४)

चौदहवीं लोकसभा (२००४-२००९) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के अब तक के सबसे अधिक सात सांसद आदिवासी समाज

का प्रतिनिधित्व करने के लिए लोकसभा में आए ।कोकराझार, असम से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में श्री संसुमा खुंगगुरी विश्वमुथी, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में श्री मानिक चार नेमेई, स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र असम से कांग्रेस के टिकट पर श्री वीरेन्द्र सिंह ऐंगती, त्रिपुरा पूर्व से कम्युनिस्ट पार्टी,मार्क्स वादी के टिकट पर चुनाव जीत कर बाजू बानो रियान, तुरा संसदीय क्षेत्र मेघालय से राकांपा से पूर्णो अगितोक संगमा तथा अगाथा के संगमा और मिज़ोरम से मिजो नेशनल फ्रंट के टिकट पर चुनाव जीत कर वनलाल जावमा सांसद बने ।(१५)

पन्द्रहवीं लोकसभा (२००९-२०१४) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के तीन सांसदों ने आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व लोकसभा में किया।कोकराझार, असम से बी पी एफ के टिकट पर चुनाव जीत कर सुसुमा खुंगगुरी विश्वमुथरी, शिलांग, मेघालय से कांग्रेस पार्टी के सांसद श्री विंसेंट एच पाला और तुरा, मेघालय से राकांपा की सांसद श्रीमती अगाथा के संगमा ने आदिवासी समाज की नुमाइंदगी लोकसभा में किया। **सत्रहवीं लोकसभा** (२०१९-२०२४) में पूर्वोत्तर भारत से आदिवासी समुदाय के सात सांसद लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।इनमें स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र, असम से भाजपा सांसद श्री होरेन सिंह बे, कोकराझार, असम से निर्दलीय सांसद श्री नबा हीरा कुमार, बाहरी मणिपुर क्षेत्र से नागा पीपल्स फ्रंट से सांसद लोरहो एस फोज, शिलांग, मेघालय से कांग्रेस के सांसद श्री विनसेंट एच स्मिथ, तुरा मेघालय से एन पी पी की सांसद श्रीमती अगाथा के संगमा , मिज़ोरम से मिजो नेशनल फ्रंट के सांसद श्री सी लाल रोसांगा और त्रिपुरा पूर्व से भाजपा सांसद श्री रेबती त्रिपुरा प्रमुख हैं ।(१६)

निष्कर्ष-

अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैण्ड, सिक्किम और त्रिपुरा समेत आठ राज्यों से मिलकर बना देश का पूर्वोत्तर क्षेत्र २ लाख, ६२ हज़ार, १७९ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है ।देश के बाक़ी हिस्सों के साथ पूर्वोत्तर भारत भौगोलिक रूप से पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी क्षेत्र के निकट एक पतले से गलियारे के माध्यम से जुड़ा हुआ है, जिसे आमतौर पर चिकन नेक कहा जाता है ।पूर्वोत्तर क्षेत्र की सीमाएँ ५ देशों से मिलती हैं- बांग्लादेश, भूटान, चीन, नेपाल और म्यांमार ।यहाँ की केवल ३० से ३५ प्रतिशत भूमि ही समतल है ।शेष भू भाग पहाड़ी क्षेत्र है।यहाँ पर भारी वर्षा होती है ।पूर्वोत्तर क्षेत्र में आदिवासी समुदाय बहुलता में बसा हुआ है ।असम की संसदीय सीट गोलपारा गारोहिल्स, कोकराझार और स्वायत्त ज़िला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से आदिवासी समुदाय के सांसद चुन कर जाते हैं ।त्रिपुरा से, त्रिपुरा पूर्व, मणिपुर से बाहरी मणिपुर से आदिवासी समुदाय के सांसद चुने जाते हैं ।मेघालय राज्य के शिलांग और तुरा संसदीय क्षेत्र से आदिवासी सांसद चुन कर जाते हैं ।मिज़ोरम से भी आदिवासी समुदाय को संसद में प्रतिनिधित्व दिया गया है ।वर्ष १९५२ में ६, १९५७ में ४, १९६२ में ४, १९६७ में ४, १९७१ में ६, १९७७ में ४, १९८० में ४, १९८५ में ४, १९८९ में ३, १९९१ में ४, १९९६ में ५, १९९८ में ४, २००४ में ७, २००९ में ३ आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने बतौर सांसद सुरक्षित सीटों से लोकसभा में आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व किया है ।वर्तमान समय में ७ सांसद यहाँ से आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।

*****

सन्दर्भ स्रोत:-

1. मीणा, हरीराम, "आदिवासी दुनिया", राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, पहला संस्करण : २०१२, ISBN 978-81-237-6672-0 , पेज नंबर- ८
2. उपरोक्त, पेज नंबर- ९
3. India.gov.in
4. wikipiedia.org
5. गुप्ता, रमणिका, सम्पादक, "भारत का आदिवासी स्वर" अनन्य प्रकाशन, नवीन शाहदरा, दिल्ली ISBN : 978-93-87145-67-2 , पेज नंबर- २७,२९.
6. India, Human development report 2011, Oxford university press, ISBN: 0-19 -807758-0, page number- 253, 254 table 2A.1, 2A.2 से संग्रहीत जानकारी के आधार पर स्वयं के द्वारा निर्मित
7. ६http://loksabhahindiph.nic.in/Members/lokprev.aspx से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वयं के द्वारा निर्मित
8. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx
9. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx
10. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx
11. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx
12. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx
13. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx
14. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx
15. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx
16. http: loksabhahindiph //.nic.in/Members/lokprev.aspx

इक्कीसवीं सदी के हिंदी उपन्यासों में आदिवासी एवं दलित अस्मिता

डॉ.ललित कुमार श्रीमाली

प्रस्तावना :-

व्यक्ति की अपनी विशिष्टता एवम् महत्त्व को रेखांकित करने के लिए 'अस्मिता'का प्रचार प्रसार हुआ। 'अस्मिता' की अवधारणा सामाजिकता और सामूहिकता के विरोध में सामने आयी। स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में 'अस्मिता' का प्रश्न मात्र विचारधारा के रूप में ही नहीं अपितु आंदोलन के रूप में सामने आया है। जातीय अस्मिता, क्षेत्रीय अस्मिता, भाषायी अस्मिता, दलित अस्मिता, स्त्री अस्मिता, आदिवासी अस्मिता सभी अपनी-अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। अस्मिता संघर्ष की पहचान से तात्पर्य यह होता है कि दलित और आदिवासी पात्र इक्कीसवीं सदी के हिंदी उपन्यासों में कहाँ-कहाँ अपने को मनवाने की कोशिश कर रहे है। हमने इस समाज को न तो विकसित होने दिया और न ही अपने में समाहित होने दिया। जीवंत मनुष्य समाज को एक जंगली मनुष्य के फ्रेम में मढ़ दिया, जो हमसे अधिक संवेदनशील, अधिक कलात्मक, उदार, सरल और सहनशील है। प्रोफेसर कुमार कृष्ण लिखते हैं कि ''यह आदिवासी जीवन का व्यापार नहीं करता, बस जीवने के नियम जानता है। हर विपरीत स्थिति में जीता है- प्रकृति की आपदा को सहता है, पर प्रकृति को नष्ट नहीं करता, उसको पालता -पोसता है। वह स्वावलंबी भी है। मिठास भी भरी है उसमें। आज तक वह अपने भीतर-भीतर ही लहराता रहा है, समुद्र की तरह। बस, नदी की धारा बन कर बहने नहीं दिया गया उसे। जब-जब उसने इस ठहराव की साजिश को समझा और अपने दोहन के षड्यंत्र को जाना तब-तब उसमें भी ज्वार उठे हैं। कभी बिरसा मुण्डा, कभी सीताराम राजू, कभी सिनगी दई, कभी तात्यां टोपे के रूप में सर्वव्यापी रूप धारा कर तूफान उठाते रहे हैं"[1] लेकिन सभ्यता की व्यवस्था ने अपने इतिहास में इनको कहीं दर्ज नहीं होने दिया। आज आदिवासी समुदाय धारा के विपरीत बहकर इतिहास की खोज शुरू कर रहा है। अपनी अस्मिता के संकट के लिए चिंतित है। आदिवासी साहित्य अक्षर से वंचित रहा है। इसीलिए न तो उसकी कल्पना और न यथार्थ को साहित्य में दर्ज कर पाया है। लेकिन लोकगीतों, किंवदंतियों, लोक कथाओं तथा मिथकों के माध्यम से लोकगान में उसकी गहरी पैठ है, जिसे आज हमें उसकी पहचान दिलानी है। आज यह वर्ग शिक्षित होने लगा है। लोगों का ध्यान आदिवासी साहित्य और आदिवासी लेखकों की तरफ आकृष्ट हुआ है। लेकिन आज भी आदिवासी लेखकों की कमी या लगभग अनुपस्थिति वाली स्थिति है। एक वृहत्तर समुदाय की रचनात्मकता, सामाजिक सरोकार से इक्कीसवीं सदी का साहित्य आधा अधूरा सा है। तभी विजय मोहन सिंह लिखते हैं- ''आदिवासी कथा साहित्य के रूप में भी जो कथा साहित्य उभर कर आ रहा है उस पर भी विस्तार से विचार करने की आवश्यकता है। आदिवासी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जंगल ही नहीं काटे जा रहे हैं तथा औने-पौने कीमतों पर विकास के नाम पर उनकी भूमि का अधिग्रहण ही नहीं हो रहा है बल्कि उन क्षेत्रों में जो यूरेनियम बहुल खदाने हैं उनके उत्खनन से प्रदूषण, विकिरण तथा उनके दुष्प्रभाव से जो विकृत और अपंग कर देने वाली घातक बीमारियाँ फैल रही हैं। वे न जाने आने वाली कितनी पीढ़ियों का सत्यानाश कर देंगी, उसका अनुमान लगा पाना कठिन है। हाल में ही किए गए कई सर्वेक्षणों के अनुसार उनका विनाशक प्रभाव हिरोशिमा और नागासाकी में गिराए गए परमाणु बमों के विनाशक प्रभावों से भी कई गुना अधिक हैं।"[2] आज आदिवासी साहित्य के माध्यम से हिंदी के रचनाकारों को ही इनकी पहचान, इनकी आवाज और इनकी सृजनात्मक अभिव्यक्ति को सामने लाना है। इस दिशा में कई कथाकार अपनी भूमिका का निर्वहन भी कर रहे हैं। इनमें प्रमुख नाम रमणिका गुप्ता, निर्मला पुतुल, कात्यायनी, महादेव टोप्पो, हरिराम मीणा और राजेन्द्र के हैं। इनकी रचनाओं के केन्द्र में आदिवासी समाज है जो इक्कीसवीं सदी में भी अपनी अस्मिता के लिए संघर्षरत है।

हिंदी उपन्यासों में आदिवासी अस्मिताएँ -

जिस प्रकार दलित साहित्य नामकरण हुआ उसी प्रकार आज आदिवासी साहित्य की चर्चा है। जो समाज वर्षों से उपेक्षित रहा, उसका साहित्य उपेक्षित रहा, उस समाज का परम्परागत ज्ञान जो

उसकी अपनी भाषा में हैं, उस समाज के जीवन संघर्ष, जीवनानुभव और सहज अभिव्यक्ति जिस साहित्य में मौजूद है। वह आदिवासी साहित्य है। इस साहित्य का अध्ययन उनके समग्र अस्मिता शास्त्र का अध्ययन हैं हिंदी साहित्य में आदिवासी लेखकों का अभाव या उनकी उपस्थिति भले ही नगण्य हो लेकिन हिंदी कथा साहित्य में इनकी उपस्थिति हमेशा रही है। हिंदी उपन्यासों में भी आदिवासी, आदिवासियों से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दे, ग्लोबलाइजेशन के कारण हुए उदारीकरण से इन पर पड़े प्रभावों, भारतीय समाज में इनकी उपस्थिति व योगदान जैसे उपाजीव्य लेकर उपन्यासों की रचना हिंदी साहित्य में भी हुई है। इन उपन्यासों में राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर के क्षेत्र सभी का जीवन्त वर्णन हमें मिलता है। हमारे यहाँ परिस्थितियों में परिवर्तन जितनी तेजी से विगत दो दशकों में हुआ है। उतना परिवर्तन विगत हजारों वर्षों में भी नहीं हुआ था। इसकी कारण औद्योगीकरण ठेठ जंगलों तक पहुँच गया है, और वहाँ रहने वाले आदिवासी भी इससे प्रभावित होने लगे है। इस औद्योगीकरण से आदिवासियों की अस्मिता खतरे में पड़ गई है और वे अपनी अस्मिता के लिए संघर्षरत है। कथाकार 'रणेन्द्र' का उपन्यास 'ग्लोबल गाँव के देवता' वस्तुतः आदिवासियों-वनवासियों के जीवन का संक्षिप्त सारांश है। पुष्पपाल सिंह लिखते है- ''बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने खनन क्षेत्रों का दोहन कर समृद्धि और विकास का जो नया माडल रचा है जन-सामान्य के लिए जो नरक बनाया है उसकी वास्तविकताओं से परिचित कराता है यह उपन्यास। उपन्यास में वेदांग और शिंडल्को जैसी कम्पनियों ने जिस प्रकार एक आदिवासी क्षेत्र की मूल 'असुर संस्कृति' को विस्थापित किया है, उसे 'राहों से कुराहों' पर डाला है, उन सबका चित्रण इस उपन्यास में अत्यंत कुशलता से किया गया है।''[3] सुर-असुर संग्राम की जो लड़ाई वैदिक युग में शुरू हुई थी, हजार-हजार इंद्र जिसे अंजाम नहीं दे सकते थे, ग्लोबल गाँव के देवताओं ने यह मुकाम पा लिया था। इन कंपनियों ने वहाँ नई 'सिल्वर सिटी आफ इंडिया' सृजित कर डाली है, जो किसी भी प्रकार धरती पर स्वर्ग के स्वप्न संसार-सी है। दूसरी ओर बंद खदानों के विशाल गड्डों का पोखरों में तब्दील होना और उनमें सूअर की तरह कीचड़ में लौटते हमारे बच्चे, कम्पनियों के गेस्ट हाउसों में छत्तीस प्रकार के व्यंजन और यहाँ के मूल निवासियों के लिए मकई का घट्टा खाने की विवशता। यह इक्कीसवीं सदी का भयावह सच है कि वैश्वीकरण ने किस प्रकार वहाँ की समस्त प्राकृतिक सम्पदाओं पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर असुर जनजातियों को नारकीय स्थितियों में डाल दिया है। इन सभी स्थितियों का ऐतिहासिक और मिथकीय परिप्रेक्ष्य में चित्रण उपन्यास में हुआ है। यह उपन्यास झारखंड के लोक जीवन से जुड़े चित्रों को भी गहरे रंग के साथ चित्रित करता है। लेखक ने असुर संस्कृति का इतिहास और उनका सामाजिक जीवन पूरी प्रामाणिकता के साथ विश्लेषित किया हैं। मैनेजर पांडेय लिखते हैं- ''ग्लोबल गाँव के देवता' एक ऐसा उपन्यास है जिसमें भारत के, विशेष रूप से झारखंड के एक आदिवासी समुदाय का अस्तित्व, आत्मसम्मान और अस्मिता की रक्षा के लिए लंबे संघर्ष और लगातार मिटते जाने की प्रक्रिया का संवेदनशील चित्रण है।''[4] इस उपन्यास के माध्यम से अपने जंगल, जमीन, और जीवन को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए आदिवासियों के हजारों वर्षों का संघर्ष हमारे सामने आता है। जो कि एक इतिहास है। पिछले दो दशकों से भूमंडलीकरण के साथ भारत में भी ग्लोबल विलेज या ग्लोबल गाँव की धारणा आई, इस धारणा के अनुसार यह माना जा रहा है कि सारा विश्व एक गाँव बन गया है। जहाँ आदिवासी रहते है। इसी कारण से आदिवासियों की सबसे बड़ी चिन्ता उनकी अस्मिता की चिंता है क्योंकि उनकी जमीन और जिन्दगी खतरे में है। उनकी बेटियाँ उनसे छीनी जा रही हैं।

उपनिवेशकालीन दक्षिण राजस्थान के आदिवासी विद्रोह पर एकाग्र हरिराम मीणा की रचना ***धूणी तपे तीर*** को यों तो उपन्यास की संज्ञा दी गई है, लेकिन यह इतिहास का दस्तावेज भी है। गल्प के अनुशासन में होने के कारण यह एक औपन्यासिक रचना है, लेकिन ऐतिहासिक दस्तावेज होने के कारण इसका साहित्येतर महत्त्व भी बहुत है। यह रचना हिंदी में साहित्य की साहित्येतर अनुशासनों के साथ बढ़ नही निकटता और इससे होने वाली अंतक्रियाओं की भी साक्ष्य है। हिंदी में किसी घटना या व्यक्ति पर गहन और व्यापक शोध आधारित उपन्यास लिखने की कोई समृद्ध परंपरा नहीं है। हिंदी में ऐतिहासिक उपन्यासों की जो परपंरा है, उसमें शामिल अधिकांश उपन्यास पुनरुत्थान की चेतना से ओतप्रोत है। खास बात यह है कि इनमें तथ्यों को कल्पना से पुष्ट और विस्तृत करने के बजाय विकृत गया है। इनमें दूरस्थ अतीत की केवल कल्पनाप्रधान पुनर्रचना और अमूर्तन है। हरिराम मीणा की यह रचना हिंदी में अपनी तरह की पहली रचना है, जो उपनिवेशकालीन निकट अतीत के एक आदिवासी विद्रोह पर की गई गहन और व्यापक शोध पर आधारित है और जिसमें तथ्यों को कल्पना से विकृत या अमूर्त करने के बजाय पुष्ट और विस्तृत किया गया है। यह रचना राजस्थान के दक्षिणी भूभाग में उपनिवेशकाल के दौरान ब्रिटिश सामंती गठजोड़ के विरुद्ध हुए आदिवासी विद्रोह पर आधारित है। यह विद्रोह कोई मामूली उपद्रव या उत्पात नहीं था उपनिवेशकाल से पहले तक अपनी जमीन और जंगलों पर आदिवासियों का सहज और निर्विवाद स्वामित्व था। सामंतों की उनके वर्चस्व वालें इलाको में पहुँच और दखलंदाजी सीमित थी और वे अपने इलाकों में खुदमुख्तार थे। अंग्रेजों से संधियों के बाद रियासती सामंतों ने जंगल और जमीन पर आदिवासियों के इस पारंपरिक स्वामित्व और वर्चस्व में दखलदांजी शुरू कर की। उनके रखवाली और बोलाई जैसे पारंपरिक अधिकार छीन लिए गए। अंग्रेजों के समर्थन और सहयोग से आदिवासियों का दमन और शोषण भी बढ़ गया। इसके लिए खैरवाड़ा में मेवाड़ भील कोर की स्थापना की गई। वंचित और दमित-शोषित आदिवासियों में धीरे-धीरे असंतोष बढ़ने लगा और विद्रोह होने लगे। ***'धूणी तपे तीर'*** उपन्यास भी आदिवासियों के अस्मिता संघर्ष को ही हमारे सामने प्रस्तुत करता है। इतिहास और आख्यान के संतुलित और संयमित मेल से बनी इस रचना का आस्वाद पारंपरिक औपन्यासिक रचनाओं से अलग तरह का है।

हिंदी उपन्यासों में दलित अस्मिताएँ :-

परम्परागत साहित्य से अलग दलित साहित्य का निर्माण माना जाता है और उसकी अलग पहचान भी। समाज की तरह साहित्य में भी दलितों को हाशिए पर रखा गया। उनकी आवाज को अनसुना और उपेक्षित किया गया। सदियों से दासता और दलन के शिकार दलितों द्वारा अपनी अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष किया जा रहा है। दलितों की संवेदना और संत्रास आम आदमी की संवेदना और संत्रास से अलग है। दलितों की समस्या केवल रोटी ही नहीं है, उनकी असली समस्या वर्ण और जाति को लेकर है। उनका संघर्ष सामाजिक स्वीकृति और सम्मान को लेकर है। इक्कीसवीं सदी में दलित अस्मिता का संकट और गहरा हो गया है। उदारीकरण दलितों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इससे उत्पन्न आर्थिक संकट और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में विकराल होते जा रहे हिन्दू फासीवाद की चुनौतियों के बीच दलितों के सामने अपनी अस्मिता के साथ जीने के सामने प्रश्न चिह्न खड़ा हो गया है। दलित बुद्धिजीवी आज भी आविष्ट होकर पूछता है, हम कौन है? समाज में हमारी जगह क्या है? क्या शेड्यूल्ड कास्ट कहे जाने से कहीं छुटकारा है? इन प्रश्नों का दंश कोई गैर दलित नहीं महसूस कर सकता। इसका अहसास तो दलित को ही हो सकता है।

आज के समय में दलित की पहचान दलित के रूप में न करके नागरिक के रूप में की जानी चाहिए। नागरिक की पहचान संविधान प्रदत्त आधुनिक पहचान है। हिंदी में अनेक दलित लेखकों की आत्मकथाएँ आ चुकी हैं। इनमें लेखकों के निजी अनुभव और सामाजिक चेतना है। इन आत्मकथाओं के आने के बाद गाँवों में फैले जातिभेद की ओर आम लोगों का ध्यान गया है। दलित अस्मिता के बहुस्तरीय रूपों का उद्घाटन हुआ है। जगदीश्वर चतुर्वेदी लिखते हैं- ''ओमप्रकाश वाल्मीकि की दलित और दलित समुदाय की अस्मिता के अलावा जेण्डर की अस्मिता है, पिता, भाई, पुरुष की अस्मिता है। भाषायी अस्मिता है, पेशेवर अस्मिता है। एक ही आत्मकथा में एकाधिक अस्मिताएँ, गुंथी होती है और ये परिवर्तनीय हैं। आरम्भ हुआ था दलित से और अंत में रूपान्तरण हुआ है। दलित लेखक की अस्मिता में।''[5] अस्मिता हमेशा संदर्भ से परिभाषित होती है। संदर्भ का वर्तमान से संबंध होता है। 'संतप्त' दलित लेखक सूरजपाल चैहान की दूसरी आत्मकथा है। इसे हम 'आत्मकथात्मक उपन्यास' भी कह सकते हैं। यह लेखक के जीवन की सिलसिलेवार कथा न होकर चैदह शीर्षकों में बँटी जीवन के प्रसंगों और स्मृतियों का कोलाज है। दलितों के ऊपर सवर्णों द्वारा किए जाने वाले अत्याचार और भेदभाव का जिक्र और नौकरी एवम् साहित्यिक जीवन से संबंधित दलित पीड़ा के दंश हैं। 'संतप्त' में लेखक के जाग्रत स्वाभिमान के साक्ष्य मौजूद हैं। 'दलित के दंश' शीर्षक में सूरजपाल कहते हैं कि दलित पीड़ा के दंश को वही जान सकता है जिसने इसे भोगा या सहा हो। आरक्षण के कारण नौकरी मिल जाने पर भी

आफिस में उन्हें भारत के नागरिक की हैसियत से नहीं देखा जाता है और इन्हें अपनी अस्मिता हेतु संघर्ष करना पड़ता है। लेखक जब सामान्य प्रशासन प्रभाग के टेलीफोन अनुभाग में कार्यरत था तब उनके विभाग के उप प्रबंधक (प्रशासन) के.सी. मल्होत्रा थे और मल्होत्रा को जब ये पता चलता है कि सूरजपाल का चयन कोटे (आरक्षण) से हुआ है। उसी समय से उसका व्यवहार लेखक के प्रति एकदम बदल जाता है और मल्होत्रा लखेक को बिना बात के ही परेशान करने लगे और सभी के सामने तू-तड़ाक करके पुकारते थे। लेखक कुछ दिनों तक तो सहन करता रहता है, लेकिन एक दिन अनुरोध के स्वर में कहता है कि, ''सर, मैं आपका सॅबारडनैट हूँ, दूसरे साथियों के सामने आप मुझसे....।'' लेखक अपनी बात पूरी भी न कह सका कि मल्होत्रा ने आँखे दिखाते हुए कहा- ''क्या कर लेगा, तू औकात में रहा कर। मल्होत्रा आफिस का बास है किन्तु सरकारी नौकरी में दलितों का होना उनके लिए असहनीय है। वह सार्वजनिक रूप से कहते रहते हैं कि- ''इस भारत सरकार का बेडा गर्क हो पता नहीं कहाँ-कहाँ से आफिस में चूड़े-चमार भर लिए हैं।''6 जाति-प्रमाण पत्र को वह गीदड़ प्रमाण-पत्र कहते हैं। जातिगत अपमान का बदला लेने की बात जब लेखक अपने सहकर्मी ईश्वरी दत्त गर्ग से कहता है तो सहकर्मी कहता है कि नहीं-नहीं सूरज ऐसा मत करना। ऐसी एक नहीं हजारों घटनाएँ हैं जो दलितों को रोज सहनी पड़ती है और अपनी अस्मिता के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

कोटा राज से आज दलितों के अफसर बन जाने के बाद भी उन्हें संघर्ष करना पड़ता है और यह संघर्ष उनकी अस्मिता का संघर्ष है। स्वतंत्र कहे जाने वाले देश से, उसके जनतांत्रिक नागरिकों से दलित आज ये सवाल कर रह है कि.....''क्या दलित होना ही अपराध है?'' उदयप्रकाश की लम्बी कहानी 'मोहनदास' जिसे हम लघु उपन्यास कह सकते हैं। बसहर पलिहा, जाति का होकर गरीबी में पला-बढ़ा मोहनदास जिस तरह लिखित, मौखिक और शारीरिक परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करता है और ओरिएंटल कोल माइन्स की नौकरी के लिए चुन लिया जाता है। लेकिन बड़ी जाति का बिसनाथ अपने शातिर दिमाग की साजिश से जिस तरह उसकी नौकरी का अपहरण करता है, वह दफ्तर में बैठे बाबुओं और अफसरों के घिनौने खेल का परिचायक है। इस घिनौने खेल में छोटे नेता से लेकर मंत्री तक शामिल हैं। सारा काम ऊपर-ऊपर हो जाता है और नीचे का साधारण आदमी असहाय ठगा का ठगा रह जाता है। इस रचना के माध्यम से लेखक शायद यह बताना चाह रहा हो कि पिछड़ों और दलितों की सत्ता में बड़ी भागीदारी के बावजूद ऊँची जातियों के लोग तीन-तिकड़म कर सत्ता का लाभ लेने में सफल हैं। आजादी के साठ वर्षों बाद भी सत्ता हथियाये लोगों के दमन का शिकार दलित व गरीब हो रहे है। 'मोहनदास' उस दलित व गरीब लेकिन प्रतिभासम्पन्न नौजवान की कहानी है जो सत्ता-संचालकों द्वारा निर्मित एक ऐसे जाल में फँसा दिया जाता है जिससे सही सलामत निकल आना असंभव है। अपनी पहचान के लिए संघर्ष करते-करते मोहनदास कहानी के अन्त में यह सिद्ध करने के लिए संघर्ष करता है कि वह मोहनदास नहीं है। बलराज पांडेय लिखते हैं- ''मोहनदास कहानी का यह वाक्य बराबर हमारे कानों के गूँजता रहता है कि 'असली जिन्दगी दरअसल खेल का एक ऐसा मैदान है, जहाँ वहीं गोल बनाता है, जिसके पास दूसरे को लंगडी मारने की ताकत होती है।.....मोहनदास मुकदमा भले जीत गया हो, लेकिन गुंडों, बाहुबलियों और समाज में अपना प्रभुत्व जमाये बड़े माफिया तंत्र के सामने वह कहाँ टिक सकता है।''7

काशीनाथ सिंह के उपन्यास 'रेहन पर रग्घू' में मूल कथा के साथ उपकथाएँ भी अन्तर्गुम्फित हैं। पिछले दो दशकों में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार में पिछड़ी और दलित जातियों में जागरुकता और आत्मविश्वास आया है। उनका सशक्तिकरण हो रहा है। संजय कुमार लिखते हैं- ''ग्रामीण और अपेक्षाकृत अपढ़ इलाकों में भी राजनीति कितनी सूक्ष्म, जटिल और चालाक ढंग से काम करती है, इसका बेजोड़ उदाहरण है- छब्बू पहलवान की हत्या। चमटोल ठाकुरों को सबक सीखाना चाहता है और इसके लिए शिकार के रूप में चुनता है- छब्बू पहलवान को। छब्बू अपने इलाके के सर्वश्रेष्ठ पहलवान रह चुके हैं, इसलिए वे ठाकुरों की ताकत के प्रतीक हैं, लेकिन छब्बू के व्यवहार और रवैये से ठाकुर टोल के लोग खुश नहीं है। छब्बू का उठना-बैठना भी पिछड़ी जाति के लोगों के साथ अधिक होता है, वे उन्हं पहलवानी सिखाते हैं। अपने हलवाहे झूरी की पत्नी ढोला के साथ उनका नाजायज संबंध हैं। जहाँ दूसरे लोग इस तरह का काम चमटोल से बाहर छिप-छिपाकर करते हैं, वहाँ छब्बू दिन-दहाड़े झूरी के घर जाकर करता हैं। इसलिए वे आसानी से वेध्य भी थे और वध के योग्य भी।''8 काशीनाथ सिंह लिखते हैं- ''लेकिन एक बात धीरे साफ हुई कि जो कुछ हुआ था, अचानक और संयोगवश नहीं हुआ था। इस तैयारी में अकेले पहाड़पुर की चमटोल नहीं, आस-पास की बीस-पच्चीस गाँवों की चमटोलें शामिल थी।''9 इस बात के लिए भी धैर्यपूर्वक इंतजार किया गया कि पास के थाने में अपनी जाति का पुलिस अधिकारी पहले आ जाए तब घटना को अंजाम दिया जाय। ठाकुर टोला के लोग कशमशाकर रह गए, कुछ कर नहीं पाए। यह घटना इस बात की ओर इंगित करती है कि दलित स्त्रियों की अस्मिता कितनी महत्त्वपूर्ण है।

निष्कर्ष:-

हिंदी साहित्य में कुछ रचनाकार आदिवासी मनुष्य के जीवन-संघर्ष और जिजीविषा को अपनी रचनाओं के माध्यम से अभिव्यक्त कर रहे हैं। आज तक हमने इस पूरे समुदाय को उपेक्षित ही छोड़ रखा था। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि हिंदी उपन्यासों में दलित व आदिवासी अस्मिता संघर्ष की पहचान बड़ी आसानी से ही रही है, क्योंकि इक्कीसवीं सदी में दलित व आदिवासी अपने अधिकारों के प्रति पूर्णतया जागरूक है। वर्तमान समय में समाज एवं समूह का वर्चस्व बढ़ा है। इस स्थिति में व्यक्ति अपनी पहचान बनाने की कोशिश में लगा इस कारण से 'अस्मिता' का प्रचार-प्रसार हुआ। अस्मिता की अवधारणा का उदय सामाजिकता और सामूहिकता के विरोधस्वरूप हुआ हैं आजादी के पश्चात् देश में यह विचारधारा नहीं बल्कि आंदोलन के रूप में सामने आया है। इक्कीसवीं सदी के हिंदी उपन्यासों में दलित, स्त्री और आदिवासी अपनी अस्मिता के लिए संघर्ष कर रहे है। आज उदारीकरण के कारण उत्पन्न आर्थिक संकट और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के कारण दलित अस्मिता का संकट और गहरा गया है। दलितों को आज भी एक भारतीय नागरिक के रूप में पहचान नहीं मिल पा रही ह। उनकी पहचान दलित के रूप में ही की जा रही है। समाज में आज जो स्थान मिलना चाहिए वह उन्हं नहीं मिल पा रहा है। यही बात इक्कीसवीं सदी के हिंदी उपन्यासों में हमारे सामने आ रही है। दलित पीड़ा के दंश वहीं जान सकता है जिसने इसे भोगा या सहा हो आरक्षण के कारण नौकरी मिल जाने पर भी आफिस में इन्हें अपने पद की हैसियत से नहीं देखा जाता है। आफिस के दूसरे कर्मचारियों का व्यवहार एकदम रूखा ही रहता हैं आरक्षण से जबे ये अफसर भी बन जाते है तब भी इन्हें संघर्ष करना पड़ता है। यही अस्मिता का संघर्ष है जो इक्कीसवीं सदी के हिंदी उपन्यासों में हमारे सामने आ रहा है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी जब दलितों की सत्ता में भागीदारी बढ़ी है इसके बावजूद अपनी पहचान के लिए इन्हें संघर्ष करना पड़ता है।

*****

संदर्भ :-

1.प्रो. कुमार कृष्ण: समकालीन हिंदी साहित्य विविध विमर्श, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005, पृ. 19

2विजय मोहन सिंह: दलित विमर्श और दलित साहित्य, नया ज्ञानोदय (नई दिल्ली) मार्च 2012, पृ. 116

3.पुष्पपाल सिंह: नया सुर-असुर संग्राम, इंडिया टुडे, (नई दिल्ली), 24 मार्च 2010, पृ. 71

4.मैनेजर पाण्डेय: यथार्थ से मिथक बनते एक समुदाय की व्यथा कथा, नया ज्ञानोदय (नई दिल्ली), मार्च 2010, पृ. 13

5.जगदीश्वर चतुर्वेदी: दलित साहित्य का नया पैराडाइम और नये सवाल, वागर्थ (अंक 198), भारतीय भाषा परिषद् कोलकाता, जनवरी, 12, पृ. 59

6.सूरजपाल चैहान: संतप्त, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2006, पृ. 51

7.बलराज पांडेय: उदय प्रकाश की कहानी 'मोहनदास', प्रगतिशील वसुधा, प्रतिशील लेखक संघ का प्रकाशन, भोपाल, अक्टू-दिसम्बर, 2007, पृ. 329

8.संजय कुमार: रेहन पर रखी मनुष्यता, वागर्थ, जनवरी-12, पृ. 73

9.काशीनाथ सिंह: रेहन पर रग्घू, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008, पृ. 76

दलित विमर्श

रूपनारायण सोनकर की आत्मकथा 'नागफनी' में चित्रित विद्रोही स्वर

. दोड्डा शेषु बाबु
असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग
मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी
गच्ची बावली,हैदराबाद-500032
मो- 9985281090

समकालीन हिंदी दलित साहित्य में आत्मकथा का स्थान महत्वपूर्ण माना जाता है। दलित समाज की यथार्थवादी स्थिति के विभिन्न दृश्यों को आत्मकथा विश्लेषणात्मक ढंग से प्रस्तुत करने में अग्रसर रही है। ओमप्रकाश वाल्मीकि, सूरजपाल चौहान, तुलसीराम, सुशीला टाक भौरे, शिवराज सिंह बेचैन, रूपनारायण सोनकर आदि लोगों ने आत्मकथा के माध्यम से दलित संवेदना तथा आक्रोश को जनता के सामने रखने की चेष्टा की है। परंतु अधिक संख्यक लेखकों ने केवल दलित यातना को ही प्रस्तुत करने की चेष्टा की है। रूपनारायण सोनकर का साहित्य परंपरागत लीक से हटकर एक नवीन शैली में नई चेतना के साथ आगे बढ़ता है। इसी कारण कुछ लोग रूपनारायण सोनकर को दलित साहित्य के क्रांतिकारी चेतना के मुख्य कवि के रूप में स्वीकार करते हैं। रूपनारायण का साहित्य वेदना और दुख को प्रकट करना ही नहीं बल्कि उस वेदना और दुख से बाहर आने की राह भी दिखाता है। इसी कारण उनके साहित्य में केवल संवेदना ही प्रकट नहीं होती बल्कि चेतना की चिंगारियां भी ल्पवित होते हैं। इसी कारण रूपनारायण सोनकर को अन्य दलित साहित्यकारों से अलग ढंग से देखना आवश्यक है। रूपनारायण सोनकर के जीवन को सही ढंग से परखने पर यह बात स्पष्ट होती कि वह बचपन से ही तमाम परंपरागत सामाजिक रीति-रिवाजों पर प्रश्नचिन्ह लगाते रहे हैं। जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर दलितों पर होने वाले अत्याचारों को लेकर बचपन से ही सचेत एवं संघर्षशील रहे हैं। इसी कारण इनकी रचनाएं आंदोलन की सोच को यथारूप प्रस्तुत करती है। आंदोलन के द्वारा की आत्म सम्मान या गौरव पाने की बात पर वह जोर देते हैं। इसीलिए सोनकर जी को नव चेतना के नवोन्मेष लेखक के रूप में हम स्वीकार करते हैं।

रूपनारायण सोनकर का साहित्य दलित संघर्ष से भरा हुआ क्रांतिकारी साहित्य है। दलित संवेदना की प्रस्तुति के साथ-साथ समाधान भी इनके साहित्य में दिखाई देता है। दलित चेतना को जागृत करना ही नहीं, जागृति से दलितों को तमाम परंपरागत पीड़न या दुख से मुक्त करना इनका मुख्य उद्देश्य है। इसी कारण दलित संवेदना या वेदना के साथ-साथ संघर्ष को भी विश्लेषणात्मक ढंग से वर्णन करने के प्रयत्न भी इनकी रचनाओं में दिखाई देते है। इस संदर्भ में नागफनी में चित्रित एक दृश्य महत्वपूर्ण माना जाता है। नसेनिया गांव के हीरा अपने घर में चारपाई पर बैठ कर उनके रिश्तेदारों के साथ चाय पीता रहता है। उसी समय उस गांव के उच्च वर्ग से संबंधित शिव भाजन अवस्थी वहां से गुजर रहे थे। लेकिन रिश्तेदारों के साथ गपशप में डूब कर शिव भजन का आगमन पर कोई ध्यान नहीं दिये है। कोई भी व्यक्ति उनको देखकर नहीं खड़े होने पर जोर-जोर से चिल्लाते हुए हुए शिव भाजन अवस्थी इन्हें गाली देता है। और कहते हैं-**"साले अछूतो हमारे सामने चारपाइयों पर बैठे हो। यह साला हीरा तुम लोगों को चारपाइयों से नीचे उतरने से रोक रहा है।"**[1] इस पर आपत्ति जताते हुए हीरा कहता है कि"**गाली मत देना।** "[2] इसी बात से क्रोधित होकर अवस्थी हीरा को लिपट लेता और मारना आरंभ करता है। इस संदर्भ में पूरे ब्राह्मण और उच्च वर्ण के लोग हीरा के घर पहुंचकर हीरा की पिटाई करना चाहते हैं। क्योंकि दलित कभी भी उनके विरोध में बात ना करें या हमेशा सम्मान करते रहे। लेकिन दलित चेतना से प्रभावित हीरा इस परंपरा को खत्म करना चाहता हैं। इस संदर्भ में हीरा कहता है कि **"हम लोग चारपाई पर बैठ कर थोड़ा ऊंचा उठने की कोशिश कर रहे थे। वे हमें चारपाई से नीचे उतारकर जमीन के अंदर जिंदा गाड़ देना चाहते थे। मैं अपने को जिंदा दफन होने से बचा रहा था। और मैंने सोच लिया था कि यदि मेरे घर के सामने कब्र खो देगी तो मैं कब्र खुदेगी वालों को उसी कब्र में दफना दूंगा।"**[3] आसपास के दलित भी इकट्ठा होते हैं और इस अन्याय को खत्म करना चाहते हैं। ब्राह्मणों की धमकी से ना डर कर मुक्त होना चाहते हैं। इसलिए हिम्मत दिखाते हुए हीरा की भाभी कहती है कि"**हिम्मत है तो मारो! ये करौली तुम्हारा पेट फाड़ देगी। हीरा ने कौन सा अपराध कर दिया है। जिसको तुम इतनी बड़ी सजा दे रहे हो। हम भी इंसान हैं। इंसानों को चारपाई पर बैठने का अधिकार नहीं है।**"[4] वास्तव में दलित पुरुषों से भी दलित महिलाएं अत्यंत तेज एवं आत्म सम्मान से जीना चाहती हैं। दलित विकास या चेतना में दलित स्त्रियों का ही स्थान प्रथम है। इसीलिए इस स्त्री की बातों से सभी घरवाले और बाहर वाले भी जागते हैं और अस्मिता की लड़ाई में भागीदार बनते हैं। वास्तव में यह एक ऐसी विशेष परंपरा है जो वर्ण व्यवस्था बनाम जाति व्यवस्था में उच्च वर्ण के लोगों को जन्मजात मिलने वाली श्रेष्ठता कभी भी खत्म नहीं होती। यहां मर्यादा गुण या विचारों के कारण नहीं बल्कि उच्च जाति में पैदा होने के कारण मिलती है। इसी कारण हीरा अवस्थी को इज्जत नहीं देना चाहता है। अवस्थी न गुण के संदर्भ में उत्तम है या विचारों के संदर्भ में। केवल जाति के नाम पर जुल्म करना चाहता है। जबरदस्ती से अपनी अपनी श्रेष्ठता को मनवाने की बात करता है। जाति बनाम श्रेष्ठता को चोट पहुंचाने पर उस व्यक्ति या उस पूरे समूह को तबाह करने के लिए भी वे हिचकते नहीं। यही घटना यहां पर घटी है। उनके गांव के कूड़हा मई के उत्सव में सभी लोग आनंद से भाग लेते है। पहली फसल या पौधे को समर्पित करना एक रिवाज था। पहली फसल को समर्पित करने का अधिकार केवल उच्च वर्ग की महिलाओं को ही दिया गया है। इसी सिलसिले में गांव की स्वर्ण महिला पौधों का कलश सर पर रख कर जाते वक्त पैर फिसल जाने पर गिर जाती है। उन्हीं महिलाओं के पीछे चलने वाली चाची दौड़कर कलश को थाम लेती और सर पर रख लेती है। इस दृश्य को देखकर वहां पर खड़े ब्राह्मण कलश अपवित्र बना है कहकर गाली देते हैं कि **"ससुरी खटिकिन तेरी यह हिम्मत! देवी के कलश को अपने सिर पर रखकर भ्रष्ट कर दिया। "** [5] इतना ही नहीं दो-तीन लात मारकर कलश छीन लेते हैं। इस घटना ने वहां पर रहे सभी लोगों को अपने अधिकारों के बारे में सोचने के लिए मजबूर किया है। खटिक, पासी, चमार, कोरी, वाल्मीकि जैसे सभी निम्न जातियों के लोग इस घटना को खंडन करते हैं और बदला लेने की आवाज भी देते हैं। असल में कुड़हा मई उत्सव की शोभा दलितों के द्वारा ही बढ़ती है। गालों पर सांग लगाना, डफ्ली बजाना, नाचना आदि कार्यों के साथ मेले की शोभा बढ़ाने वाले दलितों को अछूत कहकर देवी पूजा से दूर रखना अत्यंत हेय माना जाता है। इसी कारण वहां के सभी दलित इस संदर्भ में एक होकर ब्राह्मणों के द्वारा किया गया अपमान का बदला लेना चाहते हैं। दलित ब्राह्मणों से माफी मांगने की मांग रखते हैं। और कहते हैं- **"पंडित अपने किए पर पश्चाताप करें और दलित महिलाओं को भी पीतल का कलश सिर पर रखकर चलने दे। "**[6] दलितों की आंदोलनकारी पंक्ति को पहले ही पहचानकर उनकी आवाज के दबाव में आकर सभी ब्राह्मण माफी मांगते हैं और दलितों को भी कलश उठाने की अनुमति देते हैं। इसी प्रकार सुअर और गाय का अद्भुत युद्ध की कहानी भी दलित वर्चस्व को प्रस्तुत करती है। सूअर गाय को हराने के बाद उच्च वर्ण के लोग सूअर को मार साजिश से मार डालते हैं। इस घटना से चिंतित सभी दलित लोग एक होकर उच्च वर्ण से लड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं तो, सभी उच्च वर्ग के लोग माफी मांगते हुए राजी के लिए आते हैं। यहां के लोग गाय और सुअर के युद्ध को यानी जानवरों के युद्ध को जातीय स्वाभिमान से जोड़कर देखते हैं। इसीलिए सूअर को उच्च वर्ण बल्लम से मारते हैं। व्यक्ति हो या जानवर किसी संदर्भ में भी निम्न वर्ण की विजय उच्च वर्ण के लोगों को स्वीकार नही होता है। उनको मारना या उन पर प्रहार करना इस जाति बनाम श्रेष्ठता का मुख्य उद्देश्य है। इसी कारण सभी दलित एक होकर उस वर्चस्व को खत्म करना चाहते हैं।

अक्सर हम इस बात पर ध्यान देते हैं कि भारत का विकास ग्राम स्वराज पर आधारित है। ग्राम स्वराज या गांव का विकास यह दोनों शब्द केवल उच्च वर्ण के विकास से ही संबंधित है। दलित गांवों में केवल मजदूर बनकर ही रहते है। ग्राम स्वराज उन लोगों के विकास को लेकर चर्चा करता है जो खेतों के मालिक है।

दलितों को ना सार्वजनिक कुओं से पानी लेने का अधिकार है या सार्वजनिक तालाबों से। यही बात नागफनी में भी स्पष्ट होती है। प्यास लगने पर जब हीरा बसवर्ण के कुएं से पानी निकाल कर पीने लगता है तो सभी ब्राह्मण लाठियों से हमला करते हैं। हमले में हीरा का खून बहता है। दलितों को सार्वजनिक कुएं पर चढ़कर पानी लेने का अधिकार नहीं है। लेकिन कब तक पानी के लिए इंतजार करें। यही प्रश्न हीरा के मन में भी उठता है और धैर्य से कुएं पर चढ़कर पानी पीता है। इसी कारण लाठियों से उन्हें मार खाना पड़ता है। लेकिन यह कब तक? यही सोच कर हीरा **"रस्सी के सहारे बाल्टी को चारों तरफ घुमाने लगा, चार पांच ब्राह्मणों की लाठियों के प्रहार का उत्तर लोहे की बाल्टी से देने लगा बिल्कुल उसी तरह जैसे अभिमन्यु के पास जब कोई नहीं था तब रथ के पहिए को हाथ में लेकर उसने कौरवों का सामना किया था"**[7] वास्तव में किसी भी देश के संसाधनों पर उस देश के सभी लोगों का अधिकार समान रुप में रहता है। इसी प्रकार इस देश के पानी, तालाब, सार्वजनिक कुएँ आदि सार्वजनिक संसाधनों पर दलितों का अधिकार भी अन्य लोगों के समान स्वाभाविक विषय है। लेकिन वर्ण व्यवस्था का अनुपालन करने वाली कुछ जातियाँ अपनी प्रतिष्ठा को दिखाने के लिए दलितों को निम्न घोषित कर और अछूत कहकर उन्हें सभी संसाधनों से दूर रखना एक परंपरागत विषय रहा है। इसी कारण दलित आज भी सार्वजनिक कुओं और तालाबों से पानी लेने के लिए संघर्ष कर रहा है। वास्तव में यह विषय हिंदुओं की प्रतिष्ठा से संबंधित है तो दलितों के लिए यह एक जीवन मरण की समस्या है। यह समस्या आज की नहीं है परंपरागत रूप से आने वाली वर्ण व्यवस्था से संचालित समस्या है। इसी कारण बाबासाहेब अंबेडकर ने महाड़ अधिवेशन बुलाया और लोगों को जागरूक किया। पानी पर अधिकारों के संदर्भ में अंबेडकर कहते हैं कि **"उसे दंगा कहने के बजाय धर्म युद्ध कहना ज्यादा उचित होगा, यही हमारा मानना है। क्योंकि हिंदू समाज के अंश, हिंदू धर्म के अनुयाई हम लोग इसे नाते अन्य हिंदू जातियों की तरह समान हैं हक़ों के हकदार हैं, हमारे हक़ समान है या नहीं, यह बात साबित करने का प्रयास इस पानी विवाद के मूल में था, इस बात को कोई अस्वीकार नहीं कर सकता।"**[8] इतना ही नहीं अपने जन्मजात हक को लेकर अंबेडकर कहते हैं कि "कोई व्यक्ति अपने सार्वजनिक क्षेत्र में जन्म से प्राप्त हक़ों का उपभोग कर रहा हो और दूसरों के हकों को प्रथाओं का आधार देकर रोक लगाने के हक की बात कर रहा हो तो यह अनुचित है"[9] स्पष्ट बात यह है कि रूपनारायण सोनकर की आत्मकथा का यह दृश्य इस संदर्भ में सराहनीय माना जाएगा।

इतना ही नहीं दलित समाज को धार्मिक अनुष्ठानों से दूर रख कर धर्म के नाम पर या वर्ण व्यवस्था के द्वारा बताए गए नियमों के अनुसार दलितों को निम्न घोषित करना या अपमान या अवहेलना या उनका शिकार बनाने की घटनाएं आज भी होती रही है। यही बात इनकी आत्मकथा में भी मिलती है। जिस प्रकार शंभूक की तपस्या भंग कर ब्राह्मण को बचाया जाता है उसी प्रकार यहां पर भी रामचरितमानस अखंड पाठ पढ़ने वाले हीरा को वहां से भगाया जाता है। ब्रह्मणों के बच्चे बुलाने पर ही हीरा उनके के साथ बैठकर रामायण पाठ करता रहता है। उस दृश्य को देखकर अवस्थी गाली देते हुए हीरा को वहां से हटने की बात करता है। हीरा को गाली देते हुए अवस्थी कहते हैं कि **"साले! हम लोगों के बीच में बैठकर कैसे रामायण की चौपाई पड़ रहा है। इस साले अछूत को किसने चौपाई पढ़ने के लिए कहा?"**[10] जिन बच्चों ने उनको बुलाया है शिव भजन अवस्थी के आक्रोश को देखकर चुप रह गए थे। हीरा को वहां से हटने की मांग करते हुए गुस्से से अवस्थी फिर बोलते हैं **"साले खड़ा-खड़ा क्या ताक रहा है- रख रामायण।"**[11] इस घटना से अचंभित होकर हीरा रामायण को अवस्थी के मुंह पर फेंक कर भाग जाता है। इस संदर्भ में सोनकर जी लिखते है- **मैंने आव देखा ना ताव हाथ में पकड़ी मोटी रामायण को अपने दोनों हाथों से पकड़ कर उसके मुंह पर जोर से फेंक कर मारा और वहां से हट गया। शिव भजन अवस्थी के होश उड़ गए। रामचरितमानस शिवभाजन अवस्थी के मुंह पर जोर से लगी और मुंह से टकराकर मंदिर की सीढ़ियों पर गिर पड़ी।"** [12] वास्तव में हीरा रामायण पाठ नहीं पढ़ना चाहता है लेकिन दोस्तों के बुलावे पर रामायण पाठ पढ़ने के लिए तैयार हो गए थे। **"मैं अखंड पाठ नहीं करूंगा मैं ऐसे पाठ पर विश्वास नहीं करता हूं मुझे बहुत काम है।"**[13]

अतः स्पष्ट बात यह है कि रूपनारायण सोनकर का साहित्य मात्र दलित वेदना को प्रस्तुत करनेवाला ही नहीं बल्कि दलित वेदना के कारण बने तमाम स्रोतों पर आक्रोश प्रकट करते हुए, नव चेतना का परिचय करानेवाला एक नवोन्मेश साहित्य है इसी कारण अंबेडकरवादी विचारधरा के संदर्भ में रूपनारायण के साहित्य को एक प्रमुख साहित्य के रूप में माना जाता है।

*****

संदर्भः-

1. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ. 27
2. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ. 28
3. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ. 29
4. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ. 30
5. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ. 17
6. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ. 18
7. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ.25
8. डॉ. भीमराव राम जी अंबेडकर, संपादक डॉ एलजी मेश्राम विमल कीर्ति, और बाबा साहेब आंबेडकर ने कहा..... खंड 1 राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र.व. 2008 पृ. 97
9. डॉ. भीमराव राम जी अंबेडकर, संपादक डॉ एलजी मेश्राम विमल कीर्ति, और बाबा साहेब आंबेडकर ने कहा..... खंड 1 राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र.व. 2008 पृ. 107
10. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ.35
11. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ.36
12. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, पृ.36
13. रूपनारायण सोनकर, नागफनी,शिल्पायान पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली-32, प्र. व. 2014, **पृ.**36

दलित साहित्य : सौंदर्य शास्त्र की मांग

डॉ.जयसिंह मीणा
असिस्टेंट प्रोफेसर, लक्ष्मीबाई कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय
मो. 9968340438

प्रस्तावना

दलित विमर्श ने दलित साहित्य की अवधारणा को लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं। दलित साहित्य का लेखक होने की पात्रता को लेकर उठने वाला सवाल आगे चलकर इस रूप में सामने आता है कि दलित साहित्य का एक पृथक सौंदर्यशास्त्र होना चाहिए। गैर दलित लेखक दलितों की पीड़ा को अनुभूत नहीं कर सकते, केवल दया भाव प्रकट कर सकते हैं इसलिए उनको दलित साहित्य में वह सुन्दरता और 'आनंद' भी नहीं मिलता है जो 'पारम्परिक सौंदर्यशास्त्र' में किसी रचना का मूल्यांकन करने का मूलाधार है। इस प्रकार दलित चिंतक रचना-प्रक्रिया से संबंधित इन सवालों को सौंदर्यशास्त्र की मांग से जोड़ देते हैं।

सवाल यह है कि हिन्दी साहित्य का सौंदर्यशास्त्र जब मौजूद है, तो दलित साहित्य के लिए पृथक सौंदर्यशास्त्र की क्या जरूरत है? क्या साहित्य का सौंदर्यशास्त्र दलित साहित्य का मूल्यांकन करने में अक्षम है? वे कौन से आधार हैं जिनको दे

बीज शब्द:-

दलित, दलित साहित्य , दलित आलोचना, सौंदर्यशास्त्र, अस्मिता, स्वानुभूति, अनुभूति की प्रामाणिकता , परंपरागत सौंदर्यशास्त्र, रस, मूल्यांकन के प्रतिमान

मुख्य उद्देश्य /मुख्य अंश :-

दलित साहित्यकारों का मानना है कि दलित साहित्य मुख्य रूप से दलित समाज की सामुदायिक अस्मिता, गरिमा, सम्मान एवं सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन का दूर करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहा है। सदियों से दलित समाज को हाशिए पर रखा गया है, इसलिए दलित साहित्य का दायित्व बनता है कि वह दलित जीवन से जुड़े हुए सवालों को अभिव्यक्ति दे। उनके पिछड़ेपन के कारणों की पड़ताल करे और उन्हें मुख्यधारा में लाने की कोशिश करे। दलित लेखकों का मानना है कि दलितों के साथ समाज में तो अछूतपन का व्यवहार होता है, साहित्य लेखन की दुनिया में भी उन्हें अछूत समझा गया है। दलित साहित्य लेखन की विषय-वस्तु दलित जीवन का यथार्थ और उससे जुड़े हुए कुछ महत्वपूर्ण सवाल हैं। दलित साहित्यकार इसे भोगा हुआ यथार्थ कहते हैं, जिसकी सुंदरता, मूल्यवत्ता परम्परागत सौंदर्यशास्त्र नहीं आंक सकता है, यह वह वास्तविकता है जिसे परम्परागत सौंदर्यशास्त्र ने त्याज्य और निषिद्ध माना है। इसलिए दलित साहित्य के मूल्यांकन के लिए दलित साहित्य का अपना अलग सौंदर्यशास्त्र होना जरूरी है। वे कहते हैं कि दलित साहित्य का परिवेश, संदर्भ, भाषा, और अनुभव सब अलग हैं, जाहिर है उसका प्रस्तुतीकरण भी भिन्न तरह का है, तो फिर उसका सौंदर्यशास्त्र भी भिन्न होना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने दलित साहित्य के शिल्प, अंतर्वस्तु और सौंदर्यबोध को लेकर एक नयी बहस खड़ी की है।

दलित साहित्यकार जिस आधार पर नये सौंदर्यशास्त्र की मांग कर रहे हैं वे क्या हैं? शरणकुमार लिंबाले ने दलित सौंदर्यशास्त्र की मांग की आरंभिक जानकारी देते हुए कहा है कि शरद पाटील की अबाह्मणी साहित्य का सौंदर्यशास्त्र पुस्तक से यह ज्ञान मिला जिसमें लिखा था कि ''प्रतिक्रांति के साहित्य के पास सौंदर्यशास्त्र का हथियार है तो विद्रोही साहित्य के पास वह क्यों नहीं है, इस पर विचार करना चाहिए''[1] स्वातंत्र्य की भावना को सौंदर्यत्व का रूप मानने के साथ ही लिंबाले जी लिखते हैं समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व इन तीनों जीवनमूल्यों को दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र के सौंदर्य तत्व मान सकते हैं। दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र 1. कलाकारों की सामाजिक प्रतिबद्धता 2. कलाकृति में जीवन मूल्य 3. पाठकों के मन में जाग्रत होने वाली समता, स्वतंत्रता, न्याय, और भ्रातृभाव की चेतना जैसे मूलतत्वों पर टिका रहने वाला है।[2]

ओमप्रकाश वाल्मीकि इस संबंध में लिखते हैं

दलित साहित्य 'आशय' को महत्व देता है। अभिव्यक्ति और शिल्प दूसरे स्थान पर आता है। जीवन-अनुभवों की प्रामाणिकता 'आशय' को अर्थ-गम्भीर बनाती है। यह अर्थ-गाम्भीर्य डॉ. अम्बेडकर-दर्शन के विचार तत्व पर आधारित होना चाहिए। इसीलिए दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र का स्वरूप पारम्परिक सौंदर्यशास्त्र से भिन्न है।[3]

दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र के एक साक्षात्कार में लिंबाले जी ने दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र की अनिवार्यता बताते हुए कहा कि अभी तक साहित्य में राजा, महाराजाओं का ही चित्रण था। लेकिन दलित साहित्य आम आदमी की बात करता है। पारम्परिक सौंदर्यशास्त्र का स्थायी भाव आनंद है और किसी रचना की उत्कृष्टता का आधार भी। लेकिन इससे भी ज्यादा मूल्यवान प्रतिमान समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व हैं। इन के लिए आंदोलन हुए हैं, लड़ाइयां हुई हैं और सत्याग्रह हुए हैं, लेकिन आनंद के लिए ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। दलित साहित्य आनंद या रंजनकारी साहित्य नहीं, परिवर्तनकामी है इसीलिए हमारा सौंदर्यशास्त्र अलग होना चाहिए। एक अन्य साक्षात्कार में गोपाल प्रधान से बात करते हुए वे कहते हैं कि पारम्परिक सौंदर्यशास्त्र दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र नहीं हो सकता है, क्योंकि उसके विषय आत्मा, परमात्मा, अध्यात्म, नीति, शृंगार और प्रणय ही रहे हैं तथा उसके नायक भी राजा-महाराजा और आज देखें तो मध्यवर्ग ही रहा है, जबकि दलित साहित्य का नायक अछूत और निम्न जाति का व्यक्ति है। अर्थात् शोषित, पीड़ित आम आदमी। दलित साहित्य का नायक वह स्वयं है, जहां ''नायकत्व की अवधारणा अन्याय और दमन के प्रस्तुतीकरण और संघर्ष की प्रक्रिया में ही विकसित हुई है। चुनौती और विद्रोह के समय में नई उभरती सामयिक शक्ति को सामने रखती है और परिवर्तन के लिए नायकों का निर्धारण भी करती है।''[4]

दलित साहित्यकार सुन्दरता व असुन्दरता के पुराने मापदण्डों की आलोचना करते हुए दलित साहित्य के संदर्भ में नये प्रतिमान निर्मित करना चाहते हैं। शरण कुमार लिंबाले लिखते हैं ''सौंदर्य की कल्पना बदलना इसलिए भी जरूरी हो गया है चूंकि पारम्परिक सौंदर्य-शास्त्रीय कल्पना स्वीकार करके दलित सा हित्य का सृजन एवं दलित साहित्य में विद्रोह और नकार का अन्वेषण करना संभव नहीं है।''[5] इसके साथ-साथ लिंबाले जी ने दलित साहित्य के कुछ 'सौंदर्यमूल्य' भी बताए हैं- जैसे स्वतंत्रता, भौतिकवादी, अम्बेडकरी विचार - जो उसे विशिष्टता प्रदान करते हैं।

इसी प्रकार ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपनी इस पुस्तक में प्रेमचन्द के हवाले से कहा है कि ''हमें सुन्दरता की कसौटी बदलनी होगी और हमें निश्चय ही विलासिता के मीनार से उतरकर उस बच्चोंवाली काली रूपवती का चित्र खींचना होगा जो बच्चे को खेत की मेड़ पर सुलाकर पसीना बहा रही है।''[6] सौंदर्य की जिस नई कसौटी की बात वाल्मीकि जी ने की है, वह भी हिन्दी साहित्य में दिखाई देती है, यह और बात है कि पूरा का पूरा साहित्य ऐसा नहीं है। वह तोड़ती पत्थर की नायिका का सौंदर्य निराला ने उसके सूखे और पपड़ी जमे हुए होंठ, काला शरीर, बिखरे बाल और गंदे कपड़ों में देखा है, उसके शरीर से टपकने वाली पसीने की बूंदों में उनको सुन्दरता दिखती है। इन्होंने सुन्दरता के पुराने मानदंडों को तोड़ने का काम किया था। इसी तरह नागार्जुन की 'घिन तो नहीं आती' तथा अन्य कई कविताएं हैं जो दलित सौंदर्यशास्त्र की अपेक्षाओं को पूरा करती हैं। आशय यह है कि गैर दलित हिन्दी साहित्य में भी प्रगतिशील भावधारा से जुड़ा एक अंश ऐसा है जो इस सौंदर्यशास्त्र के लिये सहयोगी ही होगा।

दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र की मांग को लेकर दलित लेखक एक तर्क यह देते हैं कि दलित साहित्य की विशेषता आनंद और प्रेम या रसिकता नहीं है, बल्कि वह यातना, वेदना और बेचैनी का साहित्य है जिसके लिए परम्परागत सौंदर्यशास्त्र अनुकूल नहीं है, क्योंकि इसका स्थायी भाव आनंद है। जबकि दलित साहित्य चेतना का साहित्य है और जो साहित्यिक रचना या कलाकृति पाठक की चेतना को जितना अधिक जागृत करेगी वह उतनी ही सुंदर और स्तरीय होगी। शरण कुमार लिंबाले लिखते हैं ''जो कलाकृति अधिकाधिक दलित चेतना जागृत करेगी, वह कलाकृति सर्वश्रेष्ठ होगी।''[7] यह सही है कि ऐसा साहित्य किसी एक व्यक्ति की वेदना का नहीं, बल्कि बहिष्कृत समाज की वेदना का साहित्य बनता है। इसलिए एक व्यक्ति की वेदना का

स्वरूप सामाजिक बन गया है। राजेन्द्र यादव का मानना है कि जो नया सौंदर्यशास्त्र बनेगा वह संघर्ष से शुरू होगा, उस यातना से शुरू होगा, चाहे वह उसको रिअलाइज करने अथवा उस यातना को, उसकी तकलीफ को, उसके भेदक रूप को समझने के रूप में हो, और उसके बदलने की मानसिकता के रूप में हो जिसे हम संघर्ष कहते हैं।[8]

एक बात तो स्पष्ट है कि कोई भी आंदोलन या बड़ी गतिविधि यूं ही एकाएक घटित नहीं हो जाती है, उसकी एक लम्बी प्रक्रिया होती है। दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र के बारे में भी यह बात कही जा सकती है। प्रो. मैनेजर पांडेय ने इस संबंध में कहा है कि 'कोई भी सौंदर्यशास्त्र एक दिन में नहीं बनता। प्रतिरोध और विकल्प का सौंदर्यशास्त्र तो और भी नहीं। हिन्दी में भी कोई विकसित और मौलिक सौंदर्यशास्त्र नहीं है, जो है उस पर संस्कृत और पाश्चात्य सौंदर्यशास्त्र का प्रभाव है। स्वयं पश्चिम में सौंदर्यशास्त्र का विकास कई सदियों में हुआ है। सौंदर्यशास्त्र का जाति, वर्ग और विचारधारा से संबध होता है, जो नहीं मानते हैं वे बेवकूफ है या बदमाश। कलात्मक सौंदर्य के बोध और मूल्यों के निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसीलिए दलित सौंदर्यशास्त्र का विकास दलित समाज, उसकी चेतना, संस्कृति, विचारधारा और दलित सौंदर्यशास्त्र के विकास पर निर्भर है, जो एक लम्बी प्रक्रिया में होगा।'[9] यह कहना ठीक है कि दलित साहित्य में दलित पीड़ा, यातना, दुख और वेदना है, लेकिन यह कहना कि उसमें केवल यही रहेगा, साहित्य के प्रति संकुचित दृष्टिकोण अपनाना है, क्योंकि दलित जीवन में भी हरेक की तरह सुख-दुख, खुशी-गम आए ही होंगे, फिर दोनों स्थितियों के चित्रण के बजाय किसी एक का चयन कर उसे सौंदर्यमूल्य बनाना एकपक्षीय या एकांगी है। शरणकुमार ने भी अपनी पुस्तक में कहा है कि ''मनुष्य केवल आनंद और सौंदर्य के लिए दीवाना नहीं होता, वो समता, स्वतंत्रता, न्याय और प्रेम के लिए भी दीवाना होता है।''[10] हम देख सकते हैं कि दलित लेखन प्रेम, आनंद जैसे जीवन-मूल्यों को दलित साहित्य का अंग नहीं मानता है जबकि वे जीवन के अहम भाग हैं। कहीं इसकी वजह यह सोच तो नहीं कि प्रेम इत्यादि तत्वों की व्याख्या के लिए पारम्परिक सौंदर्यशास्त्र का सहारा लेना पड़ जाएगा, इसलिए उससे बचना चाह रहे हों। डॉ. धर्मवीर के अनुसार ''वास्तव में यह अभिशाप को कायम रखने वाली बात है कि दलित साहित्यकार प्रेम, सौंदर्य और जीवन की समग्रता और पूर्णता के गीत नहीं गा सकता है।''[11] माता प्रसाद ने सौंदर्य के संबंध में अभिजन और दलित दृष्टि के अन्तर को रेखांकित करते हुए कहा है कि अभिजन अपने हिसाब से सौंदर्यबोधी विषयों को देखते हैं, इसलिए उन्हें दलित जीवन संदर्भों में सौंदर्य दिखाई नहीं पड़ता है। इस संबंध में कहा जा सकता है कि सौंदर्यबोध या सौंदर्यदृष्टि तो सबकी अलग-अलग होती ही है, इसलिए जैसा देखेंगे वैसा बोलेंगे। लेकिन कई बार इसमें भी आपके संस्कार काम करते हैं, आपकी पारिवारिक और शैक्षिक पृष्ठभूमि काम करती है। इस आधार पर सभी अभिजनों को माता प्रसाद की तरह एक ही श्रेणी में रखना सवर्णों के प्रति पूर्वग्रह है। साहित्य के सौंदर्य की चर्चा करते हुए माता प्रसाद ने लिखा है कि साहित्य सौंदर्य नारी सौंदर्य की तरह है। नारी सौंदर्य के दो रूप हैं- बाह्य और आंतरिक। बाह्य सौंदर्य में उसका रूप-रंग, नाक, नक्श, साज शृंगार और आभूषण आते हैं, जबकि आंतरिक सौंदर्य में उसका आचरण, स्वभाव, विनम्रता, सभ्यता और कार्यकुशलता आती है।...दलित साहित्य गोरी चमड़ी और आकर्षक नाक-नयन वाली, कुंठित, गर्वित फूहड़ स्त्री नहीं है। वह सामान्य रूप रंग की सुघड़, सुशील औरत है जो सब की सेवा और सम्मान करती है। सब को प्यार देती है।[12] इस उद्धरण में दो समस्याएं बहुत प्रत्यक्ष हैं एक तो यही कि इसमें दलित साहित्य की एक आदर्श छवि प्रस्तुत की गई है, जबकि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। 'सुघड़-सुशील' होने और 'सबको प्यार देने' की बजाय दलित साहित्य अनगढ़ता (जो यथार्थ का पर्याय है) और आक्रोश पर बल देता है। दूसरी ओर ज्यादा आपत्तिजनक बात यह है कि इसमें स्त्री का जो रूपक इस्तेमाल किया है, उसमें पारम्परिक पितृसत्तात्मक आग्रह बहुत साफ दिखाई देते हैं। वैकल्पिक सौंदर्यशास्त्र का निर्माण पारम्परिक मूल्यबोध के सहारे नहीं किया जा सकता।दलित साहित्य को रस, छंद, अलंकार और कमनीय भाषा के विरोध के आधार पर भी 'अभिजन साहित्य' से अलगाया जाता है। ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं पारम्परिक सौंदर्यशास्त्र के प्रतिमानों से भिन्न दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र की आवश्यकता दलित लेखक महसूस करते हैं ... पारम्परिक सौंदर्यशास्त्र पंडित जगन्नाथ के 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' को सूत्र की तरह दोहराता है। जबकि दलित लेखकों की दृष्टि में साहित्य आचार्यों द्वारा निर्मित 'रस' अधूरे एवं पूर्वग्रहों से पूर्ण हैं। दलित साहित्य विद्रोह और नकार के संघर्ष से उपजा है। घोषित रसों के द्वारा दलित रचनाओं के इस केंद्रीय भाव का मूल्यांकन नहीं हो सकता है।[13] लेकिन क्या वह इनका पूर्णतः निषेध कर पाया है? स्वयं क्रोध और आक्रोश भी 'रस' की ही अभिव्यक्तियां हैं। जहां तक कमनीय भाषा का सवाल है उसका कुछ रूप तो कंवल भारती की इस कविता में देख ही सकते हैं-

'वह चंदन सी उसकी महक
खिलखिलाते मोतियो सी मुस्कान
गुलाबी होंठ और उभरे वक्षों का स्पर्श / मैं अब भूल गया हूं।'

विलासिता का विरोध करने के अति उत्साह में कोमल भावनाओं और भाषा का भी विरोध करने लगना एक तरह का अतिवाद है, जिससे सावधान रहने की जरूरत है। दलित आलोचना का एक तर्क यह है कि दलित साहित्य तनाव उत्पन्न करने वाला है। मतलब यह कि दलित साहित्य में व्यक्त विद्रोह, संघर्ष, यातना, बेचैनी, आक्रोश आदि आश्वस्त करने की बजाय तनाव पैदा करते हैं। अतः इस तनाव को अभिव्यक्त करने के लिए अलग सौंदर्यशैली होनी चाहिए। डॉ. एन. सिंह का कहना है कि दलित साहित्य का शब्द सौंदर्य प्रहार में है, सम्मोहन में नहीं। वह समाज और साहित्य में शताब्दियों से चली आ रही सड़ी-गली परम्पराओं पर बेदर्दी से चोट करता है।... उनके लिए जिस शाब्दिक प्रहार क्षमता की आवश्यकता है, वह उसमें है और यही दलित साहित्य का शिल्प सौंदर्य है।[14]

निष्कर्ष ;-

सौंदर्यशास्त्र सौंदर्य की धारणाओं को समाहित करने वाली एक व्यापक अवधारणा है। वह एक कला रूप का कलाशास्त्र या साहित्यशास्त्र नहीं है, बल्कि सभी कलाओं का एक शास्त्र है। साहित्य मूल्यांकन के प्रतिमानों और सौंदर्यशास्त्र के सिद्धांतों में कुछ मूलभूत अन्तर भी हैं या नहीं? जिन आधारों पर दलित चिंतकों ने दलित साहित्य के लिए पृथक्क सौंदर्यशास्त्र की मांग की है, असल में वह नये प्रतिमानों की मांग अधिक लगती है। इससे किसी को कोई विरोध नहीं होना चाहिए कि दलित साहित्य ने पुराने प्रतिमानों को नकार कर नये मानक और प्रतिमान गढ़ने चाहें हैं। यह सही है कि रचनाशीलता बदलती है, तो प्रतिमान भी बदलते हैं। दलित साहित्य के संदर्भ में भी यह लागू होता है। दलित साहित्यकारों ने कहा है कि दलित साहित्य में यातना, पीड़ा, आक्रोश, संघर्ष और भोगा हुआ यथार्थ है। वे दलित साहित्य में पहली बार यथार्थ अभिव्यक्ति करने का दावा भी करते है और ठीक करते हैं, लेकिन जब ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं कि ''पारम्परिक सौंदर्यशास्त्र में उन अनुभवों के मूल्यांकन और आशयों के विश्लेषण की क्षमता ही नहीं है, फिर मूल्यांकन कैसे होगा? किस आधार पर होगा?''[15] तो असल में वे किसकी मांग कर रहे हैं- मूल्यांकन के प्रतिमानों की अथवा नये सौंदर्यशास्त्र की? वास्तविकता यही है कि वे प्रतिमानों की बात कर रहे हैं। विभिन्न कलाओं के विभिन्न सौंदर्यशास्त्र नहीं हो सकते हैं, पृथक सौंदर्यशास्त्र किसी एक कलारूप या साहित्यालोचन का नहीं हो सकता है, दलित साहित्य भी साहित्यालोचन तक सीमित है, इसलिए अभी काव्यशास्त्र, साहित्यशास्त्र, आलोचनाशास्त्र या आलोचना पद्धति की बात तो की जा सकती है, लेकिन पृथक्क सौंदर्यशास्त्र की नहीं। उसके लिये अभी थोड़ा इन्तजार और ज्यादा प्रयत्नों की जरूरत है।

*****

संदर्भ :-

1.शरणकुमार लिंबाले, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 114
2.वही, पृष्ठ 120
3.ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 50-51
4.सूरज बड़त्या, सत्ता, संस्कृति और दलित सौंदर्यशास्त्र, अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रिब्यूटर्स (प्रा.) लिमिटेड, नई दिल्ली, प्र. सं. , 2010, पृष्ठ 151
5.शरणकुमार लिंबाले, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 116
6.ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 48
7.शरणकुमार लिबाले, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 114
8. रमणिका गुप्ता (संपा.), युद्धरत आम आदमी, अंक 41-42, 1998, पृष्ठ 126
9.रमणिका गुप्ता (संपा.), दलित-चेतना : सोच, नवलेखन प्रकाशन, हजारीबाग, बिहार, प्र. सं. 1998, पृष्ठ 10 शरणकुमार लिंबाले, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 115
11.जयप्रकाश कर्दम (संपा.), दलित साहित्य वार्षिकी 2000, पृष्ठ 38
12.माता प्रसाद (संपा.), दलित साहित्य : दशा और दिशा, भारतीय दलित साहित्य अकादमी, पृष्ठ 7
13.ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 48
14.डॉ. एन. सिंह, मेरा दलित चिंतन, कंचन प्रकाशन, 1998, पृष्ठ 4
15.ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 49

हिन्दी आत्मकथा में दलित स्त्री विमर्श

(कौसल्या बैसन्त्री की आत्मकथा 'दोहरा अभिशाप' के विशेष सन्दर्भ में)

डॉ.विनोद कुमार विलासराव वायचळ 'वेदार्य'
अध्यक्ष, शोध निर्देशक एवं निमंत्रित सदस्य
हिंदी विभाग हिंदी अध्ययन मंडल
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा,विश्वविद्यालय
उस्मानाबाद,औरंगाबाद

शोधसार :-

प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक भारतवर्ष में एक कुरीति चल पड़ी थी। जिसमें 'स्त्री शूद्रोऽनाधियतां इति श्रुते: ।' कहकर मानव समाज के एक महत्वपूर्ण अंग को मानव बनने ही नहीं दिया। आधुनिक हिंदी साहित्य के इतिहास में सत्तर के दशक में 'स्त्री विमर्श' और नब्बे के दशक में 'दलित विमर्श' जैसी अवधारणाएँ सामने आ गयीं और परम्परागत साहित्यिक ढांचें में एक प्रकार का परिवर्तन देखने को मिला। यह परिवर्तन मात्र परिवर्तन नहीं था, अपितु युगांतकारी परिवर्तन था। हालाँकि ....हिंदी में दलित स्त्री के पहली आत्मकथा कौसल्या बैसन्त्री लिखित 'दोहरा अभिशाप' (1999) है। इस आत्मकथा ने केवल अभिजात साहित्य में ही नहीं अपितु दलित साहित्य में भी एक हाहाकार उठा दिया था। दलित पुरुषों ने इस आत्मकथा के विरोध में ऐसा तूफ़ान खडा किया कि अगले 12 वर्षों तक अन्य किसी दलित स्त्री ने आत्मकथा लिखने का साहस ही नहीं किया। यद्यपि सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' (2011) के प्रकाशन के उपरांत अन्य दलित स्त्रियों की आत्मकथाएँ सामने आ गयीं। जिनमें सुशीला राय की 'एक अनपढ़ कहानी', रजनी तिलक की 'अपनी जमीं, अपना आसमाँ', अनिता भारती की 'छूटे पन्नों की उड़ान', कावेरी की 'टुकड़ा टुकड़ा जीवन', सुमित्रा महरोल की आत्मकथा 'टूटे पंखों से परवाज तक' और कौशल पवार की 'बवंडरों के बीच'! किन्तु जिस समय जितना साहस कौसल्या बैसन्त्री ने किया, उतना साहस कम से कम उस समय तक तो कोई दलित स्त्री नहीं कर सकी।

कुंजी शब्द :- शूद्र,हरिजन, दलित, महात्मा ज्योतिराव फुले, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, ऑल इण्डिया शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेण्ट फेडरेशन, मिनीसोटा विश्वविद्यालय (अमेरिका), बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (काशी), पंजाब विश्वविद्यालय (चंडीगढ़), स्वाधीनता सेनानी, चिन्तक, लेखक, दलित पुरुष की 'पत्नी', परमेश्वरी प्रकाशन, हंस पत्रिका, अभिशप्त जीवन, अवहेलना, विधुर, मृत्यु, अन्तिम संस्कार, आन्दोलनकर्त्री, राष्ट्रपति, तलाक, संघर्ष, गुजारा भत्ता आदि।

परिचय :-कौसल्या बैसन्त्री का जन्म 8 दिसम्बर 1927 के दिन महाराष्ट्र के नागपुर महानगर की खलासी लाईन में हुआ। आपकी माता का नाम भागीरथी और पिता का नाम रामाजी कान्हजी नन्देश्वर था। कौसल्या की नानी बाल-विधवा थी। बाद में उसका पुनर्विवाह एक जमींदार से हो गया। लेकिन ये नानाजी बड़े गुस्सैल थे। रोज के झगड़े से तंग आकर नानी अपने बच्चों को लेकर नागपुर चली आई। यात्रा में ही उनकी दो सन्तानें एक बेटा और एक बेटी काल के गाल में समा गये। केवल कौसल्या की माँ भागीरथी ही बच पाई। बाद में नानी जी की पण्ढरपुर यात्रा से लौटते समय मृत्यु हो गई। माता भागीरथी और पिता रामाजी स्वयं प्रौढ़ शिक्षा अभियान के तहत पढ़ना-लिखना सीख चुके थे। कौसल्या के माता-पिता ने डॉ. बाबासाहब आम्बेड़कर जी का भाषण सुनकर अपनी सभी सन्तानों को पढ़ाने का निर्णय लिया। पिता जी जब कबाड़ी का व्यवसाय करते थे, तभी से कौसल्या को पढ़ने का चस्का लगा। वह मराठी और हिन्दी की पत्रिकाएँ पढ़ती रहती। कौसल्या ने इन्हीं दिनों हिन्दी के सुविख्यात कहानीकार पण्डित चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी 'उसने कहा था' भी पढ़ी। आपको हिन्दी उपन्यासों का मानो व्यसन लग चुका था। विवाह से पूर्व कौसल्या की शिक्षा नागपुर के हिस्लॅप महाविद्यालय में इण्टरमीजिएट तक हो चुकी थी। कौसल्या ने कुछ दिनों तक 'इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट' में क्लर्क का काम भी किया। उन्होंने मात्र नौंवी कक्षा से ही सामाजिक कार्यों में सहभागी होना आरम्भ किया। वे 'वामदल', 'महिला समिति', 'बरार शेड्युल्ड कास्ट स्टूडेण्ट फेडरेशन', 'ऑल इण्डिया शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेण्ट फेडरेशन', 'नागरिक कल्याण समिति' और 'भारतीय महिला जागृति परिषद' से सम्बन्धित रही।

1947 के ऑल इण्डिया शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेण्ट फेडरेशन के नागपुर अधिवेशन में उनकी मुलाकात प्रसिद्ध दलित चिन्तक डॉ. देवेन्द्रकुमार बैसन्त्री से हुई। दोनों में वैचारिक समानता के कारण मैत्री भाव जागृत हो गया। दोनों में पत्र-व्यवहार चलता रहा। देवेन्द्रकुमार एम. ए., एल. एल. बी. तक पढ़े लिखे विद्वान थे। हिन्दी-अंग्रेजी के लेखक, ताम्रपत्र प्राप्त स्वाधीनता सेनानी, प्रामाणिक सरकारी अधिकारी (उप प्रधान सूचना अधिकारी) और आम्बेड़करवादी चिन्तक के रूप में विख्यात रहे। उन्होंने बीस से भी अधिक पुस्तकें और सौ से भी अधिक लेख-शोधालेखों का लेखन हिन्दी-अंग्रेजी भाषाओं में किया है। आपकी पुस्तकों में 'डॉ. आम्बेड़कर : ए टोटल रिवोल्यूशनरी' अत्यन्त प्रसिद्ध है, जो अमरिका के मिनीसोटा विश्वविद्यालय में सन्दर्भ ग्रन्थ के रूप में प्रयुक्त हो रही है। आपको बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी ने के सामाजिक क्रान्तिकारी' भी पर्याप्त लोकप्रिय रही है। देवेन्द्र जी मानवेन्द्रनाथ रॉय के 'रॅडिकल डेमोक्रॅटिक पार्टी' और 'उत्तर प्रदेश शेड्युल्ड कास्ट फेडरेशन' से भी सम्बद्ध रहे हैं।अनुसन्धान परक शोधकार्य 'सोशल लेजिस्लेशन इन इण्डिया' पर डी. लिट. यह सर्वोच्च उपाधि भी प्रदान की है। आपकी एक पुस्तक 'भारत 16 नवम्बर 1947 के दिन कौसल्या और देवेन्द्रकुमार का विवाह सम्पन्न हो गया। विवाह के बाद कौसल्या ने पंजाब विश्वविद्यालय से बी. ए. उपाधि भी प्राप्त की। उनके चार बेटे और एक बेटी हुए। किन्तु.....किन्तु....किन्तु इतने बड़े स्वाधीनता सेनानी, चिन्तक और लेखक का दाम्पत्य तथा पारिवारिक जीवन अत्यन्त विरोधाभासी था। देवेन्द्रकुमार विधुर हैं यह जानकर भी कौसल्या ने उनके साथ विवाह किया था। किन्तु वे पन्द्रह-पन्द्रह दिनों तक बिना बताये घर के बाहर ही रहते थे। उनका परिवार की ओर किसी प्रकार का ध्यान नहीं था। दो बेटों की मृत्यु और अन्तिम संस्कार के समय भी वे अपने परिवार के साथ नहीं थे। चालीस वर्षों तक हर रोज की गन्दी-गन्दी गालियाँ, मार पीट, अमानुष व्यवहार से तंग आकर कौसल्या ने देवेन्द्रकुमार से कानूनन तलाक ले लिया और अपने पति से दस वर्षों तक न्यायालयीन लड़ाई लड़ते हुए गुजारा भत्ता पाकर ही रहीं। हालाँकि वे अपने बेटे आतिशकुमार या बेटी सुजाता के घर रहते हुए सुखपूर्वक जीवन बिता सकती थी। पर उन्होंने न्याय मिलने तक अपने पति से साथ संघर्ष किया। यही दलित स्त्री का अपने दलित पति के प्रति विमर्श है दलित विमर्श से साथ-साथ स्त्री विमर्श है। सही मायने में वे इस 'दोहरे अभिशाप' से मुक्त हो पाई हैं।

प्रेरणा :-

कौसल्या बैसन्त्री के इस संघर्ष पूर्ण जीवन को शब्दबद्ध करने की प्रेरणा देने का कार्य मराठी की सुप्रसिद्ध लेखिका कुमुद पावड़े, ऊर्मिला पवार और मीनाक्षी मून ने दी। [1] क्योंकि इन लेखिकाओं के सामने इसी तरह की आत्मकथा पहले से ही विद्यमान थी। मराठी दलित स्त्रियों की आत्मकथाएँ जैसे - बेबी कांबळे की आत्मकथा 'जिणं आमुचं', शांताबाई कांबळे की 'माझ्या जल्माची चित्तर कथा', शांताबाई दाणी की 'रात्रंदिन आम्हां', उर्मिला पवार की 'आयदान', कुमुद पावडे की 'अंत:स्फोट', मुक्ता सर्वगौड की 'मिटलेली कवाडें', यशोधरा गायकवाड की ''मी माझी', जनाबाई गिऱ्हे की 'मरणकळा', विमल गोरे की 'तीन दगडांची चूल', सुविख्यात दलित चिन्तक और कवि नामदेव ढसाळ की पत्नी मल्लिका अमर शेख की आत्मकथा 'मला उध्वस्त व्हायचयं' थी।

अन्य भारतीय भाषाओं में भी 'लाइफ ऑफ़ ए अनटचेबल' (अंग्रेजी- वीराम्मा), 'करक्कू' (तमिल - बामा फ्युस्टेना मेरी), 'आलो अंधारी' (बंगाली - बेबी हालदार), 'आमी केनो चांडाल लिखी' (बंगाली - कल्याणी ठाकुर) आदि कौसल्या बैसन्त्री ने 78 वर्ष की आयु में 1999 में अपनी आत्मकथा 'दोहरा अभिशाप' लिखी। कौसल्या इन लेखिकाओं को इस बात का श्रेय अवश्य देती हैं। किन्तु कौसल्या बैसन्त्री के जीवन और लेखन का सही-सही प्रेरणास्रोत तो महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. बाबासाहब आम्बेड़कर ही हैं। क्योंकि इन दोनों महापुरुषों ने ही सही अर्थ में स्त्री-शिक्षा और स्त्री की आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को साबित किया। इस गुरुतर कार्य के लिए फुले को अपने पिता का घर छोड़ना पडा तो डॉ. आंबेडकर को मंत्री पद से त्यागपत्र देना पडा। अतः यह आत्मकथा हिन्दी की पहली दलित महिला आत्मकथा सिद्ध होती है।

किसी मराठी भाषी परिवार में जन्मी दलित स्त्री ने अपनी आत्मकथा के लिए हिंदी भाषा का चयन करना भी एक सोद्देश्य प्रक्रिया है। कौसल्या बैसन्त्री लिखती हैं – " मेरी मातृभाषा मराठी है, परन्तु मैंने अपना कथ्य हिंदी में लिखा है । हिंदी और मराठी की लिपि एक ही है (देवनागरी) । इसलिए हिंदी में लिखने में ज्यादा दिक्कत नहीं आयी। फिर भी मात्रा और व्याकरण की गलतियाँ हो सकती हैं। मातृभाषा मराठी होते हुए हिंदी में लिखने का प्रयोजन क्यों ? क्योंकि हिंदी में दलित स्त्रियों के आत्मकथा साहित्य का अभाव है। "[2]

1999 में अपनी आत्मकथा 'दोहरा अभिशाप' और हंस पत्रिका के दिसम्बर 2004 के विषेशांक के लेख के अतिरिक्त उन्होंने कुछ भी नहीं लिखा। अर्थात् कौसल्या बैसन्त्री की एकमात्र रचना 'दोहरा अभिशाप' ही है। कौसल्या बैसन्त्री की 24 जून 2011 के दिन जीवन के 84 पतझर देखकर मृत्यु हो गई।

कथ्य :-

कौसल्या बैसन्त्री की आत्मकथा 'दोहरा अभिशाप' दिल्ली के परमेश्वरी प्रकाशन के द्वारा 1999 में प्रस्तुत हो गई। इस आत्मकथा को मात्र 124 पृष्ठों में और 28 प्रकरणों में शब्दबद्ध किया गया है। इस आत्मकथा के शीर्षक से ही स्पष्ट होता है कि विवाह से पूर्व 'दलित' के रूप में जन्म लेने का अभिशाप और विवाह पश्चात् जीवन में 'दलित' होने के साथ-साथ एक दलित पुरुष की 'पत्नी' होने के दोहरे अभिशाप का दर्द सहनेवाला लेखिका का अभिशप्त जीवन कितना खतरनाक रहा होगा। एक तो दलित और ऊपर से महिला या एक तो महिला और ऊपर से दलित इन दोनों रूपों में इस शीर्षक की सार्थकता अनुभूत होती है। लेखिका ने अपनी इस आत्मकथा में तीन पिढ़ियों के संघर्ष को चित्रित करने का सफल और सार्थक प्रयास किया है। लेखिका तो अपने पिता की प्रेरणा से शिक्षित तो होती है, पर इस बात के लिए उसके माता-पिता को अत्यन्त वेदनामय जीवन जीना पड़ता है। बचपन से लेकर बुढ़ापे तक लेखिका को केवल और केवल अवहेलना का ही सामना करना पड़ा है। इसी अवहेलना का सहजात विद्रोह भी लेखिका में मन में पलता रहता है। किन्तु विवाहोपरान्त की परिस्थिति और अधिक गम्भीर हो जाती है। पति विद्वान तो होता है किन्तु पितृसत्ताक मानसिकता से प्रभावित होता है। विवाह पूर्व की आन्दोलनकर्त्री पत्नी विवाह के बाद मात्र एक वस्तु ही बन जाती है। उच्च शिक्षित होने के बावजूद लेखिका को केवल घर के कामों में ही उलझाया जाता है। पैसे-पैसे के लिए मोहताज किया जाता है।

सुप्रसिद्ध आलोचक प्रो. डॉ. गरिमा श्रीवास्तव जी लिखती हैं – " स्त्री आत्मकथ्यों पर विचार करने के लिए मोटे तौर पर चार निकष ग्रहण किये जा सकते हैं जिनमें जाति, वर्ग, वर्ण, जेंडर (लिंग) के साथ सम्प्रदाय या धर्म को भी देखा जाना चाहिए।"[3]

स्वकथन पर सामुहिक अभिव्यक्ति :-

यदि गहन अध्ययन किया जाए तो यह पता चलता है कि कौसल्या बैसन्त्री की आत्मकथा व्यक्तिगत अभिव्यक्ति न होकर समूह की अभिव्यक्ति ही है। लेखिका बचपन में ही जातिगत अभिशाप को भोगती है। वे लिखती हैं - ''मैं अस्पृश्य हूँ, यह भावना मेरे मन से जाती ही नहीं थी। मुझे स्कूल में रखे पानी के घड़े से पानी निकालकर पीने में भी डर लगता था।''[4] बार बार होनेवाले अपमान से संत्रस्त होकर कौसल्या हीन भावना से ग्रस्त हो जाती है। वह स्कूल के किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रम,नाटक, खेल, प्रतियोगिता आदि में हिस्सा नहीं ले पाती। ''एक तो दलित जाति से, दूसरे ग़रीबी, तीसरे स्त्री होने के कारण लेखिका को कई बार अपमानित और बेइज्जत होना पड़ा। स्कूल में हुए अपमान लेखिका के ऊपर पुस्तक चोरी का झूठा इल्जाम तथा कक्षा की पिकनिक में लेखिका की तेल की शीशी का प्रयोग न करना लेखिका के बाल मन में बुरी तरह से हीन भावना पैदा कर गया।''[5]

सवर्णों के लड़के, लड़कियाँ और औरतें उस पर घृणास्पद रीति से हँसती थी। ''ये हरिजन बाई जा रही है। दिमाख तो देखो इसका बाप तो भिखमँगा है और ये साईकिल पर जाती है।''[6] जब कौसल्या के साथ लैंगिक दुर्व्यवहार करने की कोशिश की जाती है। किन्तु वह साहसपूर्वक प्रयासों से स्वयं को बचाती है। गृहस्थी में आर्थिक अभाव का होना सबसे बड़ा अभिशाप होता है। कौसल्या अपने पति से छोटी-छोटी चीजों के लिए पैसे माँगती तो उन्हें निराश होना पड़ता। वे लिखती हैं - ''मेरे कपड़े, चप्पल की सिलाई के लिए पैसे लेने में बहुत पीछे पड़ना पड़ता था, तब पैसा देता था। वे भी पूरे नहीं पड़ते थे। कभी नहीं भी देता। जब अगले महिने पैसे देने की बात आती तब कुछ-न-कुछ कारण निकालकर झगड़ा करता। मारने दौड़ता। ''[7]

डॉ. बाबासाहब आम्बेड़कर जी के विचारों के प्रेरित होकर जीवनभर संघर्ष करती है और पति से प्रताडना सहकर भी अन्याय को चुपचाप न सहते हुए विरोध करती है। देवेन्द्र कुमार के बारे में लेखिका कहती है - ''अपने मुँह से कहता हूँ मैं बहुत शैतान आदमी है। उसने मेरी इच्छा, भावना, खुशी की कभी कद्र नहीं की। बात-बात पर गाली वह भी गन्दी-गन्दी और हाथ उठाता। मारता भी वह बहुत क्रूर तरीके से। ''[8] पति से तलाक भी ले लेती है। दस वर्षों का कड़ा संघर्ष कर पति के अत्याचारों से मुक्त हो जाती है। न्यायालय से भी खण्डित न्याय मिलने पर कौसल्या 'महिला समता समाज' के माध्यम से राष्ट्रपति ज्ञानी जैलसिंह से मिलकर दलित महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में संवाद भी करती है और अन्ततः न्याय पा ही लेती है।

ऐसी महान देवी को 11 वीं बरसी पर कोटी-कोटी नमन !!!

******

सन्दर्भ:-

1. कौसल्या बैसन्त्री कृत दोहरा अभिशाप: एक अनुशीलन- डॉ. भीमराव पाटिल, प्रा. वर्षा कांबळे, पृ. 17
2. दोहरा अभिशाप - कौसल्या बैसन्त्री, पृ. 4
3. दलित स्त्री की आत्मकथाएँ : अकिंचन स्वरों की महाप्राण पुकार – गरिमा श्रीवास्तव, पृ. 1
4. दोहरा अभिशाप - कौसल्या बैसन्त्री, पृ. 53
5. अपेक्षा (सम्पादक-तेजसिंह) जुलाई-दिसम्बर 2010, पृ. 23
6. दोहरा अभिशाप - कौसल्या बैसन्त्री, पृ. 61
7. दोहरा अभिशाप - कौसल्या बैसन्त्री, पृ. 105
8. दोहरा अभिशाप - कौसल्या बैसन्त्री, पृ. 104

समाज में दलित वर्ग की पीड़ा और मुक्ति का सशक्त दस्तावेज : 'जूठन'

-डॉ. राजन तनवर
एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय
सोलन, जिला सोलन हि.प्र. 173212
मो. 94189-78683

ज्ञान की बड़ी-बड़ी बातें कहकर दूसरों को उपदेश देने वाले तथा सभ्य समाज की दुहाई देने वाले जाति का नाम सुनकर ही अपने हाव-भाव बदल देते हैं। भारतीय समाज में 'जाति' एक महत्वपूर्ण घटक है। जाति पैदा होते ही व्यक्ति की नियति तय कर देती है। जो स्वयं को इस देश की संस्कृति के तथाकथित संरक्षक कहते हैं, क्या अपनी इच्छा से उन घरों में पैदा हुए हैं जहां से वे वर्णवादी व्यवस्था का संचालन करते हुए हर दिन एवं हर पल अन्यों की भावना को आहत करते हुए स्वयं को गौर्वान्वित महसूस करते हैं ? या जिनका वे शोषण करते हैं अपनी इच्छा से उन परिवारों में जन्में हैं जो जन्म से ही शोषण सहने के लिए तैयार रहते हैं । अपने एवं अपने पूर्वजों के ज्ञान एवं पौरूष का यशोगान करने वाले यदि इतने महान होते तो निर्धनता, निराशा, अज्ञानता, संकीर्णता, कूपमंडूकता, धार्मिक जड़ता, पुरोहितवाद के चंगुल में फंसा, कर्मकांड में उलझा समाज हारता ही क्यों रहा? कभी यूनानियों से हारा, कभी शकों से, कभी हूणों से, कभी अफगानों से, कभी मुगलों, फ्रांसीसियों एवं अंग्रेजों से हारा किंतु फिर भी अपनी वीरता एवं महानता के नाम पर कमजोर एवं असहायों को पीटकर, स्त्रियों की आबरू को तार-तार करते रहे, निर्बलों के घर फूंककर बलशाली कहलाते रहे।'जूठन' आत्मकथा में वर्णित ओमप्रकाश वाल्मीकि की पीड़ा उन सभी इन्सानों की पीड़ा है जिन्हें युगों-युगों से इन्सान होते हुए भी इन्सान नहीं समझा गया, जो पशु से भी बदतर दुर्व्यवहार सहने के आदि रहे हैं। शोषकों का आत्मश्लाघा में डूबकर सच्चाई से मोड़ लेना कौन सी बुद्धिमता है- "जोहड़ी के किनारे पर चूहड़ों के मकान थे, जिनके पीछे गॉव भर की औरतें, जवान लड़कियॉ, बड़ी-बूढ़ी, यहाँ तक कि नई नवेली दुल्हनें भी इसी डब्बोवाली के किनारे खुले में टट्टी- फरागत के लिए बैठ जाती थीं। रात के अंधेरे में ही नहीं, दिन के उजाले में भी पर्दो में रहने वाली त्यागी महिलाएँ, घूंघट काढ़े दुशाले ओढ़े इस खुले सार्वजनिक शौचालय में निवृति पाती थीं। तमाम शर्म - लिहाज छोड़कर वे डबबोवाली के किनारे गोपनीय जिस्म उघाड़कर बैठ जाती थीं। इसी जगह गाँव भर के लड़ाई-झगड़े गोलमेज कॉनफ्रेंस की शक्ल मे चर्चित होते थे। चारो तरफ गंदगी भरी होती थी। ऐसी दुर्गंध कि मिनट भर में सांस घुट जाए। तंग गलियों में घूमते सूअर, नंग-धड़ंग बच्चे, कुत्ते, रोजमर्रा के झगड़े- बस, यह था वह वातावरण जिसमें बचपन बीता। इस माहौल में यदि वर्ण-व्यवस्था को आदर्श व्यवस्था कहने वालों को दो-चार दिन रहना पड़ जाए तो उनकी राय बदल जाएगी।''[1]

स्वतंत्र भारत में भी छुआ-छूत का मेरे गाँव में ऐसा माहौल था कि सोचकर रूह कॉप जाती हैं। पशुओं से भी बदतर व्यवहार किया जाता था । कुत्ते-बिल्लियों को सहलाया जाता था और हमारे स्पर्श से भी तगाओं के घर तक अपवित्र हो जाते थे- "अस्पृश्यता का ऐसा माहौल क कुत्ते-बिल्ली, गाय भैंस को छूना बुरा नहीं था लेकिन यदि चूहड़े का स्पर्श हो जाए तो पाप लग जाता था। सामाजिक स्तर पर इनसानी दर्जा नहीं था । वे सिर्फ जरूरत की वस्तु थे । काम पूरा होते ही उपयोग खत्म। उपयोग करो, दर फेंको ।हमारे मोहल्ले में एक ईसाई आते थे नाम था सेवकराम मसीही। चूहड़ों के बच्चों को घेरकर बैठे रहते थे। पढ़ना-लिखना सिखाते थे। सरकारी स्कूलों में तो कोई घुसने नहीं देता था | सेवकराम मसीही के पास मुझे ही भेजा गया था। भाई तो काम करते थे। बहन को स्कूल भेजने का सवाल ही नहीं था ।

मास्टर सेवकराम मसीही के खुले, बिना कमरों, बिना चटाई वाले स्कूल में अक्षर ज्ञान शुरू किया था। एक दिन सेवकराम मसीही तथा मेरे पिताजी में खटपट हो गयी थी। पिताजी मुझे लेकर बेसिक प्राईमरी विद्यालय गये थे जो कक्षा पांच तक था । वहाँ मास्टर हरफूल सिंह थे। उनके सामने मेरे पिताजी ने गिड़गिड़ा कर कहा था, "मास्टर जी थारी मेहरबानी हो जागी जो म्हारे इस जाकत (बच्चा) को भी दो अक्षर सिखा दोगे | "[2] प्राथमिक विद्यालय में मुझे प्रवेश दिलवाने के लिए पिताजी का संघर्ष काम आया और मेरा सरकारी विद्यालय में दाखिला हो गया। किंतु विद्यालय में प्रवेश मिलने के बाद मैंने बाल्यकाल से ही जातीय भेदभाव के जो कटु अनुभव झेले थे उनको याद करके आज भी मेरी रूह कांप जाती है-

"अध्यापकों का आदर्श रूप जो मैंनेदेखा वह अभी तक मेरी स्मृति से मिटा नहीं है। जब भी कोई आदर्श गुरू की बात करता है तो मुझे वे तमाम शिक्षक याद आ जाते हैं जो मॉ - बहन की गालियाँ देते थे। सुंदर लड़कों के गाल सहलाते थे और उन्हें अपने घर बुलाकर उनसे वाहियातन करते थे।एक रोज हेडमास्टर कलीराम ने अपने कमरे में बुलाकर पूछा, "क्या नाम है बे तेरा?""ओमप्रकाश,"मैंने डरते-डरते धीमें स्वर में अपना नाम बताया।हेडमास्टर को देखते ही बच्चे सहम जाते थे। पूरे स्कूल में उनकी दहशत थी।"चूहड़े का है?" हेडमास्टर का दूसरा सवाल उछला।"जी।"

"ठीक है... वह जो सामने शीशम का पेड़ खड़ा है, उस पर चढ़ जा और टहनियां तोड़कर झाड़ू बणा ले। पत्तों वाली झाड़ू बणाना। और पूरे स्कूल कू ऐसा चमका दे जैसा सीसा । तेरा तो ये खानदानी पेशा है जा फटाफट लग जा... काम पे ।"हेडमास्टर के आदेश पर मैंने स्कूल के कमरे, बरामदे साफ कर दिए। तभी वे खुद चलकर आए और बोले, "इसके बाद मैदान भी साफ कर दे।"लंबा-चौड़ा मैदान मेरे वजूद से कई गुणा बड़ा था, जिसे साफ करने से मेरी कमर दर्द करने लगी थी। धूल से चेहरा - सिर अंट गया था । मुँह के भीतर धूल घुस गयी थी। मेरी कक्षा बाकी बच्चे पढ़ रहे थे और मैं झाड़ू लगा रहा था । हेडमास्टर अपने कमरे में बैठे थे किंतु निगाह मुझ पर टीकी थी। पानी पीने तक की इजाजत नहीं थी। पूरा दिन मैं झाड़ू लगाता रहा। तमाम अनुभवों के बीच कभी इतना काम नहीं किया था । वैसे भी घर में मैं भाईयों का लाड़ला था । दूसरे दिन स्कूल पहुचा । जाते ही हेडमास्टर ने झाड़ू के काम में लगा दिया। पूरे दिनझाड़ू देता रहा। मन में तस्सली थी कि कल से कक्षा में बैठ जाऊँगा।तीसरे दिन मैं चुपचान कक्षा में जाकर बैठ गया । थोड़ी देर बाद उनकी दहाड़ सुनाई पड़ी, अबे ओ चूहड़े के, मादरचोद कहाँ घुस गया...अपनी मॉ....."उनकी दहाड़ सुनकर मैं थर-थर कॉपने लगा था । एक त्यागी के लड़के ने चिल्लाकर कहा । "मासाहब, ओ बैट्ठा है कोणे में ।"हेडमास्टर ने लपककर मेरी गर्दन दबोच ली थी। उनकीउँगलियों का दबाव मेरी गर्दन पर बढ़ रहा था। जैसे कोई भेड़िया बकरी के बच्चे को दबोचकर उठा लेता है। कक्षा से खींचकर उसने मुझे बरामदे में ला पटका । चीखकर बोले, " जा लगा पूरे मैदान में झाड़ू नहीं तो...गांड में मिर्ची डाल के स्कूल के बाहर काढ़ (निकाल) दूंगा ।''[3]

इतना सब होते हुए भी मैंने स्कूल जाना नहीं छोड़ा तथा स्कूल में हेडमास्टर द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के बारे में पिता जी को नहीं बताया । हेडमास्टर के भय से मैं स्कूल पहुँचते ही झाड़ू लगाने लग जाता—"मेरे पिताजी अचानक स्कूल के पास से गुजरे। मुझे स्कूल के मैदान में झाड़ू लगाता देखकर ठिठक गए । बाहर से ही आवाज देकर बोले, मुशी जी, यो क्या कर रा है?" वे प्यार से मुझे मुशी जी ही कहा करते थे। उन्हें देखकर मैं फफक पड़ा। वे स्कूल के मैदान में मेरे पास आ गए। मुझे रोता देखकर बोले, मुंशी जी... रोते क्यों हो ? ठीक से बोल, क्या हुआ है ? मेरी हिचकियाँ बंध गई थीं। हिचक- हिचककर पूरी बात पिता जी को बता दी कि तीन दिन से झाड़ू लगवा रहे हैं । कक्षा में पढ़ने भी नहीं देते।पिताजी ने मेरे हाथ से झाड़ू छीनकर दर फेंक दी। उनकी आँखों में आग की सी गर्मी उतर आयी थी। हमेशा दूसरों के सामने तीर-कमान बने रहने वाले पिताजी की लम्बी-लम्बी घनी मूछें गुस्से में फड़फड़ाने लगी थीं। चीखने लगे, कौण सा मास्टर है वो द्रौणाचार्य की औलाद, जो मेरे लड़के से झाड़ू लगवाए है..."पिता जी की आवाज पूरे स्कूल में गूंज गई थी, जिसे सुनकर हेडमास्टर के साथ सभी मास्टर बाहर आ गए थे । कलीराम हेडमास्टर ने गाली देकर पिताजी को धमकाया। लेकिन पिताजी पर धमकी का कोई असर नहीं हुआ। उस रोज जिस हौंसले और साहस से पिताजी ने हेडमास्टर का सामना किया, मैं उसे कभी भूल नहीं पाया । कई तरह की कमजोरियॉ थीं पिताजी में लेकिन मेरे भविष्य को लेकर जो मोड़ उस रोज उन्होंने दिया, उसका प्रभाव मेरी शख्सियत पर पड़ा । हेडमास्टर ने तेज आवाज में कहा था, "ले जा इसे यहा से... चूहड़ा होके पढ़ाने चला है... जाचला जा... नहीं तो हाड़-गोड़ तुड़वा दूँगा ।"पिताजी ने मेरा

हाथ पकड़ा और लेकर घर की तरफ चल दिए। जाते-जाते हेडमास्टर को सुनाकर बोले, "मास्टर हो... इसलिए जा रहा हूँ.. पर इतना याद रखिए मास्टर... यो चूहड़े का यहीं पढ़ेगा...इसी मदरसे में। और यो ही नहीं, और इसके बाद और भी आवेंगे पढ़ने कू। "4 पिताजी ने उस दिन पढ़े-लिखे शक्ति संपन्नों का विरोध किया था, उनसे पूर्व शायद ही मेरे गाँव गे चूहड़ा जाति के किसी व्यक्ति ने ऐसा विरोध किया होगा, हेडगारटर एवं पूरे स्टॉफ को जिसकी कोई उम्मीद नहीं थी उनके सामने आज यह सब हुआ था। युगों से दबी आवाज आज मुँह से बाहर आयी थी। विद्रोह के पहले स्वर की गूंज मेरे विद्यालय के प्रांगण में गूंजी थी, इसी गूंज के जोश ने मुझे ओमप्रकाश से ओमप्रकाश वाल्मीकि बनाया था - "पिताजी को विश्वास था, गाँव के त्यागी मास्टर कलिराम की इस हरकत पर उसे शर्मिंदा करेंगे। लेकिन हुआ ठीक उलटा। जिसका दरवाजा खटखटाया यही उत्तर मिला, क्या करोगे स्कूल भेजके" या कौआ भी कभी हंस बण सके", "तुम अनपढ़ गंवार लोग क्या जाणो, विद्या ऐसे हासिल न होती।" अरे ! चूहड़े के जाकत कू झाड़ू लगाने कू कह दिया तो कौण-सा जुल्म हो गया", " या फिर झाड़ू ही तो लगवाई है, द्रोणाचार्य की तरियो गुरु दक्षिणा में अंगूठा तो नहीं माँगा आदि-आदि। पिताजी थक-हार निराश लौट आए, बिना खाए-पिए रातभर बैठे रहे। पता नहीं किस गहन पीड़ा को भोग रहे थे मेरे पिताजी। सुबह होते ही उन्होंने मुझे साथ लिया और प्रधान सगवा सिंह त्यागी की बैठक में पहुंच गए।पिताजी को देखते ही प्रधान बोले, "अबे छोटन.... क्या बात है? तड़के ही तड़के आ लिया!""चौधरी साहब तम तो कहो ते सरकार ने चूहड़े- चमारों के जाकतों (बच्चों) के लिए मदरसों के दरवाजे खोल दिए हैं। और यहाँ वो हेडमास्टर मेरे इस जाकज कू पढ़ाने के बजाय क्लास से बाहर लाकर दिन भर झाड़ू लगवाए है। जिब यो दिन भर मदरसे में झाड़ू लगवाएगा तो पढ़ेगा कब?" पिताजी प्रधान के सामने गिड़गिड़ा रहे थे। उनकी आँखों में आँसू थे। मैं पास खड़ा पिताजी को देख रहा था ।प्रधान ने मुझे अपने पास बुलाकर पूछा, "कौण-सी किलास में पढ़े है?""जी चौथी में।""म्हारे महेंद्र की क्लास में ही हो?""जी।"प्रधान जी ने पिताजी से कहा, "फिकर न कर, कल मदरसे में इसे भेज देणा। "5पांचवी कक्षा पास करने के बाद सबसे बड़ी समस्या अगली कक्षा में प्रवेश लेने की थी। बड़ा भाई सुखवीर पिताजी का सहारा बन गया था, उसने दिहाड़ी-मजदूरी शुरू कर दी थी। पिताजी को घर चलाना आसान हो गया था। भाई सुखवीर की अचानक मौत होने के कारण परिवार नाजुक दौर गुजर रहा था। जो परिवार मूलभूत सुविधाओं के लिए जुझ रहा हो उसका बालक आगे कैसे पढ़ सकता था। मेरे माता-पिता ने मुझे आगे पढ़ाने का इरादा त्याग दिया था। अपने स्कूल के सहपाठियो को छठी कक्षा में प्रवेश लेकर पढ़ने जाता देखकर मन बहुत उदास होता था- "मैं पाँचवीं कक्षा पास कर चुका था। छठी में दाखिला लेना था। गाँव में ही 'त्यागी इंटर कॉलेज, बरला था, जिसका नाम बदलकर अब 'बरला इंटर कालेज, बरला कर दिया गया है। घर के जो हालात थे उनमें दाखिला लेने का तो सवाल ही नहीं उठता। जहाँ रोटी ही नसीब न हो, वहाँ पढ़ाई की बात कोई कैसे सोच सकता है!

एक दिन मैं सूअर चराकर वापस घर लौट रहा था। रास्ते में सुक्खन सिंह मिल गया। उसने रोककर पूछा, "क्यों मदरसे जाणा छोड़ दिया, आगे नी पढ़ेगा?" मैंने इनकार में सिर हिलाया। वह बहुत दूर तक स्कूल के नए परिवेश की बात करता रहा कि जहाँ पहले प्राईमरी स्कूल में चटाई पर बैठते थे, वहाँ कुर्सी और डेस्क थे। मास्टर पिटाई भी कम करते थे, हर विषय का अलग मास्टर था।जब घर लौटा तो मन उदास था। भीतर ही भीतर कुछ पिघल रहा था। स्कूल न जाने की विवशता ने निराश कर दिया था। बार- बार ईंटर कॉलेज की भव्य ईमारत आँखों के सामने घूम रही थी ।एक यही तो चीज है तेरे पास... उसे भी बेच दें... रख ले इसे।" भाभी नहीं मानी और जिद करके वह पाजेब माँ के हाथ में दे दी ।वैद्य सत्यनारायण शर्मा पुरोहितगिरि के साथ-साथ चाँदी - सोने के जेवर गिरवी रखने, खरीदने और सूद पर चलाने का धंधा करते थे माँ ने पाजेब उनके पास गिरवी रख दी थी, इस तरह छठी कक्षा में मेरा दाखिला हुआ था।''[6]मेरे समाज के बच्चों का पढ़ना एवं पढ़ाई में योग्य होना उच्च वर्ग के लोगों को स्वीकार्य नहीं था वे अयोग्य एवं अपात्र होने पर भी हमारे समाज को आगे बढ़ते हुए नहीं देख सकते थे - "एक दिन मैं स्कूल जाने के लिए कुछ जल्दी ही निकल पड़ा था। घर में कोई घड़ी तो थी नहीं, अंदाज से ही निकलते थे। मेरे पीछे-पीछे सूरजभान तगा का बेटा बृजेश आ रहा था। मुझसे उम्र में काफी बड़ा था। उसके कॉधे पर एक लंबी-सी लाठी थी | शायद खेत पर जा रहा था। मुझे देखते ही उसने कुछ बड़बड़ाना शुरू किया। मैं अनसुना करके चलता रहा। कोठी नहर विभाग का निरिक्षण भवन)के पास पहुंचते ही उसने आवाज दी। स्कूल थोड़ी सी दूर रह गया था, "अबे चूहड़े के, रूक जा।"मैंने मुड़कर उसकी ओर देखा, उसके चेहरे पर शैतानी झलक रही थी। मेरे करीब आकर वह बोला, "तेरे तो सचमुच सिंग निकल आए हैं। तू तो बड़ा शेखी में रहता है। तेरी तो चाल ही बदल गयी है।"बिना उत्तर दिए मैं जाने लगा तो उसने मेरा रास्ता रोक लिया। डॉटते हुए बोला, "सुणा है, तू पढ़ने में हुशियार है।" उसने लाठी का एक सिरा मेरे पेट में गाड़ दिया था, "करके हमें भी तो दिखातू कितना हुशियार है!" वह झगड़े पर उतारू था। मैं झगड़े से बचना चाहता था। मुझे चुपदेखकर वह फिर गुर्राया, कितना भी पढ़ लियो, रहेगा तो चूहड़ा ही...." उसने मुझेलाठी से धकियाया। मै गिरते -गिरते बचा, लेकिन मेरा झोला जमीन पर गिर पर पड़ा था। उसने उस झोले को लाठी में फंसाकर उपर उठा लिया और गोल-गोल घुमाने लगा। मैं उसके आगे गिड़गिड़ा रहा था, मेरी किताबे बिखर जाएंगी....मेरा झोला दे दो... कापियाँ फट जाएंगी..." वह नहीं माना और उसने झोला दूर फेंक दिया। मैं उठाने के लिए दौड़ा तो कहकहे लगाकर हँसने लगा। मेरा झोला सड़क के किनारे खाई में गिर गया था, जहाँ पानी और कीचड़ भरा हुआ था। झोला निकालने में मेरे कपड़े भीग गए थे। पॉव कीचड़ में सन गए थे, झोले में किताबे और कापियॉ भीग गई थी, जिन्हें देखकर मुझे रोना आ गया था।स्कूल के नल पर मैंने हाथ-पॉव धोए थे। किताबें - कापियाँ धूप में सुखाई थीं। मेरा मन बहुत दुखी हो गया था उस रोज। " हाईस्कूल का परीक्षा – फल अखबार में आया था। उन दिनों रोल नम्बर के साथ नाम भी छपता था अखबार में अपना नाम देखकर बहुत खुशी हुई थी।मेरे पास होने की खुशी में पिताजी ने पूरी बस्ती को दावत दी थी। बस्ती में किसी त्यौहार जैसा माहौल था। पहली बार इस बस्ती में किसी ने हाई स्कूल पास किया था। "8उस समय मुझे लगता था जैसे मेरे सामने कोई शिक्षक नहीं, जातीय अह्न में डूबा हुआ अनपढ़ सामंत खड़ा है। रामसिंह कक्षा का सबसे श्रेष्ठ छात्र था। कक्षा का ही नहीं बल्कि पूरे विद्यालय का। हरफनमौला, तेज, कुशाग्र लेकिन फिर भी था तो चमार ही। यह भाव छात्रों से लेकर अध्यापकों तक में था।'' 9एसा कहा जाता है कि शिक्षक माता-पिता के समान होते हैं तथा उनमें ईश्वर का दूसरा रूप बसता है। क्या सभी शिक्षक अपने सारे शिष्यों के साथ समानता का व्यवहार करते हैं? यह प्रश्न आज भी मेरे जहन में उठता है। मेरे गणित के अध्यापक ने मेरी जाति जाननें के बाद किस प्रकार से अपना रूप बदल लिया था—"उन्हीं दिनों नरेंद्र कुमार त्यागी नए-नए लेक्चरार नियुक्त हुए थे। गणित में मास्टर डिग्री लेकर आए थे। देखने में मासूम, मृदुभाषी और बेहद शालीन ! नरेंद्र कुमारत्यागी ग्यारहवीं और बाहरी कक्षाओं को गणित पढ़ाते थे ।मार्च-अप्रेल 1965 के दिन थे। वे कक्षा में थे। गर्मी शुरू हो चुकी थी। उन्हें प्यास लगी थी। उनके ठीक सामने की सीट पर मैं बैठा था। मुझे संबोधित करके उन्होंने कहा, "मटके से एक गिलास पानी लेकर आओ।"प्रिंसिपल के कार्यालय के पास बरामदे में दो बड़े-बड़े मटके रखे होते थे ठंडे पानी के। जैसे ही नरेंद्र त्यागी ने मुझे पानी लाने के लिए कहा, कक्षा में फुसफुसाहट होने लगी।मैं उठकर चल दिया, लेकिन बरामदे से ही वापिस लौट आया, "मास्साहब मैं तो उन मटको को छू भी नहीं सकता, किसी और को भेज दीजिय....."मास्टर साहब ने आश्चर्य से पूछा, "क्यो ?मुझे लगा गणित में मास्टर डिग्री लेकर भी वह मास्टर कितना बौना है जिसमें इतना साहस भी नहीं है कि वह मेरे हाथ से छूकर पानी पी सके। मुझे चंद्रपाल और श्रवण कुमार की याद आयी थी। पढ़ाई में कमजोर थे। लेकिन बेहतर इनसान, प्यारे दोस्त, जिनमें 'जाति' का डर ही नहीं था। अस्पृश्यता के ये दंश मुझे छलनी कर देते थे ''। 10पढ़ाई करने के लिए स्कूल एवं महाविद्यालय स्तर पर 'ओमप्रकाश वाल्मीकि द्वारा झेला गया यातना पूर्ण संघर्ष यदि बुद्धि के साथ जुझने का संघर्ष होता अर्थात वे पढ़ाई में कमजोर होते तो शायद उन्हें बिल्कुल भी पीड़ा दायक महसूस न होता किंतु यह प्रताड़ना उन्होंने स्वातन्त्र्योत्तर भारत में अपने ही देश के वर्णवादी विचारधारा की मानसिकता के शिक्षको एवं अन्यों से झेली थी जो उन्हें कदम-कदम पर मसलने के लिए तैयार रहे थे तथा उन्हें हर पल उनकी जाति का एहसास करवाया था।

*****

संदर्भ ग्रन्थ:-

1.जूठन पहला खंड : ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 11
2 जूठन पहला खंड : ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 12
3 जूठन पहला खंड : ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 14,15
4 जूठन पहला खंड : ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 16
5 जूठन पहला खंड ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 17
6 जूठन पहला खंड ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 23-25
7 जूठन पहला खंड :ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 40-41
8 जूठन पहला खंड : ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 78
9 जूठन पहला खंड : ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 79,80
10 जूठन पहला खंड : ओमप्रकाश वाल्मीकि पृ. 81,82

'गटर का आदमी' : दलित उत्थान एवं बाजारीकरण की यथार्थ अभिव्यक्ति

-दीपाली
पीएच.डी. शोधार्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय
मो. 8750786619

प्रस्तावना :-रूपनारायण सोनकर का उपन्यास 'गटर का आदमी' इनके अन्य दो उपन्यासों 'डंक' और 'सूअरदान' की तजरीह पर दलित साहित्य को नया मोड़ देने वाला उपन्यास है। प्रस्तुत उपन्यास के अंतर्गत रूपनारायण सोनकर ने 'दलित' शब्द को तथाकथित जाति या वर्ण विशेष पर आधारित न मानते हुए, उसे एक विस्तृत अर्थ में लिया है, अर्थात इसमें सभी जाति-वर्ग के मजदूर, किसान, आदिवासी, पिछड़े अल्पसंख्यक, गरीब सवर्ण आदि सभी आ जाते हैं। इस उपन्यास में वर्णित 'गटर' समाज का एक अंग माना गया है, जिसमें हर शोषित व्यक्ति 'गटर का आदमी' है। उपरोक्त सभी वर्ग के लोगों को गटर का आदमी बनाए रखने में बहुत बड़ा हाथ पुरातनपंथियों, परंपरावादियों और शोषकों का रहा है, जो सिर्फ इनका शोषण ही नहीं करते बल्कि इनके उत्थान के लिए लागू की गयी सरकारी योजनाओं तक से इन्हें वंचित रखने का भरसक प्रयास करते हैं। इसी कारण देश की उन्नति भी सरल नहीं हो पायी है क्योंकि 'दरिद्र की उन्नति देश की उन्नति है।' प्रस्तुत उपन्यास में पूरे शोषणचक्र के बीच पिस्ते दलितों में विद्रोह की चिंगारी को उजागर होते हुए दिखाया गया है, जो वर्तमान समय में भले ही उतनी बड़ी और परिवर्तनकारी न हो लेकिन अगली पीढ़ी में यह अपने प्रचंड और विकराल रूप में इस कदर क्रांतिकारी होगी कि बदलाव का स्वर अपने सबसे ऊंचे स्वर में मुखर होकर चिंघाड़ेगा और अपने अधिकारों को छीनेगा।

मुख्य शब्द :- दलित उत्थान, वैश्वीकरण, बाजारीकरण, विकलांगता, गटर का आदमी आदि।

दलित शब्द का सामान्य अर्थ है, 'जिसका दलन हो' अर्थात जिसे कुचला गया हो अथवा दबाया गया हो। दलित शब्द का यह विस्तृत अर्थ रूपनारायण सोनकर के साथ कुछ अन्य आलोचक व लेखक भी स्वीकारते आए हैं, जिनमें नामदेव ढसाल के शब्दों में, "अनुसूचित जातियाँ, बौद्ध, श्रमिक, मजदूर, भूमिहीन किसान और खानाबदोश जातियाँ, आदिवासी आदि सभी 'दलित' हैं।"[1] और शरणकुमार लिंबाले के मतानुसार भी, "दलित केवल हरिजन और नवबौद्ध नहीं। गाँव की सीमा के बाहर रहने वाली सभी अछूत जातियाँ, आदिवासी, भूमिहीन, खेत मजदूर, श्रमिक, कष्टकारी जनता और यायावर जातियाँ सभी की सभी 'दलित' शब्द की परिभाषा में आती हैं।"[2]दलित शब्द के इन्हीं सभी पक्षों पर विचार करते हुए यह उपन्यास 'गटर का आदमी' विस्तृत स्वरूप से दलितों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में देश की विक्लांगता को उजागर करते हुए हमारे समक्ष आता है जिसमें मजदूर, आदिवासी, पीड़ित स्त्रियाँ, गरीब सवर्ण, देवदासियाँ आदि सभी को गटर समाज का अंग माना गया है। उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति और दयनीय दशा को उजागर करने के साथ-साथ सरकारी नीतियों से उनका परिचय तथा उनका संघर्ष भी इस उपन्यास में नायक सौरभ के माध्यम से लेखक के संघर्ष के रूप में दिखाया गया है। यह हमारे देश की विक्लांगता और विडम्बना ही कही जाएगी कि देश की आजादी के 72 वर्ष बीत जाने पर भी आज भी कई वर्ग और उन वर्गों के बच्चे अंधकार भरी जिंदगी जीने को अभिशप्त हैं- "फटे पुराने कपड़े पहने / गरीबों के बच्चे / कूड़ों के ढेरों से / अपनी जिंदगी बीनते हैं"[3] और वह भी सम्पन्न और विकासशील कहे जाने वाले भारत देश में जिसका एक बड़ा तबका ऐसा होता है जो- "भुखमरी, लाचारी, बीमारी में / एक एक पैसा जुटाते हैं"[4]

विकासशील भारत देश दो भागों में बंटा हुआ है, जहाँ एक ओर देश का साधन सम्पन्न, शिक्षित वर्ग है तो वहीं दूसरी ओर देश की गरीबी से त्रस्त, फटेहाल जिंदगी जीने को अभिशप्त, हाँशिये पर पड़ी हुई जनता है- "हम उन कमरों में रह रहे हैं जहां एक कोने में खुला शौचालय, किचन और सोने का कमरा है। हम सदियों से इसी में रहते आए हैं। हमको और हमारे बच्चों को भरपेट भोजन नहीं मिलता है। पहनने को फटे कपड़े हैं। हमारी नौजवान औरतें और लड़कियां चीथड़े पहने बाहर निकलती हैं। एक तरफ तो ऊंची-ऊंची अट्टालिकाएँ हैं। दूसरी तरफ झग्गी-झोपड़ियाँ। एक तरफ विलासिता है दूसरी तरफ दरिद्रता। एक तरफ शिक्षा है दूसरी तरफ अशिक्षा। एक तरफ बड़े-बड़े टी०वी० सैट, इंटरनेट आदि हैं दूसरी तरफ ट्रांजिस्टर्स तक नहीं है। एक तरफ हवाई यात्राएं होती हैं दूसरी तरफ पैदल यात्रा। लगता है अपने यहाँ दो देश हैं।"[5] यह भारत देश की वह खाई है जो वैश्वीकरण के बाद और अधिक निरंतर बढ़ती ही जा रही है। विश्व की अधिकांश पूँजी मात्र कुछ चंद हाथों में सिमटी हुई है। क्या हास्यास्पद स्थिति है कि सोने की चिड़िया कहे जाने वाले हमारे भारत देश की जिसमें एक ओर 'श्वानों को दूध वस्त्र मिलता है और दूसरी ओर भूखे बच्चे अकुला कर जाड़े में भी माँ की छाती से लिपटकर रातें बिताने' को मजबूर हैं। इस गटर समाज के लोगों का जीवन किस प्रकार जानवरों से भी बदतर है और जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ये संघर्षरत हैं, इसे भी आलोच्य उपन्यास के माध्यम से अभिव्यक्त करने का प्रयास किया गया है। रूपनारायण सोनकर के शब्दों में ही- "पालतू जानवरों को मालिक सुबह-शाम चारा खिलाकर उनका पेट भरता है। उनको बंद जगहों पर रखा जाता है। उनके पानी-पीने की व्यवस्था रहती है लेकिन इस धरती पर पलने वाले असंख्य मानव रोटी, कपड़ा और मकान के अभाव में तड़प-तड़प कर मरते हैं। पीने के पानी के लिए मीलों चारों तरफ दौड़ते हैं। सरकार व धनपति गरीबों के मालिक हैं। हम पशुओं के मालिक होने का फर्ज निभाते हैं लेकिन मानव (पशुओं को) उनके हाल पर छोड़ देते हैं।"[6] यही हमारे समाज की सबसे बड़ी विसंगति है कि मानव को मानव न मानकर पशुओं से भी परे और नीचे का जीवन जीने के लिए छोड़ देना। यह प्रश्न गंभीर और चिंताजनक है कि-"यदि हम पशुओं को मानवों से ज्यादा अच्छी जिंदगी प्रदान कर सकते हैं फिर हम मानव मानवों को पशुओं से ज्यादा बेहतर जिंदगी क्यों नहीं दे सकते हैं।"[7]

सरकारी योजनाएँ भी इन लोगों की उन्नति के नाम पर कितनी ही हास्यास्पद हैं, इसका स्पष्ट उदाहरण उपन्यास के कई अंशों में देखने को मिलता है- "अनुमानत: चार रुपये प्रति बच्चा प्रतिदिन नाश्ता खाने के लिये आंगनवाड़ी प्राध्यापिकाओं को दिये जाते हैं।...चार रुपये की तो एक चाय भी नहीं मिलती है। बी०पी०एल० परिवारों के बच्चों के साथ एक मज़ाक है।... अरबों टन अनाज गोदामों में सड़ रहा है, फेंका जा रहा है लेकिन इन गरीबों को नहीं दिया जा रहा है। करोड़ों लोग भूखों मर रहें हैं।"[8]यह पूरा समाज ऐसा गटर समाज है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति 'गटर का आदमी' है जो साधन सम्पन्न, आलीशान घरों में रहने वाले लोगों के घरों को उनके समाज को बनाते हैं, साफ करते हैं, सजाते हैं और वही इन सभी सुविधाओं से न सिर्फ वंचित हैं बल्कि मूलभूत आवश्यकताओं से भी किनारे कर दिये गए हैं। इस पूरे उपन्यास में 'गटर' प्रतीकात्मक अर्थ में प्रयुक्त हुआ है, लेखक के ही शब्दों में, "गटर दो प्रकार की होती है। एक गटर जो जमीन के अंदर होती है। दूसरी प्रकार की गटर वह है जो जमीन के ऊपर होती है। जो दिखाई नहीं पड़ती है। समाज में परंपरावादी, पुरातनपंथी व शोषक वर्ग होता है जो समाज में भेदभाव, असमानता, ऊंच-नीच, छुआछूत की सुरंगे या गटरें तैयार करता है। यह गटर जमीन के अंदर वाली गटर से ज्यादा खतरनाक होती है। जमीन के अंदर वाली गटर में केवल मल-मूत्र, कीचड़ पानी भरा होता है। इसमें जीव-जन्तु भी होते हैं जो दिखायी पड़ते हैं जिनका सामना किया जा सकता है। लेकिन समाज में न दिखायी देने वाली गटर ज्यादा लंबी-गहरी होती है। यह गटर बहुत पुरानी होती है जिसमें मानव विष भरा होता है। मानव विष, कोबरा साँप के विष से भी ज्यादा जहरीला होता है। जब कोबरा साँप मानव पर विष फेंकता है तब वह दिखायी पड़ता है लेकिन मानव द्वारा फेंका गया विष अदृश्य होता है।... जब विषैला मानव, अदृश्य सुरंग से निकल कर जब वह निरीह, लाचार, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों या गरीब सवर्ण को काटता है तब उस विष का प्रभाव पीढ़ी दर पीढ़ी रहता है।"[9] सूक्ष्मता में देखा जाए तो, "गटर के अंदर गया आदमी गटर से बाहर निकल आता है। लेकिन गटर के ऊपर बसा यह विक्लांग समाज जिसको सारी दुनिया गटर नजर आती है। उनके जीवन में कोई प्रकाश की किरण नहीं आती है। उनका सारा जीवन अंधकार में गुजरता है।"[10] वास्तव में "गटर समाज का गरीब भारत है। जहां बेबसी है, लाचारी है, भूख है।"[11]इसी प्रकार दलित जीवन से जुड़े सभी तबकों एवं उनकी समस्याओं को इस उपन्यास में उठाया गया है। उपन्यास में एक ओर वे औरतें हैं, जो इस गरीबी के कारण अपने ही माता-पिता या पति के हाथों वस्तु की तरह बेच दी जाती हैं। जिनको जल्लाद नोंच-नोंच कर खाते हैं।

वहीं दूसरी ओर घरों में काम करने वाली नौकरानियाँ भी हैं जो सुबह से शाम तक दूसरों के घरों में बर्तन, घर आदि की सफाई करती हैं, यहाँ तक की उनके शौचालयों को भी साफ करती हैं और "कुछ मनचले मकान मालिक इन नौकरनियों से शारीरिक संबंध भी बना लेते हैं। इनके साथ बलात्कार तक भी कर दिया जाता है। इनका शारीरिक शोषण चलता रहता है।"[13] ऐसे ही शारीरिक शोषण सहन करने वाली देवदासियाँ भी इसी 'गटर समाज' का अंग हैं, जिन्हें माँ-बाप मठों, मंदिरों आदि में पंडितों व धर्मपंथियों की सेवा के लिए छोड़ दिया जाता है या वे खुद वहाँ शरण ले लेती हैं परंतु यहाँ धर्म के नाम पर होने वाले अधर्म में वह सिर्फ सेक्स का खिलौना बनकर रह जाती हैं। सोनकर के शब्दों में- "वास्तव में ऐसे मुनि, धार्मिक भेड़िये हैं जो धार्मिक स्थानों पर बिना भय के सेक्स की पूर्ति करते रहते हैं। बड़े-बड़े धार्मिक स्थान धार्मिक वेश्यालयों में बदलते जा रहे हैं।"[14] इस बात की पुष्टि अभी हाल ही में घटित बाबा आशाराम व बाबा रामरहीम आदि अनेक ढोंगी बाबा लोगों की घटनाएँ करती हैं। पुरातनपंथी लोग किस तरह से औरत को भी गटर की औरत बनाए रखना चाहते हैं, यह इन कुछ उदाहरणों से ही स्पष्ट हो जाता है।

आलोच्य उपन्यास 'ऑनर किलिंग' जैसी समस्या को भी बखूबी उठाता है, जहां मानव का हिंसक रूप सभी सम्बन्धों को ताक पर रखकर इतना अधिक हिंसक हो जाता है कि वह अपने परिवार के सदस्य को चोट पहुंचाने में, उसे मार डालने में भी पीछे नहीं रहता। यह ऐसी अमानवीय सोच वाला समाज है, जो भारत को दो देशो में बांटे रखकर उसे गटर का समाज बनाए रखना चाहता है और अपनी इस सोच से देश को विक्लांग बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। लेखक के ही शब्दों में-"यहाँ पर दो प्रकार का समाज देखने को मिलता है। एक समाज बर्बर, ऊंच-नीच की भावनाओं से ग्रस्त छुआछूत पर विश्वास करने वाला, दूसरों का अधिकार हड़पने वाला, औरतों की भावनाओं को दबाने वाला, उनको गुलाम बनाकर रखने वाला। दूसरी ओर रोजी-रोटी के लिए संघर्ष करने वाला। खराब काम मजबूरीवश करने वाला। दूसरों के चीथड़े पहनने वाला।"[15]उपन्यास में सपेरों, तमाशा दिखाने वाले सभी पुरुष, स्त्रियाँ, बच्चे, कानों से मेल निकालने वाले व्यक्तियों के साथ ही सभी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों और साहित्यकारों को भी उस गटर समाज का अंग माना गया है, जिसमें सामान्य जीवनयापन की सुविधा भी वह इकट्ठी नहीं कर पाते हैं। उपन्यासकार लिखता है कि, "जो रोटी, कपड़ा और मकान के लिए जीवन भर तरसते व तड़पते रहते हैं। वास्तव में यही सभी लोग गटर के आदमी हैं।"[16] परंतु आज के भूमंडलीकरण दौर में कुछ हद तक साहित्यकार इस गटर से अवश्य बाहर निकल पाये हैं। सीरियल बनाकर पूरे देश में वाहवाही लूटते हैं। लेकिन एक-एक इंटरव्यू की 15 करोड़ से भी ज्यादा धनराशि वसूलते हैं।"[17] यह हमारे भारत देश की विसंगति और विक्लांगता ही कही जा सकती है कि जहां पर एक ही देश में दो तरह का जीवनयापन किया जाता है। एक ओर अमीर साधनसंपन्न जीवन जी रहे हैं तो दूसरी ओर अनेक लोग कीड़े-मकोड़ों सा जीवन जीने को अभिशप्त हैं। जहां "एक तरफ शराब की नदियां बहती हैं तो दूसरी ओर करोड़ों बच्चे, आदमी और महिलाएं रोटी के लिए दम तोड़ देते हैं। शाम को उनके चूल्हे नहीं जलते हैं। एक तरफ आलीशान महल गगनचुम्बी इमारतें हैं तो दूसरी ओर बदबूदार झग्गी-झोपड़ियाँ हैं। रईसों के बच्चे देश/विदेश के आलीशान कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं दूसरी ओर गरीबों के बच्चों के लिए प्राइमरी पाठशाला तक नसीब नहीं है। यह कितनी बड़ी विडम्बना है कि एक धरती पर पैदा होने वाले लोग एक समान जीवन नहीं जीते हैं। कुछ रईसों का जीवन पाते हैं। कुछ कीड़े-मकोड़े जिस तरह से कुचल दिये जाते हैं उसी तरह निर्बल, बेसहारा और लाचार लोग कुचल दिये जाते हैं।"[18] इस अवस्था पर गौर से विचार करने पर एक यही संवेदनात्मक प्रश्न हमारे सामने आता है कि ये फिल्मी सितारे चकाचौंध की दुनिया के जमीनी सितारे आदि आसमान के सितारों से ही तुलना पसंद करते हैं तो क्यों उनसे वे यह सीख नही लेते जिसमें आसमान के सभी सितारे एक समान होते हैं। जमीन के सभी मानव असंख्य सितारे ही तो हैं उन्हें भी तो एक समान महत्त्व, एक समान जीवन जीने का अधिकार है। परंतु नहीं इस समाज में असमानता, पशुता और बर्बरता, रूढ़िवादी सोच के साथ इस हद तक है, इसे निम्न शब्दों में समझा जा सकता है -**"दलित की / जिंदा चमड़ी उघाड़ी जाती है / उसके जिंदा नाखूनों पर / लोहे की कील ठोकी जाती है / यह कैसा समाज है"**[19]सच ही है कि यह कैसा समाज है जहां आधुनिक कहलाने वाले मनुष्य भी अपने व्यवहार और आचार-विचार से आज तक उसी परंपरावादी रूढ़ मानसिकता के साथ जी रहे हैं, जिसमें दलित का शोषण शोषकों का अधिकार समझा जाता था। उनसे पशुवत व्यवहार कर, सुविधाओं से वंचित कर मूलभूत आवश्यकताओं तक के लिए मजबूर किया जाता था। आज कुछ तस्वीर बदलने का प्रयास सरकारी नीतियों द्वारा किया अवश्य जा रहा है पर यह हमारे देश की विसंगति ही है कि भ्रष्टाचार और स्वार्थ-सिद्धि की भूख में यही शोषक उन नीतियों का लाभ भी इन दलितों को नहीं उठाने देना चाहते। गरीबी उन्मूलन की सभी योजनाएँ सतही स्तर पर पूर्ण दिखाकर अपनी जेबें भरने में लगे रहने वाला यह शोषक तबका इन नीतियों का मज़ाक बना रहा है और जिसके कारण योजनाओं का लाभ अथक प्रयासो के बावजूद भी गरीब दलितों को नहीं मिल पा रहा है । इसी संदर्भ में सोनकर लिखते हैं कि- "इसमें कोई शक नहीं है कि भारत में विकास हो रहा है। गरीबी उन्मूलन की कई योजनाएँ भारत सरकार व प्रदेश सरकारों द्वारा चलाई जा रही है, लेकिन उन योजनाओं का लाभ इन असहाय, गरीब, मुसलमानों, दलितों-पिछड़ों और आदिवासियों व फटेहाल जिंदगी जीने वाले सवर्णों को नहीं मिल रहा है।"[20]सोनकर की दृष्टि में इस बदलाव के लिए सबसे पहली आवश्यकता देश के उच्च पदों पर अपने ही बीच के जनप्रतिनिधि को आसीन करना है क्योंकि उन समस्याओं और अभिशप्त जीवन का भोक्ता ही उनकी समस्या की तरफ शक्ति होने पर सुधार के लिए अग्रसर हो सकता है। उपन्यासकार इसके लिए दलितों में शक्ति भरने का प्रयास करते हुए कहते हैं कि- "महलों में रहने वाले लोग जब गरीबी व गरीबों के बारे में जानते ही नहीं तब वे लोग गरीबों की गरीबी कैसे दूर कर पायेंगे?...यदि तुम बैलगाड़ी को सड़कों पर दौड़ा सकते हो तो तुम देश को भी हांक सकते हो। तुम क्यों नहीं देश के सर्वोच्च पदाधिकारी बन सकते हो। महलों में रहने वाले लोग गर्मी, सर्दी और बरसात का सामना नहीं कर सकते हैं। तुम्हारा शरीर फौलादी है। आज देश को तुम जैसे फौलादी लोगों की जरूरत है।"[21] सोनकर उस एकता का प्रसार दलितों में करना चाहते हैं, ताकि वे शोषकों से लड़कर अपने अधिकार ले सकें और तत्पश्चात पूरे देश को दो देशो में ही एकता के लिए सौहार्द भाव के साथ एक होने का भी आह्वान करते हैं, जिससे सभी मुट्ठी का रूप लेकर एक साथ अपने विरुद्ध होने वाले हमले का जवाब दे सकें और अपने बटें हुए विकलांग देश को महान बना सकें- "आओ मेरे देश का निर्माण करो / लाचारी, भूखमरी का शमन करो / समतामूलक समाज बनाओ / अशिक्षा को दूर भगाओ / सांप्रदायिक सौहार्द फैलाओ / मानव कल्याण को गले लगाओ / देश दो नहीं एक बनाओ"[22]दलित उत्थान का स्वप्न लिए प्रो. ओमराज भी आलोच्य उपन्यास की भूमिका में लिखते हैं कि "गटर का आदमी उपन्यास का शीर्षक दलित साहित्य की जड़ जैसा है, जिसनें 'डंक' और 'सूअरदान' की तरह दलित साहित्य का सारा भार अपने ऊपर लाद लिया है।... 'गटर का आदमी' एक ऐसा उपन्यास है जो मानव की गरिमा को बरकरार रखते हुए एक ऐसे संसार के निर्माण का सपना देखता है जहां दरिद्रता, मानव की लाचारी नदारद हो। इस धरती पर गरीबों और अमीरों के देश अलग-अलग न हों।"[23] अंततः गटर का आदमी उपन्यास भारत देश की उस दलित विरोधी विकलांगता को दूर करने का स्वर मुखर करने वाला उपन्यास है, जिसमें कार्ल मार्क्स की तरह रूपनारायण सोनकर का सपना समतामूलक समाज की स्थापना है। यह उपन्यास गरीबी, लाचारी, भूखमरी, दरिद्रता और शोषण की अन्य सभी समस्याओं को उजागर करने के साथ उन समाधानों को भी व्यक्त करने वाला है, जिसमें वर्तमान पीढ़ी के साथ ही अगली पीढ़ी के विद्रोही स्वरों के साथ देश को महान बनाने का सपना है। क्योंकि कोई भी देश तभी उन्नत हो सकता है जब उसका प्रत्येक व्यक्ति सम्पन्न हो परंतु इसके लिए दलितों की उन्नति भी उतनी ही आवश्यक है जितनी सभी की। ऐसा करने पर ही हमारे देश की विकलांगता दूर होगी और वास्तविकता में हमारा देश महान होगा।

*****

संदर्भ सूची :-

1.थोरात, विमल; मराठी दलित कविता और सठोत्तरी हिन्दी कविता में सामाजिक और राजनीतिक चेतना; पृ॰ 52
2.शरणकुमार लिंबाले; दलित साहित्य का सौंदर्य शास्त्र; वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, पृ॰ 42
3.सोनकर, रूपनारायण; गटर का आदमी; अनिरुद्ध बुक्स, ,19आजादपुर, 2015; पृ॰ 22
4.वही; पृ॰ 22
5.वही; पृ॰ 19
6.वही; पृ॰ 21
7.वही; पृ॰ 21
8.वही; पृ॰ 15
9.वही; पृ॰ 82
10.वही; पृ॰ 59
11 . वही; पृ॰ 67
12. वही; पृ॰ 40
13. वही; पृ॰ 81
14. वही; पृ॰ 99
15. वही; पृ॰ 71
16. वही; पृ॰ 101
17. वही; पृ॰ 51
18. वही; पृ॰ 52
19. वही; पृ॰ 45-46
20. वही; पृ॰ 67
21. वही; पृ॰ 20
22. वही; पृ॰ 23
23. वही; पृ. 7-8

मेरा बचपन मेरे कंधों पर : दलित चेतना और स्त्री शोषण का जीवंत दस्तावेज़

निर्मल सुवासिया
शोधार्थी, हिंदी विभाग
मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर
Mob. 9660795075

पिछले 30 वर्षों पर दृष्टि डाले तो दलित साहित्य को नकार नहीं सकते। इस दरमियान दलित लेखकों ने बड़ी मजबूती से साहित्य में अपनी उपस्थिती दर्ज कराई है। दलित लेखकों ने विशेष तौर पर समाज में पनप रहे जातिभेद, भूख, अशिक्षा, कुरीति, अंधविश्वास, झाड़-फूंक, उत्पीड़न, शोषण व अस्पृश्यता आदि का चित्रण आत्मकथाओं में कर पाठकों का ध्यान आकर्षित किया है। प्रथम दलित आत्मकथा से उभरा आक्रोश और प्रतिरोध का स्वर 'मेरा बचपन मेरे कंधों पर' तक आते आते शांत और गंभीर होकर दलित समाज की बुनियादी समस्याओं का समाधान करने के लिए उत्प्रेरक का काम करता है।

यह आत्मकथा हाथों की लकीरों में छिपे सुनहरे भविष्य की दैवीय कथा नहीं है बल्कि बालश्रम, गरीबी और अंधविश्वास के घुटन भरे समाज में अपने ही बचपन को कांटो से निकालकर विश्वविद्यालय के सम्मानित पद पर पहुंचे श्योराज बैचेन की आत्मकथा है। लेखक का बचपन अपने चाचा (पिता) की भयावह मौत का गवाह है। चाचा समाज के अंधविश्वासी मान्यताओं में जकड़कर असमय मौत का शिकार हो जाता है। यह आत्मकथा अंधविश्वास और आडंबर की बेड़ियों में जकड़ी पराजित मनोवृत्ति के खिलाफ संघर्ष का ऐलान करती है। लेखक के बचपन में हुए पिता के देहावसान से लेखक के त्रासद जीवन की झलक पाठकों को प्रारंभ में ही मिल जाती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से लेखक के परिवार में अधिकांश लोगों की स्थिति अच्छी नहीं थी और चिकित्सा के लिए आधुनिक चिकित्सा पद्धति से दूर परंपरागत उपचारों पर उनकी निर्भरता बनी हुई थी। इस संदर्भ में वह लिखते है कि "चाचा (पिता) को एक के बाद एक उल्टियां हो रही थी। उपचार परंपरागत हुआ। वही झाड़-फूंक वही भूत और पूजा। कोई सही, नई पद्धति से इलाज नहीं हुआ। असल बात लोगों में अशिक्षा, गहरी अज्ञानता और अंधविश्वास का होना था।" उनके पिता के देहांत का कारण आडंबर युक्त चिकित्सा पद्धति पर उनकी और उन जैसे असंख्य दलितों की निर्भरता थी। अपने चाचा की इस भयावह मौत का मुकदर्शक लेखक अंत्येष्टि से 'अपने बचपन को ही अपने कंधों पर' ढ़ोकर लौटता है। आगे का जीवन लेखक के लिए अत्यंत यंत्रणापूर्ण और मार्मिक है।

यह आत्मकथा पाँच वर्ष से लेकर लेखक के किशोरावस्था तक के समय को बेबाकी से सामने लाती है। लेकिन "जाने-अनजाने मुझे अपवाद छोड़ कर रक्त के कई रिश्तों ने बराबर कष्ट पहुँचाया। किन्तु दिल और मनुष्यता के रिश्ते ने मुझे सहयोगी समझा। मेरी नीयत और इच्छा-शक्ति डगमगाई नहीं। इसके लिए मेरे साथ जिनका भी हाथ-साथ रहा हो, उनका मैं आभारी हूँ।" कहकर लेखक ने अपने समाज के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। दलितों के भीतर उभर रही ब्राह्मणवाद की चेतना को लक्ष्य करते हुए लेखक लिखते है "छुआछूत की भावना रखने के कारण गांव के यादवों को, चमारों खासकर वाल्मीकियों को गांव के अंदर रहने से आपत्ति होती थी। उनके सूअरों को रास्ते नहीं मिलते थे।... हालांकि गांव में आर्य समाज के विशेष प्रभाव के कारण छूत-छात्र की भयंकरता कम थी, लेकिन खानपान तक में भेदभाव कायम था। यहां तक कि तेली चमारों से और जाटव भंगियों से भेद करते थे।"लेखक ने बेबाकी से अपने समाज में मैला ढ़ोने की मजबूरी को उजागर किया है साथ ही सदियों से सवर्णों के पास शिक्षा, मीडिया, कला और संस्कृति का अधिकार था, जिससे दलित वंचित थे। बक़ौल लेखक – "जिन चमारों ने मवेशी उठाने का काम-धन्धा छोड़ दिया था, वे स्वयं को ऊँचे दर्जे का मानने लगे थे, जबकि माली हालत उनकी भी ख़राब थी। जाट-बामनों में यह काम नहीं होता था। दलित व्यवसाय बदल कर नयी सम्भावनाएँ तलाशने के पक्ष में थे। सवर्णों को दलितों के कार्यों का न अनुभव था, न ज़रूरत, बल्कि इसका आभास तक उन्हें अपमानजनक लगता था। उनके दैनिक स्वच्छ वातावरण में यह असुविधाजनक था। जहाँ तक मेरी जानकारी है, मुर्दा मवेशी उठाने पर चमारों की और मैला ढोने पर भंगियों की अविकल्प विवशता थी। उसके उलट गुणकारी शिक्षा, मीडिया, कला और संस्कृति पर ब्राह्मणों का और व्यापार पर वैश्यों का वर्चस्व था जो अभी भी है।"गैर बराबरी के समाज में दलित समुदायों का शिक्षित होना एक बड़ी चुनौती था। इस संदर्भ में वह लिखते है "मुझे कोई खेद नहीं कि मैंने बचपन में क्या -क्या काम किए ? कहना यूं है कि जिस की रोटी खाई उसकी बखूबी कीमत चुकाई। शिकायत है तो देश की वर्णोन्मुखी व्यवस्था से, जिसने मेरे जैसे लावारिस बच्चों की शिक्षा का जिम्मा नहीं लिया। श्रम और शोषण से हुई पीढ़ी दर पीढ़ी की आंशिक भी क्षतिपूर्ति नहीं की आजाद देश ने।" श्यौराज जी कहते हैं कि जैसे पिटते-पिटते शरीर सुन्न पड़ जाता है वैसा ही हाल हमारी चेतना का रहा है। स्वतंत्रता मिलने के बाद भी इस शापित जीवन की सच्चाई में कोई बदलाव नहीं आया है। चेतना के इस संघर्ष से जूझते हुए लेखक लिखते है कि "कई बार क्रोध भी आता है और कई बार अपने आप से घृणा भी होने लगती है कि क्यों नहीं किया कोई विद्रोह उन दिनों मैने ? क्यों नहीं गया आजाद देश की किसी योजना का ध्यान हमारी ओर ? सामाजिक गुलामी की कारागार में पड़े हमारे लिए स्वयं को आजाद कहना क्या बेमानी नहीं है ? क्या दलितों का आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन तुलनात्मक विकास की दृष्टि से बढ़ता नहीं जा रहा ?" श्यौराज सिंह ने अपने नेत्रहीन ताऊ के साथ बाल श्रमिक के रूप में कई वर्षों तक कार्य किया। बचपन में ही बालश्रम को मजबूर लेखक यंत्रणापूर्ण और संवेदनहीनता का वर्णन करते हुए कहते है कि – "बाद में जब मैं छात्र बन कर वहाँ रहा था, तब गंगावासी का यह अस्पृश्यता वाला काम मेरे भी काम आया। मैंने भी उनकी सक्रिय मदद की थी। मैंने अपने पेट और पढ़ाई के खर्चे के लिए यह मजूरी की थी।" इस आत्मकथा में लेखक ने दलित समाज में जातिभेद, भूख, अशिक्षा, कुरीति, अंधविश्वास, झाड़-फूंक, उत्पीड़न, शोषण व अस्पृश्यता आदि समस्याओं का खुलकर चित्रण किया है। दलित स्त्री आत्मकथाओं में बहुत ही बेबाकी से स्त्रियों के जीवन की विडंबनाओं, जातिभेद और पितृसत्ता पर प्रहार किये गए है। दलित लेखकों की आत्मकथाओं में स्त्री के जीवन को सीमित दायरे में व्यक्त किया गया है, लेकिन उसके बावजूद ये आत्मकथाएँ दलित स्त्रियों को समझने में हमारी भरपूर सहायता करती है। इस आत्मकथा में बैचेन ने समाज में महिलाओं की चिंतनीय स्थिति पर लिखा है "स्त्रियों के लिए उस समय मेरे गांव में कोई काम नहीं था। हमारे ग्रामीण जीवन में भूमिहीनता से बड़ी गुलामी और दूसरी नहीं थी। जो भूस्वामी है उसका जुल्म, ज्यादती, आतंक, अन्याय, सब जायज थे।"इस आत्मकथा में जो स्त्री हर तरह से प्रताड़ित एवं शोषित दिखती है, वह है उनकी माँ सूरजमुखी। हर तरफ से निराश होकर भी जिस तरह से पति की मृत्यु के पश्चात वह व्यवस्था से दो-चार होते हुए अपना एवं अपने बच्चों का पालन पोषण करती है, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। कम उम्र में पिता की मृत्यु के बाद उनको हर प्रकार से माँ ने ही सहारा दिया। घर में दो बूढ़े, एक दृष्टिहीन और दूसरे विकलांग, एक दादी, चार बच्चों को लेकर उनकी माँ ने अपने जीवन को अकेले के श्रम पर संवारने का बहुत प्रयास किया, लेकिन उनको सफलता नहीं मिली यहाँ स्त्री होना तो एक समस्या है ही, लेकिन इससे बड़ी और मुख्य समस्या है उसका दलित स्त्री होना। दलित होने के कारण ही उसके साथ अन्य समस्याएँ वैसे ही जुड़ जाती है। वह इस तथाकथित सभ्य समाज में साधनहीन, शिक्षा हीन और व्यवस्था में सबसे निचले पायदान पर है, जिसके कारण उसका संघर्ष और अधिक व्यापक हो जाता है लेकिन वह कभी कठिनाइयों से भागती नहीं है।

भारतीय पितृसत्तात्मक समाज में पुरुष स्त्री को पीटना, दुत्कारना और अपमानित करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझता है। भिखारीलाल अपनी पत्नी के साथ भी ऐसा ही करता था। लेखक के शब्दों में - ''सप्ताह में छह दिन उनमें झगड़ा ही होता था। भरण-पोषणकर्ता होने, घर का मालिक और पुरुष होने के नाते भिखारी माँ को तिहरे अधिकार से मारता।'' श्योराज अपनी माँ के प्रति नए पिता के व्यवहार से बहुत क्षुब्ध थे। वह लिखते हैं कि ''वह पुरुष पर निर्भर थी। दुष्ट पुरुष ही उसका ईश्वर था, जो उसे मजबूरी में मिला था।'' हालांकि उनकी माँ भी इस बात से बहुत परेशान थीं। क्योंकि उन्होंने तो सोचा था कि उसके सहारे बच्चे पल जायेंगे लेकिन वहाँ तो उल्टा ही हो गया। लेखक के शब्दों में- ''अम्मा उन दिनों में मानसिक रूप से बेहद परेशान थी। उसे हमारी चिंता थी। हमारा उजड़ता हुआ भविष्य उसे साफ दिखाई दे रहा था। जिस भिखारी को उसने सहारा देने के लिए चुना था, वही उसके बच्चों का भविष्य चौपट करना चाहता था।

उसे बस एक स्त्री की जरूरत थी, बच्चों की नहीं।'' यही कारण था कि उन बच्चों को लेकर वहाँ रोज लड़ाई होती और भिखारी अपनी पत्नी को खूब मारता। इसलिए जल्द ही बच्चों को उनका घर छोड़ना पड़ा।

निष्कर्षतः यह आत्मकथा दलित चेतना और स्त्री वेदना के स्वर को अत्यंत सहज ढंग से पाठकों के समक्ष रखती है। बालश्रम, गरीबी, अशिक्षा, अंधविश्वास और झाड़ फूँक में जकड़े होने के बावजूद श्योराज अदम्य संघर्ष की बदौलत अपने बचपन की क्रूर घटनाओं से हताश न होकर सामाजिक प्रगति और चेतना का उदाहरण प्रस्तुत करते है।

*****

संदर्भ :-

1. मेरा बचपन मेरे कंधों पर, पृ॰ 16
2. वही, पृ॰ 24
3. वही, पृ॰ 31
4. वही, पृ॰ 36
5. वही, पृ॰ 41
6. वही, पृ॰ 43
7. वही, पृ॰ 47
8. वही, पृ॰ 51
9. वही, पृ॰ 56
10. वही, पृ॰ 67
11. वही, पृ॰ 84

****

प्रेम चंद जी के अनमोल विचार

1. कुल की प्रतिष्ठा भी विनम्रता और सदव्यवहार से होती है, हेकड़ी और रुआब दिखाने से नहीं। दुखियारों को हमदर्दी के आँसू भी कम प्यारे नहीं होते। अनुराग, यौवन, रूप या धन से उत्पन्न नहीं होता। अनुराग, अनुराग से उत्पन्न होता है।

2. अधिकार में स्वयं एक आनंद है, जो उपयोगिता की परवाह नहीं करता।

3. अनाथ बच्चों का हृदय उस चित्र की भांति होता है जिस पर एक बहुत ही साधारण परदा पड़ा हुआ हो। पवन का साधारण झकोरा भी उसे हटा देता है।

4. आलस्य वह राजरोग है जिसका रोगी कभी संभल नहीं पाता।

5. आलोचना और दूसरों की बुराइयां करने में बहुत फ़र्क़ है। आलोचना क़रीब लाती है और बुराई दूर करती है।

6. आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालक शक्ति है।

7. अगर मूर्ख, लोभ और मोह के पंजे में फंस जाएं तो वे क्षम्य हैं, परंतु विद्या और सभ्यता के उपासकों की स्वार्थांधता अत्यंत लज्जाजनक है।

8. *******

दलित विमर्श : अवधारणा और इतिहास

डॉ. कुलराज व्यास

सहायक प्राध्यापक (शिक्षा संकाय)
उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (मानित विश्वविद्यालय)
सरदारशहर (चुरू) राजस्थान

सारांश:-

उत्तर आधुनिकतावाद के युग में दलित विमर्श एवं स्त्री विमर्श जोर पकड़ रहा है। आज जबकि यह स्वीकार कर लिया गया है कि दलित और स्त्री ही साहित्य समाज और राजनीति में भविष्य की शक्तियाँ है, कुछ लोग फिर भी इन दोनों मुद्दों पर कुतर्क और अभिजात्य बौद्धिक बहसों से मुख्य विषय को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। यह सवाल अभी भी पूछा जा रहा है कि दलित विमर्श क्यों? सदियों से कुलीन समाज ने इनकी न कोई पहचान दी और न ही इनकी आवाज सुनी गई। उनसे सिर्फ कामकाजी और दूर का रिश्ता रखा गया। आजादी के 70 साल बाद भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में भी यदि यही स्थिति बनी रहती है तो हमारे लिए यह शर्म की बात है। लोकतंत्र हर नागरिक को समान अधिकार, अवसर, न्याय और स्वतन्त्रता देने की प्रतिज्ञा करता है। दलित समुदाय को यदि अब भी न्याय, अवसर, स्वतन्त्रता से वंचित करेंगे तो एक तो यह सम्भव नहीं है, दूसरे संविधान इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। दलित केवल सुविधा वंचित नहीं बल्कि सामाजिक रूप से बराबरी के सम्मान से भी वंचित रहे है। वे दलित इसलिए है क्योंकि हमने उन्हें न ज्ञान दिया न सम्मान। इससे अधिक अमानवीयता और क्या होगी? हमें खुद को सहनशील बनाते हुए दलित विमर्श की मुख्य धारा करेंगे। यदि सामाजिक समानता की बात करनी है तो दलितों को साथ लेकर चलना होगा।

बीज शब्द: दलित, दलित साहित्य, दलित विमर्श।

प्रस्तावना:-

दलित शब्द की उत्पत्ति संस्कृत धातु "दल' से हुई है जिसका अर्थ है तोड़ना, हिस्से करना कुचलना आदि से है। मानक हिन्दी शब्द कोश में "दलित का अर्थ दलिद्दर, दरिद्र, गया बीता और बहुत ही निम्न कोटि का कहा गया है।' संस्कृत हिन्दी शब्द कोश में "दलित का अर्थ दलन किया हुआ गिरा हुआ और अविकसित कहा गया है।"मानव हिन्दी कोष में दलित का अर्थ 'जिसका दलन हुआ हो मसला या रौंदा गया हो जो दबाया गया हो, कुचला गया हो अर्थात् जिसे पनपने और बढ़ने नहीं दिया गया हो और ध्वस्त या नष्ट किया गया हो अर्थात् दलित वर्ग समाज का वह निम्नतम वर्ग है जो ऊँच वर्ग के लोगों के उत्पीड़न के कारण आर्थिक दृष्टि से बहुत ही हीन दशा में हो जैसे दास प्रथा, सामंतशाही व्यवस्था में कृषक और पूंजीवादी व्यवस्था में मजदूर।

समाज में वह वर्ग जो सवर्णों के साथ उठ बैठ नहीं सकता विवाह शादी नहीं कर सकता, खा-पी नहीं सकते अर्थात् हर क्षेत्र में दलन किया जा रहा हो, उस दृष्टि से विपन्न लोगों को दलित मानते हैं। यह विचार दलित के अर्थ को सही ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर सकता, क्योकि हिन्दू समाज में जो ऊँच नीच की व्यवस्था है वह जाति के नाम पर है अर्थ के नाम पर नहीं। इसलिए दलित हम उन्हें कहेंगे जो निम्न माने जाने वाली ऐसी जातियों में धकेल दिए हैं जिन्हें न सम्मान दिया और न अधिकार, वही दलित है।

दलित विमर्श :अवधारणा:-

"दलित विमर्श का सामान्य अर्थ पीड़ित शोषित व दबाए गए लोगों में अपने अधिकारों के प्रति सजगता एवं जागृति से है। दलितों के बारे में किया गया विचार ही दलित विमर्श कहलाता है। सदियों से सामंती परम्परा व सामाजिक विसंगतियों की दीवार को ढहा कर स्वाभिमान के महल का निर्माण करना दलित विमर्श का ही परिणाम है। हिन्दू श्रेणी में सबसे निचली श्रेणी में धकेले गए लोग जब शिक्षित संगठित व संघर्षशील बनकर अपने अस्तित्व की पहचान तथा सम्मानजनक जीवन जीना चाहते हैं, तो वह उन लोगों की चैतन्य-प्रक्रिया है। क्योंकि विमर्श का सम्बन्ध मन से है। मन से सम्बन्धित होने के कारण मननशील प्रक्रिया है। व्यक्ति जब आन्तरिक व बाह्य रूप से चेतनशील बन जाता है तो वह अस्तित्व की पहचान को सार्थक बनाने में समर्थ हो जाता है।

दलित विमर्श या सन्दर्भ में दलित व्यक्ति जब शोषणों व अत्याचारों से ऊबकर व अन्य सामाजिक कृवृत्तियों से बाहर निकलकर एक सभ्य समाज की कल्पना करता हुआ मान सम्मान व स्वाभिमान से जीना चाहता है तो यह उसके मन का विमर्श कहलाता है।

"दलित विमर्श को समझने से पूर्व भारतीय समाज व्यवस्था के बारे में समझना होगा। क्योंकि दलित विमर्श वर्ण व्यवस्था के तहत समाज को चार वर्गों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र में विभक्ता किया गया है। कालान्तर में शूद्र दो वर्गों स्पर्श एवं अस्पर्श में विभक्त हो गया। इसमें अस्पर्श अर्थात् दलित जाति को समाज में सबसे निम्न स्थान प्राप्त हुआ। दलित विमर्श इस वर्णव्यवस्था का विरोधी है व समता की पक्षधर है। वर्णव्यवस्था के तहत प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दमन शोषण अत्याचारों के विरोध की चेतना ही दलित विमर्श कहलाती है।

प्रगतिशील साहित्य और दलित विमर्श ;-

हिन्दी में प्रगतिवादी या प्रगतिशील साहित्य का उदय 1930 के दशक में हुआ। उसका विधिवत नामकरण 1936 में हुआ, जब वामपंथी लेखकों ने प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना की। लेकिन प्रेमचंद ने इसकी स्थापना से पहले ही सामाजिक यथार्थ की कहानियाँ लिखना आरम्भ कर दी थीं। निःसंदेह पहले लेखक प्रेमचंद ही थे, जिन्होंने सबसे पहले यथार्थ वाद को अपनाया और प्रगतिशील आदर्शों को स्थापित किया। हालांकि वे वामपंथी विचार मंचों से नहीं जुड़े थे, लेकिन वे इस मत के थे कि लेखक स्वभाव से ही प्रगतिशील होता है। वे पहले गैर-दलित लेखक भी हैं, जिनकी रचनाओं में हमें दलित समस्या का चित्रण मिलता है।

प्रेममचंद पर डॉ. अम्बेडकर के दलित मुक्ति आन्दोलन का बहुत असर पड़ा था। पर वे गांधी जी के अछूतोद्धार कार्यक्रम के समर्थक थे। वे दलितों को हिन्दुओं से पृथक् करने के पक्ष में नहीं थे। इसलिए इनकी रचनाओं में दलित विमर्श उस रूप में नहीं है, जिस रूप में अम्बेडकर के दलित आन्दोलन में था। परन्तु उनका दलित विमर्श उस अर्थ में भी नहीं, जिस अर्थ में वह हिन्दुवादी धारा के साहित्य में मिलता है। वे सामाजिक बदलाव को महसूस करते हैं और दलितों के प्रति सवर्णों के कठोर व्यवहार की निंदा करते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने तालाब से पानी लेने और मंदिर में प्रवेश के अधिकार को लेकर जो सत्याग्रह किए, प्रेमचंद ने उसी से प्रभावित होकर 'ठाकुर का कुआं' और 'मंदिर' कहानियाँ लिखी थीं। 'सद्गति' कहानी में उन्होंने दलित के प्रति ब्राह्मणों के घृणित और अमानवीय व्यवहार को उजागर किया है। 'गोदान' में उन्होंने होरी की धार्मिक जड़ता को दिखाया है। यदि हम 'गोदान'' उपन्यास एवं 'सद्गति' कहानी का पाठ इस अर्थ में करे कि ब्राह्मण भक्ति से मुक्ति दलित मुक्ति है, तो दलित विमर्श एक नई तेजस्विता के साथ प्रेमचंद के रचना, कर्म में हमें मिलता है। लेकिन उनकी 'कफन' कहानी में यह दलित विमर्श हो जाता है। घीसू और माधव के चरित्र अस्वाभाविक से प्रतीत होते हैं। बुधिया दर्द से छपटपटाती है और धीसू-माधव आलू भून कर खा रहे हैं। कोई भी घर के भीतर जाकर बुधिया को नहीं देखता। अंततः बुधिया मर जाती है। यह अस्वाभिक लगता है कि एक औरत दर्द से चीख रही है और आस-पड़ोस की औरतें तक उसे देखने न आएं। इससे ऐसा लगता है कि प्रेमचंद ने धीसू और माधव के चरित्रों को जानबूझ कर विकृत करने की परिस्थितियों का निर्माण किया है।

प्रगतिशील साहित्य अपने मार्क्सवादी सरोकारों के कारण कहीं-कहीं अति यथार्थवादी हो गया है, जिस तरह वर्तमान दलित साहित्य अंबेडकरवादी सरोकारों के कारण कहीं-कहीं आदर्शवादी हो गया है। लेकिन मार्क्सवादी दलित विमर्श जिस वर्ग चेतना का सवाल उठता है, वह महत्त्वपूर्ण है और उसे खारिज नहीं किया जा सकता। वस्तुत: यह एक तथ्य है कि गरीबी में प्रतिभाएँ मर जाती हैं और गरीबी के विरुद्ध संघर्ष अपनी आर्थिक समस्याओं को हल किए बिना संभव नहीं हैं भारतीय समाज में यह एक महान् क्रांति होगी यदि सारे गरीब और मजदूर एक विशाल वर्ग-शक्ति बन जाएं। प्रगतिशील साहित्य का दलित विमर्श वस्तुतः इसी अर्थवत्ता का है। लेकिन मुख्य समस्या यही है कि सारे गरीब मजदूर और दलित एक विशाल वर्गशक्ति कैसे बने, जबकि उनके बीच सामाजिक स्तर पर गहरे जातीय भेदभाव हैं? मार्क्सवादी चिंतकों को इस सवाल का जवाब देना ही होगा।

दलित साहित्य और वैचारिकता :-

"दलित साहित्य का वैचारिक प्रस्थान बिन्दु अम्बेडकर दर्शन है, जिसको दलित साहित्यकार मानवता के प्रति शपथ के रूप में लेता है। जबकि परम्परावादी सवर्णों को यही भय सालता रहता है कि यदि दलितों को भी यथोचित सम्मान दिया जाएगा तो धर्म की व्यवस्था छिन्न -भिन्न हो जाएगी। दलित साहित्य विचार की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न साहित्य है और वर्गविहीन, जातिविहीन, शोषण मुक्त न्यायपरक व्यवस्था के लिए लड़ता है। विचार की दृष्टि से दलित साहित्य कालजेयी साहित्य है। न्यायपरक, सम्मानजनक स्थितियों वाले समाज की संरचना करते हुए अपने मिशन को चुनौती के रूप में स्वीकार करतते हुए लक्ष्य प्राप्त करने तक संघर्ष करते रहने के लिए प्रयासरत है। आज के संदर्भ में जिसे हम दलित साहित्य कहते हैं वह उसी छटपटाहट का प्रतिफलन है। उसका उद्गम और विकास मूलतः मराठी में सबसे पहले सन् साठ के आस-पास हुआ और उसकी जड़ें अम्बेडकरवादी विचार में तलाशी जा सकती हैं।सन् 1920 के बाद का समय भारत में कई तरह के नये विचारों के विस्तार का समय है। अम्बेडकरवादी विचार भी उसी समय कम से दलित वर्ग के लिए छोटे से हिस्से तक पहुंचने लगे थे। बाबा साहब अम्बेडकर का विचार था कि भारत में सारी सामाजिक गड़बड़ी की जड़ वर्णव्यवस्था है उसे समाप्त किए बिना न तो जातिवाद समाप्त किया जा सकता है और न छूआछूत। इसलिए उन्होंने प्रारम्भ से ही वर्ण व्यवस्था के खिलाफ मुहिम छेड़ी थी। लेकिन वे यह भी जानते थे कि वर्णव्यवस्था की जड़ें बहुत गहरी हैं।

इसीलिए आज यह प्रश्न उपस्थित हुआ है, कि साहित्य को किसका विचार करना चाहिए, किसे अपने विचार का केन्द्र बनाना चाहिए अत्यन्त प्राचीन और अप्राचीन काल के प्रारम्भ में यह प्रश्न उपस्थित नहीं हो सकता था। ऐसा नहीं है कि तब विषमता नहीं थी ऐसा भी नहीं था कि तब समाज दो वर्गों में विभाजित नहीं रह हो। यह भी नहीं है कि तब वर्ण नहीं थे। परन्तु आज सामाजिक उत्पादन यंत्र-तंत्र ने जो स्थिति पैदा की है, इस युग तथा इसके क्रान्तिकारी विज्ञान ने दो वर्णो में संघर्ष सुलगाया है। पुरातन युग से अब तक यह तत्त्व ज्ञान बरवाना गया है कि सुख वैभव, अन्याय-अत्याचार पर विचार नहीं करना चाहिए। वासना -भावना और मानवीय मूलभूत प्रवृतिनष्ट करने को इस संसार में रहते हुए भी इस संसार के नहीं होने की तरह जीने, चित्त को शुद्ध रखने, निर्विकार बनने पुण्य प्राप्त करने, शांत चित्त होकर मन की शांति प्राप्त करने और मरने के बाद स्वर्ग मिलने का उपदेश दिया गया है।

दलित साहित्य का इतिहास:-

मनुष्य सामाजिक प्राणी है। प्रत्येक साहित्यकार भी समाज में रहकर ही अपने अनुभव संकलित करता है और साहित्य के माध्यम से उसे अभिव्यक्ति प्रदान करता है। दूसरे शब्दों में समाज का प्रतिबिम्ब ही साहित्य में झलकता है। समाज में जो उत्थान, पतन, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र में परिवर्तन होते रहते हैं, उसका प्रभाव साहित्यकार और प्रकारान्तर से साहित्य पर पड़ता है। स्वातन्त्रय पूर्व और स्वतान्त्रयोत्तर काल में अनेक संतों, समाज सुधारकों ने दलितोद्धार के अनेक प्रयास किये, जिसका स्पष्ट प्रतिबिम्ब उस काल के साहित्य में परिलक्षित होता है। दलित साहित्य का इतिहास बहुत पुराना है। 13वीं शताब्दी में संतों का युग शुरू हुआ जिन पर सिद्धों और नाथ योगियों का प्रभाव साफ दिखाई देता है। इन संतों ने निर्गुण भक्ति के माध्यम से सामाजिक असमानता, जात-पात, ऊँच-नीच, भेदभाव, कर्मकाण्ड और ब्राह्मणवाद पर सीधी चोट करते हुए समानता, सद्भावना और भाईचारे पर जोर दिया। इस सम्बन्ध में महाराष्ट्र में जहाँ संत नामदेव, संत एकनाथ, संत तुकाराम, समर्थ रामदास, चोखामेला ने हिन्दी में अपनी रचनाएँ की, वही उत्तरी भारत में कबीर, रविदास, गुरुनानक, दादू पलटूदास सुन्दरदास, रज्जब आदि संतों ने सरल हिन्दी भाषा में मूर्तिपूजा, अवतारवाद, पाखण्डवाद, बाह्यआडम्बर की खुलकर बुराई की। संतों के विचारों में दलित जाति को प्रेरणा मिली और उनमें आत्मविश्वास जागृत हुआ।गुरुनानक देव से लेकर सिखों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह ने ब्राह्मणवाद कर्मकाण्ड और मानवीय भेदभाव के खिलाफ बानी लिखकर संतों के कार्यो के आगे बढ़ाया। वास्तव में सिख धर्म की स्थापना ही ब्राह्मणवादी व्यवस्थाओं के विद्रोह स्वरूप हुई थी, इसीलिए हम देखते हैं कि सिखों के पवित्रग्रन्थ "श्री गुरुग्रन्थ साहिब' में 34 दलित संतों की वाणियाँ संकलित की गई हैं, जिनमें संत गुरु रविदास एवं सन्त कबीर साहब की वानियों को विशेषता दी गयी है। दलितों को समाज में सम्मान दिलाने में सिख गुरुओं का महान योगदान है। गुरु नानक देव जी तो जात-पात की नीव उखाड़ते स्वयं कहते हैं-

'नीचा अन्दर नीच जात, नीची हूँ अति नीच
नानक तिनके संग साथ, बढ़िया जो किया रीस |

(भक्तिकाल) मध्ययुग के पश्चात् दलित साहित्य एकदम अछूता ही रहा। आधुनिक युग में प्रेमचंद, निराला, दिनकर अज्ञेय के साहित्य में दलित संवेदना की अनुभूति मिलती है। इनमें दलित समाज की समस्याओं का चित्रण तो मिलता है पर उनका समाधान नहीं है। सही मायने में दलित साहित्य का प्रादुर्भाव दलित लेखकों के माध्यम से ही हुआ है, जिन्होंने दलित होने की पीड़ा को भोगा है सहा है। साहित्यकारों ने हिन्दी में दलित साहित्य का प्रारम्भ 1914 में सरस्वती पत्रिका के सितम्बर अंक में प्रकाशित हुई हीरा डोम की इस अछूत' कविता से मानते हैं, जिसमें उसने अपने दलित (अछूत) होने की पीड़ा अभिव्यक्त की है।दलित साहित्य ने बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के मूलमंत्र शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो की सही व्याख्या प्रदान कर दलितों में एक नई वैचारिक क्रान्ति पैदा की है, जिससे देश की सत्ता व सम्पदा में बराबर की हिस्सेदारी के लिए दलित संघर्ष तेज हुआ है। दलितों ने अपने मत का सही इस्तेमाल करके राजनीतिक क्षेत्रा में भारी उथल-पुथल मचा दी है। समाज परिवर्तन का जो काम हिन्दी साहित्य कई शताब्दियों में कभी नहीं कर पाया दलित साहित्य ने वह 2-3 दशक में राजनीतिक क्षेत्र में भारी मात्रा में कर दिखाया। देश की इक्कसवीं सदी कैसी होगी, दलित साहित्य उसकी रूप रेखा का अंकन करके आगे बढ़ रहा है।

निष्कर्ष:

इसी तरह दलित साहित्य का जो बीजारोपण दलित सन्तों ने किया, उसे ज्योतिबा फुले, स्वामी अछूतानंद हरिहर ने अपनी ओजस्वी वाणी से अंकुरित करके आगे बढ़ाया, बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के संघर्ष और मार्ग-दर्शन से प्रेरणा पाकर यह छठे दशक में महाराष्ट्र की भूमि पर नवजीवन पाकर प्रकट हुआ। फिर भारतीय दलित साहित्य अकादमी के प्रयास से आठवें दशक में दलित साहित्य ने हिन्दी क्षेत्र में प्रवेश किया और इस तरह 45 वर्षों की लघु अवधि में इसने हिन्दी में अपना विशेष स्थान बना लिया है। आज हिन्दी में दलित साहित्य पर शोध हो रहे हैं, विश्वविद्यालयों में 'दलित साहित्य" विभाग स्थापित हो गये है और पुस्तकालयों में भी "दलित साहित्य' पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो रहा है। यह हम सब के लिए गौरव की बात है कि दलित साहित्य की जीवन्तता बरकरार है।

*****

सन्दर्भ सूची:-

1. रामचन्द्र वर्मा, मानक हिन्दी कोश, प्रयाग साहित्य सम्मेलन, पृ. 35
2. आदित्येश्वर कौशिक, संस्कृत हिन्दी कोश, दिनमान प्रकाशन पृ. 162
3. रामचन्द्र वर्मा, मानक हिन्दी कोश, पृ. 35
4. कंवल भारती, दलित विमर्श की भूमिका, पृ. 7, 8
5. वही, पृ. 43
6. कंवल भारती, दलित विमर्श की भूमिका, पृ. 102
7. कंवल भारती, दलित विमर्श की भूमिका, पृ. 103
8. वही, पृ. 104
9. कंवल भारती, दलित विमर्श की भूमिका, पृ. 118
10. पुत्री सिंह कमला प्रसाद, राजेन्द्र शर्मा, भारतीय दलित साहित्य परिप्रेक्ष्य, पृ. 300, वाणी प्रकाशन, संस्करण-2003
11. पुत्री सिंह कमला प्रसाद, राजेन्द्र शर्मा, भारतीय दलित साहित्य परिप्रेक्ष्य, पृ. 13, वाणी प्रकाशन, संस्करण-2003
12. पुत्री सिंह कमला प्रसाद, राजेन्द्र शर्मा, भारतीय दलित साहित्य परिप्रेक्ष्य, पृ. 37, वाणी प्रकाशन, संस्करण-2003
13. डॉ. चन्द्रकुमार वरठे, दलित साहित्य आन्दोलन, पृ. 77
14. डॉ. सोहनपाल सुमनाक्षर, दलित साहित्य की हुंकार, पृ. 69, 70, 71

ओमप्रकाश वाल्मीकि के काव्य में जाति दंश के स्वर

ओम प्रकाश

शोध छात्र
हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

शोधालेख-सार :-

इस आलेख में ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताओं में मौजूद जाति दंश के स्वर को रेखांकित किया गया है। जिसमें गहरी तार्किकता, आक्रोश और प्रतिरोध की ध्वनि समाहित है। साथ ही साथ गहरे इतिहास बोध की मौजूदगी ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताओं को कालजयी बनाती है।

बीज शब्द :- दलित अस्मिता, मिथक, तार्किकता, प्रतिरोध, आक्रोश, अछूत, अनावृत, उन्मूलन, विडंबना आदि।

जाति की समस्या भारतीय समाज की बहुत बड़ी समस्या रही है। हिन्दी साहित्य में जाति दंश के विरुद्ध आवाज सिद्धों और नाथों से होते हुए कबीर तक पहुँचती है। आधुनिक काल में विशेषकर आजादी के बाद की रचना-धर्मिता में जाति उन्मूलन की आवाज सशक्त रूप में सुनाई पड़ती है। दलित साहित्य की तो मूल आधार भूमि ही जाति दंश की है। जिसकी स्पष्ट मौजूदगी हिन्दी साहित्य की दलित कविताओं में सशक्त रूप में देखी जा सकती है। वैसे तो दलित साहित्य के विभिन्न साहित्यकारों के रचना-कर्म में जाति दंश की पीड़ा मौजूद है। लेकिन ओमप्रकाश वाल्मीकि के काव्य-कर्म में इसकी मौजूदगी अधिक है। ओमप्रकाश वाल्मीकि हिन्दी के बहुचर्चित दलित साहित्यकार हैं। ओमप्रकाश वाल्मीकि ने संघर्षपूर्ण जीवन बिताते हुए हिन्दी साहित्य में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इनके द्वारा लिखित आत्मकथा 'जूठन' हिन्दी साहित्य की महत्वपूर्ण रचनाओं में गिनी जाती है। ओमप्रकाश वाल्मीकि गद्य के साथ-साथ कविता में भी काफी सक्रिय रहें हैं। इनकी कविताओं में व्यथित, दलित, शोषित, पीड़ित लोगों के संघर्ष पूर्ण जीवन के स्वर सुनाई देते हैं। इनके पास अपनी स्वचेतना है, जिसके माध्यम से ये अपनी कविता का वैविध्य संसार रचते हैं। ओमप्रकाश वाल्मीकि अपनी बौद्धिक चेतना से समाज में व्याप्त रूढ़ियों, कुरीतियों और अन्याय को दूर करने की प्रभावपूर्ण क्षमता रखते हैं। इसी विशेष तर्क-चेतना और अर्थात संघर्षशील व्यक्तित्व के कारण उनकी पहचान विशिष्ट है। इनके अब तक तीन काव्य संग्रह प्रकाशित हुए हैं- 'सदियों का संताप', 'बस्स! बहुत हो चुका!', 'अब और नहीं'। हिन्दी कविता में जब यथार्थवादी दृष्टिकोण की बात की जाएगी तो ओमप्रकाश वाल्मीकि का नाम अग्रिम पंक्तियों में लिया जाएगा। क्योंकि उनका यथार्थ, भोगा हुआ यथार्थ है। इसलिए उनकी कविताएँ हिन्दी साहित्य की बहुमूल्य धरोहर हैं, रत्न हैं। आधुनिक हिन्दी की परंपरा में वे यथार्थ का विस्तार करते हैं। पहले से चली आती हुई शब्द और लय परंपरा और भाषा-प्रयोगों को उनकी कविताएँ न केवल नकारती हैं बल्कि अपने दृष्टिकोण से ओमप्रकाश वाल्मीकि प्रचलित परंपरा को, धारणा को तोड़ते हैं। ओमप्रकाश वाल्मीकि की रचना-धर्मिता का मूल स्वर जाति दंश का है। जिसका विरोध वे अपनी कविताओं में करते हैं। वे यह स्वीकार करते हैं कि- **"मेरी रचना प्रक्रिया में जातीयदंश बहुत गहरे हैं। मुझे यह कहने में या स्वीकार कर लेने में भी कोई गुरेज दिखाई नहीं देता कि मेरे लेखन में, चाहे कविता हो, कहानी या आत्मकथा हो सभी जगह यह स्वर प्रमुख है।"**[1] इनकी बहुचर्चित कविता 'ठाकुर का कुआँ' इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। यह कविता भी प्रेमचंद की कहानी 'ठाकुर का कुआँ' की तरह अपना कालजयी महत्व रखती है। यह कविता बहुत ही सहजता से बिना किसी लाग-लपेट के भारतीय समाज में मौजूद सामंतवादी तत्वों की शिनाख्त करती है-

"चूल्हा मिट्टी का
मिट्टी तालाब की
तालाब ठाकुर का।"[2]

यहाँ ओमप्रकाश वाल्मीकि श्रम की मूलभूत संरचना को अंकित करते हैं। दरअसल दलितों का संबंध बहुत गहरे अर्थ में श्रम से जुड़ा होता है। उसी श्रम के बल पर समाज का ऊपरी तबका विलासिता पूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए ऊँच-नीच, जाति-पाति की खाई निर्मित करता है। लेकिन यह भारतीय समाज की विडंबना ही रही है कि श्रमशील समाज और व्यक्ति हमेशा हाशिए पर ही रहा है। कवि यहाँ चूल्हे के

माध्यम से सामाजिक संरचना में व्याप्त सामंतवादी तत्वों की पहचान कर रहा है। इसी क्रम में कवि आगे लिखता है-

"भूख रोटी की
रोटी बाजरे की
बाजरा खेत का,खेत ठाकुर का।"[3]

कहने का तात्पर्य यह है कि सभी आवश्यक संसाधनों पर समाज के तथाकथित उच्च वर्गीय लोगों ने अपना अधिकार जमा लिया है। कविता की समाप्ति बहुत ही मर्मभेदी और सार्थक प्रश्न के साथ होती है-

"कुआँ ठाकुर का
पानी ठाकुर का
खेत-खलिहान ठाकुर के
गली-मुहल्ले ठाकुर के
फिर अपना क्या?
गाँव? शहर? देश?"[4]

ओमप्रकाश बाल्मीकि की यह कविता बहुत ही बारीकी के साथ समाज में व्याप्त असमानता, जातिभेद को उजागर करती है। दलितों के साथ हुए अन्याय की कथा उपर्युक्त कविता कहती है। ओमप्रकाश वाल्मीकि की पहचान हिन्दी साहित्य में एक बड़े साहित्यकार की है। उनकी यह पहचान उनके अनुभव की सजीवता के कारण बनी है। उन्होंने बहुत ही नजदीकी से समाज में व्याप्त विसंगतियों को देखा है। दलित होने के कारण उन्होंने खुद जाति दंश को महसूसा है। यही कारण है कि उनकी कविताएँ यांत्रिक अथवा बनावटी नहीं लगती। इनकी कविताएँ मार्मिक और अर्थगर्भित होती हैं। ओमप्रकाश वाल्मीकि 'बस्स! बहुत हो चुका' कविता में लिखते हैं-

"जब भी देखता हूँ मैं
झाड़ू या गंदगी से भरी बाल्टी-कनस्तर
किसी हाथ में
मेरे रगों में
दहकने लगते हैं
यातनाओं के कई हजार वर्ष एक साथ।"[5]

उपर्युक्त काव्य पंक्तियों में कवि का इतिहास-बोध प्रकट होता है। वह बेचैन और व्याकुल हो उठता है उसके शोषण को देखकर। कवि जानता है कि झाड़ू ही है जो समाज को स्वच्छ बनाए हुए है। तमाम दलित श्रमिक अपने अथक प्रयासों से निरंतर गंदगी को साफ कर रहे हैं। किन्तु तथाकथित सभ्य समाज उनका ऋणत्व न अपना कर उनकी अवहेलना करता है, उनको हेय दृष्टि से देखता है। इतना ही नहीं, समाज में जीतोड़ मेहनत करने के बावजूद उन्हें उनका हक नहीं मिलता। अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी उन्हें संघर्ष करना पड़ता है। ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताओं में दलित समुदाय की यही पीड़ा, उनकी संघर्ष गाथा मौजूद है। जिसके कारण इनकी कविताएँ और अधिक महत्वपूर्ण बन गयी हैं।

ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताओं में ऐतिहासिक संदर्भों और मिथकों का बहुत ही सार्थक प्रयोग देखा जा सकता है। शम्बूक रामायण का एक दलित पात्र है, जिसकी हत्या राम द्वारा की जाती है। उसका दोष यह था कि वह दलित होते हुए भी तपस्या कर रहा था।

तथाकथित सभ्य कहलाए जाने वाले लोगों का मानना है कि तपस्या, ईश्वर भक्ति और अन्य किसी धार्मिक अनुष्ठानों पर सिर्फ और सिर्फ उच्च वर्ण के लोगों का अधिकार है, अछूत और दलित कहे जाने वाले लोगों का नहीं। इस विधान का विरोध करते हुए ओमप्रकाश वाल्मीकि इस मिथकीय पात्र को अपनी कविता में मजबूती के साथ जगह देते हैं तथा एक क्रांतिकारी विचारधारा का सृजन करते हैं। वे 'शम्बूक का कटा सिर' कविता में लिखते हैं-

"शम्बूक, तुम्हारा रक्त जमीन के अंदर
समा गया है,
जो किसी भी दिन
फूटकर बाहर आएगा
ज्वालामुखी बनकर।"[6]

उपर्युक्त काव्य पंक्तियों से यह स्पष्ट है कि कवि के लिए शम्बूक महत्वपूर्ण पात्र है। उसकी हत्या व्यर्थ नहीं जाएगी। उसका बलिदान दलितों में क्रान्ति की ज्वाला फैलाएगी। लोग अपने अधिकारों के लिए सचेत होंगे। यहाँ ज्वालामुखी विद्रोह का प्रतीक है। सदियों से होते आ रहे अन्याय के खिलाफ विद्रोह का बिगुल है।

ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता में दलित-अस्मिता, दलित-जागरण और उनके संघर्षों की कथा तो है ही साथ ही साथ गहरी तार्किकता भी है। जो समाज में व्याप्त रूढ़ियों पर गहरी चोट करती है। कवि जब 'शायद आप जानते हों' कविता में लिखता है-

"चूहड़े या डोम की आत्मा
ब्रह्म का अंश क्यों नहीं है
मैं नहीं जानता
शायद आप जानते हों!"[7]

तो कवि बेहद ठोस तार्किकता के साथ समाज के तथाकथित उच्च-वर्णी लोगों को आइना दिखा देता है। क्योंकि ये ही (उच्च-वर्णी) लोग कहते हैं कि संपूर्ण सृष्टि ब्रह्म का अंश है। जीव ब्रह्म का ही अंश है। किन्तु जब बात दलितों की आती है, तो यह तबका उनके लिए अछूत है, अनादृत है। सिद्धांत और व्यावहारिकता के बीच व्याप्त इस बड़ी खाई की पहचान ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताएँ करती हैं।

ओमप्रकाश वल्मीकि को प्रायः हिन्दी काव्य धारा के यथार्थवादी परंपरा को आगे बढ़ाने वाला कहा जाता है, इनकी कविताओं की भाषा में एक प्रवाह है, इनका काव्य संग्रह हिन्दी साहित्य का अमूल्य रत्न है। इस काव्य संग्रह का तेवर जहाँ एक ओर प्रतिरोध की धार लिए हुए है वहीं दूसरी ओर अनुभव का ताप भी। दलित साहित्य में जाति का विरोध केन्द्रीय स्वर रहा है। ओमप्रकाश वाल्मीकि के यहाँ भी इस स्वर की गहरी मौजूदगी देखी जा सकती है। ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं-

"स्वीकार्य नहीं मुझे
जाना,
मृत्यु के बाद
तुम्हारे स्वर्ग में।
वहाँ भी तुम
पहचानोगे मुझे
मेरी जाति से ही !"[8]

इन पंक्तियों में कवि की जो स्वचेतना है, उसकी जो वैचारिक ऊर्जा है, वह अभिव्यक्त हुई है। जाति को लेकर विरोध का जो स्वर हमें सुनाई देता है, वह नया नहीं है। भक्तिकालीन साहित्य में भी जाति दंश के प्रति गहरी वेदना मौजूद है। कबीर, दादू, नानक और रैदास से यह परंपरा चली आ रही है। ये संत कवि अपनी जाति भिन्नता, विविधिता के कारण ही साहित्य में विशिष्ट पहचान रखते हैं। ओमप्रकाश वाल्मीकि भी इस चली आ रही परंपरा को एक सम्बल प्रदान करते हैं। वे सीधे-सीधे जाति व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हैं। वे समाज में समरसता के भाव को प्रतिष्ठित करना चाहते हैं। बगैर इसके समाज को सभ्यता की सार्थकता और उत्कर्ष की ओर नहीं ले जाया जा सकता है। इस संदर्भ में प्रसिद्ध विचारक पूरनचन्द्र जोशी लिखते हैं- **"इतिहास बताता है कि अभिजन सभ्य और संस्कृति होने का घमण्ड भले ही करें, उसकी सभ्यता और संस्कृति जन से ही आती है। अभिजनों की सारी कला और संस्कृति की जड़ें लोक-संस्कृति में होती हैं। जब वह अपनी जड़ों से कट जाती है, यांत्रिक और प्राणहीन हो जाती है। वह बाजार में बिकने वाली वस्तु मात्र बन जाती है।"[9]** इस उद्धरण से स्पष्ट है कि समाज की सजीवता लोक-संस्कृति पर आधारित होती है जहाँ समरसता और संवेदना की धारा बहती है, अभिजनों के यहाँ धर्म और जाति की श्रेष्ठता का दंभ पलता है। ओमप्रकाश वाल्मीकि अपनी कविता में लिखते हैं-

"पेड़, तुम उसी वक्त तक पेड़ हो
जब तक ये पत्ते तुम्हारे साथ हैं
पत्ते झड़ते ही,
पेड़ नहीं ठूँठ कहलाओगे
जीते जी मर जाओगे!"[10]

ओमप्रकाश वाल्मीकि ने यहाँ प्रतीकात्मक ढंग से मानवीय संवेदना को व्यक्त किया है। जिस प्रकार पेड़ की सुंदरता, उसकी भव्यता फूल-पत्तों के साथ ही मुखरित होती है, उसी तरह इस दुनिया की सुन्दरता दलित, सर्वहारा, शोषित, मजदूर वर्ग के बलबूते ही कायम है। इन पंक्तियों के माध्यम से ओमप्रकाश वाल्मीकि की गहरी सूझ-बूझ और उदार संवेदना का पता चलता है। इसी तरह की बात वह अपनी कविता 'लाशों के बाद भी' में करते हैं। यह सशक्त मानवीय रागात्मक भाव की कविता है-

"जलती बस्तियों में/लाशों के ढेर पर
वे दे रहे हैं वक्तव्य/सहिष्णुता और आस्था का
तर्क हीन कुकृत्य/उन्हें भयभीत नहीं करते
नहीं जगाती सपनों में/दर्दनाक चीखें
इतने रक्तपात/इतनी आगजनी के बाद भी।"[11]

इन पंक्तियों में कवि की गहरी प्रतिबद्धता नजर आती है जन-सामान्य के प्रति। कवि व्याकुल है, अस्थिर है, समाज में हो रहे शोषण और अन्याय को देखकर। उसकी बेचैनी उसके शब्दों में व्यक्त होती है। अक्सर यह देखा जाता है कि समाज का सम्पन्न और ताकतवर वर्ग बड़ी-बड़ी आदर्शवादी बातों से समाज में मौजूद शोषण और भेद-पूर्ण नीति को ढकने का प्रयास करता है। कवि ने उन तथाकथित सभ्य लोगों की खबर इन पंक्तियों के माध्यम से ली है।ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताएँ जन-सामान्य की वेदना को, उनकी समस्याओं को अभिव्यक्त करती हैं। इनकी कविताओं में भी जन-सामान्य के प्रति गहरी प्रतिबद्धता है। अपनी कविता 'रास्ते की धूल भी मौजूद है' में वे लिखते हैं-

"शहर-दर-शहर/जब वे लौटे
उनकी आँखों में
रास्ते की धूल मौजूद थी।"12

यहाँ जो धूल की मौजूदगी कविता में है, वह प्रगतिवादी काव्यधारा का ही विस्तार है। इस दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि ओमप्रकाश वाल्मीकि प्रगतिवादी काव्यधारा के उत्तराधिकारी हैं। एक सभा को उनके द्वारा दिए गए अध्यक्षीय उद्बोधन में कवि ने जो कहा वह उनकी प्रगतिशील और जन-पक्षधरता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि- **"दलित साहित्य नकार का साहित्य है, जो संघर्ष से उपजा है, जिसमें समता, स्वतंत्रता और बन्धुता का भाव है और वर्ण-व्यवस्था से उपजे जाति-भेद का विरोध है।"13**

ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताएँ मानवता का नया आधार निर्मित करती हैं। उनकी रचना-धर्मिता की पहुँच एक आम आदमी तक है। जब आम-जन उनकी कविताओं को पढ़ता है तो मनुष्यता के अधिक नजदीक वह अपने को पाता है।

निष्कर्षत: शोधात्मक अध्ययन स्वरूप यह कहा जा सकता है कि ओमप्रकाश वाल्मीकि हिन्दी साहित्य के बहुमूल्य रत्न हैं। एक ऐसा रत्न जिसकी आभा लगातार रोशनी फैला रही है। उनकी कविताओं की ज्योति अपनी रोशनी से समाज के अँधेरे को दूर कर रही है। वह निरंतर जनसामान्य के लिए खड़ी है। वह चाहती है कि समाज में खुशहाली आये और असमानता और वर्णभेद का विकास चक्र रुके। ओमप्रकाश वाल्मीकि अपने अंतिम समय तक अपनी इसी इच्छा को व्यक्त किया है। पल्लव को दिए अपने एक साक्षात्कार में उन्होंने समाज में फैली असमानता पर चिंता व्यक्त की थी। कुल मिलाकर ओमप्रकाश वाल्मीकि एक ऐसा साहित्य चाहते हैं, ऐसा समरसता का संसार रचना चाहते हैं, जहाँ सभी सुखी हों, किसी भी प्रकार का जातिगत भेदभाव न हो। जहाँ लोगों की मूलभूत जरूरतें (रोटी, कपड़ा, मकान) सहज ही पूरी हो सकें। ओमप्रकाश वाल्मीकि इस दृष्टि से हिन्दी के बेहतरीन साहित्यकार सिद्ध होते हैं।

*****

सन्दर्भ स्रोत :-

1.- वाल्मीकि ओमप्रकाश, 'दलित साहित्य : अनुभव, संघर्ष एवं यथार्थ', राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण : 2020, पृष्ठ संख्या- 26
2.- वाल्मीकि ओमप्रकाश, 'सदियों का संताप', गौतम बुक सेंटर, नई दिल्ली, पृष्ठ सं - 13
3.- वही, पृष्ठ संख्या- 13 4.- वही, पृष्ठ संख्या- 13
5.- वाल्मीकि ओमप्रकाश, 'बस्स! बहुत हो चुका', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, : पृष्ठ संख्या- 79
6.- वाल्मीकि ओमप्रकाश, 'सदियों का संताप', गौतम बुक सेंटर, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या- 23
7.- वाल्मीकि ओमप्रकाश, 'बस्स! बहुत हो चुका', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण : 1997, पृष्ठ संख्या- 13 8.- वही, पृष्ठ संख्या- 78
9.- सिंह नामवर, आलोचना, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, सहस्राब्दी अंक-1, अप्रैल-जून- 2000, पृष्ठ संख्या- 98
10.-वाल्मीकि ओमप्रकाश, 'बस्स! बहुत हो चुका', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण : 1997, पृष्ठ संख्या- 11 11.-वही, पृष्ठ संख्या- 59
12.-वही, पृष्ठ संख्या- 44
13.-वाल्मीकि ओमप्रकाश, (अध्यक्षीय भाषण), 'अंगुत्तर', अक्तूबर-नवंबर-दिसंबर-1993, अंक-1, नागपुर, पृष्ठ संख्या- 14

दलित आत्मकथाओं में अभिव्यक्त भारतीय समाज का स्वरुप

मनीष कुमार महरा
शोधार्थी- हिन्दी
पंजीयन क्र.1184010005
पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय

सारांश:- दलित आत्मकथाएं दलित समाज की भोगी हुई यथार्थ पीड़ा वेदना आप बीती का दस्तावेज है। दलितों ने भारतीय समाज के जिस पीड़ा को भोग कर दुखों का साक्षात्कार किया है, वह दलित आत्मकथाओं के माध्यम से ही सही रूपों में व्यक्त किया जा सकता है इनमें झठ की कोई गुंजाइश नहीं होती। भारतीय समाज का दलित चाहे चपरासी हो या कलेक्टर या देश का राष्ट्रपति ही क्यों ना हो भारत की हिंदूवादी राष्ट्र में ताउम्र जाति आधारित विषमता एवं शोषण को झेलने को अभिशप्त ही होता है। 'जाति जीवन का एक कटु सत्य है' जो दलित हो या ब्राम्हण जाति छाया की भांति उसके साथ रहता है, जहां से भी वे गुजरेंगे छाया उनके साथ ही जाएगी। छाया तो अंधेरे में अदृष्य भी हो जाती है, किंतु जातीय की पहचान इस समाज में अंधेरे में भी कायम रहती है। भारतीय समाज विभिन्न समाजों धर्म तथा विभिन्न संस्कृतियों में बटा हुआ है, एवं सामाजिक अलगाव का शिकार है यही अलगाव ही मानव के सामाजिक संबंधों में भी अलगाव को जन्म देती है। जिसका मूलाधार हिंदू धर्म और दार्शनिकता पर आधारित वर्ण व्यवस्था है। जातिवाद उसका ही विकृत रूप है परंपरागत आत्मकथाएं वर्ण व्यवस्था के इस दंश से मुक्त हैं। जबकि दलित आत्मकथा का मुख्य दंश ही भारतीय समाज की परंपरावादी व्यवस्था है, जो समाज के विकास में अवरोध करता है, सामाजिक अस्मिता इंसान का संस्कृतिक मूल्य है। इस देश और समाज का दलितों के हिस्से में आया हुआ जीवन इंसान के सांस्कृतिक मूल्यों को पैरों के नीचे कुचलता है, सामाजिक एहसास से संप्रभुता और स्वतंत्रता समाज में मिलना चाहिए यह वास्तविकता दलित आत्मकथाओं में अभिव्यक्त हैं, और यही भारतीय समाज के दलित समुदायों की मांग है।

मुख्य शब्द:- नियति, अंधश्रद्धा, अलगाव, साक्षात्कार, संस्कृति, अमानवीयता।

प्रस्तावना:- दलित आत्मकथा लेखन ने हिंदी साहित्य को नई गति प्रदान की है। कला तथा साहित्य जीवन से संबंधित होने से सोद्देश्य होता है, इसका उद्देश्य भी साहित्य की अन्य विधाओं से अलग होती है, दलित आत्मकथा समाज में हाशिये पर धकेले गए दलित समुदाय की पीड़ा तथा कटु जीवन पर आधारित सत्य की परत दर परत खुदाई करता है। दलित आत्मकथा में भारतीय समाज एवं साहित्य की सत्य आधारित विचारधाराओं से अलग कर नई दिशा प्रदान करती है। इन आत्मकथाओं के वर्ण्य विषयों का मुख्य आधार भारतीय समाज की उस वर्ग से है जिसे पाप-पुण्य तथा धर्म की आड़ पर सदियों से ज्ञान-शिक्षा-धन अर्जित करने तथा समाज के द्वारा प्राप्त होने वाली सम्मान से भी वंचित करके रखा गया था। साथ ही साहित्य एवं संस्कृति से लंबे अरसे तक इनका कोई सरोकार नहीं था कहते हैं, 'साहित्य समाज का दर्पण' होता है। किंतु सवर्ण साहित्य ने न ही समाज की लगभग आधी आबादी को अपने साहित्य में स्थान दिया और न ही इनके दुख-दर्द तकलीफों तथा न ही वर्ण-व्यवस्था जाति-प्रथा की अमानवीयता पर कोई प्रश्न किया। जिसको दलितों ने अपनी नियति समझ कर सहन करते रहें तथा सवर्ण साहित्य दलितों को इस अमानवीयता को सहाता भी रहा है। दलित साहित्य के आगमन से ही दलितों ने अपनी भोगी हुई पीड़ा तथा अमानवीय कृत्यों को अभिव्यक्त करने के लिए आत्मकथा को ही अपना हथियार बनाया। जिसके द्वारा सामान्य साहित्य एवं भारतीय समाज के स्वरूप को शब्द बद्ध कर प्रस्तुत किए हैं। इस अमानवीयता और अस्पृश्यता का स्वरूप 'ओमप्रकाश वाल्मीकि' की आत्मकथा से ही स्पष्ट होता है- 'अस्पृश्यता का ऐसा माहौल भारतीय समाज में है कि कुत्ते, बिल्ली, गाय, भैंस को छूना बुरा नहीं था किंतु किसी दलित व्यक्ति का स्पर्श हो जाए तो सवर्णों को पाप लग जाता था, दलित व्यक्ति को सामाजिक स्तर पर इंसानी दर्जा ही प्राप्त नहीं था, दलित सिर्फ समाज में उपयोग की वस्तु थे। काम खत्म होते ही उपयोग भी खत्म हो जाता था'। जैसे ''इस्तेमाल करो और दूर फेंको''[1]दलित

आत्मकथा कार मोहनदास नैमिशराय ने दलित आत्मकथा के विषय में अपने विचार व्यक्त किए हैं कि-''दलित आत्मकथा लिखने के लिए दोहरे संकट से भी गुजरना पड़ता है पहले स्वयं अपने समाज जाति तथा परिवार से वहीं दूसरी ओर सवर्ण जाति के समीक्षकों से भी उलझना पड़ता है जिनको शालीनता एवं अश्लीलता के शब्दावलियों के माध्यम से कथा कारों का अपमान करना कभी नहीं भूलते।''[2]

डॉक्टर लाल साहब सिंह ने 'हिंदी के नवीन इतिहास' में आत्मकथा को अभिव्यक्त करते हुए स्पष्ट किए हैं कि- ''आत्मकथा में अपने बीते हुए कल का सिंहावलोकन और एक व्यापक पृष्ठभूमि में अपने जीवन के महत्व को प्रतिस्थापित करना है। जिसमें वह अपने परिवेश के साथ पूरी जीवंतता से जुड़ा हुआ होता है।''[3]

आत्मकथा कई बार ऐसी नग्न सच्चाई यों को उजागर करने का साहस मांगती है जो भारतीय समाज की चरित्रों में बहुत कम संभव होता है।''इन सभी तथ्यों को अन्य आत्मकथा में हरिवंश राय बच्चन की 'क्या भूलूं क्या याद करूं' तथा महात्मा गांधी जी की 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' में देखने को मिलता है।''[4] कहा जाता है, कि भारत की वास्तविक निवासी ही दलित समुदाय हैं, अन्य सभी जातियां तो इतिहास के विभिन्न विभिन्न कालों में दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों से भारत भूमि पर आई है, किंतु दलित समुदाय की जातियां भारत भूमि पर ही जन्म लिए हैं। यह एक दुर्भाग्य है, कि भारत की भूमि पर जन्म लेने वाला आज भारतवर्ष में सबसे उपेक्षित और अपमानित है। इस उपेक्षित अपमानित जातिगत का दंभ भारतीय समाज में विद्यमान छुआछूत एवं उच्चता-निम्नता के भाव को पल्लवित करता है। दलित अपनी आत्मकथा से दलित वर्ग में पल रही सवर्ण मानसिकता को उजागर करके उन्हें वर्ग हित में एक साथ होकर काम करने की प्रेरणा देती है। इस विषय में डॉक्टर सुभाष चंद्र का मत है कि-''जातिगत चेतना से ऊपर उठकर वर्ग चेतना को स्वीकार किए बिना दलितों में एकता कायम नहीं हो सकती। अपनी जाति की सहूलियतों के लिए लड़ने मात्र से कोई विशेष उपलब्धि प्राप्त नहीं होगी। जातियों के उत्थान की यह आज की दलित समाज में दरार करती है तथा ब्राह्मणवाद के आधार को मजबूत बनाती है। जाति के आधार पर भेदभाव तथा पक्षपात करके छोटे-छोटे स्वार्थों को पूरा करने की प्रवृत्ति विशेषतरू सरकारी नौकरी व सुविधाओं को पाने के लिए पूरे दलित समाज को एक नजरिये से न देखकर जातिगत आधार पर बंदरबांट करना दलित समाज के विकास में बाधक है।''[5]

भारतीय समाज में दलितों ने समाज में व्याप्त वर्ण-व्यवस्था, जाति-प्रथा अपमान एवं अस्पृश्यता के दंषों को सहा है। वहीं उन्होंने अपने समाज के अंदर विद्यमान रूढ़िवादिता और परंपरागत मान्यताओं के प्रति भी विद्रोह के स्वर बुलंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, समाज में ऐसी प्रथाएं और रीति-रिवाज प्रचलित हैं, जो आज भी आत्मसम्मान को चोटिल करती हैं। 'ओमप्रकाश बाल्मीकि' ने अपनी आत्मकथा जूठन में जूठन उठाने एवं सलाम जैसी को प्रथम का भी वर्णन किया है,- की 'शादी ब्याह के अवसरों पर जूठन उठाकर खाना एवं दूल्हा और दुल्हन को सलाम करना जिस पर वे दलितों को कुछ ना कुछ देते थे' इस अपमानजनक प्रथा का विरोध किया है। समाज में दलितों ने अपने समुदाय के शोषण का मुख्य कारण धार्मिक अनुष्ठान मूर्ति-पूजा एवं रूढ़िगत कर्मकांड को भी माना है। समाज में जाति-प्रथा ,पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होने वाली एक प्रक्रिया रही है जिसका सर्वश्रेय मूर्ति पूजा ईश्वर बादिता के रीती- नीतियों को जाता है दलित आत्मकथा में भारतीय समाज एवं समुदायों के उन जीवन की सत्यताधारित घटनाओं को उद्घाटित किया गया है, जो आज तक के इतिहास में भारतीय साहित्य के कलेवर में अपना स्थान निर्धारित ना कर सके। भारतीय समाज के दलित समुदायों ने जाति -प्रथा धार्मिक रीति-रिवाजों, सवर्ण वादी पाखंड एवं कुरीतियों के कुचक्र में फंस कर पीढ़ी दर पीढ़ी इनको सहा है, जिसको दलित समाज में अपनी श्रियतिश् मानकर अपने आप को मनुष्य होने की गरिमा तथा अपने आत्मसम्मान के एहसासों को ही भूल गए थे। समाज में दलित समुदाय गरीबी तथा सामाजिक शोषण के कारण ही अधिक दबे हुए हैं जिससे वे शिक्षा से भी वंचित है जिसे कारण समाज में अधिक शिक्षक सवर्ण ही है जो अपने वर्ण तथा वर्ग के हितार्थ में ही अपनी शैक्षिक भूमिका का निर्वहन करते हैं दलित छात्रों के साथ शत्रुवत एवं पशुवत दो बात करने से बाज नहीं आते इस संदर्भ में डॉक्टर सुभाष चंद्र का अभिमत है कि-

''शिक्षा के साथ जागरूकता एवं चेतना का प्रसार होता है परिणाम था वर्चस्वी वर्गों के आधिपत्य को चुनौती मिलती है जो श्रवण समाज को स्वीकार नहीं है जिससे वे दलितों को शिक्षा अर्जन से पृथक कर देना चाहते हैं। शिक्षा से बराबरी की आकांक्षा उत्पन्न होती है साथ ही यह धारणा भी खत्म होती है कि व्यक्ति को प्रतिभा जन्मजात ही मिलती है और यह केवल उच्च वर्ग के पास ही होती है भारतीय समाज की है ऐसी विडंबना है कि शास्त्रों में बिना शिक्षा प्राप्त व्यक्ति को बिना सींग- पूंछ किस जानवर की संज्ञा से अभिहित किया गया है तो दूसरी ओर दलित समाज को शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रहने का नियम बनाया गया है जिसे दलितों का धर्म भी बताया गया है। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि दलितों को इस समाज में जानबूझकर पशुपत जीवन जीने के लिए मजबूर किया गया शिक्षा ज्ञान को सार्वजनिक ना कर के कुछ वर्गों में ही सीमित रखा गया जिसके परिणाम से ही सवर्णवाद- ब्राह्मणवाद फुला-फला है। इस समाज में जब कोई दलित पड़ता है तो सवर्णों को लगता है कि वह कोई अपराध कर रहा है।''[6]दलित आत्मकथाओं मैं दलित आत्मकथा कार अपने आत्मसम्मान को जागृत करने की कोशिश करता है जो प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं जीवन के दग्ध अनुभवों के साथ ही अपने समाज के सदस्यों को भी उजागर करता है। जिसके द्वारा यह एहसान किया जा सकता है कि वह भी मनुष्य ही है किंतु इस समाज की रूढ़िवादी परंपरा ने उन्हें गुलाम बना कर रख दिया यही विचारधारा ही दलितों में आत्म चेतना की चिंगारी भरता है अपनी अस्मिता और सम्मान की रक्षा करने के लिए प्राचीन सवर्ण वादी वर्ण व्यवस्था एवं भेदभाव पूर्ण जातिवाद की अमानवीय अत्याचार एवं घृणास्पद व्यवस्था के विरोध में भारतीय समाज में दलित आत्मकथा और ने विद्रोह के स्वर को आवाज दी है। उपेक्षा तथा यातनाओं का जो जीवन दलितों ने इस समाज में किया है वह इंसानियत को भी शर्मसार कर दिया है मराठी के प्रसिद्ध आत्मकथाकार श्शरण कुमार लिंबालेश् ने 'अक्कारमासी' मैं इन यात्राओं का जिक्र किए हैं, ''कौढ़ी जैसे अपने कोढ़ को छिपाकर रखता है, वैसे ही मैं भी अपने जीवन को छुपा कर रखूं- ऐसी इच्छा होती है।''[7]

दलित आत्मकथा में समाज के उन सच्चाइयों को उजागर करने वाली दर्पण है जिन्हें कभी साहित्य में स्थान ही नहीं दिया गया। अतीत की यातनापूर्ण स्मृतियों को जीवित करना बहुत ही दुखदाई होता है, किंतु अतीत के सचिवों से भागकर उससे मुक्ति पाना इतना आसान नहीं है वरुण अतीत के जीवन संघर्षों से ही शक्ति प्राप्त करनी होगी, क्योंकि अतीत के अनुभव से ही ऊर्जा प्राप्त कर वर्तमान समाज व आने वाली पीढ़ियों को नई दिशा प्रदान की जा सकती है। दलित लेखक समाज में व्याप्त अंधविश्वासों एवं प्रखंडों के संकीर्ण विचारों को ऊपर उठाने पर अधिक बल देते हैं, समाज के सत्य को उद्घाटित कर उसकी न्यूनताओं तथा कमजोरियों को समाप्त करने की कोशिश करता है, जिससे भविष्य में शिक्षा,संगठन के मार्ग पर चलकर अपना एवं अपने समाज का चहुमुखी विकास कर सकें। इस विषय में दलित विचारक तेज सिंह ने लिखा है कि, ''दलित लेखक अपने इन आत्मकथाओं के माध्यम से सामाजिक अस्मिता की पहचान की तलाश करते हुए जाति प्रथा के विभिन्न सामाजिक संस्थानों का विखंडन करने के लिए विद्रोही रुख अपनाकर क्रांतिकारी सामाजिक परिवर्तन का एक नया मार्ग सुझाया है। जिससे भारत जैसे देश में दलित समाज के लोगों को एक दिशा तय करने का अवसर प्राप्त होगा।''[8]

आजादी के 70 साल बाद भी जब भारत के समाज में दलितों को सामाजिक आर्थिक शोषण से मुक्ति एवं न्याय नहीं मिला परिणाम स्वरूप दलितों को सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि आखिर यह आजादी किसके लिए है? उनका मुक्ति पर्व कब आएगा? यह ऐसा प्रश्न है जो भारत के समाज में आजादी से लेकर आज भी दलित समुदाय के भीतर अंगारे की तरह भभक रहा है, जो दलितों की भावनाओं को भी उद्वेलित करता है। इस विषय पर हिंदी दलित लेखक मोहनदास नैमिशराय ने इस देश के हर एक सभ्य नागरिक से समाजसुधारकों, राजनितिज्ञों से प्रश्न पूछा है कि ''हम मुक्ति पर्व किसे कहें? जब देश आजाद हुआ उस या जब किसी जाति या कुछ जातियों को आजादी मिली, उस मुक्ति से आखिर क्या तात्पर्य है, एक आदमी की मुक्ति या एक विशेष जाति की.....।''[9] देश की आजादी का प्रश्न एक समाज के दलितों की 'मुक्ति' के प्रश्न से जुड़ा हुआ है। जातिवाद और अस्पृश्यता भारतीय समाज का व्यच्छेदक लक्षण बन गया है, यह जब तक इस समाज में स्थापित रहेगा जब तक देश में जातिवाद, वर्ण-व्यवस्था, जातिप्रथा का आधिपत्य रहेगा।

दलित समाज का लक्ष्य जातिवाद के साथ-साथ पूंजीवादी व्यवस्था का भी अंत करना है क्योंकि सामाजिक विषमताओं के साथ आर्थिक विषमता भी दलित समुदाय के विकास में बाधा उत्पन्न करता है। इसलिए दलित साहित्य समाज में सिर्फ श्जातिश् के प्रश्नों तक ही सीमित नहीं है, वैश्वीकरण के दौर में शिक्षा का बाजारीकरण होगा जिससे गांव का दलित शिक्षा और सम्मान से और भी वंचित होता गया।

भारत के हर साहित्य में जाति का वर्णन स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है किंतु दलित साहित्य का 'जाति' एक विशिष्ट अनुभव के रूप में का वर्णन मिलता है, जिसमें मुख्य तत्व दलितों की पीड़ा,अमानवीयता, अस्पृश्यता ही दिखाई देता हैं कि 'जाति' की विशिष्ट अनुभव का जिम्मेदार भारतीय सवर्णवादी साहित्य है जिसने दलित साहित्य को कभी अपने साहित्य में स्थान ही नहीं दिया। भारतीय समाज के स्वरूप से तात्पर्य वस्तुतः जाति व्यवस्था से है, डॉ. भीमराव अंबेडकर ने यह माना है कि समाज में जनसंख्या का निश्चित स्थायी एवं अनुलंघनिय इकाइयों (समूहों) में विभाजित है। व्यक्ति जिस जाति में जन्म लेता है वह अजीबन उसी जाती का सदस्य रहता है। समाज में उस व्यक्ति के स्थिति का निर्धारण उसके जाति के आधार पर की जाती है। इस तरह से भारत का समाज विभिन्न जातियों के बीच अंतर संबंधों एवं उनके मध्य ऊंच-नीच के संस्तरण को भी व्यक्त करता है जाति व्यवस्था में सामुदायिक जीवन पद्धतियों कथा भाईचारे का नितांत अभाव पाया गया है,क्योंकि अलग-अलग जातियों की जीवनशैली भी अलग-अलग होती है इस कारण से समान आचार विचार के होते हुए भी हिंदू एक समाज या एक राष्ट्र नहीं है, बल्कि विभिन्न जातियों का एक संग्रह है जाति व्यवस्था ने पूरे देश को अलग-अलग दर्बा में बंद कर रख दिया है, समाज व्यवस्था तब तक टिकाऊ नहीं हो सकता जब तक उसके पीछे कोई सशक्त वैचारिकी ना हो वर्ण व्यवस्था के पीछे वर्णाश्रम धर्म एवं कर्म तथा पुनर्जन्म के सिद्धांत पर आश्रित एक सशक्त एवं व्यवस्थित हिंद वैचारिकी का अनुमोदन है। भारतीय समाज का साहित्य कल्पनाओं तथा आदर्शों की नींव पर खड़ा है, जो किसी समाज के लिए प्रासंगिक नहीं हो सकता इस विषय पर सुशीला टाकभौरे ने अपने विचार व्यक्त किए हैं।

''स्वयं को पहचानो/चक्की में पिसते अन्न की तरह नहीं
उगते अंकुर की तरह जियो/धरती और आकाश सब का है
हवा प्रकाश किसके वस का है/फिर इन सब पर भी
क्यों नहीं हक जताओ/सुविधाओं से समझौता करके
कभी ना सर झुकाओ/अपना ही हक
नई पहचान बनाओ/धरती पर पग रखने से पहले
अपनी धरती बनाओ।''[10]

भारतीय समाज में दलित समुदाय ने गुलामी को लंबे समय तक अपनी नियति मान रखा था किंतु आज परिस्थिति बदल चुकी है डॉक्टर भीमराव अंबेडकर तथा फुले के दलित आंदोलनों के परिणाम स्वरूप दलितों के भीतर मुक्ति की चेतना पैदा की है। आज वर्तमान का दलित समाज प्राचीन व्यवस्था को ढोने से साफ मना करता है।

''जब हमें निश्चय हो गया है/की व्यवस्था की इस गोद में
सदियों से सिर्फ टिकाकर/रोने को मजबूर दलित ने
इसकी जड़ों में मट्ठा डालने की/सर्वाच्च जरूरतों को समझ लिया है।''[11]

भारत के अनेक राज्यों के विभिन्न विद्वानों ने अपनी लेखनी के द्वारा गंभीर चिंतन के साथ दलित साहित्य के बल स्थान संभावनाओं और मर्यादाओं को स्पष्ट करते हुए बड़े ही बेबाकी से अपने विचारों को व्यक्त किए हैं जिसमें प्रमुख विधाओं एवं चुनिंदा रचनाओं पर गहनता के साथ चिंतन होना चाहिए ताकि दलित समाज के विकास यात्रा का भी परिचय हो सके भारतीय समाज की दिशा स्पष्ट हो क्योंकि दलित साहित्य का दायित्व साहित्य तक ही सीमित नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव में 'अप्प दीपो भव' का स्थान है। ******

संदर्भ ग्रंथः-

1. ओमप्रकाश बाल्मीकि, जूठन। पृ.स. 12
2. मोहनदास नैमिशराय, दलित साहित्य में आत्मकथा लिखने के संकट लेख अभीमूकनायक मासिक – फरवरी। 2000 पृ.स. 03
3. माता प्रसाद, दलित साहित्य में प्रमुख विधाएं। पृ.स.29
4. कमला प्रसाद, वसुधा अंक 58 जुलाई-सितंबर। 2003 पृ.स. 100
5. डॉक्टर सुभाष चंद्र, दलित आत्मकथाएंरू अनुभव से चिंतन। पृ.स. 60
6. वही पृ. स. 91
7. शरण कुमार लिंबाले, अक्कारमासी, अनुवादक- सूर्यनारायण रणसुभे भूमिका से।
8. अपेक्षा, वर्ष-1 अंक -4 जुलाई- सितंबर 2003 संपादक तेज सिंह पृ.स. 11-12
9. डॉक्टर तेज सिंह, दलित समाज की आजादी का श्मुक्ति पर्वश्, दलित साहित्यरू समग्र परिदृश्य। पृ.स. 42
10. डॉक्टर जी. वी. रत्नाकर, 'हमारे हिस्से का सूरज' में दलित चेतना, दलित साहित्यरू समग्र परिदृश्य। पृ.स. 313
11. संदीप जायसवाल, समय और समाज से जिरह करती लीलवान की कविता, दलित साहित्य समग्र परिदृश्य। पृ.स. 334

खुशियों का पुष्पन-पल्लवन

लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
ग्राम-कैतहा, पोस्ट- भवानीपुर
जिला-बस्ती 272124 (उ. प्र.)
मो. 7355309428

1.खुशियों का पुष्पन-पल्लवन...

धरती से धड़ाधड़ जंगल कटते जा रहे हैं
कंक्रीट के महल खड़े होते जा रहे हैं
हमारे गाँव शहर में और शहर
महानगर में बदलते जा रहे हैं
कल-कल करती नदियों पर
बांध बना कर उनके प्रवाह को
हम अवरुद्ध करते जा रहे हैं...

पहाड़ों-पर्वतों को प्रयोगशाला
बना कर हम नित तोड़ रहे हैं
प्रकृति की बेशुमार संपदाओं को
हम दोहन करते चले जा रहे हैं
भौतिकता की अंधी दौड़ में
क्या हम सचमुच दृष्टिहीन हो गए हैं?...

हमने धृतराष्ट्र की तरह आँखों पर
मजबूत पट्टी बांध ली है
हम दिखावे की दुनिया में दौड़ रहे हैं
उचित-अनुचित, सही-गलत, न्याय-अन्याय का
फैसला अपनी सुविधानुसार कर ले रहे हैं
9. आउटलुक जनसंख्या नीति/आबादी की राजनीति, आउटलुक, 9 अगस्त, 2021.

नई शिक्षा नीति, समाचार लेखन:संपादन और रोजगार

डॉ. नवनाथ गाड़ेकर
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग,
भारत महाविद्यालय, जेऊर (म.रेल)
तहसील-करमाळा, जिला-सोलापुर (महाराष्ट्र)पिन- 413202
मो. 9960949298

शोध सारांश :-

नई शिक्षा नीति में रोजगार की कई संभावनाएँ उपलब्ध हैं। वह आत्मनिर्भर भारत निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करेगी। इसमें व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर जोर दिया है। समाचार लेखन एवं संपादन के क्षेत्र में आसानी से रोजगार मिल सकता है। इस क्षेत्र से संबंधित ज्ञान प्राप्त करने के बाद निश्चित रूप से रोजगार उपलब्ध हो जाता है। समाचार के क्षेत्र में रोजगार प्राप्ति के लिए समाचार लेखन के तत्व या सिद्धांत का गंभीरता से अध्ययन करना चाहिए। बहुत बड़े वर्ग के साथ समाचार का संबंध है। समाज में रहनेवाले लगभग प्रत्येक व्यक्ति का किसी एक समाचार पत्र के साथ संबंध आता है। वह समाचार को पढ़े बिना चैन से बैठ नहीं सकता। ताजा खबर पढ़ने को मिलती है, इसीलिए गाँव, देहात और शहरों में समाचार पत्र की लोकप्रियता बढ़ गई है। समाचार पत्र की खबर पर लोग विश्वास रखते हैं, कहने का मतलब यह है कि समाचार पत्र ने पाठक वर्ग की विश्वसनीयता प्राप्त की है। समाचार लेखन और संपादन प्रविधि का ज्ञान प्राप्त करने के बाद किसी एक समाचार पत्र में संपादक और संवाददाता के रूप में रोजगार मिल सकता है। संपादक का काम बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। प्राप्त सभी खबरों को देखकर काट-छाँट करके छापने के लिए अनुभति देनी पड़ती है। संपादक को जन-चेतना, जन-आकांक्षा और जनहित का संरक्षक कहा जाता है। समाचार पत्र की संपूर्ण जिम्मेदारी संपादक पर निर्भर होती है। नई शिक्षा नीति, समाचार लेखन एवं संपादन और रोजगार के संदर्भ में कहा जा सकता है कि इस क्षेत्र में निश्चित रूप से रोजगार मिल सकता है।

बीज शब्द :-

समाचार, नई शिक्षा नीति, रोजगार, संपादक, संवाददाता, लेखन, माध्यम, मुद्रित, जनसंचार, लेखन, संपादन, सिद्धांत, तत्व, विश्वसनीयता, लोकप्रियता, भूमिका, संरक्षक आदि।

भूमिका:-

भारतीय संविधान के द्वारा हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार करने के बाद हिंदी का परंपरागत अर्थ, स्वरूप तथा उसका व्यवहार क्षेत्र अधिक व्यापक हो गया है। परंपरा से हिंदी भाषा के अध्ययन-अध्यापन का अर्थ प्रायः भाषाशास्त्रीय अथवा व्याकरणिक समस्यओं तक सीमित लिया जाता था और साहित्य का संबंध रस निष्पत्ति तक ही लिया जाता था। परंतु जैसे ही राजभाषा हिंदी के विविध रूपों की पहचान आंरभ हुई तो उसके व्यवहार क्षेत्र की व्यापकता बढ़ गई। हिंदी अब केवल कहानी, उपन्यास, नाटक, एकांकी, आत्मकथा या समीक्षापरक विधाओं में भाव-भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम नहीं रही। अब हिंदी प्रशासन, न्याय, शिक्षा तथा पत्रकारिता, समाचार, विज्ञापन, अनुवाद आदि कई विभिन्न जनसंचार के माध्यमों में प्रयुक्त होने लगी है। वर्तमान दिनों में हिंदी केवल स्त्री का नखशिख वर्णन, भाव-भावनाओं का वर्णन की साधिका नहीं रही, बल्कि वह जीविकोपार्जन अर्थात रोजगार का महत्वपूर्ण साधन भी बन गई है। प्रतियोगिता के युग में विविध जनसंचार माध्यमों में सहजता से रोजगार मिल रहे हैं। जनसंचार की लेखन प्रविधि या कार्य विधि को समझकर या सीखकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। जनसंचार माध्यमों के विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के सहारे रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

समाचार को पढ़ने के बाद छोटी से छोटी जानकारी के साथ संपूर्ण विश्व की खबर मिलती है यह उनका अनुभव है। इसीकारण कोरोना के इस महामारी के काल में समाचार का महत्व अधिक बढ़ गया है। वर्तमान समय में समाचार का महत्व और लोकप्रियता के संदर्भ में डॉ. माधव सोनटक्के अपने शब्दों में कहते हैं, ‘‘सूचना प्रदान करना, सत्य को उद्घाटित करना, शिक्षित करना और मनोरंजन करना ये पत्रकारिता के सर्वमान्य उद्देश्य रहे हैं। लोकजागृति के प्रभावी माध्यम के रूप में समाचार पत्र अपना दायित्व निभाते रहे हैं।’’1 इस प्रकार आज के सूचना एवं विज्ञान के युग में समाचार पत्र का महत्व कई गुना अधिक बढ़ गया है। समाचार मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। संसार का प्रत्येक व्यक्ति समाचार पत्र से अपने मन में आत्मीयता रखता है। इसका कारण यह भी है कि उसका जीवन कहीं न कहीं इससे प्रभावित और परिचालित होता है। आज का मानव इसी कारण आधुनिक है वह अपने जीवन की ओर समाज तथा राष्ट्र की दशा और दिशा के प्रति सचेत दिखाई देता है। संसार में घटित हो रही घटनाओं को देखकर या सुनकर आज का नागरिक या मानव तरस्थ रह नहीं सकता। अपने परिवेश के प्रति, अपने समाज के प्रति, समाज द्वारा निर्धारित किए गए या किए जा रहे मार्ग के प्रति मनुष्य की क्षमता-अक्षमता और कार्यकलापों के प्रति निरंतर जागरूकता उसे और अधिक आधुनिकता की चेतना प्रदान करती है। आधुनिक काल में या सूचना, विज्ञान एवं क्रांति के इस युग में समाचार पत्र की भूमिका के संदर्भ में प्रो. डॉ. हरिमोहन कहते हैं, ‘‘यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण न होगा कि समाचार पत्र मनुष्य को आधुनिकता की इस अवधारणा से सर्वाधिक सक्रिय रूप में जोड़ते हैं, क्योंकि वे उसमें सामाजिक परिवेश की धार पैनी करते हैं। संभवतः इसीलिए समाचार पत्रों को सामान्य जन का ‘स्कूल मास्टर’ कहा गया है।’’2 मनुष्य के जीवन में मार्गदर्शक के रूप में माता -पिता, भाई-बहन, शिक्षक या समाज के विविध घटकां के साथ समाचार पत्र की भूमिका उतनी ही प्रभावी और महत्वपूर्ण दिखाई देती है।इक्कीसवीं सदी के युग में संचार मनुष्य की अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। इसके बिना उसका जीवन चल नहीं सकता जनसंचार एक व्यापक और सामूहिक प्रक्रिया है। अपने मन के भावों विचारों, अवधारणाओं, मत-मान्यताओं आदि को विस्तृत जनसमुदाय में पहुँचाने और उनकी प्रतिक्रियाओं को जानने एवं समझने के लिए वह आधिकाल से प्रयास करता हुआ दिखाई देता है। सह-अस्तित्व की अवधारणा या धारणा मनुष्य की जीवन जीते समय अनिवार्य शर्त बन गई है। समाचार को पढ़कर हमें शिख मिलती है, मार्गदर्शन मिलता है हमारा जीवन सुखमय बनता है या हम जो पाना चाहते हैं या शिखना चाहते हैं उसमें सफल हो पाते हैं। इसी संदर्भ में समाचार पत्र का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समाचार पत्र में विविध प्रकार की खबर या न्यूज के साथ-साथ लेख भी रहते हैं। कहने का मललब यह है कि समाचार पत्र केवल समाचार देने का काम नहीं करता। वह समाचार को प्राथमिकता तो देता ही है परंतु वह समाज में या विश्व में जो कुछ अच्छा या बुरा विविध क्षेत्र में घटित हो रहा है उसकी जानकारी देता है। उसे पढ़कर मानव अपने विवेक के सहारे अपने जीवन की दिशा निश्चित करता है। संचार की प्रक्रिया केवल मनुष्य में ही नहीं चलती। सृष्टि के सभी प्राणी किसी न किसी सीमा तक अपनी तरह से संचार करते हैं। संचार प्रक्रिया के संदर्भ में प्रो. डॉ. हरिमोहन कहते हैं, ‘‘संचार के अंतर्गत अनुभवों, विचारों संदेश धारणाओं दृष्टिकोण, मतों, सूचना, ज्ञान आदि का आदान प्रदान निहित है। यह आदान-प्रदान या प्रेषण चाहे मौखिक हो लिखित हो अथवा सांकेतिक वस्तुओं और व्यक्तियों के परिवहन से भिन्न।’’3 समाचार आधुनिक जीवन की आवश्यकता है। समाचार पत्रों के प्रकाशन अवधि की दृष्टि से कई रूप हैं, जिसमें दैनिक, अर्ध साप्ताहिक, साप्ताहिक पाक्षिक, मासिक, द्विमासिक, त्रेमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक आदि कई रूप दिखाई देते है। परंतु समाज में दैनिक समाचार पत्र ही लोगों के दिलों और दिमाग में घर करके बढ़े हैं। अन्य समाचार पत्रों की तुलना में लोगों को दैनिक समाचार पत्र के द्वारा तुरंत देश-विदेश में घटी हुई घटनाओं की जानकारी मिलती है। दैनिक समाचार पत्र की लोकप्रियता और जनसामान्य में उसके महत्व को लेकर डॉ. महेंद्रसिंह राणा कहते हैं, ‘‘आधुनिक युग में समाचार जनसंचार का एक प्रमुख वाहक है। समाचार हमारी आदत का अंग बन गए हैं। जैसे सुबह की चाय न मिलने पर हमें तलब के कारण बेचैनी होने लगती है, वैसे ही समाचार पत्र पढ़े या सुने बिना हम बेचैनी का अनुभव करने लगते हैं। कुछ लोग सुबह ही सुबह रेड़ियो पर समाचार सुनते हैं तो कुछ टोलिविजन पर समाचार सुनते तथा देखते हैं। अधिकतर लोग समाचार पत्रों के मुद्रित समाचारो को पढ़ते है।’’4 संसार या विश्व में घटित विविध घटनाओं तथा तथ्यों की शुष्क प्रस्तुति समाचार नहीं बन सकती। जो तथ्य जनसामान्य के जीवन तथा विचारों पर प्रभाव डालते हैं,

उसे अच्छे लगते हैं तथा उसे आंदोलित भी करते हैं, वे ही समाचार बन पाते हैं।

विश्व में प्रतिक्षण विभिन्न प्रकार की घटनाएँ घटित होती रहती है परंतु इन घटनाओं में से कुछ घटनाएँ समाचार बन जाती है ओर कुछ किसी का ध्यान आकर्षण किए बिना जल तरंगो की तरह विलीन हो जाती है। समाचारवाली घटनाएँ कहीं न कहीं, किसी न किसी रूप में लोगों तक पहुँचती है और उनका ध्यान भी आकर्षित करती है। इस प्रकार किसी स्थान पर घटी कोई विशेष घटना समाचार का रूप लेती है। समाचार के संवाददाता या समाचार के लेखक को कौन सी घटना समाचार बन सकती है इसका ज्ञान होना अपेक्षित है। इसके साथ ही समाचार के विभिन्न प्रकारों से परिचित होना आवश्यक है। इसके ज्ञान के अभाव में लिखा गया समाचार केवल शब्दों का संग्रह बन सकता है। समाचार लेखन के संदर्भ में प्रो. डॉ. हरिमोहन कहते हैं, ‘‘एक संवाददाता से अच्छा लेखक होने की अपेक्षा की जाती है। किसी ने ठीक ही कहा है कि रिपोर्टर या संवाददाता, जो मुख्यतः अच्छे लेखक होने चाहिए, पत्र और संपादक के न कवेल नेत्र और कान हैं, बल्कि मुख भी है, जिसके द्वारा विविध घटनाओं की अभिव्यक्ति और चित्रण होता है। फलतः लेखनी पर उनका अधिकार होना अनिवार्यतः आवश्यक है।’’5 एक सफल या यशस्वी संपादक को समाचार लेखन के सिद्धांत से परिचित होना आवश्यक है।

समाचार लिखना पत्रकारिता का केंद्रिय या प्रमुख कार्य है। वही पत्रकारिता का शरीर और आत्मा भी है। समाचार का लेखन करते समय समाचार लेखन के सिद्धांत या जो तत्व है उसा ज्ञान संपादक और संवाददाता को अपेक्षित है। समाचार लेखन का यथार्थता यह एक महत्वपूर्ण तत्व है। बिना किसी जोड़-तोड़ या लाग-लपेट के प्रस्तुत समाचार को यथार्थता पर आधारित माना जाता है। समाचारों के तथ्यों, घटनाओं, आँकडों, स्वरूप तथा क्रम आदि में उलट फेर या बिगाड़ कर समाचार प्रस्तुत करना अच्छी पत्रकारिता की प्रतिष्ठा तथा सिद्धांत के विरूद्ध माना जाता है। समाचार लेखन में यथार्थता के संदर्भ में डॉ. दंगल झाल्टे कहते है, ‘‘समाचारों के संदर्भ में कुछ सतर्कता बरतनी पड़ती है। जैसे-समाचार झूठ या अश्लील नहीं होना चाहिए। कोई भी समाचार कानून का उल्लंघन न करता हो, समाचार जनता की भावनाएँ भड़कानेवाला भी नहीं होना चाहिए।’’6 इस प्रकार समाचार लेखन में यथार्थता का तत्व महत्वपूर्ण है। समाचार की विश्वसनियता समाचार की यथार्थता पर ही निर्भर होती है। नवीनता या विलक्षणता यह भी एक समाचार लेखन का महत्वपूर्ण तत्व है। अंग्रेजी में कहा जाता है कि छमू पे छमू अर्थात किसी घटना को समाचार बनाने के लिए नवीन होना आवश्यक है। आदमी का कुत्ते को काटना विलक्षण घटना है इसीलिए यह समाचार है। इस प्रकार नवीनता के अभाव में समाचार प्राणहीन होता है।

समाचार का लेखन करते समय सरलता की ओर ध्यान देना चाहिए। समाचार लेखन का यह महत्वपुर्ण तत्व माना जाता है। समाचार लेखन में सरलता तत्व के संदर्भ में डॉ. अंबादास देशमुख कहते हैं,‘‘ किसी भी समाचार को जानने समझने के लिए पाठकों को शब्द कोश की सहायता लेनी पड़ी तो समाचार सरल नहीं माना जायेगा। समाचार पत्र को पढ़ते समय पाठक को बार-बार रूकना पड़े या दूसरी बार पढ़ने की आवश्यकता महसूस हो ऐसा होने पर संवाददाता का प्रयास असफल माना जायेगा।’’7 समाचार को पढ़ते समय पाठकों को सहजता के साथ अर्थ बोध होना चाहिए। समाचार का लेखन करते समय लोकप्रचलित अर्थात जनभाषा का प्रयोग करना चाहिए। जनभाषा के कारण समाचार में सरलता आ जाती है। समाचार का लेखन करते समय स्पष्टता की ओर भी ध्यान देना चाहिए। समाचार में सूचना साफ और स्पष्ट होनी चाहिए, जिससे पाठकों को समझने में असुविधा न हो। स्पष्टता के संदर्भ में तेजपाल चौधरी कहते हैं, ‘‘समाचार पत्र आम आदमी का साहित्य है। अतः उसकी भाषा में क्लिष्ट अलंकारों और प्रतिकों का प्रयोग नहीं होना चाहिए। किंतु सफलता का अर्थ अशुध्द भाषा नहीं है। अखबारों को भाषा की शुध्दता पर ध्यान देना चाहिए।’’8 समाचार लेखन करते समय अन्य तत्वों की तरह स्पष्टता के तत्व की ओर भी ध्यान देना आवश्यक है

समाचार लेखन का निकटता यह एक महत्वपूर्ण तत्व है। प्रत्येक मनुष्य के मन में अपने आस-पास घटित हुई घटनाओं को जानने की इच्छा होती है। उसके बाद वह अन्य समाचार पढ़ना पसंद करता है। स्थान, समय तथा पृष्ठभूमि के अधिक निकट की घटनाओं में पाठकों को अधिक रूचि होती है। परिणामस्वरूप प्रत्येक समाचार पत्र के लिए यह आवश्यक होता है कि आस-पास की घटनाओं को अधिक महत्व देना चाहिए।

निकटता या अपने आस-पास की खबर या समाचार के संदर्भ में डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय और डॉ. प्रमिला अवस्थी कहते हैं, ‘‘दूर की बड़ी से बड़ी घटना भी आम जनता को उतना नहीं प्रभावित करती जितना पास की छोटी घटनायें। अतः यदि आस-पास की घटनाओं की उपेक्षा होती है तो समाचार पत्र की लोकप्रियता समाप्त होती है।’’9 उपर्युक्त सभी समाचार लेखन के तत्व के साथ आकर्षक्षण क्षमता, विश्वसनीयता, रोचकता, रहस्योद्घाटन आदि समाचार लेखन के तत्व है। इन सभी तत्वों को ध्यान में रखकर संवाददाता समाचार का लेखन करता है। इसके कारण समाचार पढ़ने की दृष्टि से सहज, सरल लगता है। परिणामतः समाचार की लोकप्रियता भी जनमानस में बढ़ती है।

प्रेस रजिस्ट्रेशन एक्ट 1867 के अनुसार किसी भी समाचार पत्र में जो कुछ छपता है उसका निश्चय करनेवाला संपादक होता है। अर्थात किसी भी समाचार पत्र की लोकप्रियता या सफलता संपादक की भूमिका पर निर्भर रहती है। अतः संपादक का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। वही समाचार पत्र की दिशा और दशा निश्चित करता है। उसे समाचार पत्र के हित की रक्षा के साथ देश और समाज के हित का भी ध्यान रखना पड़ता है। संपादक के कार्यों में संपादकीय लेखन का असाधारण महत्व है। संपादक का काम केवल प्राप्त समाचारों की काट-छाँट करना नहीं है। पत्र समूह की नीति को क्रियान्वित करना और पाठकों को राजनैतिक-सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराना भी है। संपादक का महत्वपूर्ण कार्य सामाजिक घटनाओं की समीक्षा करके पाठकों को सही दिशा दिखाना है। पैनी दृष्टि, मुद्रण-लेखन, टंकण कला का ज्ञान, सत्यनिष्ठा, निर्भीकता, मातृभाषा के अतिरिक्त अन्य भाषाओं पर पूर्ण अधिकार, विविध समस्याओं को समझने की शाक्ति, गहरी उत्सुकता एवं अति जिज्ञासा वृत्ति उसकी अतिरिक्त विशेषताएँ होती है। संपादक को जन-चेतना, जन-आकांक्षा और जनहित का संरक्षक कहा जाता है। संपादक समाचार पत्र का एक व्यवसायिक न होकर समाचार पत्र की प्रतिष्ठा का संरक्षक भी होता है। किसी भी समाचार पत्र की लोकप्रियता संपादक की भूमिका पर अधारित होती है।संपादक यह भली-भाँति जानता है कि संपादन कार्य यथार्थता, समाज सेवा, मनोरंजन, मानव अधिकारों और विश्वसनीयता आदि विषयों से संबंधित एक पवित्र कार्य है। पाठकों को अपने समाचार-पत्र के माध्यम से निरंतर सूचना पहुँचाने, जनता-जनार्धन की सेवा करने, उपयोगी, सम्मानजनक, मनोरंजक, समाजसेवा की प्रेरणा से युक्त तथा विश्वसनीयता से ओत-प्रोत सामग्री उपलब्ध करवाता है। समाचार पत्र में संपादक की भूमिका या कार्य के संदर्भ में डॉ. ठाकुरदत्त शर्मा ‘आलोक’ कहते हैं, ‘‘संपादक के व्यक्तित्व का जो श्रेष्ठ गुण होना चाहिए वह है अहंकार से अति दूर रहना क्योंकि अहंकारी का जीवन क्षेत्र संकुचित होता है। संकीर्ण क्षेत्र से आगे उसकी आँखे देख नहीं पाती फिर वह मानवता का क्या हित कर पाएगा। संपादक के व्यक्तित्व परिष्कार के लिए यह बोध जरूरी है कि विद्या, बुध्दि, धन या पद का अहंकार पतन का द्वार है।’’10 संपादक को हमेशा अहंकार से दूर रहना चाहिए। अहंकार को लेकर किया हुआ कार्य समाज के हित का नहीं होता। उसके अकेले के कारण संपूर्ण समाचार पत्र की लोकप्रियता मिट्टी में भी मिल सकती है। इसी कारण प्रत्येक समाचार पत्र के संपादक को संपूर्ण जिम्मेदारी को ध्यान में रखकर हमेशा समाचार पत्र की लोकप्रियता आम जनता का विश्वास और देश कि प्रतिष्ठा को बनाये रखने का प्रचास करना चाहिए। संपादक को अपनी लेखनी के माध्यम से हिंसक समाज की भावना को बदलना चाहिए। समाज में सत्यम्, शिवम् और सुंदरम् की भावना निर्माण करने की क्षमता संपादक की लेखनी में है।

निष्कर्ष:-

नई शिक्षा नीति, समाचार लेखन संपादन और रोजगार के संदर्भ में कहा जा सकता है कि समाचार जनंचार का एक प्रभावी मुद्रित माध्यम है। समाज के प्रत्येक घटक का किसी न किसी समाचार पत्र से संबंध रहता है अर्थात वह किसी एक समाचार पत्र को पढ़कर अपने आस-पास की खबरों के साथ-साथ देश-विदेश की खबरों को जानना चाहता है। प्रत्येक व्यक्ति को समाचार पढ़े बिना चैन नहीं मिलता। समाचार को पढ़ने के बाद उसे एक सुखमय अनुभूति का बोध होता है। समाचार जब तक उसको पढ़ने को नहीं मिलता तब तक उसे समाज से कट गया ऐसा लगता है। समाचार पत्र की लोकप्रियता सूचना एवं विज्ञान के युग में बढ़ गई है। इसीकारण आज इस क्षेत्र में रोजगार पाना या प्राप्त करना संभव है। हमारे यहाँ समाचार पत्रों की कमी नहीं है, केवल अच्छे संवाददाता की जरूरत है। समाचार लेखन के तत्व या सिद्धांत और संपादक की भूमिका को अच्छी तरह से सिखकर किसी भी समाचार पत्र में आसानी से -

रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। नई शिक्षा नीति का भी यही उद्देश है। अब सरकारी कार्योलयों में नौकरी मिलना मुश्किल हुआ है। बेरोजगार युवकों की संख्या बढ़ रही है। समय को पहचान कर समाचार के क्षेत्र में रोजगार पाने के लिए जो उपाधि या डिप्लोमा कोर्स की आवश्यकता होती है वह पूरी करनी चाहिए। नई शिक्षा नीति कौशल और रोजगार से जोड़नेवाली है। जिससे छात्रों में क्षमता और योग्यता संवर्धन के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्रदान हो सकते हैं।

******

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. डॉ.माधव सोनटक्के, हिंदी के प्रयोजनमूलक भाषा रूप, छाया पब्लिशिंग हाऊस, औरगांबाद, प्रथम संस्करण, 2003, पृ. 59
2. प्रो. डॉ. हरिमोहन, समाचार, फीचर-लेखन एवं संपादन कला, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली, तृतीय संस्करण, 2003, पृ. 9
3. प्रो. डॉ. हरिमोहन, आधुनिक जनसंचार और हिंदी, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण, 2003, पृ. 11
4. डॉ. महेंद्रसिंह राणा, प्रयोजनामूलक हिंदी के आधुनिक आयाम, हर्षा प्रकाशन, आगरा, प्रथम संस्करण, 2003, पृ. 248
5. प्रो. डॉ. हरिमोहन, समाचार, फीचर-लेखन एवं संपादन कला, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली, तृतीय संस्करण, 2003, पृ. 52
6. डॉ. दंगल झाल्टे, प्रयोजनमूलक हिंदी सिद्धांत और प्रयोग, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण, 2004, पृ. 220
7. डॉ. अंबादास देशमुख, प्रयोजनमूलक हिंदी अधुनातन आयाम, शैलजा प्रकाशन, कानपुर, द्वितीय संस्करण, 2006, पृ. 288-289
8. तेजपाल चौधरी, प्रयोजनमूलक हिंदी स्वरूप एवं व्यप्ति, विकास प्रकाशन, कानपुर, प्रथम संस्करण, 2015, पृ. 81
9. डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय,/डॉ. प्रमिला अवस्थी, प्रयोजनमूलक हिंदी, आशीष प्रकाशन, कानपुर, प्रथम संस्करण, 2005, पृ. 154
10. डॉ. ठाकुरदस्त शर्मा 'आलोक', हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2000, पृ. 79

***

विद्यालयी विद्यार्थियों को मिलने वाले पुरस्कार एवं दण्ड के प्रभाव का अध्ययन

मोहनलाल आर्य
प्राध्यापक
आईएफटीएम विश्वविद्यालय
मुरादाबाद (उ.प्र.)

निकिता बिन्दल
शोध छात्रा
आईएफटीएम विश्वविद्यालय,
मुरादाबाद (उ.प्र.)

सार:-

किसी भी समाज एवं राष्ट्र की बुनियादी आवश्यकता शिक्षा होती है इसको प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। शिक्षा का समूचित विकास हो, प्रत्येक नागरिक प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर मनोवांछित शिक्षा स्तर तक पहुँचे इसक बात की जिम्मेदारी उसके राष्ट्र की होती है। जिस प्रकार मनुष्य को जीने के लिये भूख, प्यास एवं श्वास जरूरी होती है उसी प्रकार जीवन को क्रियाशील एवं गतिमान बनाने के लिये शिक्षा जरूरी है। अतः प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को मिलने वाले पुरस्कार एवं दण्ड का तुलनात्मक अध्ययन कर उसके मनोवैज्ञानिक प्रभावों को जानना है, इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु शोधकर्त्ताओं ने न्यादर्श के रूप में 85 विद्यार्थियों को लिया है, जोकि मुरादाबाद जनपद के सरकारी एवं गैर सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 के विद्यार्थियों हैं।

मुख्य शब्द (Keywords): पुरस्कार, दण्ड, शिक्षा एवं प्रभाव।

प्रस्तावना:-

शिक्षा क्या है? इसके सन्दर्भ में प्रसिद्ध दार्शिनिक प्लेटो ने कहा है कि शिक्षा बालक ही जन्म-जात शक्तियों के विकास का दूसरा नाम है। शिक्षा द्वारा व्यक्ति की आन्तरिक शक्तियों का विकास होता है, जो उसके जन्म के साथ ही उसमें होती है। परन्तु उनकी अवस्था कुछ गुप्त सी होती है। आत्मा अरस्तू के अनुसार जीवन-सिद्धान्त बन गई। और इतना ही नहीं, आत्मा की पूर्णता प्राप्त करना जीवन का अन्तिम उद्देश्य बन गया। आत्मा की पूर्णता प्राप्त करने की प्रक्रिया का आधार कुछ अन्तर्भूत शक्तियाँ मानी गई। अरस्तू ने इस मनःशक्ति को पाँच भागों में बाँटा। प्रथम मनःशक्ति के योग से व्यक्ति अपना विकास और पोषण करता है। द्वितीय मनःशक्ति सुखोपभोग और उत्तमतर की कामना को बल देती है। तृतीय हमारी ऐन्द्रिक मनःशक्ति है जिसमें अरस्तू ने सौन्दर्यात्मक-बोध को भी सम्मिलित कर दिया। चौथी श्रेणी में अरस्तू ने गति-संचालन मनःशक्ति को रखा। पंचम और अन्तिम श्रेणी में तार्किक अथवा युक्तायुक्ति की मनःशक्तियों को स्थान मिला।

अतः शिक्षक को मानव विकास के लिए उसे अभिप्रेरित करने की विभिन्न विधियों का ज्ञाता अवश्य होना चाहिए ताकि वह मानव में अपेक्षित दक्षताओं का विकास कर सके। प्राचीन समय से ही शिक्षक अपनी कक्षाओं में पुरस्कार एवं दण्ड के सही प्रत्यय को समझे बिना ही इसका प्रयोग करते चले आ रहे हैं। जिनमें कई बार हमें दण्ड के विभिन्न वीभत्स रूप भी देखने को मिले हैं। शिक्षा संस्थाओं में शारीरिक दण्ड देने की प्रथा कब प्रारंभ हुई, यह ठीक-ठीक बता पाना कठिन है तो भी अनुमान है कि इसका जन्म शिक्षा व्यवस्था के साथ ही हो गया था। बालकों के प्रति व्यवहार के विषय में यह धारणा बहुत पहले से ही प्रचलित थी कि पाँच वर्ष की आयु तक बच्चे को पूरा लाड़-प्यार मिलना चाहिए और छठे वर्ष से पंद्रह वर्ष पूरे होने तक ताड़न अर्थात डाँट-फटकार के साथ नियंत्रण। किंतु सोलहवाँ वर्ष लगते ही माता-पिता को उसके साथ ऐसे व्यवहार करना प्रारंभ कर देना चाहिए जैसे मित्र के साथ किया जाता है। पुरस्कार एवं दण्ड के प्रभाव का अध्ययन करने हेतु मनोवैज्ञानिकों द्वारा कई प्रयोग भी किए गए।

शोध अध्ययन की आवश्यकता:-

मानव व्यवहार कुछ प्रेरकों द्वारा ही नियन्त्रित, पथ-प्रदर्षित एवं रूपान्तरित होता रहता है। जब भी कोई व्यक्ति भूखा है और खाने की तलाश कर रहा है या जब वह कोई मकान बना रहा है या विषमलिंगीय के साथ मिल रहा है या नयी कलाओं को सीख रहा है, तब हम प्रत्येक दशा में कुछ ऐसे तत्वों को ढूँढ़ निकाल सकते हैं जो उसकी क्रियाओं का प्रारम्भ करते हैं और बराबर उसके कार्यों का पथ-प्रदर्शन करते हैं एवं उसकी सफलताओं और असफलताओं के प्रकाश में उसके व्यवहार को मोड़ते हैं। हम इन तत्वों को 'अभिप्रेरक' कहते हैं। व्यक्ति खाने की तलाश करता है क्योंकि भूख एक प्रेरक है और यह प्रेरक उसको खाना तलाश करने की क्रिया के लिए आवश्यक स्फूर्ति प्रदान करता है। अभिप्रेरणा की परिभाषा हम केवल निरीक्षित आधार के व्यवहार पर नहीं दे सकते। अतः

शिक्षा पद्धति एवं शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन पर पुनः विचार करने हेतु तथा विभिन्न प्रश्नों जैसे- क्या विद्यालय में अनुसाशन बनाये रखने के लिए दण्ड जरूरी है? अथवा विभिन्न पुरस्कारों द्वारा पुरस्कृत करके क्या हम विद्यार्थी की शैक्षिक उपलब्धि बढ़ा सकते है? आदि के उत्तर जानने हेतु इस प्रकार के अध्ययन की आवश्यकता है।

शोध अध्ययन का महत्व: -

प्रशंसा तथा आरोप जब उन व्यक्तियों द्वारा दिया जाता है जिनका विद्यार्थी आदर करता है तब बडा ही प्रभावोत्पादक परिणाम मिलता है। बहुत सीमित मात्रा में जो प्रयोगात्मक कार्य हुआ है, वह इस बात को प्रमाणित करता है कि प्रंशसा औसत तथा दीन बालकों को उत्तेजित करती है कि किन्तु कुशान्त बुद्धि वाले बालकों पर कम प्रभाव उत्पन्न करती है। बालिकाओं के ऊपर प्रशंसा का प्रभाव अधिक होता है। प्रशंसा और आरोप का प्रयोग काफी सोच विचार के बाद ही करना उचित होता है। इस सम्बन्ध में व्हीट महोदय ने कहा है ''प्रशंसा या भर्त्सना का बिना विचार प्रयोग करने की अपेक्षा सफलता के लिए प्रशंसा का और असफलता के लिए भर्त्सना का उचित प्रयोग करना अधिक प्रभावी होता है।'' पुरस्कार तथा दण्ड प्रशंसा तथा निन्दा से अधिक स्पष्ट और प्रखर रूप हैं। यही नहीं, यह अभिप्रेरणा के सबसे अच्छे साधन भी हैं। दण्ड से तात्पर्य जानते हुए किसी को पीड़ा देने से है, और पीड़ा पीडित व्यक्ति को यह विचार सीखते हुए दी जाती है, जिससे उसके भविष्य के व्यवहार पर प्रभाव पडें। इसी प्रकार पुरस्कार एक ऐसा अभिप्रेरक है जो छात्रों के बाचरण तथा व्यवहार पर नियन्त्रण करता है। पुरस्कार बालक को अच्छे कार्यो एवं व्यवहारों के प्रति प्रोत्साहित करता है और उसमें स्वस्थ्य प्रतियोगिता की भवना जागृत करता है। कुछ प्रयोगात्मक अध्ययन हुए है जिनसे यह पता चलता है कि शिक्षा में पुरस्कार का महत्व दण्ड की अपेक्षा अधिक है। परन्तु संस्थनों में छात्रों को दिये जाने वाले दण्ड इस प्रकार का हो तथा उसे देख अन्य छात्र-छात्राऐं भी उससे सीख प्राप्त कर सकें। पुरस्कार किस प्रकार से छात्रों को सीखने की तीव्रता को प्रभावित करता है। छात्र किस प्रकार से पुरसकार से अपेक्षाकृत अधिक सीखते है आदि प्रश्नों के उत्तर जाने में यह शोध अध्ययन महत्वूर्ण है।

शोध समस्या कथन:-''विद्यालयी विद्यार्थियों को मिलने वाले पुरस्कार एवं दण्ड के प्रभाव का अध्ययन''

शोध अध्ययन में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण:-

विद्यालयी विद्यार्थी:- प्रस्तुत अध्ययन में विद्यालयी विद्यार्थी से तात्पर्य उन विद्यार्थियों से जो माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई करते है।

पुरस्कार:- विद्यार्थियों द्वारा कोई अच्छा कार्य करने पर अध्यापक द्वारा उन्हें जो सकारात्मक पुनर्बलन जैसे-शाबाश, बहुत अच्छा, मुस्करााना, प्रशंसा, कोई इच्छित कार्य करने की अनुमति या कोई ईनाम प्रदान किया जाता है, वह बच्चों के लिए पुरस्कार होता है क्योंकि यह उनकी अनुक्रिया की पुनरावृत्ति की संभावना को बढाता है। प्रस्तुत अध्ययन में पुरस्कार से आशय अध्यापकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले उपर्युक्त वर्णित सकारात्मक पुनर्बलन से है।

दण्ड:- विद्यार्थियों द्वारा जब कोई अवांछित व्यवहार किया जाता है और उसे रोंकने या भविष्य में उसकी पुनरावृत्ति को रोंकने हेतु अध्यापक विद्यार्थी को जो डाँट, फटकार, आलोचना, सजा आदि देता है उसे दण्ड कहा जाता है। प्रस्तुत अध्ययन में दण्ड के अन्तर्गत इसी तथ्य का अध्ययन किया जाएगा।**प्रभाव:-** प्रभाव से अभिप्राय पुरस्कार एवं दण्ड के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों के मन एवं मस्तिष्क पर पड़ने वाले प्रभाव से है जो प्रायः उनके व्यवहार से परिलक्षित होता है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य: -

सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में पुरस्कार के मनोवैज्ञानिक प्रभाव का अध्ययन करना।

सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में पुरस्कार के मनोवैज्ञानिक प्रभाव का अध्ययन करना ।

सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में दण्ड के मनोवैज्ञानिक प्रभाव का अध्ययन करना।

सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में दण्ड के मनोवैज्ञानिक प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पनायें: -

सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है।

सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है।

सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है।

सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है।

शोध अध्ययन विधि:-प्रस्तुत अध्ययन हेतु शोधकत्ताओं द्वारा वर्णनात्मक अनुसंधान विधि का प्रयोग किया गया।

शोध अध्ययन की जनसंख्या एवं न्यादर्श:-

प्रस्तुत शोध अध्ययन में जनपद मुरादाबाद के समस्त शिक्षण संस्थओं को जनसंख्या माना गया है। इस अध्ययन में शोधकत्ताओं द्वारा अनुसंधान के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सोद्देश्य प्रतिचयन विधि द्वारा माध्यमिक स्तर के विद्यालयों की सूची बनायी तत्पष्चात कक्षा 9 के 85 विद्यार्थियों को चुना गया है।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण:-

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु शोधकत्ताओं ने स्वनिर्मित ''पुरस्कार एवं दण्ड का मनोवैज्ञानिक प्रभाव'' विषय पर प्रश्नावली का निर्माण किया गया है।

शोध अध्ययन का सीमांकन: -

प्रस्तुत अध्ययन में राज्य सरकार द्वारा संचालित मुरादाबाद जनपद के सरकारी एवं गैर सरकारी यू0पी0 एवं सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 के विद्यार्थियों को चयनित किया गया है।

आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या:-

परिकल्पना-1 सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है। प्रस्तुत परिकल्पना के परीक्षण हेतु क्रान्तिक अनुपात (Critical Raito) का प्रयोग किया गया है, जिससे प्राप्त परिणाम तालिका संख्या 1 में प्रदर्शित किये गये हैं

–तालिका संख्या-1

सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाला प्रभाव

परिकलित मूल्य	पुरस्कार का प्रभाव	
	सामान्य आर्थिक स्तर	निम्न आर्थिक स्तर
माध्य	76.20	70.16
मनक विचलन	6.60	3.63
विद्यार्थियों की संख्या	208	122
प्रमाप विभ्रम	0.53	
मध्य अन्तर	6.04	
क्रान्तिक अनुपात	11.31	
5% सार्थकता स्तर	1.96	

तलिका संख्या 1 से स्पष्ट होता है कि सामान्य आर्थिक स्तर वाले एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव के मध्यमान क्रमशः 76.20 तथा 70.16 प्राप्त हुये हैं, जबकि प्रमाणिक विचलन का मान क्रमषः 6.06 तथा 3.63 प्राप्त हुये हैं। दोनो समूहों के मध्यमानों की तुलना करने पर क्रान्तिक अनुपात (C.R.) का मान 11.31 प्राप्त हुआ हैं, जो कि सार्थकता के स्तर 0.05 पर सार्थक है। अतः शोध अध्ययन से पूर्व बनायी गयी शून्य परिकल्पना अस्वीकार की जाती है तथा यह कहा जा सकता है कि सामान्य आर्थिक स्तर वाले एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में सार्थक अन्तर है। यहाँ पर सामान्य आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव का मध्यमान निम्न आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले मध्यमान की तुलना में अधिक है, अतः कहा जा सकता है कि सामान्य आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों पर पुरस्कार द्वारा निम्न आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों से अधिक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। ।

परिकल्पना-2 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है। प्रस्तुत परिकल्पना के परीक्षण हेतु क्रान्तिक अनुपात (Critical Raito) का प्रयोग किया गया है, जिससे प्राप्त परिणाम तालिका संख्या 2 में प्रदर्शित किये गये हैं -

तालिका संख्या-2
सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाला प्रभाव

परिकलित मूल्य	पुरस्कार का प्रभाव	
	सरकारी विद्यालय	गैर सरकारी विद्यालय
माध्य	71.43	82.31
मनक विचलन	4.08	3.37
विद्यार्थियों की संख्या	253	77
प्रमाप विभ्रम	0.46	
मध्य अन्तर	10.88	
क्रान्तिक अनुपात	23.56	
5% सार्थकता स्तर	1.96	

तलिका संख्या 2 से स्पष्ट है कि सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव के मध्यमान क्रमशः 71.43 तथा 82.31 प्राप्त हुये हैं, जबकि प्रमाणिक विचलन का मान क्रमषः 4.08 तथा 3.37 प्राप्त हुये हैं। दोनो समूहों के मध्यमानों की तुलना करने पर क्रान्तिक अनुपात (Critical Raito) का मान 23.56 प्राप्त हुआ है, जो कि सार्थकता के स्तर 0.05 पर सार्थक है। अतः शोध कार्य से पूर्व बनायी गयी शून्य परिकल्पना अस्वीकार की जाती है तथा यह कहा जा सकता है कि सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में सार्थक अन्तर है। यहाँ पर गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव का मध्यमान सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले मध्यमान की तुलना में अधिक है, अतः कहा जा सकता है कि अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों पर पुरस्कार द्वारा सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों से अधिक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है।

परिकल्पना-3 सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है। प्रस्तुत परिकल्पना के परीक्षण हेतु क्रान्तिक अनुपात (Critical Raito) का प्रयोग किया गया है, जिससे प्राप्त परिणाम तालिका संख्या 3 में प्रदर्शित किये गये हैं -

तालिका संख्या-3
सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाला प्रभाव

तलिका संख्या 3 से स्पष्ट है कि सामान्य आर्थिक स्तर वाले एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव के मध्यमान क्रमशः 57.51 तथा 69.10 प्राप्त हुये हैं, जबकि प्रमाणिक विचलन का मान क्रमषः 8.14 तथा 6.54 प्राप्त हुये हैं। दोनो समूहों के मध्यमानों की तुलना करने पर क्रान्तिक अनुपात (Critical Raito) का मान 14.29 प्राप्त हुआ है, जो कि सार्थकता के स्तर 0.05 पर सार्थक है। अतः शोध कार्य से पूर्व बनायी गयी शून्य

परिकलित मूल्य	दण्ड का प्रभाव	
	सामान्य आर्थिक स्तर	निम्न आर्थिक स्तर
माध्य	57.51	69.10
मनक विचलन	8.14	6.54
विद्यार्थियों की संख्या	223	119
प्रमाप विभ्रम	0.81	
मध्य अन्तर	11.59	
क्रान्तिक अनुपात	14.29	
5% सार्थकता स्तर	1.96	

परिकल्पना अस्वीकार की जाती है तथा यह कहा जा सकता है कि सामान्य आर्थिक स्तर वाले एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में सार्थक अन्तर है। यहाँ पर निम्न आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव का मध्यमान सामान्य आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले मध्यमान की तुलना में अधिक है, अतः कहा जा सकता है कि निम्न आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों पर दण्ड द्वारा सामान्य आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों से अधिक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है।

परिकल्पना-4 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है। प्रस्तुत परिकल्पना के परीक्षण हेतु क्रान्तिक अनुपात (Critical Raito) का प्रयोग किया गया है, जिससे प्राप्त परिणाम तालिका संख्या 4 में प्रदर्शित किये गये हैं -

तालिका संख्या-4
सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाला प्रभाव

परिकलित मूल्य	दण्ड का प्रभाव	
	सरकारी विद्यालय	गैर सरकारी विद्यालय
माध्य	64.02	54.40
मनक विचलन	8.68	7.59
विद्यार्थियों की संख्या	254	88
प्रमाप विभ्रम	0.98	
मध्य अन्तर	9.61	
क्रान्तिक अनुपात	9.85	
5% सार्थकता स्तर	1.96	

तलिका संख्या 4 से स्पष्ट है कि सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव के मध्यमान क्रमशः 64.02 तथा 54.40 प्राप्त हुये हैं, जबकि प्रमाणिक विचलन का मान क्रमषः 8.68 तथा 7.59 प्राप्त हुये हैं। दोनो समूहों के मध्यमानों की तुलना करने पर क्रान्तिक अनुपात (Critical Raito) का मान 9.85 प्राप्त हुआ है, जो कि सार्थकता के स्तर 0.05 पर सार्थक है। अतः शोध कार्य से पूर्व बनायी गयी शून्य परिकल्पना अस्वीकार की जाती है तथा यह कहा जा सकता है कि सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में सार्थक अन्तर है। यहाँ पर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव का मध्यमान गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव के मध्यमान की तुलना में अधिक है, अतः कहा जा सकता है कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों पर दण्ड द्वारा गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों से अधिक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है।

परिकल्पना परीक्षण से प्राप्त निष्कर्ष:-

विद्यार्थियों को विद्यालय में मिलने वाले पुरस्कार एवं दण्ड के मनोवैज्ञानिक प्रभाव का अध्ययन करने के लिए चार परिकल्पनायें प्रतिस्थापित की गयी हैं, जिनसे प्राप्त निष्कर्ष क्रमशः निम्नलिखित हैं-सामान्य आर्थिक स्तर वाले एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है।, परिकल्पना अस्वीकार की गई है क्योंकि परिकलित क्रान्तिक अनुपात का मान 11.31 प्राप्त हुआ है जो 0.05 सार्थकता स्तर पर तालिका मान 1.96 से अधिक है। अतः सामान्य आर्थिक स्तर वाले एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में सार्थक अन्तर पाया गया है। सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है।, परिकल्पना अस्वीकार की गई है क्योंकि परिकलित क्रान्तिक अनुपात का मान 23.56 प्राप्त हुआ है जो 0.05 सार्थकता स्तर पर तालिका मान 1.96 से अधिक है। अतः सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में पुरस्कार के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में सार्थक अन्तर पाया गया है।सामान्य एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है।, परिकल्पना अस्वीकार की गई है क्योंकि परिकलित क्रान्तिक अनुपात का मान 14.29 प्राप्त हुआ है जो कि 0.05 सार्थकता स्तर पर तालिका मान 1.96 से अधिक है। अतः सामान्य आर्थिक स्तर वाले एवं निम्न आर्थिक स्तर वाले विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में सार्थक अन्तर पाया गया है।।सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में कोई अन्तर नहीं है।, परिकल्पना अस्वीकार की गई है क्योंकि परिकलित क्रान्तिक अनुपात का मान 9.85 प्राप्त हुआ है जो कि 0.05 सार्थकता स्तर पर तालिका मान 1.96 से अधिक है। अतः सरकार विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में दण्ड के फलस्वरूप पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव में सार्थक अन्तर पाया गया

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. अग्निहोत्री, आचार्य डा0 प्रभुदयाल (2010) शिक्षा की भारतीय परम्परा आदर्श और प्रयोग, पृष्ठ सं0 59।
2. 'आर्य', डा0 मोहन लाल (2017) अधिगम और शिक्षण; मेरठः आर0 लाल बुक डिपो।
3. बघेला, गिजुभाई (2004) ऐसे हो शिक्षक, दितीय संस्करण, जयपुरः गीतांजकल, पृष्टसं0 36।
4. पाठक, पी0डी0 (1994) शिक्षा मनोविज्ञान, आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर, पृष्ठ सं0 209।
5. सुलेमान, डा0 मुहम्मद (2002) उच्चतर शिक्षा मनोविज्ञान, दिल्लीः मोती लाल बनारजीदास, पृष्ठ सं0 275।
6. त्रिपाठी, शलिकाम (1996) शिक्षण व्यवहार, नई दिल्लीः राधा पब्लिकेशन, पृष्ठ सं0 247।
7. Atkins, Marc S. (2002) *Suspensions and Detentions in an urban, low-income school: Punishment or Reward.* Pub. in Journal of Abnormal Child Psychology, Vol. 30. No. 4.
8. Bailey, Jennifer. *Effective Discipline without Physical Punishment.* accessed from http://www.oppapers.com/essays/Effective-Discipline-Without-Physical-Punishment/564536
9. Corr, Philip J. (1995) *Personality and Reinforcement in Associative and Instrumental Learning*. Accessed from http://www.ueapsychology.net/uploads/downloads/75.pdf
10. http://www.educationworld.com
11. Lock, John (1981) The Counduct of the Understanding Cobuidqe: J. Archdeacon, pp 54.
12. Mc Donald, F.J. (1962) Educational Psychology, California: Wodsworn, pp 87.
13. Offenbach, Stuart I. (1964) *Studies of Children's Probability Learning Behavior: I. Effect of Reward and Punishment at Two Age levels.* accessed from http://www.jstor.org/pss/1126496

बहरोड़ तहसील में कृषि भूमि उपयोग का परिवर्तन एवं नियोजन का एक भौगोलिक अध्ययन

डॉ.सालिक सिंह
शोध निर्देशक
महर्षि युनिवर्सिटी लखनऊ उतर प्रदेश

प्रदीप कुमार
भूगोल विभाग
महर्षि युनिवर्सिटी लखनऊ उतर प्रदेश

प्रस्तावना:-

वर्तमान समय में विश्व समुदाय के समक्ष अनेक जटिल समस्यायें हैं, ये समस्यायें जटिल एवं व्यापक है, कि इस समय के बढते हुए सामाजिक जीवन व विकास मे जहाँ एक और जनसंख्या तेजी के साथ बढती जा रही है वही दूसरी और कृषि क्षेत्र में कमी भी होती जा रही है भूमि उपयोग मे हो रहे तीव्र परिवर्तन के द्वारा कृषि उत्पादन में उत्तरोत्र कमी से खाद्य असंतुलन, खाद्य संकट, भुखमरी, प्राकृतिक विपदाए जैसे बाढ़ व सूखा आदि प्रमुख समस्याऐ उत्पन्न हो सकती है। भारत के आर्थिक स्वरूप में यदि किसी विषय कि सबसे अधिक चर्चा है, तो यह भूमि उपयोग परिवर्तन और वनो में कमी की है।

विश्व कि जनसंख्या पहले कि अपेक्षा काफी तेज से बढ़ रही है, अनुमान है की 21 वीं सदी की पहली चैथाई गुजरते-गुजरते पूर्णतः 8.5 अरब हो जाएगी भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा इसकी लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। अतः भारत मे जनसंख्या का दबाव भूमि उपयोग पर ही बहुत अधिक पडा है। किसी भी क्षेत्र में भूमि उपयोग उस क्षेत्र का निर्माण करता हैं। देश का कुल क्षेत्रफल उस देश की सीमा को निर्धारित करता है। विश्व में भारत का सर्वाधिक भूमि उपभोग लगभग 92 प्रतिशत हो रहा है। भूमि उपयोग का सीधा सम्बन्ध उस क्षेत्र की जनसंख्या में आये व्यापक बदलाव से होता हैं चूँकि भारत में भूमि का विस्तार अत्यन्त सीमित है। भारत में जनसंख्या को विषम दबाव होने के कारण भूमि का अध्ययन कर उसकी जाँच करना अनिवार्य हैं।

भारत में भूमि उपयोग के द्वारा कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा लागत के अनुपात में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए भारत वर्ष में हरित क्रान्ति का उदय 1969 में हुआ। जिससे आज सरसों के उत्पादन में वृद्धि का कार्यक्रम पीली क्रान्ति के नाम से जाना जाता है। कृषक भूमि को कृषि योग्य बनाता है। कम उपजाऊ को अधिक उपजाऊ बनाता है तथा एक फसली क्षेत्र को बहुफसली क्षेत्र में परिवर्तित करता है। जब भू-भाग का प्राकृतिक स्वरूप लुप्त हो जाता है और मानवीय क्रियाओं के योगदान से एक नया भूदृश्य जन्म लेता है। कृषि पारिस्थितिकी कहलाता है। अर्थात् एक निश्चित प्रयोजन व उद्देश्य से ''भूमि उपयोग'' का किसी भी रूप में उपयोग किया जा सकता है। भूमि का उपयोग भूमि की विशेषता व गुण-दोष के आधार पर विभिन्न रूप में किया जाता है, जिसके प्राकृतिक सामाजिक, आर्थिक आदि आधार हो सकते है। वर्ष सन् 1949 में स्थापित टेक्नीकल कमेटी आन कन्डीशन्स आफ एग्रीकल्चरल स्टेटिक्स द्वारा निश्चित आधारों पर भूमि उपयोग वर्गीकरण किया जाता हैं।

भारत में कृषि भूमि उपयोग में सर्वाधिक क्षेत्र राजस्थान, उत्तर-प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, पश्चिमी बंगाल में सर्वाधिक विकसित किया जा रहा है। जिसमें पंचवर्षीय योजना के माध्यम से भूमि उपयोग का विकास किया जा सकता है। आजादी के बाद जनसंख्या का विकास अति तीव्र गति से हुआ है। जिसका सबसे अधिक प्रभाव नव-निर्माण भूमि उपयोग में सर्वाधिक कृषि भूमि, जल संसाधन वन भूमि उपयोग, प्रशासनिक भूमि, व्यापारिक भूमि, अधिवास भूमि, परिवहन भूमि उपयोग आदि के रूप में हुआ । नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि उपयोग में अनेक परिवर्तन आये जिससे देश का विकास तीव्र गति से हो रहा है। राजस्थान का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है। जो भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत है। वर्ष 1951-52 में राजस्थान में कुल रिपोर्टिंग भूमि उपयोग क्षेत्रफल 342.8 लाख हैक्टेयर था। जो वर्ष 2004-05 में 342.66 लाख हैक्टेयर रह गया। राजस्थान में भूमि उपयोग का महत्व जनसंख्या के माध्यम से बढ़ता ही जा रहा है।

1. शोध समस्या का चयन :-

किसी भी प्रदेश के विकास हेतु भूमि उपयोग प्रारूप की समस्याओं का निदान अत्यावश्यक है समस्या निदान के लिए समस्याओं को पहचानना भी जरूरी है समस्या पहचानने के लिए अध्ययन आवश्यक है अतः भूमि उपयोग के परिवर्तन शील प्रारूप की पर्यावरणीय समस्याओं के लिए अध्ययन करना है। इस अध्ययन के लिए किसी क्षेत्र का चुनाव करना पड़ता है। बहरोड तहसील राजस्थान में अरावली एवं अलवर क्षेत्र के मध्य मे स्थित है जिसकी पहाडीयाँ कठोर क्वार्टज से निर्मित है एवं दर्रा सदृश्य लगती है, जो बहुत लम्बी तथा ऊपरी सिरो पर समतल सतह वाली है इनके पाश्र्व पक्की दीवार की भांति है, अध्ययन क्षेत्र में अरावली पर्वत श्रृंखला पश्चिमी भागां में व्यापक रूप में विस्तृत है। बहरोड तहसील में बढती जनसंख्या, औद्योगिकरण आदि के कारण तथा बढते नगरीयकरण एवं राष्ट्रीय राजधानी में शामिल होने के कारण यह क्षेत्र लगातार विकास की ओर अग्रसर है। जिससें इस तहसील का प्राचीन अधिक स्वरूप नष्ट होता जा रहा है इस तहसील का प्रतिरूप प्राकृतिक भूगोल से सम्बन्धित है पिछले कुछ वर्षो से इस तहसील के कृषि भूमि उपयोग के अनुपात में बहुत अधिक बदलाव आया है। जो इस क्षेत्र के लिए महत्व रखता है।

2. साहित्यिक पुनरावलोकन:-

कृषि भूगोलविदों द्वारा भूमि उपयोग के अन्तर्गत कृषि विकास का क्रमबद्ध एवं वैज्ञानिक अध्ययन 1925 के बाद से ही प्रारम्भ हुआ। इस संदर्भ में कुछ महत्वपूर्ण अध्ययनों का विवरण निम्नानुसार है।

Baker us 1929 में The increasing Importance of Physical Conditions in determining the Utilization of land for Agriculture and forest production in the U.S. Annals Asso. - कृषि भूमि उपयोग की भौतिक संरचना, बनावट, आकार, वन भूमि का गहन अध्ययन किया।

,e-,y- us 1952 में "Regional Distribution of Population and Problems in India" नामक विषय पर शोध प्रबन्ध कार्य प्रस्तुत किया जिसने भारत में जनसंख्या के प्रादेशिक वितरण, जनसंख्या दबाव से उत्पन्न सम्स्याओं एवं जनसंख्या दबाव के सन्दर्भ में भावी सुझाव प्रस्तुत किये गये।

काषीनाथ सिंह ने 1959 में नेल्सन की माध्य विचलन विधि का प्रयोग करते हुऐ उतर-प्रदेश के नगरों का कार्यात्मक वर्गीकरण प्रस्तुत किया तथा नगर के विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्र यथा आवासीय, वाणिज्यक, प्रशासनिक, औद्योगिक, सार्वजनिक आदि पर प्रकाश डाला।

Shafi ने 1960 में भूमि उपयोग के विभिन्न क्षेत्रों का गहन अध्ययन कर कृषि विकास को कैसे बढ़ाया जाए इस पर शोध रूपरेखा प्रस्तुत की है।

Jain us 1964 में Techniques of agriculture planning production and productivity in agriculture reason for slow growth of agriculture output, the new agriculture revolution vkfn dk v/;;u fd;kA

शफी ने 1965 में उत्पादकता का निर्धारण कृषि में संलग्न श्रमिकों के आधार पर किया और श्रम उत्पादकता ज्ञात की तथा इन्हांने कुल उत्पादकता को कृषि कार्य में संलग्न व्यक्तियों की संख्या से विभाजित कर श्रम उत्पादकता ज्ञात की तथा प्रत्येक फसल में लगने वाले मानव श्रम घंटों के आधार पर भूमि उपयोग ज्ञात करने का प्रयास किया है

राय 2008 ने वाराणसी जिले में सिंचाई के लिए भूजल गुणवत्ता का मूल्यांकन किया तथा पाया कि कठोर जल में कृषि उत्पादन अधिक होता है।

गुर्जर ममता ने 2015 में कृषि पर्यावरण पर परिवर्तनशील भू-जल स्तर का प्रभाव आमेर तहसील, जिला जयपुर, राजस्थान का एक भौगोलिक अध्ययन वर्ष 1990-2010 का भौगोलिक 20 वर्षीय अध्ययन किया।

महावर नत्थू सिंह 2016 में करौली जिले में भूमि उपयोग परिवर्तन पर 20 वर्षीय अध्ययन किया जिसमें तहसीलवार कृषि विकास स्तर का विश्लेषण किया गया है।

शोध की सीमाएँ:-

कृषक अपनी वार्षिक उपजों का ब्यौरा नहीं रखतें। अतः तुलनात्मक अध्ययन संबंधी विश्सनीय समेंक उपलब्ध हो पाना संभव

नहीं है। अध्ययन क्षेत्र में उतरदाताओं से मिली अन्य आर्थिक पहलुओं से संबंधी समेंकों की विश्वसनीयता भी चुनौतीपूर्ण है। प्रस्तुत शोध में जनगणना 2001 पर आधारित समेंक व त्रि-वर्षीय औसत समेंको व साथ ही सुदेर संवेदन से प्राप्त निर्वचन के बीच मानक वर्गीकरण करना शोधार्थी के लिए कठिन रहा है। प्रतिचयन विधि से संग्रहित समेंकों के उचित प्रतिनिधित्व की अपनी सीमाएँ है।

सांख्यिकीय तकनीकों से अन्र्तदृष्टि तों मिलती है किन्तु शोधार्थी को सकारण सटीक व्याख्या ढँढ पाना कठिन रहा है। चूँकि क्षेत्र से प्राप्त समेंक पर्याप्त प्रतिनिधित्व करने वाले नहीं माने जा सकते।

मृदा व जल पर अधिक क्रमिक व गहन सर्वेक्षण पर आधारित संमको का आभाव रहा है। एक शोधार्थी के लिए आवश्यक समेंक जुटाना उसके अकेले की क्षमता व सीमा में नहीं आते।

अन्ततः शोधार्थी महसूस करता है कि शोधार्थी के संसाधानों व समय की अपनी सीमा न हो तभी गहन विश्लेषणात्मक शोधकार्य करना संभव है।

शोध अध्ययन क्षेत्र :-

अरावली के प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर अलवर को ''राजस्थान का सिंहद्वार'' भी कहा जाता है। भौगोलिक दृष्टि से अलवर राजस्थान के उत्तर-पूर्व में स्थित है। बहरोड तहसील राजस्थान के पूर्वी भाग मे स्थित अलवर जिले की एक तहसील है यह अलवर जिले के उत्तर पश्चिम में स्थित है इस तहसील की आकृति खण्ड आयत के समान है। बहरोड़ तहसील का विस्तार 27040‘ उत्तर से 28013‘ उत्तरी अक्षांश तथा देशान्तर विस्तार 76007‘ पूर्व से 76013‘ पूर्वी देशान्तरो के मध्य स्थित है यहाँ की जलवायु शुष्क है गर्मी के दिनों में अधिक गर्मी एवं शीत ऋतु में सर्दी का प्रभाव रहता है। यहाँ की औसत वर्षा 61 सेंटी मीटर है परन्तु वर्षा की अनिश्चि बनी रहती है। करीब 90 प्रतिशत वर्षा जून से सितम्बर महीनां में हो जाती है। मई और जून के महीने में दिन में दैनिक अधिकतम तापमान 400 से 470 सेन्टीग्रेड के मध्य रहता है एवं रात्री के समय तापमान 230 से 280 सेन्टीग्रेड के मध्य रहता है। जनवरी का महीना सबसे ठण्डा समय हैं।

अध्ययन क्षेत्र बहरोड तहसील को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना 2021 के अन्तर्गत प्राथमिक शहर के रूप में भी चयनित किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना की मूल नीतियों में जिसमें दिल्ली से औद्योगिक इकाईयो थोक व्यापार एवं भण्डारण तथा केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को प्राथमिक शहरों में स्थानान्तरित किया जाना शामिल है। यद्यपि विगत कुछ वर्षा में इन नीतियों को किन्ही कारणों से क्रियान्वित नहीं किया जा सका परन्तु अब राष्ट्रीय राजधानी योजना 2021 के अन्तर्गत इस नीति का क्रियान्वयन किये जाने का दृढ़ निश्चय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के द्वारा किया गया है।

उपर्युक्त पृष्ठभूमि एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना की नीतियों के अनुसार बहरोड तहसील में अनेक नई औद्योगिक व्यापारिक एवं सरकारी कार्यालयों हेतु आधारित गतिविधियों के स्थापित होने की सम्भावना बनी है। इस तरह से अध्ययन क्षेत्र क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार अध्ययन क्षेत्र की कुल जनसंख्या तथा वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या है क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व 492 प्रति वर्ग किलोमीटर है तथा लिंगानुपात 902 महिलाएँ प्रति एक हजार पुरूषों पर है। बहरोड तहसील में 0-6 आयु वर्ग के बच्चों का लिंगानुपात 855 है। क्षेत्र की कुल साक्षरता दर 79-21 प्रतिशत है। जिसमें 91-21 प्रतिशत पुरूष तथा 67-21 प्रतिशत महिलाएँ साक्षरता रही हैं।

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार अध्ययन क्षेत्र की दशकीय वार्षिक वृद्धि दर 21-49 प्रतिशत है जबकि राजस्थान की दशकीय वृद्धि दर 28.41 प्रतिशत है और भारत देश की दशकीय वृद्धि दर 21-34 प्रतिशत हैं इस प्रकार तुलनात्मक दृष्टि से देखा जाये तो बहरोड तहसील की वार्षिक वृद्धि दर देश की जनसंख्या वृद्धि दर से भी अधिक है। 2011 की जनगणना के अनुसार शहर की कुल दशकीय वार्षिक वृद्धि दर 17-12 प्रतिशत है। जो 2001 की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर की तुलना में कम है। जिसका कारण शिक्षा एवं सामाजिक सुधार रहा है। अरावली पर्वत श्रृंखला एवं घने जंगलो से आच्छादित बहरोड तहसील राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक स्थल एवं वाणिज्यिक केन्द्र है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विकास नीतियो के क्रियान्वयन में इसकी एक महत्वपूर्ण भूमिका आंकी गई है। यह क्षेत्र दिल्ली एवं जयपुर जैसे दो महत्पूर्ण महानगरों के मध्य स्थित होने के कारण दोनो महानगरों के समीपस्थ एक महत्वपूर्ण शहर के रूप में कार्य करने की क्षमता रखता है। बहरोड तहसील के दक्षिण मे साबी नदी प्रवाहित होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 दक्षिण से उत्तर पूर्व की ओर जाता हुआ इसे दो भागों में बांटता है। इस तहसील के पश्चिम एवं उत्तर मे हरियाणा राज्य फैला हुआ है। पूर्व में अलवर जिले की मुण्डावर तहसील तथा दक्षिण में बानसूर तहसील एवं जयपुर जिले की सीमा लगती है।

शोध कार्य के उद्देष्य;-

1.अध्ययन क्षेत्र के भौगोलिक स्वरूप का अध्ययन करना।
2.अध्ययन क्षेत्र के धरातलीय एवं आर्थिक प्रारूप का अध्ययन करना।
3.अध्ययन क्षेत्र के भूमि उपयोग का अध्ययन करना।
4अध्ययन क्षेत्र के सामयिक भूमि उपयोग का अध्ययन करना।
5.अध्ययन क्षेत्र मे बदलते हुए प्राकृतिक एवं आर्थिक स्वरूप का अध्ययन करना।
6.अध्ययन क्षेत्र में पाई जाने वाली शस्य गहनता, फसल प्रतिरूप, फसल विविधता का अध्ययन करना।
7.अध्ययन क्षेत्र में लोगों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक स्तर मे आए बदलाव को ज्ञात कर उसका अध्ययन करना।
8.अध्ययन क्षेत्र मे भूमि उपयोग से उत्पन्न समस्याओं व नियोजन हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध परिकल्पनाएँ:-

किसी भी प्रकार का शोध कार्य करने से पहले हमारे मस्तिष्क मे कुछ परिकल्पनायें निश्चित की जाती है। ये परिकल्पनाएँ सकारात्मक रही है। इन परिकल्पनाओ को साकार रूप देने को अध्ययन मे सह प्रयास किये जाते है जिससे अध्ययन सही एवं बोधगम्य बनाया जा सकता है। प्रस्तुत शोध कार्य में कुछ शोध परिकल्पनाएँ निश्चित की गई है जो इस प्रकार हैः-

1.अध्ययन क्षेत्र मे बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण भूमि की स्थिति स्थिर नहीं रही है।
2.अध्ययन क्षेत्र में भूमि उपयोग के तुलनात्मक लाभ की संकल्पना का आंकलन करना।
3.अध्ययन क्षेत्र मे बढ़ते औद्योगिकरण व नगरीयकरण के कारण कृषि भूमि क्षेत्र में कमी हो रही है।
4.अध्ययन क्षेत्र में आधुनिक संयत्रों उपयोग से कृषि का लंबवत व क्षितिज विकास का हुआ है।
5.अध्ययन क्षेत्र मे बढ़ते औद्योगिकरण व नगरीकरण के कारण स्थानिय लोगों की सामाजिक व आर्थिक एवं शैक्षिक दशा में सुधार हुआ है।
6.अध्ययन क्षेत्र मे संस्थागत एवं गैर-संस्थागत प्रयासों से कृषि औद्योगिकरण में आधुनिकीकरण हुआ है।
7.अध्ययन क्षेत्र मे छण्भ्ण् 8 की अवस्थति भूमि उपयोग को बदलने में सहायक है।

शोध का महत्व :-

1.भूमि उपयोग द्वारा सभी प्रकार की भूमि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
2.भूमि की आश्र्थक उपयोगिता आकी जा सकती है।
3.भूमि की उत्पादन क्षमता को आका जा सकता है।
4.भूमि की क्षमता सामश्र्य की जानकारी के आधार पर भूमि का उचित उपयोग किया जा सकता है।
5.जनसंख्या के दबाव को ज्ञात किया जा सकता है तथा आवश्यकतानुसार उसमें कमी लायी जा सकती है।
6.भूमि उपयोग नियोजन का प्रमुख उद्देश्य अप्रयुक्त भूमि को उपयोग में लाने की योजना बनाना है।
7.नियोजन द्वारा भूमि के दुरूपयोग को रोका जा सकता है।
8.नये भूमि उपयोग क्षेत्रों को चिह्नित किया जा सकता है।
9.भूमि में गुणात्मक वृद्धि लाने के लिए उचित प्राविधियों का प्रयोग किया जा सकता है।
10.भूमि उपयोग नियोजन द्वारा कृषकों में जागरूकता लायी जा सकती है तथा उनके आर्थिक स्तर को ऊँचा उठाया जा सकता है। मृदा संबंधी अनके समस्याओं को हल किया जा सकता है।

7. विधि तंत्र एवं आँकड़ो का संकलन:-

किसी भी शोध कार्य के लिए शोधकत्र्ता को तथ्यों का संकलन, संकलन कि विधियों व आँकड़ों के वर्गीकरण अध्ययन विश्लेषण एवं शोध प्रतिवेदन हेतु एक निश्चित प्रारूप का अध्ययन करना होता है।

अध्ययन क्षेत्र में गिरदावर वृत को क्षेत्रीय आधार मानकर भूमि उपयोग के विभिन्न आयामां का अध्ययन किया जायेगा। अध्ययन को विभिन्न क्षेत्रों में तुलनात्मक एवं विश्लेषणात्मक बनाने के लिए मुख्यतः दो प्रकार की विधियाँ स्वीकृत की गई है।

1 आनुभाविकी विधि
2 सांख्यिकीय विधि

प्रस्तुत शोध कार्य आनुभाविकी, मानचित्रण, आरेखां, सांख्यिकीय विधियों पर आधारित होगा। अध्ययन क्षेत्र का गहन अध्ययन करने के लिए प्रतिचयन विधि द्वारा प्राथमिक आँकड़े एकत्रित किये जायेंगे, जो प्रत्येक पंचायत समितियों के अनुसार लिए जायेगे जिससे लोगों के जीवन स्तर का आंकलन किया जायेगा। यह सम्पूर्ण कार्य प्रश्नावली व आनुभाविकी विधि से होगा। विभिन्न सांख्यिकीय विधियों व तकनिकी से प्राप्त परिणामों के आनुभाविकी अध्ययन में मानचित्रों एवं आरेखों के साथ संयोजित कर अध्ययन किया जायेंगा। शोध कार्य में आवश्यकतानुसार तालिकाओं तथा विभिन्न सांख्यिकीय सूत्रों का प्रयोग कर उनका विश्लेषण किया जायेगा।

प्राथमिक आँकड़ों के प्राप्ति स्त्रोत-

1 प्रश्नावली तैयार करके
2 अनुसूची के माध्यम से
3 प्रत्यक्ष अवलोकन द्वारा

द्वितियक आँकड़ों के प्राप्ति स्त्रोत-

1 नगरीय योजना विभाग जयपुर
2 सूचना केन्द्र अलवर
3 भारतीय मौसम विभाग जयपुर
4 भारतीय जनगणना विभाग जयपुर
5 जिला साख्यिंकीय कार्यालय अलवर
6 राजस्व विभाग अलवर
7 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जयपुर
8 भू सर्वेक्षण विभाग जयपुर
9 जिला कृषि विभाग अलवर
10 वन मण्डल कार्यालय अलवर
11 कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा जयपुर
12 परिवहन विभाग अलवर
13 नगर परिषद अलवर
14 तहसील मुख्यालय बहरोड़
15 भू-राजस्व कार्यालय बहरोड़
16 सार्वजनिक निर्माण कार्यालय बहरोड़
17 कृषि उपज मण्डी बहरोड़

प्रस्तुत शोध कार्य में निम्नलिखित सांख्यिकीय सूत्रों का प्रयोग किया जायेगा।

संघटन सूचकांक. (Composite Index)

CI = X-X/SD

blesa CI = la?kVu lwpdkad
X = Lora= pj ewY;
X = समान्तर माध्य
SD = प्रमाप विचलन

निष्कर्ष:-बहरोड तहसील के चयनित ग्रामों का सर्वेक्षण प्रस्तुत शोध कार्य भूगोल विषय से सम्बन्धित है और भूगोल विषय में अध्ययन क्षेत्र के सूक्ष्म अध्ययन के लिए तथा बहरोड़ तहसील के भूमि उपयोग परिर्वतन के अध्ययन की वास्तविकता के लिए चयनित गांवों का अध्ययन आवश्यक है। चयनित गांवों के अध्ययन के माध्यम से क्षेत्र की विविध समस्याओं का अध्ययन होता है। जिससे नियोजन की सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। प्रतिदर्श गांवों के अध्ययन का चयन शोधार्थी द्वारा शोध-प्रबन्ध की रूपरेखा के अनुसार पहले ही प्रतिदर्श चयन अध्ययन को शांि◌ामल किया था इस चयन में अध्ययन क्षेत्र की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए चयन किया है। तहसील के सभी प्रतिदर्श गांवों को मानचित्र संख्या 8-1 में दर्शाया गया है। प्रतिदर्श गांव का चयन किया गया है।

References

1. Choi, J.S. and P.G. Helmberger (1993): "How Sensitive are Crop Yields to Price Changes and Farm Programs?" Journal of Agricultural and Applied Economics, 25: 237- 244.
2. Goodwin, B. and A. Mishra (2003): "An Empirical Evaluation of the Acreage Effects of U.S. Farm Programs", OECD, 2003.
3. Houck, J.P., and P.W. Gallagher (1976) "The Price Responsiveness of U.S. Corn Yields." American Journal of Agricultural Economics, 58:731–734.

गाँधी की बुनियादी शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत एक अध्ययन

डॉ. दीपक अवस्थी
शोधार्थी शिक्षा संकाय
आई.ए.एस.ई. मानित विश्वविद्यालय, सरदारशहर चूरू

प्रस्तुत आलेख गांधी की बुनियादी शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण विमर्श है। महात्मा गांधी के दर्शन को उनके चिंतन मनन का दर्शन कहें तो कोई अचरज की बात नहीं होगी। जीवन के किसी भी क्षेत्र के सन्दर्भ में बात की जाए तो उसकी सार्थकता की परिणिति गांधी दर्शन में परिलक्षित होती है। गांधी दर्शन की पूर्णता की अभिव्यक्ति उनके शिक्षा दर्शन में प्रतीत होती है क्योंकि शिक्षा के उन्न्यन से सम्पूर्ण राष्ट्र का विकास संभव है। गांधी जी ने शिक्षा में स्वयं करते हुए सीखने पर बल दिया क्योंकि आज का बालक कल का नागरिक है। प्रजातंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि शिक्षा शिक्षार्थी एवं शिक्षक के साथ-साथ सामाजिक परिवेश एवं राष्ट्रीय हितों की पूर्तिकरने वाली होनी चाहिए। गांधी जी द्वारा इस सन्दर्भ में बुनियादी शिक्षा दर्शन जिसे नई तालिम के नाम से जाना जाता है का प्रतिपादन 1937 से किया गया। गांधी की बुनियादी शिक्षा श्रम के स्वावलंबन के साथ-साथ रचनात्मकता के विकास पर बल देती है वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में देखें तो चीन के वुहान शहर से फैली कोविड-19 महामारी ने चौतरफा हाहाकार मचाया। मानव ने आधुनिक उन्नत सभ्यता के लिए जो ताना-बाना बुना, वह धराशायी हो गया और व्यक्ति एवं समाज के साथ-साथ सरकारों ने स्वयं को असहाय महसूस किया। इसी दौरान माननीय प्रधानमंत्री द्वारा समाज और राष्ट्र को आत्मबल प्रदान करने हेतु पुनः उस चिन्तन एवं आदर्श की ओर लोटाना पड़ा तो आज से 90 वर्ष पूर्व गांधी ने राष्ट्रीय आन्दोलन में भारत के लोगों को दिया जिसके कारण हम उस समय निराश, हताशा और औपनिवेशिकता के माहौल से निकल पाये।[1]

गांधी ने सत्य, अहिंसा, सत्यागृह, प्रन्यास सिद्धान्त, आश्रम व्यवस्था, बुनियादी शिक्षा, चरखा कातना, श्रम के महत्व को प्रासंगिक बनाने जैसे सिद्धान्तों एवं कार्यक्रमों का सहारा लेकर राष्ट्रीय जीवन को गतिशील और चलायमान रखा। क्योंकि गांधी का मानना था कि स्थिरिता से समस्याएँ हल होने के बजाय अधिक फैल जायेगी इसलिए लोगों में चेतना पैदा करने के लिए निरन्तर नये सार्थक प्रयोगों का सहारा लेना आवश्यक है। गांधी का मानना था कि औपनिवेशिकता की विचारधारा से यदि राष्ट्र और समाज को मुक्त करना है तो शिक्षा व्यवस्था को भारतीय विचारों के अनुकूल स्थापित करना होगा तभी आत्मनिर्भरता की प्राप्ति संभव है। पराधीन राष्ट्र और औपनिवेशिकता से परिपूर्ण विचारधारा किसी देश की अल्प समय के लिए तो फायदा पहुंचा सकती है लेकिन इसके दूरगामी परिणाम सदैव राष्ट्र के पतन की ओर उन्मुख होते हैं। इन सभी बातों को गांधी ने अपने शैक्षिक चिंतन मनन में स्थान प्रदान करते हुए नई तालीम अथवा बुनियादी शिक्षा दर्शन के अंतर्गत मातृभाषा शिक्षण के साथ-साथ स्वरोजगारपरक शिक्षा जिसे कुछ हद तक व्यवसायिक शिक्षा भी कह सकते हैं पर बल दिया।[2]

चूंकि मनुष्य अपनी चेतना के कारण संसार का सर्वश्रेष्ठ चेतनशील प्राणी है उसके शरीर में आत्मा का निवास होता है। मानव के आध्यात्मिक एवं नैतिक विकास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने अनेक प्रयोग किये थे और देश के लिए एक राष्ट्रीय शिक्षा योजना तैयार की थी। गांधी जी का शिक्षा दर्शन केवल राष्ट्रीय सीमाओं में ही नहीं बंधा था। गांधी जी ने अपने समय की पुस्तकीय संकुचित, सैद्धान्तिक और परीक्षा प्रधान शिक्षा में सुधार हेतु अनेक सुझाव दिये थे और अन्त में 1937 में एक राष्ट्रीय शिक्षा योजना प्रस्तुत की थी जिसे बेसिक शिक्षा कहते हैं।[3]

भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को गांधी की बुनियादी शिक्षा की उपादेयता के संबंध में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया है। जो गांधी दर्शन के तत्कालीन प्रायोगिक अनुभवों का ही वर्तमान कलेवर में परिवर्तित रूप है।[4]

महात्मा गाँधी का शिक्षा दर्शन प्रयोग उनके अनुभव पर आधारित था। एक ओर महात्मा गाँधी जी की शिक्षा का राष्ट्रीय दृष्टिकोण था जिसमें वे शिक्षा का प्रयोग देश की आजादी की लड़ाई के लिए करना चाहते थे और दूसरी और उनका मानवतावादी दृष्टिकोण था जिसके द्वारा वे मानवीय सरोकारों से युक्त समाज एवं राजनीति की रचना करना चाहते थे 1920-21 के असहयोग आन्दोलन में महात्मा

गाँधी ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के ऊपर विशेष दायित्व डाला और उन्हें स्कूल तथा कालेज छोड़ने का आह्वान रचनात्मक दृष्टिकोण था।[5] महात्मा गाँधी ने कहा कि ''केवल विद्यार्थियों की सहायता से ही स्वतन्त्रता प्राप्त की जा सकती है। अन्य किसी बात का जनता और शासकों पर इतना प्रभाव नहीं होगा जितना कि एक दिन में विद्यार्थियों के स्कूल और कालेज छोड़ देने से।[6] गाँधी जी द्वारा उठाये गये कदमों की आलोचना हुई लेकिन यह सच है कि भावी पीढ़ी के सहयोग के बिना आंदोलन चलाना संभव नहीं है। आध्यात्मिक होते हुए भी राजनीति से अपने को अलग नहीं रख सके। उनके लिए राजनीति धर्म, शिक्षा सब कुछ एक दूसरे से जुड़े हुये थे वास्तव में शिक्षा को विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की राजनीति से अलग रखने की बात यदि मान ली जाय तो कभी कोई क्रान्तिकारी परिवर्तन, समाज एवं राजनीति में हो ही नहीं सकता क्योंकि समाज का एक बहुत बड़ा भाग विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का होता है। उनकी सहभागिता के बिना सामाजिक परिवर्तन होना अत्यन्त कठिन है। यदि 18 वर्ष की आयु के व्यक्ति को राजनैतिक अधिकार दिया जा सकता है तो उन्हें राजनीति से उदासीन कैसे रखा जा सकता है। इसलिए गांधी जी द्वारा विद्यार्थियों का आह्वान उचित एवं तार्किक था।[7]

गांधी की बुनियादी शिक्षा द्वारा आत्मिनर्भर भारत के निर्माण की आधारशिला रखी गई। इसके बिना उन्नत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण सम्भव नहीं हो पायेगा। अंग्रेजी शिक्षा पद्धति तत्कालीन परिस्थितियों में एक विशेष वर्ग को तो फायदा पहुंचा सकती है लेकिन यह भारत की उन्नति में सहायक नहीं है। राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान शैक्षिक परिवेश के अंतर्गत राजनीति के समावेश को गांधी ने महत्व प्रदान किया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गांधी के विचार इस संदर्भ में प्रासांगिक प्रतीत होते हैं।[8] गांधी ने अपनी पुस्तक हिंदस्वराज में ग्रामीण भारत की आत्मनिर्भरता का चित्रण किया जो कमोवेश वर्तमान आत्मनिर्भरता की परिकल्पना में दिखाई देता है। शासन में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। कोविड-19 के तीसरे लॉकडाउन में प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर शब्द का प्रयोग किया गया। महात्मा गांधी के जीवन एवं चिन्तन का प्रमुख योगदान उनका बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम था। बुनियादी शिक्षा का कार्यक्रम उनके आत्म चिन्तन एवं व्यवहार का परिणाम था।[9] महात्मा गाँधी बुनियादी शिक्षा के माध्यम से एक ऐसा स्वावलम्बी व्यक्ति समाज एवं राज्य की रचना करना चाहते थे, जो किसी भी प्रकार के आर्थिक एवं सांस्कृतिक प्रभुत्व से मुक्त हो महात्मा गाँधी ने जब बुनियादी शिक्षा का यह कार्यक्रम प्रस्तुत किया उस समय अंग्रेजी शासन का आर्थिक शोषण था।गाँधी जी के शिक्षा दर्शन में वर्धा शिक्षा योजना उनके शिक्षा दर्शन का अभिन्न अंग है किन्तु यह उनके शिक्षा दर्शन का पर्याय नहीं समझनी चाहिए। गाँधी जी ने वर्धा शिक्षा योजना में बालकों को केन्द्रिय स्थान प्रदान किया ताकि बाल केन्द्रित शिक्षा दर्शन का विकास किया जा सके। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक श्रम युक्त हस्तकौशल केन्द्रित शिक्षा को ही सर्वात्तम साधन माना है। वे लिखते हैं कि मैं तो बच्चों की शिक्षा का आरम्भ उसे कोई उपयुक्त दस्तकारी सिखाकर अर्थात जिस क्षण से उसकी शिक्षा शुरू होती है, उसी क्षण से उसे कुछ न कुछ नया सृजन करना सिखाकर ही करूंगा। मैं मानता हूं कि इस पद्धति द्वारा मन और आत्मा का उच्च से उच्चतर विकास किया जा सकता है।[10] इसके लिए यह आवश्यक है कि जो उद्योग धन्धे आज केवल अन्यत्र सिखाएं जाते हैं वे वैज्ञानिक ढंग से सिखाये जायें। यानि बच्चों को यह समझाया जा कि कौन सी क्रिया किस लिए की जाती है। इस चीज को में थोड़े आत्मविश्वास के साथ लिख रहा हूँ क्योंकि इसकी पीठ पर मेरे अनुभव का बल है। यहीं गाँधी जी के शिक्षा दर्शन का निष्कर्ष है। श्री महादेव देसाई ने उनकी इसी धारणा को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि 'इसका अभिप्राय शारीरिक श्रम की शिक्षा से साहित्यिक शिक्षा की पूर्ति करना नहीं है अपितु शारीरिक श्रम की शिक्षा को साहित्यिक और बौद्धिक शिक्षा का साधन बनाना है।[11]

भारत जैसे निर्धन देश में सबके लिए शिक्षा तभी सम्भव होगी जब यह स्वावलम्बी होगी। प्रस्तावित नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्वावलम्बन और आत्मनिर्भरता की भावना के समन्वय के आधार पर उन्नत भारत के निर्माण का विचार प्रतिपादित किया गया है। शिक्षा व्यवस्था के स्वावलम्बन से न केवल राष्ट्र और समाज का विकास होता है बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ये देश की प्रगति का सूचक है। बुनियादी शिक्षा योजना रोजगार के साथ-साथ स्वावलम्बन की भावना उत्पन्न करती है और यह श्रम उपादेयता की शिक्षा के भार और व्यय को वहन करने में भी विद्यार्थी को सक्षम बनाती है।[12] इस सम्बन्ध में गांधी लिखते हैं कि "जो दस्तकारियों बालकों की सिखायी जायेगी वे उनसे किसी प्रकार का उत्पादन कार्य कराने की मंशा से नहीं बल्कि उनकी बुद्धि के विकास करने के ख्याल से सिखाई जाएगी। इनमें कोई शक नहीं कि अगर सरकार 7 से 14 वर्ष के बच्चों की पढ़ाई को अपने हाथ में ले और उत्पादक कार्यों द्वारा उनके शरीर और मन का विकास करें तो यह पाठशालाएं अवश्य ही स्वालम्बी बन जायेगी। अगर वे स्वावलम्बी नहीं बन सकती तो मैं कहूंगा कि या तो पाठशालाएं ही नहीं है, या इनमें पढ़ाने वाले शिखक निरे बेवकूफ है।[13] आगे वे कहते है ''बालक राज्य से कुछ पाते है उसका कुछ हिस्सा राज्य को वापस देने का तरीका उन्हें सिखाकर शिक्षा को स्वावलम्बी बनाना ही उनका मुख्य उद्देश्य था।[14] बुद्धि के विकास का मुख्य साधन हाथ पैर की शिक्षा होनी चाहिये जिस कारण वे इस निर्णय पर पहुंचे कि हस्तकौशल के बिना बुद्धि का दुरूपयोग हो रहा है। हमारे लड़कों को कुछ पता ही नहीं चलता कि स्कूल छोड़ने के बाद उनको क्या करना होगा। सच्ची शिक्षा तो वही कहीं जायेगी जो बालक की आध्यात्मिक, बौद्धिक और शारीरिक शक्तियों को प्रकट और उसका विकास करती हो। यदि उन्हें ऐसी शिक्षा मिले तो यह बेकारी के विरूद्ध एक बीमा होगा।[15] हिन्दुस्तान के गाँवों की आवश्यकताओं को देखते हुए अगर हम गाँवों की शिक्षा को अनिवार्य बनाना चाहते है तो वह शिक्षा स्वावलम्बी ही होनी चाहिए। वर्ष की उम्र में अर्थात 8वीं तक की पढ़ाई समाप्त करने के बाद जब बालक स्कूल से निकले तो उसमें कुछ कमाने की शक्ति उसमें आ जानी चाहिए। आज भी निर्धन वर्ग के विद्यार्थी गांधी के द्वारा प्रतिपादित शिक्षा योजना का पालन करते हुए प्रतीत होते हैं।गांधी के मतानुसार शिक्षा व्यवस्था को स्वावलम्बी बनाकर आर्थिक लाभकारी बनाया जा सकता है। यह आवश्यक है कि प्रत्येक बालक को शिक्षा योजना उद्योग और हस्तकौशल के माध्यम से प्रदान की जाए।[16] यह पूरी तरह स्वयं सिद्ध है कि शिक्षा किसी उद्योग के माध्यम से दी जाए ताकि सम्पूर्ण पढ़ाई उद्योग की शिक्षा के साथ पास बैठाई जानी चाहिये। इस कल्पना के अनुसार जो प्राथमिक शिक्षा दी जायेगी वह कुल मिलाकर अवश्य स्वालम्बी होगी। हो सकता है कि पहले या दूसरे साल की पढ़ाई तक वह पूरी स्वावलम्बी न भी बने।[17]

गाँधी जी केवल आर्थिक दृष्टिकोण से शिक्षा में उद्योग को नहीं अपनाना चाहते थे अपितु उसे तन मन के विकास का माध्यम बनाना चाहते थे। उनकी यह अडिग आस्था थी कि शोषणहीन, वर्गविहिन, सर्वादयी समाज की स्थापना के लिए शिक्षा में स्वावलम्बन अनिवार्य है। इसी सम्बन्ध में उन्होंने लिखा है ''मैं मानता हूं कि शिक्षा अनिवार्य और मुफ्त होनी ही चाहिये लेकिन बालकों को उपयोगी उद्योग सिखाकर उसके द्वारा ही शरीर और मन का विकास किया जाना चाहिये।''[18]

शिक्षा में आत्मनिर्भरता की यह भावना गांधी की अहिंसा और ग्रामस्वराज दर्शन को परिपुष्ट करती है। इसलिए ''आत्मनिर्भर शिक्षा की भावना को अहिंसा पृष्ठभूमि से अलग नहीं किया जा सकता और जब तक इस बात को अपने ध्यान में नहीं रखते कि इस नयी योजना का लक्ष्य एक ऐसे नये युग को लाना है जिसमें वर्ग-विभेद, साम्प्रदायिक कटुता और शोषण को स्थान नहीं तब तक इस प्रकार की शिक्षा को सफल नहीं बना सकते।''[19]

सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना गाँधी जी के शैक्षिक विचारों की दूसरी निजी विशेषता है हस्तकौशल के माध्यम से शिक्षा द्वारा वे बालक को भौतिक और सामाजिक पर्यावरण की प्राकृतिक परिस्थितियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना चाहते थे। इसके लिए क्रियाहीन बातावरण में शाब्दिक सूचनाएं ग्रहण करने तक नहीं बल्कि विद्यालयों के क्रियात्मक वातावरण में बालकों को प्रयोग अनुभव और अन्वेषण पर आधारित अवसर देना चाहते थे।[20] इसलिए सीखे और कमाओं का सिद्धान्त अपनाकर बालक के हाथ और मस्तिष्क के साथ ही उसे शिक्षित करना चाहते थे जिससे वह एक सफल और अच्छा नागरिक बनकर समाज की विकृत मनोवृत्ति को समाप्त करने के लिए अपनी बुद्धिजीविता का प्रयोग कर सके। उन्होंने लिखा है ''हमें अपनी शिक्षा में क्रान्तिकारी परिवर्तन करने है मस्तिष्क की शिक्षा हाथों द्वारा होनी आवश्यक है यह क्यों समझा जाय कि मस्तिष्क ही सब कुछ है, हाथ और पैर कुछ नहीं है जो अपने हाथों को प्रशिक्षित नहीं करते जो शिक्षा को यान्त्रिक रूप में ग्रहण करते हैं

उनमें जीवन का मधुर संगीत उदार न हो और उदार शिक्षा वह नहीं जो तकनीकि न हो अर्थात ऐसी शिक्षा जो तकनीकी न हो पूर्ण शिक्षा नहीं है।''[21] गांधी की बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर तैयार की गई नई शिक्षा नीति का भी प्रमुख उद्देश्य रोजगार एवं कौशल पर आधारित शिक्षा व्यवस्था को अपनाना हे ताकि छात्र अपने भावी जीवन में एक कौशल/हुनर के साथ-साथ व्यवसायिकता के आधार पर रोजगार प्राप्त कर से और शिक्षा बेरोजगारी के विरूद्ध एक बीमा की तरह कार्य करें।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि गांधी का शिक्षा दर्शन मूलतः विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया के आधार पर नैतिक और शोषण विहीन शिक्षा जो व्यावसायिकता के दर्शन पर आधारित है को बढ़ावा देना है। गांधी की शिक्षा में आत्मनिर्भरता और स्वावलम्बन के सिद्धान्त को यदि स्वतंत्रता के बाद भारतीय शिक्षा पद्धति में अपनाया जाता तो निश्चित रूप से भारत आज जिस दौर में है उससे कहीं अधिक आत्मनिर्भर और विकसित होता। नई शिक्षा नीति 2020 कमोवेश गांधी की बुनियादी शिक्षा और आत्मनिर्भरता के दर्शन का वर्तमान परिवेश में परिवर्तित स्वरूप है।महात्मा गाँधी का शिक्षा दर्शन प्रयोग उनके अनुभव पर आधारित था। एक ओर महात्मा गाँधी जी की शिक्षा का राष्ट्रीय दृष्टिकोण था जिसमें वे शिक्षा का प्रयोग देश की आजादी की लड़ाई के लिए करना चाहते थे और दूसरी और उनका मानवतावादी दृष्टिकोण था जिसके द्वारा वे मानवीय सरोकारों से युक्त समाज एवं राजनीति की रचना करना चाहते थे 1920-21 के असहयोग आन्दोलन में महात्मा गाँधी ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के ऊपर विशेष दायित्व डाला और उन्हें स्कूल तथा कालेज छोड़ने का आह्वान रचनात्मक दृष्टिकोण था।[5] महात्मा गाँधी ने कहा कि ''केवल विद्यार्थियों की सहायता से ही स्वतन्त्रता प्राप्त की जा सकती है। अन्य किसी बात का जनता और शासकों पर इतना प्रभाव नहीं होगा जितना कि एक दिन में विद्यार्थियों के स्कूल और कालेज छोड़ देने से।[6]

गाँधी जी द्वारा उठाये गये कदमों की आलोचना हुई लेकिन यह सच है कि भावी पीढ़ी के सहयोग के बिना आंदोलन चलाना संभव नहीं है। आध्यात्मिक होते हुए भी राजनीति से अपने को अलग नहीं रख सके। उनके लिए राजनीति धर्म, शिक्षा सब कुछ एक दूसरे से जुड़े हुये थे वास्तव में शिक्षा को विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की राजनीति से अलग रखने की बात यदि मान ली जाय तो कभी कोई क्रान्तिकारी परिवर्तन, समाज एवं राजनीति में हो ही नहीं सकता क्योंकि समाज का एक बहुत बड़ा भाग विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का होता है। उनकी सहभागिता के बिना सामाजिक परिवर्तन होना अत्यन्त कठिन है। यदि 18 वर्ष की आयु के व्यक्ति को राजनैतिक अधिकार दिया जा सकता है तो उन्हें राजनीति से उदासीन कैसे रखा जा सकता है। इसलिए गांधी जी द्वारा विद्यार्थियों का आह्वान उचित एवं तार्किक था।[7]

गांधी की बुनियादी शिक्षा द्वारा आत्म्निर्भर भारत के निर्माण की आधारशिला रखी गई। इसके बिना उन्नत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण सम्भव नहीं हो पायेगा। अंग्रेजी शिक्षा पद्धति तत्कालीन परिस्थितियों में एक विशेष वर्ग को तो फायदा पहुंचा सकती है लेकिन यह भारत की उन्नति में सहायक नहीं है। राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान शैक्षिक परिवेश के अंतर्गत राजनीति के समावेश को गांधी ने महत्व प्रदान किया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गांधी के विचार इस संदर्भ में प्रासांगिक प्रतीत होते हैं।[8] गांधी ने अपनी पुस्तक हिंदस्वराज में ग्रामीण भारत की आत्मनिर्भरता का चित्रण किया जो कमोवेश वर्तमान आत्मनिर्भरता की परिकल्पना में दिखाई देता है।

शासन में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। कोविड-19 के तीसरे लॉकडाउन में प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर शब्द का प्रयोग किया गया। महात्मा गांधी के जीवन एवं चिन्तन का प्रमुख योगदान उनका बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम था। बुनियादी शिक्षा का कार्यक्रम उनके आत्म चिन्तन एवं व्यवहार का परिणाम था।[9] महात्मा गाँधी बुनियादी शिक्षा के माध्यम से एक ऐसा स्वावलम्बी व्यक्ति समाज एवं राज्य की रचना करना चाहते थे, जो किसी भी प्रकार के आर्थिक एवं सांस्कृतिक प्रभुत्व से मुक्त हो महात्मा गाँधी ने जब बुनियादी शिक्षा का यह कार्यक्रम प्रस्तुत किया उस समय अंग्रेजी शासन का आर्थिक शोषण था।

गाँधी जी के शिक्षा दर्शन में वर्धा शिक्षा योजना उनके शिक्षा दर्शन का अभिन्न अंग है किन्तु यह उनके शिक्षा दर्शन का पर्याय नहीं समझनी चाहिए। गाँधी जी ने वर्धा शिक्षा योजना में बालकों को केन्द्रिय स्थान प्रदान किया ताकि बाल केन्द्रित शिक्षा दर्शन का विकास किया जा सके। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक श्रम युक्त हस्तकौशल केन्द्रित शिक्षा को ही सर्वात्तम साधन माना है। वे लिखते हैं कि मैं तो बच्चों की शिक्षा का आरम्भ उसे कोई उपयुक्त दस्तकारी सिखाकर अर्थात जिस क्षण से उसकी शिक्षा शुरू होती है, उसी क्षण से उसे कुछ न कुछ नया सृजन करना सिखाकर ही करूंगा। मैं मानता हूं कि इस पद्धति द्वारा मन और आत्मा का उच्च से उच्चतर विकास किया जा सकता है।[10] इसके लिए यह आवश्यक है कि जो उद्योग धन्धे आज केवल अन्यत्र सिखाएं जाते हैं वे वैज्ञानिक ढंग से सिखाये जायें। यानि बच्चों को यह समझाया जा कि कौन सी क्रिया किस लिए की जाती है। इस चीज को में थोड़े आत्मविश्वास के साथ लिख रहा हूँ क्योंकि इसकी पीठ पर मेरे अनुभव का बल है। यहीं गाँधी जी के शिक्षा दर्शन का निष्कर्ष है। श्री महादेव देसाई ने उनकी इसी धारणा को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि 'इसका अभिप्राय शारीरिक श्रम की शिक्षा से साहित्यिक शिक्षा की पूर्ति करना नहीं है अपितु शारीरिक श्रम की शिक्षा को साहित्यिक और बौद्धिक शिक्षा का साधन बनाना है।[11]

भारत जैसे निर्धन देश में सबके लिए शिक्षा तभी सम्भव होगी जब यह स्वावलम्बी होगी। प्रस्तावित नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्वावलम्बन और आत्मनिर्भरता की भावना के समन्वय के आधार पर उन्नत भारत के निर्माण का विचार प्रतिपादित किया गया है। शिक्षा व्यवस्था के स्वावलम्बन से न केवल राष्ट्र और समाज का विकास होता है बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ये देश की प्रगति का सूचक है। बुनियादी शिक्षा योजना रोजगार के साथ-साथ स्वावलम्बन की भावना उत्पन्न करती है और यह श्रम उपादेयता की शिक्षा के भार और व्यय को वहन करने में भी विद्यार्थी को सक्षम बनाती है।[12] इस सम्बन्ध में गांधी लिखते हैं कि ''जो दस्तकारियों बालकों की सिखायी जायेगी वे उनसे किसी प्रकार का उत्पादन कार्य कराने की मंशा से नहीं बल्कि उनकी बुद्धि के विकास करने के ख्याल से सिखाई जाएगी। इनमें कोई शक नहीं कि अगर सरकार 7 से 14 वर्ष के बच्चों की पढ़ाई को अपने हाथ में ले और उत्पादक कार्यों द्वारा उनके शरीर और मन का विकास करें तो यह पाठशालाएं अवश्य ही स्वालम्बी बन जायेगी। अगर वे स्वावलम्बी नहीं बन सकती तो मैं कहूंगा कि या तो पाठशालाएं ही नहीं है, या इनमें पढ़ाने वाले शिखक निरे बेवकूफ है।[13] आगे वे कहते है ''बालक राज्य से कुछ पाते है उसका कुछ हिस्सा राज्य को वापस देने का तरीका उन्हें सिखाकर शिक्षा को स्वावलम्बी बनाना ही उनका मुख्य उद्देश्य था।[14]

बुद्धि के विकास का मुख्य साधन हाथ पैर की शिक्षा होनी चाहिये जिस कारण वे इस निर्णय पर पहुंचे कि हस्तकौशल के बिना बुद्धि का दुरूपयोग हो रहा है। हमारे लड़कों को कुछ पता ही नहीं चलता कि स्कूल छोड़ने के बाद उनको क्या करना होगा। सच्ची शिक्षा तो वही कहीं जायेगी जो बालक की आध्यात्मिक, बौद्धिक और शारीरिक शक्तियों को प्रकट और उसका विकास करती हो। यदि उन्हें ऐसी शिक्षा मिले तो यह बेकारी के विरूद्ध एक बीमा होगा।[15] हिन्दुस्तान के गाँवों की आवश्यकताओं को देखते हुए अगर हम गाँवों की शिक्षा को अनिवार्य बनाना चाहते है तो वह शिक्षा स्वावलम्बी ही होनी चाहिए। वर्ष की उम्र में अर्थात 8वीं तक की पढ़ाई समाप्त करने के बाद जब बालक स्कूल से निकले तो उसमें कुछ कमाने की शक्ति उसमें आ जानी चाहिए। आज भी निर्धन वर्ग के विद्यार्थी गांधी के द्वारा प्रतिपादित शिक्षा योजना का पालन करते हुए प्रतीत होते हैं।

*****

सन्दर्भ ग्रन्थ:-

1. राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ई-ग्राम स्वराज की स्थापना के लिए दिया गया महत्वपूर्ण उद्बोधन 24 अप्रैल 2021
2. निशंक, रमेश पोखरियाल, नई शिक्षा नीति से साकार होगा विवेकानंद का सपना, 19 अक्टूबर 2020, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च सेंटर, वेबिनार, नई दिल्ली।
3. निशंक, रमेश पोखरियाल, नई शिक्षा नीति से भारत बनेगा शिक्षा का नया वैश्विक गंतव्य, बीबीसी न्यूज, 30 जुलाई 2020
4. तिवारी, रविन्द्रनाथ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और आत्मनिर्भर भारत, 8 जुलाई 2021, राष्ट्रीय शिक्षा पत्रिका।
5. जावड़ेकर, प्रकाश, आत्मनिर्भर भारत दुनिया से देश को जोड़ने वाला नारा, इससे बढ़ेगे रोजगार, 28 फरवरी, 2021
6. एम.के.गांधी, द कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, माई एक्सपेरीमेंट्स विद ट्रुथ, अहमदाबाद, 1956, पृष्ठ 239
7. मिश्रा अनिल दत्त, फंडामेन्टल्स आफ गांधीज्म, मित्तल पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 1995, पृष्ठ 22
8. जोशी, शंभु मिथिलेश, गांधी दृष्टि के विविध आयाम, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि., नई दिल्ली, 2020, पृष्ठ 63
9. उपरोक्त, पृ. 65
10. नागर पुरूषोत्तम, आधुनिक भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिंतन, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, 2013, पृष्ठ 408
11. वर्मा, श्रीराम, भारतीय राजनीतिक विचारक, कॉलेज बुक सेंटर, जयपुर, 2019, पृष्ठ 398
12. हरिजन, 18 जनवरी 1942
13. यंग इंडिया, 2 जुलाई 1931
14. सम्पूर्ण गांधी वाड्मय, खण्ड-VIII, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली, 1962, पृष्ठ 22-23
15. एम.के. गांधी, सत्याग्रह इन साउथ अफ्रीका, प्रथम संस्करण, एस. गणेशन, मद्रास 1928, पृ. 173
16. ठाकुर गौरीकांत, महात्मा गांधी फिलॉसफी ऑफ सत्याग्रह, किशोर विद्या निकेतन, वाराणसी, 1988, पृष्ठ 3
17. वही, खण्ड XVIII, 1965, पृष्ठ 133
18. वर्मा, वी.पी.,द पॉलिटिकल फिलॉस्फी ऑफ महात्मा गांधी एण्ड सर्वोदय, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, चतुर्थ संस्करण, 1980-81, पृष्ठ 162
19. वही, पृष्ठ 166-167
20. मिश्रा, अनिल दत्त, फंडामेन्टल्स ऑफ गांधीज्म, मित्तल पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1995, पृष्ठ 22
21. सम्पूर्ण गांधी वाड्मय, खण्ड XIV, पृष्ठ 254 और 268

वर्तमान में जल अधिग्रहण कार्यक्रम तथा पर्यावरण प्रबंधन एक अध्ययन-झुन्झुनू जिले के सन्दर्भ में

डॉ.सालिक सिंह
शोध निर्देशक
महर्षि युनिवर्सिटी लखनऊ उतर प्रदेश

सविट राज
भूगोल विभाग
महर्षि युनिवर्सिटी लखनऊ उतर प्रदेश

प्रस्तावना

जलअधिग्रहण या जलग्रहण वह भौगोलिक क्षेत्र है जिसमें गिरने वाला जल एक नदी या एक-दूसरे से जुड़ती हुई कई छोटी नदियों के माध्यम से एकत्रित होकर एक स्थान से होकर बहता है। ढालू एवं पर्वतीय क्षेत्रों में केवल देखने से ही जलअधिग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जा सकती है। नदी के संगम स्थल से ऊपर की और का क्षेत्र जिसमें सीमा निर्धारित करेंगा, जैसे विकास खंड, गाँव व जिला आदि की अपनी एक भौगोलिक सीमा होती है, परन्तु उक्त सीमा प्रकृति द्वारा निर्धारित होती है और इसमें प्रशासकीय आवष्यकताओं हेतु परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

सामान्यतः कुछ लक्षण छोटे अथवा बड़े हर जलअधिग्रहण में विद्यमान रहते हैं, जैसे-प्रत्येक जलअधिग्रहण क्षेत्र का सम्पूर्ण पानी सिर्फ एक निकास से जलअधिग्रहण की सीमा पार करता है। कोई भी क्षेत्र एक ही श्रेणी के दो जलअधिग्रहण में नहीं आता है।

पिछले कुछ वर्शो में विकास संस्थाओं के मध्य जलअधिग्रहण षब्द बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। विभिन्न विकासात्मक योजनाएँ, चाहे वे सरकारी हों या गैर सरकारी, जो जलअधिग्रहण की अवधारणा से प्रभावित हुई हैं और उन्हें ही पुनः परिभाशित किया जा रहा है।

विकास से सम्बन्धित पूर्व के अनुभवों पर आधारित विषेशकर सूख सम्भावित व पर्वतीय क्षेत्रों में यह महसूस किया गया है कि विभिन्न विकास कार्यक्रमों का परस्पर समन्वय अधिकतम सर्वांगीण विकास के लिए आवष्यक है। विकास के नाम पर पिछले कुछ दषकों में विकास संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया गया है। फलतः अधिकांष क्षेत्रों में संसाधनों की उपलब्धता में अत्यधिक कमी का अनुभव किया जा रहा है, जो कि ढाँचागत विकास पर भी विपरीत प्रभाव डाल रही है।

आज समय की मांग है कि तेजी से कम होते संसाधनों को संरक्षित एवं पुनर्जीवित किया जायें। उपलब्ध संसाधनों को पुनर्जीवित करना उनको संरक्षित किये बिना कठिन है। संरक्षण की प्रक्रिया का प्रारम्भ संसाधनों, भूमि एवं जल के बेहतर प्रबन्धन से होता है। भूमि एवं जल संरक्षण परस्पर जुड़े हुऐ हैं, व इनका यह सम्बन्ध जीवन की गुणव को प्रभावित करता है। इनको संरक्षित करने के लिए सर्वाधिक उपर्युक्त तरीका यह होगा कि हम अपने प्रयासों को एक सीमित क्षेत्र के अन्दर केन्द्रित करें। प्राथमिक संसाधनों के परस्पर सुधार लाने व इसके उचित प्रबन्ध हेतु भूमि एवं जल के द्वारा निर्धारित क्षेत्र में जलअधिग्रहण कार्य करना ही सर्वोधिक उपयुक्त है।

जलअधिग्रहण क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत होने वाली विभिन्न प्रक्रियाएँ उपलब्ध संसाधनों के ऊपर प्रभाव डालती हैं। किसी भी विकास प्रक्रिया का टिकाऊ (पोशणीय) होना संसाधनों के परस्पर सम्बन्धों केा गहराई से समझने व परिस्थितियों के अनुरूप कार्य करने पर निर्भर है।

अध्ययन क्षेत्र का चयन :-

प्रस्तुत शोध का अध्ययन झुन्झुनूं जिला है, झुन्झुनूं जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का एक बड़ा जिला है। अनुपम वास्तुषिल्प, सुमधुर लोक संगीत, विपुल सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को अपने अंक में संजोये हुए यह जिला विष्वविख्यात है। यहां का प्राचीन दुर्ग, भव्य राज प्रासाद, हवेलियां षिल्प सौदन्र्य के प्रतीक मन्दिर और पीले पत्थरों से बने विषाल भवन स्वदेषी और विदेषी सैनालियों को बरबस अपनी ओर आकर्शित करते है।

झुन्झुनूं जिला 270 38'' उत्तरी अक्षांष से 28031'' उत्तरी अक्षांष तथा 75002'' से 76006'' पूर्वी देषांतर के मध्य अवस्थित है। झुन्झुनूं जिला पष्चिमोत्तर में चुरु जिले की और पूर्वोत्तर भाग में हरियाणा राज्य के हिसार व महेंद्रगढ़ जिले की तथा पष्चिम में सीकर जिले की सीमा से लगा हुआ है। जिले की समुद्रतल से उचाई 300-450 मीटर है। झुन्झुनूं जिला षुश्क राजस्थान में स्थित है। यह उचें नीचे रेत के टिलें व पहाडियों से घिरा हुआ है। झुन्झुनूं जिले का क्षेत्रफल 5928 वर्ग किलोमीटर है।

जिसकी वर्शा 2011 के अनुसार कुल जनसख्या 2139658 है। यहां जनसख्या घनत्व 361 व्यक्ति प्रति वर्ग मीटर है। जनसख्या की साक्षरता 74.72 है। झन्झनूं जिले में आठ तहसील है। झन्झनूं जिले में षुश्क जलवायु है। यँहा पर वर्शा बहुत कम होती है। जिले मे कोई बारहमासी नदी नहीं है। कट्टी व दोहन हीं मौसमी नदियं ा है। जिले मे कोई झील नहीं है। केवल चार तालाब है जो कि सिंचाई के लिए उपयोग किए जाते है। यहां रबी में गेहूं, जौ, चना, सरसों तथा खरीफ में बाजरा, मूगंफली व दालें बोयी जाती है। झन्झुनूं जिले में सिंचाई नलकपों द्वारा होती है जबकी खरीफ की फसलें अधिकाषतः वर्षा पर निर्भर होती है।

झन्झनूं जिला भारत के राजस्थान प्रान्त में स्थित है तथा सीकर एवं चुरू जिलों के नजदीक है। झुन्झुनूं एक राजस्थान का जिला है। यह दिल्ली से लगभग 250 किलोमीटर और जयुपर से लगभग 180 किलोमीटर दुरी पर स्थित हैं। यह एक रेगिस्तानी इलाका है। पूर्व से पश्चिम की सीमा 110 किलोमीटर व उत्तर से दक्षिण की सीमा 100 किलोमीटर है।

झुन्झुनूं जिले में 8 तहसीले है। सूरजगढ़, चिड़ावा, बुहाना, खेतड़ी, अलसीसर, झुन्झनूं, उदयपुरवाटी तथा नवलगढ़ झन्झुनूं जिले की तहसीले है। झुन्झुनूं का नाम लेते ही मन जोश एवं श्रद्धा से भर जाता है। यहा के जर्रे-जर्रे से उठने वाली देषभक्ति की आवाज से जोष, गाव - गाव में स्थापित षहिदों की प्रतिमाओं को देखकर मन में श्रद्धा का भाव स्वतः ही आ जाता है। सेना में जाने तथा मातृभूमि के लिए षहीद होने का जज्बा जैसा यहा दिखाई देता है, षायद ही कहीं पर दिखाई दे।साहित्य समीक्षा साहित्य की समीक्षा एक अध्ययन क्षेत्र में किए गए सर्वेक्षण अर साहित्य की चर्चा है। यह एक विषय के बारे में एक संक्षिप्त साहित्य पुनरावलोकन है जिसमें षोध सम्बन्धि तर्क आमत©र पर कालक्रम के अनुसार या विषयगत आयजित किए जाते है। साहित्य की समीक्षा में सर्वेक्षण, विद्वान के लेख, किताबें अर अन्य विशेष मुद्दे, अनुसंधान क्षेत्र, या सिद्धान्त, विवरण, सारांश और प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के मूल्यांकन की समीक्षा की जाती हैं। प्रस्तुत षोध समीक्षा में विष्व के कई हिस्स में किए गए षोध अध्ययनों की समीक्षा को षामिल किया गया है।

अतः इन सभी दृश्टिकोणों को मद्देनजर रखते हुए षोधार्थी द्वारा एक समकालिन अध्ययन प्रस्तुत करने का सहज प्रयास किया गया है। जल अधिग्रहण क्षेत्र कार्यक्रमों द्वारा पर्यावरण प्रबंधन आदि सम्बन्धित विशयों पर किए गए षोध कार्यो पर की गई साहित्य समीक्षा इस प्रकार है -

साहित्य पुनरावलोकन :-

विगत तीन दषकों से पर्यावरण अवनय के बारे में षोध कार्य निरन्तर बढ़ता जा रहा है। जिसके अन्तर्गत विष्व स्तर के लेकर स्थानीय स्तर तक अनेक अध्ययन किये जा चूके है। इनमें विष्व स्तर पर रिचार्ड जे. हैगेट की "Environmental Changeश्ए क्रिस पार्क की "Ecology and Environmental Management", Man, River System and Environmental impact", तथा Environmental पुस्तक आई जी सीमन्स की Ecology of Natural Resources,तथा बलेंटन की Natural Hazards and Globel Change तथा भारत में सुन्दर लाल बहुगुणा की टेहरी बाँध का पर्यावरण पर प्रभाव, एच के गुप्ता का बाँध एवं भूकम्प, राजकुमार गुर्जर एवं बी. सी. जाट की प्राकृतिक आपदाएँ, ''मानव एवं पर्यावरण' 'जल प्रबन्ध विज्ञान' प्रमुख कार्य कार्य रहे है। जलग्रहण कार्य करने पर वर्ष 2007 में डा. बी. सी. जाट द्वारा लिखित पुस्तक जल अधिग्रहण 'प्रबंधन में इस बारे में विस्तृत विवेचना की गई है।"

यद्यपि उपर्युक्त वर्णित सभी अध्ययन विभिन्न स्तरों पर अपना महत्व रखते है, जिनमें पर्यावरण अवनयन एवं समस्याओं पर प्रकाष डाला गया है, लेकिन झन्झनूं जिले के पर्यावरण पर अभी तक कोई ऐसा सुसंठित साहित्य उपलब्ध नहीं है, जिनमें क्षेत्र के पर्यावरणीय घटकों की विवेचना की गई हो, अतः इन सभी दृश्टिकोणों को मददेनजर रखते हुए एक समाकलित अध्ययन प्रस्तुत करने का सहज प्रयास किया जा रहा है।

जल संरक्षण से सम्बन्धित अध्ययनों में अनुपम मिश्र ने राजस्थान की रजत बूँदों (1995) एवं 'खरे हैं तालाब' विषयों पर लिखित पुस्तकों द्वारा राजस्थान की परम्परागत जल-संरक्षण पद्धतियों पर सटीकता एवं उपादेयता पर विस्तार से प्रकाष डाला है। कौषिक एन. के ने (1993) 'इन्दिरा गांधी नहर क्षेत्र में जल प्रबंन्ध' पर एवं महेष कुमार ने 'धरातलीय जल संसाधनों की सिंचाई के लिए राजस्थान में उपयोग' में जल संसाधन पर अध्ययन प्रस्तुत किये, इसके उपरान्त जलअधिग्रहण सपर प्रकाष डालते हुए एस. सी महनोत, पी. के. सिहं एवं संजय मोदी ने 1995 में 'वाटरषेड अप्रोचेज इन इम्प्रुविंग दे सोसियों इकानामिक स्टेटस आफ टाईबल एरिया में जलअधिग्रहण विकास द्वारा राज्य के गुर्जर ने पष्चिमी मरूस्थलीय पारिस्थितिकी दषाओं के प्रभाव को 'इरीगेषन इम्पेक्ट आन डेजर्ट इकालोजी' में प्रस्तुत किया है। राज्य के जल संसाधनों को जलअधिग्रहण आधार पर अध्ययन जे. वी. एस. मूर्ति ने 1991 में 'मैनेजमेन्ट आफ वाटर रिसोर्सिज इन राजस्थान' में किया है। राज्य के जल संसाधन एवं पर्यावरण पर डा. आर. के गुर्जर एवं प्रो. (श्रीमती) लक्ष्मी शुक्ल (1998) ने वाटर रिसोर्सिज एनवायरमेन्ट एण्ड द पीपुल में विस्तृत अध्ययन कर यह सुझाया है कि राज्य में भावी पीढ़ी केा जल संकट से बचाने के लिए जलअधिग्रहण विकास कार्यक्रम को प्रदेष में लागू कर पेयजल हेतु युद्व स्तर पर ''टाँको' का निर्माण कराया जायें।

वर्श 2008 में डा. रामकुमार गुर्जर एवं डा. बी. सी. जाट द्वारा लिखित पुस्तक ज्योग्राफी आफ वाटर रिसोर्सेज में जलग्रहण कार्यक्रमों द्वारा पर्यावरण प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाष डाला गया है। इसके बाद वर्श 2009 में उन्हीं की पुस्तक 'जलग्रहण विकास कार्यक्रम' में जलग्रहण क्षेत्र विकास के नवीन दिषा निर्देषों को समाविश्ट किया गया है। वर्श 2009 में ही भारत सरकार द्वारा जून में जारी नवीन दिषा निर्देषों में ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण प्रबंधन के बारे में विस्तृत निर्देष जारी किये हुऐ है।

जलग्रहण अधिग्रहण कार्यक्रम में षोध जर्नरल में भी नूतन कार्य प्रकाषित हुऐ है। इनमें देहरादून से प्रकाषित "General of Indian Remote Sensing Society" तथा रूढ़की से प्रकाशित "Hydrology Journal"तथा नई दिल्ली से प्रकाशित "General of Water and Land use Management" महावीर प्रसाद का सीकर जिले में जलग्रहण विकास कार्यक्रम द्वारा पारिस्थितिकीय पुनर्भरण ;2013द्ध आदि प्रमुख हैं जिनमें जल प्रबंधन के स्थानीय उपागमों को उजागर किया गया है। ज की विकसित अर विकासशील देश में संग्रहित जलग्रहण प्रबन्धन से ही सम्भव है। यह पांच विशिष्ट तत्व में शामिल हैं

1. **पानी का उपय®ग करने का अधिकार**
2. **पानी गिरावट के जल संसाधन के संरक्षण अर र®कथाम**
3. **पानी के प्रवाह के रखरखाव**
4. **एक पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित दृष्टिक®ण**
5. **प्रक्रियात्मक तत्व के सतत् विकास क प्राप्त करना**

शाह ;2014 ने अपने अध्ययन में बताया है कि भूमि, जल, वायु, जंगल अर महासागर मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण संसाधन हैं अर वे विवेकपूर्ण तरीके से उनके स्थायित्व के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। यह आपूर्ति में कम होते जा रहे हैं, मानव आबादी के बढ़ते दबाव अर आधुनिक आर्थिक प्रगति द्वारा की गई मांग के साथ, भूमि, वन, अर महासागर जैसे प्राकृतिक संसाधन साफ हवा अर सुरक्षित पीने के पानी में वृद्धि के तहत जल पर दबाव नृशंसता के साथ बढ़ रहा है, प्राकृतिक संसाधन की कमी होती जा रही है अर इनके प्रबंधन का विचार सार्थक बन गया है। यह प्राकृतिक संसाधन पर सफल परियो जनाअ तकनीकी, प्रबंधकीय अर इस तरह के गैर सरकारी संगठन और सरकारी एजेंसियों के द्वारा लागू परिय®जना कार्यान्वयन एजेंसियों के संगठनात्मक क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि जलग्रहण प्रबन्धन को तेज गति से लागू किया जा सके का सुझाव दिया है।उपर्युक्त वर्णित अध्ययन जल अधिग्रहण क्षेत्र कार्यक्रमों द्वारा पर्यावरण प्रबंधन पर स्थानीय स्तर से राज्य तक के विभिन्न उपागमों पर आधारित रहें हैं जिनका अपना महत्व है लेकिन झन्झनूं जिले में जल अधिग्रहण क्षेत्र कार्यक्रमों पर अभी तक ऐसा कोई संगठित अध्ययन उपलब्ध नहीं है जिसमें क्षेत्रीय कार्यक्रमों द्वारा पर्यावरण प्रबंधन के आधार पर समग्र विकास की चर्चा की गई हो। अतः इस सम्बन्ध में सभी दृष्टिकोणों को सम्मिलित रूप में मध्येनजर रखते हुए ''झन्झनूं जिले में जल अधिग्रहण क्षेत्र कार्यक्रमों द्वारा पर्यावरण प्रबंधन'' पर एक समाकालिक अध्ययन प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा।

शोध क्षेत्र की समस्याएँ - शोध के अध्ययन क्षेत्र झन्झुनूं जिले में वर्तमान समय की प्रमुख समस्या पर्यावरण अवनयन एवं जनसंख्या की तीव्र वृद्धि की है। विगत दो दषकों में झन्झनूं तहसील की जनसंख्या तेजी से बढ़ी हैं, जिसके कारण अनय कई समस्याएँ उत्पन्न हो गई है। कृशि क्षेत्र के विस्तार के कारण पेड़ों को अनन्धाधुन्ध तरीके से काटा

गया, जिसके कारण वनों का क्षेत्र कम हो गया। वनों की कमी एवं औधोगिक क्षेत्रों के विकास के कारण पर्यावरण में भी अवंछित तत्वों का समावेष हो रहा है, जिसके कारण मनुश्य एवं अन्य जैविक घटकों की जैविक क्रियाओं के संचालन में अति आवष्यक पर्यावरणीय कारक अनुकूल की अपेक्षा प्रतिकूल होते जा रहें है। जिसके कारण पर्यावरणीय अवनयन की समस्या वर्श प्रतिवर्श बढ़ती जा रही हैं। झुन्झुनूं जिले में भूमिगत जल का सिंचाई के रूप में अत्यधिक उपयोग करने के कारण जल स्तर में कमी आई है। मृदा की उत्पादकता में तेजी से ह्रास हो रहा है। इसलिए झुन्झुनूं जिले में जल अधिग्रहण क्षेत्र कार्यक्रमों द्वारा पर्यावरण प्रबंधन की आवेष्यकता है।

अध्ययन के उद्देष्य - झुन्झुनूं जिले में पर्यावरण अवनयन व दुर्दशा की समस्या एक आधारभूत समस्या के रूप में उभरकर सामने आई है। यह स्वभाविक है कि इसके बारे में प्रत्येक प्रबुद्ध नागरिक संक्षेप में पर्याप्त जानकारी चाहता है। अतः इस षोध के निम्न उद्देष्य रहेगें-

1.स्थानीय लोगों की पर्यावरणीय अवनयन के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
2. पर्यावरण अवनयन की समस्या के समाधान के प्रति दृश्टिकोण का अध्ययन करना।
3. पर्यावरण अवनयन के कारक एवं होने वाली हानि को चिन्हित करना।
4. संसाधनों के पोशणीय विकास को प्रभावित करने वाले तत्वों की जानकारी करना।
5. जलग्रहण अधिग्रहण क्षेत्रों को चिन्हित कर उनका विकास एवं संरक्षण की स्थिति की जानकारी करना।

षोध परिकल्पना -

प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य विशय भैागोलिक परिपे्रक्ष्य में जलअधिग्रहण प्रबंधन द्वारा पर्यावरण का एक सम्पूर्ण दृश्टिकोण प्रस्तुत करना है। पर्यावरण का स्थानिक एवं सामयिक विष्लेशण करना प्रस्तावित षोध का मुख्य केन्द्र है। मानव एवं भूमि अनुपात भूमि की वहन क्षमता का सूचक है तथा साथ ही पारिस्थितिकी तंत्र की सम्मिलित क्षमता को भी प्रकट करता है। यह अनुपात स्थिर होना चाहिए इसी सन्दर्भ मं एक परिकल्पना के अध्ययन का प्रयास किया गया है, जो भूमि एवं जल संसाधनों एवं ह्रास होने तथा संसाधनों के जनसंख्या दबाव से होने वाले गुणात्मक अवनयन से सम्बन्धित है मानव विकास भी इसी के भाग है। मानव विकास की गतिविधियाँ इस अद्र्वषुश्क प्रदेष में पारिस्थितिकीय असंतुलन का मुख्य कारण है।

षोधार्थी की निम्नलिखित मुख्य परिकल्पनाएँ हैः-

1.जलग्रहण क्षेत्र कार्यक्रम द्वारा भूमि एवं जल संरक्षण के साथ ही पर्यावरण संतुलन पर भी बल दिया जा रहा है।
2.विगत 3 दषकों से यह महसूस किया गया है। जल ग्रहण क्षेत्र कार्यक्रमों द्वारा पर्यावरण प्रबंधन किया जा सकता है।
3.पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों को लोगों से स्वीकार कर उनके विकास में सहयोग दिया है।
4.झुन्झुनूं जिले के ग्रामीण परिवेष का सामाजिक आर्थिक विकास होने के साथ ही जीवन स्तर मं सुधार हुआ है। जो पर्यावरणीय संतुलन से जुड़ा है।

शोध विधि -

किसी भी शोधकार्य के लिए शोधार्थी को तथ्यों के संकलन तथा संकलन की विधियों आंकड़ों के वर्गीकरण एवं विष्लेषण, शोध के प्रतिवेदन के लेखन आदि के लिए एक निष्चित प्ररचना का निर्धारण करना होता है। इस सम्पूर्ण शोधकार्य में दो प्रकार की शोध प्रविधियां अपनायी जाएगी। प्रथम अनुभवजन्य तथा द्वितीय तकनीकी। अध्ययन क्षेत्र का सूक्ष्म अध्ययन करने के लिए प्रथम शोधार्थी को प्राथमिक आंकड़े एकत्रित किये जाएगें। जो ग्राम स्तर पर तत्पष्चात् तहसील एवं जिला स्तर पर द्वितीयक आंकड़े प्राप्त करके उनको संष्लेषित व विष्लेषित किया जाएगा।

आंकड़ो के स्त्रोत -

शोध क्षेत्र का सूक्ष्म अध्ययन करने के लिए क्षेत्र की सूचनाएँ ग्राम स्तर पर एकत्रित कर विष्लेशित की जाएंगी। प्रस्तुत अध्ययन में दो प्रकार की षोध विधि अपनाई गई है-प्रथम अनुभवजन्य एवं द्वितीय तकनीकी।

अनुभवजन्य षोध विधि में कमोबेष रूप में समान षोध विधितंत्र को अपनाया गया है। सर्वप्रथम सम्बन्धित सभी द्वितीयक आँकड़े जलअधिग्रहण विकास कार्यो के विभिन्न पहलुओं के बारे में सम्पूर्ण सूचनाऐं सम्मिलित की जाती हैं, जिनमें भौतिक एवं जैविक नियन्त्रकों के सभी पहलुओं के साथ ही जनसहभागिता को भी सम्मिलित किया जाता है। सभी पहलुओं का सूक्ष्म अध्ययन करने हेतु राज्य को तीन मुख्य भू-पारिस्थितिकी प्रदेषों में विभाजित किया गया है। इन तीनों प्रदेषों से चयनित जलअधिग्रहण क्षेत्रों के सभी पहलुओं से सम्बन्धित आँकडे क्षेत्र सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त किये जाएगे, तथा उनसे सही परिणाम प्राप्त किये जाएगे तथा उनसे सही परिणाम प्राप्त करने हेतु सभी अव्यवस्थित आँकड़ो का संक्षेपण, सारणीयन एवं विष्लेशण विभिन्न सांख्यिकीय सूत्रों द्वारा किया जाएगा। इनके अतिरिक्त षोधकार्य के लिए आवष्यक द्वितीय आंकड़ों का संग्रह निम्नलिखित कार्यालयों से भी किया जाना है:-

1.केन्द्रीय षुश्क क्षेत्र अनुसंधान, जोधपुर।
2.राज्य भूजल विभाग, जयपुर।
3.सिंचाई विभाग एवं जल विज्ञान विभाग, झुन्झुनूं, जयपुर।
4.भारतीय मौसम विभाग, क्षैत्रिय कार्यालय, जयपुर।
5.भारतीय सर्वेक्षण विभाग, षाखा कार्यालय, जयपुर।
6.भारतीय जनगणना कार्यालय, जयपुर।
7.वन विभाग जयपुर एवं रैंज कार्यालय, झुन्झुनूं।
8.उधान विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर।
9.तहसील मुख्यालय एवं पटवार भवन जिला झुन्झुनूं।
10.पशुपालन विभाग, जयपुर।
11.आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेषालय, राजस्थान सरकार, जयपुर।

निष्कर्ष-

अध्ययन के निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि जल संसाधन एक सीमित प्राकृतिक संसाधन है जो सीमित मात्रा में उपलब्ध है। जल संसाधन का उपयोग इसी गति से होता गया और यदि संरक्षण एवं पुनर्भरण पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में विकट स्थिति पैदा हो जायेगी। आज जल संकट विश्व समुदाय के लिए एक चुनौती उभर कर आ रहा है। क्योंकि एक तरफ जनसंख्या वृद्धि होने से जल के उपयोग में वृद्धि हो रही है तो दूसरी तरफ बढ़ते औद्योगिक विकास के कारण जल की मांग लगातार उद्योगों में बढ़ रही है। तथा कृषि क्षेत्रों में जल की मांग में वृद्धि होने के बाद लगातार आपूर्ति में कमी हो रही है जिस कारण भविष्य में खाद्यान्न संकट पैदा हो सकता है। भारत में विशेषकर राजस्थान में सींचित कृषि का क्षेत्र घट रहा है। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है जो भारत का कुल 10.41 प्रतिशत है। जबकि जनसंख्या 5.5 प्रतिशत है एवं सतही जल 1.16 प्रतिशत है राज्य का दो तिहाई भाग थार रेगिस्तान है।

*****

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. Mishra, V.C. (1967) Geography of Rajasthan, N.B.T., New Delhi, India.
2. Sen. S.R. (1967) Growth and instability in Indian Agriculture J. 1st Soc. Agri. Stat. 14-01-30.
3. Roy, B.B. and Sen, A.K. (1968) Soil map of Rajasthan Ann. Arid Zone, 7(1): 1-14
4. Chorley, R.J. (1969) Water, earth and man, London, Methunss.

वर्तमान समय में गुरू जाम्भोजी की वाणी की उपादेयता और महत्व

डॉ.मीना
गार्गी कॉलेज, हिन्दी विभाग

बिश्नोई पंथ के प्रवर्तक श्री जाम्भोजी का अवतरण सम्वत 1508 को पीपासर गांव में हुआ। बिश्नोई पंथ में गुरु जाम्भोजी की विष्णु के रूप में पूजा की जाती है। गुरू जाम्भोजी के 'सबदों'के संग्रह का नाम सबदवाणी है। सबदवाणी का रचनाकाल सम्वत1515से1593 तक का है। सबदवाणी को जम्भवाणी भी कहते हैं। उन्होंने छोटी सी आयु में ही यानि 1515 में सबदवाणी का प्रथम सबद कहा था। सबदवाणी जाम्भोजी के विचारों को जानने का प्रामाणिक आधार है। इसमें जाम्भोजी ने जो विचार व्यक्त किए हैं, वो मानव मात्र के लिए हैं। ये विचार जाम्भोजी के समय में जितने उपयोगी व महत्वपूर्ण रहे हैं, उतने ही वे आज भी हैं।

प्रत्येक युग की परिस्थितियां व्यक्ति और समाज को प्रभावित करती रही हैं इसलिए उस युग के महापुरूषों की विचारधारा को समझने के लिए उस युग-विशेष की परिस्थितियों को जानना और भी जरूरी हो जाता है। पंद्रहवीं शताब्दी के उतरार्द्ध में देश के हालात अच्छे नही थे। मुसलमान अपने धर्म के प्रति बहुत कट्टर बने हुए थे। अपनी कट्टरता के कारण वे अनेक प्रकार की मनमानी कर रहे थे और लोगों पर अत्याचार कर रहे थे। वे स्थान स्थान पर हिंदुओं के मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ रहे थे उनका अपमान कर रहे थे। लोगों के अंदर भय का ऐसा वातावरण था कि लोगों की भावनाएं आहत हो रही थी। निराशा में डूबे हुए लोगों में कोई उत्साह नही था। वे अंदर से टूट चुके थे। समाज में जातियों का बोलबाला होने लगा जिसने आपसी ईर्ष्या-द्वेष एवं वाद-विवाद को बढ़ावा दिया। आपसी भाई-चारे और प्रेम का स्थान अब फरेब और छल कपट ने ले लिया। धोखा और झूठ पनपने लगा। धर्म के रक्षक तो भोली-भाली एवं अशिक्षित जनता को उलेझाकर गुमराह कर रहे थे। जादू-टोने, जंत्र-मंत्र और भूत प्रेत की पूजा को ही लोग धर्म समझ रहे थे। लोगे बहुदेववाद में विश्वास करने लगे। विलासिता के कारण देवी देवताओं को मांस-मदिरा की भेंट चढ़ाई जाती थी। पशु-बलि के द्वारा देवताओं को खुश किया जाता था, जिससे समाज में जीव हिंसा अबाध रूप से हो रही थी।[1] समाज में स्त्रियों की इज्जत न के बराबर थी। पर्दा -प्रथा का रिवाज़ था। बाल-विवाह और बहु-विवाह आदि कुरीतियां में महिलाएं जकड़ी हुई थी।इन कुरीतियों के कारण समाज में स्त्रियों की स्थिति चिंताजनक थी।

गुरू जाम्भोजी के समय में सभी लोग अपने धर्म के रास्ते से भटक गए थे। चमत्कार प्रदर्शन एवं पाखंड का बोलबाला था। सभी वर्ग के लोग बुराईयों में जकड़े हुए थे। लोगों का खान-पान एवं आचरण कुछ भी अच्छा नही था।मदिरा एवं मांस का प्रचलन तो जोरों पर था। लोग जीव हत्या करते थे और मांस खाते थे। पापमय कर्मों से किसी को भी डर नही लगता था। लोग जीवन के सही रास्ते से भटक गए थे। उनके सामने कोई उच्च आदर्श नही था। ऐसे बिग़ड़े एवं अज्ञानता में जकड़े हुए माहौल में गुरू जाम्भोजी ने लोगों को ज्ञान का प्रकाश दिया।[2] ऐसे अंधकारयुक्त माहौल में गुरू जाम्भोजी ने सभी लोगों को सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया और मनुष्य जीवन को सुखी बनाने के लिए उनतीस नियम बनाए।

गुरू जाम्भोजी ने उन उनतीस नियमों के तहत मानव समाज को जो शिक्षाएं दी उनमें प्रमुख रूप से नशीले पदार्थों का निषेध, प्राणी मात्र पर दया, क्षमावान रहने और संतोष धारण करने पर बल दिया। उन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह को भी वश में करने के लिए कहा। क्योंकि जो इन्हें वश में कर लेता है उसका जीवन विकास के पथ पर आगे बढ़ने लगता है और वह कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी नियंत्रण कर लेता है और जो इन प्रवृतियों के वशीभूत हो जाता है उसका जीवन नरकमय बन जाता है और उसके जीवन विकास के सारे रास्ते बंद हो जाते हैं। उन्होंने मूर्ति-पूजा का विरोध किया और तीर्थ यात्राओं को भी व्यर्थ बताया। उनके अनुसार मनुष्य के हृदय ही असली तीर्थ हैं लेकिन अज्ञानता के कारण मनुष्य अपने हृदय में स्थित तीर्थों को देख नहीं पाता। उन्होंने सांसारिक जीवन और सांसारिक संबंधों को क्षणिक व सारहीन बताया। मानव जीवन क्षणभंगुर है। बुलबुले के समान है जो किसी भी समय बिखर सकता है। मनुष्य इस नाशवान शरीर पर अहंकार करता है। भूल जाता है कि इस संसार में रहने वाले हर व्यक्ति को दुखों का सामना करना ही पड़ता है। अत: मनुष्य को कष्टों से ना ही घबराना चाहिए और न ही अपने उद्देश्य से विचलित होना चाहिए। उनके अनुसार मनुष्यजीवन दुर्लभ है अत: इसका एक क्षण भी व्यर्थ नही करना चाहिए। मानव जीवन को हमेशा जागरूक और परिश्रमी होना चाहिए और अच्छे कर्म करने चाहिए , जिससे उसका जीवन सार्थक हो सके।[3] उन्होंने माँस के पूर्णत: निषेध पर बल दिया। माँस का सीधा संबंध हिंसा से है और गुरू जाम्भोजी ने हिंसा का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उनके अनुसार प्रकृति ने हमें अन्न, दूध, दही, घी आदि जो खाद्य पदार्थ दिए हैं मनुष्य को उनका ही प्रयोग करना चाहिए। ऐसा कर के मनुष्य दीर्घायु और निरोगी रहता है। माँस के प्रयोग से बचने के लिए कहा उनके अनुसार ऐसा कर हम अपने आचार विचार , शरीर एवं मन को पवित्र रखने में सफल हो सकते हैं।

उन्होंने चोरी करने को कानूनी अपराध कहा है पाप कहा है ,जिसकी अलग अलग सजा होती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि चोरी एक सामाजिक बुराई है जो बड़े–बड़े अपराधों को जन्म ही नहीं देती बल्कि मानव जीवन के विकास में बाधा बनती है। जिस समाज या देश में चोरी करने की प्रवृति अधिक मात्रा में होती है,वहां का वातावरण घुटनशील एवं दु:खदायी हो जाता है।[4] निंदा को उन्होंने ईर्ष्या एवं द्वेष की भावना को भरने वाला कहा है। मनुष्य को किसी की भी निंदा नही करनी चाहिए। उसे हमेशा सकारात्मक सोचना चाहिए । किसी निंदा करके वह कोई लाभ नही उठा पाता उल्टा उसे वह अपना दुश्मन बना लेता है। ये भावनाएं मनुष्य को अंदर ही अंदर नष्ट कर देती हैं खोखला कर देती हैं। निंदा से समाज का वातावरण भी दूषित हो जाता है। लोगों में आपस मैं नफरत फैलती है। निंदा के साथ-साथ उन्होंने झूठ का भी विरोध किया और इसे मानवीय अवगुण कहा। झूठा व्यक्ति समाज में कभी भी सम्मान नहीं पा सकता। यदि मनुष्य इन नियमों का पालन करता है तो वह अनेक प्रकार की समस्याओं, बुराईयों से बच सकता है और अपने चरित्र को उज्ज्वल बना सकता है। यही उज्ज्वल चरित्र उसके व्यक्तित्व के विकास में सहायक हो सकता है।

उन्होंने वाद-विवाद को व्यर्थ मानते हुए कहा कि मनुष्य इसमें व्यर्थ ही उलझा रहता है, यह समय और शक्ति दोनों को नष्ट करता है, द्वेष और शत्रुता की भावना को पैदा करता है जो आगे चलकर व्यक्ति एवं समाज के विनाश का कारण बनता है। वाद-विवाद की इस बुराई को देखकर गुरू जाम्भोजी ने वाद-विवाद न करने के नियम को उनतीस नियमों में सम्मिलित किया। उनके अनुसार वाद-विवाद के मूल में अज्ञानता एवं अहंकार रहता है। अहंकार के वशीभूत होकर ही मनुष्य अपनी बात को सही मानता है और उसे स्थापित करने के लिए वाद-विवाद करता रहता है। वाद-विवाद का अंत प्राय: झगड़े में होता है इसी कारण समझदार लोग वाद-विवाद से दूर रहते हैं। वाद-विवाद के कारण घर का एवं समाज का वातावरण कलहमय बन जाता है। इसी कारण सुख एवं शांति के लिए वाद-विवाद को त्यागना आवश्यक है।उन्होंने मदिरा को मनुष्य के लिए सबसे अधिक हानिकारक कहा। मदिरापान से क्या-क्या हानियां होती हैं बताते हुए कहते हैं कि इससे स्वास्थ्य और धन की हानि होती है तो वहीं गृह कलेश भी होता है। परिवार की सुख शांति भी भंग होती है। शराबी की समाज में कोई इज्जत नही होती। आलस्य एवं शारीरिक कमजोरी के कारण वह ऐसा अकर्मण्य हो जाता है कि उसके परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। धन के अभाव में शराबी चोरी करने लग जाता है और वह अपराधों की दुनिया में सम्मिलित हो जाता है। उसके जीवन में अनेक बुराईयां आ जाती हैं और शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। शराब के कारण ही व्यक्ति असमय में ही मौत का शिकार बन जाता है। जाम्भोजी के अनुसार शराब सभी बुराईयों की जड़ है इसका सेवन नही करना चाहिए।[6] जाम्भोजी ने पर्यावरण के साथ मनुष्य और वृक्ष का आपस में गहरा संबंध बताया उन्होंने कहा कि इनमें मित्रता का भाव रहा है। मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक वृक्षों पर निर्भर रहता है। उसके जीवन के सभी महत्वपूर्ण कार्य वृक्षों द्वारा ही होते है।

वृक्षों के बिना मनुष्य जीवन अधूरा है। यहां तक कि वृक्षों के बिना वह सांस तक नही ले सकता। वृक्षों के इसी महत्व को देखकर गुरू जाम्भोजी ने वृक्ष प्रेम की भावना पर बल दिया।

आज पर्यावरण प्रदूषण का खतरा पूरे विश्व पर मंडरा रहा है। विश्व में बढ़ती हुई जनसंख्या मनुष्य का स्वार्थी व विलासी स्वभाव, भौतिकवादी दृष्टिकोण औद्योगिकरण एवं बढ़ती हुई पूँजीवादी व्यवस्था ने पर्यावरण प्रदूषण की एक भयंकर समस्या पैदा कर दी है।जिसने मानव जीवन के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। मनुष्य के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए उन्होंने इस समस्या का निदान बताया है। जाम्भोजी द्वारा बताए गये उन्नतीस नियमों का यदि सूक्ष्मता से अवलोकन किया जाए तो यह बात पूर्णरूप से स्पष्ट हो जाएगी कि उन्होंने पर्यावरण को कितने व्यापक रूप में ग्रहण किया था और उसी को ध्यान में रख कर उन्होंने हरे वृक्ष न काटने का नियम भी बनाया था। उन्होंने कहा कि हवन के द्वारा पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकता है हवन का धुआं जब पर्यावरण में फैलता है तो इससे वातावरण साफ हो जाता है हवन करना भी गुरू जाम्भोजी द्वारा बताये गये नियमों में से एक है।[7]

आज का युग भौतिकवादी युग है। लोग भौतिक सुख को प्राप्त करने के लिए अनैतिक प्रयास कर रहे हैं। जिससे समाज में हिंसा और कलह का राज बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि संतुष्टि मनुष्य से कोसों दूर है वह सब कुछ पाकर भी असंतुष्ठ हैं। पैसा ही सर्वोपरि हो गया है बस सबको आगे जाना है कहां जाना है इसका पता नही। हर तरफ मारा मारी है। समाज में बेरोज़गारी, अत्याचार, लूट-पाट, छीना - झपटी, चोरी, डकैती से जो वातावरण बना है, उससे किसी का भी जीवन सुरक्षित नही है। स्वार्थपरता, सिफारिश, अनुचित साधनों के प्रयोग से समाज ग्रसित है। शिक्षा के अभाव में लोगों के विचार और जीवन स्तर गिर रहा है। शोषण और चालाकी का बाज़ार इतना फैल गया है कि मनुष्य उसमें खुल कर तांडव कर रहा है। आज के इस दिग्भ्रमित समाज में धोखा देने वाले कलाबाजों की कमी नही है। आज लोग सच्चाई के रास्ते से हट गए हैं झूठी बातों का ही प्रचार-प्रसार कर सब कुछ हासिल कर लेना चाहते हैं।

आज मनुष्य केवल धन को महत्त्व दे रहा है।धन का बोलबाला मानवीय मूल्यों को खोखला कर रहा है और स्वार्थ अपना घर बना रहा है। दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या के आंकड़े बढ़ रहे हैं। विधवाओं की समस्या भी टस से मस नही हुई। नारी पर भी अत्याचार बलात्कार , गैंग-रेप दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे हैं जोकि शर्मनाक है। आज नारी के साथ , उसकी भावनाओं के साथ खेला जा रहा है। ये ऐसी बुराईयों हैं, जो नही होनी चाहिए और ऐसा भी नही है कि इन बुराईयों से लड़ा नही जा सकता। हमारे समाज में कई ऐसे समाज सुधारक हुए हैं जिन्होंने उस समय की प्रचलित बुराईयों के खिलाफ आवाज उठाई और काफी हद तक सफल भी हुए। आज भी इन्हीं बुराईयों का साम्राज्य है। इन पर भी विजय पाई जा सकती है ऐसे में गुरू जाम्भोजी के विचारों का महत्व बढ़ जाता है। अच्छा जीवन जीने के लिए उन्होंने जो 29 नियम बनाए उन्हें अपनाकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाया जा सकता हैं।

आवश्यकता इस बात की है कि जाम्भोजी के विचारों को जिसमें उन्होंने मनुष्य को दया , नम्रता , क्षमा , सादगी , सच्चाई, ईमान , अहिंसा आदि मानवीय गुणों की बात की है उन्हें अपनाया जाए और अहं, काम, क्रोध , आडंबर, घृणा, निंदा, झूठ , हिंसा एवं नशे आदि अवगुणों को त्यागने की बात की है तो उन्हें त्याग दिया जाए

संक्षेप में कहा जा सकता है कि वैश्वीकरण और बाजारवाद के दौर में मनुष्य आज नैतिकता, प्रेम, भाईचारा,त्याग, सेवा भावना, परोपकार एवं दान का पाठ भूल गया है और स्वार्थ, विलासिता , अहंकार मनुष्य मन पर हावी हो गया है । कहने की आवश्यकता नही कि आज मनुष्य अपने रास्ते से भटक गया है । ऐसे में जाम्भोजी की वाणी ही सार्थक साबित हो सकती है और जीवन के सच्चे रास्ते पर चला सकती है। आज की युवा पीढ़ी गुरू जाम्भोगी के विचारों को और उसके महत्व को अच्छी तरह से समझ कर व अपनाकर ही आधुनिक युग की जटिल समस्याओं का समाधान कर सकती है और अपने भौतिक तथा आध्यात्मिक जीवन को सफल बना सकती है।

*****

संदर्भ:-

1 . डॉ. बनवारी लाल सहू - बिश्नोई पंथ और साहित्य, गुरू जांभोजी की समकालीन परिस्थियां ,जांभाणी साहित्य अकादमी, पृ.9 , राजस्थान
2 . डॉ. बनवारी लाल सहू - पर्यावरण संरक्षण के प्रणेता गुरू जांभोजी, ज्ञानोपदेश काल , जांभाणी साहित्य अकादमी , पृ. 26 , राजस्थान
3 . डॉ. बनवारी लाल सहू- पर्यावरण संरक्षण के प्रणेता गुरू जाम्भोजी, जांभाणी साहित्य अकादमी, पृ.34 , राजस्थान
4 . डॉ. बनवारी लाल सहू - बिश्नोई पंथ और साहित्य, पंथ की स्थापना और उनतीस नियम , जांभाणी साहित्य अकादमी, पृ. 22 , राजस्थान .
5 डॉ. बनवारी लाल सहू - बिश्नोई पंथ और साहित्य, पंथ की स्थापना और उनतीस नियम , जांभाणी साहित्य अकादमी, पृ. 23 , राजस्थान
6 डॉ. बनवारी लाल सहू - बिश्नोई पंथ और साहित्य, पंथ की स्थापना और उनतीस नियम , जांभाणी साहित्य अकादमी, पृ. 27 , राजस्थान
7 डॉ. बनवारी लाल सहू - पर्यावरण संरक्षण के प्रणेता गुरू जांभोजी, ज्ञानोपदेश काल , जांभाणी साहित्य अकादमी , पृ. 27 , राजस्थान

संक्षिप्त परिचय

पंजाब विश्वविद्यालय से एम.ए. , दिल्ली विश्वविद्यालय से नंगातलाई का गांव (विश्वनाथ त्रिपाठी) में व्यक्त समाज विषय पर एम.फिल. और दलित समाज की समस्याओं के संप्रेषण में हिंदी जनसंचार माध्यमों की भूमिकाविषय पर पी.एच.डी. । वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज के हिन्दी विभाग में 2006 से कार्यरत । विगत कई वर्षों से हिन्दी व मीडिया क्षेत्र की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में मीडिया की भूमिका , स्वरूप व कार्यशैली और मीडिया का दलित स्त्री , अल्पसंख्यकों व अन्य उपेक्षित समाज के प्रति भूमिका को लेकर निरंतर लेखन ।

वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक तनाव का अध्ययन

मोहन लाल 'आर्य'
प्राध्यापक
शिक्षा विभाग
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद (उ.प्र.)

अर्चना सिंह
शोध छात्रा
शिक्षा विभाग
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद (उ.प्र.)

सारांस:-

प्रस्तुत शोध अध्ययन का मुख्य उद्देश्य वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक तनाव का अध्ययन करना है जिसके लिए बरेली जनपद को चुना गया है। इसमें जनसंख्या के रूप में बरेली जनपद के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को यादर्श के रूप में 80-80 सम्मिलित किया गया है तथा शोध की वर्णनात्मक विधि को प्रयोग में लिया गया है।

मुख्यशब्द:- वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक तनाव।

प्रस्तावना: -

शिक्षा मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने का महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा प्रक्रिया के दौरान प्राप्त ज्ञान तथा कौशल के द्वारा व्यक्ति अपने जीवन की विभिन्न समस्याओं का समाधान करता है, अपने सामाजिक तथा भौतिक वातावरण को उन्नत बनाता है तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करता है। व्यक्तिगत विकास, सामाजिक व राष्ट्रीय प्रगति तथा आर्थिक उन्नति में शिक्षा का अत्यन्त सार्थक योगदान होता है। वास्तव में शिक्षा एक ओर जहाँ व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करके उसकी व्यक्तिगत उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है वहीं दूसरी ओर वह उसे समाज का एक महत्वपूर्ण व उत्तरदायी सदस्य तथा राष्ट्र का एक सुयोग्य, कर्तव्यनिष्ठ व सजग नागरिक भी बनाती है। राष्ट्र के विकास, उत्थान और मानव के सर्वांगीण विकास की भूमिका में ज्ञान एवं संस्कृति के हस्तान्तरण का कार्य शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा किया जाता है।

शिक्षा प्रक्रिया में शिक्षक प्राचार्य एवं कर्मचारियों का स्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सुयोग्य शिक्षकों के अभाव में योग्य छात्रगण भी वांछित ज्ञानार्जन में सफल नहीं हो सकते हैं। अच्छी से अच्छी पाठ्यवस्तु भी निपुण शिक्षकों की अनुपस्थिति में प्राणहीन हो जाती है। शिक्षक शिक्षा प्रक्रिया को उचित दिशा प्रदान करते है। अच्छे शिक्षक छात्रों के वांछित व्यवहार परिवर्तन में सहायता प्रदान करते हैं तथा उनको सर्वांगीण विकास के पथ पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। शिक्षा व्यवस्था किसी भी प्रकार की क्यों न हो उसमें शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि होती है। शिक्षक शिक्षा प्रणाली का केन्द्र बिन्दु होता है तथा समस्त शिक्षा व्यवस्था उसके चारों ओर विचरण करती है। शिक्षक ही देश के भावी नागरिकों अर्थात् युवा वर्ग के छात्र-छात्राओं के वास्तविक सम्पर्क में आता है तथा उन्हें अपने आचार-विचार तथा ज्ञान के अवबोध प्रभावित करता है। शिक्षकों के ऊपर ही राष्ट्र के भावी नागरिकों को तैयार करने का महत्वपूर्ण दायित्व होता है समाज की आवश्यकताओं, आकांक्षाओ, अपेक्षाओं, आदर्शों, मूल्यों आदि को वास्तविक रूप देने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों को ही वहन करनी होती है। इसलिए शिक्षक एवं शिक्षण से जुडें सभी व्यक्तियों का मानसिक स्वास्थ्य, उनका व्यक्तित्व एवं व्यावसायिक तनाव से मुक्त रहना होगा तभी वे अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाहन कर सकेगें।

यद्यपि कि प्रत्येक व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तित्व व सामाजिक आर्थिक परिस्थिति में भिन्नता व अन्तर होता है तथापि मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तित्व तथा व्यावसायिक तनाव विभिन्न कारकों से प्रभावित है अर्थात् ये सभी किसी न किसी कारक से सम्बन्धित हैं। मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तित्व तथा व्यावसायिक तनाव से सम्बन्धित है अतः इन तीनों में सम्बन्ध हो सकता है। अतः शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तित्व एवं व्यावसायिक तनाव में अन्तर हो सकता है। इसी धारणा के सत्यापन हेतु प्रस्तुत शोध किया गया है।

अध्ययन की आवश्यकता:-

शिक्षकों के अतिरिक्त शिक्षा-प्रक्रिया में अप्रत्यक्ष रूप से एक अन्य वर्ग जुड़ा हुआ है जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह वर्ग अशैक्षिक कर्मचारियों का वर्ग है। ये कर्मचारी विद्यालय के प्राचार्यों को सामान्य विद्यालय के कैलेण्डर, वित्तीय, शैक्षिक, सम्पत्ति सम्बन्धी अभिलेखों, रजिस्टरों आदि के माध्यम से वित्तीय, शैक्षिक पत्र व्यवहार, भवन सम्बन्धी, सर्विस रजिस्टर, अवकाश, पाठ्य सहगामी क्रियाओं, फीस, अनुदान, बिल, प्रोविडेन्ट फण्ड, छात्र उपस्थिति, शिक्षक उपस्थिति, समय तालिका, प्रवेश, खेलकूद, छात्रावास, कैशबुक में वित्तीय लेनदेन इत्यादि की पूर्ति करके शैक्षिक योजनाओं तथा उसकी पूर्ति के लिये किये जाने कार्यों के लिये सहयोग देकर महाविद्यालय में उचित शैक्षिक वातावरण के निर्माण में अपना सहयोग देते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य अथवा भग्नाशा शिक्षक तथा कर्मचारी प्रत्येक के कार्य संतोष से घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित है। इनमें से कोई भी यदि मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है, सदा तनाव में रहता है तो किसी भी शिक्षण संस्थान पर उसका गहरा प्रभाव पड़ता है क्योंकि तनाव अथवा मानसिक अस्वस्थता की स्थिति में कोई भी अपने उत्तरदायित्व का निर्वाहन भली प्रकार नहीं कर सकता। एक असन्तुष्ट शिक्षक अथवा प्राचार्य से हम विद्यार्थियों के कल्याण की आशा हम बिल्कुल नहीं कर सकते क्योंकि शिक्षा की गुणवत्ता शिक्षकों की कुशलता और योग्यता पर भी बहुत सीमा तक निर्भर करती है। उसी प्रकार अशैक्षणिक कर्मचारी यदि तनाव व चिन्ताग्रस्त स्थिति में कार्य करेंगे तो ऐसी स्थितियों में वह अपनी भूमिका का निर्वाहन सुचारू रूप से नहीं कर पायेंगे जिसका नकारात्मक प्रभाव शिक्षण संस्थान पर पड़ेगा।

अतः इन्हीं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये प्रस्तुत अध्ययन में बरेली जनपद के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक तनाव का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है, जिससे इन सभी समस्याओं का कारण ज्ञात करके इनका निराकरण करने का प्रयास किया जा सके क्योंकि कोई भी शिक्षण संस्था अपने कर्तव्यों के निर्वाहन में तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक उससे जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होगा। अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत प्राचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करके उनके लिये उचित वातावरण उपस्थित किया जा सकेगा।

शोध अध्ययन का महत्व:-

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के ऊपर उठने अथवा गिरने की प्रक्रिया के साथ शिक्षक का व्यक्तित्व अनिवार्य रूप से जुड़ा हुआ है। शोधकर्ताओं का यह भी विश्वास है कि शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों के व्यक्तित्व एवं व्यावसायिक तनाव की उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। वास्तव में किसी भी संस्था की कार्यकुशलता, उसकी प्रभावशीलता तीन कारकों पर निर्भर करती है जो हैं- (1) कर्मचारी (2) धन (3) सहायक सामग्री। सब कुछ होते हुये भी यदि कर्मचारी का मन स्वस्थ नहीं है वह अपने उत्तरदायित्व के प्रति उदासीन है तो संस्था का कार्य प्रभावशाली ढंग से नहीं चल सकता। संस्था के पास कितने ही अच्छे साधन हों, बहुत बड़ी, अच्छी इमारत, रूपया पैसा, सामग्री हो परन्तु यदि शिक्षक व कर्मचारी कार्य विमुख हैं, उनका व्यक्तित्व कार्य के अनुरूप नहीं है। कार्य स्थल पर स्थितियाँ अनुकूल नहीं है तो उस उपलब्ध सामग्री एवं सुविधाओं का लाभ संस्थाओं को मिलना असम्भव है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य:-

- महिला एवं पुरूष शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।
- महिला एवं पुरूष शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव का अध्ययन करना।
- महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन करना।

- महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के व्यावसायिक तनाव का अध्ययन करना।

शोध समस्या कथन: -प्रस्तुत शोध अध्ययन की समस्या का कथन इस प्रकार किया गया है ''वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यावसायिक तनाव का अध्ययन।''शोध अध्ययन में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण:-

- वित्तपोषित: ऐसे उच्च शिक्षण संस्थान जो सरकार द्वारा अनुदानित हों।
- स्ववित्तपोषित: ऐसे उच्च शिक्षण संस्थान जो अपने सारे खर्च खुद वहन करता हो।
- महाविद्यालयों: ऐसे संस्थान जहाँ पर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान की जाती हो।शिक्षकों: शिक्षकों से तात्पर्य उन सभी पुरूष एवं महिला शिक्षकों से है जो वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य में संलग्न हैं।

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों: वह वर्ग जो शैक्षिक योजनाओं तथा कार्यों के व्यवस्थापन के माध्यम से महाविद्यालय को अपनी सेवायें देता है।
मानसिक स्वास्थ्य: मानसिक स्वास्थ्य का अर्थ यहाँ अध्यापकों की उस मानसिक योग्यता से लिया गया है जिसमें वह अपनी भावनाओं, इच्छाओं, आदर्शों व महत्वाकांक्षाओं में सन्तुलन रखकर वातावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करता है।व्यावसायिक तनाव: व्यावसायिक तनाव उस अवस्था में उत्पन्न होता है जब व्यावसायिक कर्मचारियों तथा व्यावसायिक वातावरण के बीच सामंजस्य स्थापित नहीं हो पाता और जिसके कारण व्यक्ति द्वारा पर्याप्त रूप से कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है।

शोध अध्ययन की परिकल्पनायें:-

•महिला एवं पुरूष शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के बीच सार्थक अन्तर पाया जाता है।
•महिला एवं पुरूष शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव के बीच सार्थक अन्तर पाया जाता है।
•महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के बीच सार्थक अन्तर पाया जाता है।
•महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के व्यावसायिक तनाव के बीच सार्थक अन्तर पाया जाता है।

शोध अध्ययन विधि:-

प्रस्तावित शोध अध्ययन में शोध की वर्णनात्मक विधि को प्रयोग में लाया जायेगा।

शोध अध्ययन जनसंख्या:-

प्रस्तुत शोध अध्ययन के संदर्भ में जनसंख्या का अर्थ है बरेली जनपद के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से है।

शोध अध्ययन न्यायदर्श:-

प्रस्तुवत शोध अध्ययन में बरेली जनपद के समस्त वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों का चयन न्यायदर्श के रूप में किया जायेगा।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त सांख्यिकीय विधि:-प्रस्तुत शोध में माध्यमान, बहुलांक, मानक विचलन, टी-मान जैसी सांख्यिकीय विधियों को प्रयोग किया गया है।

शोध अध्ययन का परिसीमांकन:-

प्रस्तुत शोध अध्ययन केवल बरेली जनपद के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के महिला एवं पुरूष शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को ही शामिल किया गया है।

आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या:-परिकल्पना-1:

महिला एवं पुरूष शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के बीच सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है। इस परिकल्पना के परीक्षण हेतु मानसिक स्वास्थ्य पर 2 वर्गों पुरूष तथा महिला शिक्षकों की तुलना की गई। दोनों वर्गों की परीक्षा टी-टेस्ट के द्वारा की गई। नीचे प्रस्तुत की गई तालिका आंकड़ों को प्रदर्शति करती है-

तालिका-1
महिला एवं पुरूष शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के बीच अन्तर

	मध्यमान	D	df	SE_D	t Value	Significance Level
पुरूष शिक्षक	191.167	14.166	52	5.85	2.786	0.01
महिला शिक्षक	205.333					

उपरोक्त तालिका संख्या 1 से स्पष्ट है कि पुरूष एवं महिला शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के बीच सार्थक अन्तर है। महिला शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य पर मध्यमान 205.333 है जबकि पुरूष शिक्षकों का मध्यमान 191.167 है। अन्तर 14.166 सार्थक है। मानसिक स्वास्थ्य मापनी पर उच्च प्राप्तांक अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को प्रदर्शित करते हैं। अतः यह स्वीकार किया जाना तर्कसंगत लगता है कि पुरूष शिक्षकों की तुलना में महिला शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य सार्थक रूप से अधिक अच्छा है।

परिकल्पना-2: महिला एवं पुरूष शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव के बीच सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है। इस परिकल्पना का परीक्षण भी टी-टेस्ट के आधार पर किया गया। जो सांख्यिकीय सामग्री इसके लिये वांछित थी वह तालिका-2 में प्रस्तुत की गई है

-तालिका-2
महिला एवं पुरूष शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव के बीच अन्तर

	मध्यमान	D	df	SE_D	t Value	Significance Level
पुरूष शिक्षक	43.333	3.441	52	2.024	1.70	Not Sig.
महिला शिक्षक	39.292					

उपरोक्त तालिका संख्या 2 से स्पष्ट है कि इस परिकल्पना में परीक्षणगत दोनों वर्गों के मध्यमानों का अन्तर 3.441 था। इसका टी-मान 1.70 था जो सार्थक नहीं माना गया क्योंकि 52 कि पर सार्थकता हेतु टी-मान कम से कम 2.01 होना चाहिए था (गैरेट, तालिका-क्, पृ० 461)। अतः परिकल्पना के शून्य रूप को स्वीकार करते हुये यह परिणाम निकला कि पुरूष एवं महिला शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

परिकल्पना-3: महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के बीच सार्थक अन्तर पाया जाता है। इस परीक्षण करने हेतु इसे शून्य परिकल्पना में बदलकर कहा गया कि ''कोई सार्थक अन्तर नहीं होता'' शून्य परिकल्पना का परीक्षण टी-टेस्ट द्वारा किया गया। सांख्यिकीय परिणाम तालिका-3 में दर्शाये गये हैं।

तालिका-3
महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के बीच अन्तर

	मध्यमान	D	df	SE_D	t Value	Significance Level
पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारी	199.452	0.125	168	3.161	0.039	Not Sig.
महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारी	199.577					

तलिका संख्या 3 से स्पष्ट है कि दोनों वर्गों के मध्यमानों का अन्तर सार्थक नहीं है (जत्र0ण्039) इसलिये शून्य परिकल्पना को स्वीकार किया गया तथा यह निष्कर्ष उपलब्ध हुआ कि मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से पुरूष एवं महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

परिकल्पना-4:

महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के व्यावसायिक तनाव के बीच सार्थक अन्तर पाया जाता है। इस परिकल्पना के परीक्षण परिणाम को तालिका संख्या 4 में दर्शाया गया हैं।

तलिका संख्या 3 से स्पष्ट है कि दोनों वर्गों के मध्यमानों का अन्तर सार्थक नहीं है (जत्र0ण्039) इसलिये शून्य परिकल्पना को स्वीकार किया गया तथा यह निष्कर्ष उपलब्ध हुआ कि मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से पुरूष एवं महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

तालिका-4

महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के व्यावसायिक तनाव के बीच अन्तर

	मध्यमान	D	df	SE_D	t Value	Significance Level
पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारी	35.095	9.059	168	0.931	9.73	0.001
महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारी	44.154					

परिकल्पना-4:महिला एवं पुरूष शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के व्यावसायिक तनाव के बीच सार्थक अन्तर पाया जाता है। इस परिकल्पना के परीक्षण परिणाम को तालिका संख्या 4 में दर्शाया गया हैं।

उपरोक्त तालिका संख्या 4 से स्पष्ट होता है कि अन्तर .001 स्तर पर सार्थक है। अतः शून्य परिकल्पना को निरस्त करके यह निष्कर्ष निकला कि व्यावसायिक तनाव के दृष्टिकोण से पुरूष एवं महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में अन्तर होता है। साथ ही यह निष्कर्ष भी निकलता है कि महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की स्थिति इस संदर्भ में पुरूषों की अपेक्षा अधिक अच्छी होती है।

परिणाम एवं निष्कर्ष:-

परिकल्पनाओं का विश्लेषण अरने पर ज्ञात होता है कि पुरूष शिक्षकों की तुलना में महिला शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य सार्थक रूप से अधिक अच्छा है। वही दूसरी परिकल्पना के शून्य रूप को स्वीकार करते हुये यह परिणाम निकला कि पुरूष एवं महिला शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं है। ठीक इसी प्रकार अगली शून्य परिकल्पना को स्वीकार किया गया तथा यह निष्कर्ष ज्ञात हुआ है कि मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से पुरूष एवं महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है। तथा अन्तिम शून्य परिकल्पना को निरस्त होती है और यह निष्कर्ष निकला कि व्यावसायिक तनाव के दृष्टिकोण से पुरूष एवं महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में अन्तर होता है। साथ ही यह निष्कर्ष भी निकलता है कि महिला शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की स्थिति इस संदर्भ में पुरूषों की अपेक्षा अधिक अच्छी होती है।

******

संदर्भ ग्रन्थ सूची: -

1. एजूकेशन एण्ड नेशनल डवलपमेन्ट (1970) रिपोर्ट आफ द एजूकेशन कमीशन, 1964-66, नई दिल्ली, एन.सी.ई.आर.टी., पेज 497
2. गुप्ता, एस.पी. व गुप्ता अलका (2003) उच्चतर शिक्षा मनोविज्ञान, इलाहाबाद शारदा पुस्तक भवन, पेज 1
3. दास, महापात्रा जे. (1988-92) 'ए स्टडी ऑफ द मेन्टल हेल्थ ऑफ टीचर्स सरविंग इन द प्राइमरी स्कूल द पुरी टाउन' एम. फिल. एजूकेशन, रेवेन्सा कालेज कटक, नई दिल्ली, एन.सी.ई.आर.टी. फिफ्थ सर्वे ऑफ एजूकेशनल रिसर्च, वैल्यूम द्वितीय, पेज 964
5. महापात्रा, सी. (1988-92): 'जॉब स्ट्रेस मेन्टलहेल्थ एण्ड कोपिंग ए स्टडी ऑफ प्रोफेसनल्स एम.फिल. साइकोलॉजी, उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर, नई दिल्ली, एन.सी.ई.आर.टी., फिफ्थ सर्वे ऑफ एजूकेशनल रिसर्च, वैल्यूम द्वितीय, पेज 969
6. वोल्टेयर, एज साइटेड इन आर, (1968) गोल्ड, 'द प्रोफेशनल रिस्पान्सिबिलिटी ऑफ टीचर्स', टीचर्स टुडे, 10:3 पेज 17
7. जहोदा, एम. (1988): 'करेन्ट कन्सेप्ट ऑफ पाजिटिव मेन्टल हेल्थ, न्यूयार्क, बेसिक बुक न्यूयार्क, पेज 430
8. सिंह, अरूण कुमार (2001): 'शिक्षा मनोविज्ञान' पटना, भारती भवन पब्लिकेशन्स एण्ड डिस्ट्रीव्यूटर्स, पेज 605
9. गुप्ता, एम.एल. एवं शर्मा, डी.डी. (2000): 'समाज शास्त्र', साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा, पेज 375
10.Naik, J.P. (1972) "Higher education in India: Some suggestionsfor reorganization", New Fortiens in Education, 2:1, July, pp. 6-21.
11. Sethi, J.D. (1983) The Crisis and Collapse of Higher Education India, Vikas Publishing House, New Delhi, pp. 2-3.
12. Sarma, O.P. (1987) A Study of Inter relationship among Students Activism, Teachers' Militancy, Social Ecology and Teachers' Education in Affiliated Colleges of Rajasthan, Ph.D. Thesis (Edu., Meerut University, pp. 311-312.
13. Rani, Seema, (1996) A Study of Perceived Socio-political Ecology as a Factor of College Teachers' Militancy, Morale and Academic Alienation. Ph.D. (Edu.), Rohilkhand University, Bareilly.

कार्ल मार्क्स के प्रेरक कथन

- मजदूरों के पास अपनी जंजीरों के अलावा और कुछ भी खोने को नहीं है और उनके पास जीतने को पूरी दुनिया है।
- बिना उपयोग की वस्तु हुए किसी चीज की कीमत नहीं हो सकती।
- उपयोग की वस्तु हुए बिना, किसी चीज की कीमत नहीं हो सकती।
- लोगों की खुशी के लिए पहली आवश्यकता धर्म का अंत होना है।
- चिकित्सा बीमारी की तरह संदेह को भी ठीक करती है।
- समय सबकुछ है, इंसान कुछ भी नहीं।
- लोकतंत्र समाजवाद का मार्ग है।
- दुनियाभर के कर्मचारी, एकजुट हो जाओ; आपके पास अपनी जंजीरो के अलावा खोने के लिए कुछ भी नहीं है।
- धर्म जनता के लिये अफीम की तरह है।
- साम्यवाद के सिद्धांत को एक वाक्य में अभिव्यक्त किया जा सकता है: सभी निजी संपत्तियों को समाप्त कर दें।
- नौकरशाह के लिए दुनिया, उसके द्वारा हेरफेर करने के लिए एक मात्र वस्तु है।
- इतिहास कुछ नहीं करता; इसके पास अपार धन नहीं है, यह लड़ाई नहीं लड़ता है। यह तो पुरुष है, वास्तविक, जीवित, जो यह सब करते हैं।
- आवश्यकता तब तक अंधी होती है जब तक वह सचेत न हो जाए। स्वतंत्रता आवश्यकता की चेतना है।

******

भारतीय लोकतंत्र एवं संसदीय प्रतिमानों के विकास में नेहरू की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ.संगीता शर्मा
प्राचार्य, एस.एस.एस. पी.जी. कॉलेज
जमवारामगढ़, जयपुर राज.

स्वतंत्रता के समय जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने। 15 अगस्त 1947 को भारत ने अंतत अंग्रेजी गुलामी से आजादी प्राप्त की और नेहरू देश के प्रथम प्रधानमंत्री बने। तत्कालीन विषम परिस्थितियों के मध्य नेहरू जी ने लोकतांत्रिक समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, पंचवर्षीय योजनाओं का विकसित मॉडल, औद्योगिकरण के साथ-साथ भारतीय विदेश नीति निर्माण में पंचशील एवं गुटनिरपेक्षता जैसे प्रतिमान की अनुपम देन राष्ट्र को प्रदान की। 17 वर्षों तक प्रधानमंत्री के तौर पर जो सुदृढ़ संरचना उन्होंने देश को प्रदान की इसलिए उन्हें नये भारत का आर्किटेक्ट कहा जाता है। नेहरू सदैव शांति एवं अहिंसा के अग्रदूत और बंधुत्व के पक्षधर रहे। पं. नेहरू ने धर्मनिरपेक्षता एवं लोकतंत्र के वैचारिक मूल्यों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पंचशील और गुट निरपेक्षता की प्रतिबद्धता को परिपूर्णता प्रदान की।[1] आज जब राष्ट्र नेहरू जी की 132वीं जयंती मनाने जा रहा है तो यह बात पूरी तरह सही है कि देश उन तमाम चुनौतियों से उबरकर आया है जिसके पीछे उनकी लोकतांत्रिक पद्धति और लोक कल्याण के अमिट संस्कार उत्तरदायी हैं।

अगस्त 1947 से मार्च 1952 के बीच का समय बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि इस समय पुरानी ब्रिटिश व्यवस्था को नवीन भारतीय संवैधानिक व्यवस्था से जोड़ने का संवेदनशील और गंभीर कार्य सम्पन्न करना था साथ ही शासन के नियम और परम्पराओं का निवर्हन भारतीय परिप्रेक्ष्य में करना था। इसी समय संसद सदस्यों को संसदीय परम्पराओं के अनुरूप चलना सीखने और उन्हें स्वंतंत्र भारत तथा भारतीय संसद की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने का अवसर मिला।[2] इस अवधि के दौरान प्रक्रिया संबंधी नियमों का विस्तार करने मे और सभा के कार्य को विनियमित करने तथा कार्यपालिका के साथ सभा के संबंधों को विनियमित करने के लिए विभिन्न समितियों की स्थापना करने में काफी प्रगति हुई।[3]

नये संविधान के अधीन, 1952 मे जब प्रथम आम चुनाव हुए तब तक संसदीय लोकतंत्र भारत में अपनी जड़े जमा चुका था। समूचे विश्व में संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में यह चुनाव अद्वितीय था। इस तथ्य के बावजूद कि देश में करोडो लोग जिनमे अधिकांश निर्धन और निरक्षर थे - पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे, इस प्रणाली के अधीन स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव हुए। इन चुनावों के संचालन की सभी ने प्रशंसा की।[4] इसी तरह 1957 तथा 1962 में सम्पन्न दूसरे तथा तीसरे आम चुनावों में भी ऐसा ही हुआ। जनता की स्वतंत्र मत की अभिव्यक्ति इन चुनावों की मुख्य बात रही। हालांकि बाद के प्रत्येक आम चुनाव में निर्वाचकों की संख्या बढती ही गई, फिर भी नेहरू के अधीन चल रही प्रणाली की इस बात का श्रेय जाता है।

यह बात तार्किक रूप से उचित है कि नेहरू के नेतृत्व में संसद ने आरम्भ के वर्षों (1950-64) में जटिल समस्याओं का समाधान करने तथा राष्ट्रीय अखण्डता का निर्माण करने में भारी सहयोग किया। संसद ''राष्ट्र की महान न्यायसम्य संस्था' के रूप में लोगों की समस्याओं और कठिनाइयों को हल करने और उनकी विभिन्न शिकायतों पर विचार करने और उन्हें दूर करने वाला मंच माना जाने लगी।[5] उन्होंने नवीन भारतीय गणतंत्र में संसदीय प्रणाली स्थापित करने के संवैधानिक जनादेश को पूरा किया इसी आधार पर संविधान के उपबन्धों को सही रूप, अर्थ तथा सार्थकता प्रदान की। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराना लोकतंत्र में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है।[6] वह संसद और संसदीय प्रथाओं तथा प्रक्रियाओं का भारी आदर करते थे। यह बात संसद के सदनों के भीतर और बाहर उनके आचरण से स्पष्ट हो जाती है। पीठासीन अधिकारियों तथा संसद सदस्यों के साथ उनके संबंध बहुत ही मधुर और सौहार्द्रपूर्ण थे। वह सभी संसद-सदस्यों के पत्रों का उत्तर सर्वदा स्वयं ही और अत्यन्त शीघ्र मर्यादित ढंग से देते थे।[7] नेहरू द्वारा भारत में स्वस्थ्य संसदीय परम्पराओं की नींव रखी। नेहरू द्वारा संसदीय आचरण का प्रतिमान आवश्यक रूप से तय किया गया है जिसे शासन प्रणाली में प्रमुख स्थान मिला।[8] सदन में प्रवेश करने का उनका ढंग, सदन में अपना स्थान ग्रहण करते समय या सभा से जाते समय हर बार अध्यक्षपीठ को झुक कर नमस्कार करना, संसदीय शिष्टाचार का कडाई से पालन करना और तीखे है। सवालों के उत्तर देने के लिए भी तैयार रहना अनुकरणीय था। नेहरू के सन्दर्भ में भारत के पूर्व राष्ट्रपति वंकटरामन लिखते हैं कि ''नेहरू जी की सहज सौभ्यता और सज्जनता ने उन्हें संसद की शोभा बना दिया था।' वह प्रश्नकाल में बडी दिलचस्पी लेते थे और इस दौरान कभी अनुपस्थित नहीं रहते थे। वह बडे मसलों पर वाद-विवाद के दौरान प्रायः उपस्थित रहते और सदस्यों के भाषण ध्यान से सुनते साथ ही नेहरूजी सदैव गरिमा, दक्षता, सुन्दर और प्रभावकारी ढंग से संसदीय प्रश्नों के उत्तर देते थे।[9] राजस्थान की पूर्व राज्यपाल श्रीमती माग्रेट आल्वा के अनुसार नेहरू जी ''जोश से बोलते थे परन्तु दुर्भावना से नहीं, कई बार वह गलत बातों का ''एक विद्रोही की भाँति बुराई करते थे लेकिन वह पीछे कोई जख्म नहीं छोडते थे। वह ''किसी भी कठिन प्रश्न मे हस्तक्षेप कर सकते थे और उसका उत्तर दे सकते थे तथा किसी उलझे हुए वाद-विवाद को सुलझा सकते थे। लेकिन इन सभी कार्यों में मर्यादानुकूल व्यवहार उनके लिए सदैव अनुकरणीय रहता था।[10]

नेहरू के इन वक्तव्यों से उनकी संसदीय प्रणाली के संबंध में गहरी आस्था का प्रतिपादन परिलक्षित होता है। वर्तमान समय में संसद में इस तरह के मर्यादित आचरण के संबंध में एक रिक्त स्थान दिखाई देता है। 16वीं एवं 17वीं लोकसभा में कानून निर्माण एवं चर्चा के समय में से आधे से अधिक सदन के गतिरोध के कारण समाप्त हो गया जो किसी भी तरह हमारे संसदीय प्रतिमानों के हित में नहीं है।[11] भूमण्डलीकरण और आधुनिकीकरण के इस दौर में मर्यादानुकूल संसदीय आचरण का अभाव ही दिखाई दे रहा है।

1956 में गठित राज्य पुर्नगठन आयोग के निर्णय पर पुनर्गठन की गंभीर समस्या को हल करने का प्रयास किया।[12] एक अन्य सन्दर्भ में एक अनुकरणीय संसदीय परम्परा का उदाहरण तत्कालीन केन्द्रीय रेल मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री ने पेश किया उन्होंने एक गंभीर रेल दुर्घटना के लिये अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।[13] यह संसदीय आर्दशों की उच्च सीमा का ही नतीजा था अन्यथा पदत्याग का कार्य सहजता से संभव नहीं हो पाता। आज के दौर की राजनीतिक व्यवस्था में कितने ही गंभीर आरोप-प्रत्यारोप पक्ष और विपक्ष द्वारा लगाये जाते हैं। लेकिन बहुत कम अवसरों पर ऐसा हो पाता है कि कोई मंत्री या वरिष्ठ पदाधिकारी अपने पद को त्यागे।1960 में बेरूबरी मामले में संघे सरकार ने एक समझौते के तहत राज्य क्षेत्र के कुछ भागों को पाकिस्तान के हवाले करने का निर्णय लिया था। संसदीय दबाव ने सरकार को इस मामले को उच्चतम न्यायालय को सौंपने और संसद के समक्ष एक संवैधानिक संशोधन लाने पर विवश कर दिया। उच्चतम न्यायालय की राय ने इस सिद्धान्त को स्थापित कर दिया कि सरकार संसद के अनुमोदन के बिना और संसद द्वारा संविधान में संशोधन किए बिना भारत संघ के राज्य क्षेत्र के किसी भाग को किसी अन्य देश को नहीं सौंप सकती।[14]आपसी मतभेद के कारण तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल थिम्मैया ने अपना त्यागपत्र नेहरू को दिया तो प्रधानमंत्री नेहरू ने लोकसभा में दृढतापूर्वक और स्पष्ट घोषणा की कि भारत में ''सिविल अधिकारी सर्वोपरि है और अवश्य रहना चाहिए। कुछ पडोसी देशों में लोकतंत्र के साथ जो हुआ विशेष रूप से उसके संदर्भ में ये शब्द अत्यधिक महत्वपूर्ण और स्मरणीय थे।[15]चीन के आक्रमण के पश्चात् 1962 की पराजय से रक्षामंत्री वी. के. कृष्ण मेमन को संसद के दबाव के कारण त्यागपत्र देना पडा था। इससे जहां एक और संसद की शक्ति का पता चलता है, वहीं दूसरी ओर यह नेहरू की दूरदर्शिता तथा संसदीय लोकतंत्र के सर्वोच्च सिद्धान्तों के प्रति उनकी गहरी वचनबद्धता का घोतक है। जब उन्होने देखा कि कांग्रेस दल में और संसद में बहुमत उनके निजी पूर्वाग्रहों के विरूद्ध है तो वे तुरन्त स्वेच्छा से और विनम्रता से उसके सामने झुक गये।[16] संसदीय परम्पराओं के निवर्हन में उच्च आर्दशों की स्थिति को समय-समय नेहरू द्वारा स्थापित किया गया चाहे अनिवार्य जमा योजना के कारण वापिस लेने का मामला हो या अमेरिकी रक्षा समझौते को रद्द करने का मामला/संसद के विरोध के कारण उन्होंने ऐसा किया।

आपातकाल में पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के वेतन भत्तो में कटौती के साथ-साथ अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाहियों पर आवश्यक क्षतिपूर्ति के लिए 24 अप्रैल,1964 को पेश संशोधन विधेयक को नेहरू ने इसलिए वापिस ले लिया क्योंकि संसद इसके विरूद्ध थी।[17]इस प्रकार कई अवसरों पर संसद ने, विशेष रूप से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दो पर अपने अधिकार पर डटे रहना ठीक समझा जिसका नेहरू ने पूरा सम्मान किया।नेहरू भारत की संसदीय एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर बेहद सजग थे। संसदीय शासन प्रणाली में विपक्ष के महत्व को अहम स्थान प्रदान किया गया है इसलिए नेहरू सदैव विपक्ष को हमेशा साथ लेकर चलने में तत्परता दिखाई। उनका विचार था कि ''विपक्ष को ऐसा न लगे कि हम बदले की भावना रखते है। नेहरू महत्वपूर्ण विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिये विपक्ष के नेताओ से प्रायः मुलाकात करते रहते थे। जो अच्छा भाषण देते थे और अहम मामले उठाते थे उनकी प्रशंसा करना वह कभी नहीं भूलते थे। सदन के अन्दर और बाहर विपक्षी सदस्यों के साथ उनके संबंध काफी मधुर और मैत्रीपूर्ण थे। संसद के विपक्षी सदस्यों के प्रति उनकी निर्विवाद शिष्टता और सम्मान भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है। नेहरू जी न केवल अपने दल के सदस्यो के प्रति अपितु विपक्ष के सदस्यों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी समझते थे। वस्तुतः वह समग्र राष्ट्र के प्रति अपना उत्तरदायित्व महसूस करते थे। वह इस तथ्य के प्रति सदैव जागरूक रहते थे वे सम्पूर्ण देश के प्रधानमंत्री है केवल संसद में ही बहुमत दल के नेता नहीं है अपितु सम्पूर्ण सभा के नेता है। वर्तमान सन्दर्भ ऐसा कम ही देखा गया है कि जब पक्ष के शीर्ष पदाधिकारी किसी अन्य दल के सदस्यों की प्रशंसा करते हो। पिछले दो दशकों में संसद एवं विधानमण्डलों में विपक्ष द्वारा आलोचना के लिए आलोचना को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गयासंसदीय विशेषाधिकारों के मामले में उनका विचार सदैव प्रभावी रहा। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि मामले को दबाने या समाप्त करने का प्रयास यदि हुआ तो उचित नहीं होगा।[18]नेहरू सभी पक्षों की प्रबुद्ध आलोचना का स्वागत करते थे और वैध मुद्दों को वेहिचक स्वीकार कर लेते थे। एक बार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उत्तर देते हुए कहा कि हम सरकार में है और राष्ट्रपति का अभिभाषण तैयार करने की जिम्मेदारी हमारी है। इसलिये निश्चित रूप से यह आलोचना हम पर लागू होती है। मैं यह कहने को तैयार हूँ कि आलोचना कुछ हद तक उचित है।[19]ये कथन दर्शाता है कि नेहरू जी किस स्तर तक सहृदयपूर्ण तरीके से विपक्ष की आलोचना को सम्मानजनक तरीके से अपने वक्तव्यों में दर्शाते थे। उनका यह भी मानना था कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने और विचार प्रकट करने का अधिकार है।

नेहरू जी संसद में सरकार की जो ''सदाशय आलोचना होती थी उसका स्वागत करते थे और कहते थे कि इससे सरकार को लाभ होगा। उनका मानना था कि आलोचना के बिंदुओं के अलावा अधिकांश आधारभूत बातों पर हमारा एक मत है और फिर वह मतैक्य के क्षेत्र का विश्लेषण करने लगते। नेहरूजी ने भारत में संसदीय लोकतंत्र की महान संसदीय परम्पराओं का शैशावस्था मे पोषण किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने संसदीय जीवन के उच्चतम मूल्य स्थापित किये। सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र के संबंध में नेहरू जी ने स्पष्टतया अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब उचित तरह सामाजिक समस्याओं का समाधान हो सके। नेहरू जी के अनुसार लोकतंत्र का आशय है ''लोगों को ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़ने के अवसर दिया जाए अर्थात समान अवसरों के साथ-साथ लोगों को कुछ अधिकार दिये जाएं।[20]नेहरूजी की संसदीय विधा उनकी अपनी थी। उनके तर्क अकाट्य होते थे और उनकी कुशल हाजिर-जवाबी, वाकचातुर्य और हास्य-विनोद पटुता के कारण वे सभा को भाव विभोर कर देते थे। उनका शब्द का उच्चारण विशेष प्रकार का होता था और वह प्रायः एक अध्यापक की भांति अपनी बात को बडी कुशलता से समझाते थे। नेहरू की संविधानवाद में गहरी आस्था थी इसलिए वे विधि के शासन पर बल देते साथ ही संसदीय लोकतंत्र में आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों के प्रति व्यक्ति के जीवन में राज्य का हस्तक्षेप उचित मानते थे। उन्होंने व्यक्त किया कि लोकतंत्र का विकास, मानवीय स्वतंत्रताओं के विकास पर निर्भर करता है। किन्तु मानवीय स्वतंत्रताओं का विकास तभी संभव है, जब स्वतंत्रता का उपयोग दायित्वपूर्वक किया जाता है।[21]न्यायनिष्ठ व्यवस्था ही सही मायनों में लोकतांत्रिक व्यवस्था हो सकती है।[22]नेहरूजी लोकसभा अध्यक्ष की न्यायप्रियता तथा निष्पक्षता के गुणों के सबसे बडे प्रशंसक थे। उन्होंने कहा था,

''अध्यक्ष को राजनीति के सभी विवादास्पद विषयों पर चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लेने से दूर रहना पड़ता है। अर्थात् अध्यक्ष को अपने आप को एक न्यायधीश की स्थिति में रखना होता है उसे किसी भी प्रकार के पक्षपात से पृथक रहना होता है जिससे कि किसी विशेष विचार के पक्ष में या विरोध में अनजाने होने वाले झुकाव से बचा जा सके।[23] इसी तरह तत्कालीन समय में नेहरू जी ने समृद्धशाली संसदीय परम्पराओं का निर्वाह करते हुए सच्चे लोकतंत्र की स्थापना की।नेहरू जी राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मामलों में भी संसद को पर्याप्त जानकारी देने के लिए तैयार रहते थे। वह यह चाहते थे कि राष्ट्रीय नीतियों का प्रतिपादित करने, निर्धारित करने और उनका मूल्यांकन करने संबंधी मामलों पर संसद में चर्चा हो। विज्ञान नीति तथा औद्योगिक नीति संबंधी संकल्प इसके महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने संसद को एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता महसूस कराने तथा लोगों के बीच वैज्ञानिक भावना पैदा करने के लिए प्रयास किये। विदेश मंत्री के रूप में उन्होंने यह तय किया हुआ था कि अन्तर्राष्ट्रीय नीतियों का प्रतिपादित करने, निर्धारित करने और उनका मूल्यांकन करने संबंधी मामलों पर संसद में चर्चा हो। विज्ञान नीति तथा औद्योगिक नीति संबंधी संकल्प इसके महत्वपूर्ण उदाहरण है।[24] संसदीय चर्चाओं के दौरान दर्शक दीर्घाऐं तथा राजनयिक दीर्घाऐं खचाखच भरी होती थी। स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण पर चर्चा जैसे कुछ महत्वपूर्ण अवसर भी आये। वाद-विवादों से प्रायः तनावों को समाप्त करने, विवादों को हल करने और इस प्रक्रिया में भारत के प्रभाव तथा योगदान को उजागर करने में सहायता मिलती थी। नेहरू ने सदैव इस बात पर बल दिया कि मंत्रियों को अन्वेषणात्मक संसदीय प्रश्नों तथा शिक्षात्मक वाद-विवाद का स्वागत करना चाहिए, क्योंकि वह संसद को एक 'कामरेड' और मंत्रियों के लिए आवश्यक सहायक मानते थे।[25]

निष्कर्ष-नेहरू जी द्वारा भारत को लोकतंत्र और समाजवाद के सन्दर्भ में जनकल्याण के लिए जो कार्य किया वह अपने आप में अद्भुद है उसी रास्ते का अनुसरण करके भावी राष्ट्रवाद की नींव भारत में रखी गयी। मानव कल्याण और राष्ट्रवाद के संबंध में संविधान सभा में बोलते हुए नेहरू जी ने कहा कि हमारी पीढ़ी के महानत व्यक्ति (महात्मा गांधी) की यह महान आकांक्षा रही कि हर आँख का हर आँसू पोछा जाए। हो सकता यह हमारे सामर्थ्य में न हो, किन्तु जब तक देश में कहीं भी कहीं भी आँसू है, कराह है, तब तक हमारा लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।' नेहरू जी ने जीवन पर्यन्त गरीब, कमजोर, पिछड़े दलित तथा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को समाज की मुख्य धारा में लाने का कार्य किया। भारत में समानता की सकारात्मक धारणा को लाने के लिए अथक प्रयास किये। उन्होंने राष्ट्रवाद की व्याख्या में उदार तत्वों को समाविष्ट करके इसे अन्तर्राष्ट्रीयवाद का पूरक बना दिया जो विश्वशांति के पथ पर अपने आपमें एक नूतन राष्ट्रवाद है। आज जरूरत है नेहरूवादी उन स्वस्थ्य लोकतांत्रिक एवं संसदीय परम्पराओं के पुनरूत्थान की जिसके कारण राष्ट्र अधिक से अधिक लोकतांत्रिक मार्ग पर आगे बढ़ सके।

******

सन्दर्भ सूची:-

1.नागर पुरुषोत्तम, आधुनिक भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन (राजस्थान हिंदी साहित्य ग्रंथ अकादमी, जयपुर) मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार, पृ. 484
2.पूर्वोक्त, पृ. 487
3.कृष्णामाचारी, टी. टी., पार्लियामेंटरी लाइफ ड्यूरिंग 1929-54 सिल्वर जुबली कामेमोरेशन वॉल्यूम, लोकसभा सेक्रेटेरिएट, नई दिल्ली, 1954, पृ. 23
4.सिन्हा, सत्यनारायण, आर्गेनाइजिंग द बिजनेस ऑव पार्लियामेंट, सिल्वर जुबली कामेमोरेशन वॉल्यूम, लोकसभा सेक्रेटिरिएट, नई दिल्ली, 1954, पृ. 27
5.काश्यप सुभाष (संपादित) नेहरू और संसद, लोकसभा सचिवालय, नई दिल्ली प्रस्तावना।
6.श्यामलाल शकधर, ग्लिम्पसेज ऑफ द वर्किंग ऑफ पार्लियामेंट, नई दिल्ली, 1977 अध्याय 7 द कन्डक्टर ऑव द मेम्बर ऑव पार्लियामेंट: द मुदगल केस, पृ. 111-136
7.चतुर्वेदी मधुकर श्याम, प्रमुख भारतीय राजनीतिक विचारक, कॉलेज बुक हाउस, पृ. 394
8.जवाहर लाल नेहरू, इण्डिया एण्ड द वर्ल्ड, लंदन: एलेन एण्ड अनविन, पृ. 259
9.मेहता, वी.आर., भारतीय राजनीतिक चिंतन के आधार (मनु से आज तक) मनोहर पब्लिशर्स, दिल्ली,, पृ. 293
10.लोकसभा वाद विवाद खण्ड 15, 19 मार्च 1963 पृ. 470-71
11.जनसत्ता, संसदीय संचालन की गरिमापूर्ण स्थिति बने, अगस्त 2019
12.लोकसभा वाद-विवाद 2 सितम्बर 1959, कालम्बस 5857
13.लोकसभा वाद-विवाद, 11 नवम्बर 1962
14.लोकसभा वाद-विवाद 12 सितम्बर, 1958 कालम्बस 620-29, बेरूबारी स्थानान्तरण विधेयक और संविधान (नौवा संशोधन) विधेयक 16 दिसम्बर 1960 को लोकसभा में पुनः स्थापित।
15.लोकसभा वाद-विवाद, 17 अगस्त 1963 कालम्बस 954-57
16.श्यामलाल शकधर ग्लिम्पसेज ऑफ द वर्किंग ऑफ पार्लियामेंट, नई दिल्ली, पृ. 138
17.लोकसभा वाद-विवाद, खण्ड 50, 23 फरवरी 1961, पृ. 1677
18.लोकसभा वाद विवाद, 2 मई 1963, कालम्बस 13
19.गोपाल एस., जवाहर लाल नेहरू ए बायोग्राफी, नई दिल्ली 1979 खण्ड 2 पृ. 304
20.राव एस. एम्, भाले (सम्पादित) मे. जी.एस. पाठक, द सैकण्ड चैम्बर नई दिल्ली, पृ. 168
21.पूर्वोक्त, चतुर्वेदी मधुकर श्याम, पृ. 396-97
22.केश्यप सुभाष (सम्पादित) में उमा शंकर दीक्षित, नेहरू और संसद, लोकसभा सचिवालय नई दिल्ली पृ. 127
23.कश्यप सुभाष, भारत का संविधान एवं संवैधानिक विकास, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली, पांचवी अनुकृति, 2001, पृ. 169
24.पूर्वोक्त, बेही मेहता, वी.आर., पृ. 295
25.वर्मा,वी.पी.आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल,आगरा,पृ. 609

अस्सी घाट की रामलीला (वाराणसी)

आशुतोष
शोधार्थी (पीएच-डी)
हिंदी-विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

अस्सी घाट की रामलीला काशी में सर्वाधिक समितियों द्वारा स्वीकृत और मान्य है। अस्सी घाट की रामलीला का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि गोस्वामी तुलसीदास जी आज से करीब 400 वर्ष पहले इसकी शुरुआत की थी। अस्सी घाट की रामलीला जिस अखाड़े से जुड़ी हुई है उसे 'तुलसीदास का अखाड़ा' या 'तुलसी मंदिर' कहा जाता है। संकटमोचन का मंदिर को भी कुछ विद्वान तुलसीदास द्वारा स्थापित बताते हैं। इस तर्क के पीछे का प्रमुख कारण है कि तुलसी मंदिर और संकटमोचन के मंदिर के महंत एक ही होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास का ज्यादातर समय अस्सी घाट पर बीता जिसे अब तुलसी घाट के नाम से जाना जाता है। तुलसी के जीवन की मृत्यु से जुड़ा हुआ एक दोहा बहुत प्रसिद्ध है जो तुलसीदास के जीवन के अंतिम वर्षों में अस्सी घाट पर रहना प्रमाणित करता है-

संवत सोलह सौ असी असी गंग के तीर।
श्रावण शुक्ला तीज शनि तुलसी तज्यो सरीर।

तुलसीदास को परंपरा से प्रथम महंत माना गया है और संभव है कि उन्हें गोस्वामी की उपाधि यहीं से मिली हो। यही तुलसी मंदिर के एक कक्ष में तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना की एवं यहीं पर दोहावली, कवितावली आदि की भी रचना की।

"गौतम चंद्रिका में तुलसी के रामलीला प्रारंभ करने का जो विवरण प्राप्त होता है, उसमें सर्वप्रथम गंगातट अस्सी पर राज्याभिषेक लीला प्रारंभ करने का उल्लेख मिलता है।"[1]

अस्सी घाट की रामलीला का उल्लेख अखाड़े के महंतों के वसीयतनामें में उपलब्ध है, जिसमें लिखा है- 'लीला सदा की भांति चलाते रहना।' जिससे इस बात का पता चलता है कि रामलीला पहले से प्रस्तुत होते चली आ रही थी। परंतु औपचारिक रूप से रामलीला समिति 1933ई० में बनी, जिसकी रजिस्ट्री 1938ई० में हुई। तभी से यह रामलीला इस समिति के मार्गदर्शन में प्रस्तुत होती चली आ रही है। अखाड़े के महंत रामलीला समिति के अध्यक्ष होते हैं। अखाड़े में वर्ष भर उत्सव होते रहते हैं। रामलीला उत्सव सबसे महत्वपूर्ण और प्रमुख है। अखाड़े के कागजातों से पता चलता है कि तुलसीदास ने ही काशी के स्थानों का नामकरण रामलीला के स्थान के आधार पर किया था। इन नामों को शासन से मान्यता प्राप्त थी। लंका मोहल्ला आज तक प्रसिद्ध है।

(i) कथावस्तु-

अस्सी घाट की रामलीला रामचरितमानस की कथा पर आधारित है। इस रामलीला में तुलसी के किसी भी अन्य ग्रंथ का उपयोग नहीं किया जाता है। अस्सी घाट की रामलीला की कथावस्तु किसी अन्य लेखक के ग्रंथों से भी बहुत दूर है। अस्सी घाट की रामलीला प्राचीन काल से 16 दिनों तक अभिनीत होती चली आ रही है जिसमें राम के वनगमन से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा का मंचन किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से समिति ने धनुष यज्ञ और पुरजनोपदेश की लीला को भी जोड़ दिया है जिससे अब अस्सी घाट की रामलीला 18 दिनों तक चलती है। यह लीला मातृनवमी से प्रारंभ होकर कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा को समाप्त होती है। अस्सी घाट की रामलीला पुष्य नक्षत्र में अभिनीत की जाती है। एकादशी और चतुर्दशी के कोई लीला नहीं होती है। अस्सी घाट की रामलीला के प्रसंगों का विभाजन इस प्रकार किया गया है-

- **पहला दिन- मुकुटपूजन एवं भगवान की झांकी**
- **दूसरा दिन- धनुष-यज्ञ, जयमाला-प्रदान, परशुराम-संवाद**
- **तीसरा दिन- राज्याभिषेक की तैयारी**
- **चौथा दिन- कोपभवन**
- **पाँचवा दिन- वनगमन, निषाद-मिलन**
- **छठवें दिन- गंगा-उत्तरण, भरद्वाज-समागम, वाल्मीकि-समागम**
- **सातवाँ दिन- भरत-मनावन**
- **आठवाँ दिन- जयंत-नेत्रभंग, अत्रि-समागम, विराध-वध**
- **नवाँ दिन- सुतीक्ष्ण-मिलन, अगस्त्य-समागम, पंचवटी-निवास**
- **दसवाँ दिन- शूर्पणखा-विरूपीकरण, खर-दूषण वध**
- **ग्यारहवाँ दिन- सीताहरण, सुग्रीव-मित्रता, बालि-वध**
- **बारहवाँ दिन- लंका-दहन**
- **तेरहवाँ दिन- सेतुबंध, सुबेल गिरी की झांकी, अंगद-संवाद**
- **चौदहवाँ दिन- चारों फाटक की लड़ाई, कुंभकरण-वध**
- **पंद्रहवाँ दिन- मेघनाथ-वध, रावण-वध, अवध-प्रयाण**
- **सोलहवाँ दिन- भरत-मिलाप**
- **सत्रहवाँ दिन- श्रीराम राज्याभिषेक**
- **अट्ठारहवाँ दिन- सनकादि-आगमन, पुरजनोपदेश के लीला की समाप्ति हो जाती है।**

(ii) संवाद-

अस्सी घाट की रामलीला की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह रामचरितमानस पर केंद्रित है। रामलीला के प्रस्तुतीकरण के साथ रामचरित -मानस का पाठ भी किया जाता है। प्रत्येक दिन की रामलीला रामचरितमानस पाठ से होती है। पहले दिन बालकांड का मात्र पाठ किया जाता है, रामजन्म का मंचन नहीं किया जाता है। रामलीला का प्रारंभ धनुष-यज्ञ से होता है। रामचरितमानस का गठन इस प्रकार किया गया है कि विवरण के साथ-साथ संवाद भी जोड़े गए हैं। रामायणी विवरण अंशों का पाठ समाप्त कर देते हैं तो जब वे संवाद पर आते हैं तो एक पात्र का संवाद गाकर चुप हो जाते हैं जिसे सुनकर मंच पर वह पात्र संवाद के आधार पर गद्य में बोलता है। यही प्रक्रिया पूरे रामलीला के दौरान चलती रहती है। चौपाइयों के गद्य रूपांतरण के अलावा संवादों में कुछ अतिरिक्त नहीं जोड़ा जाता है। संवाद छोटे-छोटे और स्पष्ट होते हैं। संवाद ऊंची आवाज में खींचकर दूर तक प्रक्षेपित होते हैं। संवाद की एकतारता अनूठी लय बनाती है।

(iii) पात्र-

राम, सीता, भरत, शत्रुघ्न और सीता बनने वाले पात्रों को स्वरूप कहा जाता है। इन पात्रों में ईश्वरत्व की भावना दिखाई पड़ती है। इन पात्रों की उम्र 16 वर्ष से कम होती है। ब्राह्मण लड़के स्वरूप बनाए जाते हैं। पात्रों की उम्र कम होने के बावजूद स्वरूपों की दर्शक पूजन करते हैं, उन्हें आदर भी मिलता है। पात्र जिस परिवार से होते है उनको भी बहुत आदर-सत्कार मिलता है। स्वरूपों के अतिरिक्त अन्य पात्र किसी भी जाति के हो सकते है और इनकी उम्र अधिक हो सकती है। अस्सी घाट की रामलीला में रावण की भूमिका निभाने वाला पात्र इस समय 50 वर्ष का है जो पच्चीस वर्षों से रावण की भूमिका निभा रहा है। प्रत्येक पात्र की आस्था व विश्वास रामलीला में होती है।

"अस्सी घाट की रामलीला की सबसे बड़ी विशेषता है कि लंकादहन के लिए दो हनुमान बनाए जाते हैं- एक छोटे और एक सीता के प्रत्यय हेतु बृहदाकार। छोटे हनुमान ही ऊपर पेड़ पर छिपे बैठे दिखाई देते हैं और रावण के लौट जाने पर नीचे आकर सीता को राम की मुद्रिका देते हैं जिससे सीता प्रसन्न हो जाती है। हनुमान सीता जी से भूख लगने के कारण अशोक वाटिका से फल तोड़ने की आज्ञा मांगते हैं। हनुमान जी के छोटे आकार को देखकर सीता जी को उनकी वीरता और क्षमता पर संदेह होता है इसलिए मंच से प्रकाश क्षण-भर के लिए हटा लिया जाता है इसी समय बड़े हनुमान जी प्रकट हो जाते हैं। इस कारण लीला का आकर्षण और बढ़ जाता है।"[2]

(iii) वेशभूषा-

वेशभूषा में बनारसी रेशम और जरीदार वस्त्र का प्रयोग होता है। वनवास में स्वरूप जटाजूट-धारी लंबे पीले कुर्ते पहने होते हैं, छोटे मुकुटधारण किए नंगे पैर रहते हैं। रावण मेघनाथ बड़े-बड़े चोगे पहनते हैं, रावण के दस सिर होते हैं और मुख के सामने मुखौटा होता है। हनुमान जी बड़ा लाल मुखौटा धारण करते हैं। वाराणसी में हनुमान पीतल का भी मुखौटा लगाते हैं जो अन्यत्र नहीं मिलता। राम, लक्ष्मण, सीता के दो-दो मुकुट होते हैं और इन सभी का पूजन भी होता है। मुकुट में ईश्वरत्व का भाव पाया जाता है। स्वरूप मुकुट धारण करने के बाद मंच से बाहर धरती पर पैर नहीं रखते। स्वरूपों को कंधे पर बिठाकर लीला के मंच तक लाया जाता है।

(iv) मंच-विधान-

अस्सी घाट की रामलीला की विशेषता उसका मंच-विधान है। गोस्वामी तुलसीदास ने चार घाट की चर्चा की जो उनकी रामलीला में सामान्य तौर पर दिखाई पड़ते हैं। उत्तर-दक्षिण पहले आयताकार मैदान में उत्तर की ओर एक मंच जिसे विष्णु मंच कहा जाता है। दक्षिणी छोर पर पंच सोपान ऊंचा राजमंच, पश्चिम की ओर द्विसोपान युक्त देवीमंच और पूर्व की ओर समतल पर जनमंच पाया जाता है। धनुष यज्ञ के रोज राजमंच और जनमंच के बीच धनुष-यज्ञ और वनवास की लीलाओं में विष्णु और देवी मंच के बीच भरत मंच पर लीला होती है। समूची लीला की अवधि में विष्णु मंच पर केवल स्वरूप विश्वामित्र ही विराजते हैं। राजमंच पर दशरथ, जनक, बाली, सुग्रीव और रावण बैठते हैं। देवीमंच पर वनवास और अशोक वाटिका बनती है और जनमंच पर रामायणियों का कब्जा रहता है। तुलसी-मंच अद्भुत है। इन चार मंचों के बीच दर्शक गलियारा छोड़ कर बैठते हैं जिससे अधिकतर रामलीला गलियारे में होती है। गौर करें तो यह गलियारा ही जीवन-पथ है, विष्णुमंच मोक्ष, वैराग्य, आत्मा, योग और काशी का प्रतीक है। यहां शिव पार्वती को कथा सुनाते हैं। राजमंच अर्थ, ज्ञान, मस्तिष्क, क्रिया, अवध का प्रतीक है। यहां याज्ञवल्क्य भारद्वाज को कथा सुनाते हैं। देवीमंच काम, भक्ति, हृदय, तप, समर्पण और मथुरा का प्रतीक है। यहां काकभुशुंडि गरुड़ को कथा सुनाते हैं तथा जनमंच धर्म-कर्म, शरीर, नाम-जप, सेवा-उपासना, हरिद्वार-प्रयाग का प्रतीक है। यहां तुलसी संतो को कथा सुनाते हैं। जीवन के गलियारे मोक्ष के पथ हैं- राजमंच से ज्ञानमार्ग से, देवीमंच से भक्तिमार्ग से और जनमंच से कर्ममार्ग से जाया जा सकता है।

'छायानट पत्रिका में डॉ भानुशंकर मेहता तुलसी के नाट्य ज्ञान को देखकर उसके प्रमुख तत्व पर प्रकाश डालते हैं'[3]-

वेशभूषा: वेशप्रताप पूजि हितेऊ
प्रबुद्ध दर्शक: समदरसी जानहिं हरिलीला
अभिनय: विरह विकल नर इव रघुराई
मुखसज्जा: धरि सीता कर रूप
कठपुतली: सारद दारूनारि सम स्वामी
निदेशक: राम सूत्रधार स्वामी
भूमिका: इच्छामय नरवेश सँवारे
नाट्य: खेलहिं खेल सकल नृपलीला
भावाभिनय: जासु त्रास डर कहूँ डर होई, भजन प्रभाव देखावत सोई
निदेशित पात्र: नाचहिं नट मर्कट की नाईं
भ्रम: नटकृत विकट कपट खगराया
जमूरा: नट सेवकहिं न व्यापहु माया
अभिनय और वेष: जसका छिय तस चाहिय नाचा
रंगमंच: उदित उदयगिरी मंच पर रघुबर बाल पतंग
पात्र की भूमिका और व्यक्तित्व: जथा अनेक वेष धरि, नृत्य करइ नट कोई

सोई सोई भाव दिखावइ, आपुन होई सोई।

इस अनूठे मंच में दर्शक और अभिनेता में जैसा तादात्म्य होता है वह अन्यत्र दुर्लभ है। वर्तमान रंगमंच की अनेक समस्याओं का हल रामलीला और तुलसी मंच में विद्यमान है।

(v) अभिनय-स्थल-

तुलसीदास ने अस्सी घाट की रामलीला के प्रदर्शन के लिए पूरे काशी में अभिनय-स्थलों की इस प्रकार योजना बनाई कि रामलीला का प्रस्तुतीकरण पूरे काशी में होता रहे। विद्वानों का मानना है कि तुलसीदास का इसके पीछे उद्देश्य रामलीला में स्वाभाविकता उत्पन्न करना या समूचे शहर को रामलीला के प्रभाव में बांधना था। अयोध्या की लीला लोलार्ककुंड और आनंदबाग में की जाती हैं। केवट-लीला दुर्गाकुंड पर, वन की लीलाएं लंका की सड़क के अंत में विश्वविद्यालय के द्वार के सामने होती हैं और कुछ संकटमोचन मंदिर में भी होती हैं। इसके बाद 4-5 लीलाएं लंका में और भरत-मिलाप तुलसीपुरी मैदान में तथा राम राज्याभिषेक तुलसी घाट पर किया जाता है। अस्सी घाट की रामलीला के लिए अभिनय-स्थल निर्मित नहीं किए गए हैं, वरन् संकटमोचन मंदिर और लंका के बीच डेढ़-दो मील के दायरे में विभिन्न लीलाओं के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं।

अस्सी घाट की रामलीला में संगीत का प्रभाव कम है। रामायण का पाठ करने रामायणी ढोल-मंजीरे के साथ एक लय में पाठ करते हैं। इसके बावजूद पाठ में लयात्मकता का अभाव है।

अस्सी घाट की रामलीला में मुकुटपूजन काशी की अन्य लीलाओं की तरह महत्वपूर्ण है। राम, लक्ष्मण और सीता जी के दो-दो मुकुट होते हैं जो अयोध्या के दृश्यों , पृष्ठ 27 में बड़े और वनवास में छोटे होते हैं। स्वरूपों में ईश्वरत्व की भावना पाई जाती है। अस्सी घाट की रामलीला राजगद्दी की झांकी सबसे मनोरम और भव्य होती हैं। कुछ विद्वान मानते हैं कि शुरुआत में राजगद्दी की ही लीला प्रस्तुत की जाती थी अतः इस झांकी का बड़ा महत्व है। स्वरूपों को महंत के घर में भोजन कराया जाता है और दक्षिणा दी जाती है। राजगद्दी की झांकी तड़क-भड़क वाली खूबसूरत है। स्वरूपों की आरती व्यास करते हैं। वशिष्ठ ऋषि राजतिलक कराते हैं एवं स्तुतिपाठ होता है और यहीं पर लीला समाप्त हो जाती है।

भारतीय पारंपरिक शैली की रामलीलाओं में काशी की रामनगर की रामलीला, लाटभैरव की श्री आदि रामलीला और अस्सी घाट की रामलीला का विस्तृत वर्णन ऊपर किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त भारत में प्रत्येक स्थानों पर लीलाओं का मंचन होता है। परंतु शब्दसीमा होने के कारण सबका विस्तृत वर्णन करना संभव नहीं है। भारत में अन्य प्रसिद्ध रामलीलाओं में इलाहाबाद की रामलीला, अयोध्या की रामलीला, लखनऊ की रामलीला, मथुरा की रामलीला, दिल्ली की रामलीला, जयपुर की रामलीला, सतना की रामलीला, भरतपुर की रामलीला, मध्य प्रदेश की रामलीला, राजस्थान की रामलीला, बिहार की रामलीला आदि प्रमुख हैं।

******

संदर्भ-ग्रंथ:-

1. अवस्थी, इंदुजा, रामलीला परंपरा और शैलियाँ, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, 1979, पृष्ठ 87
2. अवस्थी, इंदुजा, रामलीला परंपरा और शैलियाँ, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, 1979, पृष्ठ 97
3. वर्मा, केशवचन्द्र, छायानट पत्रिका, अंक 58, जुलाई-सितंबर 1991

प्राचीन भारत में तक्षशिला शिक्षा केंद्र से शिक्षाएँ

सौरभ शुभम
(रिसर्च स्कॉलर, हैदराबाद विश्वविद्यालय)

सार - तक्षशिला का शिक्षा केंद्र, जिसने साधारण शुरुआत से ही प्राचीन दुनिया में काफी नाम और प्रसिद्धि हासिल की थी, के पास देने के लिए कई पाठ थे, जो आज की दुनिया में भी हमारे लिए उपयोगी हो सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण का संदेश और विश्व स्तर पर प्रसिद्ध शैक्षिक केंद्र के उद्भव का एक लंबा इतिहास है।

मुख्य शब्द - तक्षशिला, प्राचीन, शिक्षा, पर्यावरण।

तक्षशिला के शिक्षण केंद्र का यदि सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया जाए तो वह हमें कई चीजें सिखा सकता है, जो वर्तमान भारतीय समाज और संपूर्ण विश्व की हमारी समसामयिक समस्याओं का समाधान कर सकती हैं । तक्षशिला से हमें कुछ महत्वपूर्ण शिक्षाएँ मिलती हैं:

पर्यावरणीय सद्भाव - चूंकि ऋग्वेद के भजन पर्यावरण संरक्षण के संदेश से भरे हुए हैं, तक्षशिला ने पर्यावरण संरक्षण में एक महान योगदान दिया क्योंकि ऋग्वेद को वहां पढ़ाया गया था (पहले से ही पिछले अध्यायों में उल्लेख किया गया है)।

ऋग्वैदिक के कई भजन द्यावा/पृथ्वी का वर्णन करते हैं, यानी वे स्वर्ग और पृथ्वी का एक साथ वर्णन करते हैं। मित्र, वरुण, इंद्र और मरुत जैसे वैदिक देवताओं का उल्लेख आम है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भारतीय नौसेना के वर्तमान नौसैन्य अभ्यास का नाम वैदिक देवता वरुण के नाम पर रखा गया है।

सांस्कृतिक समूहन - चूंकि विभिन्न देशों और विभिन्न संस्कृतियों के छात्रों ने अध्ययन किया

तक्षशिला में अनेकता में एकता की भावना रही होगी। इसका सबसे अच्छा उदाहरण गांधार कला विद्यालय है, जो बौद्ध मूर्तियों पर यूनानी प्रभाव को बहुत अच्छी तरह से प्रदर्शित करता है।बौद्ध धर्म के अलावा, यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि जैन धर्म, पारसी धर्म और प्रारंभिक हिंदू धर्म भी मौजूद थे। गरूड़ के सिर वाले स्तूप पर ग्रीक, फारसी और भारतीय प्रभाव भी है। जंडियाल मंदिर में पारसी प्रभाव स्पष्ट है।

अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाए - एक आदर्श अर्थ में विश्वविद्यालय में अकादमिक शिक्षण, वैज्ञानिक और विद्वतापूर्ण तरीके से अनुसंधान और एक रचनात्मक सांस्कृतिक भी शामिल होना चाहिए।

ज़िंदगी।तक्षशिला उपरोक्त सभी तरीकों से जीवंत था और ज्ञान की विभिन्न शाखाएँ सह-संबंधित थीं जैसे *अर्थशास्त्र* अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान से संबंधित है। पंचतंत्र नैतिकता और जीवन जीने के व्यावहारिक भाग को सह-संबंधित करता है । वापस लौटते समय सिकंदर स्वयं तक्षशिला के कई विद्वानों को अपने साथ ले गया। राजनीतिक अराजकता के उदय ने शैक्षणिक माहौल को काफी हद तक प्रभावित किया होगा और कई सांस्कृतिक धाराओं-इंडो-ग्रीक, बैक्ट्रियन और कुषाणों का एकीकरण हुआ होगा।

शिक्षा के व्यावहारिक भाग पर जोर दिया गया - यह उल्लेख किया गया है कि विभिन्न छात्रों को अपना पाठ्यक्रम पूरा करने में अलग-अलग समय अवधि लगी। यह इंगित करता है कि प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान दिया गया था।यह प्रसिद्ध कहानी कि जीवक चिकित्सक प्रत्येक जड़ी-बूटी के चिकित्सीय गुणों का सीमांकन करने में सक्षम था, प्रदान की गई शिक्षा की व्यावहारिकता को साबित करता है।

वैज्ञानिक नवाचार को प्रोत्साहित किया गया - वैज्ञानिक तकनीकें जैसे आसवन प्रक्रिया, कांच बनाना आदि। प्रसिद्ध थे. तक्षशिला के कांच की जांच करने पर उसमें सीसा सुरमा, टिन और मैंगनीज जैसी अन्य धातुओं के अंश पाए गए हैं।

सोसायटी ने शिक्षा को वित्त पोषित किया - सोसायटी ने सभी आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की और भोजन और आवास निःशुल्क प्रदान किया गया। किसी भी छात्र को अनिवार्य आधार पर कोई शुल्क देने की आवश्यकता नहीं थी। ज्ञान को इतना पवित्र माना जाता था कि पैसे के बदले इसका आदान-प्रदान नहीं किया जा सकता। कुछ संपन्न अभिभावकों ने उदारतापूर्वक वित्तीय सहायता दी। शाही लोग भी शिक्षकों पर कोई नियंत्रण न रखते हुए, उदारतापूर्वक धन दान करते थे। यहां तक कि गरीब छात्र जो अपनी शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकते थे, वे भी रात्रि कक्षाओं में भाग ले सकते थे।

7. **सीखने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं** - यहां तक कि विवाहित छात्र भी तक्षशिला में सीखते थे और एक कहानी यह भी है कि तक्षशिला में रात में पढ़ाई करने वाला एक विवाहित व्यक्ति अपनी पत्नी से परेशान था। जातक कथाएँ ऐसे सन्दर्भों से भरी पड़ी हैं।आज शिक्षा लोगों की आजीविका से जुड़ी हुई है। महान शिक्षाविद् और नोबल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था:"उच्चतम शिक्षा वह है जो हमें केवल जानकारी नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को अस्तित्व के साथ सामंजस्य बिठाती है।"प्राचीन भारत में, गुरुकुल प्रणाली का अक्षरश: पालन किया जाता था। इसने हमें प्रकृति और उसकी समस्त सृष्टि के साथ सामंजस्यपूर्ण बनाया।

हाल के परिदृश्य में, जब एक संगठन विश्व बौद्धिक

संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ), और कॉर्नेल विश्वविद्यालय, यूएसए भारत को 60-66 की रैंक रेंज में रखता है, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए कि हम शीर्ष से नीचे फिसल गए हैं।केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने अपने आर्थिक सर्वेक्षण में कहा है कि भारत अनुसंधान उन्मुख गतिविधियों में अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.6-0.7% ही खर्च करता है। विकसित देश इससे कहीं अधिक खर्च करते हैं।कई बार परिस्थितियाँ हमें वर्तमान की समस्याओं को हल करने के लिए अतीत की ओर मुड़ने के लिए मजबूर करती हैं। भारत सरकार की रिपोर्ट 'आयुर्वेद और सिद्ध के माध्यम से चिकनगुनिया का प्रबंधन' के अनुसार, एक अच्छा उदाहरण नीचे दिया गया है:'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और पूरे देश में हर साल बरसात के मौसम में भयानक बीमारी चिकनगुनिया से हजारों लोगों की मौत हो जाती है। एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति में चिकनगुनिया के लिए कोई उचित टीका या दवा नहीं है। **स्वास्थ्य मंत्रालय, जिसे आयुष मंत्रालय कहा जाता है, ने इस भयानक बीमारी के खतरे से निपटने के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली (तक्षशिला में पढ़ाई जाने वाली) और सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है** ।'रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65% भारतीय आबादी आयुर्वेद या आयुर्वेदिक तकनीकों का उपयोग करती है। इसलिए, ज्ञान के एक प्राचीन केंद्र का अध्ययन हमारे लिए सभी प्रकार से फायदेमंद है और सभी प्रकार से मानव जाति के कल्याण को बढ़ावा देता है।

सूत्रं, धातुः, प्रत्ययः, इत्सञ्ज्ञा, सेटः, वेटः, अनिट्, लिट्, परिभाषा, कारिका ।

औपदेशिकाः आतिदेशिकाः इति द्विविधाः धातवः व्याकरणशास्त्रे सुप्रसिद्धाः सन्ति । "भूवादयो धातवः "[3] इत्यनेन लब्धधातुसंज्ञाः पाणिनीयधातुपाठे उपदिष्टाः औपदेशिकाः । सन् क्यच् काम्यच् इत्यादिभिः द्वादशभिः प्रत्ययैः निष्पादिताः "सनाद्यन्ताः धातवः "[4] इत्यनेन लब्धधातुसंज्ञाः आतिदेशिकाः । एते अनन्ताः धातवः सन्ति ॥

धातुभ्यः विहिताः प्रत्ययाः अपि द्विविधाः सन्ति । सार्वधातुकाः आर्धधातुकाश्च । तत्र धातुभ्यः विहिताः तिङः शितश्च प्रत्ययाः "तिङ्गित्सार्वधातुकम्" [5] इति

सार्वधातुकसंज्ञकाः । अवशिष्टास्तु "आर्धधातुकं शेषः "[6] इत्यनेन आर्धधातुकसंज्ञकाः भवन्ति ॥

एतेषाम् आर्धधातुकप्रत्ययानाम् इडागमस्य विधानम् अष्टाध्याय्याः सप्तमाध्यायस्य द्वितीयपादे कृतं वर्तते । सामान्येन वलादीनाम् आर्धधातुकप्रत्ययानाम् "आर्धधातुकस्येड् वलादेः "[7] इति सूत्रेण इडागमो विधीयते । किन्तु "नेड्गशि कृति" [8] इत्यादिभिः सूत्रैः सः निषिध्यते । यथा पठितः पठितवान् इत्यत्र वलादेः आर्धधातुकस्य निष्ठाप्रत्ययस्य इडागमो भवति । किन्तु कृतः कृतवान् इत्यत्र तस्यैव वलादेरार्धधातुकस्य निष्ठाप्रत्ययस्य इडागमो न भवति ।

कुतः एवमिति चेत् पठितः पठितवान् इत्यत्र "आर्धधातुकस्येड् वलादेः" इत्यनेन प्रत्ययस्य वलादित्वम् आर्धधातुकत्वं च आश्रित्य इडागमः क्रियते । कृतः कृतवान् इत्यादौ तु "एकाच उपदेशेऽनुदात्तात् "[9] इत्यनेन धातोः अनित्वमाश्रित्य निष्ठाप्रत्ययस्य इडागमो न क्रियते ।

एते सेटः, एते अनिटः इति विभागः इत्थं क्रियते । येषां प्रत्ययानाम् इडागमः भवति ते सेटः, येषां न भवति ते अनिटः । येभ्यः धातुभ्यः विहितानां सेद्वत्ययानाम् इडागमो भवति ते धातवः सेटः, अन्ये अनिटः इति विवेकः । ये धातवः धातुपाठे उदात्ताः पठिताः ते सेटः । यथा भू इति। अयं धातुः

धातुपाठे उदात्तत्वेन पठितः । अतः भूधातोः परतः विद्यमानानां "तृच् "[10] "तुमुन् "[11] इत्यादिप्रत्ययानाम् इडागमो भवति। ये च धातवः धातुपाठे अनुदात्ताः पठिताः ते अनिटः इति कथ्यन्ते। यथा पा इति । अयं धातुः धातुपाठे अनुदात्तत्वेन पठितः, तस्माद् पा धातोः अग्रे विद्यमानानां तृजादि प्रत्ययानाम् इडागमो न भवति ।

धातुरपि सेट् भवेत्, प्रत्ययोऽपि सेट् भवेत्, तदैव इडागमो भवति । पीतः पीतवान् इत्यत्र धातुः अनिट्, प्रत्ययाः सेटः तस्मात् इडागमः न भवति । एवं भूतिः इत्यत्र धातुः सेट्, प्रत्ययः अनिट्, तस्मात् न इडागमः । भविता भवितुम् इत्यादौ धातुप्रत्ययौ उभावपि सेटौ, अतः भवति तत्र इडागमः ।

उपदेशे यः धातुः एकाच् अनुदात्तश्च ततः परस्य वलादेरार्धधातुकस्य इट् न भवति इति "एकाच उपदेशेऽनुदात्तात्" इत्यनेन निषिध्यते। यथा कृ इत्ययं धातुः उपदेशावस्थायाम् एकाच् इत्यतः सः इडागमादिकार्य न लभते ।

प्रकृते "अजेयघञपोः "[12] इति सूत्रम् अज गात्रविक्षेपणयोः इति धातोः वी इत्ययमादेशो भवति आर्धधातुकविषये घञम् अपं च वर्जयित्वा इत्यर्थ कथयति। वी इति धातुः अजन्तः। ऊदृदन्तैः 17% इति चतुर्दशधातुषु अयं नान्तर्भवति चेदपि वी इति तदादेशः अनुदात्तः एव भवति। अजन्तेषु ऊदृदन्तादीनां चतुर्दशभिन्नधातूनाम् अनुदात्तत्वम् अभ्युपगतमस्ति इत्यतः अस्यापि धातोः अनुदात्तत्वात् "एकाच उपदेशेऽनुदात्तात्" इति सूत्रेण अस्य इडागमस्य निषेधः प्राप्तः । एवं प्राप्ते सति "कृस्भृवृस्तुद्रुसुश्रुवो लिटि"[14]" इति सूत्रम् आरभ्यते । कृ सृ भृ वृस्तु द्रु सु श्रु इत्येतेषां लिटि प्रत्यये परे इडागमो न भवति इति तदर्थः । चकृव चकृम इत्याद्युदाहरणम् । ननु एकाच उपदेशेऽनुदात्तात् इत्यनेनैव एतेषाम् इण्निषेधे सिद्धे कुतः अस्य आरम्भः इति चेत्, तत्रोच्यते सिद्धे सति आरभ्यमाणः विधिः नियमाय। एकाच उपदेशेऽनुदात्तात् इत्यनेनैव सिद्धे अनेन नियम्यते। नियमप्रकारश्च इत्थम् - प्रकृत्याश्रयः यावान् इण्निषेधः, प्रत्ययाश्रयो वा यावान् इण्निषेधः सः लिटि परे चेत् तर्हि क्रादिभ्यः एव, न अन्येभ्यः धातुभ्यः इति। अर्थात् कृ सृ भृ इत्येतेषां त्रयाणाम् अनुदात्तोपदेशान्तर्भूतानाम् "एकाच उपदेशेऽनुदात्तात्" इति यः प्रकृत्याश्रयः निषेधः, वृधातोः "श्रयुकः किति "[15] इति प्रत्ययमाश्रित्य यः निषेधः तदुभयमपि यदि लिटि स्यात् तर्हि कृसृभृवृ इत्येतेभ्यः एव नान्येभ्यः इति । तेन बिभिदिव बिभिदिम इत्यादौ एकाच उपदेशे इति निषेधः, बभूविव बभूविम इत्यादौ श्युकः किति इति निषेधश्च न भवति ।

अथ स्तुद्रुसुश्रुवां ग्रहणस्य किं प्रयोजनम् इति चेत् कथ्यते सूत्रे अन्येषां चतुर्णां ग्रहणम् अग्रे "ऋतो भारद्वाजस्य " [16] इति वक्ष्यमाणेन सूत्रेण ऋदन्तस्यैव थलि नेटु, अन्यस्य तु भवत्येव इति नियमेन प्राप्तस्य इटः निषेधार्थं वमादिषु अनेन सूत्रेण नियमप्रापितस्य च यः इट् तन्निषेधार्थ च। तथा च अजधातोः थल्प्रत्यये परे वी इत्ययमादेशे उक्तनियमानुसारेण एकाच उपदेशे..... इति निषेधाभावात् इडागमः निर्बाधः इति प्रस्तुतम् ।

सम्प्रति थल्प्रत्यये इडागमस्य भारद्वाजविकल्पं द्योतयितुं तत्प्रयोजकत्वेन पुनः सूत्रद्वयमुपन्यसति। "अचस्तास्वत्थल्यनिटो नित्यम् "[17], "उपदेशेऽत्वतः "[18] इति । अचः तास्वत् थलि अनिटः नित्यम् इति = सूत्रविभागः। परेण उपदेशेऽत्वतः इति सूत्रेण उपदेशे इति अपकृष्यते । तासि च कृपः इत्यतः तासि इति, न वृद्भ्रयश्चतुर्थ्यः इत्यतः न इति, गमेरिट् परस्मैपदेषु इत्यतः इट् इति च अनुवर्तते । तास्वत् इति सप्तम्यन्तात् वतिप्रत्ययः । उपदेशे यः अजन्तः धातुः तासौ नित्यानिट् तस्मात् परस्य थलः इडागमः न भवति इत्यर्थः । यथा तासि नेट् तथा थलि अपि नेट् इति भावार्थः। चिचेथ जुहोथ इत्याद्युदाहरणम् । अत्र क्रादिनियमेन प्राप्तस्य इडागमस्य निषेधः उच्यते। अपरमेकं सूत्रमुपन्यस्तम् उपदेशेऽत्वतः इति । उपदेशे अत्वतः इति च्छेदः । हस्वाकारः अस्य अस्ति इति अत्वान्, तस्य अत्वतः । अचः इति पदं विहाय पूर्वसूत्रे अनुवृत्तं सर्वमपि अत्रानुवर्तते। उपदेशे यः अकारवान् धातुः तस्य तासौ नित्यानिटः परस्य थलः इडागमो न भवति इत्यर्थः । शशक्थ पपक्थ इत्याद्युदाहरणम् । अत्रापि क्रादिनियमेन प्राप्तः इट् न भवति । एवं द्वाभ्यां सूत्राभ्याम् इडागमस्य निषेधे प्राप्ते भारद्वाजेन अत्र नियमः क्रियते "ऋतो भारद्वाजस्य" इति सूत्रेण । भारद्वाजस्य मते ऋदन्तात् धातोः परस्य थलः इडागमो न भवति इत्युच्यते। अर्थात् यदि

इडागमस्य निषेधः भवति तर्हि ऋदन्तादेव धातोः इति नियम्यते । तेन अन्येषाम् अनृदन्तानां धातूनाम् इडागमः भवत्येव इति सिद्धम् । तथा च ऋदन्तभिन्नधातोः परस्य इडागमस्य निवृत्तिः न भवतीति फलति। एवं चात्र भारद्वाजमते अनृदन्तात् धातोः परस्य थलः इडागमः, मतान्तरे तु "अचस्तास्वत्थल्यनिटो नित्यम्", "उपदेशेऽत्वतः" इति इडागमाभावः इति विकल्पः सूचितः। तेन पपिथ/पपाथ, पेचिध/पपक्थ इत्यादीनि वैकल्पिकरूपाणि सिद्ध्यन्ति ।

अयमेव अंशः श्लोकरूपेण प्रतिबद्धः

आजन्तोऽकारवान्वा यः तास्यनिट् थलि वेडयम्।

ऋदन्त ईदृङ्-नित्यानिट् क्राद्यन्यो लिटि सेट् भवेत् ॥ [19]

अत्र "कृस्भृवृस्तुद्रुशुश्शुचो लिटि" "अचस्तास्वत्थल्यनिटो नित्यम्", "उपदेशेऽत्वतः" "ऋतो भारद्वाजस्य" इति सूत्रचतुष्टयस्य सङ्ग्रहः कारिकायां कृतः वर्तते। अत्र ईदृग् इत्यस्य तासौ नित्यानिङ् इत्यभिप्रायः । यः ऋकारभिन्नः अजन्तः तासौ नित्यः अनिट् धातुः, सः थल्प्रत्यये परे वेड् भवति । किन्तु ऋकारान्तः यः नित्यः अनिट् धातुः, सः थल्यपि नित्यः अनिडेव भवति । क्राद्यष्टभ्यः अन्येभ्यः अनिट्-धातुभ्यः थलि इडागमः भवत्येव । ते नित्यं सेटः एव भवन्ति इति आशयः । क्रादयः अष्टौ धातवस्तु नित्यानिडः एव भवन्ति ।

अत्रेदं विचार्यते - कारिकायां क्राद्यन्यः इत्युक्त्या क्रादीनाम् अष्टानां नित्यानिङ्कत्वं सम्पादितम् । किन्तु इदमन्नुपपन्नम् इति शङ्कते । स्तुद्रुस्रुश्रुवः ऋदन्तभिन्नाः इत्यतः, तेभ्यः थलि प्रत्यये परे "अचस्तास्वत्थल्यनिटो नित्यम्" इति निषेधस्य भारद्वाजीयमते अप्रवृत्तत्वात् इड्गिकल्पः अत्रापि प्रसज्येत इति । अतस्तत्रोच्यते ऋदन्तादेव परस्य थलः इण्निषेधः, अनृदन्तात्परस्य तु थलः इण्निषेधः नास्ति इति भारद्वाजीयं मतम् ।

अयम् इण्निषेधः "अचस्तास्वत्थल्यनिटो नित्यम्", "उपदेशेऽत्वतः" इति सूत्रद्वयप्राप्तस्यैव इण्निषेधस्य पक्षे निवर्तकः भवति । न तु कृसृभृवृस्तुद्रुश्रुस्रुवो लिटि इति सूत्रप्राप्तस्य इट्-प्रतिषेधस्यापि निवर्तकः । कुतः एवमिति चेत्, "अनन्तरस्य विधिर्वा भवति प्रतिषेधो वा "[20] इति न्यायानुरोधेन प्रतिषेधः प्रकृते पूर्वतनयोः सूत्रयोरेव भवति । "अचस्तास्वत्थल्यनिटो नित्यम्", "उपदेशेत्वतः" "ऋतो भारद्वाजस्य" इति सूत्रक्रमः वर्तते । कृसृभृवृ.... इति सूत्रस्य तु व्यवहितपूर्वत्त्वात् निषेधः न भवति । तथा सति अजधातोः थल्प्रत्यये परे वीभावे, तस्य अजन्तत्त्वात् तासौ नित्याऽनिङ्कत्वात् च इड्-विकल्पे विवयिथ विवेथ इति सिद्धम् ।

परिशीलितग्रन्थसूची

1 पा, सू 7/2/35

2 पा, सु ७/२/६३

3 पा, सु१/३/१

4 पा, सु 3/1/32

5 पा,सू 3/4/113

6. पा,सु 3/4/114

7. पा, सु 7/2/35

8. पा, सु 7/2/8

9. पा, सु 7/2/10 10 वि.सं 11. वि.सू 1/3/10 12 पा.सू 2/4/56

13. कारिका सिद्धान्तकौमुदी

14 पसु ७/२/१३

15 पा.सू 7/1/11

16 पसु ७५/२/६३

17 पसु ७/९/६१

18 पसु ७/२/६२

19 कारिका सिद्धान्तकौमुदी

20 परिभाषेन्दुशेखरः ६२

*****

'रसीदी टिकट' और 'अक्षरों के साए में'

प्रो. इंदु वीरेंद्रा
प्रोफेसर
हिंदी विभाग
जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली-110025

'रसीदी टिकट' आत्मकथा मूल रूप से अमृता प्रीतम द्वारा पंजाबी भाषा में लिखी गई, जिसका अनुवाद भी बटुक शंकर भटनागर ने किया था। इसका हिंदी रूप एकदम मौलिक लगता है। 'रसीदी टिकट' का अर्थ है रसीदी टिकट की पीठ पर अंकित हो सकने वाली विस्तार और वैविध्यहीन कथा। अमृता प्रीतम ने 'रसीदी टिकट' में अपने जीवन के पूरे दुख दर्द को अत्यंत आत्मीय क्षणों तथा संबंधों को अंकित किया है । 'रसीदी टिकट' ज्ञानपीठ पुरस्कार से पुरस्कृत पंजाबी साहित्य की ख्याति प्राप्त अमृता प्रीतम की आत्मकथा है।

अमृता प्रीतम का विवाह लाहौर के श्री प्रीतम सिंह कवातडा के साथ हुआ। उनकी दो संतानें हुई, बेटी कंधला और पुत्र नवराज । 18 वर्ष तक अमृता, अपने पति के साथ रहने के बाद उनसे अलग हो गई। अमृता मन से साहिर लुधियानवी के प्रति आसक्त थी । साहिर लुधियानवी सुप्रसिद्ध शायर थे। अमृता साहिर लुधियानवी से विवाह करना चाहती थी लेकिन भाग्यवश ऐसा संभव नहीं हो सका। साहिर अमृता के जीवन में नहीं आ पाए, यही टीस उनके मन में थी । जीवन के दुखद प्रसंग हर व्यक्ति के मानस पटल पर अकित रहते हैं। यह अपने संघर्ष के क्षण कभी भी भुला नहीं पाती। वे लिखती हैं कि "मेरे मन को केवल उन्होंने दुखाया है, जिनका मेरी जिंदगी से कोई वास्ता नहीं था। उनके साथ केवल एक ही दुखांत संबंध था कि मैं उनकी समकालीन लेखिका थी । वे ना मेरे पाठक थे और ना जिन्होंन इस पीड़ा में से अपनी मुट्ठी भरनी थी ।"[1]

अमृता प्रीतम का जन्म गुजरांवाला (अब पाकिस्तान) में 31 अगस्त, 1919 ई. में हुआ था। इसके माता-पिता ने अपने होनहार बच्चे का नाम रखा था 'अमृत कौर'। बहुत ही सुंदर थी अमृता । गुजरांवाला में उसका बचपन बीता और प्रारंभिक शिक्षा भी वहीं पर संपन्न हुई और उच्च शिक्षा लाहौर में प्राप्त की। तब उसके यौवन ने भी अंगड़ाई ली। समयोपरांत वहीं पर अमृत कौर, अमृता प्रीतम नाम से प्रसिद्ध हो गई, इसका कारण था अमृत कौर का विवाह सरदार प्रीतम सिंह के साथ होना। वह उस समय लाहौर के अनारकली बाज़ार में अपनी दुकान चलाया करते थे। परंतु भाग्य की विडंबना यह हुई उस दंपति का वैवाहिक जीवन कुछ वर्षों तक ही चल पाया और वे सदा के लिए अलग हो गये। परंतु विलक्षण बात यह थी कि सरदार प्रीतम सिंह अमृता के जीवनांत प्रशंसक बने रहे। उनके वैवाहिक संबंध टूटने के पीछे अमृता के निरंकुश और स्वतंत्र विचार, विभिन्न कलाओं के प्रति तथा लेखन के प्रति समर्पण भाव इत्यादि थे। इसलिए जब उसने समझा कि वैवाहिक जीवन उसके लिए एक तीव्र बाधा है तो उसने पूर्ण स्वतंत्र होकर अपनी कला और लेखन प्रेम में तन्मय हो जाना ठीक समझा। सबसे पहले अमृता को फोटोग्राफी का शौक उत्पन्न हुआ।

उस समय वह अपनी कुमारी अवस्था से ही गुजर रही थी । उसके पिता ने अपनी लाडली बेटी के लिए अपने घर के एक कमरे में ही डार्क रूम आदि की सुविधाएं जुटा दी। वह अपनी आत्मकथा में लिखती है 'नेगेटिव से पॉज़िटिव बनाते समय खाली कागजों पर उभरते चमकते चेहरे एक संसार रचने के समान लगते थे। कुछ अर्से तक इस शौक ने मन को पकड़े रखा, फिर नृत्य की ओर आकर्षण हुआ। लाहौर में तारा चौधरी से कोई 6-8 महीने नृत्य सीखा। पर जब तारा ने स्टेज पर अपने साथ काम करने को कहा तो घर से अनुमति नहीं मिली। शौक मुरझा गया और सूखे पत्ते की तरह ज़मीन पर गिरते ही एक नए बीज के रूप में अंकुरित हुआ, सितार वादन का

शौक । हिंदुस्तान विभाजन के समय तक यह शौक खिले रूप में था। लाहौर रेडियो स्टेशन में कई बार सितार बजाया । मास्टर रामरखा, सिराज अहमद और फीना सितारिया मेरे उस्ताद थे। इसके साथ-साथ टेनिस खेलने की भी ललक थी । लाहौर के लॉरेंस गार्डन के पीछे की तरफ के लॉन पर रोज जाकर टेनिस सीखती। पर देश का विभाजन होते ही यह सब शौक मेरे लिए अजनबी हो गए। इनके लिए जैसी फुर्सत जैसी सहूलियतों की आवश्यकता थी, उनके लिए जीवन में कोई स्थान नहीं रह गया इसलिए यह शौक बेगाने हो गए।

अमृता प्रीतम ने अपनी आत्मकथा 'रसीदी टिकट' में जो घटनाएं दर्ज की है जैसे कि "इस तरह हफ्ते गुज़र जाते, महीने गुज़र जाते, कोई समागम होता तो मे साहिर लुधियानवी की आवाज सुन सकती थी और जब कभी वह आ जाता मेरी काली रातें भी सपनों के पैरों तले चांदनी बिछा देता ।"[2]

1947 ई0 में भारत विभाजन के समय अमृता को जो दुख हुआ, उससे उसका संवेदनशील हृदय चीत्कार कर उठा था। उस समय उसने वारिस शाह को संबोधन कर जो यह कविता कही थी, वह हर पाठक का दिल हिला देने वाली है । पंजाबी (गुरमुखी) पंजाबी (देवनागरी लिप्यान्तरण) हिंदी अनुवाद

अज्ज आखाँ वारिस शाह नूँ कित्थों कबरां विच्चों बोल
ते अज्ज किताब-ए-इश्क दा कोई अगला वरका खोल
इक रोई सी थी पंजाब दी, तू लिख-लिख मारे बैन
अज्ज लक्खां धीयाँ रोदियाँ, तैनू वारिस शाह नु कैन
उठ दर्दमंदां देआ दर्दया, उठ तक्क अपना पंजाब
अज्ज बेले लाशां बिछियाँ ते लहू दी भरी चिनाब

अर्थात आज मैं वारिस शाह से कहती हूँ कि कई कब्रों में से बोलों और इश्क की किताब का कोई अगला पृष्ठ खोलो। पंजाब की जब एक बेटी रोई थी तो तुमने कई दास्तानें लिख डाली थी । आज पंजाब की लाखों बेटियां रो-रोकर वारिस शाह को ढूंढ ढूंढ कर कह रही हैं-हे दर्दमंदों के साथ हमदर्दी करने वाले दोस्त, उठो और अपने पंजाब को देखो। आज पंजाब के वनों और सड़कों पर हजारों लाशें बिखरी पड़ी हैं और चिनाब नदी भी उनके लहू से लाल होकर बह रही है ।

'रसीदी टिकट' में लेखिका ने अपने व्यक्तिगत जीवन के सभी पहलुओं को पूरी ईमानदारी के साथ दिखाया है । एक दिन खुशवंत सिंह ने अमृता से कहा कि "तेरी जीवनी क्या है? बस एक आध हादसा, लिखने लगे तो रसीदी टिकट की पीठ पर लिखी जाए ।"[3]

अमृता जी ने स्वयं स्वीकार किया है कि "'रसीदी टिकट' शायद इसलिए कहा कि बाकी टिकटों का साइज बदलता रहता है पर 'रसीदी टिकट' का साइज वही छोटा ही रहता है । ठीक ही कहा था जो कुछ घटा मन की तहों में घटा और वह सब नज्मों के हवाले हो गया, फिर बाकी क्या रहा ।"[4]

अमृता जी ने समाज की रूढ़िवादी परंपरा का विरोध बचपन में अपनी नानी ते मोर्चा लेकर किया था। बचपन में अपने घर में मुस्लिम लोगों के लिए पानी के अलग गिलास देखकर अमृता के मन में विद्रोह पैदा हुआ, वह अंत तक बना रहा। इसका पता तब लगता है जब एक एक करके तीन व्यक्ति उनके जीवन में आए और वे तीनों मुस्लिम व्यक्ति थे-साहिर, सज्जाद और इमरोज़ ।

अमृता प्रीतम की आत्मकथा पढ़कर उनके जीवन संघर्षों का पता चलता है । लेखिका ने अपने जीवन के पूरे दुख-दर्द को अत्यंत आत्मीय क्षणों तथा संबंधों को सहज भाव से अंकित किया है । प्रसिद्ध साहित्यकार बलवंत सिंह का कहना है कि "मेरे विचार में अमृता जी उन लोगों में से नहीं हैं, जो इस धरती पर अपने इडि गाड़ने आते हैं... अमृता जी उनमें से एक हैं जो अपने दिल पर दुख और दर्द के दाग लेकर इस दुनिया से विदा होते हैं। यह अलग बात है कि अपने पीछे रचनाओं के रूप में कुछ गुलाबी चिन्ह तो जरूर ही छोड़ जाएंगी ।"[5]

1957 में अमृता के जीवन में इमरोज़ (इंद्रजीत) एक संवेदनशील संबल बनकर आया। इमरोज़ अमृता से छोटा था। उन दिनों अमृता के उपन्यास 'डॉक्टर देव' पर वृत्तचित्र बना रहा था। संपर्क में आने के बाद दोनों साहित्यिक पत्रिका 'नागमणि' (मासिक) चलाने लगे, जो 3 वर्ष तक चलने के बाद बंद करनी पड़ी।. इस पत्रिका द्वारा उन दोनों ने युवा वर्ग को पर्याप्त

प्रोत्साहित किया था। उन दिनों अमृता आकाशवाणी, दिल्ली में भी काम कर रही थी । यह काम उसे एम.एस. रंधावा की सहायता से प्राप्त हुआ था। कुछ समय बाद वहाँ से उसने त्यागपत्र दे दिया था। ध्यान देने की बात यह है कि इमरोज़ ने अमृता का साथ उसके अंतिम सांस तक निभाया। उसकी लगभग 2 वर्षों तक गंभीर बीमारी की अवस्था में पूरे समर्पण भाव से इमरोज़ ने उसकी सेवा की। इमरोज़ जैसा समर्पित मित्र पाकर अमृता अपने आपको धन्य समझती थी, क्योंकि इमरोज़ के प्रति अमृता प्रीतम का निश्चल और कुछ विशेष अलौकिक जैसा प्यार भाव था, इसीलिए इमरोज़ ने कवयित्री का अंतिम श्वास तक समर्पण भाव से साथ ही नहीं दिया, अपितु उसको बीमारी की हालत में भी बहुत सेवा की। उसे भावविभोर होकर अमृता ने उसके प्रति अपने कर्तव्य भावना का इन पंक्तियों मे अभिव्यक्ति प्रदान की है :

तो

'मैं तुम्हें फिर मिलूंगी,

कहां? किस तरह? पता नहीं।

शायद तुम्हारी कल्पनाओं का चित्र बनकर,

तुम्हारे कैनवस पर उतरूंगी?

या फिर तुम्हारे कैनवस के ऊपर एक रहस्यमयी लकीर बन कर खामोश

तुम्हे ताकती रहूँगी?"

मैं तुम्हें फिर मिलूंगी।

अपनी आत्मकथा 'रसीदी टिकट' में लेखिका ने अपनी इच्छा (वसीयत) उस प्रकार अभिव्यक्त की है 'मरी हई मिट्टी के पास किसी जमाने में लोग पानी के घड़े या सोने चांदी की वस्तुएं रखा करते थे। ऐसी किसी चीज में मेरी कोई आस्था नहीं है, पर हर चीज़ के पीछे आस्था का होना आवश्यक नहीं होता। चाहती हूँ इमरोज मेरी मिट्टी के पास मेरा कलम रख दे।'

अपनी आत्मकथा 'रसीदी टिकट' में अमृता प्रीतम मानवीय जीवन को एक किताब के रूप देकर उसमें बचपन से लेकर बुढ़ापे तक घटित घटनाओं का प्रतिबिंब लेखा-जोखा इस पकार से अभिव्यक्त करती हुई लिखती हैं :

"तुम मिले

तो कई जन्म

मेरी नब्ज में धड़के

तो मेरी साँसों ने तुम्हारी साँसों का घूँट पिया

तब मस्तक में कई काल पलट गए... एक गुफा हुआ करती थी

जहाँ मैं थी और एक योगी

योगी ने जब बाजुओं में लेकर मेरी साँसों को छुआ तब अल्लाह कसम !

यही महक थी जो उसके होठों से आई थी...

यह कैसी माया कैसी लीला

कि शायद तुम ही कभी वह योगी थे

या वही योगी हैं...

जो तुम्हारी सूरत में मेरे पास आया है

और वही मैं हूँ... और वही महक है...।'

जिंदगी जाने कैसी किताब है,

जिसकी इबारत अक्षर-अक्षर बनती है,

और अक्षर-अक्षर टूटती,

बिखरती और बदलती है...

और चेतना की एक लंबी यात्रा के

बाद एक मुकाम आता है, जब

अपनी जिंदगी के बीते हुए काल का,

उस काल के हर हादसे का,

उसकी हर सुबह की निराशा का,

उसकी हर दोपहर की बेचैनी का,

उसकी हर संध्या की उदासी का,

और उसकी जागती रातों का

एक वह जायजा लेने का सामर्थ्य पैदा होता है

जिसकी तशरीह में नए अर्थों का जलाल होता है,

और जिसके साथ हर हादसा एक वह-

कड़ी बन कर सामने आता है

जिस पर किसी 'मैं' ने पैर रखकर मैं के

पार जाना होता है।"[6]

'अक्षरों के साये'

अमृता प्रीतम ने 'रसीदी टिकट' के 20 वर्ष बाद 'अक्षरों के साये' शीर्षक से अपनी आत्मकथा का द्वितीय खंड लिखा। लेखिका ने इस आत्मकथा में बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक की समग्र यादों को चित्र सहित उकेरा है। आत्मकथा के फ्लैप पर प्रकाशन का मंतव्य है कि "बचपन से आज तक के अपने जीवन के सभी अध्याय और अनुभवों को वह किसी न किसी साये के तले जिया गया मानती है--जैसे जन्म लेते ही मौत के साये, फिर हथियारों, अक्षरों, सपनों, स्याह ताकतों और चिंतन के साये।"[7]

अमृता प्रीतम की आत्मकथा 'अक्षरों के साये' एक अंतरयात्रा राजपाल एंड संस द्वारा 2011 में प्रकाशित हुई। बचपन से आज तक के अपने जीवन के सभी अध्यायों और अनुभवों को वे किसी न किसी साये के तले जिया गया मानती हैं। यह पाठक के सामने एक नितांत नवीन दुनिया के भीतर झांककर देखने की उनकी अदम्य इच्छा को व्यक्त करता है। आत्मकथा के आरंभ में ही स्वयं अमृता प्रीतम जी ने लिखा है :

'घर, समाज, मजहब और सियासत के नाम पर दरो-दीवार पर जो साये लिपटते रहे... कुछ उनकी बात करती यह पुस्तक-एक उस मुकाम पर पहुंचती है-जहां अंतर्चेतना के साये अक्षरों में उतरते हैं

चेतना का नादमय होना अक्षरों में ढलता नहीं फिर भी उसकी बात हुए यह कुछ पृष्ठ हैं

जिन्हें एक अंतर्यात्रा कह सकती हैं'

आत्मकथा का आरंभ 'मौत के साये' से होता है तथा शक्ति कणों के साये पर समाप्त होता है। कुल 13 अध्यायों में प्रत्येक अध्याय में कोई ना कोई साया

लेखिका के साथ रहा है। पूर्व जन्म का साया अध्याय में लेखिका ने अपने और ताहिर के प्रेम को जवाहरलाल नेहरू और एडविना के प्रेम के समान उच्च कोटि का रूहानी प्रेम बताया है, जिसमें सिर्फ मन है तने नहीं। जैसा कि उन्होंने लिखा है- 'नेहरू और एडविना के बरसो लंबे रिश्ते में, कभी खंडहरात में, कभी फूलों की वादियों में बैठी हुई-वह घड़ियां आईं, जिनको किसी रिश्ते का नाम नहीं दिया जा सकता- उनके रिश्ते में तन नहीं रहे थे, सिर्फ मन था, जिसे धड़कते हुए कुछ धरती ने सुना कुछ आकाश ने...

मेरा और साहिर का रिश्ता भी कुछ इसी रोशनी में पहचाना जा सकता है - जिसके लंबे वर्षों में कभी तन नहीं रहा- सिर्फ मन था जो नज़्मों में धड़कता रहा.

... अमृता प्रीतम और साहिर की मोहब्बत में जो रूहानी अहसास था, वैसी मिसालें कम ही मिलती हैं। 'रसीदी टिकट' के उन पन्नों पर अगर ढ़ेर सारी अमृता बिखरी हैं तो साहिर भी यहाँ-वहाँ, मुड़े-तुड़े, ज़र्द पन्नों में सामने आ जाते हैं, वो जब भी आते हैं, तो आप इन दोनों से बेतरह इश्क करने लगते हैं। इसी किताब में अमृता लिखती हैं- 'लाहौर में जब कभी साहिर मिलने आता तो ऐसा लगता था जैसे मेरी खामोशी का ही एक टुकड़ा मेरी बगल वाली कुर्सी पर पसर गया है और फिर अचानक उठकर चला गया। वो चुपचाप सिर्फ सिगरेट पीता रहता। कोई आधा सिगरेट पीकर राखदानी में घुसा देता था। फिर नई सिगरेट सुलगा लेता। उसके जाने के बाद, सिर्फ सिगरेट के बड़े-बड़े टुकड़े कमरे में रह जाते। मैं इन सिगरेटों को हिफाजत से उठाकर अलमारी में रख देती। जब कमरे में अकेली होती तो उन सिगरेटों के टुकड़ों को एक-एक कर जलाती थी। जब उंगलियों के बीच पकड़ती तो ऐसा लगता कि मैं उसकी उंगलियों को छू रही हूँ। मुझे धुएं में उसकी शक्ल दिखाई पड़ती। सिगरेट पीने की आदत मुझे ऐसे ही लगी।'

लेखिका ने आत्मकथा में विभिन्न जगहों पर अपनी भावनाएं नज्म के रूप में लिखी हैं दुनिया में रिश्ता एक ही होता है तड़प का, विरह का, हिचकी का और शहनाई का, जो विरह की हिचकी में भी सुनाई देता है- यही रिश्ता साहिर से भी धा, इमरोज़ से भी है- यह साहिर की मोहब्बत थी जब लिखा-

फिर तुम्हें याद किया,

हमने आग को चूम लिया इश्क ज़हर का प्याला सही मैंने एक घूंट फिर से मांग लिया इमरोज़ के लिए लिखा-

'कलम ने आज गीतों का काफिला तोड़ दिया मेरा इश्क यह किस मुकाम पर आया है उठोः अपनी गागर से- पानी की कटोरी दे दो मैं राहों के हादसे, उस पानी से धो दूंगी-

अमृता प्रीतम लिखती हैं- 'मैं बहुत छोटी थी जब माँ नहीं रही- तो रात को जब मैं छत पर सोती, लगता-चांद पर मेरी माँ का नाम लिखा हुआ है। चांद की छाती पर पड़े हुए जिन दो अक्षरों के साये दिखाई देते, वे दो अक्षर 'र' और 'ज' थे। मेरी मां का नाम राज था, और इन्हीं दो अक्षरों का साया मुझे चांद में दिखाई देता रहा। उठते हुए जवानी के साथ, उन्ही दो अक्षरों में एक अक्षर और मिल गया 'न' और मुझे लगता, जिसके नाम के तीन अक्षरों का साया चांद पर दिखाई देता है, वह राजन ज़रूर कहीं इस दुनिया में होगा, जो कभी मुझे मिलेगा। जिस तरह गीली मिट्टी पर से गुज़रने वालों के पैरों के निशान वहां पड़े हुए दिखाई देते हैं, ठीक उसी तरह मुझे चांद में उसका नाम दिखाई देता और मैं सोचती वह कभी एक मोहब्बत बनकर जाने किन राहों से गुज़रता हुआ मेरी जिंदगी में आएगा। मैं जिंदगी भर अक्षरों को कागज पर उतारती रही, लेकिन एहसास वही बना रहा कि सारे अक्षर चांद पर से गिरते हैं। इसलिए एक बार कहा

खामोशी के पेड़ से मैंने
ये अक्षर नहीं तोड़े
ये तो जो पेड़ पर से झड़े
मैं वही अक्षर सुनती रही...

अमृता प्रीतम बचपन से ही संकट की घड़ियों और अभाव के स्वरों को अपने भीतर सिगरेट के धुएं के समान उम्र भर पीती रही थी, जिनमें से कुछ उसका भोगा हुआ यथार्थ बनकर उसकी संवेदनात्मक भाव भूमि में उथल-पुथल मचा कर उसकी कलम से होकर ऐसे ही कोरे कागजों पर गिरकर अंकित हुई जैसे जले हुए सिगरेट की

राख झढ़ती है :

'एक दर्द था
जो सिगरेट की तरह मैंने चुपचाप पिया है।
सिर्फ कुछ कविताएं
जो सिगरेट से मैंने राख की तरह झाड़ी हैं।

संदर्भ ग्रन्थ

1. रसीदी टिकट, अमृता प्रीतम, पृ. 19
2. रसीदी टिकट, अमृता प्रीतम, पृ. 24
3. आधुनिक समाज की नारी चेतना, डॉ. सुशील वर्मा (शोध प्रबंध) पृ. 20
4. आधुनिक समाज की नारी चेतना, डॉ. सुशील वर्मा (शोध प्रबंध) पृ. 20
5. आधुनिक समाज की नारी चेतना, डॉ. सुशील वर्मा (शोध प्रबंध) पृ. 21
6. रसीदी टिकट, अमृता प्रीतम, मुखपृ. की दूसरी ओर से
7. अक्षरों के साये में, अमृता प्रीतम, आत्मकथा के फ्लैप पर प्रकाशित

*****

मोहनदास नैमिशराय के 'आग और आंदोलन' काव्य-संग्रह में दलित समाज

- डॉ. सन्मुख नागनाथ मुच्छटे
सहयोगी प्राध्यापक,
हिंदी विभाग,
श्री छत्रपती शिवाजी महाविद्यालय,
उमरगा, जिला धाराशिव।
मो. नंबर:९६८९०६३७१५
Email-sunmukhm@gmail.com

प्रास्ताविक: आधुनिक हिंदी साहित्य में मोहनदास नैमिशराय एक विशिष्ट और सशक्त नाम है। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं।उन्होंने कविता, उपन्यास, नाटक, कहानी, आत्मकथा तथा पत्रकारिता इन विधाओं में अपनी रचनाओं का सृजन किया हुआ है। हिंदी साहित्य में दलित साहित्य को जिन रचनाकारों ने ध्वनि दी है, उनमें मोहनदास नैमिशराय जी का योगदान विशेष माना जाता है। उन्होंने न केवल एक लेखक और विचारक के रूप में अपनी पहचान बनाई, बल्कि एक प्रभावशाली कवि के रूप में भी समाज से उपेक्षित लोगों की वेदना और व्यथा को अपनी कविताओं के द्वारा सशक्त वाणी देने का प्रयास किया है। ये कविताएं दलित चेतना, सामाजिक न्याय, अस्मिता, विद्रोह और आत्मसम्मान से परिपूर्ण हैं और उसमें इन समस्त तथ्यों का स्पष्ट दर्शन होता है।उनकी कविताओं में हमें कहीं पर भी काल्पनिकता या मनोरंजकता परिलक्षित नहीं होती,बल्कि उनका काव्य समाज की यथार्थशीलता पर सृजित हुआ है। उनमें कहीं पर भी भावों की स्निग्धता दृष्टिगोचर नहीं होती।मोहनदास नैमिशराय की समस्त कविताएँ दलित समाज को पूर्ण रूप से अभिव्यक्त करने में सक्षम हैं। एक तरह से ये कविताएं दलित-साहित्य की आत्मा हैं। ये कविताएं पाठकों के सम्मुख केवल रचनाओं के रूप में प्रकट नहीं होती बल्कि एक आंदोलन के रूप में प्रस्फुटित होती है।इन रचनाओं में सामाजिक परिवर्तन, न्याय, समानता और दलित अस्मिता का प्रखर स्वर व्यक्त होता है। मोहनदास नैमिशराय की कविताएँ केवल साहित्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन रचनाओं में हमें सामाजिक सरोकार की झलक भी स्पष्ट दिखाई देती है। मोहनदास नैमिशराय की कविताएं सामाजिक अभिलेख हैं। फलस्वरूप इन कविताओं में विचार, प्रतिरोध और आत्मबोध की अभिव्यक्ति का दर्शन होता है। मोहनदास नैमिशराय के कारण हीआधुनिक हिंदी साहित्य में 'दलित-साहित्य' को विशेष स्थान प्राप्त हुआ।

मोहनदास नैमिशराय के 'आग और आंदोलन' काव्य-संग्रह में दलित समाज : मोहनदास नैमिशराय द्वारा लिखित "आग और आंदोलन" काव्य- संग्रह दलित साहित्य की एक क्रांतिकारी कृति मानी जाती है। इस संग्रह की रचनाएं केवल 'कविता' रूप में पाठकों के सामने नहीं आती,बल्कि इन कविताओं में एक चेतना, प्रतिरोध और परिवर्तन का चित्र भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इस संग्रह में संकलित कविताएँ कवि की दलित चेतना, सामाजिक दृष्टि, और आत्मसंघर्ष का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस संग्रह की कविताओं में मोहनदास नैमिशराय जी ने केवल अपने व्यक्तिगत अनुभूति को अभिव्यक्त नहीं किया हुआ है,बल्कि उनमें उन्होंने तत्कालीन सामाजिक और राजनीतिक परिवेश पर भी टिप्पणी की है। हिंदी दलित काव्यधारा में प्रस्तुत काव्य- संग्रह मील का पत्थर माना जाता है। मोहनदास नैमिशराय के पूर्व समाज से उपेक्षित दलित समाज के प्रति संवेदनशीलता के साथ किसी ने सोचा नहीं था। वे एक कवि नहीं, बल्कि विचारक, लेखक, आंदोलनकारी के रूप में आधुनिक हिंदी साहित्य में प्रकट होकर अपने साहित्य में समाज से उपेक्षित दलित समाज की आवाज को न केवल शब्द दिए, बल्कि उसे राष्ट्रीय विमर्श में केंद्र में भी लाकर खड़ा किया। इसीलिए उन्हें दलित आंदोलन का स्तंभ माना जाता है। उन्होंने विविध सामाजिक संगठनों, आंदोलनों और संगोष्ठियों के माध्यम समाज से उपेक्षित लोगों में जन-जागृति की। उनकी कविताएं केवल मनोरंजन नहीं करती,बल्कि जागृति और परिवर्तन की प्रेरणा भी देती है। 'आग और आंदोलन' काव्य-संग्रह का प्रकाशन सन् २००० में हुआ है। प्रस्तुत संग्रह में ४९ कविताएं संकलित हैं। इस काव्य संग्रह में संकलित कविताएं कवि ने सन् १९६० से लेकर सन् १९९८ के विस्तृत अंतराल में लिखी हुई है। प्रस्तुत कविताएं इस संग्रह के पूर्व देश की विविध पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई थी। इस काव्य संग्रह के विषय विविध हैं। जैसे- गरीबी,दलित उत्पीड़न, दलित समाज की स्थिति, मनुष्य की क्षुद्रता, राजनीति,औद्योगिकरण, विभिन्न समस्याएं आदि। कवि ने अपने जीवन में जो कुछ देखा और भोगा है, उसी को प्रस्तुत काव्य संग्रह में शब्दबद्ध करने का प्रयास किया है। इस संदर्भ में शांति स्वरूप बौद्ध लिखते हैं कि-"प्रस्तुत रचना वास्तव में काव्य संग्रह कम किंतु उनके जीवन का सफरनामा अधिक है।इस प्रस्तुति के माध्यम से आपको उस आग का सामना करना पड़ेगा जो इनके हृदय में तीन-चार दशक से धमक रही है और बीच-बीच में आंदोलन के रूप में प्रगट होती रही है।"[१] वर्तमान समय में महानगरों में मनुष्य के

अकेलेपन की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। महानगरों में भीड़ तो है, लेकिन मनुष्य अकेला है। वहां पर जीवन की गति अत्याधिक तेज है। समय की कमी के कारण मनुष्य अपने आप में मग्न है। फलस्वरूप उसका ध्यान स्वयं पर ही केंद्रित है। अन्य लोगों की संवेदनाओं के साथ उसका कुछ लेना- देना नहीं है। इस यांत्रिक भावना के बढ़ते वह दूसरों में किसी भी प्रकार की रुचि नहीं लेता। इसलिए नगरीय जीवन के भीड़ में मनुष्य के अकेलेपन की विडंबना आज के शहरी जीवन की एक गहरी सच्चाई है। मनुष्य इस नितांत अकेलेपन का अनुभव भौतिक स्तर पर तो लेता ही है, परंतु मानसिक और भावनात्मक स्तर पर इसका अनुभव उसको अधिक मात्रा में होता है। इस काव्य- संग्रह की प्रथम कविता में कवि ने महानगरीय जीवन में व्याप्त मनुष्य के अकेलेपन की समस्या पर प्रकाश डाला है। मुंबई जैसे विशाल महानगर में मनुष्य का मूल्य नहीं के बराबर है। यहां पर मानवीय मूल्यों का दर्शन कहीं पर भी नहीं होता। मोहनदास नैमिशराय जी ने अपनी कविता 'एक व्यक्ति सड़क पर' में इसी मुंबई शहर के रास्ते पर पड़े व्यक्ति के पास से अनेक लोग गुजरते हैं, लेकिन कोई उसकी ओर ध्यान नहीं देता,न ही उसकी वेदना को समझने या जानने की कोशिश करता है। कवि को यह बात अमानवीय लगती है। इस संदर्भ में वह कहते हैं कि- "पहली बार उस आदमी को देखकर मेरे भीतर से कविता उभरी थी। वह कविता फुटपाथ पर पड़े आदमी को घंटों टकटकी लगा कर देखने-महसूसने के बाद लिखी थी। जैसे उस आदमी के रूप में समूचा महानगर मेरे सामने आकर ठिठक गया था। और मैं उसी महानगर का पोस्टमार्टम करने में जुट गया था।"[२] महानगरीय मनुष्य के अकेलेपन की अनुभूति को उन्होंने अपनी दूसरी कविता 'ओह कलकत्ता' में भी शब्दबद्ध किया है। प्रस्तुत कविता में कवि ने भीड़ में खोते हुए मनुष्य के प्रति सकारात्मक अपेक्षा को अपनाया है। अपनी अपेक्षा को व्यक्त करते हुए कवि कहते हैं कि-

" मुझे भीड़ में

उस आदमी की तलाश है
जो भीड़ में सूरज की तरह
अस्त तो हो
पर उसमें हर सुबह
उगने की भी क्षमता रहे!"[३]

हमारे समाज में गरीबी और भूख से पीड़ित लोगों की संख्या कम नहीं है। वास्तव में गरीबी और भूख दोनों भी मानवता के सबसे बड़े शत्रु हैं।इनमें सिर्फ और सिर्फ वेदना ही है। इनके द्वारा मनुष्य को अपने जीवन में विविध अवसरों से वंचित हो जाने की गहरी त्रासदी है। नैमिषराय जी ने 'खून और शहद' नामक कविता में पेट की भूख को ठंडा करने के लिए मनुष्य और कुत्तों के बीच की लड़ाई को चित्रित किया है। इस लड़ाई में कुत्ते मनुष्य को काटते हैं और उसकी वजह से जो घाव बनते हैं, उनसे रिसनेवाला खून उनके बच्चे शहद समझकर चाटने लगते हैं और उन घावों की और देखने की फुर्सत भी मनुष्य के पास नहीं है। अर्थात इतना वह उस कार्य में रत है। उसको भूख के सामने अपनी जान की कोई कीमत नहीं है। इस संदर्भ में कवि कहते हैं-

"पर उन्हें लगी है पेट की
मिटाने की अपनी भूख
और फिर कुत्तों की झूठी पतलें
चाट रहा है
यही मानव आज का।"[४]

देश में औद्योगिकरण और नगरीकरण के कारण आधुनिकता, प्रगति और विकास चरम उत्कर्ष पर है, लेकिन उसके प्रभाव स्वरूप हमारे देश की पारंपारिक ग्राम सभ्यता ध्वस्त होती जा रही है। हमारे देश की पहचान हमारी ग्राम सभ्यता है, क्योंकि हमारा ग्राम जीवन आत्मनिर्भर, शांतिपूर्ण और प्रकृति के निकट है, आज वह औद्योगिकरण और नगरीकरण के कारण संकट के दौर से गुजर रहा है। इसका असर मनुष्य और उसके जीवन पर भी हो रहा है। प्रस्तुत काव्य-संग्रह की 'मेरा गांव' कविता में कवि ने इसी बात को उजागर करने की कोशिश की है। उन्होंने लिखा है कि-

"नाचने लगी भूख
उजाड़ने लगे पनघट/ चौपाल
बिखरने लगे कच्चे घर
गायब होने लगी भैंस/गाय/ बकरी
और इन सबके बीच आदमी।"[५]

औद्योगिकरण और नगरीकरण के कारण दलित समाज का पारंपारिक व्यवसाय समाप्त हो गया है। ये पारंपारिक व्यवसाय ही उनके जीविकार्जन के मूल साधन थे। इनके समाप्त होते ही दलित समाज को अपनी रोजी-रोटी की तलाश के लिए शहरों में जाकर बसना पड़ा। इनको अब अपना अस्तित्व स्वयं बनाना होगा। लेकिन यह काम सरल नहीं है, क्योंकि समाज में इन दलितों का शोषण करने वाला वर्ग ताकतवर है और उन्हें हर समय दलित समाज का शोषण करना अच्छा लगता है। यह परंपरा हमारे समाज में सदियों से चलती आ रही है।

भारतीय समाज घोर जाति-व्यवस्था के जंजीरों में जखड़ा हुआ है। प्राचीन काल से हमारा समाज इस व्यवस्था से ग्रासित है। फलस्वरूप आज भी हमारे समाज में मनुष्य का मूल्य उसके कर्म से नहीं,बल्कि जाति से निश्चित होता है। इस समस्या से समाज का एक वर्ग इतना दबा हुआ है कि उसको आज भी अपनी पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करना पड़ता है। प्रस्तुत संग्रह की 'बागमती रेल दुर्घटना के आसपास' कविता में नैमिषराय जी ने जाति-व्यवस्था से प्रभावित जन-मानसिकता को अभिव्यक्त किया है। रेल दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु हुई है। मृत शरीर पानी में तैर रहे हैं।लेकिन भीड़ उसको चुपचाप देख रही है, क्योंकि भीड़ के मन में मृत

लोगों की जाति जानने की उत्सुकता है।भीड़ के कुछ लोग उन मृत लोगों की जेब टटोलने का काम करते हैं। इस पर पूरी सरकारी व्यवस्था उदासीन है। इस उदासीनता को व्यक्त करते हुए कवि लिखते हैं कि-

"बंद कमरों में
मृतकों की संख्या घटाते हुए लोग
लाशों की मौन अनुमति
औपचारिकता निभाते लोग।"[६]

हर वर्ष हमारे देश में दलित उत्पीडन की अनेक घटनाएं घटित होती हैं।उनमें अधिकतर घटनाएं दलित महिलाओं से संबंधित होती हैं। भारतीय समाज में दलित महिलाएं सभी दृष्टियों से उपेक्षित हैं।वे जाति, वर्ग और लिंग—तीनों स्तरों पर अत्याचार और भेदभाव का सामना करती हैं। यह उत्पीड़न उन्हें समाज के निम्न स्तर की ओर अग्रसर कर देता है। भारतीय समाज में सवर्ण जाति के पुरुष इन दलित महिलाओं को अपने अहंकार और हिंसा से प्रभावित करते हैं। इससे दलितों की अवस्था दयनीय बनी हुई है।कवि दलित उत्पीड़न की घटनाओं से अस्वस्थ हैं और उनका मन विद्रोह की भावना से उद्दीप्त बना हुआ है। अपनी इसी उद्दीप्त विद्रोही भावना को 'ज्वालामुखी' नामक कविता में व्यक्त करते हुए लिखा है कि-

"धर्म भूख और राजनीति
जब मौत के सौदागरों की रखैल बनेगी।
तब पेड़ों पर विषैले फल उगेंगे
और खेतों में क्रांति की फसल लहराएगी
मंदिर,मस्जिद और गुरुद्वारों में
खून की स्याही ही से
जब अनगिनत किताबें लिखी जाएगी
जिन्हें पढ़कर नई पीढ़ी
बंदूक के बिना बातें भी नहीं करेगी।"[७]

गरीब मजदूर लोगों को जब कोई काम नहीं मिलता तब उन्हें अपनी पेट की भूख मिटाने के लिए काम मिलने का इंतजार करना पड़ता है। क्योंकि इसी पर उनका जीवन आधारित है। इस भावना को व्यक्त करते हुए कवि लिखते हैं कि-

"अपने-अपने सपनों के साथ
तपती दोपहरी में
उनकी आंखें फिर ढूंढेंगी
मुट्ठी भर भूख के लिए काम।"[८]

भारतीय समाज में सदियों से शोषक वर्ग वेदों और पुराणों के माध्यम से दलित समाज का शोषण करता आ रहा है। शोषक वर्ग ने वेदों और पुराणों की अपने ढंग से व्याख्या की और उनके द्वारा सामाजिक व्यवस्था में स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करने का प्रयास किया है। शोषक वर्ग ने धार्मिक ग्रंथो के द्वारा दलितों को 'नीच' और 'अस्पृश्य' सिद्ध किया है। इसके मूल में शोषक वर्ग की मानसिकता वर्णव्यवस्था को कठोर और स्थायी बनाने की थी। धीरे-धीरे दलित समाज में वैचारिक जागृति आती गई और उन्होंने वेदों,पुराणों और शोषक वर्ग के महत्त्व को नकारना शुरू किया। उनके प्रति दलित समाज में तीव्र असंतोष निर्माण हुआ। दलित समाज अपने ऊपर हुए अन्याय-अत्याचार का प्रतिशोध लेना चाहता है। इसलिए वे इस शोषण की व्यवस्था को ही ध्वस्त करना चाहते हैं। सदियों से होते आ रहे दलित समाज के शोषण से कवि अस्वस्थ हैं। कवि ने दलित समाज की शोषण व्यवस्था को ध्वस्त करने की अनुभूति को व्यक्त करते हुए लिखा है कि-

"भट्टी बन उठता हूं
मैं तब
विस्फोट की तैयारी में
उनकी स्मृतियों के
दहन हेतु!"[९]

आज वर्तमान समाज में शोषकों के वंशजों द्वारा दलित समाज का विविध पद्धति से शोषण किया जा रहा है। नैमिशराय जी ने इस अत्याचार को व्यक्त करते हुए लिखा हैं कि-

"जब उनके वंशज हमला करते हैं
गांव में घर जलाते हैं
रौंदते हैं वे
हमारी अस्मिता को।"[१०]

दलित उत्पीड़न की घटनाओं को राजनीतिक नेताओं का भी समर्थन है। उनके द्वारा केवल दलितों को झूठी सांत्वना दी जाती है। इस बात को दलित समाज समझ गया है।उसकी चेतना जागृत हुई है। वह अब शोषकों का अत्याचार सहने वाला नहीं है। उनके अंदर प्रतिशोध की भावना निर्माण हुई है। कवि ने उस प्रतिशोध की भावना को व्यक्त करते हुए लिखा है कि-

"औरतों की आंखों में
अब आक्रोश तैरने लगा है गांव में शांति है
बच्चों ने
अपने-अपने माथे पर
खून के टीके लगा लिये हैं।"[११]

दलित समाज अपने अस्तित्व और अस्मिता के प्रति सचेत हुआ है। फलस्वरूप वे शोषकों की शोषण करने वाली संस्कृति को ध्वस्त करने के लिए तैयार हैं। उनकी इसी भावना को शब्दबद्ध करते हुए कवि लिखते हैं कि-

"अंबेडकर बनकर
लात मारेगा हर दलित

तुम्हारे देवी-देवताओं पर
भीख मांगेंगे तब तुम
और दलित फैसला करेगा।"[१२]

दलित समाज का स्वप्न था कि देश स्वतंत्र होने के बाद हमारा जीवन बदल जाएगा और हमें शोषण से मुक्ति मिलेगी।लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिक नेताओं ने भी दलित समाज के साथ बेईमानी की। परिणामस्वरूप दलित समाज का स्वप्न-भंग हो गया। आज भी दलित समाज के सम्मुख कल के रोटी की चिंता है। इससे त्रस्त होने के कारण वे सुख की नींद नहीं ले पाते।इस संदर्भ में कवि लिखते हैं कि-

"सूरज तो बाद में उगता है
हमारे बीच पहले ही कांटे उगने लगते हैं
याद करके कि
कोई हमें फिर गाली देगा साल कहेगा
हमारी मां-बहन के
कपड़े उतारेगा।"[१३]

आज देश की समस्त व्यवस्थाओं में मनुवादी लोग बैठे हुए हैं। ये मनुवादी लोग दलित समाज को आगे आने ही नहीं दे रहे हैं। इसलिए कवि चाहता है कि अब शब्दों का आंदोलन करने की आवश्यकता है। कवि को लगता है कि दलितों की वेदना को शब्दबद्ध करने से उसकी गूंज चारों ओर फैलेगी। शब्द चोट करते हैं,शब्दों के प्रतीक पुरुष होते हैं।शब्दों से अपनी वेदना अभिव्यक्त करते हुए कवि कहते हैं कि-

"दलितों के सीने जब
छलनी होते हैं
शब्द उभरते हैं
शब्द बनते हैं धारदार
जहर बुझे चाकू की तरह।"[१४]

कवि का अपने शब्दों पर इतना भरोसा है कि शब्दों से ही क्रांति आ सकती है और दलित समाज का जीवन खुशहाल बन सकता है। इस विश्वास को शब्दों में अभिव्यक्त करते हुए वे लिखते हैं कि-

"क्रांति हथियारों से नहीं
शब्दों से ही आती है।"[१५]

आज वर्तमान समाज में नेताओ के द्वारा जनता के साथ की गई बेईमानी एक गंभीर सामाजिक, नैतिक और राजनीतिक समस्या है। यह न केवल लोकतंत्र की नींव को कमजोर करती है, बल्कि जनता का भरोसा, सहभागिता और आत्मविश्वास को भी तोड़ देती है। चुनाव के पूर्व नेता गण जनता को विविध प्रकार के सपने दिखाते हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव में जीत हासिल करते हैं तो उनके कथनी और करनी में अंतर दिखाई देता है। कवि ने इसका चित्रण 'पानी अब कुएं पर नहीं मिलता'इस कविता में किया है। जनता के साथ बेईमानी करने वाले और उनके सपनों को तोड़ने वाले नेताओं को शब्दों मे बध्द करते हुए कवि लिखते हैं कि-

"वे हर सदी/ हर साल/ हर माह
और हर रात और दिन में भी आएंगे
और हमें सपने दे जाएंगे।"[१६]

हमारा समाज सामाजिक और आर्थिक विषमता से परिपूर्ण है। आज समाज में सांप्रदायिकता के नाम पर दंगे हो रहे हैं। इससे समाज की एकता खंडित हो रही है। सांप्रदायिकता एक सामाजिक-राजनीतिक विचारधारा है, जिसमें व्यक्ति या समूह अपने धर्म, जाति या संप्रदाय के हितों को सर्वोपरि मानकर दूसरों के प्रति असहिष्णुता या द्वेष का भाव रखता है। इस भावना के फलस्वरूप समाज में संघर्ष और हिंसा परिलक्षित होती है। यह भावना मानवीयता के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस काव्य-संग्रह की कुछ कविताओं में सांप्रदायिकता का वर्णन हुआ है। जैसे-

"दंगे क्यों होते हैं बार-बार?
जुम्मन का घर क्यों जलता है,
हरिया की बेटी को अगवा कौन करता है?"[१७]

राजनीति और सांप्रदायिकता का निकटतम संबंध है। इन दोनों के बीच के संबंधों को विश्व के अनेक राष्ट्रों में देखा जा सकता है। इससे भारत भी अछूता नहीं है। जब राजनीति का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति हो जाता है, तब वह जनता की भावनाओं और अस्मिता से खेलने लगती है और वहीं से सांप्रदायिकता राजनीति का औजार बन जाती है। इसके आधार पर अनेक राजनीतिक दल अपने स्वार्थ की पूर्ति कर लेते हैं। लेकिन इन दोनों के बीच का यह संबंध लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक है। पहले राजनीतिक दल अपनी इच्छापूर्ति के लिए समाज में दंगे करवाते हैं और बाद में शांति मार्च का आयोजन करते हैं। इस संदर्भ में कवि की इन पंक्तियों को देखिए-

"पहले सांप्रदायिक दंगे कराओ
फिर शांति मार्च के ढेर सारे आयोजन।"[१८]

इन सांप्रदायिक दंगों में केवल सामान्य आदमी मरता है, राजनीतिक नेता नहीं। वे केवल लोगों को आस्था के नाम पर आपस में लड़वाते हैं। इस कटु सत्य की अभिव्यक्ति करते हुए कवि कहते हैं कि-

"घर-घर जाकर लोगों
कोई रोटी नहीं बांटता
ढेर-सारे त्रिशूल/चाकू/ दस्ती बम
बिन मांगे मिल जाते हैं।"[१९]

. वर्तमान महानगरों में अपराध और गुंडागर्दी एक संगठित स्वरूप ले चुकी है।अब इन गुंडों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है। राजनीतिक नेता इन गुंडों के द्वारा अपना स्वार्थ पूर्ण कर लेते हैं। प्रस्तुत संग्रह की 'दास्तान' कविता इसी तथ्य को उजागर करती है।किसी भी राष्ट्र और समाज के निर्माण के मूल में कुछ मूलभूत नैतिक मूल्य होते हैं। इन्हीं मूल्यों के धरातल पर एक अच्छे राष्ट्र और समाज का निर्माण हो सकता है। लेकिन वर्तमान समय में इन नैतिक मूल्यों का तेजी से ह्रास हो रहा है। परिणामस्वरुप राष्ट्र और समाज पतन की ओर अग्रसर हो रहा है। कवि

मोहनदास जी ने 'मृत्यु- उत्सव' कविता में सार्वजनिक जीवन में बढ़ती मूल्यहीनता को प्रस्तुत किया है। कवि कहते हैं कि-

"रेडियो,टीवी से
मृत्यु संगीत सुनकर बोर होते हैं
घर-घर में ब्लू फिल्म देखते हैं,
दुआ करते हैं
फिर कोई मरे।"[२०]

कवि मोहनदास नैमिशराय अपने परिवेश के प्रति सजग हैं। परिवेश में स्थित प्रत्येक वस्तु की उन्हें चिंता है। उनके प्रति कवि के मन में आत्मीयता का भाव है। कवि की अपने परिवेश के प्रति सजगता 'पड़ोस की लड़की' कविता में व्यक्त होती है। कवि को अपने पड़ोस में रहने वाली लड़की कई दिनों से दिखाई नहीं देती तब उनको उसकी चिंता लग जाती है। फिर वे उसके संदर्भ में सोचने लगते हैं। 'पहाड़ तुम कब बदलोगे?' कविता में कवि पर्यावरण की चिंता करते हुए दिखाई देते हैं। अर्थात कवि अपने परिवेश में निहित सजीव-निर्जीव वस्तुओं के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। इन सबके प्रति कवि के मन में आत्मीय संवेदना हैं। कवि के मन में बहुत बड़ा आदमी बनने की इच्छा नहीं है, बल्कि वह तो केवल सामान्य मनुष्य ही बनकर रहना चाहता है और उनसे उसी रूप में जुड़ना चाहता है।अपनी इसी अनुभूति को व्यक्त करते हुए वे लिखते हैं कि-

"मुझे मसीहा नहीं बनना
आम आदमी ही रहने दो
कम से कम आम आदमी के
साथ रहकर
मैं उसकी धड़कन तो सुन सकता हूं।"[२१]

सार रूप में कहा जा सकता है कि मोहनदास नैमिषराय का काव्य संग्रह "आग और आंदोलन" दलित समाज की वेदना और संघर्षशील चेतना का प्रामाणिक दस्तावेज है। इस संग्रह की लिखित कविताओं में विषय वैविध्यता होने के बावजूद भी अत्याधिक कविताएं दलित जीवन की समस्याओं पर सृजित हुई हैं।सदियों से दलित समाज शोषण का शिकार होता आ रहा है। लेकिन देश को स्वतंत्रता प्राप्त होने के पश्चात् दलित समाज अपने अस्तित्व और आत्मसम्मान के प्रति जागृत होता दिखाई देता है।अब दलित समाज अनादिकाल से अपने ऊपर होने वाले अन्याय-अत्याचार और शोषण के विरोध में खड़े होने लगता है।उनमें वैचारिक परिवर्तन हुआ है। इस काव्य-संग्रह में कवि संपूर्ण दलित समाज की बात करता है।कवि ने साधारण बोलचाल की भाषा में दलित समाज की विविध समस्याओं को पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत किया हैं। इसके अलावा "आजादी के बाद देश का बदलता परिदृश्य, जनतंत्र में हावी होने वाली नेताओं की गुंडागर्दी तथा भ्रष्टाचार, समाज में होनेवाले जरायमपेशा लोगों का प्रभाव,नारी की स्थिति, देश के लोगों को बांटने वाली सांप्रदायिकता,महानगरीय जीवन में परिवर्तन होने वाले मूल्य, साधारण जनता का मोहभंग आदि समस्याओं का चित्रण प्रस्तुत संग्रह की कविताओं में मिलता है।"२२ इन कविताओं का पठन करने के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि यह कविताएं शोषण के विरुद्ध आवाज उठाती हैं और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण समाज की कल्पना कराती हैं। इस संग्रह की समस्त कविताएं पाठकों को सोचने के लिए मजबूर करती हैं। इस काव्य-संग्रह का शीर्षक प्रतीकात्मक है। इसमें 'आग' प्रतीक है- अत्याचार, शोषण और जातीय भेदभाव की वेदना का और 'आंदोलन' प्रतीक है- उस पीड़ा के खिलाफ उठी जागरूकता और बदलाव की आवाज का। यह काव्य-संग्रह दलित साहित्य की लौ को वाणी, दिशा और साहस प्रदान करने में सक्षम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

१) मोहनदास नैमिशराय - आग और आंदोलन, पृष्ठ.०४
२) मोहनदास नैमिशराय- अपने-अपने पिंजरे, पृष्ठ.१३६
३) मोहनदास नैमिशराय-आग और आंदोलन,पृष्ठ.३७
४) वही,पृष्ठ.१२
५)वही,पृष्ठ.१४
६)वही,पृष्ठ.१६
७)वही,पृष्ठ.१८
८)वही,पृष्ठ.३९
९)वही,पृष्ठ.६७
१०)वही,पृष्ठ.६८
११)वही,पृष्ठ.७०
१२)वही,पृष्ठ.७१
१३)वही,पृष्ठ.७२
१४)वही,पृष्ठ.३८
१५)वही,पृष्ठ.३६
१६)वही,पृष्ठ.६५
१७)वही,पृष्ठ.४२
१८)वही,पृष्ठ.४७
१९)वही,पृष्ठ.४९
२०)वही,पृष्ठ.५५
२१)वही,पृष्ठ.२०
२२) डॉ.सादिक तांबोली- मोहनदास नैमिशराय का साहित्य:एक मूल्यांकन,पृष्ठ.९९

*****

शोधालेख प्रकाशन के मानक

व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा। इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

UGC CARE LISTED हिन्दी की स्तरीय पत्रिका 'नागफनी' के जो सदस्य हैं उनका ही आलेख प्रकाशित होगा। जो भी व्यक्ति शोधालेख भेजना चाहते हैं कृपया वें अपने लेख में निम्न बिंदु आवश्यक रूप से रखें जैसे–

1. भूमिका/प्रस्तावना
2. विषय वस्तु/बीज शब्द
3. मुख्य अंश/उद्देश्य
4. परिणाम/निष्कर्ष
5. सन्दर्भ
6. शब्द मर्यादा अधिकतम शब्द 3000 इससे ज्यादा शब्द है तो कार्यकारी संपादक से परामर्श कीजिएगा।
7. सत्यापन एवं सहमति पत्र देने पर ही आलेख के सम्बन्ध में निर्णय होगा।

सत्यापन प्रमाण–पत्र

1. मैं .....सत्यापित करता/करती हूँ की 'नागफनी' के लिए प्रस्तुत शोधालेख शीर्षक.....मौलिक एवं अप्रकाशित है। लेखन संबंधित सारे संदर्भ सत्य हैं। किसी भी अंश के विवादित स्थिति के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। साथ ही प्रस्तुत शोधालेख में नागफनी के पीयर रिव्यू कमेटी को संशोधन संपादन और संवर्धन करने की सहमति जताता/जताती हूँ।

2. शोधालेख प्रकाशित–अप्रकाशित करने का पूर्ण अधिकार सम्पादक मंडल और पीयर रिव्यू कमेटी का है। स्तरीय एवं मौलिकता आदि के परीक्षण के बाद ही शोधालेख की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा, मुझे मान्य होगा। उपरोक्त नियम और शर्तों को मैं स्वीकार करता/करती हूँ।

हस्ताक्षर–
नाम–
मोबाइल नंबर–

व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा। इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

STANDARD NORMS FOR AUTHORS

Nagfani, the U.G.C. Care listed journal publishes articles, research papers etc. written by the members of journals only. The manuscripts should contain the following:

1. Abstract with keywords
2. Objectives
3. Conclusions
4. References
5. Word limit is 3000 (For higher limits, please contact the editor)

I_____ certify/undertake to say that the manuscript entitled_____submitted for publication in the NAGFANI issue is an unpublished original work. I know that I will be fully responsible for any controversial situation arising out of the manuscript/article or part of it. I also transfer the rights to edit, review and conserve the manuscript to the peer review committee of NAGFANI.

Signature of the author:
Mobile No:

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखिए http%//naagfani.com